इस्लाम 2010 - कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली (CAS) एक साफ्टवेयर प्रोग्राम है जो विभिन्न लेखांकन संबन्धी जानकारियां जैसे बिक्री,खरीदी,प्राप्तियां,देनदारियां,नकद प्राप्तियां,नकद संविवरण एवं पेरोल सम्बन्धी जानकारी को इकट्ठा करते हैं साथ ही साथ इस प्रक्रिया से वित्तीय विवरण तैयार होता है। **नैश1989(NASH1989),** व्यवसाय में कम्प्यूटर की उपस्थिति 1950 के दशक में हुई थी। जिसे सूचना प्रणाली की एक बड़ी क्रांति माना जाता है। **Stung, Portz and Busta 2006**, ने कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि ये लेखा प्रणाली धीरे-धीरे मैन्युअल लेखा प्रणाली की जगह ले रहा है। **क्रिस्टोफर के एवं रिचर्ड डब्ल्यू(Christopher k and Richard w),** द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र में यह विचार किया कि केन्या(Kenya) देश के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से 59.2% प्रतिष्ठानों में कम्प्यूटर उपलब्ध नहीं है केवल 40.8% प्रतिष्ठानों में कम्प्यूटर उपलब्ध है।जब इतने बड़े पैमानें पर प्रतिष्ठानों में कम्प्यूटर उपलब्ध नहीं है, तो कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली के अंगीकरण की प्रक्रिया का रास्ता बहुत कठिन हो जाता है। अपने शोध को आगे बढाते हुए इन्होंने अपने सर्वेक्षण में यह भी बताया है कि 80.3% व्यापारियों द्वारा लेखांकन संबंधी गतिविधियां कम्प्यूटरीकृत माध्यम से नहीं किया जाता है। **पोर्टर एवं मिलर 1985**, नें वर्तमान समय में बाजार में व्याप्त प्रतियोगिता ने व्यापारिक अनिश्चितताओं को जन्म दिया है। इस अनिश्चितता को दूर करने के लिए नवाचार करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है आईटी के नये तरीके अपना कर हम अपने व्यवसाय की मांग को बाजार में बढ़ा सकते हैं। इसके लिए व्यवसाय की संरचना में आईटी को स्थान देना पड़ेगा।लघु व्यवसायी द्वारा लेखांकन की पारंपरिक विधि मेन्युअल एकाउन्टिंग का प्रयोग लेखा तथा वार्षिक कर रिटर्न में किया जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाने से हमारी लेखांकन सम्बन्धी कार्यप्रणाली बहुत आसान होगी साथ ही साथ कर विवरणिका दाखिल करने में हमें समस्या का सामना नहीं करना पडेगा। वर्तमान समय में उपलब्ध साफ्टवेयर जो हमारी लेखा सम्बन्धी समस्याओं को काफी हद तक दूर किया है तथा कार्यप्रणाली को काफी आसान बनाया है। **Chenhall and Morris (1986)**, ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों को लाभ प्राप्त उभरता हुआ संगठन माना है, इन्हें बचानें की और अधिक आवश्यकता है, बाजार में हो रहे परिवर्तन जैसे ग्राहक का व्यवहार, रुझान व मूल्य परिवर्तन की जानकारी होनी आवश्यक है। चीन और वियतनाम द्वारा प्रस्तुत किए गए कम श्रम के लागत के सिद्धांत में बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ा दिया है। ऐसी स्थिति में कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली हमें शीघ्र एवं सही निर्णय लेने में सहायता करेगा। **लिन्डा 2004 (Linda 2004)** , ने अच्छे लेखांकन प्रणाली के बारे में यह कहा है कि अच्छा लेखांकन प्रणाली सटीक एवं व्यापक परिणाम प्रदान करता है जिससे हम वर्तमान एवं पूर्व के वर्षों के आंकडों का तुलनात्मक अध्ययन कर वित्तीय अनुमान लगा सकते हैं, लेनदेनों, बैंकरों और आयकर रिटर्न में हमारी सहायता प्रदान करता है साथ ही साथ वृद्धियों एवं जालसाजी का खुलासा भी करता है। ऐसे कार्यों के लिए कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली की भूमिका अहम हो जाती है। **बनर्जी और लॉयड 1995 (Banerjee and Loyd)** , ब्रिटिश कम्पनियों पर किए गए अपने सर्वेक्षण में यह परिणाम व्यक्त किया है कि कम्पनियों द्वारा 79% डाटा मेन्युअल रखे जाते हैं। इनके द्वारा अधिकांश कार्य मेन्युअल शीट से तैयार की जाती है। इस अध्ययन से यह संकेत मिलता है कि कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली के प्रति कम्पनियों का व्यवहार उदासीन है इसे दूर किए जाने की आवश्यकता है। **Klien 2002**, नें अपनें विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि छोटे एवं बडे व्यवसाय में लेखांकन संबंधी कार्य प्रणाली में समानता होनी चाहिए। जहां छोटे व्यवसायी को अपनी संपत्तियों , दायित्वों, आय एवं व्ययों का सही तरीके से लेखांकन संबन्धी संचालन

* एसो. प्रोफेसर, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.) भारत

करना चाहिये वहीं बडे व्यवसायियों को आय, व्यय, पूंजी एवं दायित्व संबन्धी कार्य लेखा सुचारु रुप से संचालित करना चाहिये। यदि दोनों के लेखांकन सम्बन्धी कार्य प्रणाली में समानता होगी तो कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली को अपनाने में समस्या का सामना नहीं करना पडेगा।

कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली (CAS) की सामान्य कार्यप्रणाली – कम्प्युटरीकृत लेखा प्रणाली के संचालन के लिए बाजार में विभिन्न प्रकार के साफ्टवेयर मौजूद हैं। जिनके आधार पर लेखांकन सम्बन्धी गतिविधियां जैसे क्रय–विक्रय, प्राप्ति– भुगतान, आय–व्यय, स्टॉक, संपत्तियों , दायित्वों एवं पूंजी आदि का व्यवस्थित एवं सुरक्षित रुप में रखरखाव किया जा सकता है। उपर्युक्त लेनदेनों को नियमानुसार कम्प्यूटरीकृत रुप में रखनें से परिणामों को तैयार करनें की आवश्यकता नहीं होती है। वह अपने आप ही डाटा बेस रिकार्ड के माध्यम से हमें प्राप्त हो जाता है तथा इस परिणाम को आसानी से प्रिन्ट किया जा सकता है एवं एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाया जा सकता है।

चार्ट क्रमांक –01 (देखें अंतिम पृष्ठ पर)

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली से लाभ – मेन्युअल लेखा प्रणाली की अपेक्षा कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली के बहुत से लाभ हैं , इन लाभों को निम्न बिन्दुओं से स्पष्ट करेंगे–

- मानवीकृत लेखा की लम्बी व झंझट भरी प्रक्रिया से मुक्ति मिल जाती है।
- समय व श्रम की बचत होती है।
- किसी भी समय शीघ्र व विश्वसनीय परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।
- लेखांकन सम्बन्धी कार्य लागत में कमी आती है। क्यों कि केवल प्राइमरी डाटा अर्थात जर्नल इन्ट्री से काम पूर्ण हो जाता है, परिणाम स्वत: ही प्राप्त हो जाते हैं ।
- तलपट एवं अंतिम खाते बनाने के झंझटों से मुक्ति मिल जाती है।
- कर एवं विवरणिका दाखिल करने में हमें आसानी होती है।
- खातों में संशोधन बहुत ही आसानी से हो जाता है एवं संशोधित परिणाम स्वत: तुरन्त प्राप्त हो जाते हैं।
- खातों की गोपनीयता बनी रहती है।
- कम्प्यूटरीकृत प्रिन्टआउट के कारण साफ–सुथरे व स्पष्ट खाते तैयार हो जाते हैं।
- बैंक समाधान विवरण बनाना व मिलाना बिल्कुल आसान हो जाता है।

सम्बन्धित चार्ट क्रमांक –02(देखें अंतिम पृष्ठ पर)

उद्देश्य–भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया को बढावा देंने के लिए समय–समय पर बहुत सारे कदम उठाये जाते हैं। भविष्य में व्यापारियों को व्यापार करनें में कोई असुविधा न हो इससे बचनें के लिए कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली अपनाना आवश्यक है।

इस अनुसंधान के उद्देश्य को हम निम्न बिन्दुओं को स्पष्ट करेंगे–

- फुटकर व्यापारियों के लेखांकन सम्बन्धी कार्य की गुणवत्ता में कमी पायी जाती है आधुनिक लेखांकन प्रणाली को अपनी व्यापारिक क्रियाओं में शामिल करें। जिससे उनके लेखांकन सम्बन्धी कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि हो और कम्प्यूटर के प्रति उनके अन्दर व्याप्त भ्रांतियों को समाप्त किया जा सके।
- लेखांकन सम्बन्धी कार्यों का विश्लेषण करके वे अपने व्यापार की प्रगति के लिए नयी योजनाएं बना सके और योजनाओं का क्रियान्वयन करके व्यापार लगातार उन्नति की ओर बढ सके।
- लेखांकन सम्बन्धी कार्यों में शुद्धता के साथ–साथ गुणात्मक सुधार हो।
- सरकार द्वारा हर प्रकार के व्यापारिक कर जैसे डायरेक्ट टैक्स,इनडायरेक्ट टैक्स एवं वर्तमान में लागू जीएसटी को आनलाइन कम्प्यूटर के माध्यम से विवरणिका दाखिल करना अनिवार्य कर दिया गया है। व्यापारियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए इस लेखा प्रणाली के महत्व को उजागर करने का प्रयास किया गया है।
- मैन्यूअल माध्यम से रखे गए रिकार्ड के खराब होने का डर व उनके रख–रखाव संबंधी खर्चों को कम करनें का प्रयास किया गया है ।
- लेखांकन प्रक्रिया को सरल,पारदर्शी ,व्यवस्थित, शुद्ध एवं परिलक्षियत करने का प्रयास किया गया है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध में सतना जिले के कुल व्यापारियों में से 40 फुटकर व्यापारियों का चयन दैव निर्देशन विधि का प्रयोग शोध के लिए किया गया है। अनुसूची के माध्यम से व्यापारियों के कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली के अंगीकरण की स्थिति को जानने का प्रयास किया गया है। अनुसूची से प्राप्त परिणामों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं।

आंकडों का विश्लेषण –प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए सतना जिले के हर वर्ग के फुटकर व्यापारियों में से न्यादर्श विधि का प्रयोग करते हुए अनुसूची के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर जानने का प्रयास किया गया। उत्तरों के आधार पर यह परिणाम प्राप्त होता है कि 35%व्यापारियों द्वारा किसी भी प्रकार से कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली का प्रयोग नहीं किया जाता है। ये सभी व्यापारी लघु एवं मध्यम प्रकार के फुटकर व्यापारी हैं। इन व्यापारियों में से 29%व्यापारियों को कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली पर विश्वास नहीं है, जो कि उनके कम्प्यूटर के प्रति निम्न ज्ञान को प्रदर्शित करता है। जागरुकता का अभाव इन आंकडों से स्पष्ट रुप से प्रदर्शित हो रहा है। एकाउन्टिग साफ्टवेयर के प्रयोग के संबंध में पूछे गए प्रश्न से प्राप्त उत्तर में 65%व्यापारी TALLY,29% व्यापारी Tata/Exel / Busy तथा 6%व्यापारी स्वंय द्वारा निर्मित एकाउन्टिंग साफ्टवेयर का उपयोग करते हैं। ये 6%व्यापारियों में से ज्यादातर व्यापारी वृहद पैमानें पर फुटकर व्यवसाय करते हैं। जिन व्यापारियों द्वारा कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है जब हमने यह जानने का प्रयास किया कि वे कितने संतुष्ट हैं तो 39% व्यापारियों ने कहा पूर्ण संतुष्ट, 45%व्यापारियों ने कहा संतुष्ट(सामान्य) तथा 16%व्यापारियों असंतुष्टि व्यक्त की। यह सर्वेक्षण यह प्रकट करता है कि 84%व्यापारी कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली से संतुष्ट हैं।

निष्कर्ष एवं सुझाव –

- कम्प्यूटरीकृत लेखांकन के प्रति व्यापारियों की उदासीनता भविष्य में व्यापार चलाने में समस्या उत्पन्न करेगी क्योंकि भारत सरकार लगातार डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार के कदम उठा रही है।
- कम्प्यूटरीकृत लेखा लेखांकन संबंधी कार्य प्रणाली की एक आदर्श विधि है इसे अपनाना व्यापारियों के हित में है।
- व्यापारियों में व्याप्त कम्प्यूटर के प्रति भ्रांतियों को दूर किया जाना चाहिए। इसके लिए भारत सरकार को व्यापारियें के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रोग्राम चलाना चाहिए।
- मैन्यूअल एवं कम्प्यूटरीकृत लेखा में अन्तर एवं कम्प्यूटरीकृत लेखा के महत्व को ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों तक प्रचार –प्रसार के माध्यम

से प्रसारित की जानी चाहिये।


इन सब बिन्दुओं से हम यह कह सकते हैं कि आधुनिक युग कम्प्यूटर का युग है, हर वर्ग कम्प्यूटर को अपना रहा है। ऐसी स्थिति में व्यापारियों को भी कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली अपनाना चाहिये, जिससे व्यापारिक लेखा विधि को एक सर्वोच्च आयाम मिल सके और हम व्यापारिक लेखा को सरल एवं शुद्ध तरीके से चला सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची –

1. विजय कुमार, एकाउण्टिग एण्ड फाइनेंशियल मैनेजमेन्ट बुक,मारुति प्रकाशन मेरठ।
2. विजय कुमार, फाइनेंशियल एकाउण्टिग विद टैली बुक, मारुति प्रकाशन मेरठ।
3. एच के कपिल, अनुसंधान विधियाँ बुक, भार्गव बुक हाउस आगरा,2012।
4. Financial Accounting Part -2 Class 11th Book ,NCERT New Delhi ,2006.
5. Aradhana Relhan(2013), " E-Accounting Practices Of Smes In India', International Journal Of Technical Research(IJTR) Vol. 2, Issue 1, Mar-Apr 2013.
6. Mohd Fazli Mohd Sam (2012), "The Adoption of Computerized Accounting System in Small Medium Enterprises in Melaka, Malaysia', International Journal of Business and Management; Vol. 7, No. 18; 2012.
7. Mahesh U. Daru (2015), " ROLE OF COMPUTERIZED ACCOUNTING IN BANKING SECTOR', *International Journal of Advanced Research in Management and Social Sciences,* Vol. 4, No. 2, February 2015.
8. Richard W. (2014), "ADOPTION OF COMPUTERIZED ACCOUNTING SYSTEM BY COFFEE SOCIETIES IN NYERI COUNTY, KENYA', European Journal of Business and Social Sciences, Vol. 3, No.3 , pp 88-103, June 2014.
9. Banerjee , J., & Lloyd, A. (1995). Management Accountings and Information Technology. *Management Accounting.*
10. Naidu, S., & Chand, A. (2012). A Comparative Study Of The Financial Problems Faced By Micro, Small And Medium Enterprises In The Manufacturing Sector Of Figi And Tonga. *International Journal Of Emerging Markets .*

चार्ट क्रमांक –01

कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली (CAS) की सामान्य कार्यप्रणाली



चार्ट क्रमांक –02

कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली के लाभ (Advantages of Computerized Accounting System)

त्रुटियों में कमी **(Reduce Error)**	खर्चो में कमी **(Reduce Expenses)**	स्वचालित रिपोर्ट **(Auto Report Generation)**
शुद्धा **(Accuracy)**	स्वचालित **(Automation)**	विश्वसनीयता **(Reliability)**
दस्तावेजों के रख–रखाव में आसानी **(Esay Document Production)**	गति **(Speed)**	यूजर फेडली **(User Friendly)**
डाटा की सुरक्षा **(Secutiry of data)**	शीघ्र सूचना तक पहुंचना **(Istant access of data)**	स्टाफ के लिए सहायक **(Helpful for staff)**
स्पष्टता **(Clarity)**	पुनरावृत्ति क्षमता **(REpetition Power)**	निर्णय क्षमता **(Decision Making Power)**

****

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार के वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

सोहन सिंह डावेल * डॉ. सुनील कुमार शर्मा **

प्रस्तावना – धार जिला मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित है। यह अनुसूचित जनजातीय बहुल जिला है। यह विंध्यांचल पर्वत श्रेणियों व मालवा के पठारी भाग पर अवस्थित है। ऐतिहासिक धार नगर प्राचीन काल से ही अपनी कला, साहित्य व संस्कृति के लिए प्रसिद्ध रहा है। इस जिले की अर्थव्यवस्था कृषि तथा कृषित्तर कार्यों पर आधारित है। जिले के पीथमपुर क्षेत्र को मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र के लिए विकसित किया गया है। पीथमपुर को मध्यप्रदेश का 'डेट्रायट' भी कहा जाता है। इस औद्योगिक क्षेत्र के विकास के अतिरिक्त शेष जिले में नाममात्र के उद्योग स्थापित है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में यह सर्वविदित विरोधाभास है कि– 'भारत एक धनी देश है, परन्तु यहां के निवासी निर्धन है।' स्वाधीनता के छ: दशक से भी अधिक समय से हम इस निर्धनता के कुचक्र को तोड़ने का भरसक प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसमें हमें आशातीत सफलता प्राप्त नहीं हुई है। भारत में आर्थिक विकास के लिए प्रथम पंचवर्षीय योजना से ही कृषि एवं उद्योगों को बढ़ावा देने की नीति का पालन किया गया। देश में स्थापित अधिकांश उद्योग कृषि आधारित है और भारतीय कृषि को वर्तमान में भी 'मानसून का जुआ' कहा जाता है।

देश में सहकारी बैंकों की स्थापना सहकारिता के आदर्शो के साथ की गई है। समाज में व्यक्ति के लिए सहकारिता एक जीवन दर्शन है। प्रत्येक अर्थव्यवस्था में सहकारिता का महत्वपूर्ण स्थान है। सहकारी बैंक मुख्य रुप से कृषि तथा कृषित्तर ऋण प्रदान करने के साथ–साथ छोटी बचतों को भी आकर्षित करती हैं। कृषकों एवं लघु व कुटीर उद्यमियों को वित्तीय सुविधा हेतु सहकारी बैंक सतत् प्रयत्नशील है। इनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण कृषक व लघु/कुटीर उद्यमियों को साहूंकारों से मुक्त कराना है। इससे न केवल कृषि व लघु/कुटीर उद्यम का विकास होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी इसका अच्छा प्रभाव होगा।

सहकारी बैंकों की इस महत्ता के कारण ही मध्यप्रदेश में जिला सहकारी बैंक स्थापित किए गए हैं। इन सहकारी बैंकों को ढ़ांचागत रुप से तीन स्तरों पर विभाजित किया गया है:– प्रथम–राज्य स्तर पर– राज्य सहकारी बैंक
द्वितीय–जिला स्तर पर – जिला सहकारी बैंक।
तृतीय–ग्रामीण स्तर पर – प्राथमिक सहकारी कृषि साख समितियां।

हमारे देश में सहकारी साख संस्थाएँ बहुत पहले से ही कार्यरत् है। इसके सम्बन्ध में सन् 1904 में ही अधिनियम बनाया गया था। जिला केन्द्रीय बैंक एक ओर तो प्रांतीय बैंक और दूसरी ओर प्राथमिक समितियों के बीच मध्यस्थ का कार्य करती हैं। प्राथमिक साख समितियों की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण वे अपनी आवश्यकता के अनुरुप वित्तीय साधन एकत्रित नहीं कर पातीं। व्यापारिक बैंक इन समितियों को ऋण नहीं प्रदान करते। अत: केन्द्रीय बैंक का मुख्य कार्य प्राथमिक समितियों की साख सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करना है। इस प्रकार वे कृषि समितियों के उत्पादक कार्यों के लिए विपणन समितियों का विपणन के तथा पूर्ति कार्यों के लिये, और औद्योगिक तथा अन्य प्रकार की समितियों के चालू व्यय के वित्तीय साधनों की पूर्ति का कार्य करते हैं।

केन्द्रीय सहकारी बैंक सम्बद्ध समितियों को वित्तीय साधन उपलब्ध कराने हेतु बैंकों द्वारा अंश पूंजी एकत्र करके, जनता से जमा प्राप्त करके तथा राज्य सहकारी बैंकों से ऋण लेकर कोष बनाती हैं और उसे बढ़ाती हैं। 'केन्द्रीय सहकारी बैंकों से यह अपेक्षा की जाती हैं कि वे प्राथमिक सहकारियों से निकट का व निरंतर संपर्क बनाए रखे, उनकी आवश्यकताओं और कठिनाइयों के प्रति सहानुभूति व सहयोग प्रदान करे और नीति विषयक मामलों पर उनका मार्गदर्शन करें। कुछ राज्यों के केन्द्रीय सहकारी बैंकों के पास प्राथमिक सहकारियों के निरीक्षण व देख रेख के अधिकार है, जबकि कुछ राज्यों में देख रेख का कार्य सहकारी विभाग करते हैं। अब उत्तरोत्तर यह समझा जाने लगा है कि केवल केन्द्रीय सहकारी बैंक ही वित्तीय साधनों एवं वसूली की देख रेख के लिए सर्वाधिक उपयुक्त हैं।

जिला केन्द्रीय बैंकों का प्रबंध संचालक मण्डल द्वारा किया जाता है। संचालक मण्डल का चुनाव साधारण सभा में होता है। साधारण सभा सर्वोच्च सत्ता होती हैं। संचालक मण्डल में प्राथमिक समितियों और व्यक्ति दोनों को प्रतिनिधित्व दिया जाता है, परन्तु प्राथमिक समितियों के प्रतिनिधियों की संख्या व्यक्तियों के प्रतिनिधियों से दुगनी होती हैं। संचालक मण्डल की सभा माह में एक बार होती हैं। संचालक मण्डल प्राथमिक समितियों के ऋण संबंधी प्रार्थना पत्रों की जांच करता है और उसकी सिफारिश प्रस्तुत करता है। अन्तिम निर्णय साधारण सभा के हाथ में होता है।

सम्बन्धित समितियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंक निम्न चार स्त्रातों से वित्तीय साधन जुटाता है –

- अंशपूंजी
- जमा पर प्राप्त धन,
- शीर्ष बैंकों से प्राप्त ऋण
- रक्षित कोष।

बैंक निजी पूंजी के अन्तर्गत अंशपूँजी एवं रक्षित कोष को सम्मिलित किया जाता है। जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक अपनी निजी पूँजी से बारह गुना अधिक ऋण ले सकते हैं। केन्द्रीय बैंक अब जनता से पर्याप्त मात्रा में धन एकत्रित करने में सफल हो रहे हैं। जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक वित्तीय

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, बड़वाह, जिला–खरगोन (म.प्र.) भारत

आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अधिकतर शीर्ष बैंक पर निर्भर है। केन्द्रीय बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुदृढ़ता के लिए ग्रामीण साख सर्वे समिति ने अनिश्चित काल के लिए सरकार की साझेदारी की सिफारिश की है।

8-3लाभदायकता अनुपात:-

अनुपात विश्लेषण (Ratio Analysisi) - किसी भी संस्था की आर्थिक स्थिति ज्ञात करने के लिए प्रतिवर्ष अंतिम खाते (व्यापार, लाभ-हानि खाता और चिट्ठा) बनाऐ जाते हैं। लाभ-हानि खाते से संस्था की लाभदायता और चिट्ठे की सहायता से संस्था की सम्पति/दायित्वों को ज्ञात किया जाता है। इन खातों में संस्था की वित्तीय स्थिति एवं लाभदायकता ज्ञात हो जाती हैं लेकिन इनका विश्लेषण करने के पश्चात् ही ठोस निर्णय किए जा सकते हैं।

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की विभिन्न पद्धतियाँ प्रचलित है। इनमें अनुपात विश्लेषण सर्वाधिक प्रचलित एवं उपयोगी पद्धति है। अनुपात विश्लेषण की सहायता से वित्तीय विवरणों में दिए गए समंकों एवं अन्य सूचनाओं के बीच सम्बन्धों का विश्लेषण किया जाता है। अनुपात विश्लेषण वित्तीय विवरणों के विश्लेषण एवं निर्वाचन की तकनीक है। अनुपात विश्लेषण संस्था के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

वित्तीय विश्लेषण को वित्तीय विवरणों का विश्लेषण करके फर्म की वित्तीय स्थिति के सम्बन्ध में उसी प्रकार निष्कर्ष निकालना होता है, जिस प्रकार एक डॉक्टर किसी रोगी के रक्तचाप एवं अन्य शारीरिक लक्षणों की सहायता से न केवल बिमारी के सम्बन्ध में निष्कर्ष निकालता है , बल्कि उसका उपचार भी निर्धारित करता है।

लाभदायकता अनुपात (Profitibality Ratio) - व्यावसायिक संस्था का प्रमुख उद्देश्य लाभार्जन होता है। संस्था द्वारा अर्जित लाभ दर्शाता है कि संस्था का संचालन कितनी कुशलता से हो रहा है। लाभ कर्मचारियों और प्रबंधकों की कार्य क्षमता का भी परिचायक है। इसके साथ ही यह निवेशकों को ग्यारण्टी प्रदान करता है कि उनका निवेश सुरक्षित है। अर्जित लाभ संस्था को समग्र रुप से विश्लेषित करने का मापदण्ड भी है। यद्यपि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, धार को लाभदायकता के आधार पर मूल्यांकित करना ठीक नहीं माना जा सकता है, क्योंकि बैंक की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य कृषकों को साख सुविधा उपलब्ध करना है। बैंक इसके अतिरिक्त अन्य वाणिज्यिक बैंकों के समान अन्य वित्तीय सेवाऐं भी उपलब्ध कराती हैं। यदि लाभार्जन न हो तो बैंक संचालन में कठिनाई होती हैं। बैंक द्वारा अर्जित लाभों के आधार पर लाभार्जन क्षमता व अन्य अनुपातों का विश्लेषण इस प्रकार किया गया है -

सम्पत्ति पर प्रत्याय दर अनुपात (Return Rate on Assets Ratio) - बैंक की कुल सम्पत्तियों (चल + अचल) का शुद्ध लाभ के साथ अनुपात ज्ञात कर प्रत्याय दर का आकलन किया गया है। बैंक की सम्पत्तियां रोकड, देनदान, ऋण, स्थायी सम्पत्तियां, निवेश तथा अर्जित शुद्ध लाभ के समंकों की सहायता से निम्न सूत्र के द्वारा यह अनुपात प्रदर्शित किया गया है -

$$\text{Return on Total Assests} = \frac{\text{Net Profit}}{\text{Total Assests}} \times 100$$

तालिका क्रमांक 01

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, धार की कुल सम्पत्ति पर प्रत्याय दर (राशि लाख में)

क्र.	वर्ष	शुद्ध लाभ	कुल सम्पत्ति	अनुपात
1	2010-11	362.32	39132.52	0.92
2	2011-12	324.02	48446.61	0.66
3	2012-13	555.88	57466.10	0.96
4	2013-14	114.15	71287.41	0.16
5	2014-15	835.17	74909.99	1.11

स्त्रोत - वार्षिक प्रतिवेदन (जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार)

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की कुल सम्पत्ति पर प्रत्याय दर गत पांच वर्षो में असमान रही हैं। बैंक द्वारा कुल सम्पत्ति पर प्रत्याय दर यद्यपि व्यावसायिक दृष्टि से उचित नहीं है, परन्तु सहकारी बैंक का मुख्य कार्य कृषकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। 2013-14 में प्रत्याय दर सबसे कम रही हैं, इसके पश्चात् इस दर में अपेक्षित वृद्धि हुई, जिससे 2014-15 में प्रत्याक्ष दर सर्वाधिक रही हैं।

अंशपूंजी दर प्रत्याय दर:-

किसी भी संस्था के सदस्यों द्वारा प्रदत्ता अंषपूंजी के साथ अर्जित लाभ की तुलना करने हेतु इस अनुपात की गणना की जाती हैं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सदस्यों की अंषपूंजी पर बैंक ने किस तरह से लाभ अर्जित किया है, इसका विश्लेषण निम्न तालिका से प्रस्तुत किया गया है:-

$$\text{अंशपूंजी पर प्रत्याय दर} = \frac{\text{शुद्ध लाभ}}{\text{अंशपूंजी}} \times 100$$

तालिका क्रमांक 02

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, धार की अंशपूंजी पर प्रत्याय दर

(राशि लाख रु. में)

क्र.	वर्ष	शुद्ध लाभ	अंशपूंजी	अनुपात
1	2010-11	362.32	3106.43	11.66
2	2011-12	324.02	3998.49	08.10
3	2012-13	555.88	5131.85	10.83
4	2013-14	114.15	5369.29	02.12
5	2014-15	835.17	5493.77	15.20

स्त्रोत -वार्षिक प्रतिवेदन (जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार)

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि बैंक की अंशपूंजी पर प्रत्याय दर अच्छी है। 2013-14 के वर्ष में अंशपूंजी पर प्रत्याय दर में भारी कमी प्रदर्शित हो रही हैं, जबकि अन्य वर्षो में यह दर औसत रही हैं। 2014-15 में पुन: इस दर में भारी वृद्धि हुई हैं।

कार्यशील पूंजी पर प्रत्याय अनुपात - साधारणत: चल सम्पत्ति और चल दायित्व के अन्तर को कार्यशील पूंजी माना जाता है। बैंक की कार्यशील पूंजी के साथ अर्जित लाभ की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए इस अनुपात की गणना की गई हैं। यह अनुपात स्पष्ट करता है कि बैंक अपनी कार्यशील पूंजी पर किस दर से लाभार्जन कर रहा है-

$$\text{कार्यशील पूंजी पर प्रत्याय दर} = \frac{\text{शुद्ध लाभ}}{\text{कार्यशील पूंजी}} \times 100$$

तालिका क्रमांक 03

कार्यशील पूंजी (राशि लाख रु. में)

क्र.	वर्ष	शुद्ध लाभ	कार्यशील पूंजी	अनुपात
1	2010-11	362.32	39082.09	0.92
2	2011-12	324.02	48375.04	0.66
3	2012-13	555.88	55693.91	0.99
4	2013-14	114.15	71022.13	0.16
5	2014-15	835.17	72428.83	1.15

स्त्रोत - वार्षिक प्रतिवेदन (जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार)

उपर्युक्त तालिका बैंक की कार्यशील पूंजी पर प्रत्याय दर वाणिज्यिक बैंकों की तुलना में उचित नहीं है। बैंक कृषकों को उनकी वित्तीय आवश्यकता की पूर्ति कर धनोपार्जन कर रहा है। कार्यशील पूंजी पर प्रत्याय दर 2013-14 में कम रही हैं और 2014-15 में इसमें वृद्धि प्रदर्शित हुई हैं।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार की आर्थिक सुदृढ़ता को सत्यापित करने के लिए शोधार्थी ने वित्तीय अनुपातों के द्धारा विश्लेषण किया है। बैंक की स्थायी सम्पत्तियों, दीर्घकालीन कोष, लाभ-हानि, प्रदत्त पूंजी आदि के आधार पर अनुपात ज्ञात किए गए हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पुस्तिका जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार।
2. सहकारी समाज, प्रचार शाखा, राजस्थान।
3. धार जिला गजेटियर, 1984
4. स्वयं के सर्वेक्षण पर आधारित।

****

नगर पालिका निगमों में कर वसूली एवं कर दायित्व का विश्लेषणात्मक अध्ययन (जबलपुर नगर पालिका निगम के विशेष संदर्भ में)

डॉ.गणेश कुमार दुबे *

प्रस्तावना – लोकतंत्र की मूलभूत मान्यता यह है कि सर्वोच्च शक्ति जनता में निहित होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सर्वोच्च शक्ति का अधिक-से-अधिक विकेन्द्रीकरण हो, जिससे अधिकाधिक व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से शासन कार्य में हिस्सा ले सकें। फलस्वरूप राज्यों द्वारा स्थानीय संस्थाओं की स्थापना की दिशा में कदम उठाए गए हैं। यदि हम वास्तव में देश में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की स्थापना सुनिश्चित करना चाहते हैं तो हमें स्थानीय प्रशासन को कुशल एवं प्रभावी बनाने के लिए अधिक प्रयास करना होगा। सर्वविदित है कि प्रशासन के तीन स्तर होते हैं – राष्ट्रीय, प्रान्तीय और स्थानीय। राष्ट्रीय और प्रान्तीय स्तर पर प्रशासन के विषय में जनता को पर्याप्त जानकारी होती है, जबकि स्थानीय प्रशासन की जानकारी अपेक्षाकृत कम होती है। इसलिये यह भी आवश्यक है कि जब हम जाने कि स्थानीय प्रशासन क्या और कैसें अपने कार्य एंव कार्य की पूर्ति के लिए राजस्व की पूर्ति किस प्रकार से करते है।

शोध का परिचय – नगर पालिक निगमों का दायित्व है कि नगरों को महानगरीय आधुनिक सुख सुविधाएं उपलब्ध कराए। इन सुख सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए निगमों को बड़ी मात्रा में धन राशि की आवश्यकता पड़ती है। नगरपालिक निगम इस धन राशि की पूर्ति जनसामान्य से करारोपण के माध्यम से राजस्व प्राप्त करती है।प्रस्तुत शोध नगर पालिक निगमों में कर वसूली एवं कर दायित्व का विश्लेषणात्मक अध्ययन – जबलपुर नगर पालिका निगम के विशेष संदर्भ में यह जानने का प्रयास किया गया है, नगर पालिका निगमों की आय के स्त्रोत कौन-कौन से हैं। नगर पालिका निगम कितने प्रकार के करों का रोपण करता है? कर दायित्व का निर्धारण कैसे किया जाता है? करों के अलावा निगम की आय प्राप्ति के अन्य कौन से स्त्रोत हैं? नगर निगमों की कर राजस्व एवं वसूली की क्या स्थिति है? नगर पालिक निगम को सरकार से चुंगी क्षतिपूर्ति एवं अनुदान कितना प्राप्त हुआ है? नगर पालिका निगम द्वारा जन कल्याण एवं नगर विकास योजनाओं में कितनी धनराशि खर्च की गई है? इत्यादि समस्याओं के समाधान ढूंढ़ने का प्रयास इस शोध कार्य द्वारा किया जा रहा है।

शोध विधि – नगर पालिका निगमों में कर वसूली एवं कर दायित्व का विश्लेषणात्मक अध्ययन – जबलपुर नगर पालिक निगम के विशेष संदर्भ में का अध्ययन करने के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के समंकों का उपयोग किया गया है।

नगर पालिक निगम द्वारा प्रकाशित वार्षिक प्रतिवेदन, सरकार द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट, गैर सरकारी प्रतिवेदन, वार्षिक एवं मासिक पत्र पत्रिकाएं, पुस्तकों, जर्नल, स्थानीय समाचार पत्रों आदि में प्रकाशित समंकों एवं सूचनाओं का प्रयोग शोध कार्य को प्रभावी बनाने एवं निष्कर्षों तक पहुँचाने के लिए किया गया है।

शोध के उद्देश्य – नगर पालिका निगमों में कर वसूली एवं कर दायित्व का विश्लेषणात्मक अध्ययन – जबलपुर नगर पालिक निगम के विशेष संदर्भ में, शोध कार्य करने के उद्देश्यों को निम्न बिन्दुओं के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है –

1. जबलपुर नगर पालिक निगम का परिचय जानना, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से परिचित होना।
2. नगर पालिक निगम के विभिन्न कार्य जिनमें नगर विकास एवं जन कल्याण आदि के कार्य हैं, उनकी स्थिति एवं विगत 5 वर्षों में खर्च की जाने वाली राशि का अध्ययन करना।
3. नगर पालिक निगम के राजस्व के विभिन्न स्त्रोतों का अध्ययन करना। करारोपण से आय, करके अतिरिक्त अन्य साधनों से आय, चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि, सरकार से प्राप्त सहायता एवं अनुदान, निगम द्वारा लिए गए ऋण आदि की विगत पांच वर्षों की स्थिति का अध्ययन करना।

शोध का महत्व – वित्त व्यवसाय का जीवन रक्त है। जिस प्रकार मानव को जीने के लिए रक्त की आवश्यकता होती है उसी प्रकार व्यवसाय को जीवित रखने के लिए वित्त की आवश्यकता होती है। बिना वित्त के व्यवसाय की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ठीक उसी प्रकार नगर पालिक निगम को अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के निर्वहन हेतु ऋण की आवश्यकता होती है और इसकी प्राप्ति के लिए नगर पालिक निगम को कई प्रकार के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर लगाने पड़ते हैं। प्रस्तुत शोध में कर राजस्व की वसूली एवं कर दायित्व के विषय में कार्य किया गया है। नगर पालिक निगम द्वारा आरोपित किए गए करों का विवरण, कर दायित्व का निर्धारण एवं वसूली के संबंध में अध्ययन किया गया है। नगर पालिक निगम को करों के निर्धारण एवं वसूली में होने वाली समस्याओं एवं कठिनाईयों का अध्ययन किया गया है तथा इन्हें दूर करने हेतु बहुमूल्य सुझाव दिए गए हैं।

मध्यप्रदेश में नगरीय प्रशासन – राज्य में स्वायत्त शासन की शुरूआत स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही हो चुकी थी। अत: अब राज्य की स्थापना 1 नवम्बर, 1956 के बाद नगर पालिका अधिनियम, 1956 लागू किया गया। जिसके पश्चात् नगर निगमों का गठन किया गया। नगर निगमों के कार्यों में सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जुलाई 1957 में एक समिति गठित की गई, जिसने सितम्बर 1958 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। इसी रिपोर्ट के तदुपरान्त म.प्र. नगर पालिका अधिनियम, 1961 पारित हुआ। इस नियम के पास होने के पश्चात् राज्य में 30 दिसम्बर, 1993 को विधानसभा में म.प्र. नगर पालिका विधेयक पारित किया गया। इस संविधान

*सहायक प्राध्यापक, माता गुजरी स्वशासी महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

संशोधन के बाद राज्य में म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया जिन्होंने नवम्बर–दिसम्बर 1994 में इन निकायों के चुनाव सम्पन्न कराए। वर्तमान समय में राज्य में उसी संशोधन अधिनियम के अनुरूप त्रिस्तरीय निकाय की व्यवस्था है जो निम्न है –

1. नगर निगम (वृहत्तर नगरीय क्षेत्रों में)
2. नगर पालिका (परिषद लघु स्तरीय क्षेत्रों में)
3. नगर पचांयत (संक्रमणशील नगरों में)

जबलपुर नगर पालिक निगम की आय व्यय का विवरण (वर्ष 2009–10 से 2013–14 तक)

नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा विगत पांच वर्षों में प्राप्त की गई आय एवं व्यय की गई राशि का विवरण तालिका क्र. 1 द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है।

तालिका क्र. – 01 (देखे अगले पृष्ठ पर)

विकास के संबंध में जबलपुर नगर पालिका निगम की प्रमुख योजनाएं जबलपुर नगर पालिका निगम शहर को महानगरों की तरह विकसित करने एवं नागरिकों को महानगरीय सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। नगर निगम ने नगर को सुन्दर सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित करने के लिए अनेक कार्य किए है। नागरिकों को पेयजल, बेहतर सड़कें, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, प्रकाश इत्यादि की व्यवस्था कराने के लिये अनेक योजनाएं बनाई हैं जिनका कार्यान्वयन निगम द्वारा विगत कुछ वर्षो से किया जा रहा है। कुछ योजनाएं एक वर्षीय है एवं कुछ योजनाओं का कार्य आने वाले कुछ वर्षो में पूर्ण होगा।

नगर पालिक निगम की योजनाओं का अध्ययन निम्न शीर्षकों के अंतर्गत किया जा रहा है –

1. जल विभाग की योजनाएं।
2. जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन की योजनायें।
3. नगरीय जल प्रदाय एवं पर्यावरण उन्नयन परियोजनायें प्रोजेक्ट उदय की योजनायें।
4. शिक्षा विभाग की योजनाएं।
5. स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं।
6. उद्यान विभाग की योजनाएं।

शोध अध्ययन के निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध अध्ययन नगर पालिका निगमों में कर वसूली एवं कर दायित्व का विश्लेषणात्मक अध्ययन – जबलपुर नगर पालिका निगम के विशेष संदर्भ में, से प्राप्त निष्कर्षो का विवरण निम्न है –

1. जबलपुर नगर पालिक निगम देश का प्राचीन तथा मध्यप्रदेश का प्रथम नगर निगम है, जिसकी स्थापना सन 1864 में हुई थी।
2. स्थापना के समय इसकी सीमा 7 वर्गमील थी। नगर निगम की सीमा सन् 1956 में 52 वर्गमील थी जिसे बढ़ाकर वर्ष 2014 में 172 वर्गमील कर दिया गया। वर्ष 1959 में 30 वार्ड थे जो सन् 2014 में बढ़कर 79 हो गए।
3. जबलपुर नगर कार्पोरेशन अधिनियम 1948 के अंतर्गत इसका संचालन किया जा रहा है। सन् 1952 में से प्रथम निर्वाचन 30 वार्डो के लिये किए गए थे। नवां निर्वाचन 31 जनवरी 2015 को 79 वार्डो के लिये किए गए।
4. सम्पत्ति कर नगर निगम की आय का सबसे बड़ा स्त्रोत है। निगम की आय का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा सम्पत्ति कर से ही प्राप्त होता है।

करों की वसूली एवं आय बढ़ाने के संबंध में सुझाव :

1. नगर पालिका निगम द्वारा करों का निर्धारण राज्य सरकार के दिशा निर्देशों द्वारा किया जाता है। सरकार की सम्पत्ति कर की दरों का निर्धारण करती है। अत: नगर निगम को दरों के निर्धारण के लिए सरकार पर ही निर्भर रहना पड़ता है। राज्य सरकार को चाहिए कि सम्पत्ति कर की दरों को निर्धारित करने का अधिकार संबंधित नगर निगम पर छोड़ देना चाहिए। नगर निगम क्षेत्र की महत्ता और आवश्यकता के अनुसार करारोपण करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए।
2. करों की वसूली के प्रावधान में संशोधन किये जाने की आवश्यकता है। अव्यवहारिक तथा अप्रासांगिक प्रावधानों को हटाने की आवश्यकता है। निगम की आय बढ़ाने के लिए जरूरी है कि करों की वसूली के प्रावधानों को तुरन्त संशोधित किया जावे। सरकार को चाहिए कि विभिन्न नगर पालिकाओं द्वारा प्रेषित किए गए प्रस्तावों पर विचार कर उन्हें स्वीकृतियां प्रदान की जाए।
3. राज्य शासन को विभिन्न नगर पालिका निगमों से कर वृद्धि के प्रस्तावों पर शीघ्रतापूर्वक विचार करना चाहिए। यदि कर वृद्धि आवश्यक है तो ऐसे प्रस्तावों पर तुरन्त स्वीकृति प्रदान की जानी चाहिए। अनुचित कर वृद्धि वाले प्रस्तावों पर विचार नहीं करना उचित है। कर वृद्धि ऐसी होनी चाहिए जिससे करदाता बिना किसी विरोध के स्वीकार कर ले। अत: राज्य शासन को कर की दरों में वृद्धि के परिणामस्वरूप होने वाले जनाक्रोश को भी ध्यान में रखना चाहिए।

उपसंहार – नगर पालिक निगम का प्रशासन स्थानीय स्तर पर चुने हुए व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। अत: वे नगर की समस्याओं से परिचित होते हैं। नगर विकास में आने वाली बाधाओं और कठिनाईयों का ज्ञान इन्हें होता है। महापौर, मेयर इन काउंसिल के सदस्य और पार्षद सभी स्थानीय स्तर पर जनता द्वारा चुने जाते हैं। जनता उनसे उम्मीद करती है कि वे न केवल अपने–अपने वार्डो का विकास करेंगे बल्कि नगर के समुचित चहुँमुखी विकास को भी गति प्रदान करेंगे। यातायात के लिए अतिक्रमण मुक्त, बेहतर सड़कें, शुद्ध पेयजल, प्रदूषण रहित पर्यावरण, स्वच्छ नालियां एवं नाले, सुव्यवस्थित यातायात, नागरिकों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना नगर पालिग निगम का उत्तरदायित्व है।

अत: स्पष्ट है कि नगर पालिक निगम की आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत कर है। कुल राजस्व में करों से प्राप्त राशि का हिस्सा सर्वाधिक होता है। अत: निगम में करों की समुचित वसूली और संग्रहण पर पर्याप्त ध्यान देना चाहिए। यदि करों की वसूली समय पर सभी करदाताओं से होगी तो नगर पालिक निगम अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में लगने वाले धन की व्यवस्था कर सकेगा और उसे किसी अन्य वित्तीय संस्था से ऋण एवं सरकार के अनुदान पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अंत में निष्कर्ष स्वरूप यही कहा जा सकता है कि जबलपुर नगर निगम की वित्तीय व्यवस्था निगम द्वारा करारोपित किए जाने वाले करों, वसूली की राशि एवं संग्रहण की प्रणाली पर निर्भर करती है अत: कर किसी भी स्थानीय शासन प्रणाली की रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारत 2010–11, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण, भारत सरकार।
2. भारत संदर्भ – 2009, प्रकाशक, भागीरथी समाजसेवी एवं पर्यावरण मित्र संगठन, जबलपुर।

3. मध्यप्रदेश सांख्यिकी संक्षेप 2011.
4. The Madhya Pradesh Human Development Report, 2010-11.
5. सम्पूर्ण वाणिज्य शब्दकोश–2009, बिंद पाकेट बुक्स प्रा.लि., जी.टी. रोड, नई दिल्ली।
6. Finance of the Jablapur Corporation, Awadhiya V.K.

तालिका क्र. – 01 : जबलपुर नगर पालिक निगम की आय–व्यय (बजट) का सारांश

विवरण	वर्ष 2009–10	वर्ष 2010–11	वर्ष 2011–12	वर्ष 2012–13	वर्ष 2013–14
गतवर्ष का अंतिम शेष	0	0	0	0	0
राजस्व आय चालू वर्ष	1,21,74,84,249	1,60,88,10,629	1,72,37,92,400	261,32,73,600	293,29,12,100
राजस्व आय(बकाया)	25,41,57,182	19,30,02,413	19,78,15,405	69,37,10,000	70,02,42,000
योग (अ)	**1,47,15,41,431**	**1,80,18,13,042**	**1,92,16,07,805**	**3,30,69,83,600**	**3,63,31,54,100**
पूँजीगत आय/प्राप्तियाँ	45,29,42,802	92,37,10,088	141,64,61,636	3,79,76,71,100	4,37,20,52,100
कुल आय/ प्राप्तियाँ	**1,92,45,84,233**	**2,72,55,23,130**	**3,33,80,69,441**	**7,10,46,54,700**	**8,00,52,06,200**
राजस्वय व्यय	1,16,36,24,631	1,38,96,31,827	1,65,96,84,838	1,92,53,55,100	2,03,80,12,100
पूँजीगत व्यय / भुगतान	51,12,74,289	99,92,20,590	1,61,81,94,979	5,09,19,77,100	5,84,93,26,102
पूँजीगत/ अन्य पुर्नभुगतान	1,58,03,918	36,386,554	5,96,29,683	8,37,76,000	11,67,76,000
कुल पूँजीगत भुगतान (ब)	**52,70,78,207**	**1,03,56,07,144**	**1,67,78,24,662**	**5,17,57,53,100**	**5,96,61,02,102**
कुल व्यय / भुगतान	**1,69,07,02,838**	**2,42,52,38,971**	**3,33,75,09,500**	**7,10,11,08,200**	**8,00,41,14,202**
बचत/घाटा	**23,38,81,395**	**30,02,84,159**	**5,59,941**	**35,46,500**	**10,91,998**

****

संघर्ष और उसका प्रबंधन

डॉ. पी. वाय. मिश्र *

प्रस्तावना – किसी भी परिस्थिति या अवस्था के प्रति दो व्यक्तियों का दृष्टिकोण भिन्न–भिन्न रहता है, प्रत्येक कार्य या निर्णय या क्रियान्वयन आदि संबंध में सभी के मत या सोच अलग–अलग हो सकती है – क्योंकि – 'रूचिनां वैचित्र्या, छह कुटिल नानां पथ जुषां' या 'मुण्डे – मुण्डे मतिर्भिन्ना:।' सबकी रूचि पृष्ठभूमिव आदतें भिन्न–भिन्न हैं। इनके बावजूद भी संगठन के निर्णय को सर्व स्वीकार्य अवस्था तक लाना और फिर उस निर्णय का पूरी शक्ति से क्रियान्वयन करवा पाना एक चुनौती हैं, क्योंकि सर्व स्वीकार्य अवस्था या पूर्ण क्रियान्वयन के मार्ग में संघर्ष एक सबसे बड़ा अवरोध है।

इसी को यदि अलग दृष्टिकोण से देखें तो यह भी कहा जा सकता है कि संघर्ष तो संगठन के अस्तित्व से जुड़े हैं, और कोई भी संस्था संघर्षो का पूर्णत: निराकरण नहीं कर सकती है और अब तो यह माना जाने लगा है कि किसी भी संगठन में संघर्ष को टालने या दबाने से किसी भी समस्या को हल नहीं किया जा सकता, अपितु संघर्ष की प्रक्रिया में जो ऊर्जा, नेतृत्व और टीम उभरती है, उसी का रचनात्मक उपयोग करके संगठन की शक्ति बढ़ाई जानी चाहिए। यह भी माना जाने लगा है कि संघर्ष के द्वारा व्यवहारों का पुनर्मूल्यांकन योग्यताओं का अुनपरिभाषीकरण, नये मतों, नये विचारों व नये दृष्टिकोण का उदय होता है। अत: आवश्यकता है कि संघर्ष को पूर्णतया समझ कर उसका सकारात्मक प्रबंध – संगठन के हित में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

संघर्ष क्या है? (What is Conflict?) - किसी भी संगठन में संघर्ष वास्तव में दृष्टिकोणों, दो विचारों या दो हितों की टकराहट है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसके फलस्वरूप हमारे अन्तर्वैयक्तिक व्यवहारों में भारी परिवर्तन आ जाता है। जब संगठन में संघर्ष उत्पन्न होता है, तो असहमति, तनाव, मनमुटाव, विघ्न, टकराव, अन्तर्द्वन्द्व और विद्वेषपूर्ण व्यवहार आदि भी घटित होने लगते हैं।

संघर्ष मानव इतिहास के प्रारंभिक दौर से जुड़ा है, जब समुद्र मंथन के सामूहिक संगठन कार्य में जो कि सार्वजनिक लाभ हेतु आयोजित था, उसमें भी देव व दानवों के दृष्टिकोण, कार्य पद्धति व मतों में संघर्ष हुआ। यह संघर्ष हमारी सभ्यता की कहानी के प्रत्येक दौर में घटित हुआ है। इस पर आधुनिक दृष्टिकोण से विश्लेषण करने वाले में – Behaviour in Organization के लेखक जोसेफ रिट्ज, Managing Organization Conflict - A Non-Traditional Approach के लेखक एस.पी. रॉबिन्स तथा डेविड हेम्पस, आरत्र लिकर्ट, एस.ए. शेरलेकर जैसे विद्वान् लेखक व चिंतक प्रमुख रूप से शामिल है। संघर्ष के संबंध में इनके दृष्टिकोणों के आधार पर हम कह सकते हैं कि – 'एक संगठन के अंदर संघर्ष को सामान्य कार्य संचालन में बाधा, रूकावट व व्यवधान के रूप में वर्णित किया जाता है, जिसके फलस्वरूप व्यक्तियों के व समूहों को सामूहिक रूप से कार्य करने में कठिनाई अनुभव होती।' या संघर्ष दो पक्षकारों के मध्य एक ऐसे विवाद या मतभेद की स्थिति है, जबकि संघर्ष के पक्षकार, विरोधी पक्षकार को उसके उद्देश्य की प्राप्ति में जान–बूझकर विद्धेषी कार्यवाहियों द्वारा बाधा उत्पन्न करते हैं।

संघर्ष – प्रकार या रूप (Confliect : Types of Forms) – संघर्ष के कारणों व समाधान को सही परिप्रेक्ष्य में जानने के लिए हमें सर्वप्रथम संघर्ष के मूलभूत प्रकारों पर दृष्टि डालना होगी – वे इस प्रकार हो सकते हैं–

1. व्यक्ति के भीतर संघर्ष (Conflict within an Individual)
2. व्यक्तियों के बीच संघर्ष (Interpersonal Conflict)
3. व्यक्ति और समूह के बीच संघर्ष (Conflict between an Individual and a Group)
4. समूहों के बीच संघर्ष (Conflict between Groups)

1. व्यक्ति के भीतर संघर्ष (Conflict within an Individual) – यह आंतरिक संघर्ष है। यद्यपि इससे संगठन सीधे–सीधे प्रभावित तो नहीं होता, फिर भी व्यक्तियों के अंतर्मन या मस्तिष्क में चल रहे उन्हापोह से, उनके बाह्य व्यहवार, कार्यक्षमता, निर्णयन कौशल व मानसिक सजगता पर अत्यंत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मूल रूप से व्यक्ति के भीतर के संघर्ष की उत्पत्ति – स्वयं के लिए लक्ष्य का चुनाव करने और प्रत्याशित भूमिका का निर्वाह करने को लेकर हो सकती है।

(अ) लक्ष्य संघर्ष (Goal Conflict) – यह तब उत्पन्न होता है, जबकि व्यक्ति को दो या अधिक विकल्पों या अवसरों में से किसी एक का चयन करना पड़ता है। ये विकल्प सादृश्य (अनुकूल) या परिर्जन (प्रतिकूल) हो सकते हैं और परिस्थिति के अनुसार इनमें सादृश्य, सादृश्य संघर्ष, सादृश्य परिवर्जन संघर्ष, परिवर्जन – परिवर्जन संघर्ष हो सकते हैं। सादृश्य – सादृश्य में दो सकारात्मक अवसरों में से एक का चयन सादृश्य – परिवर्जन में – अनुकूल के साथ जुड़े हुए प्रतिकूल अवसर में संघर्ष (पदोन्नति लेकिन दूरस्थ स्थान पर), और परिवर्जन – परिवर्जन में – दो प्रतिकूल अवसरों में से एक का चयन (प्रदूषित स्थान या अत्यधिक दूर स्थित स्थान में से एक का चयन) होता है।

(ब) भूमिका संघर्ष (Roal Conflict) – किसी भी व्यक्ति के अंतर्मन में यह उस समय उत्पन्न होता है जबकि या तो वह अत्यधिक महत्वाकांक्षी व भावुक हो या जब उसे अपनी योग्यता, रूचि व पद के अनुकूल कार्य दायित्व न मिले।

व्यक्ति के भीतर का संघर्ष, किसी भी संगठन की मानव शक्ति के लि

* श्री वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

एक चुनौती बन जाता है, क्योंकि संघर्षरत व्यक्ति अंतत: अपने सभी सहयोगियों व संपूर्ण परिवेश को अवश्य ही प्रभावित करता है।

2. **व्यक्तियों के बीच संघर्ष (Interpersonal Conflict) –** ये संघर्ष ऐसे हैं, जो दो व्यक्तियों में होते हैं। जब ऐसे संघर्ष उच्चाधिकारी व अधिनस्थ के बीच होते हैं तो लंबावत् संघर्ष कहलाते हैं और जब ये संघर्ष समान संगठनात्मक स्तर पर कार्यरत व्यक्तियों के बीच होते हैं तो समतलीय संघर्ष कहलाते हैं।

इस प्रकार के संघर्षों का मुख्य कारण व्यक्तियों के स्वभावों में विरोध पाया जाना, अहम् का टकराव होना, कार्य शैली तथा व्यक्ति विशेष की सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में अन्तर होना या फिर दायित्वों, अधिकारों आदि की अस्पष्टता के कारण टकराव होना आदि प्रमुख है।

3. **व्यक्ति और समूह के बीच संघर्ष (Conflict between an Individual and a Group) –** समूह के कार्य प्रदर्शन में प्रत्येक का अहम् योगदान है। जब कोई व्यक्ति अपने समूह की आकांक्षा के अनुकूल प्रदर्शन नहीं करता है तो संपूर्ण समूह पर अतिरिक्त दबाव उत्पन्न हो जाता है व परिणामस्वरूप व्यक्ति व समूह में संघर्ष की शुरूआत होती है।

4. **समूहों के बीच संघर्ष (Conflict between Groups) –** इन्हें अंतसमूह संघर्ष भी कहा जा सकता है। इसके लिए समूहों में अधिकार सत्ताओं व भूमिकाओं का टकराव, सीमित साधनों तथा पारितोषिकों के लिये प्रतिस्पर्धा, या आदर्शों, नियमों सेवा शर्तों आदि का अंतर उत्तरदायी हो सकता है।

संघर्ष – कारण या स्त्रोत (Conflict % Causes or Sources) – यदि सांगठिक संघर्ष के कारणों की हम खोज कर सके तो यह कार्य संघर्ष के समाधान हेतु महत्वपूर्ण हो सकता है। इसी उद्देश्य से संघर्ष के कुछ प्रमुख कारणों का अध्ययन किया गया है। जैसे –

(1) **सीमिति साधनों के लिए प्रतियोगिता –** किसी भी संगठनों में साधन असीमित नहीं हो सकते हैं। जैसे पूंजी, तकनीक, यंत्र आदि। साधनों की सीमितता व मांग की निरंतरता संगठन में दबाव उत्पन्न करती है, जिसका परिणाम अंतर्समूह संघर्ष का अंर्तव्यक्ति संघर्ष के रूप में सामने आता है।

(2) **परस्पर निर्भरता –** संगइन का अधिकांश कार्य परस्पर निर्भरता के ढांचे पर खड़ा होता है, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, व्यक्तिगत व विभागीय स्तर पर आपस में आश्रित रहते हैं। इनमें जब अपेक्षा व वास्तविकता का अंतर होता है, तो संघर्ष जन्म लेता है।

(3) **कार्य शैली व धारणाओं में भिन्नता –** संगठन के व्यक्तियों में अपनी उम्र, अनुभव, दायित्व, लक्ष्य आदि के आधारों पर भिन्नता रहती है। जैसे युवा प्रबंधक व अनुभवी प्रबंधक, इंजीनियरिंग विभाग व उत्पादन विभाग आदि की धारणाओं व प्राथमिकताओं में अंतर होता है।

(4) **दोषपूर्ण सम्प्रेषण –** जब सम्प्रेषण की व्यवस्था जटिल हो या सम्प्रेषण कौशल का अभाव हो तो भी संगठन के सदस्यों में भ्रम, संदेह या विवाद उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है। सूचना निर्देश या जानकारी के अर्थ या अनर्थ होना ही कई बार संघर्ष का मुख्य कारण होता है।


(5) **संगठन संरचना की अस्पष्टता –** किसी भी संगठन में कार्यों का उचित बंटवारा न होने, सत्ता के संबंधों के अपरिभाषित होने, कार्यों का आवश्यकतानुसार विभाजन न होने, विभागीय संरचना के दूषित होने आदि कारणों से संघर्ष उत्पन्न हो सकते हैं।

(6) **अति महत्वाकांक्षा या समूह से असम्बद्ध व्यक्ति :** कभी–कभी संगठन में नियुक्त कोई अधिकारी या कर्मचारी समूह की सांझा संस्कृति में स्वयं को समाविष्ट नहीं कर पाता है। इसके लिए उसकी अति महत्वाकांक्षा, कुण्ठा, पारिवारिक पृष्ठभूमि, निजी तनाव या धन, बल या संबंधों की शक्ति उत्तरदायीर रहती है। ऐसा व्यक्ति समय–असमय पर संगठन में तनाव या संघर्ष को जन्म देता रहता है।

संघर्ष के उपर्युक्त कारण कभी सामूहिक रूप से तो कभी एकल रूप से संघर्ष हेतु उत्तरदायी रहते हैं।

संघर्ष की प्रक्रिया (Process of Conflict) – कुछ मनोविश्लेषकों एवं संगठन विशेषज्ञों में संघर्ष की प्रक्रिया का अर्थात् इसके उत्पन्न होने से लेकर समाधान की स्थिति तक पहुँचने की प्रक्रिया का सूक्ष्म विश्लेषण किया है। प्रत्येक प्रकार का संघर्ष अपनी आरंभिक अवस्था में एक अंकुर के रूप में रहता है, तत्पश्चात् वही अंकुर वृक्ष के रूप में परिणित हो जाता है।

जैसे यह संघर्ष अव्यक्त रूप में शुरू होता है, जबकि भ्रम व संवादहीनता की शुरूआत होती है, फिर संघर्ष की अनुभूति संपूर्ण परिवेश में होती है, फिर संघर्ष की व्यवहार में अनुभूति होती है, फिर संघर्ष हड़ताल, तोड़फोड़ आदि के रूप में व्यक्ति हो जाता है व अन्तिम चरण के रूप में यह समाधान या दमन के रूप में समाप्त होता है। कुल मिला कर इसकी प्रक्रिया इस प्रकार होती है –



संघर्ष के समाधान के उपाय या तकनीके (Measures or Techniques of Conflict Resolution) – यदि किसी संगठन में संघर्ष उत्पन्न हो चुका है तो फिर उसका समाधान किया जाना भी आवश्यक होता है। अलग–अलग परिस्थितियों में या अलग–अलग संघर्षों में समाधान के उपाय भी अलग–अलग ही होंगे। फिर भी कुछ सामान्य उपाय इस प्रकार हो सकते हैं –

(1) **सत्तावादी निर्देशन (Authoritative Order) –** इसमें उच्च अधिकारी द्वारा अपने अधिनस्थों को आदेश या निर्देश देकर संघर्ष दबाया जाता है व दबे होने की दशा में ही समाधान के सकारात्मक कदम भी उठाए जाते हैं।

(2) **परम कोटिक लक्ष्यों का उपयोग (Use of Superordinate Goals) –** इसमें विभिन्न पक्षों को संगठन के उच्च लक्ष्यों की याद दिलवाई जाती है। जैसे संगठन के अस्तित्व का प्रश्न, या गहरी मानवीय संवेदनाओं की बातें आदि। ऐसा होने पर संघर्षरत व्यक्ति

सहयोग करने, श्रम करने व त्याग करने हेतु तत्पर हो जाते हैं।

(3) **साधनों का विस्तार (Expansion of Resources) –** यदि संघर्ष का मुख्य कारण साधनों की सीमितता है, तो इनमें वृद्धि करने का प्रयास करके भी संघर्ष समाप्त किया जा सकता है।

(4) **संगठन संरचना में सुधार (Reform in Organization Structure) –** कई बार संगठन के ढांचे के दोष को दूर करके या संगठन के क्रम दायित्व, कार्य क्षेत्र आदि का पुर्ननिर्धारण करके भी संघर्ष का समाधान हो सकता है।

(5) **व्याख्यानों, प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन (Lecture, Training Sessions) –** यदि संघर्ष का कारण किसी छोटे–छोटे समूह की अनुशासनहीनता या अकुशलता है, तो इसका समाधान प्रभावपूर्ण व्याख्यानों या प्रशिक्षण सत्रों से किया जा सकता है। व्याख्यानों या प्रशिक्षण सत्रों से कार्य के प्रति गम्भीरता व संगठन के प्रति समर्पण की भावना विकसित की जा सकती है।

संघर्ष समाधान की उपर्युक्त तकनीकों के अतिरिक्त सूचना व सम्प्रेषण प्रणाली में सुधार करके या नये विचारों को प्रोत्साहित करके या अति महत्वाकांक्षी कर्मचारियों को अतिरिक्त पद या दायित्व आदि सौंप कर भी संघर्ष का न केवल समाधान ही किया जा सकता है, अपितु संगठन की मानवीय सम्पदा की ऊर्जा का सकारात्मक कार्यों में प्रयोग भी बढ़ाया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

ग्रामीण विकास नवीन भारत के संदर्भ में

डॉ. रवि प्रकाश पाण्डेय *

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यस्था का आधार गॉव ही है, गॉवों के समुचित विकास के बिना राष्ट्र के आर्थिक विकास की प्रत्येक योजना अर्थहीन एवं राष्ट्र की प्रगति का प्रत्येक स्वप्न अधूरा रहेगा सन् 2011 की जनगणना के ताजा आँकडो के अनुसार भारत की लगभग 69% जनसंख्या अब भी गॉवो में बसती है 121 करोड भारतीयो में 83.3 करोड ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 37.7 करोड शहरो में निवास करते है यही कारण है कि प्राचीन काल से भारत के संपूर्ण राष्ट्रीय जीवन की इकाई इसके गॉवों में ही केन्द्रीकृत रही है। प्राचीन काल में भारत आर्थिक दृष्टि से संपन्न देश रहा है किन्तु समय में परिर्वतन के कारण भारत की आर्थिक तथा समाजिक व्यवस्था में अनेक परिर्वतन होते गए।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी नरेन्द्र मोदी ने इसी संदर्भ में सांसदो को एक गॉव गोद लेने का आव्हान किया जिससे कि उस एक गॉव का समग्र विकास हो।

महात्मा गांधी की मान्यता थी कि सच्ची आजादी प्राप्त करनी है तो लोगों को गॉव में रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि सत्य और अहिंसा के बिना मनुष्य जाति का विकास नहीं हो सकता सत्या और अहिंसा हमें ग्रामीण जीवन की सादगी से प्राप्त होती है गाँधी जी गॉवो में प्रजातंत्र और पंचायत के माध्यम से गाँव का विकास करना चाहते थे। वास्तव में गांधी के विचारों को अपनाकार गांव के प्रत्येक व्यक्ति को अर्थव्यस्था की बागडोर संभालने के लिए सक्षम बनाना एक अदभुत व्यवस्था है।

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का निर्माण प्राचीन काल से ग्रामीण समुदाय की नींव पर ही हुआ है। आज भारतीय संस्कृति मुख्य रूप से गांवो में ही जीवित है। राष्ट्र का जीवन गांवो द्वारा ही पोषित हो रहा है गांवो की उन्नति की अनदेखी करना था। उन्हें पतन की ओर जाने देना एक गंभीर भूल होगी। आज ग्रामीण आबादी का बहुत बडा वर्ग गरीबी के अभिशाप से पीडित है। कई ग्रामीण परिवारों की हालत तो ऐसी है कि उन्हे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती है। आजादी के 70 वर्ष बाद भी ग्रामीण जनता के पास मूलभूत सुविधाएँ जैसे–रोजगार, आवास, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल आदि उपलब्ध नहीं है।

मूल रूप से देखा जाए तो ऐसा प्रतीत होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक समस्याएँ विद्यमान है, जो न केवल ग्रामीण विकास हेतु अपितु संपूर्ण देश के विकास में बाधक है वास्तव में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् प्रथत सामुदायिक विकास परियोजना (1952) के द्वारा ही प्रथम बार ग्रामीण समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया था। वर्ष 1956 में राज्यों के पुनर्गठन होने के पश्चात् म.प्र. राज्य को सर्वाधिक ग्रामीण आबादी और समस्याओं वाला भाग विरासत में मिला था। सन् 2000 में हुए पुन: विभाजन के पश्चात् भी शेष म.प्र.की स्थिति में कोई खास बदलाव दृष्टिगोचर नहीं होता है य़द्यपि स्वाधीन भारत में विगत वर्षो में आर्थिक औद्योगिक, समाजिक एवं विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ, परंतु पृथक म.प्र. में समुचित विकास की जो संकल्पना की गई थी, उसमें प्रदेश के कई क्षेत्र आज भी पिछडे हुए है विकास की धारा शहरों में तो तेज है, परंतु अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर सुदरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में तथा इन क्षेत्रों में लोग विकास की रोशनी से आज भी वंचित है।

ग्रामीण कम्प्यूटर पढ़ रहे हो –

ग्रामीण विकास में समस्या –

1. अशिक्षा
2. निर्धनता
3. आधारभूत ढांचा
4. उपलब्ध न होना
5. सरकारी योजना की जानकारी न होना
6. कार्य के प्रति अरूचि
7. नवीनतम तकनीकी का ज्ञान न होना
8. सरकारी प्रतिनिधि व नौकरशाहों से संवाद न होना

ग्राम उदय से भारत उदय अभियान श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2016 को यह म.प्र. से किया गया। जिसमें सरकार ने किसानों की आय 2 गुना करने का लक्ष्य रखा, पंचायती राज संख्याओं को और मजबूत और अधिक जीवंत बनाना होगा, जनधन योजना से ग्रामीण लोगों के जीवन में बदलाव आया, कई लोगों ने (L.P.G) सब्सिडी छोड़ी जिससे कई गरीबों के जीवन में बदलाव आया।

प्रधानमंत्री ने वर्ष 2016 का बजट किसानों और गॉवों का समर्पित किया उन्होंने कहा कि विकास की पहलो को ग्रामीण विकास पर केंद्रित होना चाहिए। 1000 दिनों की समय सीमा के भीतर उन 18000 गांवो को विद्युतीयकरण किया जा रहा है, जो बिजली की सुविधा से वंचित है। उन्होंने कहा कि गर्व..... के जरिए लोग इस लक्ष्य की प्राप्ति हो रही है इसका अवलोकन कर सकते है, गांवों में डिजिटल कनेक्टिविटी आवश्यक है। सरकार ने इसके लिए गर्व एप जारी किया है।

ग्रामीण विकास की योजनाएँ निम्न है –

1 प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास अध्येता योजना
2 प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना
3 नेषनल क्वालिटी मॉनिटर करने के दिशा निर्देश
4 समेकित कार्य योजना जिलों में ग्रामीण विकास योजनाएँ
5 ग्रामीण विकास मंत्रालय का बजट

* प्राध्यापक, शारदा महाविद्यालय, सरलानगर, मैहर (म.प्र.) भारत

6 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की रिपोर्ट
7 स्वर्ण जयंजी ग्राम स्वरोजगार योजना
8 ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाएँ

प्रधानमंत्री आवास योजना जो 31 दिसंबर 2016 को लायी गयी उसके अंतर्गत मध्य आय (middle lon) लोग 3 या 4 % पर होम लोन मिलेगा जो वर्ष 2017 में अपना मकान बनाना या पुनर्निर्माण कराना चाहते है 09 to 12 lakh तक लोन मिलेगा 33% मकान गांव के बनाए जाते है।

निष्कर्ष – भारत की नई सरकार बनने के बाद गॉवों के सशक्तिकरण का प्रयास कॉफी तेज किया गया, जिसमें सूचना तकनीक का प्रयोग किया गया, खातों का लेनदेन बैंको के माध्यम से और डिजिटल तरीके से किया गया तथा प्रधानमंत्री सडक कार्यो की वीडियों ग्रॉफी (Videography)की जा रही है जिससे सही कार्य का मल्याँकन किया जा सके।

सडकों का निर्माण आधुनिक तरीकों से किया जा रहा है, पेयजल के लिए समुचित व्यवस्था की जा रही है, समग्र स्वच्छता अभियान के द्वारा गॉव एवं शहरों में जनभागीदारी के द्वारा स्वच्छता का कार्यक्रम पूरे देश में लागू किया जा रहा है तथा वर्तमान सरकार ने अपना बजट गॉव, गरीब किसान पर वर्ष 2016 का केन्द्रित किया गया जिससे कि गॉव का ज्यादा से ज्यादा विकास हो सके।

भारत शुरू से ही गाँवों का देश रहा है और अब ज्यादा से ज्यादा विकास गाँवों में ही किया जाए तभी देश का विकास संभव हो सके, इस दिशा में सडकों की आनलाईन जानकारी ग्रामीण सीधे सरकार को दे सकते है, जनधन खातों का खोला जाना, गरीब महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, अंत्योदय योजना के तहत सस्ते दर पर खाद्यान का वितरण जिससे कोई गरीब न भूखा मरें एवं गाँव की बेटी योजना मिहिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना आदि शामिल है।

अत: अंत में कहा जा सकता है कि यदि गंभीर एवं आर्थिक प्रयास किए जाए तो जन–भागीदारी, निजीक्षेत्र एवं सरकार के प्रयासों के माध्यम से नवीन भारत का निर्माण 2022 तक संभव है।

प्रतिवर्ष सरकार नई–नई योजनाओं की घोषणा एवं उनके कार्यान्वयन में करोडों रूपये व्यय करती है। साथ ही राज्य सरकारें भी ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाली दूर करने के लिए आकर्षक योजनाओं की घोषणा करती है। वास्तव में आज यदि हम सरकार के पिछले वादों का मूल्यांकन करें तो पाते हैं कि आजादी के बाद हमारे गाँवों एवं ग्रामीण की दशा में सुधार तो हुआ है, परन्तु जिस अनुपात में विकास के लक्ष्य निर्धारित किए गए और धनराशि खर्च की गई उस अनुपात में गाँवों एवं ग्रामीण कि दशा में सुधार नहीं हुआ। अत: लोगों के जेहन में बात घर करने लगी हैं कि क्या ग्रामीण विकास के वायदें बस कागजी है अगर उनका शुभारंभ हो भी जाता है तो निर्धारित समय में कियान्वयन नहीं हो पाता है।

फलस्वरूप इन योजनाओं पर होने वाले खर्च की राशि बढती जाती है तथा विकास के लक्ष्य अधूरे रहते है। नोबेल पुरूस्कार से सम्मानित सुप्रसिद्ध 'अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन' न्यायिक विकास में निर्धनता और विषमता को ही बाधक माना है और अपने अध्ययन में चर्चा की है कि भूख और गरीबी ही अर्थशास्त्र के अध्ययन की बुनियादी आवश्यकता है। न्याय और नैतिकता के नये प्रतिमान तथा अर्थशास्त्र की नई अवधारणा तभी विकासित की जा सकती है। जबकि वंचित शोषित और विषमता पीड़ित साधारण व्यक्ति के यर्थात का तर्कसंगत विश्लेषण प्रस्तुत किया जाए।

वास्तव में ग्रामीण भारत में बदलते स्वरूप के बीच ऐसे अनेक सच भी है,जो प्रकृति के दावों को झुठला देते है। यद्यपि अर्थव्यवस्था की संरचना में बदलाव आया प्रशासनिक क्षेत्र की भूमिका घटी और तृतीय क्षेत्र का महत्त्व बडा है। यही कारण है कि सकल घरेलु उत्पाद(GDP) में कृषिका हिस्सा 18.5% रह गया। वैश्वीकरण की आंधी ने देश की परंपारगत लघु एवं कुटीर उद्योगो की कमार तोड दी है। खेती की बढती लागत व उत्पादन में स्थिरता से घाटे का सौदा बन गये है। दूसरों का पेट भरने वाले किसानो का पेट आज खाली है। इसलिए अन्नदाता किसान आत्महत्या करने पर विवश हो रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों मे रोजगार के अवसरों में कमी से शहरों की ओर पलयान बढ रहा है। किसानों को स्वंय आत्मनिर्भर होना चाहिए व नवीन तकनीकि व प्रशिक्षण व सही जानकारी से खेती को लाभ का व्यवसाय बनाना चाहिए जिससे किसान समृद्धि की ओर अग्रसर हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पाण्डेय. पी. एन. ग्रामीण विकास एवं संरचनात्मक परिवर्तन, रावत पब्लिकेशन, न्यू दिल्ली।
2. थामस जे.एम. सामान्य ज्ञान, सेठी पब्लिकेशन जयपुर 2012
3. भारत सरकार ग्रामीण रिपोर्ट वर्ष 2016
4. आर्थिक सर्वे रिपोर्ट वर्ष 2016

****

भारतीय कृषि पर उदारीकरण के फलस्वरूप पड़ने वाले प्रभाव का आर्थिक अध्ययन उमरिया जिला के विशेष सन्दर्भ में

डॉ. राजू रैदास *

शोध सारांश – उमरिया जिला समुद्र सतह से 489 मीटर ऊँचाई पर तथा 23^0–31'–37' उत्तरी अक्षांश 80^0–50'–10' पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है। उमरिया जिले के उत्तर में सतना, उत्तर पश्चिम में कटनी, उत्तर पूर्व में शहड़ोल, पश्चिम दक्षिण में जबलपुर, उत्तर पूर्व में शहड़ोल, दक्षिण में डिंडौरी जिलों से घिरा हुआ है।

प्रस्तावना – भारत के मानचित्र पर उमरिया जिले का नामकरण स्वतंत्रता के पश्चात हुआ है, स्वाधीनता के उपरान्त देशी राज्यों के विलीनीकरण प्रक्रिया में बुन्देलखण्ड और बघेलखण्ड की छोटी – बड़ी 36 रियासतों को मिलाकर विन्ध्यप्रदेश का गठन किया गया, जुलाई 1998 में करकेली, पाली एवं मानपुर तहसीलों को मिलाकर यह जिला बना। 1 नवम्बर 1956 को महाकौशल, मध्यभारत, विन्ध्यप्रदेश एवं अन्य सीमावर्ती क्षेत्र के 43 हिन्दी भाषी जिलों को मिलाकर मध्यप्रदेश राज्य बनाया गया।

उमरिया जिला उत्तर से दक्षिण लगभग 115 किलोमीटर लम्बा तथा पूर्व से पश्चिम लगलग 95 किलोमीटर चौड़ा है। इसका कुल क्षेत्रफल 4503 वर्ग किलोमीटर है। उमरिया जिले को पूर्व में 3 तहसीलों में विभक्त किया गया था। मानपुर, बॉधवगढ़ एवं पाली तथा बाद में चौथी तहसील के रूप में चंदिया, नौरोजाबाद को दर्जा दिया गया। इस प्रकार वर्तमान में कुल 5 तहसीलों एवं 03 विकासखण्ड है। तहसीलों का क्षेत्रफल क्रमश: मानपुर 1952, करकेली 1678 एवं पाली 873 किलोमीटर है।

उदारीकरण से तात्पर्य एक ऐसी प्रक्रिया से है, जिसके अंर्तगत एक अत्यंत नियंत्रित अर्थव्यवस्था खुली दिखने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित की जाती है। नियंत्रण एवं संचालन को कम कर आंतरिक अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तन किया जाता है। इस शोध पत्र का उद्देश्य उदारीकरण से भारतीय कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना है।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरू दण्ड है। पिछले दो दशकों में औद्योगीकरण काफी तीव्र गति से बढ़ा है। नई तकनीकि एवं कम्प्यूटर के उपयोग से विशिष्टीकरण एवं प्रमापीकरण को बढ़ावा मिला है। देश में लगातार बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का आगमन हो रहा है, जिसके फलस्वरूप लोगों को रोजगार मिल रहे हैं, राष्ट्रीय आय में वृद्धि हो रही है। इसके उपरांत भी कृषि का गौरवपूर्ण स्थान बना हुआ है। आज भी देश के 75 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या के जीविकोपार्जन का साधन कृषि ही बना हुआ है। कृषि के साथ वानिकी एवं मत्स्य पालन का देश के सकल घरेलू उत्पाद में 1/3 योगदान है। केन्द्रीय सांख्यिकी विभाग के अनुसार वर्ष 2015–16 में कुल सकल घरेलू उत्पाद का 26.27 प्रतिशत अंश कृषि तथा उससे जुड़े क्षेत्रों से है। भारतीय अर्थव्यवस्था की लक्ष्य प्राप्ति के लिए कृषि का विकास एक अनिवार्य शर्त है। कृषि के विकल्प के बिना भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। देश के उद्योगों का विकास दर संतोषजनक है। सेवा क्षेत्र में भी प्रगति संतोषजनक है परन्तु प्रत्येक श्रम शक्ति को रोजगार उपलब्ध कराने में उद्योग सक्षम नहीं है। इस समस्या का समाधान कृषि क्षेत्र में है। अत: हमें अतिरिक्त रोजगार कृषि एवं कृषि पर आधारित उद्योगों में खोजना होगा। भारत द्वारा विश्व व्यापार संगठन (WTO) समझौते पर हस्ताक्षर करने के उपरांत अर्थशास्त्रियों द्वारा इसका गहनता से अध्ययन एवं विष्लेषण किया गया है कि इस समझौते का भारतीय कृषि पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इस संबंध में अर्थशस्त्रियों में मतभेद है। विश्व व्यापार संगठन कृषि सब्सिडी (अनुदान) को पूर्णत: समाप्त करने के पक्ष में है। दूसरी ओर यदि भारत इसका अक्षरश: पालन करता है, तो किसानों की स्थिति दयनीय हो जाएगी और किसानों द्वारा किए जा रहे आत्महत्याओं की संख्याओं में और वृद्धि होगी।

उदारीकरण का भारतीय कृषि पर संभावित अनुकूल प्रभाव (कृषि अनुदान में कटौती संबंधी प्रभाव) – उदारीकरण का भारतीय कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि भारत में कृषि क्षेत्र में दी जाने वाली सब्सिडी (अनुदान) कृषि उत्पादन के मूल्य के 7 प्रतिशत से 9 प्रतिशत तक ही है जबकि समझौते में यह 10 प्रतिशत तक दी जा सकती है। अत: भारतीय कृषि पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारत अपनी कृषि उत्पादों की खेपों में निर्यात बढ़ा सकेगा क्योंकि विकसित देशों के अनुदान में विश्व व्यापार संगठन द्वारा कटौती की सीमा को घटा कर 10 प्रतिशत तक ही किया जाएगा, इस कारण से उनकी कृषि एवं अन्य पदार्थों की लागत बढ़ जाएगी। खाद्यान्नों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बाजार मूल्य में समानता रखने के बाध्यता इस समझौते में नहीं रखी गई है, अत: इन पर कोई विपरीत प्रभाव पड़ने की भी संभावना नहीं है। विश्व–व्यापार संगठन ने उपभोक्ता वस्तुओं की सब्सिडी के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किए हैं, अत: सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। विदेशी विनिमय संकट के समय प्रावधानों के अनुरूप भारत को निर्यात सब्सिडी का लाभ निरन्तर मिलता रहेगा, जबकि विकसित देशों के निर्यात में कटौती जारी रहेगी। गैट के प्रावधानों के 1993 से 1999 के मध्य सामान्य सीमा षुल्क में औसतन 36 प्रतिशत तथा प्रत्येक वस्तु के सीमा शुल्क में कम से कम 15 प्रतिशत कटौती करना आवश्यक रखा गया है और कुछ रियायतें भी प्रदान की गई है। ऐसी कटौती का लाभ भारत को मिलने की संभावना है क्योंकि भारतीय कृषि उत्पाद, विदेशी बाजार एवं प्रतिस्पर्धा में अच्छी स्थिति प्राप्त कर सकेगें। भुगतान संतुलन की कठिनाईयों के कारण भारत खाद्यान्न

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत

न्यूनतम आयात की शर्तों से भी मुक्त रहेगा। आज कल प्रस्तावों की विवेचना की जाए तो हमें ज्ञात होगा कि विकसित देशों के आर्थिक विषमताओं का फायदा उठाकर वहाँ की विशाल प्राकृतिक सम्पदा का दोहन करके उन्हें विकसित देशों से प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में पहुँचने से रोक कर बहुराष्ट्रीय निगमों के हवाले करना ही मूल उद्देश्य था। यह प्रस्ताव भारत जैसे देशों को लूटकर कंगाल व गुलाम बनाने की एक नई सभ्य चाल थी।

उदारीकरण का संभावित प्रतिकूल प्रभाव (सब्सिडी समाप्ति के परिणाम) – भारत के निर्यात का मुख्य आधार आज भी कृषि उत्पाद, सूती कपड़ा, कालीन एवं हस्तशिल्प है। आज भी इन परम्परागत वस्तुओं का निर्यात 85 प्रतिशत है। इन परंपरागत वस्तुओं का उत्पादन मुख्यत: स्थानीय कच्चे माल, स्थानीय तकनीक एवं लघु तथा कुटीर उद्योगों पर आधारित है। सरकार कृषि के विकास के लिए किसानों को सिंचाई, विद्युत, खाद, कीट-नाशक दवाओं तथा खेती संबंधी उपकरणों पर आवश्यक अनुदान (सब्सिडी) देती है। प्रस्तावों को लागू करने के बाद भारत सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा किसानों को खाद, बीज, कृषि यंत्रों, बिजली, भैंस, गाय, बैल खरीदने पर दिए जाने वाली सहायता राशि समाप्त करनी पड़ेगी, जिसके कारण –

(अ) भारतीय किसान महंगे खाद खरीदने की स्थिति में नहीं रहेगा और खाद उत्पादन करने वाले कारखाने बंद हो जाएगे। वैसे भी पिछले वर्षों में ही उर्वरकों की कीमतों में लगभग 90 प्रतिशत वृद्धि हो चुकी है।

(ब) खुरपी, हँसिया, फावड़ा, हल आदि के दामों में बेतहाशा वृद्धि होगी। इन छोटे उपकरणों को विदेशी कम्पनियाँ छीन लेंगी और गाँव के लौहार-बढ़ई-कामगार सब के सब बेरोजगार हो जाएगे।

(स) किसानों को मिलने वाली बिजली की दरों में दो गुना से भी अधिक की वृद्धि हो जाएगी। इससे भारतीय किसान और खेती के विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

(द) भारत को पुन: अनाज के लिए अमेरिका आदि देशों की ओर मुँह ताकना पड़ेगा और वहीं सड़ा-गला अनाज आयात करना होगा।

नई सरकारी योजना – नई सरकार द्वारा कृषि में उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके हेतु सरकार द्वारा मुख्यत: तीन तत्वों पर ध्यान दिया जा रहा है। उत्पादन विकास, बफर स्टॉक को संतुलित रखना एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना।

उद्देश्य –

1. आर्थिक उदारीकरण से भारतीय किसानों की दशा पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।
2. भारतीय किसानों का विकसित राष्ट्र के किसानों से होने वाली प्रतियोगिता का अध्ययन करना।

अध्ययन पद्धति – प्रस्तुत शोध आलेख में प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोत का उपयोग किया गया है। विशेष कर कृषि उत्पादकों पर अध्ययन केन्द्रीत किया गया है।

निष्कर्ष – भारत में जहाँ 85 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से भी कम भूमि है। अत: उन्हें पूर्ण कृषक नहीं कहा जा सकता। क्योंकि वे कृषि के साथ-साथ मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते है। अत: इन्हें सरकारी मदद की आवश्यकता होती है। चूंकि पिछले कुछ वर्षों में बढ़ती हुई महंगाई दर के आधार पर कृषि उत्पाद के समर्थन मूल्य में वृद्धि नहीं हो पाई है। परिणाम स्वरूप कृषि पर होने वाले व्यय एवं इसके उत्पाद से मिलने वाले मूल्य में ज्यादा अंतर नहीं होता। कभी-कभी उत्पाद मूल्य के बराबर विक्रय मूल्य प्राप्त नहीं होती है। परिणाम स्वरूप किसानों की स्थिति भारत वर्ष में लगातार दयनीय होती जा रही है। जब तक कृषि मजबूत नहीं होगा देश मजबूत नहीं हो सकता। क्योंकि 85 प्रतिशत आबादी कृषि में संलग्न है। राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। परन्तु देश को खाद्यान्न उपलब्ध कराने वाले किसानों की स्थिति दयनीय हो रही है। इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची : –

1. भारतीय अर्थव्यवस्था, एस.चंद एंड कंपनी लि0, नई दिल्ली।
2. कृषि अर्थशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा।
3. आर्थिक नियोजन एवं विकास, अर्जुन पब्लिसिंग हाउस, दरियागंज नई दिल्ली।

****

मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास में अधोसंरचना की भूमिका

रामजस चमार *

शोध सारांश – भारत एक विकासशील राष्ट्र है। साथ ही यह अत्यधिक जनसंख्या वाला भी राष्ट्र है। यहाँ की लगभग जनसंख्या का एक चौथाई भाग कृषि कार्य पर आधारित है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र पर अत्यधिक जनसंख्या निवास करती है। यहाँ की कृषि के साथ–साथ औद्योगिक विकास नितांत आवश्यक है। मध्य प्रदेश, राष्ट्र के मध्य स्थित राज्य है। मध्यप्रदेश का रीवा संभाग राज्य के पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 07 पर स्थित है। जो मध्य प्रदेश की पूर्वी सीमा और उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद की सीमा पर स्थित है। मध्य प्रदेश का रीवा संभाग कृषि एवं औद्योगिक विकास में पिछड़ा हुआ है। इसका प्रमुख कारण औद्योगिक विकास में अधोसंरचनात्मक विकास का न होना है। इस विकास में परिवहन (यातायात) संचार, पानी, सिचाई, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ–साथ कच्चे माल की अपूर्ति, पर्यावरण संतुलन आदि सम्मिलित है। 'जी.एन.पी. में देश के सभी निवासियों तथा नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुऐं एवं सेवाऐं सम्मिलित रहती है।इसे हम दो स्वरूपों में विभाजित कर सकते हैं।'[1]

प्रस्तावना – आजादी के अनेकों वर्ष बीत गए किन्तु विकास कितना हुआ यह विचारणीय प्रश्न है। जिसमें रीवा संभाग में अधोसरंचनात्मक विकास पर्याप्त रूप से नहीं हो पाया है। हाल के वर्षों में रीवा संभाग मुख्यालय के आठ रेल सेवाएं देश के प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए बनाई गई हैं। इसके बावजूद भी संपूर्ण संभाग में अधोसंरचनात्मक विकास पर्याप्त रूप से नहीं हो पाया है। इसके अलवा भी संपूर्ण संभाग इन साधनों से वंचित है। प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए बनाई गई हैं। इसके बावजूद भी सम्पूर्ण संभाग इन साधनों से वंचित है। जिससे संसार व्यवस्था प्रभावित है। वर्षा जी को एकत्र न करना सिचाई के पर्याप्त साधन के अभाव में कृषि उत्पाद की कमी, बे–मौसम वारिस से कृषिगत क्षति बनी रहती है। तथा कृषकों द्वारा आत्महत्या दिन प्रतिदिन बढ़ना। विद्युत पूर्ति भी अबाध गति से नहीं होती है। विद्युत ऊर्जा निर्माण, वितरण की कमी से औद्योगिक कार्य शक्ति कम हो जाती है। 'आधुनिक अर्थशास्त्रियों की विचारधारा के अनुसार मजदूरी का निर्धारण श्रम की माँग तथा पूर्ति द्वारा होता है।'[2] इसके साथ नियमित विकास कार्य प्रभावित होता है। शिक्षा में सुधारात्मक कदम न उठाए जाने से शिक्षण में गुणवत्ताहीन आलम छाया है। दो दशक पूर्व से सरकारी शिक्षा की अपेक्षा निजी शिक्षा को बल मिल जाने से यह मात्र व्यवसाय, खानापूर्ति बनकर रह गया है। जिससे बेरोजगारी में तीव्र वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सेवाऐं संस्थान तो पर्याप्त है पर संसाधनों व चिकित्सा सुविधा न मिलने से रोगी व्यक्ति बिना मौत के मृत्यु हो जाती है। संचालित उद्योगों में कच्चे माल की आपूर्ति का सही क्रियात्मक उपयोग न होना, कच्चा माल की कमी, औद्योगिक अवरूद्ध को प्रकट करने का संकेत देता है। निर्मित माल का सही बाजारीकरण की अव्यवस्था औद्योगिक विकास हेतु राजनैतिक, आर्थिक और औद्योगिक नैतिकता के मात्रा में भारी अभाव सा पाया जाता है। जिससे रीवा संभाग की औद्योगिक विकास में अधोसरचना विकास किस प्रकार महत्वपूर्ण है। इसका आर्थिक और सामाजिक रूप से लोगों पर क्या असर रहेगा। बाजारीकरण की अव्यवस्था से चक्रिय कारण की पद्धतियों का निर्माण होने लगता है। औद्योगिक संरचना को आधुनिकीकरण के पश्चात् होने वाले नियोजित अधोसंरचना की सफलता का अनुमान लगाया जा सकता है। औद्योगिक उत्पादों के आधार पर प्राकृतिक संसाधन–हवा, पानी, वन संपदा, खनिज, पर्यावरण आदि के दोहन से मनुष्य का विकास होता है। इसके विपरीत दिशा में आप्रकृतिक संसाधन के दोहन के कारण मानव का विकास अवरूद्ध होता जा रहा है। जिसमें बिजली, संचार, यातायात, शिक्षा प्रशिक्षण, स्वास्थ्य कृषिगत उत्पादन एवं अन्य भौतिक व अभौतिक सुविधाओं का समुचित उपयोग कर किस प्रकार औद्योगिक विकास किया जाये एवं इस पर अद्योसंरचना का क्या योगदान है? सभी उद्योग (लघु मध्यम, विकसित) पर अधोसंरचना की भागीदारी कितनी है, को आंकलन करना पड़ा। अर्थव्यवस्था को विकसित करने में क्या स्थान रखता है, का समुचित अन्वेषण किया जाएगा। अधोसंरचना विकास में आने वाली कठिनाईयों का अध्ययन किया जाएगा। उत्पत्ति के साधनों का किस प्रकार विस्तार कर औद्योगिक विकास की गति को तेज किया किया जा सकता है। इसके लिए सुनिश्चित सुझाव की आवश्यकता सरकार को होती है। जिससे उद्योगों का चक्रीय विकास हो सके। अधोसंरचनात्मक रूप से औद्योगिक विकास के लिए संपूर्ण संसाधनों का चक्रीय विकास हो सके। अधोसंरचनात्मक रूप से औद्योगिक विकास के लिए सम्पूर्ण उद्योग और संसाधनों का अध्ययन करनें में बल प्रदान होता है। इसके साथ–साथ औद्योगिक संरचना के आधार पर अधोसंरचना मध्यप्रदेश के साथ अन्य राष्ट्रीय स्तर की अर्थव्यवस्था को विकसित करने का प्रेरणा स्त्रोत होगा।

शोध प्रविधि – शोध पत्र **मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास में अधोसंरचना की भूमिका** नामक यह शोध पत्र एक प्रकार का द्वितीयक सामग्री का प्रयोग किया है। जिसमें विश्लेषणात्मक पद्धति सैद्धान्तिक और प्रयोगिक रूपों को संकलन का आधान माना जाता है। इसमें व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रत्यक्ष और परोक्ष रूपों से भी शोध पत्र निर्माण की भूमिका का आकलन किया गया है। शोध प्रविधि के माध्यम सें अनेक विद्धानों के मार्गदर्शी सुझाव को भी चुना गया है। जिसके कारण शोध पत्रिका, एवं अन्य पत्रिकाओं को अध्ययन का माध्यम बनाया गया है। इन्हीं दृष्टिकोणों के साथ उद्योगों पर अधिक जोर दिया गया है। क्योंकि आज भी बेरोजगारी की दिशा में व्यक्ति भटक रहा है। इसके कारण भारत में भी औद्योगिक रूप से

* शोधार्थी (वाणिज्य) शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

अधोसंरचना के आधार पर अर्थव्यस्था को समुचित करने का अथक प्रयास किया गया है। औद्योगिक रूप से आर्थिक पहलू को छूने से भारतीय अर्थव्यस्था भी सुदृढ़ होती है। इन आर्थिक पहलू के साथ राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक स्थिति भी बदल जाती है। इस प्रकार के संन्दर्भो को अध्ययन का आधार के रूप में प्रयोग किया गया है। पुस्तकालयों एवं इन्टरनेट की भी सामग्री का उपयोग करते हुए इस तथ्य को समझने का भरपूर प्रयास किया गया है।

उद्देश्य – औद्योगिक संरचना के आधार पर अधोसंरचना की स्थिति के अध्ययन का आधार बनाया गया है। जिससे भारतीय अर्थव्यस्था को भी सुदृढ़ रखा जा सके।

1. औद्योगिक संरचना रूप से उपलब्ध संसाधन की उपयोगिता का अध्ययन करना।
2. औद्योगिक विकास में आने वाली कठिनाइयों एवं समस्याओं का अध्ययन कर आवश्यतानुसार निराकरण एवं सुझाव देना।
3. अधोसंरचना के अन्तर्गत आने वाली प्राकृतिक संसाधनों की हवा, पानी, खनिज, पर्याप्त मात्रा में पर्यावरण की उपलब्धता का अध्ययन करना।
4. अधोसंरचना के अन्तर्गत उद्योगों के अन्दर ऊर्जा, प्रकाश का सुनियोजित विकास करना।
5. अधोसंरचनात्मक रूप से उद्योगों से निकला अपशिष्ट (अनुपयोगी) का यथायोचित निकास व संग्रहण करना।
6. अधोसंरचनात्मक रूप से उद्योगों से निकला अपशिष्ट (अनुपयोगी) का यथायोचित विकास व संग्रहरण करना।
7. औद्योगिक उत्पाद को नियमित बाजारीकरण करने आर्थिक व गैर आर्थिक संसाधनों का अध्ययन व सुझाव देना।
8. नियमित उत्पाद की जानकारी हासिल कर श्रम एवं रोजगार का सृजन करना।
9. निजी व सरकारी औद्योगिक इकाईयों अद्योसंरचना का तुलनात्मक अध्ययन करना।

योगदान – औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक रूपों में अद्योसंरचना के विकसित होने के लिए महत्वपूर्ण आवश्कयता प्रतीत होती है। क्योंकि मध्यप्रदेश की विविधता का पूर्ण क्षेत्र विकास की ओर उन्मुखता से बढ़ रहा है। 'राष्ट्रीय आय किसी देश की उत्पादन व्यवस्था से प्राप्त होने वली वस्तुओं एवं सेवाओं का वह परिणाम है जो कि अन्तिम उपभोक्ताओं को प्राप्त होती है या जो देश में कुल पूँजीगत वस्तुओं में वृद्धि करता हैं।'[3] जिसके विकास का महत्व अधिक है। स्वतंत्रता से लेकर आज तक के आर्थिक परिदृश्य की चर्चा की जाए तो पता चलता है। देश के पिछड़े क्षेत्रों को विकसित करना औद्योगिक रूप की गतिशील नीतियों का बनाया जाना सही दिशा की ओर क्रियान्वयन करना है। जिसके आधार पर औद्योगिक नीतियों का निर्धारण होता है। तब समय-समय पर पंच वर्षीय योजनाओं के कार्य कारण के प्रतिरूपों में नई-नई नीतियों का सृजन होता है।

'विज्ञान के विकास के साथ-साथ आधुनिक समय में औद्योगिक क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए हैं। जिनके फलस्वरूप प्रबन्धकीय क्रियाओं का सम्पादन पुराने तौर-तरीकों से लाभदायक सिद्ध नहीं हो सकता है।'[4]

औद्योगिक क्रांतियों का भी मूल कारण उनकी विचारधाराओं को प्रमाणित करना माना जाता है। जिसके प्रोत्सहन हेतु अनेक संसाधनों की विचारधारा प्रवाहित होती है। इसी चेतना का माध्यम भी सामाजिक और राजनैतिक स्थित के साथ विकास की दिशा को अग्रसर करता है। औद्योगिककरण को प्रोत्साहित करने की पूँजीगत उद्योगों को भी शामिल किया जाता है। जिससे उद्योगों का अभाव ही बना रहा है। अर्थशास्त्रियों ने ऐसा किया है। कि निर्धन राष्ट्र तभी प्रगति कर पाएगा जब उनमें अच्छे औद्योगिक क्षेत्र विकसित होते हैं। उद्योग के रोजगार की उपल्बध को ध्यान में रखकर उनके विचारों का सृजन करते है। प्राथिमक क्षेत्र की कृषि अर्थव्यस्था अच्छे औद्योगिक क्षेत्रों के रूप में सन्निहित होती है। जिसके कारण उद्योग और रोजगार की उपलब्धता के विचारों का संयोजन भी होता रहता है। जिससे रोजगार की संभावनाऐं अधिक होती है। आज की औद्योगिक विचारधारा समाज को जोड़ने का काम कर रही है। इसका प्रयास सफल होगा। कार्य प्रणाली पर निर्भर करता है। निजी क्षेत्रों के औद्योगिक नीतियों के निर्माणक के लिए अनेकों प्रश्न उपस्थित होते है। जिसके कारण वह मजबूर हो जाता है। जिसकी व्याख्या करना ही मानव जीवन के लिए हितकर न होकर अहितकारी सिद्ध हो जाती है।

औद्योगिक विकास हेतु अधोसंरचनात्मक ढंग के विकास का मार्ग और भूमिका का प्रोत्सहन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता जा रहा है। क्योंकि किसी भी क्षेत्र की चक्रीय विकास का ढ़ाचा भी सामाजिक रूपों में औद्योगिक क्रान्तियों का परिणाम बन गया है। जिससे उद्योगों के द्वारा कच्चे माल की पूर्ति करना। कच्चा माल को निर्मित करने से भागव का परिवहनीय करण सूचनाओं का त्वरित प्रसारण, श्रम शक्ति का विश्लेषण, औद्योगिक व तकनीकी विश्लेषण औद्योगिक उत्पाद को बाजार पहुँचाना, नवीन बाजार संरचना की खोज करना ही उत्पादन की नई प्रक्रिया को विकसित करना है। यहाँ तक कि उत्पादन की शुरूआत ही कच्चे माल से होती है। इसके लिए नये स्त्रोतों का औद्योगिक संचालन हेतु नियमित बिजली, पानी की आपूर्ति, समग्र औद्योगिक विकास के लिए श्रम शक्ति की वृद्धि करना और शिक्षा प्रशिक्षण की उपलब्धता और तकनीकी संसाधनों की पूर्ण उपयोगिता, के साथ औद्योगिक सृजन में वृद्धि करने के लिए औद्योगिक पर्यावरण को संतुलित रखना ही उद्योगों का विकास होता है। जिससे उद्योगों द्वारा निकलने वाले हानिकारक अपशिष्ट पदार्थ को यथा उचित निकासी व संग्रहरण की व्यवस्था करना है। खनिजों की उपलब्धता, औद्योगिक स्वास्थ्य व्यवस्था में औद्योगिक संसाधनों को पूर्व में किये गये कार्यों की समीक्षा का वर्तमान व भविष्य की संभावना का गहन अध्ययन करेगा। विकास में आने वाली समस्याओं का सूचीबद्ध अध्ययन करना तथा शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक सुझाव देना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. डी.सी. अग्रवाल, व्यावहारिक अर्थशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, 2002, पृष्ठ 23
2. डॉ. बी.आर. नलवाया, समष्टि अर्थशास्त्र, जवाहर पब्लिकेशन्स, आगरा, प्रथम संस्करण, पृष्ठ 50
3. डॉ. विनोद त्रिपाठी, व्यवहारिक अर्थशास्त्र, समष्टि अर्थशास्त्र, राम प्रसाद पब्लिकेशन्स, आगरा, पृष्ठ 14
4. डॉ. बी.के. मेहता, प्रबन्धकों के लिए लेखांकन, एसबीपीडी पब्लिशिंग हाउस, आगरा, 2011-12, पृष्ठ 1.19

****

जोतों की संख्या की अधिकता एवं जोत का आकार कम होना (म.प्र. के बड़वानी जिले के विशेष सन्दर्भ में)

डॉ. रिमता शाह *

प्रस्तावना – भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा यहाँ लगभग 67.67% जनसंख्या गाँवों में निवास करती है तथा उनकी आजीविका स्त्रोत कृषि कार्य है। भारतीय कृषि की एक प्रमुख विशेषता हैं, जोत इकाइयों की संख्या बहुत अधिक होना एवं अधिकांश जोतों का आकार कम होना है। कृषि के आकार से अर्थ खेत की लम्बाई–चौड़ाई से हैं । एक हेक्टेयर से कम वाली जोतों को सीमान्त जोत, एक हेक्टेयर से अधिक तथा दो से कम को लघु, दो से अधिक तथा चार हेक्टेयर से कम अर्द्धमध्यम, चार हेक्टेयर तथा अधिक वृहद जोत बताया गया है । भारत में जोत आकार के अनुसार कार्यशील जोतों की संख्या एवं उनके अंतर्गत क्षेत्रफल के आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश में भू– स्वामित्व का अब समान स्वरूप विद्यमान है। यह असमानता खाद्यान्नों के उत्पादन वृद्धि मे प्रमुख बाधक है। देश में विभिन्न भुमि– सुधार कार्यक्रम समय समय पर अपनाए गए , लेकिन भू–स्वामित्व का यह असमान वितरण आज भी विद्यमान है।

परिमाणत: जोत के प्रति इकाई क्षेत्र से उत्पादन की मात्रा कम प्राप्त होती है और उत्पाद की उत्पादित प्रति इकाई मात्रा पर उत्पादन लागत अधिक आती है।

बडवानी जिला – हमारे अध्ययन क्षेत्र बडवानी जिले की **85.29 प्रतिशत** जनसंख्या गाँवो में निवास करती है, जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि हैं। देश की तरह जिले में भी भू– स्वामित्व का असमान स्वरूप विद्यमान है। जिले का **भौगोलिक क्षेत्रफल 5298.46** वर्ग कि.मी हैं ।

बडवानी जिले में जोतों की संख्या –

तालिका क्रं. 1 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तालिका देखने से ज्ञात होता है कि जिले में लघु जोतों की संख्या सभी तहसीलों में अधिक है तथा वृहद जोतों की संख्या बहुत ही कम है तथा जिलें में कुल जोत संख्या देखे तो विभिन्न तहसीलों में संख्या में विषमताएं है। इसमें सबसे अधिक राजपुर तहसील में 24,417 जोतों की संख्या है, जबकि सबसे कम अजंड तहसील में जोतों की संख्या 7,740 है। जोतों की संख्या से वास्तविक स्थिति का ज्ञान नहीं होता है, जोतों का क्षेत्रफल में वितरण वास्तविक स्थिति का परिचय कराता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से देखे तो सबसे अधिक राजपुर तहसील में 46,864 वर्ग कि.मी जोतों का क्षेत्रफल है, जबकि सबसे कम अजंड तहसील में जोतों का क्षेत्रफल 17545 वर्ग कि.मी है। **जिलें में कुल जोत संख्या 1,11,163 हैं एवं क्षेत्रफल 2,27,100 वर्ग कि.मी है।**

जिले में आकार अनुसार कृषि जोतों की संख्या तथा क्षेत्रफल (चार्ट देखे आगे पृष्ठ पर)

चार्ट से स्पष्ट हैं कि **जिले में सबसे अधिक सीमान्त जोत संख्या 35451 व क्षेत्रफल 20471 वर्ग कि.मी है, जो कि जिले में सबसे कम हैं एवं वृहद जोत संख्या सबसे कम 1308 व क्षेत्रफल 18154 है।** जिले में जोत आकार के अनुसार कार्यशील जोतों की संख्या एवं उनके अंतर्गत क्षेत्रफल के आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश की तरह जिले में भी भू–स्वामित्व का असमान स्वरूप विद्यमान है। अत: स्पष्ट है कि देश की तरह जिलें मे भी जोतों की संख्या बहुत अधिक है और उनकी संख्या निरंतर बढ़ रही है। जोतों के अंतर्गत भूमि के क्षेत्र में असमानता भी व्याप्त है और यह असमानता भी बढ़ती जा रहीं है। जोतों की संख्या से वास्तविक स्थिति का ज्ञान नहीं होता है, जोतों का क्षेत्रफल में वितरण वास्तविक स्थिति का परिचय कराता है। लघु एवं सीमान्त जोतों पर सिंचाई के लिए कुआँ बनाने , पम्प – सैट लगाने, उन्नत कृषि विधियों एवं मशीनों का उपयोग करना आर्थिक दृष्टि से लाभकर नहीं होता है। परिमाणत: जोत के प्रति इकाई क्षेत्र से उत्पादन की मात्रा कम प्राप्त होती है और उत्पाद की उत्पादित प्रति इकाई मात्रा पर उत्पादन लागत अधिक आती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जनगणना 2011**अधिक भू–अभिलेख, बडवानी** भारत 2008 प्रकाशन विभाग सूचना व प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
2. Agriculture statistics at a glance directorate of economics and statistics, ministry of agriculture, government of India new Delhi.
3. Agricultural situation in india – various issues, directorate of economics & statistics, ministry of agriculture, government of india, new Delhi.
4. Indian Agriculture In Brief, Various Issues, Directorate Of Economics And Statics, Ministry Of Agriculture, Government Of India , New Delhi.


* (वाणिज्य) श्री उमिया कन्या महाविद्यालय, रंगवाशा राउ, इन्दौर (म.प्र.) भारत

तालिका क्रं. 1 आकार अनुसार कृषि जोतो की संख्या तथा क्षेत्रफल

जिला/तहसील/वि.खं.	सीमांत (एक हेक्टर से कम)		लघु 1 हेक्टर से अधिक तथा दो से कम		अर्द्धमध्य, दो से अधिक तथा चार हेक्टर से कम	
	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल
1	2	3	4	5	6	7
जिला बड़वानी	35451(31.90)	20471(9.01)	34532(31.06)	48891(21.52)	28238(25.4)	72195(31.79)
तहसील बड़वानी	5516(38.85)	3024	4190(29.51)	6038	3122(21.99)	8379
तह. ठीकरी	4068(39.16)	2111(11.63)	3408(32.81)	4718(25.98)	2096(20.18)	5764(31.74)
तहसील राजपुर	8704(35.65)	5044(10.72)	7734(31.67)	11027(23.53)	5466(22.39)	14836(31.66)
तह. पानसेमल	4584(33.32)	2758(11.53)	4886(35.51)	6674(27.91)	3209(23.32)	8271(34.59)
तहसील निवाली	3058(29.83)	1756(07.53)	2960(28.87)	4000(17.14)	2741(26.74)	7293(31.26)
तहसील सेंधवा	4079(27.58)	2377(8.05)	4022(27.19)	578(01.96)	4588(31.02)	11501(38.96)
तहसील वरला	2866(31.33)	1718(09.75)	2718(29.71)	3935(22.33)	2719(29.72)	6572(37.30)
तहसील अंजड़	2139(27.64)	1322(07.53)	2557(33.04)	3751(21.38)	1959(25.31)	5437(30.99)

जिला/तहसील/वि.खं.	मध्यम 4 हेक्टेयर से अधिक तथा 10 से कम		वृहद 10 हेक्टेयर से अधिक		योग	
	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल
0	8	9	10	11	12	13
जिला बड़वानी	11634(10.45)	67389(29.67)	1308(1.18)	18154(7.99)	111163(100)	227100(100)
तहसील बड़वानी	1285(9.05)	7434(28.61)	85(0.61)	1110(4.27)	14198(100)	25985(100)
तह. ठीकरी	716(06.89)	4014(22.11)	99(0.01)	1551(8.54)	10387(100)	18158(100)
तहसील राजपुर	2331(09.55)	13642(29.11)	182(0.74)	2315(04.94)	24417(100)	46864(100)
तह. पानसेमल	1036(07.53)	5632(23.55)	44(0.32)	579(02.42)	13759(100)	23914(100)
तहसील निवाली	1324(12.91)	7965(34.14)	169(01.65)	2318(09.93)	10252(100)	23333(100)
तहसील सेंधवा	1792(12.11)	10664(36.13)	310(02.09)	4396(14.89)	14791(100)	29516(100)
तहसील वरला	783(08.86)	4574(25.96)	62(00.68)	820(04.65)	9148(100)	17619(100)
तहसील अंजड़	991(12.80)	5718(32.59)	94(01.21)	1317(07.51)	7740(100)	17545(100)

नोट –कोष्ठक प्रतिशत को प्रदर्शित करता हैं।



आधुनिक अर्थव्यवस्था में उद्यमिता विकास की भूमिका

रमेश कुमार साकेत *

शोध सारांश – आधुनिक अर्थव्यस्था के आधार को विकसित रूपों में कार्य करने की योजना तैयार करना है। जिससे सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था सुदृढ़ हो सकें। अर्थव्यवस्था के सम्बन्ध में भारतीय योजना आयोग का मानना है कि 'एक विकासशील देश वह है जहाँ एक ओर अल्प–प्रयुक्त जन शक्ति तथा दूसरी ओर अशोषित संसाधनों का न्यूनाधिक रूप में सहअस्तित्व पाया जाता है।''इस तरह की अर्थव्यस्था में विकसित राज्य भी अपने अस्तित्व को और मजबूत करने का प्रयास करता है। क्योंकि कोई भी उद्योग प्राकृतिक साधनों से समृद्धि होता है। इसी में औद्योगिक विकास भी करता है। इसके बिना औद्योगिक विकास संभव नहीं है। यह एक प्रकार का महत्वपूर्ण तथ्यों की विशेषताओं पर निर्भर करता है। जिसकी पिछले दो दशकों में मध्यप्रदेश में जल माध्यमों और लघु प्रमाप के उद्योगों का जन्म होता है।'' आधुनिकीकरण का ही एक दूसरा पहलू ग्रामीण–जन द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं का स्वरूप है। परम्परागत ग्रामीण जीवन स्थानीय निर्मित वस्तुओं से ही जुड़ा रहता था। उद्योगों में निर्मित कुछ गिनी चुनी वस्तुऐं जैसे साबुन, माचिस, नमक आदि ही ग्रामीण जीवन का अंश थी।'' वहीं दूसरी ओर कुटीर उद्योग के साथ–साथ ग्रामीण उद्योगों की भी विशेषताऐं निर्भर होती है। जिस प्रकार की बुनियादी उद्योगों की अविरल धारा में निहित बौद्धिक क्षमता भी परिलक्षित होती है।

शोध प्रविधि – शोध पत्र आधुनिक अर्थव्यवस्था में उद्यमिता विकास की भूमिका एक प्रकार का द्वितीयक स्त्रोत के संकलन के द्वारा शोध पत्र का अध्ययन कर लिखा गया है। जिसमें संश्लेषणात्मक पद्धति के द्वारा अध्ययन के क्षेत्र को विस्तारित करने का प्रयास किया गया है। इस शोध प्रविधि में शोध जर्नल, पत्रिकाओं एवं विद्वानों का मार्गदर्शन भी परिलक्षित हुआ है। इसके अनेक दृष्टिकोणों को छूने के लिए मूल ग्रन्थों के साथ–साथ पुस्तकालयों और इन्टरनेट का भी शोध पत्र में प्रयोग किया गया है।

शोध पत्र का उद्देश्य :

1. आर्थिक विकास में योजनाओं का उपभोक्ता तक क्रियान्वयन किया जाना।
2. इन योजनाओं से सम्मिलित होने पर उद्योग को आर्थिक व्यवस्था से मजबूत करना।
3. तकनीकि शिक्षा के द्वारा उद्योगों को विकसित करना।
4. उद्योग विकसित होने से बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है।
5. औद्योगिक विकास को पिछड़ापन खत्म करना।

समस्याऐं – उद्योगों का ह्रास तब होता है। जब औद्योगिक विकास में पूँजी की कमी आती है। इससे आर्थिक विकास की दिशा ही बदल जाती है। क्योंकि प्रत्येक क्षेत्र में औद्योगिक विकास में आर्थिक विसंगतियों की दिशा अधिक चिन्तनीय विषय बनता जा रहा है। किसी भी जिले में उद्योग के बहुमुखी विकास के लिए योजनाओं का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिसके कारण औद्योगिक विकास उन्नति करता है। उद्योगों की सभी पहलुओं का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए उनकी अनेक दिशाओं की समस्याओं का निरीक्षण होना भी बहुत महत्व रखता है। जिसमें लघु उद्योग और कुटीर उद्योगों की समस्याओं की अनेक कठिनाईयों का दूर किया जा सकता है।

कुटीर उद्योगों की कुछ समस्याऐं मुख्य रूप से औद्योगिकरण को प्रभावित करती है।

1. कच्चे माल सही दिशा में न उपलब्ध होने की समस्या है।
2. बिजली की न रहने की समस्या से भी उद्योग को समस्या आती है।
3. स्थानीय कच्चे माल को ले जाने और ले आने के लिए परिवहन की समस्या।
4. तैयार माल को बेचने के लिए बाजार की स्थिति की समस्या।
5. कच्चे में माल को तैयार करने वाले कुशल श्रमिकों की समस्या।

जिस प्रकार से कुटीर उद्योगों को निर्मित करने में चिराई उद्योग, कढ़ाई उद्योग, चूना बनाने बाले भट्ठी की, बीड़ी उद्योग इसके साथ कई स्थानीय कच्चे मालो पर आधारित है। कार्य की परियोजनाओं की अनेक समस्याऐं खड़ी होती रहती है। जिससे पर्याप्त कच्चे माल के न होने से वर्ष भर उत्पादन की समस्या निरंतर बनी रहती है।

उपयोगिता – कुटीर उद्योगों को चलने वाले पूँजीपतियों का हाथ होने से कच्चे माल को ले आने वाले किसानों को मूल लाभ से वंचित कर देते है। उसकी वह पूँजीपति मोटी रकम को खाता है। इसके साथ मौसम के समय में कच्चे माल को एकत्रित कर अपनी व्यवसायिक को बढ़ाने में लग जाता है। जिसके आधार पर कारीगरों को विश्वास दिला कर उनके परिश्रमिक का भरपूर शोषण करता है। क्योंकि वह पूँजीपति स्थानीय व्यक्ति होता है। इस कारण कारीगरों को केवल कम मजदूरी देकर अधिक से अधिक माल को उपलब्ध कर लेता है। जिससे वह माल की दोगुनी कीमत वसूलता है। जबकि वह कम से कम मजदूरी देकर अधिक से अधिक कार्य कराने के पक्ष में रहता है। इससे उद्योग तो निर्मित होता किन्तु उसकी मूल सम्भावनाओं को ही खत्म कर देता है। इस तरह से कुटीर उद्योगों में कार्यरत कारीगर लाभ से वंचित हो जाते है। ''पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में कीमत यन्त्र आर्थिक क्रियाओं के निर्देशक का कार्य करता है। वह एडम स्मिथ का आदृश्य हाथ है। कीमत यन्त्र एक ऐसी व्यवस्था है, जो फर्मों व निजी व्यक्तियों के द्वारा व्यक्तिगत लाभों को अधिकतम करने की दृष्टि से संसाधनों के मितव्ययितापूर्ण आवंटन

* शोधार्थी (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर संजय गाँधी स्मृति महाविद्यालय, सीधी (म.प्र.) भारत

की व्यवस्था करती है। इससे समस्त अर्थ–व्यवस्था के संसाधन स्वत: ही आवंटित हो जाते हैं।''जिससे दर्लभ कच्चे माल का प्रदाय आर्थिक रूप में करने वाले को कम लाभ होता है। जिससे कारीगरों की स्थिति में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण इनकी दशा भी बहुत ही दयनीय होती जा रही है। जिसका मूल कारण अज्ञानता के साथ–साथ पूँजी की कमी भी कहीं जा सकती है। इन्हीं निर्धनताओं के कारण उन श्रमिकों का विकास नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में वे साधन विहीन हो जाते है। क्योंकि किसी भी उद्योग को सुचारू रूप से चलाने के लिए अर्थ की महत्वपूर्ण आवश्यकता होती है। इस प्रकार मध्यप्रदेश के कारीगरों द्वारा लाभ की स्थिति अच्छी न होने के कारण वहाँ निर्मित करने वाले माल घटिया किस्म का होता जा रहा है। ''उद्योग, जहाँ आज भी पुराने किस्म के उपकरण उपयोग में आ रहे हैं तथा विलोपन सापेक्षिक रूप में कम महत्व की वस्तु है, परिवहन तथा लोक–सेवाएँ, खाद्यान्न, प्रक्रियाएँ, परिधान–उद्योग तथा अन्य है। विलोपन की दृष्टि से महत्वपूर्ण उद्योग हैं, मोटर उद्योग, स्थायी उपभोक्ता वस्तुएँ, इलेक्ट्रॉनिक्स, कार्यालय उपकरण उपस्कर तथा खनिज–उद्योग।'' इस प्रकार से लागत भी दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी के कगार में है। जिसका प्रभाव बेरोजगार व्यक्तियों पर भी पड़ता है। क्योंकि जब तक सुगम उद्योग नहीं होगे तब तक रोजगार की स्थिति को कैसे आँका जा सकता है। पुराने उपकरण से भी कभी खारब होने पर सरकारी तंत्र होने के कारण उनकी बहुत ही समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसके कारण सुधारने में पुराने उपकरण की जगह नये आ सकते हैं। नये उपकरण से कुशल यंत्र चालक को भी कार्य करने में सहायता और उत्सुकता रहती है।

''ग्रामीण अर्थव्यवस्था के भावी विकास के लिए जो भी योजना बनायी जाए उसके एक परमावश्यक तत्व के रूप में परिवहन एवं दूर–संचार साधनों के विकास को भी उचित स्थान दिया जाना चाहिए। इन साधनों के अभाव में ग्रामीण विकास कल्पना मात्र ही प्रतीत होगा।'' कुटीर उद्योगों की समस्याओं को हल करने में कच्चे माल अधिक मात्रा में मिलता है। तब वहाँ की सभी समस्याऐं हल हो जाती है। किन्तु यह कार्य सहकारी कार्य प्रणाली के आधार पर अनेक समितियों का लाभ भी उपभोक्ता को प्राप्त होता है। मध्यप्रदेश में वर्तमान समय में खादी ग्राम उद्योग के अनेक केन्द्र निर्मित हुए है। जिससे वहाँ की स्थिति का मूल्यांकन करना उत्पादन की क्षमता पर निर्भर करता है। इस खादी ग्राम उद्योग के लिए बनी हुई समितियों का अनेक उत्पादकों को समय–समय पर समुचित मात्रा कच्चे माल का मूल्य प्राप्त होता है। इस कार्य का जिम्मा फर्म सोसायटी और सहकारी समितियों के साथ खादी ग्रामोद्योंगों के साथ कुटीर उद्योगों की सस्ती कीमत पर निर्भर करता है। क्योंकि कच्चे माल समय पर उपलब्ध होने से उसकी अच्छी कीमत वसूली जाती है।

इन कच्चे माल को रखने के लिए भंड़ार ग्रहों की सुविधा न होने के कारण भी हानि का सामना करना पड़ता है। जिससे कारीगरों को समय पर उस समान को रखने के लिए जगह की भी बहुत अधिक आवश्यकता होती है। अत: इसके निर्माण से कुटीर उद्योगों के विकासात्मक दिशा में एक रचनात्मक कार्य सम्भव हो सकता है। ''कृषि उत्पादन की एक विचित्र विशेषता यह है कि भरी–पूरी फसल उत्पादक के लिए संकट का कारण बन सकती है।''

निष्कर्ष – वर्तमान समय में कुटीर उद्योगों की स्थिति के लिए वित्तीय सहायता के साथ अस्तित्व की भी आवश्यकता होती है। जिसके कारण आने वाली साख एवं पूँजी दोनों की बहुत ही आवश्यकता होती है। इसका व्यापक प्रभाव लघु एवं कुटीर दोनों उद्योगों पर पड़ता है। जिसके कारण अनेक शाखाओं की अति संख्या के कारण उसमें कच्चे माल का उत्पादन के लिए पूँजी की आवश्यकता होती है। इन उपकरणों की पूर्ति के लिए कुटीर उद्योगों में कार्य करने वाले कुशल कारीगरों की आवश्यकता होती है। जिसमें महत्वपूर्ण होता है, पूँजी व्यवस्था कि उसे अच्छे वेतन देकर अच्छे कारीगर रख सके। व्यापारिक अधिकोष प्राय: कुटीर उद्योगों को साख के रूप में स्वीकृत प्रदान करती है। कुटीर एवं ग्रामीण उद्योगों के लिये प्रथम दृष्टया उपकरणों की आवश्यकता होती है। जिसमें उपकरण और कच्चे माल के क्रय और विक्रय हेतु अच्छे बाजार की भी आवश्यकता होती है। क्योंकि कारीगर धन के अभाव में कार्यशील पूँजी की व्यवस्था करने में असमर्थ रहते हैं। इस हेतु आधुनिक उद्योगों के विकास में होने वाली सबसे बड़ी बाधा आर्थिक कमी होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. एस.सी. जैन, ग्रामीण एवं कृषि विपणन, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल, 2014, पृष्ठ 189
2. ईश्वर धींगरा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सुल्तान चन्द्र एण्ड सन्स, नई दिल्ली, 1989, पृष्ठ 6
3. डॉ. टी.एन. चतुर्वेदी, तुलनात्मक आर्थिक पद्धतियाँ, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1990, पृष्ठ 74
4. मार्टिन जे. बेले, अनुवादक विजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 1972, पृष्ठ, 143
5. ईश्वर धींगरा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सुल्तान चन्द्र एण्ड सन्स, नई दिल्ली, 1989, पृष्ठ 119

****

मध्यप्रदेश पर्यटन में व्यवसायिक सम्भावनाएँ

विजय कुमार साकेत *

शोध सारांश – मध्यप्रदेश पर्यटन में व्यवसायिक सम्भावनाएँ विश्व में पर्यटन के लिए आर्थिक, सामाजिक और सौन्दर्य की जरूरत और विविधता जैविक प्रक्रिया है। संसाधनों के प्रबंधन के लिए स्थाई रास्ता परिकल्पित किया गया है, जिसमें पर्यटकों को संगठन के लिए संस्कृतिक अखण्डता आवश्यक है। पारिस्थितिकी और जीवन का समर्थन और जीवन की विचार धारा एक सिस्टम है। जिसमें आने वाले पर्यटकों को भी उनके जीवन की अनेक आवश्यतानुरूप वस्तुओं को मेले के माध्यम से भी उपलब्ध कराया जाता है।'पर्यटन बहुदिशायुक्त प्रवृत्ति है, पर्यटकों को एक स्वेच्छा किस्म की सेवाएं प्रदान करने में बहुत-सी क्रियाओं का योग रहता है। ये क्रियाऐं अपना अलग अस्तित्व बनाऐ रखती हैं। पर्यटन स्वयं एक पूर्ण स्वरूप नहीं है।'[1] किन्तु इसका असर संबंधित क्रियाओं और व्यवसायिक क्षेत्रों में भी पड़ता है। जिसके साथ-साथ मिलकर अनेक सिद्धान्तों के विचारधारा से करती हैं। पर्यटक स्थलों में व्यवसाय के आधार पर होटल हो या मालिकों के विचारों को देखकर गाड़ी मालिक या चालक के लिए पर्यटक को घूमने हेतु वाहन की आवश्यकता होती है। ऐसी दशा में सहयोग और सामंजस्य के साथ अनेक जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करते हैं।

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश का छोटा सा शहर खजुराहो के परिदृश्य का समान रूप से संयोगिक कार्य के व्यासायिक दृष्टि से मंदिरों का कलात्मक परिदृश्य पर्यटन के रूप में देखा जाता है। यहाँ तक कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए व्यवसायिक महत्व भी है। इसके आस-पास उपयोगी वस्तुओं को व्यवसायिक रूपों में दिखाया गया है। यह खजुराहो मंदिर दुनिया के सभी क्षेत्रों में आकर्षक पर्यटन का केन्द्र बिन्दु बन गया है। खजुराहो के इस भव्य मंदिर का निर्माण 1050 ई. मध्य निर्मित किया गया लगता है। यह चंदेल वंश की शासन काल की अवधि में लगभग किया गया प्रतीत होता है।

जबकि वहाँ अनेक प्रकारों की मंदिरों का निर्माण हुआ है। 'हमारे देश की प्राचीन संस्कृति, स्मारक, धरोहर, नैसर्गिक छटा यहाँ के पर्यटन के चार चाँद लगा सकती हैं।'[2] जिसके आधार पर 85 मंदिर चारो तहफ से निर्मित है। जबकि हजारों सालवाद भी केवल 22 मदिर अजीब अभी भी खड़ा दिखाई देते है। इसकी खोज करने में अनेक प्रकार की मन्दिरों के निर्माण और व्यवस्था की बहुत ही सौन्दर्यता दिखाई देती है। यह खजुराहो का मंदिर बहुत ही आकर्षक है। इनमें से शायद एक ब्योरा मंदिरों के रूप में इनोस्को साइट के द्वारा मान्यता प्राप्त विरासत दुनिया के रूप में बहुत ही कम है। जबकि यह मन्दिर में दर्शक के भीड़ का बहुत ही माहौल रहता है। पर्यटन खजुराहो की सौन्दर्य को देखने के लिए बहुसंख्या में आते है। मंदिरों की मूर्तियाँ दीपक की तरह दीवारों के कपर्ण बहुत ज्यादा है। मूर्तियों को पर्यटक खरीददारी भी करते हैं।

प्रविधि – शोध पत्र मध्यप्रदेश पर्यटन में व्यावसायिक संभावनाऐं एक प्रकार का द्वितीयक तथ्यों का प्रयोग किया गया है। जिसमें विश्लेषणात्मक पद्धति के आधार पर अध्ययन किया गया है। शोध प्रविधि में साक्षात्कार, विद्धानों के मार्गदर्शन प्राथमिक स्त्रोतों एवं शोध पत्र एवं पत्रिकाओं के माध्यमों से भी अध्ययन का माध्यम बनाया गया है। इसके साथ-साथ सन्दर्भ के लिए पुस्तकालयों एवं इन्टरनेट के माध्यम से शोध पत्र पूर्ण करने में सहायता प्राप्त हुई है।

उद्देश्य – यात्रा के दौरान पर्यटन में जाने के लिए पर्यटक को अपने जीवन की अनेक दृश्य को देखते हैं। जिसके आधार पर उन्हें पर्यटन की स्वतंत्रता एक महत्वपूर्ण अवयव के रूप में उभर कर सामने आता है। भारत का सर्वोच्च द्वितीय स्थान पर्यटकों के लिए मध्यप्रदेश के पचमढ़ी को कहा जाता है। पचमढ़ी भी बहुत ही सौन्दर्य परक है। जिसकी सीमा का सबसे स्थित भाग सतपुड़ा के बीच शांत पचमढ़ी शहर निर्मित है। जो भोपाल राजधानी से 3500 फिट की ऊंचाई पर है। भोपाल और पचमढ़ी के बीच 200 कि.मी. दूरी पर है। यह नींद और पर्यटन के लिए सबसे अस्मरणीय स्थल है। जिसकी सौन्दर्यता को वर्णन पर्यटक के निगाहों में और किया जा सकता है।

यहाँ हरी साल और बांस के जंगल है, और नहरी घाटियाँ हैं जो बहुत ही स्मरणीय स्थल लगता है। इसके कारण व्यवसायिक केन्द्रों के द्वारा भी पर्याटकों को कोई असुविधा नहीं होती। उनकी आवश्यकता हेतु अनेक सामग्री उपलब्ध हो जाती है।

सांची – गौतम भगवान बुद्ध के गंतव्य – सांची शहर से भोपाल की दूरी 48 किमी है। जबकि उसी के आसपास भोपाल स्थित सहरद। शहर के विदिशा जिले के अन्तर्गत आता है। जिसकी हम कौतूहल को देख सकते है। साँची की मान्यताओं का श्रेय सम्राट अशोक को जाता है। सपनों का जीवांत उदाहरण साँची में प्रस्तुत होता है। शहर स्तूप और खम्भे बौद्ध संरचनाओं की तरह कई जगहों में बिखरे हुए कुछ खण्डित अवस्था में पाए जाते हैं। जहाँ व्यवसायिक दृष्टि से बहुत ही महत्व है। हालांकि सइटों के शहर बौद्ध के लिए दुनिया में जाना जाता है। 'एक दृश्यावलोकन करने वाला व्यक्ति जो कि यात्रा करता है।'[3] एक तीर्थ यात्रा शहर के लिये कारण है। जिससे यह कहा जाता है कि सम्राट अशोक यहाँ आया था और जो स्थानीय व्यापारी की बेटी से शादी की। साँची इस प्रकार केन्द्र बन गया है और वह अपने भवनों के कई किए नए पुराने बाहर अशोक स्तंभ और ग्रेट साँची स्तूप उत्तम कार्य में सबसे अधिक है। बौद्ध स्तूप एक इमारतों के रूप में वस्तुकला है। पुरातात्विक संग्रहालय की ऐतिहासिकता और व्यवसायिक उद्योगों को भी इसका आधार

* शोधार्थी (वाणिज्य) शासकीय संजय गाँधी स्मृति महाविद्यालय, सीधी (म.प्र.) भारत

माना जा सकता है।[4] इन्हीं इमारतों साथ–साथ अनेकों यात्राऐं करने पर्यटक आते है। इसके लिए बहुत ही सुन्दर और सुगम सौन्दर्य की छठा दिखाई देती है। वह स्तंभ के ऊपर अशोक शनि प्रसिद्ध छवि है। 'पर्यटन क्षेत्र में आवास की विशेष भूमिका है। क्योंकि पर्यटन स्थल पर यह पर्यटक यात्रा में पर्यटकों की प्रथम आवश्यकता है। यदा–कदा अच्छा आवास पर्यटकों को अधिक समय तक विश्राम करने की प्रेरणा देता है। भारत के मौजूदा संदर्भ में इस मौलिक सुख–सुविधा का अभाव पर्यटकों के आवागमन के लिए सबसे बड़ा बाधक है। विभिन्न केन्द्रों पर दिए जाने वाले आवास की मात्रा एवं स्वरूप पर्यटकों की अवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। किन्तु कुल मिलाकर पर्यटन के लिए आवास आरामदेह समग्र सुविधाओं तथा सेवाओं सहित और आर्थिक तथा भौतिक दृष्टिकोण से स्थिति के अनुसार होना चाहिए।'[5] पर्यटकों के घूमने लायक सबसे अच्छा मौसम और समय मार्च और अक्टूबर माह के बीच होता है। इससे व्यवसायिक संगठनों के द्वारा भी कुछ पर्यटन के लिए छूट भी दी जाती है। शायद प्रदेश में भ्रमण करने के बाद यह मालूम होता है कि जीवन में मनुष्य के लिए पर्यटन की आवश्यकता मानसिक संतुलन को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक होता है। साँची में बनाए गए बौद्ध विहार बौद्धों के लिए एक पवित्र स्थल माना जाता है। यह स्तूप के अवशेष पवित्र स्थान के रूप में दिखाई देते है। इसके भीतरी कांच के छाता के अंदर अपने सौन्दर्य को दिखाई दे रहा है। पर्यटक एक अद्भुत परिरक्षक होता है। 'मध्यप्रदेश के पर्यटन केन्द्रों में उपलब्ध अन्य पर्यटकीय सुविधाओं में मनोरंजन की सुविधा, सूचना की सुविधा, बाजार की सुविधा, प्रायोजित पर्यटन की सुविधा, स्थानीय दृश्य दर्शन यात्रा की सुविधा रहती है।'[6] जिसमें उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पर्यटकों की जानकारी लेने और आकर्षण संग्रहालय के आधार के लिए जगह बदली थी। गुप्त के खोज लेख सबसे अधिक सॉची में पाये गये। पर्यटन के लिए बहुत ही स्मरणीय रूकने के लिए व्यवसायिक रूप से पर्यटन केन्द्रों में व्यवस्था होती है। जिससे कोई भी पर्यटक अच्छे पूँजीपति हो या आम नागरिक दोनों के हिसाब से भी होटल जो विलासिता पूर्ण और बजट की अच्छी संख्या है। इसके साथ–साथ वैशिष्ट पूर्ण व्यवस्था है और वहाँ के ग्रंथालयों में विभिन्न स्मरणीय है और बहुत ही आनन्ददायक पार्क है जो बहुत ही पुरानी खोज को भी दिया है।[7]

निष्कर्ष – मध्यप्रदेश में पर्यटन की सम्भावनाए है। क्योंकि यहाँ इस प्रकार की प्राचीन धरोहर कहा जाय। या दर्शनीय स्थल जिसमें औद्योगिक और व्यवसायिक दृष्टि से भी इसका महत्व बढ़ता जा रहा है। पर्यटन व्यवसायिक दृष्टि से देश में अपनी सम्भावनाओं को लेकर आ रहे हैं। इसके उद्देश्यों को भी नकारा नहीं जा सकता है। पर्यटन से आर्थिक वृद्धि का भी एक हिस्सा बनता जा रहा है। जिसकी हम कल्पना नहीं कर सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राजेश गोयल, पर्यटन सुविधाओं का प्रबन्धन, वंदना पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ 19
2. डॉ. बी.पी. सिंह, पर्यटन विकास समस्याएँ एवं सम्भावनाएँ, आशा पब्लिशिंग काम्पनी, आगरा, 2013–14, पृष्ठ 197
3. राजेश गोयल, पर्यटन सुविधाओं का प्रबन्धन, वंदना पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ 14
4. के.एल. अग्रवाल, भारत के सांस्कृतिक केन्द्र, खजुराहों दि मैकमिलन कम्पनी, नई दिल्ली, 1980, पृष्ठ 8
5. राजेश गोयल, भारतीय पर्यटन उद्योग, वंदना पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ 81
6. डॉ. बी.पी. सिंह, पर्यटन विकास समस्याएँ एवं सम्भावनाएँ, आशा पब्लिशिंग काम्पनी, आगरा, 2013–14, पृष्ठ 110
7. मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग, परिवहन एवं संचार विभाग मंत्रालय, नई दिल्ली, 1958, पृष्ठ 89

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

Economic Impact of Climate Change on Agriculture Productivity of Madhya Pradesh (With Special Reference to Anuppur District)

Dr. Rajkumar Nagwanshee *

Abstract - In this paper we are estimating the economic impact of change in climate on productivity of agriculture of Madhya Pradesh in Anuppur District. Agriculture is one of the oldest activities in all economic activities and it is not only the backbone of food grain supply but also provide the raw material to industries. Approximately 70% of the farming population of Madhya Pradesh is employed mainly in Agriculture, horticulture, animal husbandry, fisheries and dairy etc. Farming sector leads to 30% Net Domestic Product of central India. Climate is the main factor which influences the agricultural production of any country. The crops being grown in any particular area are dependent on the climate, which means that the crop is grown according to the rain, temperature and weather, and also climate change can affects the production of crops to a great extent. Higher production of crops depends on their optimum climate of which the direct effect on the income of the farmers. Thus, the favorable climate is the basis of high yield of agricultural sector; high yield increases the income of the farmers and also helps in increasing their living standards. Thus, the effect of the optimum climate of a particular area is the main cause of high yield of crops and higher income of the farmers, like this the effect of unfavorable climate is the main cause of low yield crops, shifting of crops and decrease in the income of the farmer. This paper attempts to discuss and analyze the economic impact of climate change on Agricultural productivity of Madhya Pradesh in Anuppur district.
Keywords - Climate Change, Agriculture Productivity, Economic Impact, Indian Economy.

Introduction - Agricultural productivity is fully dependent on the weather, climate and availability of water, out of which any one of the factor changes will affect the agriculture production and crop pattern. In such situation, agriculture is an important, in which any change or decline can affect the country's population and agriculture dependent entrepreneurs. Approximately 70% of the rural population are living in central India is pursued in agricultural activities. Not only the agriculture has for food surety but also huge dependency on agriculture sector for living also lights up its importance and uplift the economic status of the Anuppur district. In central part of India, continuously rising in temperature and uncertainty in rain are the main causes of negative impact on Rabi crops as well as Kharif crops. Also various other examples are seen in the world where increase in the possibilities in change in the climatic conditions due to growing population, modern technology, speedy urbanization, more industrialization, transport, innovation, deforestation and more high economic development etc.

Objective of the study :

1. To evaluate the climate changes of Anuppur district of Madhya Pradesh.
2. To evaluate the impact of climate change on agricultural productivity of Anuppur district.
3. To study the probable effect of climate change on agriculture sector of Anuppur district.
4. To suggest the ideas for improving the productivity of agriculture sector of Anuppur district.

Methodology - This research paper estimates its results on the basis of secondary data only. The data related to the present study on agriculture productivity has been collected from the various Government institutes like Economic Survey of India, Annual Reports of Ministry of Agriculture, Statistics office Anuppur and refer various reputed journals and websites. Various statistical methods are used for the analyses of the present study on the economic impact of climate change on agriculture productivity of Anuppur District.

Impact of Climate Change on Agriculture - Change in climate and weather directly affects the Agriculture production. Agriculture sector are fully dependent on the climate and geographical factors. Soil, water, weather and temperature play a main role in the productivity of crops similarly so that climate and production of crop is directly proportional.

* **Assistant Professor (Economics) Indira Gandhi National Tribal University (A Central University) Amarkantak (M.P.) INDIA**

Temperature of Anuppur District, 2015

Temperature in (^{0}C)

Month	Max. in Month	Min. in Month
January	30.1	01.4
February	35.7	05.5
March	38.7	9.9
April	42.5	17.0
May	45.9	21.1
June	45.6	21.9
July	35.4	22.4
August	36.2	23.31
September	36.7	20.3
October	37.0	19.3
November	32.9	28.6
December	33.4	02.5


Source: Statistics office Anuppur

Change in the climatic condition of a particular region plays a crucial role in the emergence of any nation. Rain and temperature largely affects productivity of agriculture of that particular region and together with change in crops, temperature also plays a crucial role means every crop has its own optimum temperature. If temperature is rapidly fluctuated then definitely crop production changes and affects the agriculture. Regarding the effect of change in climate, largely affected the development of agriculture of Anuppur district. In the study of temperature, we found that the temperature is increasing continuously month wise in the year 2015. As a result of increase in temperature in future the cropping pattern will change.

Years wise average rainfall of Anuppur District

Years	Average Total Rain (M.M.)
2010-11	978.50
2011-12	1563.00
2012-13	1264.00
2013-14	1208.10
2014-15	1186.80

Source: Statistics office Anuppur




Water resource is a factor which is highly influenced by the change in climate. In the present scenario the problem of water crisis and unequal distribution of water have been seen all over the world, these similar conditions are also seen in the study area. These situations are increases due to uncertainty of rainfall. In the present table according to the year 2010-11 and 2011-12 total average rainfall was 978.50 mm and 1563.00 mm calculated respectively. After that again the amount of rainfall was decreased in the year 2014-15 total average rainfall was 1186.80 mm. Through estimated values found that change in climate shows that continuous uncertainty in rainfall occurs. As a result, continuous negative effects are shown on the main crops of production area and their productivity which is not good indication in the agricultural development.


Impact on Agricultural Productivity - Impact on Agriculture is highly susceptible to change in climate because India is a large populated country having great challenges of supply of food grain and employment so that we have tried to increase in the crop production. In this reference we studied the area under major crops (in hectares) which is given in the following table.

Area under major crops (in hectares)s

Years	Wheat	Paddy	Jowar	Maize	Arhar
2010-2011	10883	97568	338	11619	7389
2011-2012	11637	99732	287	11468	6249
2012-2013	13374	105693	250	11464	6020
2013-2014	13770	10566	244	11382	5612

Source: Statistics office Anuppur






It is clear from the table that the study on the condition of agriculture of Anuppur district and regarding development, experienced that the entire area of usable land is increased. In which Rabi crops increases the area of agricultural


cultivation. In the year 2010-11 area of wheat was 10883 hectare where as the area is increased by 13770 hectare in 2013-14 also increases the area of rice crop where as the area of crops preferably jowar, maize and arhar gets decreased. According to the year 2010-11 the area of crops preferably jowar, maize and arhar was 338, 11619 and 7389 respectively and found that the area of crops is decreased like 244, 11382 and 5612 respectively in 2013-14.

Production under major crops (in metric tons)

Years	Rice	Wheat	Jowar	Maize	Arhar
2010-11	216.39	12.21	0.25	12.24	3.96
2011-12	253.28	31.17	0.30	16.82	4.36
2012-13	280.55	35.18	0.47	23.24	5.85
2013-14	294.25	32.95	0.49	30.8	6.49

Source: Statistics office Anuppur





Whereas raising the population of India all food demand will increase as a result, we will face a severe problem of food crisis and Climate change will not only affect crop productivity but also adversely affect their nutrition. It is clear from the table that the study on the condition of agriculture of Anuppur district and in the context of development, the total production of main crops like wheat, rice, jowar, maize and arhar is increased during the year 2010-11 to 2013-14. According to the above table, some crops (wheat and rice) production is continuously increased in high quantity, whereas jowar, maize and arhar are also increasing but in very low quantity. It means this low quantity crops are highly affected by the climate change.

Probable effect of Climate Change :

1. Productivity of crops will get decrease if the climate is changed.
2. Rabi crop will be adversely affected by the change in the climatic conditions of the atmosphere and agricultural persons will be facing more and more loss in the cultivation.
3. Situation of Uncertainty will occur in the productivity of crops due to the increase in droughts and floods.
4. According to the change in the climate, crops are shifted to other crops i.e. soybean is shifted to maize and paddy.
5. Due to change in climate the farmer's income would be adversely affected.
6. Irrigation is highly affected by the change in climate which directly affects the production of agriculture.
7. Farmers are highly confused for the selection of proper crops at the time of sowing as they are not properly analyzing the climate and future climate.
8. Fertility of land is also adversely affected by the climate change which directly affects the production of crops.

Suggestion :

1. We require for creating a new crop varieties that can tolerate the climate change.
2. We have to formulate novel progressed agricultural technology and equipments according to changing in climate.
3. To aware the farmers about the continuous change in the climatic condition so that they can shift from traditional pattern of agriculture to advance farming technology which can resist the variation in climate.
4. To invent the substitutes for facing the problems created by the change in the climatic condition.
5. To aware the farmers about the information of weather and forecasting.

Conclusion - Climate change is not only the problem of only Indian agriculture sector but also it affects the whole world agriculture. Indian economy is mainly dependent on the agricultural sector and agriculture is severely affected by the climate change. In this study we were analyze that in the Anuppur district the temperature is gradually rising month wise during the year 2015. Similarly we also studied the rainfall during the year 2010-2015 according to data total average rainfall is continuously decreasing. Area under crop in hectare is gradually increasing in case of wheat and paddy and cropping area is decreasing in case of maize, jowar and arhar it implies that the pattern of crops is changing due to change in climate. In case of production under major crops (in metric tons) we found that all the crops are gradually increasing in its production but the rice and wheat are heavily produced as compared to maize, jowar and arhar it means low produced crops are not favoring the present climatic conditions. To save Indian agriculture from the adverse effects of change in climate, we have to use our resources equitably. Now, it is very necessary to take those steps which are friendly to the environment so that fertility of soil can maintained and our natural resources can be saved like we have to crop the

agriculture in variety, use advanced agricultural technology and equipments, aware about the problems created by climate change and forecasting of weather for farmers.

References :-

1. Mahato, Anupama (2014), "Climate Change and its Impact on Agriculture", International Journal of Scientific and Research Publications, Volume 4, Issue 4, April 2014, Vol. 1 ISSN 2250-3153.
2. Kamble P. S. (2015) "Concerns of Climate Change for Indian Agriculture" International Journal in Management and Social Science Vol.03 Issue-01, ISSN: 2321-1784.
3. District Statistical Office, Anuppur, Madhya Pradesh, 2016.
4. Government of India (2016-17)
5. Economic Survey 2016-17.
6. Nimole M. (2014) "Water Crisis in Rural and Urban Areas: Planning and management" Aksharvinyas Ujjain ISBN 9788192813325.
7. K N Ninan and Satyasiba Bedamatta (2012) "Climate Change, Agriculture, Poverty and Livelihoods: A Status Report", The Institute for Social and Economic Change, Bangalore, ISBN 978-81-7791-133-6.
8. **S. K. Misra** and **V.K. Puri (2017)** Indian Economy (Chapter**-** Basic Issues in Agriculture), Himalaya Publishing House, New Delhi, ISBN: 978-93-5273-171-8.
9. **Reddy V K (2012) "**Agriculture and Rural Development" Himalaya Publishing House, New Delhi, ISBN: 978-93-5051-556-3.

****

जिला अग्रणी बैंक द्वारा निष्पादित कार्य का विश्लेषणात्मक अध्ययन(खरगोन जिले के विशेष सन्दर्भ में)

ललिता बर्गे *

प्रस्तावना – बैंकिंग क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राथमिकता प्रद्दत क्षेत्रो में ऋण प्रदान कर भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में बैंको की भागीदारी असाधारण रही है। प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र के अंतर्गत कृषि एवं सम्बन्धित क्षेत्र, लघु मध्यम इकाई, एवं सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया तथा इन क्षेत्रों के विकास हेतु नरीमन समिति के सुझावों के आधार पर वर्ष 1969 में जिला अग्रणी बेंक की स्थापना की गयी, जिसका प्रमुख ध्येय बेरोजगारी एवं अल्प-रोजगार को खत्म करना, गरीबों एवं जरुरतमंदो के जीवन स्तर में सुधार कर उनको आधारभूत सुविधाए उपलब्ध करवाना हैं, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र एवं प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है क्योंकि इस योजना के क्रियान्वयन से पूर्व में व्यापारिक बैंकों का झुकाव शहरी क्षेत्र एवं महानगरो में स्थित लघु एवं मध्यम इकाइयों की ओर था (सुरेन्द्रम एवं मनोहरं)।[1] जिला अग्रणी बैंक योजना में ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाती है। जिला अग्रणी बैंक योजना का मुख्य भाग जिला साख योजना होता है, जिसमें मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रों की प्राथिमक क्षेत्रक क्रियाओं को सम्मिलित किया जाता है। जिला अग्रणी बैंक जिला साख योजना विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के सहयोग से संचालित करती है (कुमार एवं कुमार 2012)[2] जिला अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र को ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत न केवल ऋण प्रदान किया जाता है, अपितु ऋण वितरण में आने वाली कठिनाइयों के सन्दर्भ में जमीनी स्तर पर बैंक एवं विभिन्न सरकारी कार्यालयों को उचित मार्गदर्शन कर एक अच्छी ऋण वितरण व्यवस्था स्थापित की जाती है।

इस योजना के अंतर्गत सभी राष्ट्रीयकृत बैंक एवं कुछ निजी बैंकों को विशिष्ट जिले प्रदान कर उनको मुख्य भूमिका दी जाती है। अग्रणी बैंक की भूमिका का वितरण जिले में बैंक का आकार तथा संसाधनों की पर्याप्तता के आधार पर किया जाता है। (State bank of india) द्वारा वर्तमान समय में मुख्य महानगरो को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में यह योजना लागू कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को वित्तीय सहायता प्रदान कर विकास हेतु अग्रेषित किया जा रहा हैं, तथापि वर्तमान सरकार ने विगत 2 वर्षो में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नवीन पहल करते हुए कई नए कार्यक्रमों एवं नवाचारो को प्रारंभ किया है इसी कड़ी में वित्तीय समावेशन के माध्यम से सदियों से वंचित कमजोर एवं ग्रामीण समाज को बैंकिंग तंत्र से जोड़ा गया साथ ही किसानो के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कृषि को लाभ का क्षेत्र बनाने के लिए कृषि से जुडी सरकारी नीतियों में भी काफी परिवर्तन किया गया है। क्योंकि कृषि साख एवं कृषि वृद्धि दर में धनात्मक सम्बन्ध है (मल्होत्रा (1986)[3]। भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में ग्रामीण चरित्र की प्रमुखता है यहाँ पर 83.3 करोड़ से अधिक लोग गावों में रहते है। सरकार द्वारा अपनायी गयी कोई भी रणनीति ग्रामीण लोगों एवं प्राथमिक क्षेत्रों की अवहेलना कर सफल नहीं हो सकती।

जिला अग्रणी बैंक के द्वारा निष्पादित कार्य को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1976 में स्थापित उच्च शक्ति समिति द्वारा जाँच की जाती है। यह समिति जिला अग्रणी बैंक को निर्देशित करती है कि जिला अग्रणी बैंक 3 वर्षो के लिए जिला साख योजना का निर्माण करे तथा प्रत्येक वर्ष के दिसम्बर में वार्षिक साख योजना प्रस्तुत करे। जिले में बैंकिंग विकास की संभावनाओ की पहचान कर बैंकिंग शाखाओं का विस्तार करें एवं जिला साख योजना के माध्यम से जिले में वित्त उपलब्ध कराएं एवं अन्य वाणिज्यिक बैंकों से इस योजना के अंतर्गत प्रगति की जाँच करे। खरगोन जिले में बैंक ऑफ इंडिया, जिला अग्रणी बैंक के रूप में कार्यरत है। बैंक ऑफ इंडिया की खरगोन जिले में 24 शाखाएं स्थित है। जिला अग्रणी बैंक खरगोन जिले हेतु, जिले की समस्त बैंकों की शाखा अनुसार वार्षिक साख योजना का निर्माण करती है मध्य प्रदेश में खरगोन एक ऐसा जिला है जहाँ 84.04 प्रतिशत ग्रामीण जनसँख्या निवासरत है। चुँकि वर्तमान परिपेक्ष्य में अधिकांश योजनाओं को बैंकिंग क्षेत्र से जोड़ा गया है। जन धन योजना द्वारा ग्रामीणों को भी बैंक से जोड़ने की कोशिश की गई है। ग्रामीण स्तर पर जिला अग्रणी बैंक योजना की सफलता का विश्लेषणात्मक का अध्ययन करने के लिए खरगोन जिले का चयन किया गया है। अत: यह अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है कि अग्रणी बैंक की ग्रामीण विकास के लिए क्या मुख्य भूमिका रही है एवं जिले में बैंक वार प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र में ऋण वितरण की प्रवृत्ति किस प्रकार की है।

शोध के उद्देश्य –

- खरगोन जिले में बैंक ऋण वितरण की प्रवृति का अध्ययन करना।
- जिले में क्षेत्र वार प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र में ऋण वितरण की प्रवृत्ति का अध्ययन करना।
- जिले में बैंक वार प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण वितरण की प्रवृत्ति का अध्ययन करना।
- ऋण वितरण एवं प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र के सम्बन्ध में नीति निर्माण हेतु सुझाव प्रदान करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र खरगोन जिले में स्थित बैंकों के द्वारा प्राथिमकता प्रदत्त क्षेत्र (कृषि क्षेत्र, लघु, मध्यम व्यवसाय क्षेत्र तथा अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र) में वितरित किए गए ऋण से सम्बंधित द्वितीयक समंको पर आधारित है। बैंकों के ये द्वितीयक समंक जिला अग्रणी बैंक से

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन (म.प्र.) भारत

प्राप्त किये गए है एवं इन समंकों पर सांख्यिकीय उपकरण (Tools) tSls – two way anova, माध्य, मानक विचलन एवं गुणांक परिवर्तन के प्रयोग द्वारा ऋण वितरण की प्रवृत्ति का अध्ययन बैंक वार एवं क्षेत्र वार किया गया है। इनमें गुणांक परिवर्तन इंगित करता है कि जिस चर का गुणांक परिवर्तन सबसे कम है, उस चर में नियमितता अधिक है, वही औसत वार्षिक वृद्धि दर ज्ञात करके देखा गया की किस बैंक एवं क्षेत्र में खरगोन जिले में अधिक ऋण वितरण किया गया है।

समंको का विश्लेष्ण एवं निर्वचन –

अग्रिम (एडवांसेस) से आशय – बैंकों को साख का व्यापारी कहा जाता है, क्योंकि उनका मुख्य व्यवसाय, व्यापारियों और औद्योगिक संस्थाओं को ऋण प्रदान करना होता है। बैंक निधियों को सबसे अधिक लाभप्रद नियोजन ऋण प्रदान करता है। अत: बैंकर अपने वित्तीय साधनों का उपयोग ऋण देने, बिलों का भुगतान करने में करता है। लाभ का अधिकांश भाग बैंकों को ब्याज अथवा बट्टे के रूप में ही प्राप्त होता है। अग्रिमों को देकर बैंक न केवल अपनी आय को बढ़ाती है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी सहायता प्रदान करती है। बैंक व्यक्तियों, व्यापारियों व औद्योगिक संस्थाओं तथा अपने अन्य ग्राहकों को उनकी आवश्यकतानुसार अनेक प्रकार से अग्रिम प्रदान करता है। बैंक मुख्यत: ऋण, अधिविकर्ष (ओव्हर ड्राफ्ट), नकद साख तथा विनिमय विपत्रों की कटौती (डिस्काउन्टिंग ऑफ बिल) के रूप में अग्रिम प्रदान करती है। खरगोन जिले में वर्ष 2012 से 2015–16 के मध्य बैंकों के अग्रिम विकास दर को निम्नाकित तालिका में दर्शाया गया है

तालिका क्रमांक 01 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है कि अध्ययन अवधि में जिले की सभी बैंकों की विकास दर (LDB को छोड़कर) धनात्मक है, जो अधिकतम (HDFC Bank) 1842.17 तथा न्यूनतम 9.15 (UCO BANK) का है। सभी बैंकों ने दिए गए लक्ष्य से अधिक अग्रिम प्रदान किया है। कुल अग्रिम से प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र में वितरित अग्रिम की स्थिति अग्र तालिका में दी गई है।

तालिका क्रं. 02 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक 02 में खरगोन जिले में समस्त बैंकों द्वारा कुल ऋण एवं कुल प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्रों में वितरित कुल ऋण को दर्शाया गया है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 2013 में कुल ऋण एवं प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्रों में ऋण वितरण की वार्षिक वृद्धि दर क्रमश 29.21 एवं 28.86 थी वह वर्ष 2016 में घटकर 19.85 एवं 18.86% मात्र रह गयी वही यदि हम कुल प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्रों में ऋण वितरण की स्थिति को जाने तो स्पष्ट होता है कि वर्ष 2012 में वितरित कुल ऋणों में प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्रों में वितरित ऋणों का प्रतिशत 95.09 था वह निरंतर आगामी वर्षो में घटकर वर्ष 2016 में 93.46 रह गया। कुल वितरित ऋण एवं प्राथमिकता क्षेत्रो में प्रदत्त ऋणों में धनात्मक एवं पूर्ण सहसंबंध पाया गया।

तालिका क्रं. 03 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 3 जिले में समस्त बैंकों द्वारा वर्षवार 2012 से वर्ष 2016 के मध्य कुल अग्रिम से प्राथमिकता प्रदत क्षेत्रों में वितरित ऋण राशी एवं ऋण राशि की वार्षिक वृद्धि को दर्शाती है तालिका से स्पष्ट है कि कृषि, लघु एवं मध्यम व्यवसाय तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्र की तुलना में कृषि क्षेत्र को सर्वाधिक ऋण प्रदान किया गया एवं मानक विचलन (4.5) भी सबसे कम रहा है, अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में वितरित ऋण राशि की वार्षिक वृद्धि दर का मानक विचलन 19.02 रहा वही लघु एवं मध्यम व्यवसाय क्षेत्र को वितरित ऋण राशि का मानक विचलन सर्वाधिक 79.7 रहा है। जिससे स्पष्ट होता है कि जिले में लघु–मध्यम व्यवसाय क्षेत्र में वार्षिक साख योजना द्वारा विशेष ध्यान आकर्षित कर ऋण वितरण राशि में स्थायित्व लाया जाये।

क्षेत्र वार ऋण वितरण की वृद्धि दर को देखे तो स्पष्ट होता है कि वर्ष 2013 से वर्ष 2014 तक कृषि क्षेत्र को प्रदत्त ऋण राशि की वृद्धि दर धनात्मक रूप से बढ़ी तत्पश्चात वर्ष 2014 से निरंतर वृद्धि दर में कमी देखने को मिली है। जहा वर्ष 2014 में यह 23.3 थी वही 2016 तक घटकर 12.7 प्रतिशत हो गई है। जबकि लघु एवं मध्यम व्यवसाय क्षेत्र में वर्ष 2013 में 18.41**%** की वार्षिक वृद्धि दर के साथ उत्तरोत्तार वर्षो में निरंतरता देखने को मिली एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में भी वितरित ऋण राशि में वर्ष 2013 में नकारात्मक वृद्धि दर के बाद के उत्तरोतर वर्षो में धनात्मक परन्तु अनिरंतरता देखने को मिली है।

वर्षवार एवं क्षेत्र वार वितरित ऋण राशि के मध्य सार्थक अंतर को जानने हेतु **2 way anova** का प्रयोग कर परिणाम देखे गए है, जो इस प्रकार है –

Hypothesis-

H^0- there is no significant difference among the variance of sectors and years of loan disbursement

H^1- there is significant different among at least one variable between years and sectors of loan disbursement.

तालिका – 04 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 04 में वितरित ऋण राशि का विभिन्न क्षेत्र जिसमें कृषि , लधु एवं मध्यम व्यवसाय क्षेत्र एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में वर्ष 2012 से वर्ष 2016 के विचलनों का अध्ययन करने के लिए Anova संखिकीय तकनीक का प्रयोग किया गया है जिसके द्वारा वर्षवार वितरित ऋण राशि का 5 % सार्थक स्तर पर उनके माध्य विचलनो में अंतर को देखा गया है तालिका से स्पष्ट है की क्षेत्रवार एवं वर्षवार वितरित ऋण राशि के मध्य अंतर पाया गया, अत: यहाँ पर शुन्य परिकल्पना को अस्वीकार कर दिया गया है सम्भवत: विचलनों के मध्य यह सार्थक अंतर क्षेत्रों में ऋण की आवश्यकतानुसार वितरण के कारण हुआ है। परन्तु वेणुगोपाल (2014) ने अपने शोध में यह पाया कि वित्तीय संस्थानों द्वारा कृषि लघु, मध्यम व्यवसाय कुल प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण वितरण में कोई सार्थकता नहीं पाई गयी परन्तु सार्वजनिक, निजी एवं अन्य बैंकों के मध्य ऋण वितरण में सार्थक अंतर पाया गया।


क्षेत्र वार ऋण वितरण की स्थिति के पश्चात बैंकों द्वारा जिले में कुल ऋण से अग्रिम ऋण वितरण में बैंकों का योगदान ज्ञात करने हेतु क्षेत्र वार बैंको का निष्पादन निम्नानुसार है सर्वप्रथम जिला अग्रिम बैंक के साथ साथ वाणिज्यिक बैंकों एवं ग्रामीण बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र में वितरित कुल ऋण से अग्रिम ऋण राशी का ब्यौरा निम्नवत है ।

तालिका क्रं.–05 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्र.5 में जिले में स्थित विभिन्न वाणिज्यिक एवं जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) द्वारा वर्ष 2012 से वर्ष 2016 तक की अवधि में कुल अग्रिम से कृषि क्षेत्र में अग्रिम की राशि को दर्शाया गया है। अध्ययन अवधि में कृषि क्षेत्र में अधिकतम अग्रिम वितरित करने के अनुसार बैंक को क्रम दिया गया है जिससे स्पष्ट होता हैं कि DCCB बैंक द्वारा सर्वाधिक 42.57 प्रतिशत ऋण दिया गया है। तत्पश्चात जिला अग्रणी बैंक (BOI) ने सर्वाधिक ऋण (20.12) वितरित किया है। जो की अन्य वाणिज्यिक बैंकों से बेहतर है। इससे स्पष्ट होता कि जिला अग्रणी बैंक कृषि क्षेत्र हेतु


बेहतर ऋण प्रदान कर रही है। इस बैंक द्वारा अग्रिम राशि का माध्य मान 289.77 है। कृषि क्षेत्र में अध्ययन अवधि में सर्वाधिक अग्रिम राशि वितरण में उच्च पांच बैंक को देखे तो इनके क्रम इस प्रकार है – DCCB] BANK OF INDIA] NARMADA MALVA BANK] STATE BANK OF INDIA, oa BANK OF BARODA इन बैंको की भागीदारी कृषि क्षेत्र हेतु अग्रिम राशी का 86.44 प्रतिशत है। जबकि सबसे कम अग्रिम राशि में विजया बैंक, केनरा बैंक, एवं देना बैंक है। तालिका क्र. **5** से भी यह स्पष्ट है की कृषि क्षेत्र में अग्रिम राशी में निरंतर कमी देखने को मिली। अत: कृषि क्षेत्र जो कि राज्य एवं जिले की आर्थिक स्थिति की परिचायक है, के विकास हेतु अन्य वाणिज्यिक बैंकों को कृषि में अग्रिम राशि बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। इन्ही 5 (पांच) उच्च ऋणदाता बैंकों को निम्न पाई चार्ट के माध्यम से भी दर्शाया गया है:–

Below pai chart showing top five banks who provides highest loan amount in for agriculture sector during 2012-2017




तालिका क्रं.– 06(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्र.6 में जिले में स्थित विभिन्न वाणिज्यिक एवं जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) द्वारा वर्ष 2012 से वर्ष 2016 तक की अवधि में कुल अग्रिम से SMES क्षेत्र को दिए गए अग्रिम की स्थिति को दर्शाया गया है एवं अध्ययन अवधि में SMES क्षेत्र में अधिकतम अग्रिम वितरण के अनुसार बैंकों को क्रम दिया गया है। जिससे स्पष्ट होता हैं कि बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सर्वाधिक 32.52 प्रतिशत ऋण दिया गया है। इसके बाद क्रमश: DCCB बैंक ने 19.5 प्रतिशत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 19.48 प्रतिशत एवं अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) ने 11.3 प्रतिशत राशि वितरित कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। जो की अन्य वाणिज्यिक बैंकों से बेहतर है। इससे स्पष्ट होता कि जिला अग्रणी बैंक SMES क्षेत्र हेतु बेहतर वित्त प्रदान कर रही है। इस बैंक द्वारा अग्रिम राशि का माध्य मान 56.95 है। SMES क्षेत्र में अध्ययन अवधि में सर्वाधिक अग्रिम राशि वितरण में उच्च पांच बैंक में बैंक ऑफ इंडिया भी शामिल है। जबकि सबसे कम अग्रिम राशि देना बैंक , UCO बैंक ब इलाहाबाद बैंकब LDB बैंक ने दिया है। उपरोक्त तालिका क्र. 6 से भी यह स्पष्ट है की SMES क्षेत्र में अग्रिम राशि वितरण में निरंतरता नहीं पाई गयी। अत: SMES क्षेत्र जो कि राज्य एवं जिले की रोजगार की स्थिति का परिचायक है, के विकास हेतु अन्य वाणिज्यिक बैंकों को भी SMES क्षेत्र में अग्रिम राशि बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किय जाए एवं SMES क्षेत्र के विकास हेतु अग्रिम वितरण राशि में नियमितता लाई जाए। उपरोक्त जिन **5** बैंकों ने अधिकतम SMES क्षेत्र के लिए अग्रिम राशि वितरण की है। उन्हें निम्न पाई चार्ट के माध्यम से भी दर्शाया गया है –



तालिका क्रं.– 07 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्र. 07 में जिले में स्थित विभिन्न वाणिज्यिक एवं जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) द्वारा वर्ष 2012 से वर्ष 2016 तक की अवधि में कुल अग्रिम से अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र को दिया गये अग्रिम की स्थिति को दर्शाया गया है। अध्ययन अवधि में अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र में अधिकतम अग्रिम वितरण के अनुसार बैंकों को क्रम दिया गया है जिससे स्पष्ट होता हैं कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सर्वाधिक 39.56 प्रतिशत ऋण दिया गया है। इसके उपरांत क्रमश% DCCB बैंक ने 22.15 प्रतिशत, (बैंक ऑफ इंडिया) ने 96.09 प्रतिशत राशि वितरित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया जो की अन्य वाणिज्यिक बैंकों से बेहतर है। इससे स्पष्ट होता कि जिला अग्रणी बैंक अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र हेतु बेहतर ऋण प्रदान कर रही है। इस बैंक द्वारा अग्रिम राशि का माध्य मान 40.64 है अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र में अध्ययन अवधि में सर्वाधिक अग्रिम राशि वितरण में उच्च पांच बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया भी शामिल है जबकि सबसे कम अग्रिम राशि में विजया बैंक UCO बैंक, LDB बैंक, इलाहाबाद बैंक है। तालिका क्र. 07 से यह भी स्पष्ट है की अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्रों में पहले की तुलना में अग्रिम ऋण राशि वितरण में बढ़ोत्तरी हुई है परन्तु उसमें निरंतरता नहीं पाई गई। अत: अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र जो कि राज्य एवं जिले की आजीविका की स्थिति का परिचायक है, के विकास हेतु अन्य वाणिज्यिक बैंकों को अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र में अग्रिम ऋण राशि बढाने हेतु प्रोत्साहित किया जाये। अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र के विकास हेतु अग्रिम वितरण राशी में नियमितता लाई जाये तथा उपरोक्त 5 उच्च ऋण वितरणकर्ता बैंकों द्वारा अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र के लिए अग्रिम राशि वितरण की स्थिति को निम्न पाई चार्ट के माध्यम से दर्शाया गया है –



निष्कर्ष– आर्थिक विकास के साथ–साथ आय की असमानता की खाई भी बड़ी है। आज भारत के केवल 1: प्रतिशत लोगों के पास भारत की कुल

संपत्ति का 58 प्रतिशत है (टाइम्स ऑफ इंडिया) एवं इस खाई को दूर करने में बैंकों का विशेष महत्व है। सरकार जिला अग्रणी बैंकों के माध्यम से इन पिछड़े क्षेत्रों में वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाती है। प्रस्तुत शोध पत्र में जिला अग्रणी बैंक का विभिन्न क्षेत्रों जिसमें कृषि क्षेत्र, लघु एवं मध्यम व्यवसाय क्षेत्र एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र सम्मिलित है, में वर्ष 2012 से 2016 के मध्य ऋण राशी वितरण में उनकें योगदान का अध्ययन किया गया। जिसमें पाया गया कि जिला अग्रणी बैंक ने तीनों क्षेत्रों में से सर्वाधिक कृषि क्षेत्र में ऋण राशि का वितरण किया है। वही कृषि क्षेत्र में अग्रिम राशि में निरंतर कमी देखने को मिली है। दूसरी ओर लघु, मध्यम एवं व्यवसाय क्षेत्र (SSMES क्षेत्र) में ऋण राशि का वितरण में बढ़ोत्तारी हुई है। परन्तु अग्रिम राशी वितरण में निरंतरता नहीं पाई गयी। वहीं सबसे कम ऋण राशि का वितरण अन्य प्राथमिकता क्षेत्र को किया गया। अत: इस क्षेत्र में पहले की तुलना में अग्रिम ऋण राशि वितरण में बढ़ोत्तरी तो हुई है परन्तु उसमें निरंतरता नहीं पाई गई। अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र जो कि राज्य एवं जिले की सामाजिक स्थिति का परिचायक है। इस क्षेत्र में भी साख प्रदान करने में निरंतरता लाने का प्रयास होना चाहिए। जिले में विभिन्न कार्यरत् बैंकों ने अपनी जमा से अधिक अग्रिम राशि प्रदान कर बैंकिंग सुविधाओं से ग्रामीणों को अधिक साख प्रदान करने का प्रयास किया है। जो सराहनीय है। जिला अग्रणी बैंक द्वारा कृषि क्षेत्र के साथ-साथ लघु, मध्यम व्यवसाय क्षेत्र एंव अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र में अधिक अग्रिम प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए। जिससे इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Kumar, *M. J. S.* kumar, s. (2012) A study on the performance of lead bank scheme Indian Journal of Commerce & Management Studies vol.3 ISSN : 2240-0310 EISSN: 2229-5674
2. Surendran.,A. B.Manoharan, B. Performance of lead bank scheme in virudhunagar district of tamilnadu; national monthly refereed journal of reasearch in commerce & management VOL.1, 2277-1166
3. Malhotra S.R(1987) ,' Institutional Credit to the Needs of Small Farmers', Indian Dissertation Abstrat , ICSSR; New Delhi.
4. G, V. (2014) Priority sector lending by financial institutions with special reference to coimbatore district) Asia Pacific Journal of Research Vol: I no XVIII, ISSN: 2320-5504, E-ISSN-2347-4793.
5. http://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/indias-rising-income-inequality-richest-1-own-58-of-total-wealth/articleshow/56586277.cms
6. https://www.sbi.co.in/portal/hi/web/agriculture-banking/lead-bank-scheme.

तालिका क्रमांक 01

जिले की बैंकों का अग्रिम के संदर्भ में 2011-12 की तुलना में 2015-16 की बैंकवार विकास दर

(Amt. – 000)

क्र.	बैंक का नाम	अग्रिम		अग्रिम का अंतर	ग्रोथ
		2011-12	2015-16		
1	Bank of India	3794533	7796600	4002087	105.46
2	State Bank of India	4150073	6458235	2308162	55.61
3	Bank of Maharashtra	220200	523337	303137	137.66
4	Punjab National Bank	178819 7	40800	561981	314.27
5	Union Bank of India	307641 1	061731	554090	245.12
6	Central Bank of India	157805 4	93645	335840	212.81
7	I.D.B.I. Bank	179134 6	12648	433514	242.00
8	Bank of Baroda	1267597	4749143	3481546	274.65
9	Syndicate Bank	2532 (2013)	70759	68227	2694.58
10	Dena Bank	6100 (2013)	42971	36871	604.44
11	HDFC Bank	64689	1256375	1191685	1842.17
12	ICICI Bank	143316	974040	830724	579.64
13	Axis Bank	219766	688100	468334	213.10
14	Canara Bank	10794 (21015)	109366	98572	913.21
15	UCO Bank	48807 (2015)	53273	4466	9.15
16	Vijaya Bank	-	50302	-	-
17	Allahabad Bank	-	8416	-	-
18	RRB	2569700	4789337	2219637	86.37
19	DCCB	7132945	15294871	8161926	114.42
20	LDB	203507	154113	-49394	-24.27
	G.D.	20589725	45928062		

स्त्रोत - जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) खरगोन मुख्य शाखा।

तालिका क्रं. 02

कुल अग्रिम एवं कुल प्राथमिकता क्षेत्र में वितरित अग्रिम की स्थिति

YEAR	TOTAL LOAN	YOY GROWTH	TPS	YOY GROWTH	% of total loan to TP sectors
2012	20589.725	-	19579.476	-	95.09
2013	26604.333	29.21	25232.78	28.87	94.84
2014	31667.431	19.03	30361.098	20.32	95.87
2015	38386.927	21.22	36192.746	19.21	94.28
2016	45928.062	19.65	42926.305	18.6	93.46
STDEV	**9901.81732**	**4.71**	**9126.86439**	**4.8**	**-**
MEAN	**32635.2956**	**22.28**	**30858.481**	**21.75**	**-**
कुल ऋणों एवं प्राथमिकता के स्तर में प्रदत्त ऋण के मध्य सहसंबंध				**0.99**	

स्त्रोत – जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) खरगोन मुख्य शाखा।

तालिका क्रं. 03

प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र से कृषि, लघु–मध्यम व्यवसाय एवं अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र को दिए गए अग्रिम की स्थिति

वित्तिय वर्ष 2012 से 2016

(ruppes in 000)

YEAR	AGRICULTURE	yoy	SMES	YOY GROWTH	ops	YOY
2012	15832.2 (76.9)	-	1511.3 (7.3)	-	2285.0 (11.1)	-
2013	19076.4 (71.7)	20.5	4293.2 (16.1)	184.1	1863.1 (7.0)	-18.4
2014	23514.9 (74.3)	23.3	4745.4 (15.0)	10.5	2100.8 (6.6)	12.8
2015	27629.8 (72.0)	17.5	5908.2 (15.4)	24.5	2654.8 (6.9)	26.4
2016	31148.4 (67.8)	12.7	8733.6 (19.0)	47.8	3044.3 (6.6)	14.7
STDEV	**6202.8**	**4.5**	**2621.7**	**79.7**	**466.5**	**19.2**
MEAN	**23440.3**	**18.5**	**5038.3**	**66.7**	**2389.6**	**8.8**

कोष्टक में दी गई संख्या सम्बंधुत संख्या का प्रतिशत दर्शाती है

yoy – वर्षवार वृद्धि दर

स्त्रोत – जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) खरगोन मुख्य शाखा।

तालिका – 04

2 way ANOVA

Source of Variation	*SS*	*df*	*MS*	*F*	*P-value*	*F crit*
years	1.11E+14	4	2.77E+13	3.093693	0.08151	3.837853
sectors	1.31E+15	2	6.57E+14	73.48041	7.1E-06	4.45897
Error	7.16E+13	8	8.95E+12			
Total	1.5E+15	14				

तालिका क्रं.-05

कुल अग्रिम से कृषि क्षेत्र को दिया गए अग्रिम की स्थिति (वित्तिय वर्ष 2012 से 2016)

(रू. 00000 में)

Bank	2012	2013	2014	2015	2016	Agriculture total	% to total agri-loan	Rank	Stdev	Average
DCCB	600.56	784.94	1065.39	1227.52	1310.90	4989.67	42.57	1	299.37	997.86
Bank of India	*302.70*	*404.29*	*484.59*	*557.16*	*609.07*	*2357.99*	*20.12*	*2*	*121.91*	*471.56*
Narmada Malwa Bank	237.37	247.58	267.05	333.08	363.77	1448.95	12.36	3	55.66	289.77
State Bank of India	217.33	248.97	248.97	301.65	317.70	1334.72	11.39	4	41.50	266.92
Bank of Baroda	101.95	51.05	19.39	22.44	84.68	279.54	2.39	5	36.83	55.90
Union Bank of India	19.81	25.45	28.88	63.90	81.54	219.59	1.87	6	27.22	43.92
Axis Bank	21.84	34.72	33.50	45.37	47.90	183.34	1.56	7	10.44	36.67
HDFC Bank	3.94	10.74	41.56	60.40	64.44	181.09	1.55	8	27.84	36.22
ICICI Bank	8.38	14.19	22.81	34.91	80.24	160.54	1.37	9	28.70	32.11
I.D.B.I. Bank	16.29	26.29	18.81	40.29	48.62	150.31	1.28	10	13.96	30.06
PNB	10.76	14.87	73.01	10.26	25.68	134.59	1.15	11	26.50	26.92
Bank of Maharashtra	12.74	15.65	16.84	19.33	27.84	92.42	0.79	12	5.75	18.48
LDB Bank	20.19	18.33	16.92	14.27	15.38	85.09	0.73	13	2.35	17.02
Central Bank of India	9.37	10.09	10.77	16.67	23.95	70.85	0.60	14	6.19	14.17
UCO Bank	-	-	-	3.57	4.15	7.72	0.07	15	0.41	3.86
Syncicate Bank	-	0	1.51	1.94	2.02	5.47	0.05	16	0.94	1.37
Dena Bank	-	0.48	1.48	1.22	1.56	4.73	0.04	17	0.49	1.18
Canera Bank	-	-	-	0	4.00	4	0.03	18	2.83	2.00
Vijaya Bank	-	-	-	-	1.39	1.39	0.01	19		1.39
Total	1583.21	1907.64	2351.49	2762.98	3114.84	11721.03	100.01		620.28	2344.03

स्त्रोत: जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) खरगोन मुख्य शाखा

तालिका क्रं.- 06

कुल अग्रिम से लघु-मध्यम व्यवसाय क्षेत्र (SMES) को दिए गए अग्रिम की स्थिति

(वित्तिय वर्ष 2012 से 2016 तक)

(राशि रू. 0000 . में)

Banks	2012	2013	2014	2015	2016	total	%	RANK	STDV	AVERAGE
Bank of Baroda	7.40	133.29	174.69	174.84	329.61	819.82	32.54	1	115.24	163.96
DCCB	6.70	70.53	47.72	158.9	207.2	491.12	19.50	2	82.56	98.22
State Bank of India	103.8	105.5	105.5	77.75	98.02	490.77	19.48	3	11.82	98.15
Bank of India	*15.86*	*48.09*	*64.31*	*75.70*	*80.80*	*284.76*	*11.30*	*4*	*26.18*	*56.95*
Narmada Malwa Bank	1.41	21.68	24.34	22.36	26.86	96.65	3.84	5	10.22	19.33
Punjab National Bank	0.25	12.57	12.95	12.42	40.02	78.20	3.10	6	14.65	15.64
Union Bank of India	6.36	11.52	13.47	12.64	9.27	53.27	2.11	7	2.87	10.65
Bank of Maharashtra	3.92	9.78	12.59	11.42	13.69	51.41	2.04	8	3.84	10.28
Central Bank of India	2.45	7.52	9.77	13.31	17.93	50.97	2.02	9	5.85	10.19
ICICI Bank	1.36	6.16	2.46	8.02	14.57	32.58	1.29	10	5.25	6.52
Axis Bank	0.00	0.22	1.90	9.57	13.45	25.14	1.00	11	6.12	5.03
I.D.B.I. Bank	1.31	1.36	0.90	6.62	10.84	21.03	0.83	12	4.39	4.21
HDFC Bank	0.21	0.83	3.23	5.61	1.08	10.97	0.44	13	2.23	2.19
Syncicate Bank	-	0.14	0.47	0.83	2.09	3.53	0.14	14	0.85	0.88
Canera Bank	-	-	-	0.09	3.39	3.48	0.14	15	2.33	1.74
Vijaya Bank	-	-	-	-	2.11	2.11	0.08	16	-	2.11
Dena Bank	-	0.09	0.19	0.67	1.08	2.02	0.08	17	0.46	0.51
UCO Bank	-	-	-	0.02	0.78	0.80	0.03	18	0.54	0.40
Allahabad Bank	-	-	-	-	0.52	0.52	0.02	19	-	0.52
LDB Bank	0.00	0.00	0.00	0.00	0.04	0.04	0.00	20	0.02	0.01
Total	151.13	429.32	474.54	590.82	873.36	2519.17	100.00	21		503.83

स्त्रोत: जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) खरगोन मुख्य शाखा

तालिका क्रं.– 07

कुल अग्रिम से अन्य प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र को दिए गए अग्रिम की स्थिति

वित्तिय वर्ष 2012 से 2016

OPS

BANK	2012	2013	2014	2015	2016	TOTL	%	RANK	STDEV	AVERAGE
State Bank of India	46.82	57.30	84.94	93.99	94.05	377.09	31.56	1	21.96	75.42
DCCB	106.04	70.45	38.98	37.79	11.36	264.62	22.15	2	36.33	52.92
Bank of India	*33.42*	*22.68*	*32.51*	*48.60*	*65.99*	*203.19*	*17.01*	*3*	*16.93*	*40.64*
Narmada Malwa Bank	15.96	10.67	17.25	41.32	60.64	145.84	12.21	4	21.20	29.17
HDFC Bank	0.04	1.53	13.45	16.88	23.88	55.78	4.67	5	10.20	11.16
Union Bank of India	3.77	7.13	1.94	8.09	10.38	31.32	2.62	6	3.39	6.26
Bank of Baroda	7.52	7.49	3.81	5.13	5.93	29.88	2.50	7	1.59	5.98
Bank of Maharashtra	4.31	2.65	3.94	3.61	5.85	20.36	1.70	8	1.17	4.07
Central Bank of India	3.50	2.94	4.40	4.14	4.72	19.71	1.65	9	0.72	3.94
Punjab National Bank	3.94	1.23	3.73	2.07	6.67	17.63	1.48	10	2.09	3.53
Axis Bank	0.01	0.04	2.50	0.00	7.46	10.02	0.84	11	3.23	2.00
ICICI Bank	2.73	1.90	1.51	1.19	0.97	8.29	0.69	12	0.69	1.66
I.D.B.I. Bank	1.57	0.19	0.61	0.19	1.13	3.69	0.31	13	0.61	0.74
Canera Bank				0.03	3.38	3.41	0.29	14	2.36	1.70
Dena Bank		0.02	0.27	0.67	0.71	1.67	0.14	15	0.33	0.42
Syncicate Bank		0.00	0.14	1.03	0.38	1.55	0.13	16	0.45	0.39
Vijaya Bank					0.94	0.94	0.08	17		0.94
UCO Bank				0.68	0.00	0.68	0.06	18	0.48	0.34
LDB Bank	0.16	0.10	0.10	0.07	0.00	0.43	0.04	19	0.06	0.09
Allahabad Bank					0.00	0.00	0.00	20		0.00
Total	228.50	186.31	210.08	265.48	304.43	1194.80	100.00		46.65	238.96

स्त्रोत– जिला अग्रणी बैंक (बैंक ऑफ इंडिया) खरगोन मुख्य शाखा।


****

आर्थिक सुधारों की बहुप्रतीक्षित पहल-जीएसटी

डॉ. संध्या आमगा *

प्रस्तावना - भारतीय अर्थव्यवस्था - ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य - भारत का आर्थिक विकास सिन्धु घाटी सभ्यता से आरम्भ माना जाता है। सिन्धु घाटी सभ्यता की अर्थव्यवस्था मुख्यत: व्यापार पर आधारित प्रतीत होती हैं, जो यातायात में प्रगति के आधार पर समझी जा सकती हैं। लगभग 600 ई.पू. महाजनपदों में विशेष रूप से चिह्नित सिक्कों को ढालना प्रारम्भ कर दिया था। इस समय को गहन व्यापारिक गतिविधि एवं नगरीय विकास के रूप मेंचिह्नित किया जाता है। 300 ई.पू. से मौर्य काल मेंभारतीय उपमहाद्वीप का एकीकरण किया। राजनैतिक एकीकरण और सैन्य सुरक्षा ने कृषि उत्पादकता में वृद्धि के साथ व्यापार एवं वाणिज्य से सामान्य आर्थिक प्रणाली को बढ़ावा मिला।

अगले 1500 वर्षों मेंभारत में राष्ट्रकूट, होयसला और पश्चिमी गंगा जैसे प्रतिष्ठित सभ्यताओं का विकास हुआ। इस अवधि के दौरान भारत को प्राचीन एवं 17 वीं शताब्दी तक के मध्ययुगीन विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आंकलित किया जाता है। इसमें विश्व की कुल सम्पत्ति का एक तिहाई से एक चौथाई भाग मराठा साम्राज्य के पास था, यूरोपीय उपनिवेशवाद के दौरान तेजी से गिरावट आयी। आर्थिक इतिहासकार अंगस मेडीसन की पुस्तक 'द वर्ल्ड इकॉनामी : ए मिलेनियल प्ररप्रेस्टिव' (विश्व की अर्थव्यवस्था : एक हजार वर्षों का परिप्रेक्ष्य) के अनुसार, भारत विश्व का सबसे बड़ा धनी देश था और 17 वीं सदी तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था।



विभिन्न शताब्दियों में भारत एवं अन्य देशों की जीडीपी - स्वतन्त्र भारत में केन्द्रीय नियोजन का अनुसरण किया गया हैं, जिसमें सार्वजनिक स्वामित्व, विनियमन, लाल फीताशाही और व्यापार अवरोध विस्तृत रूप से शामिल है। 1991 के आर्थिक संकट के बाद केन्द्र सरकार ने आर्थिक उदारीकरण की नीति प्रारंभ कर दी। भारत आर्थिक पूँजीवाद को बढ़ावा देने में लग गया और विश्व की तेजी से बढ़ती आर्थिक व्यवस्थाओं में से एक बनकर उभरा।

विश्व में सर्वप्रथम जीएसटी 1954 में फ्रांस में लागू हुआ और वर्तमान में दुनिया के लगभग 150 देशों में लागू हैं, जबकि भारत में जीएसटी को बहुत लम्बे इन्तजार के बाद लागू किया गया है। इसके पूर्व 1978 मेंआरबीआई के पूर्व गवर्नर एल.के. झा के नेतृत्व में इन्डायरेक्ट टेक्सेशन कमेटी माडीफाइड वेल्यू एडेड टेक्स की वकालत की, इसी सूत्र को आगे बढ़ाते हुए राजीव गांधी सरकार में वित्तमंत्री विश्वनाथ प्रतापसिंह ने 1986 में कई तरह के एक्साइज के कब्स्केडिंग इफेक्ट को समाप्त करने वाला माडीफाइड वेल्यू एडेड टेक्स मॉड वेट लागू किया। 1991-92 में नरसिंहराव सरकार में वित्तमंत्री मनमोहनसिह ने राजा चेलैया टेक्स सुधार समिति बनाई, जिसने वेल्यू एडेड टेक्स यानि वैट की वकालत की। उसी समिति की सिफारिशों के मुताबिक साल 1994 में पहली बार सर्विस टेक्स लागू किया।

1997 म दैवेगौड़ा की सरकार के दौरान वित्तमंत्री पी.चिदम्बरम ने बजट में पीक कस्टम ड्यूटी 50 फीसदी से घटाकर 40 फीसदी की, जिसे टैक्स स्ट्रक्चर को बनाने के मामले में एक कड़ा कदम माना जाता है। 1999 मेंअटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वित्तमंत्री यशवंत सिन्हा ने टेक्स रिफॉर्म की गाड़ी आगे बढ़ाई और देश में वैट लाने का प्रयास शुरू हुए। इसी सरकार के दौरान 1 अप्रैल 2002 से वैट लागू करने की घोषणा हुई, लेकिन व्यापारियों के विरोध के चलते इसे 1 अप्रैल 2003 तक टाल दिया गया।

2003 में जब वित्तमंत्रालय का जिम्मा जसवंतसिंह के पास था, तो वित्तीय सुधारों के लिए बनाए गए एक टास्क फोर्स के निष्कर्ष में जीएसटी का पहला स्वरूप सामने आया जिसमें राज्यों के लिए 7 फीसदी और केन्द्र के लिए 5 फीसदी टेक्स रेट की बात थी। साल 2007 के बजट में तत्कालीन वित्तमंत्री पी.चिदम्बरम ने अप्रैल 2010 से जीएसटी लागू करने की घोषणा की और एमपॉवर्ड कमेटी बनाकर सहमति के प्रयास शुरू किए गए।

2009-10 मेंतेरहवें वित्त आयोग ने अपनी सिफारिशों मेंजीएसटी के लिए गुंजाइश बनाई। 2011 में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने तत्कालीन वित्तमंत्री के, जीएसटी के लिए संविधान संशोधन का बिल पेश किया, तब सरकार व विपक्षःमें एक राय न होने के कारण बिल लैप्स हो गया।

वस्तु एवं सेवा कर या माल एवं सेवा कर (जीएसटी) - अन्ततः भारत में 1 जुलाई 2017 से लागू किया गया हैं, जिसे सरकार व कई अर्थशास्त्रियों द्वारा इसे स्वतंत्रता के पश्चात् सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया है। इससे केन्द्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भिन्न-भिन्न दरों पर लगाए जा रहे विभिन्न करों को हटाकर पूरे देश के लिए एक ही अप्रत्यक्षःकर प्रणाली लागू की गयी, जिससे भारत को एकीकृत साझा बाजार बनाने में मदद मिलेगी। भारतीय संविधान में इस कर व्यवस्था को लागू करने के लिए संशोधन भी

* प्राचार्य, सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, बोरावां (म.प्र.) भारत

किया गया है।

1 जुलाई 2017 से पूर्व किसी भी सामान पर केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कई तरह के अलग-अलग कर लगाती हैं, लेकिन जीएसटी आने से सभी तरह के सामानों पर एक जैसा ही कर लगाया जायेगा। पूर्व में किसी भी सामान पर 30 से 35 प्रतिशत तक कर देना पड़ता था। कुछ चींजों पर तो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्षःरूप से लगाया जाने वाला कर 50 प्रतिशत से ज्यादा होता था। जीएसटी आने के बाद यह कर अधिकतम 28 प्रतिशत हो जाएगा, जिसमेंकोई भी अप्रत्यक्ष कर नहीं होगा। जीएसटी भारत की अर्थव्यवस्था को एक देश एक कर वाली अर्थ व्यवस्था बनायेगा जिसमें कोई अप्रत्यक्ष कर नहीं होगा। जीएसटी भारत की अर्थव्यवस्था को एक देश एक कर वाली अर्थव्यवस्था बना देगा। फिलहाल भारतवासी 17 अलग-अलग तरह के कर चुकाते हैं, जबकि जीएसटी लागू होने के बाद केवल एक ही तरह का कर दिया जायेगा। इसके लागू होते ही एक्साइज ड्यूटी, सर्विस टैक्स, वैट, मनोरंजन कर, लक्झरी जैसे बहुत सारे कर खत्म हो जाएंगे।

जीएसटी : कर की प्रकृति – जीएसटी एक मूल्यवर्धित कर हैं, जो कि विनिर्माता से लेकर उपभोक्ता तक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर एकल कर है। प्रत्येक चरण पर भुगतान के लिए इनपुट करों का लाभ मूल्यसंवर्धन के बाद के चरण मेंउपलब्ध होगा, जो प्रत्येक चरण मेंमूल्यसंवर्धन पर जीएसटी और आवश्यक रूप से एक कर बना देता है। अंतिम उपभोक्ताओं को इस प्रकार आपूर्ति श्रृंखला मेंअंतिम डीलर द्वारा लगाया गया जीएसटी ही वहन करना होगा, इससे पिछले चरणों के सभी मुनाफे समाप्त हो जायेंगे।

जीएसटी लागू होने के बाद किसी भी सामान और सेवा पर कर वहा लगेगा, जहाँ वह बिकेगा। जीएसटी अलग-अलग स्तरों पर लगने वाले एक्साइज ड्यूटी, सर्विस टैक्स इत्यादि की जगह अब केवल जीएसटी लगेगा। जीएसटी परिषद ने 66 तरह के प्रोडक्ट्स पर टैक्स की दरें घटाई हैं।

संभावित लाभ –

व्यापार और उद्योग के लिए –

1. **आसान अनुपालन, पारदर्शिता –** एक मजबूत और व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली भारत में जीएसटी व्यवस्था की नींव होगी इसलिए पंजीकरण, रिर्टन, भुगतान आदि जैसी सभी कर भुगतान सेवाएँ करदाताओं को आनलाइन उपलब्ध होगी, जिससे इसका अनुपालन सरल और पारदर्शी होगा।

2. **कर दरों और संरचनाओं की एकरूपता –** जीएसटी यह सुनिश्चित करेगा कि अप्रत्यक्ष कर दरऔर ढाँचे पूरे देश मेंएक समान है। एक निश्चिंतता मेंबढ़ौत्री होगी ही व्यापार करना भी आसान हो जायेगा। दूसरे शब्दों में जीएसटी देश में व्यापार के कामकाज को कर तटस्थ बना देगा, फिर व्यापार करने की जगह का चुनाव कहीं भी जाए।

3. **करों पर कराधान (कब्स केडिंग) की समाप्ति –** मूल्य श्रृंखला और समस्त राज्यों की सीमाओं से बाहर टैक्स क्रैडिट की सुचारू प्रणाली से यह सुनिश्चित होगा कि करों पर कम से कम कराधान हो। इससे व्यापार करने मेंआनेवाली छुपी हुई लागत कम होगी।

4. **प्रतिस्पर्धा में सुधार –** व्यापार करने में लेन-देन लागत घटने से व्यापार और उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धा में सुधार को बढ़ावा मिलेगा।

5. **विनिर्माताओं और निर्यातकों को लाभ –** जीएसटी में केन्द्र और राज्य के करों के शामिल होने और इनपुट वस्तुएँ और सेवाएँ पूर्ण और व्यापक रूप से समाहित होने और केन्द्रीय बिक्री कर चरणबद्ध रूप से बाहर हो जाने से स्थानीय रूप से निर्मित वस्तुओं और सेवाओं की लागत कम हो जाएगी। इससे भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में होने वाली प्रतिस्पर्धा मेंबढ़ौतरी होगी और भारतीय निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। पूरे देश में एक दरों और प्रक्रियाओं की एकरूपता से अनुपालन लागत घटाने में लम्बा रास्ता तय करना होगा।

केन्द्र और राज्य सरकारों के लिए –

1. **सरल और आसान प्रशासन –** केन्द्र और राज्य स्तर पर बहुआयामी अप्रत्यक्ष करों को जीएसटी लागू करके हटाया जा रहा है। मजबूत सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली पर आधारित जीएसटी केन्द्र और राज्यों द्वारा अभी तक लगाए गए सभी अन्य प्रत्य करों की तुलना मेंप्रशासनिक नजरिये से बहुत सरल और आसान होगा।

2. **कदाचार पर बेहतर नियंत्रण –** मजबूत सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढाँचें के कारण जीएसटी से बेहतर कर अनुपालन परिणाम प्राप्त होंगे। मूल्य संवर्धन की श्रृंखला मेंएक चरण से दूसरे चरण मेंइनपुट कर क्रेडिट कर सुगम हस्तान्तरण जीएसटी के स्वरूप मेंएक अन्त:निर्मित तन्त्र हैं, जिससे व्यापारियों को कर अनुपालन में प्रोत्साहन दिया जायेगा।

3. **अधिक राजस्व निपूणता–** जीएसटी से सरकार को कर राजस्व की वसूली लागत मेंकमी आने की उम्मीद है। इससे उच्च राजस्व निपूणता को बढ़ावा मिलेगा।

उपभोक्ताओं के लिए –

1. **वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य के अनुपाती एकल एवं पारदर्शी कर –** केन्द्र और राज्यों द्वारा लगाए गए बहुल अप्रत्यक्ष करों या मूल्य संवर्धन के प्रगामी चरणों में उपलब्ध गैर इनपुट कर क्रेडिट के कारण आज देश मेंअनेक छिपे करों एवं अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं की लागत पर प्रभाव पड़ता है। जीएसटी के अधीन विनिर्माता से लेकर उपभोक्ताओं तक केवल एक ही कर लगेगा, जिससे अंतिम उपभोक्ता पर लगने वाले करों में पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

2. **समग्र कर भार में राहत –** निपूणता बढ़ने और कदाचार पर रोक लगाने के कारण अधिकांश उपभोक्ता वस्तुओं पर समग्र कर भार कम होगा, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

जीएसटी में कर दर – जीएसटी काउंसिल में 4 तरह के कर निर्धारित किए गए हैं, ये 5, 12, 18 एवं 28 प्रतिशत। हालाँकि बहुत सी चींजों को जीएसटी से छूट दी गयी हैं। उन वस्तुओं पर कोई कर नहीं लगेगा या जीएसटी नहीं लगेगा, जबकि लक्झरी एवं महंगें सामान पर जीएसटी के अलावा सेस लगेगा सरकार के अनुसार इसमेंसे 81 प्रतिशत चीजें जीएसटी की 18 प्रतिशत श्रेणी तक आएगी।

आदर्श स्थिति में इस अर्थव्यवस्था में समस्त कर एक ही दर पर लगाए जाने चाहिए, किन्तु भारत मेंराज्य व केन्द्र तथा एक ही वस्तु या सेवा पर भिन्न-भिन्न राज्यों में भिन्न दरआदि होने से प्रारम्भ में चार दर निर्धारित की गई, ताकि वर्तमान राजस्व मेंअधिक अन्तर न पड़े। ये चार दर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत तथा 28 प्रतिशत है। आवश्यक वस्तुओं जैसे दूध, लस्सी, दही, शहद, फल एवं सब्जियाँ, आटा, बेसन, ताजा मीट, मछली, चिकन, अण्डा, ब्रेड, प्रसाद, नमक, बिंढी, सिन्दुर, स्टॉप, न्यायिक दस्तावेज, छपी पुस्तके, समाचार पत्र, चूड़ियाँ और हेण्डलूम आदि वस्तुओं पर जीएसटी नहीं लगेगी।

जीसएटी लागू होने से केन्द्र को तो फायदा होगा, किन्तु राज्यों को इस बात का भय हैं कि इससे उन्हें नुकसान होगा, क्योंकि इसके लागू होने

के बाद वे कई तरह के कर नहीं वसूल पाएंगे, जिससे उनकी कमाई कम होगी। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार जीएसटी लागू होने से देश की जीडीपी में 1–2 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती हैं , जिससे रोजगार में वृद्धि एवं उद्योगों का तेजी से विस्तार होगा। संक्षेप मेंजीएसटी भारत के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में एक क्रांतिकारी पहल सिद्ध हो सकती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Professor Middison Angus- The World Economy (GDP): Historical Statistics.
2. http://hindi.economictimes.indiatimes.com/business-news.
3. http//hindi.moneycontrol.com/news.
4. https://en.wikipedia.org/wiki/Goods_and_ Services_ Tax _(India)

****

मध्यप्रदेश के कृषि विकास में सिंचाई परियोजनाओं का योगदान (छिंदवाड़ा जिले के संदर्भ में)

डॉ. नैनवती धारणे *

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यवस्था – कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था है, कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है। कृषि देश में जीविकोपार्जन का एक साधन नहीं बल्कि एक प्रमुख उद्योग बन गई। सन् 1956 में 2001 तक औद्योगीकरण के अन्तर्गत देश में उद्योग को बढ़ावा देने के बावजूद भी भारतीय अर्थव्यवस्था आर्थिक विकास के लिए कृषि पर निर्भर है। सामान्यत: देखा गया है कि जिस वर्ष देश में कृषि उत्पादन अधिक होता है, उस वर्ष देश की आर्थिक विकास दर ऊँची होती है। इसके विपरीत कृषि क्षेत्र में सूखा पड़ने के कारण कृषि उत्पादन में कमी होने से आर्थिक विकास की दर भी कम हो जाती है। देश के उद्योग–धन्धें, विदेशी व्यापार, विदेशी मुद्रा का अर्जन, राष्ट्रीय आय तथा रोजगार स्तर में वृद्धि सभी कृषि पर निर्भर है। विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रयासों से कृषि को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में गरिमापूर्ण दर्जा मिला है।

अध्ययन का उद्देश्य – प्रस्तुत शोध कार्य के अन्तर्गत निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किए गए है –

1. मोटे तौर पर हमारे देश की आधी भूमि कृषि योग्य है तथा वर्तमान में कृषि क्षेत्र का लगभग एक तिहाई भाग सिचिंत है। विभिन्न संसाधनों से कृषि के विकास का अध्ययन करना।
2. कृषि प्रधान देश होने के नाते सिंचाई सुविधाओं में हुई वृद्धि का अध्ययन।
3. कृषि विकास के लिए सिंचाई साधनों की वृद्धि के लिए प्रभावशाली कार्य नीति की आवश्यकता का अध्ययन।
4. अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जल संसाधनों का दोहन प्रदेश के आर्थिक विकास के कल्याण के आधार पर अध्ययन करना।
5. सिंचाई क्षमता का निर्माण कर उसके उपयोग प्रक्रिया का अध्ययन करना।
6. मध्यप्रदेश में पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान सिंचाई परियोजनाओं से कृषि में आए परिवर्तन का अध्ययन।

योजनाकाल में सिंचाई साधनों की प्रगति –

1. **लघु सिंचाई परियोजनाए –** इस वर्ग में वे सिंचाई परियोजनाएँ आती है जिनके अन्तर्गत 2 हजार हेक्टेयर से कम बोए जाने योग्य कमाण्ड क्षेत्रफल होता है।
2. **मध्यम परियोजनाएँ –** इस वर्ग में वे सिंचाई परियोजनाएँ आती है, जिनके अन्तर्गत 2 हजार हेक्टेयर से अधिक तथा 10 हजार हेक्टेयर तक बोये जाने योग्य कमाण्ड क्षेत्रफल होता है।
3. **वृहत् परियोजनाएँ –** इन परियोजनाओं के अनतर्गत उन योजनाओं एवं कार्यक्रमों को शामिल किया जाता है, जिनके अन्तर्गत 10 हजार हेक्टेयर से अधिक बोए जाने योग्य कमाण्ड क्षेत्रफल होता है इसमें मुख्यत: बड़ी नहरें व बहुउद्देश्यी परियोजनाएँ आती है।
4. **अध्ययन की परिकल्पना –** प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के फलस्वरूप कृषि उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि हुई है किन्तु कुछ तथ्य उभर कर सामने आते है, वे निम्नलिखित है –

1. सिंचाई परियोजना के वृद्धि होने से कृषि का विकास होता है अर्थात कृषि क्षेत्र में उत्पादन की मात्रा, आय एवं रोजगार में वद्धि होती है।
2. सीमांत कृषक 100 सिंचाई के साधनों की व्यवस्था नहीं जुटा पा रहे, वहीं दूसरी ओर अत्यधिक सिंचाई, जल वितरण की अपर्याप्त व्यवस्था तथा खेतीबाड़ी की खराब विधियों के कारण जलाक्रांति, लवणता तथा बहुमूल्य जैव संसाधनों के नष्ट होने की समस्याएं पैदा हो गई है।
3. जनसंख्या में तेजी से विस्तार के कारण निरन्तर कम हो रही पानी की आपूर्ति पर अधिकाधिक दबाव पड़ रहा है और प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता कम हो रही है इसलिए हाल के वर्षो में जल का प्रबंध मुख्य चुनौती बन गया है।

कृषि का महत्व –

1. **कृषि रोजगार का सबसे बड़ा स्त्रोत –** भारतीय कृषि 65% कार्यशील जनसंख्या को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करती है। भारत में पूंजी की छबि शर्मीली प्रकृति की वजह से गैर कृषि क्षेत्र का धीमा विकास होता है जबकि जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। अत: कृषि ही रोजगार का प्रमुख स्त्रोत है।
2. **राष्ट्रीय आय का प्रमुख स्त्रोत –** कृषि का राष्ट्रीय आय में सबसे अधिक योगदान होता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश की राष्ट्रीय आय में कृषि एवं उससे संबंधित हिस्सा 31.3% है।
3. **विदेशी व्यापार में महत्व –** भारतीय कृषि का विदेशी व्यापार में भी महत्वपूर्ण स्थान है। यहाँ कुल निर्यात का लगभग 25% निर्यात कृषि पदार्थ तथा कृषि से संबंधित कच्चे पदार्थो पर आधारित उद्योगों द्वारा किया जाता है।
4. **खाद्यान्नों की पूर्ति –** वर्तमान में खाद्यान्नों की आवश्कताओं की लगभग शत प्रतिशत पूर्ति भारतीय कृषि द्वारा ही की जाती है। यहाँ कृषि के हर भाग में लगभग 67% हिस्से में खाद्यानों फसलें जैसे गेहूँ, चांवल, चना आदि उगायी जाती है व्यापारिक फसलों जैसे जूट, कपास आदि की खेती शेष 20% हिस्से में होती है।
5. **औद्योगिक विकास का आधार –** औद्योगिक विकास हेतु भी कृषि का विकास किया जाना आवश्यक होता है एक तो औद्योगिक क्षेत्र में लगे

* अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, नेपानगर, जिला–बुरहानपुर (म.प्र.) भारत

श्रमिकों की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति कृषि क्षेत्र से होती है दूसरे कृषि, औद्योगिक कच्चे माल की पूर्ति का मुख्य स्त्रोत होती है। वस्त्र, जूट, वनस्पति, चीनी, डेयरी आदि उद्योग अपने कच्चे माल की पूर्ति के लिए कृषि पर निर्भर रहते है । कृषि उत्पादन में कमी ऐसे उद्योगों के लिए संकट का कारण बन जाती है ।

तालिका क्रमांक 6.01

भारत में सिंचाई, साधनों का कुल सिंचित क्षेत्रफल का प्रतिशत

क्र.	विवरण	कुल सिंचित क्षेत्रफल का प्रतिशत
1.	नहरों द्वारा सिंचाई	37.09
2.	तालाबों द्वारा सिंचाई	07.00
3.	ट्यूबवेल द्वारा सिंचाई	28.04
4.	अन्य कुओं द्वारा सिंचाई	20.05
5.	अन्य साधन	06.02

भारत में सिंचाई संसाधन की आवश्यकता – कृषि के लिए सिंचाई संसाधन, बीज व खाद से भी अधिक महत्वपूर्ण है सिंचाई के उचित साधनों के बिना कषि उत्पाद नहीं किया जा सकता है । यदि सिंचाई के साधन पर्याप्त मात्रा में हो तो दो या तीन गुनी फसल प्राप्त की जा सकती है तथा नवीन भूमि को भी काम में लाया जा सकता है और इस प्रकार कृषि उत्पादन बढ़ाया जा सकता है ।

'सर चार्ल्स' जिवेलियन के अनुसार – भारत में सिंचाई ही सब कुछ है और पानी भूमि से भी अधिक महत्वपूर्ण है

महात्मा गांधी के अनुसार – सभी गांवों में सिंचाई सुविधाएँ प्रदान करने से भी अधिक आवश्यक कोई कार्य नहीं हो सकता क्योंकि सिंचाई ही वह आधार है, जिस पर खेती की प्रगति निर्भर करती है ।

भारत में सिंचाई संसाधनों की आवश्यकता को निम्न बातों से स्पष्ट किया जा सकता है ।

1. वर्षा की अनिश्चितता – देश का लगभग 70 प्रतिशत फसली क्षेत्र पूर्णतया वर्षा पर निर्भर है। जिन क्षेत्रों में वर्षा काफी और ठीक समय पर होती है, उनमें पानी की कोई समस्या नहीं है किन्तु कुछ क्षेत्रों में वर्षा केवल कम ही नहीं अपितु अनिश्चित भी है। आन्ध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब और राजस्थान ऐसे प्रदेश है। जिनमें कृषि के लिए कृत्रिम सिंचाई नितांत आवश्यक है खरीफ की फसलों को जुलाई व सितम्बर में मानसून के सहारे छोड़ा जा सकता है लेकिन रबी के लिए सिंचाई की व्यवस्था होनी ही चाहिए । अत: जब हम विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बहुफसली कार्यक्रम न अपनाकर सघन कृषि कार्यक्रम अपनाना चाहते हैं, तो उसको सफल बनाने के लिए सुविधाओं का विस्तार किया ही जाना चाहिए ।

2. विशेष फसल – पटसन, गन्ना, धान आदि फसले ऐसी है जिनमें अधिक एवं नियमित पानी की आवश्यकता होती है अत: इन फसलों में अधिकाधिक उत्पादन लेने के लिए आवश्यक है कि सिंचाई में कृत्रिम साधनों का विस्तार किया जाए ।

3. विस्तृत खेती – भारत की बढ़ती जनसंख्या को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए बेकार पड़ी भूमि को उपयोग में लाना होगा और ऐसी भूमि के लिए सिंचाई व्यवस्था भी करनी पड़ेगी ।

4. वर्षा का असमान वितरण – भारत के पूर्वोत्तर राज्यों व तटीय राज्यों में अत्यधिक वर्षा होती है एवं बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है व कृषि करना मुश्किल हो जाता है। जबकि पश्चिमी व उत्तरी राज्यों में वर्षा बहुत थोड़ी मात्रा में होती है । अत: यह जरूरी हो जाता है कि अत्यधिक वर्षा वाले स्थानों पर नहरें बनाकर पानी को कम वर्षा वाले राज्यों की ओर प्रवाहित कर सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा सकती है ।

5. अकाल से छुटकरा – अकाल सामान्यत: सूखा या अत्यधिक वर्षा के कारण ही पड़ता है, सिंचाई सुविधाएँ ऐसा नहीं होने देती और कुछ न कुछ उत्पादन आवश्यक हो जाता है और इस प्रकार अकालों के रूप में छुटकारा मिल जाता है ।

6. बाढ़ों पर नियंत्रण – सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि होने से बाढ़ों पर नियंत्रण किया जा सकता है । जिन स्थानों पर बाढ़े आती है वहाँ नहरों के द्वारा पानी को अन्य स्थानों की ओर प्रवाहित किया जा सकता है इस प्रकार बाढ़ भी नियंत्रित हो सकती है और सिंचाई सुविधाएँ भी बढ़ायी जा सकती है जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है ।

7. कृषकों की आय में वृद्धि व रोजगार – यदि कृषकों को सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध हो जाती है, तो उनका प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ता है जिससे इनकी आय में वृद्धि होती है और वे पूंजीगत कृषि साधनों में धन लगाने में समर्थ हो जाते हैं तथा उनका रहन-सहन स्तर भी ऊँचा उठता है सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध हो जाती है, तो उनका प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ता है जिससे इनकी माप में वृद्धि होती है और वे पूंजीगत कृषि साधनों में धन लगाने में समर्थ हो जाते हैं तथा इनका रहन-सहन का स्तर भी ऊँचा उठता जाता है। सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धि रोजगार अवसरों में वृद्धि करती है। एक तो कृषि उद्योग में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। वही दूसरी ओर व्यापारिक कृषि होने से उद्योगां को कच्चा माल पर्याप्त मात्रा में मिलता है। जिससे वहाँ रोजगार अवसरों में वद्धि होती है।

8. आन्तरिक जल परिवहन का विकास – सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने से बड़ी व लम्बी नहरें बनायी जाती है। जिससे आंतरिक जल परिवहन का विकास होता है ।

9. सरकारी माप – सिंचाई साधनों का महत्व इसलिए भी अधिक है कि इनसे सरकार की आय बढ़ती है कृषि करों की मात्रा बढ़ती है माल की ढुलाई व उत्पादन भी परोक्ष रूप से करों में वृद्धि करता है ।

10. आर्थिक विकास – देश में आर्थिक विकास में सिंचाई का बहुत ही महत्व है इनसे कृषि उत्पादन बढ़ता है। विद्युत उत्पादन होता है उद्योगों का विकास होता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं व कृषकों का उत्पादन बढ़ने से उनकी आय बढ़ती है । अत: ये सब देश के आर्थिक विकास में योगदान देते हैं ।

निष्कर्ष – कृषि विश्व का सबसे पुराना व्यवसाय है और आज भी सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या का लगभग दो तिहाई भाग पूर्ण से कृषि पर आश्रित है। जिस प्रकार मनुष्य के शरीर में रीढ़ की हड्डी का महत्व है ठीक वैसे ही भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्व है । कृषि हमारे देश के लगभग 70 प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका उपलब्ध कराती है । कृषि देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि औद्योगिकरण मूल रूप से कृषि विकास की ही देन है ।

विकसित पश्चिमी देशों की भांति भारत में भी प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों को कच्चा माल कृषि उत्पादों के रूप में प्राप्त होता है तथा कृषिगत वस्तुओं के निर्यात से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी मिलती है । राष्ट्र की समृद्धि योजनाओं की सफलता, विदेशी मुद्रा का अर्जन, राजनैतिक स्थायित्व आदि सभी कृषि के विकास पर निर्भर है । अतएव हमारे भारत जैसे कृषि प्रधान देश में व्यापक रूप से यह स्वीकार किया जाता है कि देश के आर्थिक विकास की कुंजी कृषि विकास में निहित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राव एवं कोण्डवार (1972) म.प्र. का आर्थिक विकास म.प्र. हिन्दी अकादमी, भोपाल।
2. यादव सुबहसिंह (1992) कृषि अर्थ व्यवस्था, रावत प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. निम जयप्रकाश (1999) कृषि अर्थव्यवस्था, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
4. वृहत् परियोजनाएँ, वर्ष 2008 म.प्र.शासन, जल संसाधन विभाग, भोपाल।
5. मामोरिया एंड सिंह चौहान (1963) लैंड रिमार्क साहित्य भवन, आगरा।

Magazines -

1. म.प्र. संदेश, जन संपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
2. प्रचारिणी पत्रिका, हिन्दी प्रचारिणी समिति, छिंदवाड़ा।

****

भारतीय रेल का अर्थव्यवस्था में योगदान

डॉ. सुनीता बाथरे * आस्था रजक **

शोध सारांश – भारतीय रेल एशिया की सबसे बड़ी तथा विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रेल व्यवस्था है। विभिन्न वस्तुओं तथा यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में भारतीय रेलवे महती भूमिका निभा रही है। द्रुतगति रेल परियोजना जापानी तकनीक एवं वित्तीय सहायता से जल्द पूर्ण होगी व आर्थिक विकास में तेजी आऐगी। मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। हाईस्पीड कॉरीडोर विकसित होंगे व जापानी स्किल से हमारी विकास की ताकत कई गुना बढ़ जाऐगी। भारतीय रेल का आधुनिकीकरण व द्रुतगति, भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति को बढ़ाने में मील का पत्थर होगी।

प्रस्तावना – भारतीय रेल एशिया की सबसे बड़ी तथा विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रेल व्यवस्था है। रेल माल तथा यात्री परिवहन का मुख्य साधन है। देश के दूर-दराज इलाके में बसे लोगों को निकट लाने और व्यापार, देशाटन, तीर्थयात्रा एवं शिक्षा के अवसर प्रदान करती है। यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इसने देश के आर्थिक जीवन को एकसूत्र में पिरोया है तथा कृषि एवं उद्योगों के विकास को गति प्रदान की है। भारत में रेल्वे का प्रारंभ 16 अप्रैल 1853 में हुआ, जबकि पहली रेलगाड़ी मुंबई से ठाणे तक 34 कि.मी. चली। विश्व की सबसे पहली रेलगाड़ी 1825 ई. में लीवरपुर से मैनचेस्टर के बीच चली थी। प्रारंभ में रेल्वे का स्वामित्व प्रबंध निजी कंपनियों के अधीन था, जिनके मलिक अंग्रेज थे। सरकार की ओर से इन कंपनियों को न्यूनतम लाभ की गारंटी व अन्य सुविधाएं प्राप्त थी। भारतीय रेल्वे बोर्ड की स्थापना मार्च 1905 ई. में की गयी थी। रेल वित्ता को वर्ष 1924-25 ई. के बाद एटवर्थ कमेटी की सिफारिश पर सामान्य राजस्व से अलग किया गया। 1950 में भारतीय रेलों का राष्ट्रीयकरण हुआ।

भारतीय रेल प्रषासन तथा प्रबंध की जिम्मेदारी रेल्वे बोर्ड पर है। रेल्वे को 17 मंडलों में (जो पहले 9 था) बाँटा गया है। प्रत्येक मंडल का प्रधान महाप्रबंधक होता है।

भारत के रेल-मंडल एवं उनके मुख्यालय

क्र.	रेल-मंडल	मुख्यालय
1	उत्तर रेल्वे	नई दिल्ली
2	दक्षिण रेल्वे	चेन्नई
3	मध्य रेल्वे	मुम्बई (C.S.T.)
4	द. पूर्व रेल्वे	कोलकाता
5	उ. पूर्वी रेल्वे	मालेगांव
6	उ. मध्य रेल्वे	इलाहाबाद
7	द.प. रेल्वे	हुगली
8	पूर्व तट रेल्वे	भुवनेश्वर
9	पश्चिम रेल्व	चर्च गेट मुम्बई
10	पूर्व रेल्वे,	कोलकाता
11	द. मध्य रेल्वे	सिकन्दराबाद
12	पूर्वोत्तर रेल्वे	गोरखपुर
13	पूर्व मध्य रेल्वे	हाजीपुर
14	प. मध्य रेल्वे	जबलपुर
15	उ.प. रेल्वे	जयपुर
16	द.पूर्व मध्य रेल्वे	बिलासपुर
17	कोलकाता मेट्रो रेल	कोलकाता

देश में तीन प्रकार की रेल लाइने हैं –

1. बड़ी लाइन 1.676 मीटर चौड़ा
2. मीटर गेज 1.00 मीटर चौड़ा
3. नेरो गेज 6.10 मीटर चौड़ा

भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली रेलगाड़ी विवेक एक्सप्रेस (नवम्बर 2011 से) है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी (तमिलनाडु) जाती है। इस दौरान वह 4286 किमी. दूरी तय करती है। इससे पूर्व हिमसागर एक्सप्रेस जो जम्मू-तवी से कन्याकुमारी (3726 किमी.) जाती है सबसे लंबी दूरी तय करने वाली रेलगाड़ी थी। विश्व का सबसे लंबा रेलमार्ग ट्रांस-साइबेरियन रेलमार्ग है, जो लेनिनग्राड से ब्लाडीवॉस्टक तक 9438 किमी. लंबा है। 31 मार्च 2015 तक भारत में कुल 66030 किमी. (कुल का 31.25 प्रतिशत) एंव विद्युतकृत रेलमार्ग की लंबाई 22224 किमी. (कुल का 33.66 प्रतिशत) बिजली से चलने वाली प्रथम गाड़ी डेक्कन क्वीन थी, जो बम्बई एवं पुणे के मध्य चली थी। योजनाकाल में रेल की काफी प्रगति हुई। यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए गाड़ियों की संख्या में इजाफा किया गया। अनेक रेलमार्गो पर लाइनों को दुहरा किया गया। गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाई गयी, दूर के स्थानों के लिए तेज रफ्तार वाली गाड़ियों का प्रबंध किया गया, सिगनल करने की प्रक्रिया को आधुनिक किया गया है, स्टेशनों को बिजलीकृत किया गया है। यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि की गयी है। लंबी यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आरक्षण व सोने की व्यवस्था की गयी है व गाड़ियों में पंखे व शीतल जल की सुविधाओं को बढ़ाया गया है। द्वितीय श्रेणी के यात्रियों के लिए भी गद्दे वाली सीट की व्यवस्था की गयी है। कम्प्यूटरीकृत आरक्षण सुविधा उपलब्ध करायी गयी व गाड़ियों में यात्रियों को भोजन, नाश्ता पानी हेतु रसोई यान की समुचित व्यवस्था की गयी।

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) पं. शंभूनाथ शुक्ल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत
** एम.बी.ए. (मैनेजमेन्ट) स्टेडिज, एस.जी.एस.आई.टी.एस., इन्दौर (म.प्र.) भारत

रेलों का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव–

- कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान।
- रेलों के द्वारा अधिक उत्पादन वाले क्षेत्रों से अभाव वाले क्षेत्रों में वस्तुओं का परिवहन होता है व मूल्य समता बनाए रखने में मदद मिलती है।
- रेलों ने उद्योगों का कच्चा माल पहुंचाकर तथा निर्मित माल को बाजार तक ले जाकर देश में तीव्र औद्योगीकरण में बहुमूल्य योगदान प्रदान किया।
- निर्यात व्यापार में वृद्धि।
- श्रम की गतिशीलता में वृद्धि।
- रेलों के माध्यम से फल, तरकारी, दूध, मक्खन विक्रय दूर स्थानों तक संभव।
- अकालों पर नियंत्रण।
- रेलों के द्वारा देश का समाजिक विकास हुआ है।
- रेलों के द्वारा देश में शांति व राष्ट्रीय एकता बनाए रखना संभव।
- विदेशी आक्रमण से रक्षा संभव।
- डाक भेजने में सहायक।

समस्याएं –

- रेल्वे की प्रमुख समस्या अतिरेक प्राप्त न होने की है, जिसके कारण कार्यकारी व्यय को पूरा करने व विकास कार्यक्रम को अपनाने में कठिनाई आती है। सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने हेतु रेल्वे का अनार्थिक लाइने संचालित करनी पड़ती व हानि का सामना करना पड़ता। इसके अतिरिक्त खाद्यान्न, उद्योगों को कच्चा माल सस्ती दरों पर पहुंचाने के कारण हानि का सामना करना पड़ता है।
- बिना टिकट यात्रा के कारण रेल्वे को प्रतिवर्ष करोड़ो रूपये की हानि होती है। हालांकि उड़नदस्ते व चलते–फिरते न्यायलयों का गठन किया गया पर ये अपर्याप्त है।
- यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाएं पर्याप्त नहीं।
- रेल दुर्घटना से आर्थिक क्षति होती है यह रेल्वे की प्रमुख समस्या है, इनसे जनहानि के साथ रेल्वे की संपत्ति को नुकसान पहुंचता है। इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण फाटकों का खुला रह जाना, आग लग जाना, रेल मार्ग तथा रेलयंत्र व साज–सज्जा की उपयुक्त व्यवस्था का अभाव, रेल कर्मचारियों की अयोग्यता, अकुशलता व उपेक्षा आदि ।
- रेल्वे में अकुशलता व कुप्रबंध में वृद्धि।
- वैगनों की अपूर्ण क्षमता का प्रयोग।
- भ्रष्टाचार व हड़तालों में वृद्धि।
- आधुनिकीकरण की धीमी गति।

भारत सरकार निरंतर रेलमार्गो के विस्तार हेतु कृत संकल्पित है। भूमिगत रेलमार्गो का विस्तार भी किया जा रहा है कुछ महत्वपूर्ण बिंदु–

कोंकण रेल्वे – यह महाराष्ट्र के रोहा से प्रारंभ होकर गोवा के मडगाँव तक जाती है। इसकी ट्रेक की लंबाई 760 किमी. है। इस रेलमार्ग पर पहली बार रेल परिचालन 26 जनवरी 1998 ई. को हुआ। इस रेलमार्ग से लाभांवित होने वाले राज्य महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक एवं केरल है। कोकण रेलमार्ग 146 नदियों व धाराओं तथा 2000 पुलों एंव 91 सुरंगों को पार करता है। इस मार्ग पर सबसे लंबी सुरंग की लंबाई 6.5 कि.मी. है।

- कोलकत्ता मेट्रो रेल 1972 ई. में बनी। दमदम से टॉलीगंज तक इस भूमिगत रेलमार्ग की कुल लंबाई 16.45 किमी. है। इसकी शुरूआत 24 अक्टूबर 1984 ई. को हुई।
- दिल्ली मेट्रो रेल परियोजना जापान व कोरिया की कंपनियों के सहयोग से बनाई गयी है। सबसे पहली रेल सेवा 25 दिसम्बर 2002 ई. को तीस हजारी से शाहदरा के बीच चलाई गयी।
- बंगलुर मेट्रो रेल जापान के सहयोग से बनाई गई। इसकी शुरूआत 20 अक्टूबर 2011 से नम्मा मेट्रो के नाम से शुरू हुई।
- मुम्बई मेट्रो रेल की शुरूआत 8 जून 2014 को हुई।
- जयपुर व चेन्नई में भी मेट्रो रेल की सेवा शुरू हो गयी है।

2014–15 के दौरान भारतीय रेलवे द्वारा उठाए गए नए कदम–

- उधमपुर–कटरा ब्रॉडगेज लाइन पूर्ण की गयी। जुलाई 2014 कटरा तक चार रेलों की सुविधाएं प्रारंभ हो गई है।
- मेघालय को रेल सुविधा प्राप्त हुई। अगस्त 2014 दुभनोई–मेंदीपाथर नई लाईन पूर्ण हुई।
- सौर उर्ज्जा को काम में लाने हेतु सौर संयत्र नई दिल्ली, रेल भवन की छत पर लगाया गया। इस हेतु रेल कोच फैक्ट्री रायबटेली, वर्तमान में, पूर्ण रूप से सौर उर्जा पर कार्य कर रही है।
- चुनिंदा रेल्वे स्टेशनों पर वाई–फाई ब्राडबैंक सेवा बंगलूर नई दिल्ली व अन्य स्टेशनों पर प्रदान की गई।
- चीन के साथ सहयोग

1. हैवी माल–भाड़ा यातायात में प्रशिक्षण।
2. वर्तमान मार्गो पर ट्रेनों की गति को बढ़ाना।
3. स्टेशन पुनर्विकास।
4. उच्चगति की ट्रेने।
5. रेल्वे विश्वविद्यालय की स्थापना।

नौ गलियारों को 160/200 किमी. प्रति घंटा की उच्चगति वाली रेलों के लिए चुना गया है।

1. दिल्ली – आगरा
2. दिल्ली – चंडीगढ़
3. दिल्ली – कानपुर
4. नागपुर – बिलासपुर
5. मैसूर – बंगलुरू – चेन्नई
6. मुम्बई – गोवा
7. मुम्बई – अहमदाबाद
8. चेन्नइ – हैदराबाद
9. नागपुर – सिकंदराबाद।

द्रुतगति की रेल परियोजना – दिसम्बर 2015 ई. में आर्थिक विभाग की मंत्रिमण्डलीय समिति द्वारा इस द्रुतगति की रेल परियोजना का अनुमोदन प्रदान कर दिया गया था। जिसको जापानी तकनीकी एंव वित्तीय सहायता द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। रेल मंत्रालय की 50 प्रतिशत तथा महाराष्ट्र एवं गुजरात की राज्य सरकारों की 50 प्रतिशत साम्यता प्रतिभागिता सहित एक नये विशेष प्रायोजन वाहन के साथ इस परियोजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।

इस परियोजना की मुख्य विशेषताएँ हैं–

- जापानी अधिकारिक विकास सहायता 0.1 प्रतिशत ब्याज के साथ 50 वर्ष के लिए तथा 15 वर्ष की ऋण स्थगन अवधि 79165 करोड़ रू. जो परियोजना की लागत का 81 प्रतिशत होगी।
- प्रस्तावित रेलमार्ग की लम्बाई मुम्बई में बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स से गुजरात में साबरमती/अहमदाबाद के बीच 508 किमी. की होगी। इस

रेल मार्ग पर 12 स्टेशन होंगे।

- अधिकतम निर्धारित गति 320 किमी./घंटा की प्रारंभिक गति के साथ 350 किमी./घंटा की होगी।
- प्रारंभ में यह रेल 10 कोच (750 सीट) की तथा भविष्य में 16 कोच (1200 सीटे) की होगी।
- इससे मेक इन इंडिया को बढावा मिलेगा, अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। शहरों का विकास हाईस्पीड कॉरीडोरों पर होगा।
- जापानी स्किल से हमारी विकास की ताकत कई गुना बढ़ेगी।
- इंडिया पोस्ट और जापान पोस्ट के सहयोग से कुल बाक्स सार्विस शुरू करेंगे। इससे जापान में भारतीय व्यंजनों की मांग पूरी होगी और भारत में जापानी रेस्टोरेंट खुलेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. इंटरनेट।
2. विश्व – इतिहास – जैन एंव माथुर।
3. NCERT – भारत लोग और अर्थव्यवस्था P. 119
4. यूनिफाइड अर्थशास्त्र – अनुपम गोयल।
5. दैनिक भास्कर – 15 सितम्बर 2017
6. लूसेंट सामान्य ज्ञान – सुनील कुमार सिंह।

****

विमुद्रीकरण - कैशलेस अर्थव्यवस्था की दिशा में सार्थक कदम

डॉ. संध्या आमगा *

प्रस्तावना – विमुद्रीकरण एक आर्थिक गतिविधि है, जिसके अन्तर्गत सरकार पुरानी मुद्रा को समाप्त कर देती है और नई मुद्रा को प्रचलन में लाती है। जब काला धन बढ़ जाता है और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बन जाता है तो इसे दूर करने के लिए विमुद्रीकरण का प्रयोग किया जाता हैं, ऐसा माना जाता है कि जिसके पास काला धन होता है। वे उसके बदले में नई मुद्रा लेने का साहन नहीं जुटा पाते हैं और काला धन स्वयं ही नष्ट हो जाता है। भारत में 500 और 1000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण जिसे मीडिया में छोटे रूप में नोटबंदी कहा गया। इसकी घोषणा 8 नवम्बर 2016 को रात आठ बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अचानक राष्ट्र को किए गए सम्बोधन के द्वारा की गयी। इस घोषणा में 8 नवम्बर की आधी रात से देश में 500 और 1000 रुपये के नोटों को खत्म करने का ऐलान किया गया। इसका उद्देश्य केवल काले धन पर नियंत्रण ही नहीं बल्कि जाली नोटों से छुटकारा पाना ही था।

इसके पहले इसी तरह के उपायों को भारत की स्वतंत्रता के बाद लागू किया गया था। जनवरी 1946 में 1000 और 10000 रुपए के नोटों को वापस ले लिया गया था और 1000, 5000 और 10000 रुपए के नए नोट 1954 में पुन: शुरू किए गए थे। 16 जनवरी 1978 को जनता पार्टी की गठबन्धन सरकार ने फिर से 1000, 5000 और 10000 रुपए के नोटों का विमुद्रीकरण किया था ताकि जालसाजी और काले धन पर अंकुश लगाया जा सके।

विमुद्रीकरण का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के वित्त पोषण पर अंकुश लगाना तथा कालेधन को समाप्त करना था, पर नगद रहित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना एक आवश्यकता के रूप में उभर कर सामने आया है। वास्तव में, 27 नवम्बर 2016 को 'मन की बात' में राष्ट्र को संबोधित करे हुए प्रधानमंत्री ने यह कहा 'नगदरहित समाज हमारा सपना है। यह सही है कि 100 प्रतिशत नगदरहित समाज कभी संभव नहीं है लेकिन हम एक कमनगद समाज से शुरूआत कर सकते हैं और तब नगदरहित समाज कोई दूर की कौड़ी नहीं होगी।'

यद्यपि विमुद्रीकरण का प्राथमिक उद्देश्य कालेधन को समाप्त करना, आतंकवाद एवं नक्सलवाद पर अंकुश लगाना था किन्तु विमुद्रीकरण विमर्श परिवर्तित हो चुका है, सरकार यह नगदरहित अर्थव्यवस्था के बीज बो चुकी है। 2014 में सरकार ने जन-धन योजना की शुरूआत की। 20 अप्रैल, 2016 तक इसके अंतर्गत लगभग 220 मिलियन खाते खोले गए। फरवरी 2016 में, भारत सरकार ने कार्ड और डिजिटल माध्यमों के जरिए भुगतान को प्रचारित करने के लिए दिशानिर्देष को मंजूरी दी।

एक नगद रहित अर्थव्यवस्था का विचार, दरअसल कागजी मुद्रा से डिजिटल मुद्रा की ओर बढ़ने की एक क्रांति है, जो आमतौर पर कालेधन के प्रवाह को रोकने तथा नगदी के प्रवाह की पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से अपनाया जाता है। चाहे किसी को बिल का भुगतान करना हो, फल खरीदने हों अथवा बस या टैक्सी की यात्रा करनी हों सभी तरह के लेन-देन, कार्ड या डिजिटल माध्यमों द्वारा किए जाते हैं। जेब में रखे जाने वाले पारम्परिक बटुए में रखने की आवश्यकता नहीं होती। ये व्यक्ति के बैंक खाते से जुड़े होते हैं और भुगतान इन्टरनेट अन्य माध्य है, जो नगदरहित समाज की ओर ले जाते हैं।

कम नगदी – भारत एवं अन्य देश – भारत से कुछ अन्य देशों की तुलना करने पर पता चलता है कि भारत में व्यवहार में मौजूद मुद्रा कई अन्य विकसित या विकासशील देशों से ज्यादा है। वर्ष 2015 में भारत की अर्थव्यवस्था में नगदी का चलन सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 12.3 फीसदी था, जबकि ब्राजील में यह आंकड़ा 3.8 फीसदी, दक्षिण कोरिया में 5.6 फीसदी और स्वीडन में 1.7 फीसदी था।

नगदी का प्रयोग(कुल जीडीपी के प्रतिशत में 2011-15) (देखे आगे पृष्ठ पर)

वर्ष 2016 में भारत में 68 फीसदी से भी ज्यादा लेन-देन नगदी में हुए, जो दुनिया के बाकि देशों के मुकाबले काफी ज्यादा है।

नगद रहित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन हेतु शासकीय प्रयास – विमुद्रीकरण के कुछ समय बाद ही सरकार ने लोगों को प्रोत्साहित करने लिए कई कदम उठाए ताकि नगदी की कमी के दुष्प्रभावों को कम किया जा सकें।

उपभोक्ताओं के लिए लकी ग्राहक योजना और व्यापारियों के लिए डिजिधन व्यापार योजना: डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरकार ने 25 दिसम्बर 2016 को डिजिटल लॉटरी योजना- जैसे उपभोक्ताओं के लिए लकी ग्राहक योजना तथा व्यापारियों के लिए डिजिटल व्यापार योजना की शुरूआत के साथ डिजिटल इंडिया आन्दोलन निष्चित रूप से देश के आर्थिक आधार को सुदृढ़ बनाएगा। रूपे कार्ड, अनस्ट्रक्चर्ड सप्लेमेंट्री सर्विस डाटा (यूएसएसडी) यूपीआई और आधार समर्थित भुगतान प्रणालियां इन योजनाओं का हिस्सा है।

वित्तीय साक्षरता अभियान – वित्तीय साक्षरता अभियान की शुरूआत एक डिजिटल अर्थव्यवस्था और लेन-देन के नगदरहित तरीकों को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य डिजिटल तरीकों को अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाना, उन्हें प्रोत्साहित एवं प्रेषित करना है। मानव विकास एवं संसाधन मंत्रालय ने लोगों से धन अंतरण के लिए डिजिटल नगदरहित आर्थिक प्रणाली का उपयोग करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने यह भी अपील की है कि उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले निजी एवं सरकारी संस्थान न तो नगदी ग्रहण करे और न ही नगदी में भुगतान करें तथा एक नगदरहित कैंपस (दुकानें, जलपान गृह सेवाएं) विकसित करें।

बीएचआइएम (भारत इंटाफेस फॉर मनी) - प्रधानमंत्री ने 30 दिसंबर, 2016 को ऑनलाइन लेन-देन को आसान बनाने के लिए बीएचआईएम नामक ई-वॉलेट एप की शुरूआत की। इस आधार-आधारित मोबाइल

* प्राचार्य, सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, बोरावां (म.प्र.) भारत

भुगतान एप्लीकेशन के द्वारा कोई भी व्यक्ति अपने बैंक खाते से सीधे भुगतान कर सकता है। केवल आपका मोबाइल नम्बर बैंक खाते से जुड़ा होना चाहिए और उसके बाद धन अंतरण के लिए बस एक क्लिक की ही देरी है। हालांकि यह एप यूपीआई-समर्थित बैंक खातों के साथ जुड़ा हुआ है लेकिन एक समय पर केवल एक ही खाता इससे जोड़ा जा सकता है। जिसके पास दो खाते है, उसे दोनों खातों में लेन-देन के लिए एक खाते से दूसरे खाते पर जाना होगा।

रूपे कार्ड क्रेडिट या डेबिट कार्ड का भारतीय संस्करण है और यह वीसा या मास्टरकार्ड जैसे अन्तर्राष्ट्रीय कार्ड के समान है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने जन-धन योजना ने प्रत्येक खाताधारक को रूपे क्रेडिट कार्ड की शुरूआत की। बैंकों ने प्रत्येक खाताधारक को रूपे डेबिट कार्ड के साथ एक खता रुपये का दुर्घटना बीमा करवाया है। रूपे तीन जगहों (एटीएम, पॉइंट ऑफ सेल तथा ऑनलाइन बिक्री) पर काम करता है और विश्व में इस तरह का सातवां भुगतान गेटवे है। करोड़ों गरीब लोगों के पास रूपे डेबिट कार्ड है, यह नगद रहित अर्थव्यवस्था में निम्न-आय वर्ग को शामिल करे का एक प्रयास है।

आधार भुगतान एप – 25 दिसम्बर, 2016 को सरकार ने एक आधार एप की शुरूआत की। यह किसी व्यक्ति के बैंक खाते को आधार कार्ड से जोड़ता है। यह एप एक बायोमैट्रिक रीडर से जुड़ा होगा और उपभोक्ता अपनी आधार संख्या दर्ज करेगा और अंतरण के लिए एक बैंक का चुनाव करेगा। इस एप की एक विशेषता यह है कि बिना फोन के इसका इस्तेमाल भुगतान करने के लिए किया जा सकता है।

कम नगदी अर्थव्यवस्था के लाभ – भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन यह कालाधन, भ्रष्टाचार, आंतकवाद, अवैध सम्पत्ति आदि के शिकंजे को तोड़ने के लिए लेखा-परीक्षा और प्रवर्तन अभिकरणों जैसे विभिन्न तरीके हमेशा मौजूद रहे हैं, लेकिन नगदरहित अर्थव्यवस्था का विचार अधिक आकर्षित है, क्योंकि अधिकतर आर्थिक लेन-देन एक औपचारिक प्रणाली का हिस्सा होंगे तथा उन पर नजर रखना आसान होगा। भारत में बहुत कम लोग ही गैर-नगदी भुगतान के तरीकों का प्रयोग करते हैं। केवल 10-15 प्रतिशत आबादी ने ही कभी-भी किसी प्रकार के गैर-नगदी भुगतान उनकरण का उपयोग किया है, जबकि ब्राजील और चीन जैसे देशों में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत तक है। 2014 में, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में बैंकों से बाहर चलन में मुद्रा की मात्रा 11.1 प्रतिशत थी, जो कि रूस, मेक्सिको और ब्राजील जैसे उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अधिक थी।

भुगतान का सुविधाजनक तरीका – लेन-देन में आसानी के कारण यह निश्चित रूप से नगदरहित होने को बढ़ावा देता है। नगदरहित अर्थव्यवस्था सभी को (निम्न-आय वर्ग को छोड़कर) नकदी में व्यापार या लेन-देन करने की लागत में कमी समेत ढेरों लाभ प्रदान करती है।

कम जोखिम – समुचित साइबर-सुरक्षा के साथ ऑनलाइन भुगतान अपेक्षाकृत जोखिम-मुक्त है, जबकि भौतिक नगदी के साथ हमेशा सुरक्षा की समस्या रहती है।

मुद्रा छापने की लागत में कमी – नए नोट छापने और गंदे एवं कटे-फटे नोटों को बदलने में काफी लागत आती है। 2015 में आरबीआई को नोट छापने में 27 मिलियन रुपए की लागत आई। अगर हम एक नगदरहित समाज की और बढ़ते हैं, तो यह लागत कम की जा सकती है।

अपराध-दर में कमी – नशीले पदार्थो की तस्करी, वेश्यावृत्ति, आतंकवाद का वित्त पोषक और कालेधन को वैध बनाने जैसे ज्यादातर समाज-विरोधी एवं अवैध गतिविधियों को केवल नकदी में ही अंजाम दिया जाता है। एक नगद रहित अर्थव्यवस्था में इस तरह की गतिविधियों को अंजाम देना कठिन होगा।

बैंकिंग क्षेत्र के लिए बेहतर – एक डिजिटल अर्थव्यवस्था बैंकिंग प्रणाली की मदद करेगी। एक बार लोग डिजिटल भुगतान एवं अंतरण के आदी हो जाएंगे तो नगदी साथ रखने या नगदी की जमाखोरी में कमी आएगी।

पारदर्शिता एवं निगरानी – सरकार नगद रहित लेन-देन की आसानी से निगरानी कर सकती है। अत: कर अपवंचन कठिन होगा और इससे राजस्व-संग्रह मे वृद्धि होगी।

विगत आठ महीनों में भारत में लेन-देन के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज हुई है और स्वाईप मशीनों की भी मांग बढ़ी है। चाहे छोटी दुकानें हों या फिर फेरीवाले। त्वरित भुगतान वाले इलेक्ट्रानिक लेन-देन में इजाफा हुआ है, जो कि अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी बात है। मोबाइल-वॉलेट में काफी बढ़ोतरी हुई है और यह बहुत हद तक संभव है कि भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा नगदी से सीधे-सीधे मोबाइल-वॉलेट्स की ओर बढ़ जाएगा मोबीक्विक दावा करता है कि 2017 तक वो आसानी से 10 बिलियन डॉलर तक के भुगतान का आंकड़ा छू लेगा और जल्दी ही एक बिलियन से ज्यादा व्यापारियों द्वारा अपनाया जाएगा।


नकद रहित अर्थव्यवस्था या इलेक्ट्रानिक लेन-देन की ओर बढ़ाया गया कदम कर-अपवंचन को कम करने के द्वारा कालेधन पर रोक लगाने तथा अर्थव्यवस्था का पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने में सहायक हो सकता है। अंतत: नकदी साथ रखने का जोखिम कम होगा और वित्तीय समावेशन का एक अधिक सुनियोजित ढांचा सामने आएगा। विकास की प्रक्रिया की दिशा में सरकार खर्च अधिक करेगी, क्योंकि पारदर्शिता और राजस्व के प्रवाह में बढोतरी के आसार है।

मगर भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्था में नगद रहित समाज की तरफ बढ़ने का दूसरा पहलू यह है कि गरीब लोगों के लिए नगदरहित लेन-देन व्यावहारिक नहीं है। विमुद्रीकरण में अनौपचारिक समाज तथा बैंक से नहीं जुड़े हुए लोगों को खासतौर पर प्रभावित किया है। समाज के इस हिस्से को नगद रहित व्यवस्था को अपनाने में काफी समय लगेगा। शुरूआत में लेन-देन के तरीकों को अपनाना कठिन लग सकता है लेकिन यह सुनिश्चित करेगा कि अपना पहला कदम बढ़ाए। नगदी समाप्त होने का विचार दूर की कौड़ी लग सकता है लेकिन निश्चित रूप से अब कम नगदी की दिशा में सार्थक परिणाम मिलेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://Hi.wikipedia.org/wiki/2016_Indian_ banknote_ demonetisation
2. Gopika Gopakumar, Vishwanath Nair (8 November 2016). 'Rs500, Rs1000 notesmay be back, if history is a guide'. Live Mint.
3. साहू प्रभाकर, अरोड़ा अमोघ, नगदी अर्थव्यवस्था से कमनगद अर्थव्यवस्था की ओर, योजना, फरवरी, 2017
4. कम नगद अर्थव्यवस्था : दुनिया के बरक्स, योजना, फरवरी, 2017
5. *http://www.bis.org/cpmi/publ / d155.pdf (26 Dec.2016)*

नगदी का प्रयोग(कुल जीडीपी के प्रतिशत में 2011-15)



स्रोत – http://www.bis.org/cpmi/publ / d155.pdf (26 Dec.2016)

****

शिक्षा का सामाजिक विकास में योगदान का अध्ययन (म.प्र.के पूर्व निमाड़ खण्डवा एवं बुरहानपुर जिले के विशेष संदर्भ में)

राकेश कुमार दिलावरे * डॉ. उषा कुमठ **

प्रस्तावना – एक देश के सामाजिक विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षा व्यक्ति में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गुणो का विकास करती हैं। जिससे व्यक्ति को सही एवं गलत का ज्ञान होता हैं और उसका मानवीय व्यवहार सुधरता हैं। एक व्यक्ति का सामाजिक दृष्टिकोण उसमें निहीत गुणों पर निर्भर करता हैं और उन गुणों का विकास शिक्षा द्वारा ही सम्भव हैं यह हमारे ज्ञान, कुशलता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में सुधार करती है। यह हमारे जीवन में दूसरों से बात करने की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाती है। शिक्षा परिपक्वता लाती है और समाज के बदलते परिवेश में रहना सिखाती है। यह सामाजिक विकास, और उन्नति का रास्ता है।

शिक्षा सभी के जीवन में, व्यक्तित्व का निर्माण, ज्ञान और कौशल में सुधार करके, एक सभ्य मनुष्य बनाने में महान भूमिका निभाती है। यह एक व्यक्ति को भले और बुरे के बारे में सोचने की क्षमता प्रदान करती है। हमारे देश में शिक्षा को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाता है, प्रारम्भिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, और उच्च माध्यमिक शिक्षा। यह चीजों और परिस्थितियों का विश्लेषण करने के लिए हमारे कौशल, चरित्र और पूरे व्यक्तित्व को विकसित करती है। शिक्षा एक व्यक्ति के जीवन में लक्ष्य को निश्चित करने के द्वारा उसके वर्तमान और भविष्य को पोषित करती है। शिक्षा के महत्व और इसकी गुणवत्ता में दिन प्रति दिन सुधार व वृद्धि हो रही है।

अध्ययन का उद्देश्य – शिक्षा का सामाजिक विकास पर प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन की विधि – प्रस्तुत शोध में हम सरल देव निदर्शन विधि का उपयोग कर रहे है। प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र 2 जिलो में बंटा हुआ है। प्रत्येक जिले से हम सरल देव निदर्शन विधि द्वारा 20 गॉवो का चुनाव कर प्रत्येक गॉव से 10 उत्तरदाताओं का चुनाव कर जानकारी प्राप्त की गयी इस प्रकार एक जिले से 200 परिवार, इसी प्रकार दूसरे जिले से भी 200 परिवारों का चुनाव कर जानकारी प्राप्त की गयी। इस प्रकार 2 जिलो से 400 परिवारों का चयन किया है।

शिक्षा से सामाजिक विकास सम्बंधी ऑकड़ों का विश्लेषण – शिक्षा का सामाजिक विकास पर प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए हमने शिक्षित एवं अशिक्षित व्यक्तियों में सामाजिक भेदभाव, महिल सलाह, महिला मतदान,सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी आदि चरो का विश्लेषण काई वर्गविधि द्वारा किया हैं।

शिक्षित एवं अशिक्षित उत्तरदाताओं द्वारा शिक्षा से भेदभाव में कमी का विश्लेषण

शिक्षा से भेदभाव	कम हुआ हैं	कम नहीं हुआ हैं	योग
शिक्षित	210	94	304
अशिक्षित	09	87	96
योग	219	181	400

H_O:शिक्षा एवं भेदभाव की एक दूसरे पर निर्भरता नहीं हैं।

H_1: शिक्षा एवं भेदभाव की एक दूसरे पर निर्भरता हैं।

α = 5%

d.f. = 1

X^2_{tab}.= 3.84

X^2_{cal}.= 104.97

5% सार्थकता स्तर पर X^2 का सारणी मूल्य 3.84 हैं जबकि X^2 का परिकलत मूल्य 104.97 हैं जो सारणी मूल्य से अधिक हैं। अत: हमारी H_O(शुन्य परिकल्पना) अस्वीकार होती हैं और H_1(वैंकल्पिक परिकल्पना) स्वीकार होती हैं अर्थात निर्दशन से प्राप्त ऑकड़ों के अनुसार शिक्षा एवं भेदभाव दोनों में निर्भरता पायी गयी। अर्थात शिक्षा से भेदभाव कम हो रहा हैं, मतलब अशिक्षित व्यक्ति अधिक भेदभाव करते हैं।

शिक्षित एवं अशिक्षित उत्तरदाताओं द्वारा महिलाओं से सलाह लेने का विश्लेषण

महिलाओं से सलाह	सलाह लेने वाले	सलाह नहीं लेने वाले	योग
शिक्षित	193	103	296
अशिक्षित	18	74	92
योग	211	177	388

H_O:शिक्षा एवं महिलाओं से सलाह की एक दूसरे पर निर्भरता नहीं हैं।

H_1: शिक्षा एवं महिलाओं से सलाह की एक दूसरे पर निर्भरता हैं।

α = 5%

d.f. = 1

X^2_{tab}.= 3.84

X^2_{cal}.= 58.94

5% सार्थकता स्तर पर X^2 का सारणी मूल्य 3.84 हैं जबकि X^2 का परिकलत मूल्य 58.94 हैं जो सारणी मूल्य से अधिक हैं अत: अत: हमारी H_O (शुन्य परिकल्पना) अस्वीकार होती हैं तथा H_1 (वैंकल्पिक परिकल्पना) स्वीकार होती हैं। आर्थात निर्दशन से प्राप्त आकड़ों के अनुसार

* (अर्थशास्त्र) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

शिक्षा एवं महिलाओं से सलाह दोनों में निर्भरता पायी गयी। अर्थात शिक्षित व्यक्ति घर की महिलाओं से अधिक सलाह लेते हैं और अशिक्षित व्यक्ति घर की महिलाओं से कम ही सलाह लेना पसंद करते हैं।

शिक्षित एवं अशिक्षित उत्तरदाताओं के घर की महिलाओं के मतदान का विश्लेषण

उत्तरदाताओ के घर की महिलाओं मतदान	मतदान करती हैं	मतदान नहीं की करती हैं	योग
शिक्षित	225	79	304
अशिक्षित	28	68	96
योग	253	147	400

H_O :शिक्षा एवं उत्तरदाताओं के घर की महिलाओं के मतदान की एक दूसरे पर निर्भरता नहीं हैं।

H_1 : शिक्षा एवं उत्तरदाताओं के घर की महिलाओं के मतदान की एक दूसरे पर निर्भरता हैं।

α = 5%

d.f. = 1

$X^2_{tab.}$ = 3.84

$X^2_{cal.}$ = 63.12

5% सार्थकता स्तर पर X^2 का सारणी मूल्य 3.84 हैं जबकि X^2 का परिकलत मूल्य 63.12 हैं जो सारणी मूल्य से अधिक हैं। अत: हमारी H_O (शुन्य परिकल्पना) अस्वीकार होती हैं और H_1 (वैंकल्पिक परिकल्पना) स्वीकार होती हैं अर्थात निर्दशन से प्राप्त ऑकडो के अनुसार शिक्षा एवं उत्तरदाताओं के घर की महिलाओं के मतदान दोनों में निर्भरता पायी गयी। निष्कर्ष प्राप्त होता है कि शिक्षित व्यक्तियों के घर की महिलाऐंअपना बहुमूल्य मत अनिवार्य रूप से करती हैं किन्तु अशिक्षित व्यक्तियो के घर की महिलाओ में मतदान के प्रति जागरूकता कम ही पायी गयी हैं।

शिक्षित एवं अशिक्षित उत्तरदाताओं का सामाजिक कार्यक्रमो में भागीदारी का विश्लेषण

सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी	भागीदारी लेते हैं	भागीदारी नहीं लेते हैं	योग
शिक्षित	202	102	304
अशिक्षित	09	87	96
योग	211	189	400

H_O :शिक्षा एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी की एक दूसरे पर निर्भरता नहीं हैं।

H_1 : शिक्षा एवं सामाजिक कार्यक्रमो में भागीदारी की एक दूसरे पर निर्भरता हैं।

α = 5%

d.f. = 1

$X^2_{tab.}$ = 3.84

$X^2_{cal.}$ = 95.33

5% सार्थक्ता स्तर पर X^2 का सारणी मूल्य 3.84 हैं जबकि X^2 का परिकलत मूल्य 95.33 हैं जो सारणी मूल्य से अधिक हैं। अत: हमारी H_O (शुन्य परिकल्पना) अस्वीकार होती हैं और H_1 (वैंकल्पिक परिकल्पना) स्वीकार होती हैं अर्थात निर्दशन से प्राप्त ऑकडो के अनुसार शिक्षा एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी दोनों में निर्भरता पायी गयी। निष्कर्ष प्राप्त होता है कि शिक्षित व्यक्ति सामाजिक कार्यक्रमों में अधिक भागीदारी निभाते हैं और अशिक्षित व्यक्ति सामाजिक कार्यक्रमों में कम भागीदारी निभाते हैं।

निष्कर्ष – शिक्षा का सामाजिक विकास में योगदान का अध्ययन करने से हमें निष्कर्ष प्राप्त होता है कि शिक्षित व्यक्तियों में सामाजिक विकास का स्तर बढ़ रहा है। शिक्षित व्यक्तिय अशिक्षित व्यक्तियो की अपेक्षा कम भेद भाव करता हैं, मतलब अशिक्षित व्यक्ति अधिक भेदभाव करते हैं। शिक्षित व्यक्ति घर की महिलाओं से अधिक सलाह लेते हैं और अशिक्षित व्यक्ति घर की महिलाओं से कम ही सलाह लेना पसंद करते हैं।शिक्षित व्यक्तियों के घर की महिलाऐं अपना बहुमूल्य मत अनिवार्य रूप से करती हैं किन्तु अशिक्षित व्यक्तियों के घर की महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता कम ही पायी गयी हैं।शिक्षित व्यक्ति सामाजिक कार्यक्रमों में अधिक भागीदारी लेतेनिभाते हैं और अशिक्षित व्यक्ति सामाजिक कार्यक्रमों में कम भागीदारी हैं।इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि शिक्षा सामाजिक विकास में अधिक योगदान दे रही हैं।

सुझाव – शिक्षा से सामाजिक विकास हेतु निम्न लिखित सुझाव प्रस्तुत हैं।

1. पिछड़े हुए क्षेत्रों में ऐसी संस्थाओं का निर्माण, जो महिला प्रताड़ना, लड़के-लड़कियों को समान शिक्षा, महिला रोजगार एवं महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर लोगों का मार्गदर्शन करें।
2. बाल-विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरुतियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाए।
3. शिक्षण संस्थानों में सामाजिक कुरुतियों को दूर करने संबंधी विषयों पर विद्यार्थियों को कार्यशालाएं करवायी जाए।
4. महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाए व गृह उद्योग एवं कुटीर उद्योग से जोड़ा जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Self, S. and Grabowski, R. (2003).Does Education all Levels cause growth? Indians, a case study. Economic of Education Review, 23 (2003) 47-55.
2. Abiodum, L. N. and Iyiola,W. T. (2011). Education and Economic Growth: The Nigerian Experience.Journal of Emerging Trend¢ in Economics and Management science, Vol. 2, No, 3, PP.225-231.
3. Haldar, S. K. and malik, G. (2006). Does Human Capital Cause Economic Growth? a case study of India. International Journal of Economic sciences and Applied research, 3 (1) 7-25.
4. Kumar, S.(2012). Higher Education and Economic Development in India. International Journal of scientific Research Engineering and Technology, Vol. 1, No, 5, PP.045-0

****

विज्ञापन का ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों पर प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. अरूणा कुसुमाकर *

प्रस्तावना – विज्ञापन हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। हमारी जीवन शैली, कार्यशैली, खानपान तथा हमारी मानसिकता को भी विज्ञापन प्रभावित कर रहे हैं। वास्तव में आज हम विज्ञापन के युग में जी रहे हैं। बाजार में हर उत्पाद विज्ञापन के आधार पर चल रहा है। प्रत्येक उत्पादक विज्ञापन के द्वारा उपभोक्ताओं तक अपने उत्पाद पहुँचाने के लिए प्रयत्नशील है, जिससे उपभोक्तावाद दिन–प्रतिदिन बढ़ रहा है। आज की आर्थिक प्रक्रिया में विज्ञापन ने एक विशिष्ट स्थान बना लिया है। विपणन के क्षेत्र में विज्ञापन एक शक्तिशाली औजार के रूप में काम करता है। किसी विक्रेता के लिए अपने ग्राहकों तक अपनी बात कहने और उन्हें समझाने–मनाने का विज्ञापन सबसे सहज माध्यम है। मनुष्य के आर्थिक, सामाजिक राजनीतिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन पर विज्ञापन का व्यापक प्रभाव पड़ता है।

अध्ययन का उद्देश्य – विज्ञापन का ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों पर प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध विधि – अध्ययन से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने के लिए सर्वेक्षणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है, जिसके लिए साक्षात्कार एवं अनुसूची का प्रयोग किया गया है। अध्ययन का विश्लेषण प्रतिशत के आधार पर किया गया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के तुलनात्मक अध्ययन हेतु इन्दौर जिले के 75 ग्रामीण एवं 75 शहरी उपभोक्ताओं का चयन सुविधा निदर्शन के आधार पर किया गया है।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों पर प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन –

विज्ञापन का उपभोक्ता के क्रय व्यवहार पर प्रभाव

विज्ञापनों का प्रभाव	ग्रामीण क्षेत्र		शहरी क्षेत्र	
	आवृति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	60	80	55	73
नहीं	15	20	20	27
कुल	75	100	75	100

स्रोत – सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त तथ्यों के आधार पर

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि 80 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर विज्ञापनों का प्रभाव पड़ता है जबकि 73.3 प्रतिशत शहरी उपभोक्ताओं पर विज्ञापनों का प्रभाव पड़ता है। स्पष्ट है कि शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता विज्ञापनों से अधिक प्रभावित होते हैं। वास्तव में विज्ञापन का उपभोक्ता के क्रय व्यवहार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

विज्ञापन का सामाजिक लाभ

विज्ञापन द्वारा समाज को लाभ	ग्रामीण क्षेत्र		शहरी क्षेत्र	
	आवृति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	65	87	60	80
नहीं	10	13	15	20
कुल	75	100	75	100

स्रोत – सर्वेक्षण से प्राप्त तथ्यों के आधार पर

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों के 87 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार विज्ञापनों के द्वारा समाज को लाभ प्राप्त होता है जबकि शहरी क्षेत्र के 80 प्रतिशत उत्तारदाताओं के अनुसार विज्ञापनों से समाज लाभान्वित होता है। यद्यपि ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में विज्ञापनों से लाभ प्राप्त होता है किन्तु तुलनात्मक रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञापनों से सामाजिक लाभ अधिक है।

विज्ञापन का स्वास्थ्य पर प्रभाव

शिक्षा के स्तर में वृद्धि	ग्रामीण		शहरी	
	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	63	84	58	77
नही	12	16	17	23
कुल	75	100	75	100

स्रोत – सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त तथ्यों के आधार पर

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि विज्ञापनों के कारण स्वास्थ्य सुधार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों पर 84 प्रतिशत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जबकि शहरी क्षेत्रों पर 77 प्रतिशत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। तुलनात्मक रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुधार का प्रतिशत अधिक है।

विज्ञापनों का शिक्षा के स्तर पर प्रभाव

शिक्षा के स्तर में वृद्धि	ग्रामीण		शहरी	
	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	60	80	70	93
नही	15	20	05	07
कुल	75	100	75	100

स्रोत – सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त तथ्यों के आधार पर

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि विज्ञापनों के कारण शिक्षा के स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञापन के कारण शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ने से 80 प्रतिशत शिक्षा का स्तर बढ़ा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 93 प्रतिशत शिक्षा का स्तर बढ़ा है। विज्ञापनों के माध्यम से शिक्षण संस्थाएँ अपनी गुणवत्ता उपलब्धियाँ तथा जानकारियों को प्रस्तुत करते हैं। जिससे शिक्षा के स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

विज्ञापन का नैतिक मूल्यों पर प्रभाव

नैतिक मूल्यों	ग्रामीण	शहरी

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

का ह्रास	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	55	73	65	87
नही	20	27	10	13
कुल	75	100	75	100

स्रोत – सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त तथ्यों के आधार पर

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि समाज पर विज्ञापनों का गहरा प्रभाव पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि विज्ञापन से समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास हुआ है, जबकि 87 प्रतिशत शहरी उत्तरदाताओं का मानना है कि विज्ञापन से समाज में नैतिक ह्रास हुआ है। वास्तव में विज्ञापन का मनुष्य की प्रवत्ति पर बहुत प्रभाव पड़ता है।

विज्ञापन का जीवन स्तर पर प्रभाव

जीवन स्तर में सुधार	ग्रामीण		शहरी	
	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	62	83	55	73
नहीं	13	17	20	27
कुल	75	100	75	100

स्रोत – सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त तथ्यों के आधार पर

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र के 83 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार विज्ञापनों के द्वारा व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, जबकि 17 प्रतिशत उत्तरदाताओं के जीवन स्तर में कोई सुधार नही हुआ है। शहरी क्षेत्र के 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार विज्ञापन के द्वारा व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार हुआ है जबकि 27 प्रतिशत उत्तरदाताओं के जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है।

विज्ञापन का अनावश्यक व्यय पर प्रभाव

अनावश्यक व्यय में वृद्धि	ग्रामीण		शहरी	
	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	60	80	65	87
नही	15	20	10	13
कुल	75	100	75	100

स्रोत – सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त तथ्यों के आधार पर।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि विज्ञापन के कारण उपभोक्ताओं का अनावश्यक व्यय बढ़ जाता है। विज्ञापनों के लालच में आकर आवश्यकता न होने पर भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से वस्तुएँ खरीद लेता है। ग्रामीण क्षेत्र के 80 प्रतिशत उपभोक्ताओं का मानना है कि विज्ञापन के कारण अनावश्यक व्यय बढ़ जाते है, जबकि शहरी क्षेत्र के 87 प्रतिशत उपभोक्ताओं के अनावश्यक व्यय में वृद्धि हो जाती है।

विज्ञापन का वस्तु के मूल्य वृद्धि पर प्रभाव

वस्तु के मूल्य में वृद्धि	ग्रामीण		शहरी	
	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	62	83	65	87
नही	13	17	10	13
कुल	75	100	75	100

स्रोत – सर्वेक्षण से प्राप्त तथ्यों के आधार पर

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि विज्ञापन के कारण वस्तु के मूल्य में वृद्धि हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्र के 83 प्रतिशत उपभोक्ताओं के अनुसार विज्ञापन के कारण मूल्यों में वृद्धि हो जाती है, जबकि शहरी क्षेत्र के 87 प्रतिशत उपभोक्ताओं के अनुसार विज्ञापन व्यय के कारण वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि हो जाती है।

निष्कर्ष – अध्ययन से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र के 80 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र के 73 प्रतिशत उपभोक्ता विज्ञापनों से प्रभावित होकर वस्तुओं एवं सेवाओं का क्रय करते हैं। विज्ञापन न केवल समाज की जीवन शैली, कार्यशैली, खान–पान वरन् समाज की मानसिकता को भी प्रभावित कर रहे है। विज्ञापनों के सकारात्मक सामाजिक प्रभाव के विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि 87 प्रतिशत ग्रामीण उत्तरदाता मानते हैं कि विज्ञापन से समाज को लाभ प्राप्त हुआ है, जबकि 80 प्रतिशत शहरी उत्तरदाताओं का मानना है कि विज्ञापन से समाज को लाभ प्राप्त हुआ है। विज्ञापन से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उपभोक्ता जागरूकता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 80 प्रतिशत ग्रामीण एवं 93 प्रतिशत शहरी उत्तरदाताओं का मत है कि विज्ञापन से शिक्षा के स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 84 प्रतिशत ग्रामीण एवं 77 प्रतिशत शहरी उत्तरदाताओं का मत है कि विज्ञापन से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि आयी है। विज्ञापन समाज की जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। 83 प्रतिशत ग्रामीण एवं 73 प्रतिशत शहरी उत्तरदाताओं के अनुसार विज्ञापन के कारण उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। अध्ययन से स्पष्ट है कि विज्ञापन सामाजिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं किन्तु दूसरी ओर विज्ञापन से समाज में अनेक समस्याओं ने जन्म लिया है। विज्ञापन के कारण समाज में उपभोग प्रवृत्ति बढ़ गई है तथा मंहगी वस्तुओं की ओर आकर्षण बढ़ रहा है। जब इच्छाएँ एवं सपने पूरे नहीं होते हैं तो समाज में कुंठाऐं और असंतोष बढ़ता है तथा अपराधों को जन्म होता है। अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि विज्ञापन से ग्रामीण क्षेत्र में 73 प्रतिशत तथा 87 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में नैतिक मूल्यों का ह्रास हुआ है। विज्ञापन के कारण समाज में भौतिकवाद का विस्तार हुआ है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में 80 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र में 87 प्रतिशत अनावश्यक व्यय में वृद्धि हुई।

निष्कर्षत: विज्ञापन एवं उपभोक्ता व्यवहार के मध्य सकारात्मक संबंध होता है। विज्ञापन के समाज पर सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही प्रभाव पड़ते हैं। बच्चों व युवाओं पर विज्ञापनों के सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं। विज्ञापनों के कारण उत्पन्न समस्याऐं भारतीय समाज के अस्तित्व को नष्ट करने का कारण बन रही हैं। अत: आज के भ्रामक, असत्य, अश्लील और निरर्थक आवश्यकताओं को बढ़ावा देने वाले तथा सामाजिक जीवन शैली मूल्यों तथा सांस्कृतियों को विकृत करने वाले विज्ञापनों को नियन्त्रित करना अति आवश्यक है। इसके साथ ही युवाओं को जागरूक करके तथा उपभोक्ता जागरूकता का प्रसार करके विज्ञापनों के नकारात्मक प्रभावों को रोका जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. जैन एस.सी. 2013 ''उपभोक्ता व्यवहार कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
2. गोयल संतोष 2003 जनसंपर्क और विज्ञापन श्री नटराज प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. मालवीय कृष्ण कुमार 2008 आधुनिक विज्ञापन, वीणा प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. डॉ. शर्मा कुमुद 2006 विज्ञापन की दुनिया, प्रभाव प्रकाशन, बैगलूर।
5. डॉ. उपाध्याय ए.के. 2004 दूरदर्शन विज्ञापन का प्रभाव एवं सामाजिक गतिशीलता सामाजिक सहयोग, त्रैमासिक पत्रिका वर्ष 13 अंक 49

****

पंचायती राज लोकतंत्र का सही स्वरूप - (बड़वानी जिले के संदर्भ में)

डॉ. मीनाक्षी पँवार *

प्रस्तावना – भारतीय संविधान में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की अवधारणा तथा इसका सजीव एवं साकार स्वरूप पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से विकसित हुआ। पंचायत पंच+आयत दो शब्दों से मिलकर बना है। जिसका अर्थ पाँच सदस्यों की एक ऐसी संस्था है, जो गांव के लोगों द्वारा निर्वाचित होते है। सीधे शब्दों में पंचायते लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का एक रूप है, जिसमें प्रशासनिक एवं सत्ता के अधिकारों को केन्द्र से गांव को हस्तान्तरित किया गया है।

विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र भारत में अद्यतन आँकड़ों के अनुसार 2,26,108 ग्राम पंचायते, 5736 पंचायत समितियाँ एवं 457 जिला परिषदें काम कर रही है। जिसमें विभिन्न स्तरीय 34 लाख जनप्रतिनिधि कार्यरत है।

पंचायती राज की परिकल्पना एवं स्वरूप वर्तमान की बात नहीं है अपितु इसका इतिहास वैदिक काल से भी पूर्व का है। वैदिक काल में गाँव प्रशासन तथा न्याय की स्वतन्त्र इकाई माने जाते थे। ऋग्वेद में इसका विवेचन मिलता है। विष्णु तथा मनु पुराणों में गांव में राज्य को सबसे छोटी स्वतंत्र इकाई के रूप में स्वीकार किया गया। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी इसका विस्तृत विवरण दिया गया है। रामायण काल की जनपदें वर्तमान पंचायतों का ही विकसित रूप थी। बुद्ध तथा जैन काल में ये स्वायत्त संस्थाएँ इतनी प्रभावषाली रही कि इनका भूमि पर भी अधिकार मान्य था। इसके अपने कानून थे जो सामाजिक व्यवस्था के लिए बनाए गए थे।

मध्ययुगीन ग्राम व्यवस्था में जैसे-जैसे गांवों का विस्तार तथा प्रसार होने लगा, गांव की व्यवस्था तथा न्याय का कार्य समूह के स्थान पर चुने हुए कुछ व्यक्तियों द्वारा किया जाने लगा। पंचायते अपने कानून स्वयं बनाती थी तथा गांवों की सम्पूर्ण व्यवस्था उन्हीं के जिम्मे थी।

गुप्तकाल में विदेशी यात्री मेगस्थनीज, ह्यांग सांग तथा फाय्यान ने पंचायतों की गांव व्यवस्था तथा न्याय व्यवस्था का उल्लेख ग्रामीण जन-जीवन में व्याप्त व्यवस्था के संदर्भ में किया है।

ब्रिटिश काल में ब्रिटिश शासकों ने गांवों का प्रशासन पंचायतों से छीनकर अपने अधिकारियों के हाथों में सौंप दिया।

भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात् ही पंचायतें प्रकाशन में आयी, जब भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में प्रान्तीय सरकारों को यह निर्देश दिये गए कि वे पंचायतों का पुनर्गठन करें तथा उन्हें वे सब अधिकार दे, जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाई बनाने के लिए आवश्यक हो।

मध्यप्रदेश राज्य का निर्माण 1 नवम्बर, 1956 को हुआ। पंचायती राज व्यवस्था को एकरूपता प्रदान करने के उद्देश्य से 'मध्यप्रदेश पंचायत अधिनियम 1962' बनाया गया। इसमें ग्राम स्तर पर यग्राम पंचायत' विकास स्तर पर 'जनपद पंचायत' तथा जिला स्तर पर 'जिला पंचायत' बनाने की व्यवस्था की गई। म.प्र. पंचायत अधिनियम 1962में व्यवहार अनुभव और आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर अनेक संशोधन किए गए। विशालता के कारण यह अधिनियम वृहद और क्लिष्ट महसूस किया जाने लगा, परिणाम स्वरूप नया अधिनियम 'मध्यप्रदेश पंचायत अधिनियम 1981' बनाया गया।

प्रशासकीय विकेन्द्रीकरण की प्रणाली 1 अप्रैल 1991 से लागू हो जाने के बाद कुछ कार्य सीधे राज्य शासन द्वारा संचालित किए गए और शेष कार्य जिला परिषद अथवा जनपद पंचायतों के द्वारा संचालित किये गए। 16 सितम्बर 1991 को 72 वाँ संशोधन विधेयक प्रस्तावित किया, जो संसद की संयुक्त समिति के विचारार्थ भेजा गया। समिति ने इस पर विचार कर अपना प्रतिवेदन जुलाई 1992 में संसद को भेज दिया। इसके पश्चात् 20 अप्रैल, 1993 को इसे राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हो गयी और पुन: क्रमांकित कर उसी वर्ष 24 अप्रैल को यह संविधान (73 वाँ संसोधन) अधिनियम, 1992 के रूप में लागू हो गया। यह संशोधन संविधान में एक नये भाग-भाग XI को जोड़ता है, जिसमें 12 अनुच्छेद- अनुच्छेद 243 से अनुच्छेद 243 डी तक है तथा यह नयी अनुसूची 11वीं अनुसूची को जोड़ता है।

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम क्रमांक 1 सन् 1994 यह स्थानीय प्रशासन और विकासात्मक क्रियाकलापों में पंचायती राज संस्थाओं की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायतों की स्थापना से संबंधित विधि को समेकित और संशोधित करने हेतु अधिनियम है। 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम एक मिल का पत्थर है। इस अधिनियम के द्वारा पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता प्राप्त हो गई।

अध्ययन क्षेत्र – अध्ययन क्षेत्र के लिए मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले का चयन किया गया है। भौगोलिक स्थिति की दृष्टि से बड़वानी जिला मध्यप्रदेश के अंतिम पश्चिमी भाग में स्थित है। जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 3664.68 हेक्टेयर है। बड़वानी जिले की कुल जनसंख्या 1,385,88 तथा जिले की साक्षरता कका प्रतिशत 50.23 है। यह जिला झाबुआ और बस्तर के बाद तीसरे नम्बर पर आदिवासी बहुल जिला है। यह जिला 9 तहसीलों एवं 7 विकासखण्डों में विभाजित है। जिसमें 417 पंचायतें अवस्थित है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र को तैयार करने हेतु गांवों के सरपंच, उप सरपंच, जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष तथा गांवों के जनप्रतिनिधियों के सहयोग और साक्षात्कार अनुसूचित के द्वारा निष्कर्ष प्राप्त कर शोध पत्र में प्रस्तुत किए गए है साथ ही इसके संग्रहण के लिए ग्रन्थों एवं पत्र-पत्रिकाओं का उपयोग कर विश्लेषणात्मक पद्धति का सहारा लिया गया है।

अध्ययन का उद्देश्य – ग्रामीण जन समूह को पंचायतों के माध्यम से प्रजातंत्र

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

की शिक्षा देना तथा उन्हें प्रजातंत्र के सक्रिय नागरिक बनाने की क्षमता प्रदान करना है।, इसके लिए विकास का लाभ सबसे पहले उसको मिलना चाहिए जो सबसे कमजोर, सबसे पीछे और सबसे गरीब हो। समाज के पुनर्निमाण और विकास की योजना सबसे नीचे की सीढ़ी से शुरू होना चाहिए। यदि हम चाहते है कि समाज में सबको समान अवसर प्राप्त हो, समान बढ़े, शोषण और गरीबी समाप्त हो तो विकास का काम अंतिम व्यक्ति से ही प्रारंभ करना होगा।

सर्वोदय का भी यही सिद्धांत है और यह कार्य पंचायती-राज व्यवस्था द्वारा ही प्रभावी रूप से सम्पादित किया जा सकता है।

इस शोध पत्र का एक मात्र उद्देश्य यही है कि हम उन बिन्दुओं को प्राप्त कर सके जिससे उन्हें विकास के लिए नई दिशा प्राप्त हो सके।

पंचायती राज लोकतन्त्र का सही स्वरूप – ग्रामसभा से लोकसभा तक पंचायत राज में विकास का कार्यक्रम सक्षमता की दृष्टि से तीन स्तरों पर इस तरह बाँट दिया गया है कि ग्रामीण आर्थिक विकास का दायित्व सरकार से हटकर जनता की त्रि-स्तरीय लोकतांत्रिक संस्थाओं के हाथ में आ गया है जो लोकसभा से ग्राम सभा तक मिस्त्र के पिरामिड का आकार बनाते हैं। साथ ही पंचायती राज के लोकतात्रिक स्वरूप के बारे में कहा गया है कि 'पंचायती राज में त्रि-स्तरीय तरीका इस तरह अपनाया गया है कि गाँव के समले ग्राम पंचायतें सुलझांएगी, जो उससे सुलझने सम्भव न होंगे, उन्हें पंचायत समिति निपटाएंगी। पंचायत समिति अपने क्षेत्र का काम करेगी, जो उससे न होगा उसे जिला परिषद् के समान रखेगी। जिला परिषद जिले के काम के साथ पंचायत समिति की कठिनाईयों को भी निपटाएगी।'

दूसरी तरफ जिला परिषद् की सलाह पंचायत समितियों को बराबर मिलती रहेगी। पंचायत अपनी सलाह सूचना मंत्रालय को देगी। विधानसभा जो योजना और नीति बनाएगी, जिला परिषद् उन्हें अमल में लाएगी। विधान सभा का लोक सभा से सम्बन्ध है, जो देश के लिए योजना बनाती है। इस प्रकार राज्य सरकार और संसद का सम्बन्ध जुड़ा हआ है। पंचायती राज में ग्रामसभा से विधान सभा और लोकसभा तक विचारों का आदान-प्रदान चलता है।

स्पष्ट है कि उपर्युक्त व्यवस्था से सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर दिया गया है और इस मान्यता को साकार रूप दिया गया है कि विकेन्द्रीकरण और लोकतन्त्र में घनिष्ठ सम्बन्ध है तथा दोनों एक-दूसरे के पूरक है। विख्यात राजनीतिशास्त्री ब्राइस ने लिखा है – 'लोकतन्त्र शासन का वह रूप है, जिसमें राज्याधिकार किसी विशेष श्रेणी के लोगों के को नहीं वरन् समूचे विशेष श्रेणी के लोगों को प्रदान किए जाते हैं।' बलवन्तराय मेहता के अनुसार 'लोकतन्त्र की परिकल्पना यह है कि केवल ऊपर से ही शासन न चलाया जाए, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं का विकास किया जाए। यह तभी सम्भव है, जबकि सक्रियता से वे सरकार के कार्यो में भाग ले। यही सत्ता का विकेन्द्रीकरण अथवा पंचायती राज है।'

इस स्थिति को यों भी रख सकते है कि जिस राज्य में सत्ता का जितना अधिक विस्तार होगा, वह उतना ही अधिक लोक कल्याणकारी राज्य होगा। जब सर्व साधारण के पास अधिकार आएंगे तो वे अपना कर्तव्य पालन भी निष्ठा के साथ करेंगे।

विकेन्द्रित व्यवस्था में जनता अपने विकास और कल्याण कार्यो के लिए शासन पर निर्भर न रहकर स्वयं अपने साधनों से कार्य पूरा करने के लिए तत्पर रहेगी। क्योंकि उसके पास सत्ता होगी, अधिकार होंगे और साथ ही उनके उपयोग की शक्ति भी होगी।

पंचायती राज का त्रिस्तरीय ढ़ाँचा –



निष्कर्ष – गांव के सरपंच, उप सरपंच, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा गांवों के जन प्रतिनिधियों के सहयोग और साक्षात्कार अनुसूची के द्वारा जो निष्कर्ष प्राप्त हुए वह निम्न प्रकार से है :-

1. वर्तमान में पंचायती राज ग्रामवासियों की जीवन पद्धति बनता जा रहा है।
2. पंचायती राज व्यवस्था ने देश के राजनीतिकरण तथा आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
3. पंचायती चुनावों और पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकलापों ने ग्राम्यजीवन में एक नया जागरण पैदा किया है।
4. अब गांव वालों का इस तरह शोषण नहीं किया जा सकता, जिस प्रकार कि पहले महाजन और जमींदार वर्ग करता था।
5. गाँवों में वोट की कीमत समझी जाने लगी है, ग्रामीण जनता की राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ी हैं।
6. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकृत संस्थाएँ स्वशासन की इकाईयों के रूप में विकसित हो रही है।
7. ग्राम नेतृत्व पनपता जा रहा है।
8. गांवों की अवहेलना करना आसान कार्य नहीं रह गया है।
9. गांवों के पिछड़े वर्ग में चेतना आयी है।
10. गांवों की महिलाएँ भी राजनीति कार्यकलापों में भाग लेने लगी है।
11. गांवों में राजनीतिक जागृति के साथ सामाजिक चेतना भी बढ़ी है।
12. गांवों का जागरण राज्य और राष्ट्र के स्तर की राजनीति पर दबाव डालने में सक्षम हुआ है।
13. जातिगत, धर्मगत और अन्य प्रकार के हित स्थानीय दवाब समूह के रूप में प्रकट होने लगे है।
14. पंयायती राज से ग्रामीण जनता को अपने अधिकारों ओर उत्तरदायित्वों के विषयों में नई जानकारी मिलती है।
15. पंचायती राज नई-नई मांगों को जन्म देकर गांवों को आगे बढ़ा रहा है।
16. अब गांव वालों में आत्मविश्वास की भावना जागृत हुई है।

17. पंचायती राज व्यवस्था में कई आवश्यक संशोधन हुए है, जिससे कल्याण की अनेक स्तरीय योजनाएँ अधिक मजबूत होकर गांवों में संचालित होते देखी जा रही है।
18. वर्तमान में पंचायत जन प्रतिनिधियों में यह भावना अधिक बलवती होते देखी गई है कि वह अपने अधिकारों का सम्पूर्ण दोहन करने में पूर्ण दक्ष हुआ है।
19. पंचायती राज व्यवस्था ने जनजातीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
20. जिला ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सी.एस.सी. सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। भारत सरकार ने ई-गवर्नेंस में CSC*. (कॉमन सर्विस सेंटर) इंडिया लिमिटेड कम्पनी का गठन किया है। इसके माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सीएससी. पोर्टल जारी किया है। इसे 52 योजनाओं और अन्य सुविधाओं को ऑनलाईन किया जा रहा है। इससे एमपी ऑन लाईन सेवा को भी जोड़ा है। इसके सहयोग से गांव में 95 तरह की सुविधाओं व योजनाओं का लाभ लेने, ऑनलाईन जानकारी मिलेगी और आवेदन भी किया जा सकेगा।

तहसील के कार्य भी ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे। इसमें सीएससी सेंटर खुलने के बाद इसे पूर्ण रूप से इंटरनेट से जोड़ा जाएगा। पंचायत से ही लोगों को लोक सेवा केन्द्र की जानकारी भी उपलब्ध हो सकेगी। यहां से आय, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा सकेंगे। कृषि सम्बन्धित दस्तावेजों को भी यहीं से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

उपर्युक्त जिला ई-गवर्नेंस के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सुविधा की बात को लेकर ग्रामीणों में चर्चा करने पर देखा कि ग्रामवासियों में इस सुविधा को लेकर काफी उत्साह था।

21. पंचायती राज का प्रारम्भ जनता में आत्म-सहायता की भावना पैदा करने, विकास कार्यक्रमों में जनता को भाग लेने का अवसर प्रदान करने तथा उनमें लोकतांत्रिक विचारों का प्रयास करने हेतु किया गया था, जिसमें पंचायती राज पूर्ण रूप से सफल हुआ है।

यदि हमें पंचायती राज संस्थाओं, अपने ग्रामीणजनों तथा उनके अपने छिपे हुए गुणों का उपयोग करने की क्षमता में विश्वास है तो निश्चित रूप से हमें सफलता मिलेगी। लोकतंत्र में पंचायती राज का महत्व और भी अधिक है क्योंकि राज्य पंचायतों के माध्यम से ही अपने बढ़े हुए उत्तरदायित्वों का निर्वाह करता हैं।

पंचायती राज लोकतांत्रिक देशों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. के.के. शर्मा, भारत में पंचायती राज कॉलेज बुक डिपो, जयपुर, 2009
2. डॉ. मधु राठौड़, पंचायती राज और महिला विकास, पोइन्टर पब्लिषर्स जयपुर, 2010
3. डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, म.प्र. शासन एवं राजनीति, कॉलेज बुक डिपों, जयपुर, 2010
4. विद्यासागर शर्मा, पंचायती राज- भारत में पंचायती प्रणाली के महत्व, इतिहास और वर्तमान स्वरूप का विवेचन, हिन्दुस्तानी एकेडेमी, उ.प्र. इलाहाबाद, 1963
5. नई दुनिया समाचार पत्र।

***सी.एस.सी. (CSC)** - (अब ग्रामीणों को सभी ऑन लाईन सुविधाएँ एक ही जगह कॉमन सर्विस सेन्टर (उडउ) के माध्यम से दी जाएगी। इसी पोर्टल पर ग्रामीणों को पेनकार्ड, आधारकार्ड, पासपोर्ट, टी.वी रिचार्ज, अन्य प्रमाण पत्रों को बनवाने की सुविधाा दी जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को कम्प्यूटर कोर्स, टेलीफिल्म, एनिमेशन कोर्स सहित अन्य विश्वविद्यालयों के ऑनलाईन ओवदन भी भरे जा सकेंगे।)



साभार - नई दुनिया स.प, ग्रामीणों के शासन की योजनाओं की जानकारी देते पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष।

****

भारत में न्यायिक विधायन की बढ़ती प्रवृत्ति का परिसंघात्मक स्वरूप में प्रभाव

विकास कुमार दीक्षित *

शोध सारांश – (भारतीय परिसंधीय व्यवस्था तत्कालीन समय, परिस्थितियों की देन है, जो कि भारत की विविधता, विषमता, अनेकता को एकरूपता, (यूनीफर्मिटी), समानता तथा एकता (इण्टीग्रिटी) में संयोजित करती है। भारत की शीर्ष न्यायपालिका, दिन–प्रतिदिन अपनी विधायन प्रवृत्ति को बढ़ा रही है जिससे संघवाद के सिद्धान्त को आघात पहुँच रहा है तथा यह प्रकृति शक्ति पृथक्करण सिद्धान्त के भी प्रतिकूल है। मद्रास उच्च न्यायालय के राष्ट्रगीत (बंदेमातरम्) तथा सर्वोच्च न्यायालय के राष्ट्रगान सम्बन्धी निर्देशों ने 'परिसंघात्मकता' पर अतिशयोक्ति पूर्ण सक्रियता दिखाकर न्यायिक विधायन को प्रोत्साहित किया है, वहीं विधायिका के विधायन यथा 'राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग, 2014' को शून्य घोषित कर अलोकतांत्रिक कोलॉजियम व्यवस्था को पुनर्जीवित किया है जो 'परिसंधीय व्यवस्था' तथा संसदीय लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है)

प्रस्तावना – भारतीय संविधान का अनुच्छेद प्रथम भारतीय परिसंघवाद की आधारशिला है, जिसके अनुसार 'भारत राज्यों का संघ' घोषित किया गया है। प्राय: विद्धान भारतीय परिसंघात्मकता को लेकर विभिन्न मत–मतान्तर देते रहे यथा डॉ अम्बेडकर ने इस सम्बन्ध में कहा था कि भारत की परिसंघीय व्यवस्था दोहरे राजतंत्र की स्थापना करती है। जिसमें परिसंघ में केन्द्र और परिसर में राज्य संविधान द्धारा स्थापित सीमाओं के अन्तर्गत संप्रभु की शक्तियों से निहित किए गए हैं। (1) इस सम्बन्ध में संविधान सभा में टी0टी0कृष्णामाचारी, (2) के संथानम,(3) एवं एन0वी0गाडगिल (4) ने भारतीय संविधान को परिसंघीय माना हैं। पाश्चात्य विद्धानों यथा के0सी0व्हीयर ने भारतीय परिसंघात्मक व्यवस्था को कनाडा की परिसंघीय व्यवस्था के अनुरूप आभासिक परिसंघ बताया वहीं सर आइवर जेनिंग्स ने 'केन्द्रीय प्रवृत्तियों वाला परिसंघात्मक' (5) राष्ट्र का नाम प्रदान किया है। परिसंघात्मक व्यवस्था को आत्मसात करने के कारण के विषय में डॉ0भीम राव अम्बेडकर ने सत्य ही कहा है कि यह 'समय एवं परिस्थितियों' की देन है। (6)

भारतीय संघ वास्तव में, न किसी संधि का प्रतीक है और न ही समझौता का परिणाम वरन् विविधताओं, विषमताओं तथा अनेकतओं को एकरूपता, समानता तथा एकता में परिणित करने वाला समायोजन है। यह पारंपरिक परिसंघीय व्यवस्था से न केवल भिन्न है, बल्कि अलग है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात क्षेत्रीय असमानता, भाषायी, विभिन्नता, नस्लीय असमानता, भाषायी विविधता को स्वयतत्ता देते हुए एकता एवं अखण्डता की अवधारणा को मूर्ति रूप देने भारतीय संघ का जन्म हुआ। भारतीय संघ में एकीकृत (यूनीफाइड) न्यायपालिका की व्यवस्था है। संविधान निर्माता, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका की स्थापना करना चाहते थे। अत: उन्होंने इसे मौलिक अधिकारों का पोषक तथा संविधान का संरक्षक बनाया।

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय न्यायपालिका का शीर्ष स्तम्भ है तथा उच्च न्यायालयों के साथ यह न केवल मौलिक अधिकारों का संरक्षण करता है बल्कि अभिलेख न्यायालय के कारण विधायन की प्रवृत्ति में तत्पर है। अल्लादि के अय्यर के अनुसार 'भारतीय उच्चतम न्यायालय विश्व के किसी भी परिसंघीय शासन व्यवस्था वाले राष्ट्रों के उच्चतम न्यायालय से अधिक शक्तिशाली है' (7)

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने विनिश्चयों यथा आटोमोबाइल्स प्रति राजस्थान राज्य (8) के बाद में भारत को परिसंघ माना है तथा केशवानंद भारतीय (9) के बाद में इसे (परिसंघात्मकता) को मूल ढॉचे में वर्णित किया है। वास्तव में 'परिसंघात्मकता' स्वयत्तता के सिद्धान्त पर कार्य करती है। इसकी अवधारणा सीमित सरकार का वृहत्तम शासन है, उक्त सिद्धान्त को वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के आम चुनावों के दौरान जनसभाओं में खूब प्रचारित किया था। एकीकृत न्यायपालिका, संघवाद के सिद्धान्त को गौण करती है। तथापि हमारा संविधान एकीकृत न्यायपालिका को संघीय न्यायपालिका के स्थान पर अपनाता है। स्वतंत्र न्यायपालिका, 'संविधानवाद' की संरक्षिका तथा 'संघवाद' की प्रहरी है यह केन्द्र तथा राज्यों के बीच अम्पायर या रेफ्री की तरह व्यवहार करती परन्तु न्यायिक विधायन कार्य सर्वथा वर्जित है तथा निर्वचन (इण्टरप्रेटेशन) न्यायपालिका का मौलिक कार्य है।

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में, जस्टिस पी0एन0 भगवती से लेकर जस्टिस जे0एस0खेहर तक का कार्यकाल कुछ एक अपवादों को छोड़कर इतिहास में न्यायिक सक्रियता या अति सक्रियता का काल खण्ड जाना जाएगा। इस कालखण्ड में न्यायालयों (सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय) ने न केवल विधायन किया वरन् नीति निर्धारण में भी बढ–चढ़कर रूचि दिखाई। और यहीं से प्रारम्भ होता है, न्यायपालिका का कार्यपालिका तथा व्यवस्थापिका के साथ वैनमस्य एवं अन्तर्विभागीय कटुता। आज भारतीय न्यायपालिका का 'न्यायिक सक्रियता' का दर्शन अमेरिकीय पुनर्विलोकन से कोसों आगे जा चुका है, जो परिसंघात्मक संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आघात माना जा सकता है।

भारतीय न्यायपालिका के दो तात्कालिक साहसी विनिश्चयों यथा सर्वोच्च न्यायालय का अभिमत कि सभी सिनेमा घरों में फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व राष्ट्रगान को बजाना व तिरंगा प्रदर्शित करना अनिवार्य है (10) तथा मद्रास उच्च न्यायालय का विनिश्चय कि सभी स्कूलो, कालेजों,सरकारी,

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

अर्द्धसरकारी, निजी प्रतिष्ठानों में राष्ट्रगीत(वंदेमातरम) का गाना अनिवार्य है [11] ने नवीन बहस को जन्म दिया है कि उक्त विनिश्चय भारत के संविधान की परिसंघीय व्यवस्था तथा राज्यों की स्वयत्तता का अतिक्रमण तो नहीं है। यह कार्य नीति निर्धारक कार्य है तथा कार्यपालिका के क्षेत्र का अतिलंघन है, न्यायिक विधायन के कारण व्यवस्थापिका के क्षेत्राधिकार का अतिक्रमण है एवं परिसंघात्मकता को न्यून करने वाला कारक है। अति विनम्रता के साथ निवेदन है कि उक्त दोनों विनिश्चिय न्यायिक प्रकृति के नहीं है।

यद्यपि राष्ट्रवाद किसी भी देश की पहचान, एकता एवं अखण्डता को पोषण देने वाला कारक समझा जा सकता है। परन्तु परिसंघीय व्यवस्था 'सीमित राष्ट्रवाद' के दर्शन को लेकर चलती है। क्षेत्रीय स्वयत्तता, तथा भाषायी स्वतंत्रता परिसंघीय व्यवस्था के स्तम्भ है। अति विनम्रता के साथ निवेदन है कि उक्त कार्य (दोनों उपरोक्त विनिश्चय) नि:संदेह राष्ट्रवाद के संपोषक है परन्तु यदि यह कार्य प्रतिनिधियों पर छोड़ा जाता तो सम्भवत: परिसंघीय संसदात्मक, प्रतिनिधायी लोकतंत्रात्मक शासन प्रणाली के लिए अधिक श्रेय कर होता।

'कानून व्यवस्था' को राज्य सूची (7वीं अनुसूची के अन्तर्गत) में वर्णित है। 'कानून व्यवस्था' से आशय विधि का शासन है तथा इसमें अपराधों की रोकथाम तथा विधि के अतिलंघन पर दण्ड देना भी सम्मिलित है। 'कानून व्यवस्था' में अन्वेषण, जाँच एवं विचारण सभी पहलू सम्मिलित है। राज्य के परिक्षेत्र में कारित अपराधों को दण्ड देने का कार्य उसी राज्य का है, तथा अपराधों का अन्वेषण राज्य नियंत्रित एजेंसी के द्वारा ही सम्भव है, अन्यथा राज्य के स्वायत्तता तथा राष्ट्र के परिसंघात्मकता का कोई उद्देश्य नहीं है।

राज्य सहमति का सिद्धान्त – भारत में संघीय व्यवस्था अपनाए जाने के कारण, राज्य में कारित किसी भी अपराध का अन्वेषण केन्द्रीय अभिकरण द्वारा कराए जाने हेतु सम्बन्धित राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश की सहमति की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम इस सिद्धान्त को मूर्ति रूप में, दिल्ली पुलिस स्पेशल स्टेब्लिसमेण्ट एक्ट 1946 की धारा 6 [12] में होती है। इसके अनुसार बिना राज्य की सहमति के इस विधि के अन्तर्गत कोई भी केन्द्रीय एजेंसी अन्वेषण नहीं कर सकती है। भारत में सी0बी0आई0 इसी कानून से संचालित होती है।

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कई विनिश्चयों में इस अहम परिसंघीय व्यवस्था को दर किनार किया है। यद्यपि उक्त विनिश्चय, पूर्ण न्याय (द कन्सेप्ट ऑफ कम्पलीट जस्टिस) के नैसर्गिक न्याय सिद्धान्त की दृष्टि से सत्य प्रतीत होते हो परन्तु परिसंघात्मकता ऐसे विनिश्चयों से अवश्य कुँठित होती है। विशाल जीत प्रति भारत संघ के वाद में मानवतस्करी तथा बाल यौन अपराधों, की जाँच हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सी0बी0आई0 को निर्देशित किया तथा विनिश्चिय दिया कि 'गम्भीर समाज विरोधी अपराधों ' की सी0बी0आई0 जाँच बिना राज्य की सहमति के बिना किये जा सकते है। उक्त विनिश्चय की अभिपुष्टि स्वयं उच्चतम न्यायालय ने परमजीत कौर बनाम् पंजाब राज्य के वाद में किया।

नंदीग्राम पुलिस फायरिंग, की सी0बी0आई0 जाँच हेतु एक याचिका की सुनवाई के दौरान माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य अन्वेषण एजेंसियों के हाथ से मामला वापस लेकर सी0बी0आई0 अन्वेषण हेतु आदेश पारित किया था, इस मामले में राज्य सहमति के सिद्धान्त की उपेक्षा की गयी थी, इस विनिश्चय को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी, सुनवाई हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक संविधान पीठ का गठन किया जिसमें तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश के0जी0बालाकृष्णन, न्यायमूर्ति आर0वी0रवीन्द्रन, न्यायमूर्ति डी0के0जैन, न्यायमूर्ति पी0सदाशिवम तथा न्यायमूर्ति जे0एस0पंचाल की खण्डपीठ ने निर्णय दिया कि जहाँ राज्य एजेंसियो की भावना संदेहस्पद हो वहाँ बिना 'राज्य की सहमति' के केन्द्रीय एजेंसी को अन्वेषण हेतु आदेश करना सर्वथा उचित है। परन्तु अतिविमम्रता के साथ निवेदन है उक्त विनिश्चिय भी परिसंघात्मकता के सिद्धान्त को कुँठित करता है।

राजनीतिक 'भ्रष्टाचार' पर भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 'राज्य सहमति' के सिद्धान्त की अवधारणा को उपेक्षित किया है। इस परिप्रेक्ष्य में उ0प्र0 के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व उनके पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा अन्य परिवारजनों के आय से अधिक सम्पत्ति [13] वाद को रखा जा सकता है। इस मामले में एक अधिवक्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने एक याचिका माननीय उच्चतम न्यायालय में योजित की कि यादव परिवार के पास आय के ज्ञात स्त्रोंतो से कहीं अधिक सम्पत्ति है तथा अनेको बेनामी सम्पत्तियाँ है की जाँच की जाए, प्रस्तुत मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सी0बी0आई0 को अन्वेषण कर प्रथम दृष्टया रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया इस वाद में भी राज्य सहमति के सिद्धान्त की उपेक्षा की गयी तथा 'राजनीतिक भ्रष्टाचार' पर अंकुश लगाने हेतु 'संघवाद' के सिद्धान्त के अवहेलना की गयी।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह की आय से अधिक सम्पत्ति के वाद पर सी0बी0आई0 जाँच का विरोध करते हुए उनके वकील श्री कपिल सिब्बल ने राज्य सहमति के सिद्धान्त की आवश्यकता पर जोर देते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय में कहा कि केन्द्रीय एजेंसी को राज्य के परिधि के अन्तर्गत किए गए अपराधों का अन्वेषण करने का कोई अधिकार नहीं हे। अन्यथा की स्थिति में देश के संघीय ढाँचे के प्रतिकूल होगा। यद्यपि ऐसे मामले जहाँ राज्य का मुख्यमंत्री स्वयं अपराधी मुख्यमंत्री से वहाँ निष्पक्ष जाँच सम्भव ही नहीं हैं।

यद्यपि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने विनिश्चयों स्वयं के विनिश्चय बी0आर0कपूर बनाम् तमिलनाडु राज्य [14] के वाद में स्पष्ट तौर पर कहा कि संवैधानिक मत, जनमत पर अविभावी होगा, इस मामले में दोष सिद्ध जयललिता के मुख्यमंत्री बनाने के राज्य पाल के निर्णय को सर्वोच्च न्यायालय ने शून्य घोषित कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं परिसंघीय व्यवस्था में संवैधानिक व्यवस्था माना है। परन्तु दिन-प्रतिदिन राज्य सूची के विषयों पर बढ़ती न्यायिक सक्रियता एक चिंतन का विषय अवश्य है, न्यायिक कर्ण्यमता की बढ़ती प्रवृत्ति ने 'परिसंचालक सिद्धान्त' पर आघात अवश्य किया है। इसके दो कारण है प्रथमत: हमने एकीकृत न्याय पालिका अपनायी द्वितीय भारतीय संविधान के कार्यपालिका तथा व्यवस्थापिका का ह्रास, उक्त दोनों अंगों के समुचित ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के कारण अति सक्रिय भूमिका हेतु न्यायपालिका को आगे आना पड़ा।

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्यायिक नियुक्ति आयोग 2014 (99वाँ संविधान संशोधन) को शून्य घोषित करना [15] तथा अलोकतांत्रिक कोलॉजियम व्यवस्था को पुनर्जीवित करना, वास्वतव में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी आक्षेप है। सम्भवत: दुनिया की ऐसी कोई भी व्यवस्था अथवा संस्था इस लोकतांत्रिक युग में अस्तित्व में न होगी जो स्वयं को स्वयं के द्वारा नियुक्त करती हो।

निष्कर्ष – न्यायपालिका की अतिसक्रियता को देखते हुए पूर्व राष्ट्रपति प्रणव

मुखर्जी ने बिल्कुल सही कहा कि 'लोकतंत्र में हमारे सभी अंगो को अपनी सीमाओं में कार्य करना चाहिए तथा अन्य अंगों के कार्य क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए [16] श्री मुखर्जी ने न्यायपालिका को नसीहत दी कि हमारी लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था को संविधान सर्वोच्च है तथा शासन के तीनों अंगो यथा कार्यपालिका, व्यवस्थापिका व न्यायपालिका को अपनी सीमा में कार्य करना चाहिए तथा शक्ति पृथक्करण के सिद्धान्त का सम्मान करना चाहिए। श्री मुखर्जी ने आगे कहा कि न्य ायपालिका को आत्म अनुशासन तथा स्वयं द्वारा अधिरोपित अवरोधों को लागू करना चाहिए ताकि न्यायिक सक्रियता, न्यायिक स्वेच्छा चारिता में न बदल सके।

'परिसंघवाद' का सम्मान, संविधान का सम्मान है, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के दौरान भीड़ जनित हिंसा के प्रश्न पर माननीय संसद सदस्यों के राज्य सभा में एक राय से राज्यों को इस पर कार्यवाही करने के लिए कहा गया तथा कानून व्यवस्था के प्रश्न पर केन्द्र ने तटस्थता दिखाई क्योंकि यही परिसंघवाद का आधार है। न्यायिक विधायन की प्रवृत्ति को सुधांशु रंजन ने, जूडोक्रेसी'[17] कहा है, न्यायिक विधायन 'संविधानवाद' की अवधारणा पर प्रहार है, परिसंघवाद का ह्रास है तथा लोकतंत्र के सिद्धान्त पर कुठाराघात है अत: अतिविनम्रता के साथ निवेदन है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों को इस प्रश्न पर आत्म मंथन अवश्य करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सी0ए0डी0 8, एल0, पृष्ठ 31
2. तत्रैव पृष्ठ 1132
3. तत्रैव पृष्ठ 718
4. के0सी0व्हीअर मार्डन कान्सटीट्यूशन, 1966 पृष्ठ 21,
5. आइवर जेनिंग्स 'समकरैक्टरिस्टक्स ऑफ इण्डियन कांस्टीट्यूशन' पृष्ठ 1
6. डॉ0भीम राव अम्बेडकर का भारतीय संविधान सभा में भाषण दिनांक 25.11.1949 (संविधान एवं संविधान सभा) 1990 लोक सभा सचिवालय द्वारा मुद्रित) पृष्ठ 176
7. अल्लादि के अय्यर 'द कांस्टीट्यूशन एण्ड फण्डामेण्टल राइट्स ' 6:×1 (आल) 835
8. ए0आई0आर0 1962 सु0को01406
9. केशवानंद भारतीय बनाम् भारत संघ, ए0आई0आर0 1973 सु0को0 1461
10. 25 जुलाई 2017 (दि हिन्दू 26 जुलाई 2017)
11. 2 दिसम्बर 2016 (इण्डियन एक्सप्रेस 3 दिसम्बर 2016)
12. 1946 का 25वाँ अधिनियम (19 नवम्बर 1946)
13. विश्वनाथ चतुर्वेदी प्रति भारत संघ एवं अन्य, रिट पिटीशन (सिविल 633 सन् 2005)
14. सुप्रीम कोर्ट केसेज, वॉल्यूम 7 पृष्ठ 2 (14 अक्टबूर 2001)
15. सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकार्ड बनाम् भारत संघ (सु0को0 रिट पिटीशन सिविल) 13 सन् 2015 (16 दिसम्बर 2015)
16. 16 अप्रैल 2017 द हिन्दू
17. सुधांशु रंजन जस्टिस, जूडोक्रेसी एण्ड डेमोक्रेसी इन इण्डिया बाउण्ड्रीज एण्ड ब्रीचेज रट्लेज इण्डिया 2012

****

नवीकरणीय ऊर्जा – भारत के संदर्भ में एक विवेचना

डॉ. समीना खान खटक *

प्रस्तावना – नवीकरणीय ऊर्जा अर्थात भविष्य को नुकसान पहुँचाएं बिना वर्तमान की ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली ऊर्जा के स्त्रोतो का ही नाम हैं – नवीकरणीय ऊर्जा। इस ऊर्जा के स्त्रोतो में सौर, पवन, हाइड्रोजन, जैव, भू–उष्मा, तरंग और ज्वार द्वारा उत्पन्न ऊर्जा शामिल है। हमारे देश में जीवाश्म ईंधन की सीमित उपलब्धता और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को देखते हुऐ नये व ऐसे ऊर्जा स्त्रोतों को तलाशने की आवश्यकता महसूस हुई जो ईको फ्रेन्डली होने के साथ–साथ भविष्य की ऊर्जा की जरूरतों को पूरा कर सके। विगत करीब एक दशक से देश में यह प्रयास किये जा रहे है कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम किया जाये क्योंकि इसका सीधा संबंध कार्बन उत्सर्जन से है, जो पर्यावरण के लिये एक बडा खतरा है। नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतों को बढ़ावा देने से पर्यावरण संरक्षण के साथ – साथ विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।

शहरीकरण की रफ्तार बढ़ने और ग्रामीण इलाकों में सरकार द्वारा विकास की गति को अधिक से अधिक तीव्र करने के प्रयासो के चलते भविष्य में शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में ऊर्जा की अधिक आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति विद्युत खपत 900 यूनिट प्रतिवर्ष है, जबकि विश्व में औसत खपत लगभग 2600 यूनिट प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष है। एक अनुमान के अनुसार भारत में अगले एक दशक में प्रति व्यक्ति विद्युत खपत 2000 यूनिट प्रतिवर्ष को पार कर जाएगी। अत: हमें सस्ती, इको फ्रेन्डली ऊर्जा हेतु जीवाश्म ईंधन की निर्भरता समाप्त करनी होगी। इस दिशा में केन्द्र सरकार ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की स्थापना की है। एक रोड मेप तैयार किया गया है, जिसमें 2030 तक 40 प्रतिशत ऊर्जा का उत्पादन जीवाश्म रहित ईंधन से किया जा सके ताकि कार्बन उत्सर्जन की समस्या से भी निपटा जा सके। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य 2022 तक 175 गीगावाट, रखा गया है। इसमें सौर ऊर्जा से 100 गीगावाट, पवन ऊर्जा से 60 गीगावाट, जैवशक्ति से 10 गीगावाट और लघु पनविद्युत से 5 गीगावाट ऊर्जा उत्पादन शामिल है। यदि यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त होता है, तो भारत अनेक विकसित देशो को पीछे छोड़ते हुऐ विश्व के सबसे बडे हरित ऊर्जा उत्पादको में से एक बन जायेगा।

देश में ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के साथ – साथ सौर ऊर्जा उत्पादन में देश को विश्व के पांच शीर्ष देशों की श्रेणी में लाने के प्रयास किए जा रहे है। हमारे देश में सौर ऊर्जा की प्रति यूनिट उत्पादन की लागत 2014 में कोयला आधारित विद्युत की तुलना में 1.5 गुना कम हो गई है। भारत में सोलर पावर मिशन को बढ़ावा देने की दिशा में वर्ष 2010 में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सोलर मिशन लान्च किया गया था। जिसके तहत 2022 तक देश में 20,000 मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था। वर्तमान सरकार ने इस लक्ष्य को एक लाख मेगावाट कर दिया है।

हाल ही में सरकार ने सोलर शहरो के विकास की भी महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है जिसके तहत देश में ऐसे शहरों का विकास किया जाएगा, जो केवल सौर ऊर्जा से ही संचालित होगे। इस दिशा में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी सहित 50 शहरो को सौर शहरो के रूप में विकसित करने की मंजुरी दे दी है।

हालाकि छोटे स्तर पर सौर ऊर्जा से जो काम हो रहे है, वह बड़े उल्लेखनीय है। मध्यप्रदेश में एक नहीं कई गांव ऐसे हैं, जो घर – घर में सौर ऊर्जा और सोलर लैम्प द्वारा प्रकाश पहुंचा रहा है। बैतुल जिले मे कैसई पहला गांव था जहां सफलतापूर्वक सौर पैनलों का उपयोग करके घर – घर में बिजली पहुंचाई गई। पिछले दिनों मध्यप्रदेश के शहडोल, अनुपपुर और उमरिया जिलों में एक नई पहल शुरू की गई। आई आई टी, मुम्बई की सहायता से छात्रों को ग्रामीण इलाको में सोलर लैम्प वितरित किए गए, जिससे एक पूरा कमरा रात में रोशन किया जा सकता है और इसकी कीमत हैं मात्र 500/। अब मध्यप्रदेश सरकार हर गांव में सोलर पावर स्टेशन बनाने की योजना पर अमल करने जा रही है। जिससे दूर–दराज के गांवो में सस्ती व स्वच्छ बिजली पहुँचाई जा सके। मध्यप्रदेश की तरह दुसरे राज्य भी हरित ऊर्जा की इस मुहिम को आगे बढ़ाने में अपने – अपने स्तर पर प्रयासरत है।

गुजरात ने इस दिशा में बड़ी सफलता प्राप्त की है। इसी प्रकार राजस्थान के रेगिस्तानी और सीमावर्ती इलाको में बदलाव देखा जा सकता है। राजस्थान ने सौर ऊर्जा उत्पादन में गुजरात को पीछे छोडते हुऐ गुजरात के 1000 मेगावाट के उत्पादन से आगे निकलकर 1200 मेगावाट के आसपास पहुंच गया है। पुरा विश्व इन दिनों वैकल्पिक ऊर्जा के तौर – तरीके तलाशने में लगा है, ऐसे में सौर ऊर्जा भारत जैसे देश में भविष्य की ऊर्जा की मांग को पुरा करने में अत्यन्त सस्ता, सुलभ व स्वच्छ विकल्प बनाया जा सकता है।

बिहार जैसे पिछडे राज्यों में सौर ऊर्जा का अपना महत्व है। बिहार का घराई गांव राज्य का पहला सौर ऊर्जा की रोशनी से नहाया हुआ गांव है। इस गांव के पास अपना पावर ग्रिड है। गांव के हर रास्ते व गली में सोलर लाईट के खंभे हे। जिन पर दूधिया रोशनी देने वाले बल्ब लगे है। गांव में 100 किलोवाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। 70 किलोवाट बिजली घरेलू उपयोग हेतु और 30 किलोवाट सिंचाई हेतु उपयोग में ली जाती है। इस प्रकार के उदाहरण आजकल दूसरे राज्यो में भी देखने को मिल जाते हैं फिर वो मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा जैसे उत्तर भारत के राज्य हो या दक्षिण भारत के कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु जैसे राज्य हो।

राज्य सभा में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री पियुष गोयल ने

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय विक्रम महाविद्यालय, खाचरौद, जिला – उज्जैन (म.प्र.) भारत

एक प्रश्न के उत्तर में जानकारी दी कि दिसम्बर 2015 के आरम्भ तक देश भर में कुल मिलाकर एक लाख से अधिक सौर ऊर्जा आधारित पम्प आवंटित किए गए हैं जिसमे से 30 हजार से अधिक चालू भी किये जा चुके है। श्री गोयल के अनुसार कृषि में देश भर में करीब दो अरब लीटर डीजल का उपयोग होता है। एक लाख सौर पम्पों के चालू होने पर इसमें काफी कमी आ जाएगी। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार ने एक योजना और बनाई है, जिसके अंतर्गत राज्य सरकारों के सामने 7-10 वर्ष की वार्षिक किस्त चुकाने का विकल्प दिया गया हैं जबकी फौरी तौर पर केन्द्र सरकार की कम्पन्नी एनर्जी एफीशिंयन्सी सर्विसेज लि. (EESC) वित्तिय सहायता दे सकती है। केन्द्र सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना से यदि सभी राज्य सरकारे जुड़ जाए तो कृषि के कार्यो में डीजल पर निर्भरता समाप्त हो सकती है जिससे पर्यावरण हितेषी वातावरण बनाने में सहायता मिलेगी।

नवीकरणीय ऊर्जा का एक महत्त्वपूर्ण स्त्रोत है - पवन ऊर्जा। भारत में यह एक नया प्रयोग होने के उपरान्त भी इस क्षेत्र में हमारा देश कुल उत्पादन क्षमता और उत्पादन दोनों में विश्व में चौथे स्थान पर है, जो एक उपलब्धि कही जा सकती है। पवन ऊर्जा के विकास हेतु 1990 के दशक में पवन ऊर्जा प्रौद्योगिकी केन्द्र की स्थापना की गई। आज विश्व का दुसरा सबसे बडा विन्ड फार्म तमिलनाडु में स्थापित है। पवन ऊर्जा का भारत के नवीकरण ऊर्जा क्षेत्र में जो महत्व है उसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि फरवरी 2016 तक नवीकरणीय ऊर्जा तैयार करने की जो 39 मेघावाट क्षमता थी। उसमें करीब 25.2 मेघावाट अथवा 65 प्रतिशत हिस्सेदारी पवन ऊर्जा की थी। देश में वर्तमान में बिजली उत्पादन की जो क्षमता है, उसमें 13 प्रतिशत हिस्सेदारी अक्षय ऊर्जा अथवा नवीकरणीय ऊर्जा की है और कुल 8 प्रतिशत क्षमता पवन ऊर्जा की है। देश में तमिलनाडु पवन ऊर्जा क्षमता में सबसे आगे हे। जहाँ 14.15 मेघावाट तक की उत्पादन क्षमता हैं ओर 2016 के अंत में वहां पवन ऊर्जा द्वारा 7.68 मेघावाट बिजली बनाने की क्षमता तैयार भी हो चुकी थी। महाराष्ट्र 4.66 मेघावाट क्षमता के साथ दूसरे स्थान पर हैं तथा गुजरात 4.22 मेघावाट के साथ तीसरे स्थान पर है।

राज्यों में स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता 19.10.2016 तक

राज्य	स्थापित क्षमता (मेगावाट में)
तमिलनाडु	7,684.31
महाराष्ट्र	4,664.08
गुजरात	4,227.31
राजस्थान	4,123.35
कर्नाटक	3,082.45
मध्यप्रदेश	2,288.60
आन्ध्र प्रदेश	1,866.35
तैलन्गाना	98.70
केरेला	43.50
अन्य	4.30

पवन ऊर्जा का स्त्रोत अन्य नवीकरणीय अथवा अक्षय ऊर्जा के स्त्रोत की तरह कभी ना समाप्त होने वाला स्त्रोत है अर्थात जीवाक्ष्य ऊर्जा के सीमित होते जा रहे स्त्रोत के उलट पवन ऊर्जा का स्त्रोत कभी ना समाप्त होने वाला असीमित स्त्रोत है।

भारत सरकार ने 2015 में राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीति को मंजूरी दी जिसके तहत देश की लगभग 7600 कि.मी. लम्बी तटरेखा के किनारे पवन ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना है। इस फैसले से समुद्र के निकट विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में अपतटीय पवन ऊर्जा की योजनाओं, अनुसंधान तथा विकास को बल मिलेगा।

इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत जैसे विशाल विकासशील देश में आने वाले समय में कृषि, उद्योग व घरेलु उपयोग हेतु बिजली की मांग में बेतहाशा वृद्धि होने की सम्भावना है। जीवाश्म ईंधन सीमित मंहगा व पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाला ऊर्जा स्त्रोत होने के कारण हमारे पास नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत के विकल्पों को और अधिक व्यापक, वैज्ञानिक व तीव्र गति से दोहन करने की आवश्यकता है। केन्द्र सरकार राज्य सरकारों के साथ समन्वय व संवाद स्थापित करके इस दिशा में योजनाओं के निर्माण व क्रियान्वन में तीव्र गति से पारदर्शिता के साथ काम करे ताकि आने वाले समय में देश की ऊर्जा की आवश्यकताओं को सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा के साथ पूरा किया जा सके तथा जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को समय रहते समाप्त अथवा न्यूनतम स्तर तक लाया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. योजना, नई दिल्ली।
2. कुरूक्षेत्र, नई दिल्ली।
3. दैनिक भास्कर, उज्जैन।
4. पत्रिका, उज्जैन।

****

छत्तीसगढ़ व नक्सलवाद

डॉ. सुनीला एक्का *

प्रस्तावना – वैचारिक मतभेद दुश्मनी पैदा करता है, चाहे वह मतभेद आर्थिक हो, राजनीतिक हो सामाजिक हो या पारिवारिक हो किसी भी क्षेत्र में अपनी बात को सही मानना तथा 'सभी गलत है' की मानसिकता मनमुटाव पैदा करती है। यही मनमुटाव संघर्ष को जन्म देता है। ऐसी ही मानसिकता नक्सली लोगों की है। ये नक्सली दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और शोषण से मुक्ति दिलाने के नाम पर बने थे और सत्ता हित सरकार और सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों की नींद हराम कर रखे हैं। आज वे स्वयं असुरक्षित है क्योंकि ये नक्सलवादी वनवासियों की सहायता करने से ज्यादा सरकार और स्थानीय लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आये दिन किसी भी व्यक्ति को पकड़कर मार डालना, बेकसूरों को कैद कर लेना, आज आम बात हो गई है। किसी वनवासी के घर को जला डालना, तो प्रशासन से असंतुष्ट होकर बारूदी सुरंग बिछाकर पूरी पुलिस गाड़ी को उड़ाना, सरकारी खजानों को लूटना, यात्रियों से भरी बसों को जंगलों में रोकना, उन्हें लूटना, चुनाव में बूथ लूटना तथा किसी न किसी तरह की हिंसा हमें रोज अखबारों में पहले पेज पर पढ़ने को मिलती है।

नक्सलवाद एक विचारधारा है, जो मुख्यत: वर्ग संघर्ष पर आधारित है। यह पिछड़ों, दलितों व शोषितों को शोषक वर्ग के विरूद्ध किया गया एक सशस्त्र विद्रोह है, जिसका मूल कारण सामाजिक आर्थिक शोषण है।

नक्सलवाद की शुरूआत 1967 में पश्चिम बंगाल राज्य के सिलीगुड़ी जिला के नक्सलवाड़ी नामक स्थान से एक किसान विद्रोह के रूप में हुई थी, जो नेपाल सीमा से तकरीबन 8 कि.मी. दूरी पर स्थित है। इस किसान विद्रोहे के नेता थे कामरेड चारूमजुमदार तथा कामरेड फनु सन्याल। प्रारंभ में इस आंदोलन का स्वरूप सुधारवादी था। इसका उद्देश्य दलितों, पिछड़ों एवं जनजातियों की विभिन्न समस्याओं में सुधार करना था। इस हेतु इस संगठन ने पश्चिम बंगाल के चायबागान के मालिकों व जमींदारों के खिलाफ अपनी वाजिब मजदूरी दर के लिए संघर्ष भी किया। वे चाहते थे कि प्रत्येक व्यक्ति को उचित मात्रा में जमीन मिले। मालिक और मजदूर एक समान हों, इनके बीच का मतभेद समाप्त हो जाए। इस तरह नक्सलवाद कालमार्क्स के विचारों पर आधारित है। नक्सलवाद के जनक चारू मजुमदार के कुछ अनुयायियों ने गरीब और बेरोजगारों को लालच देकर धीरे-धीरे अपना संगठन खड़ा करने में सफलता प्राप्त कर ली। उनका उद्देश्य गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान दिलाना और इसके लिए मालदारों को लूटना तथा विरोध करने वालों को लूटना था, इसे इन्होंने सामाजिक न्याय का नाम दिया था।

छत्तीसगढ़ में नक्सली गतिविधियों का प्रारंभ 1971 में माना जाता है। प्रारंभ में उन्होंने सरकार के खिलाफ भ्रामक प्रचार कर अपने पैर पसारना प्रारंभ किया। इनकी जड़ें तारलागुड़ा, उसूर के साथ-साथ सीमांत आंध्र के गोला पल्ली, कोन्टा, जगरगुण्डा क्षेत्रों में जमती चली गई, यदा-यदा किसी सरकारी अफसर के पिटाई की खबरें आने लगी थी।

शोषण विहिन समाज के निर्माण के लिए उठी यह लोक हितकारी आवाज अपने मूल लक्ष्य से भटककर एक हिंसक, विध्वंसक उग्रवादी संगठन में परिवर्तित हो गई है, जो न केवल छत्तीसगढ़ अपितु मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र और बिहार की प्रशासन व्यवस्था के लिए एक चुनौती बनकर उभरी है।

आज नक्सलवाद का विस्तार छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, कांकेर, राजनांदगांव, सरगुजा, पश्चिमी कोरिया, बस्तर में अपनी पूरी यौवनावस्था में है, जबकि रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ में अपनी शैशवा अवस्था में है, जो अपनी किशोरावस्था की ओर तीव्रतर अग्रसर है। इन क्षेत्रों में नक्सलवाद पिपुल्स वार ग्रुप, एम.सी.सी., सी.पी.आई., एम.आई.सी.एस.एस., आदि विभिन्न नक्सलवादी संगठनों के माध्यम से सक्रिय हैं।

छत्तीसगढ़ शांत और सादगी पसंद लोगों का प्रदेश है, लेकिन नक्सलवाद जैसी उग्रवादी संगठन से इसका यह स्वरूप विकृत सा हो गया है। नक्सलवादी इस शांति पसंद प्रदेश में अपनी योजनाओं को कार्यरूप प्रदान करने के लिए संघम और दलम नामक समूह का निर्माण करते हैं जो 20 से 25 सदस्यों से मिलकर बने होते हैं। प्रत्येक समूह में एक या अधिक महिला सदस्य अवश्य होती है। यह समूह छापामार प्रणाली से कार्य करते हैं। रेंज कमेटी इन समूहों एक ऊपर में प्रभावशाली संस्था है, जो इनमें समन्वय और नियमन का कार्य करती है। छत्तीसगढ़ में सक्रिय इन दलों में अबूझमाड़दलम, कुसरम, दलम, केशकाल दलम, कोण्डगांव दलम, भानुप्रतापपुर दलम, सुकुमार दलम आदि प्रमुख है। प्रत्येक दलम में एक कमाण्डर और एक डिप्टी कमाण्डर होते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य को नक्सली समस्या विरासत में मिली है। आज नक्सलवाद प्रशासन के लिए नासूर बन गया है। आए दिन पुलिस कर्मियों, वन अधिकारियों एवं कर्मियों, व्यापारियों और ठेकेदारों पर नक्सलवादी जत्थों द्वारा प्राणघातक हमले इनकी क्रूरतम रणनीति की पहचान है। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा नक्सली समस्या से ग्रस्त है, बस्तर संभाग के पांचों जिले। बस्तर में वन विभाग, पुलिस और राजस्व के अफसर कर्मचारी अपने जन विरोधी रवैये के कारण आदिवासियों में अलोकप्रिय एवं शत्रुवत् हो चुके थे। सरकारी अफसरों एवं कर्मचारियों ने भोले-भाले मासूम आदिवासियों का जिस प्रकार शोषण व उत्पीड़न किया, जिससे नक्सलियों को आदिवासियों के बीच जमने का मौका मिला। इसके साथ ही सरकार से न्याय न मिलने व सरकार से मुसीबतें मिलने के कारण आदिवासी नक्सलियों को अपना मददगार मानने लगे। आजादी के पांच दशक से अधिक हो चुके हैं, परंतु आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा 50 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाई है। ग्रामीण इलाकों में संचार के साधनों की कमी, गरीबों को रोजगार उपलब्ध

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र) शासकीय अग्रसेन स्नातकोतर महाविद्यालय, बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) भारत

न हो पाना, वन संरक्षण का कड़ा कानून गरीबों का शोषण, पेयजल की अव्यवस्था, बिजली का न होना आदि ऐसे अनेक कारण थे जो नक्सलियों के हित में साबित हुए और नक्सली आदिवासियों के मसीहा बन बैठे।

हालांकि जब-जब सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन आदि बनवाना चाहा, तब-तब नक्सलियों ने इसका विरोध किया। उन्हें बम आदि से तहस-नहस कर दिया, वे कदापि नहीं चाहते थे कि इस क्षेत्र में आवागमन व संचार के आधुनिक साधनों का विस्तार हो। यहां लगाये जाने वाले कारखानों का भी नक्सली हमेशा आदिवासियों और परंपरागत संस्कृति के शोषण व पतन का तर्क देकर विरोध करते रहे हैं।

नक्सलवाद के परिणाम स्वरूप वनवासी सरकार और नक्सलियों के बीच पीस रहा है। निरापराध वनवासी बेमौत मारे जा रहे हैं। ऐसे में न व्यक्ति का विकास हो रहा है न समाज का। ये आदिवासी अपने शोषकों से इतने परेशान हो जाते हैं कि अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेजते है। अत: ये अपने बच्चों को गाय चराने, मछली पकड़ने, चिड़िया पकड़ने, वनोपज संग्रह करने जैसे परंपरागत कार्य करवाते हैं। नक्सलवाद के कारण रोजी-रोटी की समस्या तक खड़ी हो जाती है। दूसरी तरफ सरकारी कर्मचारी भी इन क्षेत्रों में जाने से कतराते हैं। आए दिन पुलिस का अमुक जवान शहीद हो गया, सुनने को मिलता है। तमाम सरकारी योजनाएं भी ठप पड़ जाती हैं। विकास कार्य थम गए हैं। साप्ताहिक बाजार तक नहीं लगते। यहां पर जरूरत की चीजें भी मिलना बंद हो जाती है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सलवाद की समस्या का निराकरण करने की दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। यह एक ऐसी समस्या है, जिसका निवारण जितना जल्द हो उतना ही बेहतर है, क्योंकि नक्सलवाद के माध्यम से आतंक प्रिय ये नक्सलवादी नेता, भोले-भाले आदिवासियों की भावनाओं और विश्वास का अनुचित उपयोग कर रहे हैं। किंतु शासन के इतने प्रयासों के उपरांत भी इस दिशा में आशातीत सफलता नहीं मिल पाई है। इसकी एक वजह यह भी है कि इस कार्य में प्रशासन को स्थानीय लोगों का सहयोग नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का यह असहयोग प्रशासन के प्रति असंतोष तथा नक्सलवादियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने में सबसे बड़ी अड़चन यह है कि नक्सलवादी आम जनता में से ही उपजते हैं। इस कारण ये आम जनता और नक्सलवादियों में अंतर कर पाना एक टेढ़ी खीर है। नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में लोग नक्सलवादियों की सहायता इसलिए ही नहीं करते हैं कि ऐसा न करने पर वे असुरक्षित हो जाएंगे, बल्कि इसलिए भी सहायता करते हैं क्योंकि उनके अपने भी इस गिरोह में शामिल रहते हैं।

जब सन् 2000 में छत्तीसगढ़ का गठन हुआ, तब छत्तीसगढ़ को प्राकृतिक विरासत के साथ नक्सल समस्या भी मिला। नक्सली हिंसा का मुख्य क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र ही है। नक्सली हिंसा के कारण आदिवासी निरीह प्राणी की तरह मारे जा रहे हैं। कभी मुखबिरी के नाम से तो कभी अन्य कारणों जैसे नक्सलियों द्वारा प्रायोजित जन आंदोलन के माध्यम से।

यह एक ऐसी नक्सलवाद है, जिससे होने वाली हिंसा से मृत्यु एक बारगी न होकर तिल-तिलकर अंतहीन दु:खों को सहते हुए होती है। पूरे देश में व्याप्त इन अत्याचारों का समुचित निदान किए बिना नक्सलवाद के उन्मूलन की कल्पना बेईमानी है।

समाधान -

- सर्वप्रथम हमें लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
- लोगों को उनके मौलिक अधिकारों की जानकारी देनी होगी, ताकि वे अपने शोषण के विरूद्ध आवाज उठा सकें।
- नक्सल गतिविधि पर सरकार द्वारा पैनी नजर रखी जावे।
- शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन होना चाहिए, जिससे आदिवासियों को उनका अधिकार मिल सके।
- कुटीर उद्योगों को पुनर्जीवित करने का समुचित प्रयास करना चाहिए।
- नक्सली समस्या के उन्मूलन के प्रति दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का विकास, क्योंकि बिना दृढ़ संकल्प के किसी भी उपलब्धि की आशा नहीं की जा सकती।
- राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा में नक्सलियों को लाने और पुनर्व्यवस्थापन के लिए रोजगार पर विशेष पैकेज की व्यवस्था।
- आजीविका परख एवं सर्वोपलब्ध शिक्षा की व्यवस्था, जिससे सामाजिक विषमताओं पर अंकुश लग सके।

इस समस्या के निदान के लिए लोगों में एक जागरूकता जिसका सूत्रपात प्रशासन के द्वारा ही अपने प्रति लोगों में विश्वास जगाकर किया जाना होगा। नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों का आर्थिक विकास सर्वोपरि प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि लोगों की आर्थिक समस्याएं ही उन्हें नकारात्मक दिशाओं की ओर उन्मुख करती है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कार्यरत् पुलिस कर्मियों को आधुनिक हथियारों और वाहनों से सुसज्जित किया जाना चाहिए। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पक्की सड़क का निर्माण किया जाना चाहिए, ताकि बारूदी सुरंगों से बचा जा सकें साथ ही क्षेत्र का निरीक्षण भी सुगम हो सकें। प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत मानवीय सुविधाओं यथा, शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात व संचार साधनों की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। वन संरक्षण अधिनियम का इस प्रकार से पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आदिवासियों को उनके निस्तार के लिये भूमि व चारा उपलब्ध हो सके। नक्सलवादियों के कल्याणार्थ निर्धारित योजनाओं का क्रियान्वयन स्थानीय बोलियों के माध्यम से संचालित किया जाना चाहिए। इस हेतु संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थानीय बोली सीखने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

प्रशासन को नक्सलवाद से जुड़ नवयुवकों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्हें आत्म समर्पण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उनके पुनर्वास व जीविका की उचित व्यवस्था भी की जानी चाहिए।

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या केवल विधि और व्यवस्था की समस्या नहीं है, अपितु यह सामाजिक एवं आर्थिक विषमता से उत्पन्न क्षेत्रीय पिछड़ेपन की पीड़ा की समस्या है। इस पीड़ा का शीघ्र निदान किया जाना अतिआवश्यक है। इसके लिए न केवल प्रशासन की कार्य योजना को सक्रियता के साथा मूर्त रूप देना होगा, अपितु इस हेतु स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त करने के लिए उनमें प्रशासन के प्रति विश्वास जगाने की भी आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राजकिशोर/वनवासियों का संघर्ष 1995/वाणी प्रकाशन/ पृष्ठ 29, 31, 34
2. डॉ. टी.पी. त्रिपाठी/मानव अधिकार 2014/इलाहाबाद लॉ एजेंसी पब्लिकेशन/पृष्ठ 18, 21, 34
3. चन्द्र विपीन/आधुनिक भारत का इतिहास/पृष्ठ 17, 32, 48

अम्बेडकर दर्शन और नारी

डॉ. मुकेश शारदे *

प्रस्तावना – महिलाओं को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें न्याय दिलाने साथ ही उन्हें पुरूषों के समकक्ष खड़ा करना प्राचीन समय से ही एक चुनौती भरा काम रहा है। डॉ. अम्बेडकर मानव अधिकार के सबसे बड़े चैंपियन के तौर पर उभरे! उन्होंने महिलाओं को उनकी सालों पुरानी दासता भरी पितृसत्तात्मक हिन्दू रूढ़ियों से निजात दिलाने में अहम योगदान दिया। उनका कहना था कि दलितों के साथ महिलाएं भी चतुवर्णीय धर्मशास्त्र की सबसे बड़ी शिकार रही है। स्मृति और शास्त्र लिंग के आधार पर भेदभाव करते है। इसलिए शास्त्रों की पवित्रता को खारिज करना होगा और पुरूषों और महिलाओं को इनकी बाध्यताओं से निजात दिलानी होगी।

डॉ. अम्बेडकर की मान्यता थी कि नारी की प्रगति के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। समाज में नारी की स्थिति को अम्बेडकर समाज की प्रगति का मापदण्ड मानते थे। उनका कहना था कि – 'मैं किसी समाज की प्रगति इस आधार पर मापता हूँ कि उस समाज में नारी ने किस सीमा तक प्रगति की है।' डॉ. अम्बेडकर नारी संगठन के बहुत हिमायती थे, उनका विश्वास था कि यदि एक बार नारी निश्चय कर ले तो समाज की बुराईयों को दूर करने और समाज को सुधारने में वह बहुत कार्य कर सकती है। इसलिए दलितों को कार्य आरम्भ करने से ही डॉ. अम्बेडकर स्त्रियों को साथ लेकर चले। दलित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि आप स्वच्छता से रहना सीखे, सभी प्रकार के दुराचारों से दूर रहे, अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें अपने बच्चों के दिमाग से सभी प्रकार के हीन भावों को दूर करें। डॉ. अम्बेडकर का सोचना था कि समाज की उन्नति के लिए महिलाओं को भी पुरूषों के समान आगे आना चाहिए।'[1] जब तक महिलाओं को सामाजिक समानता का अधिकार प्रदान नहीं किया जाता, आर्थिक क्षेत्र में उनकी भागीदारी का विकास हो नहीं सकता। यदि हम स्त्रियों को आत्मनिर्णय के अधिकार से वंचित करते है तो उससे हमारा राष्ट्रीय आर्थिक विकास अवरूद्ध होता है। वह पति की दासी न होकर उसकी सहभागी है, वह पति की सहकर्मिणी है जो घर के प्रबंध के साथ व्यवसाय का भी प्रबंध भी देखती है। डॉ. अम्बेडकर ने पुरूष और स्त्रियों को आर्थिक समानता प्रदान करने का समर्थन किया है तथा आर्थिक विकास में उनके परस्पर सहयोग पर बल दिया है। शिक्षा तथा आत्म– विकास की दृष्टि से उन्होंने पुरूष और स्त्री में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया है। इस दृष्टि से वे बौद्ध धर्म से अत्यधिक प्रभावित थे, जहाँ दीक्षा, समन्वय तथा अध्ययन आदि की स्वतंत्रता होती है।

डॉ. अम्बेडकर नारी को स्वावलम्बी बनाना चाहते थे। नारी को यदि सामाजिक समानता प्रदान की जाती है, तो इसके लिए आवश्यक है कि उसे आर्थिक दृष्टि से भी स्वतंत्र बनाया जाए। उनकी यह मान्यता थी कि आर्थिक पराधीनता ही महिलाओं के स्वावलम्बी बनने में सबसे बड़ी बाधा है। डॉ. अम्बेडकर ने महिलाओं में भी नेतृत्व का विकास करने के प्रयास किए। शांतिबाई दाड़ी, गीताबाई गायकवाड़ तथा श्रीमती मनोबल शिवराज आदि महिलाओं को आन्दोलन में सम्मिलित करने का श्रेय डॉ. अम्बेडकर को ही है। दलित महिलाओं के जीवन स्तर को उठाने के लिए आवश्यक है कि उन्हें स्वछंद जीवन जीने दिया जाए, दुराचारों से मुक्त किया जाए तथा अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था की जाए। उनकी दूषित मनोवृत्तियों को रोकने के लिए आवश्यकता है कि उन्हें व्यवसाय में भागीदारी बनाया जाए ताकि वे स्वालम्बी हो सकें क्योंकि दलितों की पारिवारिक अर्थव्यवस्था को दूषित प्रवृति के पुरूष नष्ट करते है।

डॉ. अम्बेडकर बाल विवाह पर इस दृष्टि से रोक लगाना चाहते थे कि महिलाओं को आर्थिक जवाबदारी सौंपी जा सके तथा आर्थिक विकास में उनकी सहभागिता को सुनिश्चित किया जा सके। उनकी दृष्टि में गरीबी का मुख्य कारण अधिक सन्तानोत्पति है। इसलिए वे अधिक सन्तान्तोपत्ति को अपराध मानते थे। चूंकि स्त्रियां किसी समाज की प्रगति का दर्पण होती है। भारतीय समाज में बेगारी तथा गरीबी का मूल कारण नारी की उपेक्षा है। आर्थिक विकास का दायित्व जितना पुरूषों का है, उतनी ही महिलाओं की जिम्मेदारी भी है लेकिन महिलाएँ अपने दायित्वों का निर्वाह तभी कर सकती है, जहाँ उन्हें विवाह के पूर्व परामर्शदाता के रूप में तथा विवाह के पश्चात् पति के मित्र तथा सहयोगी प्रबंधक के रूप में स्थान प्राप्त हो।

डॉ. अम्बेडकर का यह निष्कर्ष है कि मनुस्मृति ही नारी स्वतंत्रता, समानता और सम्मान की गिरावट का कारण है। इसकी पुष्टि के लिए उन्होंने मनुस्मृति से उदाहरण देते हुए कहा कि मनु ने नारी को पुरूषाश्रित बनाया है और यह आवश्यक बताया है कि वह पुरूष के सरंक्षण में रहे। बचपन में वह पिता की देख–रेख में पले और बड़ी हो, जवानी में वह पति के संरक्षण में रहे और बुढ़ापे में वह पुत्रों पर निर्भर रहें। परिणामत: वह जन्म से मृत्यु तक पुरूषाधीन रहे। जबकि डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि नारी के बिना पुरूष की बाल्वावस्था असहाय है, युवावस्था आनंदरहित और वृद्धावस्था सांत्वना शुन्य है। मनु ने यहाँ तक कहा कि चाहे बालिका हो या अधेड़ स्त्री परन्तु वह अपने घर में स्वतंत्रतापूर्वक कुछ नहीं कर सकती है। उसे तलाक लेने का अधिकार भी नहीं है। एक बार जिसकी पत्नी हो गई, फिर उसे हमेशा उसके अधीन रहना होगा। डॉ. अम्बेडकर का मानना यह रहा कि मनु ने पुरूष को पूर्ण स्वतंत्र और अधिकार युक्त किया है, जबकि स्त्री को पराधीन तथा अधिकारों से वंचित बना दिया है। उनके मन में यहीं से यह विचार उठा कि नारी को बिना सम्मानीय और स्वतंत्र स्थान दिए भारतीय समाज नहीं उठ सकता क्योंकि मनु के नियम सत्य से दूर रहे है।'[2]

* गेस्ट फैकल्टी (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज, खरगोन (म.प्र.) भारत

जुलाई 1942 में नागपुर की सभा में डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि किसी समाज की प्रगति का अनुमान उस समाज की महिलाओं की प्रगति से लगाया जा सकता है। उनके अनुसार स्त्री वर्ग राजनैतिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में पीछे न रहें। समाज की प्रगति, समृद्धि में स्त्रियों का भी योगदान है। स्त्रियों को सामाजिक, वैधानिक और राजनीतिक स्तर पर पुरूषों के समान ही अधिकार प्राप्त हों और उन्हें हर क्षेत्र में उन्नति के अवसर मिलते रहें, इसके लिए डॉ. अम्बेडकर ने 1927 से 1956 तक सतत् प्रयास किए।

महिला मजदूरों को, विशेषकर खान में काम करने वाली महिला मजदूरों को प्रसूति की सुविधाएं प्राप्त नहीं थी। प्रसूति की अवस्था में उनका काम पर न आना अनुपस्थित माना जाता था और उस अवधि का उन्हें कोई वेतन नहीं दिया जाता था। यह गरीब महिलाओं के साथ अन्याय था। डॉ. अम्बेडकर ने इस अन्याय को दूर करने के लिए खान **'प्रसूति सुविधा अधिनियम 1941'** में संशोधन कराया और उसके द्वारा खान में काम करने वाली महिला मजदूरों को प्रसूति से पूर्व और प्रसूति के पश्चात् अवकाश की सुविधा प्रतिदिन आठ आना की दर से से वेतन के साथ उपलब्ध करवाई। बाद में 1945 में डॉ. अम्बेडकर ने पुन: संशोधन बिल पेश किया और इस सुविधा को और बढ़ाया तथा गर्भावस्था में किसी भी महिला मजदूर के लिए खान के अन्दर जाने पर रोक लगा दी।'(3)

डॉ. अम्बेडकर को नारियों द्वारा अर्जित की गई उन्नति को देखकर खुशी होती थी। डॉ. अम्बेडकर नारी द्वारा पुरूषों की गुलामी करना पसंद नहीं करते थे। वे उन्हें पुरूषों के बराबर का दर्जा देना चाहते थे, इसीलिए वे नहीं चाहते थे कि नारियाँ पुरूषों की गुलामी करें। स्वच्छ रहना सीखे, बुराईयों से दूर रहे, अपने बच्चों को शिक्षा दो, आत्महीनता की भावना से उनको दूर रखों, उन्हें महत्वाकाँक्षी बनाओ, कम उम्र में शादी नहीं करने आदि की सलाह वे नारियों के सशक्तिकरण के लिए देते थे। डॉ. अम्बेडकर विवाह को एक जिम्मेदारी कार्य मानते थे। उनके अनुसार जब तक बच्चें आर्थिक रूप से शादी से उत्पन्न होने वाली जिम्मेदारियों को संभालने में समर्थ नहीं हो, माता-पिता को उन पर शादी एवं परिवार का बोझ नहीं थोपना चाहिए। सबसे बड़ी बात यह है कि जो लड़की शादी करती है, वह अपने पति के समकक्ष खड़ी हो, उससे मित्रता और समानता का दावा करे व उसकी दासी बनने से साफ इनकार कर दे। उनका विश्वास था कि यदि दलित महिलाएं ऐसा करती है तो इससे न केवल उनका वरन् पूरे दलित समाज का सम्मान बढ़ेगा।

हिन्दू कोड में एक पत्नी और एक पति ही एक समय विवाह कर सकते थे। अगर कोई पति अपनी पहली पत्नी के रहते और पत्नी पहले पति के रहते विवाह करे तो उसे कानूनी दण्ड मिलेगा। 'हिन्दू कोड में पति के मर जाने पर हिन्दू स्त्री को पति की सम्पत्ति में उसकी संतान के बराबर हिस्सा या अंश देने का नियम बनाया। पहले हिन्दू धर्म शास्त्रों में विधवा के लिए न तो दूसरी शादी का विधान था और न ही जायदाद में हिस्सा या अंश मिलता था। हिन्दू कोड की कृपा से पिता की मृत्यु के पश्चात् पुत्री को भी भाईयों के बराबर जायदाद का वारिस बना दिया गया था। इसी तरह दत्तक या गोद लेने का अधिकार अपने कुल में से पैदा हुए को ही प्राप्त था, किन्तु कोड के अनुसार किसी भी हिन्दू परिवार में जन्मी लड़की या लड़के को गोद लिया जा सकता था और वह लड़का या लड़की चाहे वह किसी भी हिन्दू जाति के हो, गोद लिए जाने वाले की जायदाद के वारिस बन जाते है। मजे की बात यह थी कि अब न केवल लड़का ही दत्तक बन सकता था, बल्कि लड़की भी दत्तक ली जा सकती थी। यह नियम तो हिन्दू धर्म-शास्त्रों की आज्ञाओं का हनन करने वाला लगता था। वृद्ध माता-पिता के भरण-पोषण की वर्तमान हिन्दू शास्त्रों में कानूनी जिम्मेदारी नहीं थी। केवल लोक-लाज के लिए ही वृद्धो का भरण-पोषण होता था, किन्तु हिन्दू-कोड में यह कानून बना दिया गया है कि ऐसे वृद्धों की औलाद कानूनी तौर पर पालन-पोषण करे।'(4) बाबा साहेब अम्बेडकर ने ब्राम्हण राजा राममोहन रॉय की भांति सती प्रथा की समाप्ति और ब्राम्हण ईश्वरचन्द्र विद्यासागर की तहर हिन्दू विधवा के पुनर्विवाह की एक अछुत होते हुए वकालात की।

निष्कर्षत: यह मानना ही ठीक होगा कि मनु-सिद्धांतों में बंधा हुआ भारतीय समाज ही नारी के पतन का कारण रहा है। डॉ. अम्बेडकर नारी को सम्मानित स्थान दिलाने के लिए संघर्षरत रहे। उनका समग्र चिन्तन भारतीय समाज को जर्जारावस्था से निकालकर स्वस्थ समाज के रूप में ढ़ालने का रहा है। उनके प्रयत्नों की लंबी तथा द्वध्दर्ष-संघर्षपूर्ण गाथा से इस तथ्य की पुष्टि होती है कि उपेक्षितों के मसीहा थे और नारी की गरिमा को पुन: स्थापित करना चाहते थे। भारतीय समाज व भारतीय नारी को ऐसी प्रेरणा व चेतना दी जिसके सहारे एक स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सकती है। उनका लक्ष्य अनुकरणीय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सम्पादक - नागेश्वर राव, गोपालकृष्ण, लेख - सुश्री मेहर सोनी, **'डॉ. अम्बेडकर का चिंतन एवं पुनर्जागरण की आवश्यकता'**, अम्बेडकर पीठ विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, 2008, पृ.सं.08
2. संकलन - मरम्मट - डॉ. अवन्तिका प्रसाद, धावन डॉ. हरिमोहन **'बौद्ध धम्म एवं संस्कृति का अवैदिक समाज पर प्रभाव'**, म.प्र. दलित साहित्य अकादमी उज्जैन, 2001, पृ.सं. 88-89
3. लेख-सोहरोत-अन्जू, सम्पादक - धावन - डॉ. हरिमोहन, **'महिला सशक्तिकरण'**, म.प्र. दलित साहित्य अकादमी-उज्जैन (म.प्र.), 2002, पृ.स. 149-150
4. शास्त्री - सोहनलाल, **'हिन्दू कोड बिल और डॉ. अम्बेडकर'**, सम्यक प्रकाशन नई दिल्ली, 2011, पृ.सं. 51-52

****

आतंकवाद का वैश्वीकरण

डॉ. रजनी दुबे *

प्रस्तावना – आतंकवाद ने वर्तमान काल में विश्वव्यापी रूप धारण कर लिया है एवं विभिन्न आतंकवादी गुटो एवं संगठनों के बीच निरंतर बढ़ने एवं आसानी से पहचाने जाने योग्य संबंध नजर आते है। वह एक दूसरे के क्षेत्रों का प्रयोग नई भर्ती एवं उनके प्रशिक्षण हेतु करते हैं, अवैध हथियार के लेनदेन में संलग्न है,संयुक्त योजनाओं का निर्माण कर सामूहिक रूप से उनका क्रियान्वयन करते हैं तथा एक दूसरे को प्रशासकीय एंव सामरिक सहयोग भी प्रदान करते है।

आतंकवाद के पनपने के कारण अथवा उनके पीछे की वास्तविक सच्चाई चाहे जो हो जैसे –सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन,जातीय राजनीतिक अपेक्षाए,विचारधाराओं का प्रभाव,अथवा कमजोर वर्गो अथवा समुदायों का दमन एवं उत्पीड़न आदि किन्तु यह तथ्य निर्विवाद है कि अब आतंकवाद राष्ट्र की सीमाओं का अतिक्रमण कर राष्ट्रातीत बन चुका है एवं इसमें विश्वव्यापी रूप धारण करने की समस्त क्षमताए मौजद है। अत: यह विशेषज्ञ मत है कि 'आतंकवाद' भौगोलिक दृष्टि से बहुत विस्तृत तथा वैचारिक दृष्टि से विभिन्ता लिये है।[1] हमें आश्चर्यचकित नहीं करता। स्पष्ट है कि निम्न प्रबलता वाला आतंकवाद जैसी गतिविधियां कम लोगों को उपयुक्त लगती है, यह कम खर्चीला अहम को बढ़ाने वाला एवं तात्कालिक लक्ष्य तुरंत प्राप्त करने में सहायक प्रतीत होता है। स्पष्ट तौर पर कहा जावे तो राष्ट्रातीत आतंकवादी गतिविधियां बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रही हैं क्योंकि प्राथमिक रूप से यह भावना प्रबल है कि अपनी आंतरिक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक समस्याओं के समाधान की प्राप्ति या तो आसानी से प्राप्त हो सकने वाले वाहन समर्थन (जो व्यक्ति,सामग्री अथवा विचारधारा के रूप में हो सकता है) से हो सकती है अथवा किसी विकसित देश में विकासशील देशों के हितों के विरूद्ध किसी बड़ी आंतकवादी घटना को अंजाम देने से हो सकती है। एक प्रकार से देखा जावे तो संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद के इस स्वरूप को उसी समय स्वीकार कर लिया था जब उसने 24 अक्टूबर 1970 को निम्न प्रस्ताव पारित किया 'प्रत्येक राष्ट का यह कर्त्तव्य है कि वह अन्य राष्ट्रों के विरूद्ध ग्रहसंघर्ष अथवा आतंकवादी कृत्यों के संबंध में सहायता अथवा अथवा सहभागिता से अपने को दूर रखे एंव अपने राष्ट्र की सीमाओं को बढ़ावा देती हैं। को अपना मूक समर्थन न प्रदान करें।'[2] यह अन्य बात है कि ऐसे निर्णय सिर्फ विधान पुस्तकों तक ही सीमित रहते है एवं उनका अनुशीलन एवं क्रियान्वयन शायद हो किया जाता है।

सही मायनों में आतंकवाद ने वर्तमान काल में विश्वव्यापी रूप धारण कर लिया है एवं विभिन्न आतंकवादी गुटों एवं संगठनों के बीच निरंतर बढ़ने एवं आसानी से पहचाने जाने योग्य संबंध नजर आते है। वह एक दूसरे के क्षेत्रों का प्रयोग नई भर्ती एवं उनके प्रशिक्षण हेतु करते है, अवैध हथियारों के लेन देन में संलग्न है। संयुक्त योजनाओं का निर्माण कर सामूहिक रूप से उनका क्रियान्वयन करते है तथा एक दूसरे को सामरिक सहयोग भी प्रदान करते है। विभिन्न देशों के आतंकवादी गुटों के बीच अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की सीमा इजराइल के लार्ड हवाई अड्डे के सामूहिक नरसंहार में देखी जा सकती है। उक्त कृत्य में संलग्न आतंकवादी जापान के थे उनका प्रशिक्षण कोरिया में हुआ था, हथियारों की खरीद इटली में की गई थी तथा आर्थिक सहायता, समर्थन एवं सहानभूति अरब देशों की थी। आतंकवादी गतिविधियों के इस वैश्वीकरण की विडम्बना इस तथ्य में निहित है कि यह सब कुछ बहुत न केवल आपस में विद्वेष रखने वाले राष्ट्रों एवं सरकारो के खुले समर्थन बल्कि वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में हुई तकनीकी उन्नति से भी बहुत सरल बना दिया है। बहुत देखा गया है कि आतंकी गुट अपने आतंकवादी कृत्यों के नियोजन एवं अंजाम देने में जिन वैज्ञानिक तकनीकों का सहारा लेते है। वह सरकारी मशीनरी से एक कदम उन्नत ही होती है।

अगर हम फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन की गतिविधियों लंदन में लीबिया एवं इराक के आतंकवादी कृत्य,पेरिस में यहूदी धर्म स्थल पर आतंकवादी हमला, नीदरलैंड में दक्षिणी मुलाकन की गतिविधियां एवं लीबिया के विरोद्ध 1986 में अमेरिका का हवाई हमला जैसी घटनाओं पर नजर डालें तो आतंकवाद हमें अपने विश्वव्यापी रूप में नजर आवेगा। विशेषज्ञ मतानुसार सूडान वर्तमान समय में आतंकवादियों का सुरक्षित आश्रय स्थल बन गया है।

राष्ट्रातीत आतंकवाद का शिकार शांत हिमालय की गोद में बसा भूटान भी हो गया है। 7 नवम्बर 1998 को राजधानी थिंपू के चागलीमिठान स्टेडियम में हुये बम विस्फोट ने वहां के अधिकारियों को चिंता में डाल दिया। जांच करने पर वहां के शासन ने पाया कि यह घटना उन छोटी–छोटी आतंकवादी कृत्यों से जुड़ी हुई थी। जिनका प्रारंभ अस्सी के दशक के उत्तरार्द्ध में भूटान के दक्षिणी हिस्से से हुआ था।

आतंकवाद के वैश्वीकरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण उत्तरदायी कारण मादक पदार्थो का अवैध व्यापार है। इस तथ्य के बावजूत भी कि मादक द्रव्यों के व्यापारियों का प्राथमिक उद्धेश्य सरलतम तरीके से जल्द से जल्द पैसा कमाना है एवं इनके और आतंकवादियों के क्रियाकलापों के मध्य प्रगटन कोई संबंध नजर नहीं आता या इस हेतु गहन खोजबीन की जरूरत होती है, तथापि दोनों के बीच सांकेतिक संबंधों के लेकर अब कोई संदेश नहीं रह गया है। आतंकवाद एवं मादक द्रव्यों के अवैध व्यापार के बीच यह अपकारी विवाद विश्वव्यापी अराजकता हेतु एक नहीं बल्कि अनेक कारणों से उत्तरदायी है। इन दोनों के बीच का संबंध अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं पर ज्यादा प्रखर नजर आता है,जहां एक के क्षरा आधार प्रदान किया जाता हैं तथा

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

दूसरा उसे सुरक्षा कवच देता है।

आतंकवाद को और अधिक शक्ति देने वाला मादक व्यापार का जुड़वा भाई अवैध हथियारों का व्यापार है। तथाकथित हथियारों के बाजार जैसे डारा' एवं लांदीकोटाल में पाए जाते है। मध्य पूर्व के कुछ देशों मे भी क्रियाशील है तथा अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवादियों के लिए 'मक्का' के समान है। आतंकवाद में मादक प्रदार्थो एवं अवैध हथियारों की भूमिका पर सबसे प्रमाणिक दस्तावेज अमरीकी खुफिया ऐजेंसी 'सीआईए' की 'पाकिस्तान में हेरोइन शीर्षक वाली अध्ययन रिर्पाट है।[3] यह रिर्पाट बतलाती है कि किस प्रकार पाकिस्तान की खुफिया ऐजेंसी 'आई.एस.आई' ने अमरीकी सहायता बंद होने पर अफगानी विरोधी गुटों को मादक पदार्थो के व्यापार की अनुमति दी। इसमें यह भी कहा गया है कि आई एस आई के अधिकारियों के भी व्यक्तिगत रूप से इस व्यापार में सलग्न होने की जानकारी प्राप्त हुई तथा भारत में भेजे जाने वाले आतंकवादी मादक द्रव्यों के इस व्यापार से हुई आय से आर्थिक मदद पाते है। संयुक्त राष्ट्र की 1987 की एक अन्य रिर्पाट से स्पष्ट होता है कि कतिपय सुरक्षा ऐजेसिंयों के गुप्त सहयोग से चल रहे अवैध मादक द्रव्य व्यापार एवं अवैध हथियार सौदों में संलग्न गुटों की गतिविधियाँ अन्तर्राष्ट्रीय चिंता का विषय है। उक्त रिपार्ट में अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद को मादक पदार्थ के अवैध उत्पादन एवं तस्करी तथा हथियारों के अवैध व्यापार से जोड़ा गया है।

उपरोक्त वर्णित तथ्य आंतकवाद के बदलते स्वरूप की कहानी प्रगट करते है। संभवत: इसी वजह से वाल्टर लाकर जो संयुक्त राज्य अमेरिका के सामारिक एवं अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन केन्द्र की अन्तर्राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष है ने कहा है कि 'आतंकवाद अपने लम्बें इतिहास में कई रूपों में प्रगट हुआ,वर्तमान में समाज एक नहीं बल्कि अनेकों आतंकवाद का सामना कर रहा है।[4] सूचना क्रांति के इस नये युग में 'इन्टरनेंट' पर उपलब्ध मेल आर्डर के प्लाग्ज' कट्टरपंथियों को आकर्षित कर रहे है, जहां से वह तत्काल उपलब्ध एवं बहुत सस्ती दरों पर पारंपरिक तथा गैर पारंपरिक तथा दोनों ही तरह के हथियार खरीद सकते है। अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवादियों क्षरा 21 वीं सदी में परमाणु एवं जैविक हथियारों के प्रयोग की सम्भावना पर वाल्टर लाकर का मत है कि तकनीकी कठिनाईयों को देखते हुए रसायनिक हथियारों के प्रयोग को देखते हुए शस्त्रों के उपयोग की संभावना बहुत कम है तथा जैविक हथियारों के प्रयोग के प्रयास की संभावना बिल्कुल नगण्य है। लेकिन लाकर चेतावनी देते है कि 'तकनीक पाने की कठिनाइयों से पार पाया जा सकता है,तथा गैर परम्परागत हथियारों का चयन अन्तत: आतंकवादियों की विशिष्टता बन जाएगी एवं यही बात उन्हें उस घातक तकनीक के प्राप्ति के मार्ग तक ले जा सकती है।[5] वर्तमान समाज,लाकर के अनुसार एक नये किस्म के आतंकवाद का शिकार हो सकता है। वर्तमान काल की विकसित समाज सूचनाओं के संगृहण पुन: प्राप्ति,विश्लेषण एवं प्रसारण हेतु 'इलैक्ट्रानिक' तंत्र पर पूर्णत: आश्रित है। रक्षा पुलिस बल, व्यापार,परिवाहन,वैज्ञानिक, शोध जैसे क्षेत्रों के कार्य तथा बड़ी संख्या में सरकारी तथा 'प्रायवेट सैक्टर' का कार्य संपादन 'ऑन लाईन' होता है। इस प्रकार राष्ट्रीय जीवन के बड़े एवं महत्त्वपूर्ण क्षेंत्र शरारत एवं गड़बड़ी हेतु किसी भी 'कम्प्यूटर हेकर' के लिए खुले है तथा गड़बड़ी करने वाले किसी संगठित समूह के क्षमतावान एंव कुशल 'हेकर ' क्षरा किसी संगठित समूह के क्षमतावान एवं कुशल 'हेकर'द्वारा किसी राष्ट्र को अक्रियाशील करने मे क्षण भर की भी देरी नहीं लगेगी। इस प्रकार लाकर निकट भविष्य में 'इन्फोटेरिज्म' और 'साइबर युद्ध' जैसे खतरों की ओर संकेत देते है।[6] पूर्ण 'सूचनायुद्ध आतंकवाद का सबसे भयानक स्वरूप होगा जिसका सामना वर्तमान समाज को करना है। आतंकवाद के वैश्वीकरण का सही 'मॉडल' होगा एवं धरती अथवा आकाश की किसी भी राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं का सम्मान नहीं करेगा। इक्कीसवीं सदी का मानव जाति को आकांत करने वाले आतंकवादियों के दिनोदिन बढ़ते कौशल एवं अभिप्राय को खोजने एवं समझने हेतु हमें नवीन एवं बुद्धिमान विधियों एवं तरीकों की आवश्यकता है।इस संदर्भ में उन्नीसवीं सदी के रूकी विचारक वेलिसंकी का यह कथन सारगंर्भिम है कि मानव समाज की मुक्ति सिर्फ (वास्तविक) सभ्यता,शिक्षा एवं मानवीयता में निहित है,इस हेतु न तो प्रार्थना की जरूरत है ओर न ही उपदेशों की लोगों के भावों में मानव गरिमा की जागृति ही इसका एकमात्र उपाय है।[7]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डी'सी.नाथ 'ग्लोबलइजेशन आफ टेररिज्म' टेरेरिज्म द ग्लोबल पर्सपेकिटव द्वारा आर.एस. नारंगई (नई दिल्ली कनिष्क प्रकाशन,2001) पेज- 37
2. डी'सी.नाथ 'ग्लोबलइजेशन आफ टेररिज्म' टेरेरिज्म द ग्लोबल पर्सपेकिटव द्वारा आर.एस. नारंगई (नई दिल्ली कनिष्क प्रकाशन,2001) पेज- 38
3. डी'सी.नाथ 'ग्लोबलइजेशन आफ टेररिज्म' टेरेरिज्म द ग्लोबल पर्सपेकिटव द्वारा आर.एस. नारंगई (नई दिल्ली कनिष्क प्रकाशन,2001) पेज- 40
4. लाकर, पेज- 118
5. लाकर,पेज- 121
6. लाकर पेज- 122
7. लाकर पेज- 124
8. डी'सी.नाथ 'ग्लोबलइजेशन आफ टेररिज्म' टेरेरिज्म द ग्लोबल पर्सपेकिटव द्वारा आर.एस. नारंगई (नई दिल्ली कनिष्क प्रकाशन,2001) पेज- 43
9. डी'सी.नाथ 'ग्लोबलइजेशन आफ टेररिज्म' टेरेरिज्म द ग्लोबल पर्सपेकिटव द्वारा आर.एस. नारंगई (नई दिल्ली कनिष्क प्रकाशन,2001) पेज- 75
10. डॉ. निशांत सिंह,अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद (नई दिल्ली:समय प्रकाशन,2002) पेज- 23

****

प्राकृतिक व्यवस्था एवं मानव विकास की संकल्पना

डॉ. जी.एस. वास्कले *

प्रस्तावना – विश्व प्राकृतिक व्यवस्था, राष्ट्रीय एवं मानवीय व्यवस्था में रहकर मानव विकास पर सन् 1990 के दशक में सतत् मानव विकास की संकल्पना दुनिया के देशों ने अपने लक्ष्यों में शामिल की हैं। जिसके लक्ष्य आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनितिक विकास की नीति अपनाकर प्राप्त किए जा सकते हैं। परंतु सतत् मानव विकास की संकल्पना पर्यावरण और प्राकृतिक व्यवस्था से जुड़ी संकल्पना हैं, क्योंकि मानव इतिहास में प्राकृतिक परिवर्तन समय-समय पर विश्व के देशों में होते रहे हैं और मानव ऐसे प्राकृतिक परिवर्तन से सदैव प्रभावित होते रहा हैं। फिर भी सतत् मानव विकास की संकल्पना, वह विकास की संकल्पना हैं , जो हमेशा चिरस्थायी रही हैं, क्योंकि इसके सामान्य सिद्धातों में **'वर्तमान पीढ़ी को भविष्य की पीढी की योग्यता से कोई समझौता किए बिना अपनी आवश्यकता पूरी करनी चाहिए। जिससे भविष्य की पीढ़ी भी अपनी आवश्यकता पूरी कर सकें तथा विकास होता रहे।'**

विश्व के पश्चिमी देशों में अपनाया जा रहा विकास-बाजार प्रेरित मार्ग था, और दूसरी तरफ साम्यवादी देशों द्वारा अपनाया जा रहा है, विकास-केन्द्रीय आर्थिक नियोजन था। विश्व के विकास का एक मध्य मार्ग भी था जिसके अनुसार बाजार और निजी तथा सरकारी क्षेत्रों के राज्य मिश्रण का समन्वित योग था, जो कि हमारे जैसे देशों में अपनाया जा रहा हैं। इसके अलावा भी विकास के अन्य प्रतिमान भी विश्व के देशों में निर्धारित किए गए हैं, जो अपनी-अपनी प्रकृति एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाए गए।

प्रकृति का सर्वमान्य नियम परिर्वतन है और विश्व के देश किसी भी दृष्टिकोण से मानव विकास की दिशा में प्रयासरत् हैं तथा भारत जैसे देशों के नागरिक सतत् विकास एवं परिर्वतन के साथ सामंजस्य में रहकर बेहतर जीवन व्यतीत करने की संकल्पना को अनवरत रूप से महत्व देते आ रहे हैं। इसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, मानव विकास, उन्नति, पूर्ण रोजगार, आय की विषमताओं में कमी, निर्धनता और अभावग्रस्तता का उन्मूलन, सामाजिक न्याय, महिला शिक्षा व सषक्तिकरण आदि सहित उन्नति को स्पष्टत: विकास के लक्ष्यों के प्रमुख घटक के रूप स्वीकार किया गया।

यद्यपि दुनिया के अधिकतर लोग संयुक्त राष्ट्र को शांति और सुरक्षा देने वाला संगठन मानते हैं, लेकिन सच तो यह हैं कि इस संगठन के साधनों का बहुत बड़ा भाग-सतत मानव की संकल्पना में लगा हुआ हैं- **'उच्चतर जीवन स्तर पूर्ण रोजगार तथा आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति व सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करने संबंधी संकल्प को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित हैं।'** संयुक्त राष्ट्र के विकास प्रयासों ने संसार भर के करोड़ों लोगों के जीवन तथा उनकी सुख-समृद्धि को गहराई से प्रभावित किया हैं। संयुक्त राष्ट्र की कोशिशों का पथ-प्रदर्शन यह विश्वास ही कर रहा है कि संसार भर में सब कहीं लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक सम्पन्नता आश्वासित हो जाने पर ही स्थायी अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा संभव हो सकती हैं। सतत् विकास ही विश्व के देशों एवं लोगों को शांति तथा सुरक्षा दे सकता हैं इसीलिए संयुक्त राष्ट्र भी इस सतत् विकास की संकल्पना का सार्थक करने में प्रकृतिजन्य परिवर्तनों के साथ पर्यावरण को ध्यान में रखते हुऐं सतत विकास की दिशा में प्रयासरत् हैं तथा विकास को विश्वव्यापी प्रोत्साहन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास क्रार्यक्रम विकासशील देशों की विकास एजेंसी बना हुआ हैं। इसका नेटवर्क 166 देशों में लोगों को अपनी मदद आप करने में सहायता के लिए जमीनी कार्य करता हैं। विश्व के देशों को इन चुनौतियों के समाधान के निमार्ण एवं सहभागिता में सहायता करना इस कार्यक्रम का लक्ष्य हैं।

इनकी चुनौतियाँ इस प्रकार हैं- लोकतांत्रिक शासन, गरीबी घटाना, संकट निरोध और पुनरुत्थान, चाहे वह आतंकवाद या हिंसात्मक संघर्षो से उपजा हो, या प्राकृतिक विपत्तियों से ऊर्जा, पर्यावरण, एक टिकाऊ विकास, सूचना और संचार तकनीकी, बीमारी एड्स की रोकथाम आदि प्रत्येक क्षेत्र में मानव विकास मानव अधिकार के संरक्षण, विशेषकर महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण की पैरवी करता हैं।

सतत् विकास के लिए हाल के वर्षो में शिक्षा के क्षेत्र में जबर्दस्त प्रगति की गई हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई हैं लेकिन 11 करोड़ 50 लाख से भी अधिक बच्चों की जिनमें से लगभग 56 प्रतिशत विकासशील देशों की लड़कियाँ है, प्राथमिक शाला तक भी पहुँची नहीं है और अनेक बच्चे जो स्कूल जाना भी शुरु करते हैं, गरीबी या पारिवारिक सामाजिक दबाव के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ने पर विवश हो जाते हैं। साक्षरता के विशाल प्रयासों के बावजूद लगभग 86 करोड़ 20 लाख वयस्क निरक्षर ही बने हुए हैं। इनमें से दो तिहाई स्त्रियाँ है।

विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र दशक (वर्ष 2003 से 2012) इस ज्वलंत विषय पर ज्यादा ध्यान आकर्षित करता है। विभिन्न प्रकार के शोधों से पता चलता है कि शिक्षा की प्राप्ति और समुन्नत समाज सूचकों के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध है, क्योंकि स्त्रियों पर पढ़ाई का एक विशेष गुणात्मक प्रभाव पड़ता है जैसे-एक शिक्षित स्त्री स्वस्थ होगी, उसके बच्चे भी कम होगें तथा घरेलू आय वृद्धि के लिए उसके पास अधिक अवसर होंगे। इसके फलस्वरुप उसके बच्चों की मृत्युदर भी निम्न होगी, उन्हें बेहतर पोषण आहार मिलेगा और कुल मिलाकर उनकी तन्दरुस्ती होगी। इसी कारण अनेक संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के शिक्षा कार्यक्रमों में लड़कियों और स्त्रियों पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया गया है।

* शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेंधवा (म.प्र.) भारत

मानव सतत् विकास की संकल्पना सार्थक तब ही हो सकती हैं, जब विश्व की आधी आबादी महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह प्राकृतिक सत्य के अधिक नजदीक सही प्रतीत होता है। सतत् विकास की दिशा में सामाजिक विकास का आर्थिक विकास के साथ अटूट सम्बन्ध है। संयुक्त राष्ट्र ने भी विकास के सामाजिक पक्ष पर जोर दिया है ताकि सभी लोगों के लिए बेहतर जीवन का उद्देश्य समस्त विकास प्रयत्नों का केन्द्रीय लक्ष्य बना रहें। सभी के सतत् विकास के लिए 1990 के वर्ष से बड़े-बड़े विश्व सम्मेलन आयोजित किए गए जो कि निम्नानुसार है –

- सभी के लिए शिक्षा पर विश्व सम्मेलन– 1990 जोमतीन थाईलैंड।
- बच्चों के लिए विश्व शिखर सम्मेलन– 1990 न्यूयार्क।
- पोषण पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन– 1992 रोम।
- पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन– 1992 रियो-द्-जनेरियों।
- मानव अधिकार पर विश्व सम्मेलन– 1993 वियना।
- जनसंख्या एवं विकास पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन– 1994 काहिरा।
- लघुद्धीप विकासशील राज्यों के टिकाऊ विकास पर सम्मेलन– 1994 बारबोउस।
- सामाजिक विकास के निमित्त-विश्व शिखर सम्मेलन 1995 कोपेनहेगन।
- महिलाओं पर चतुर्थ विश्व सम्मेलन-समानता, विकास और शांति के लिए कार्य– 1995 बिजिंग।
- मानव पर्यावरण सम्मेलन– 1996 इस्तांबल।
- विश्व खाद्य शिखर सम्मेलन– 1996 रोम।
- विश्व शिक्षा मंच– 2000 उकार।
- न्यूनतम विकसित देशों के लिए सम्मेलन– 2001 ब्रुसेल्स।
- नस्लवाद के विरुद्ध विश्व सम्मेलन– 2001 उरबन।
- विकास के लिए वित्त पोषण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– 2002 मानटेरी।
- वृद्धावस्था पर द्वितीय विश्व सम्मेलन– 2002 मैंड्रिड।
- टिकाऊ विकास के लिए विश्व शिखर सम्मेलन– 2002 जोहांसबर्ग।

मानव विकास की संकल्पना को सार्थक करने के लिए विश्व स्तर पर अनेक सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को अंजाम देकर मानव विकास के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न स्तरों पर कार्य करके विकास की दिशा में सतत् प्रयास किये जाते रहे हैं परन्तु पर्यावरण एवं प्रकृतिजन्य आपदाए एवं विपत्तियाँ भी समय-समय पर मानव विकास को अवरोधित करती रही हैं। फिर भी मानव विकास की दिशा में विश्व के देश सतत् प्रयत्न करते हैं और परिवर्तन के नियम को सार्थक कर सतत् मानव विकास की संकल्पना को सार्थकता की ओर अग्रसित कर रहे हैं। इससे निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि प्रकृति में परिवर्तन होते रहेंगे और सतत् मानव विकास भी समयानुसार होता ही रहेंगा, क्योंकि प्रकृति और परमात्मा का विधान कभी गलत नहीं हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. फड़िया, डॉ. बी. एल. – अन्तर्राष्ट्रीय कानून, साहित्य प्रकाशन, आगरा।
2. फड़िया, डॉ. बी. एल. – अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, साहित्य प्रकाशन, आगरा।
3. फड़िया, डॉ. बी. एल. – समकालीन राजनीतिक मुद्दें, साहित्य प्रकाशन, आगरा।
4. जैन, डॉ. पुखराज – राजनीतिक सिद्धान्त, साहित्य प्रकाशन, आगरा।
5. संयुक्त राष्ट्र संघ चार्टर।
6. स्वविवेक पर आधारित।

****

स्वतंत्र भारत के विकास में महिलाओं का योगदान एवं चुनौतियां (विविध क्षेत्रों में योगदान एवं चुनौतियां)

कृष्ण कुमार गुप्ता *

प्रस्तावना – भारत एक विशाल देश है, जिसमें अनेक विविधताएं हैं। हिन्द महासागर के शीर्ष पर स्थित भारत न केवल एशिया महाद्धीप का बल्कि विश्व का एक अति महत्वपूर्ण व अति प्राचीन देश है। पूर्व में भारत को सोने की चिड़िया कह कर पुकारा जाता था। आज भारत उड़ता हुआ, जगता हुआ, सदी–सदी का सबसे तेज विकास करने वाला राष्ट्र है। यहां अकूट खनिज संसाधन तो है ही उसे बड़ी संसाधन मानव संसाधन भारत की है। जिसमें पुरुश के साथ महिलाएं भी शामिल है, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते, परिवार को सहेजते हुए देश के विकास में अपना चहुंमुखी योगदान प्रदान कर रहे हैं। भारत में 1991 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 84.63 करोड़ थी, इनमें पुरुषों की संख्या 43.923 करोड़ तथा महिलाओं की 40.707 करोड़ थी। 2001 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 102.70 करोड़ थी। इसमें 53.12 करोड़ पुरुष व 49.57 करोड़ स्त्रियां हैं। आज भारत में पुरुषों एवं महिलाओं का अनुपात 1000:933 है। स्त्री साक्षरता प्रतिशत 54 है।

महिलाओं का विविध क्षेत्रों में योगदान – भारत में महिलाएं अब सभी तरह की गतिविधियों जैसे– राजनीति, मीडिया, कला–संस्कृति, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, विज्ञान, अंतरिक्ष, खेल एवं प्रौद्योगिकी आदि में हिस्सा एवं भूमिका महत्वपूर्ण है, जिनमें–

कला एवं संस्कृति– लता मंगेश्कर भारत की स्वर कोकिला, स्वर सामग्री के नाम से मशहूर तथा आशा भोंसले गायिका संगीत कला जगत के क्षितिज में भारत को नई पहचान दी है। इसके अलावा एम.एस.सुब्बुलक्ष्मी, गंगवाई हंगल शामिल हैं। ऐश्वर्या राय जैसी अभिनेत्रियां जो मिसवर्ल्ड रही है उन्होंने भारत का मान पूरी दुनिया में बढ़ाया। आंजोली इला मेनन चित्रकारी की अद्भूत कारीगारी में अपना योगदान स्वतंत्र भारत के विकास में दिया।

खेल– भारत में खेल परिदृश्य को बुलंदी दिलाने में भारतीय महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान है। भारत की प्रसिद्ध महिला खिलाड़ियों में पी.टी.उषा(दौड़), जे.जे.शोभा (एथलेटिक्स) कुंजरानी देवी, कर्णम मल्हेश्वरी(भारोत्तोलन), झूलन गोस्वामी(क्रिकेट), साइना नेहवाल (बैडमिंटन), सानिया मिर्जा(टेनिस), कोनेरुहम्पी(शतरंज), मेरीकॉम (बॉक्सिंग), सब्बा अंजुम(हॉकी), ओलंपिक पदक जितने वाले भारतीय महिलाएं जो स्वतंत्र भारत के विकास में अपना सबल भागिदारी दे रहे हैं।

राजनीति– भारत में पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से दस लाख से भी अधिक महिलाओं ने सक्रिय रुप से राजनीतिक जीवन में प्रवेश किया है। स्वतंत्र भारत में कुछ ऐसे सशक्त महिलाएं हुई जो अपने दम पर राजनीति के क्षेत्र में देश को चहुंमुखी विकास दिया। इनमें तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जो दुनियां की सबसे लंबे समय तक सेवारत महिला प्रधानमंत्री है। भारत की पहली महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी तो विश्व की सशक्त महिलाओं में शामिल हैं।

साहित्य– भारतीय साहित्य जगत में कई ऐसी सुप्रसिद्ध लेखिकाएं, कवित्रियां और कथा–लेखिकाएं हुई हैं, जिन्होंने देश को नया आयाम दिया– जिनमें शामिल हैं– सरोजनी नायडू (भारत कोकिला), कमला सुरैया, शोभा डे, अरुधंति राय, अनिता देसाई।

वाणिज्य एवं प्रौद्योगिकी – 2013 अक्टूबर, नवम्बर में भारत की लगभग आधे बैंक व वित्त उद्योग की अध्यक्षता महिलाओं की हाथ में थी, जिन्होंने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना अमुल्य योगदान देकर स्वतंत्र भारत के विकास में अपना अमुल्य योगदान दिया।

अंतरिक्ष – भारतीय मूल के सुनीता विलियम्स, कल्पना चांवला ने अंतरिक्ष में चहल–कदमी कर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में चिन्हित कराया जिससे स्वतंत्र भारत का नाम, विश्वपटल पर और भी स्पष्ट हो गया कि आने वाला समय हम सब भारतीयों का है।

महिलाओं का विविध क्षेत्रों में चुनौतियां – ऐसा माना जाता है कि जहां अच्छाईयां होती है, वहां बुराईयां भी होती हैं। सफलता असफलता की पूरक होती हैं। इस क्रम में जहां विकास होती वहां कई चुनौतियां भी मौजूद रहती हैं। ये चुनौतियां इस प्रकार देखी जाती हैं–

यौन उत्पीड़न – 1990 में महिलाओं के विरुद्ध दर्ज की गई अपराधों की कुल संख्या का आधा हिस्सा कार्य स्थल पर छेड़छाड़ और उत्पीड़न से संबंधित थी। हाल ही में निर्भया केस यौन उत्पीड़न का जीता जागता सबूत जो देश के विकास में बाधा व समाज के सामने बड़ी चुनौतियां के रुप में होती है।

दहेज प्रथा– देश की प्रमुख चुनौतियों में दहेज प्रथा एक भयंकर कोढ़ की तरह है। जो लाडला की हद को अवैमनस्यता को दर्शाता है। 1985 में दहेज निषेध नियमों का हवाला दिया गया, कई ऐसे कानून को जिससे दहेज प्रथा का परिचालन चलन बंद हो, पर ऐसा कम ही देखने को मिला। यह भी देश की प्रगति में बाधक रुप लेते हुए चुनौतियों से कम नहीं है।

बाल विवाह– भारत में बाल विवाह परंपरागत रुप से चली आ रही है। यह प्रथा आज भी जारी है। हालांकि 1860 में बालविवाह को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। परंतु आज भी यह एक आम प्रथा किसी चुनौतियों से कम नहीं।

कन्या भ्रूण हत्या और लिंग के अनुसार गर्भपात– भारत में शादी किए हुए जोड़े का बेटा पाने की चाहत में बेटी को उसके गर्भ में ही नष्ट कर देना गर्भपात, कन्या भ्रूण हत्या है। भारत जैसे विकासशील देश में विकास की सबसे बड़ी चुनौतियों में कन्या भ्रूण हत्या और गर्भपात है।

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) शासकीय वि.या.ता.स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) भारत

मानव तस्करी– 1956 में पारित अनैतिक तस्करी(रोक) अधिनियम था। परंतु कहीं न कहीं अज्ञानता, बेरोजगारी के कारण मानव तस्करी के मामले आए दिन देखने को मिलते हैं। ये भी बहुत बड़े चुनौतियां है।

घरेलू हिंसा– घरेलू हिंसा कानून,2005 से महिलाओं का संरक्षण 26 अक्टूबर 2006 को अस्तित्व में आया, फिर भी आज हम देखते हैं महिलाएं कहीं न कहीं किसी वजह से घरेलू हिंसा का शिकार बनती हैं। ये भी देश के विकास में सबसे बड़ी चुनौतियां है।

सुझाव– स्वतंत्र भारत के विकास को महिलाओं के सन्दर्भ में जोड़कर देखें तो पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में देश की प्रगति का ग्राफ बढ़ा है, उसमें महिलाओं का भरपूर योगदान रहा है। चुनौतियां विकास के आडे आती ही हैं, लेकिन चुनौतियों में ही कहीं न कहीं छिपी होती है विकास। अगर हम उपरोक्त चुनौतियों का सामना कर लेते हैं, तो हमारा स्वतंत्र भारत फिर से 'सोने की चिड़िया' बन सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. इन्टरनेट से प्राप्त।
2. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

History of Indigenous Inventions & Innovations

Dr. Aditi Pitaniya *

Abstract - Whenever we talk about Indigenous or Tribal traditional Knowledge we cannot overlook or steer away from Indigenous art and innovation which evolved without any help of a Hi-tech Lab. The skill with which the Indigenous people of India are able to sustain their livelihood is not only unique but utilitarian also. In other words, it's very practical and useful in daily life. Each of their product or art signifies their love and respect towards Mother Nature. In a way, they show gratitude for each of the thing they take from nature in making their living. This sentiment has often resulted in continuance of Tribal inhabited areas as less or low polluted areas in terms of Air/Chemical pollution in India. Most of the products made by the Indigenous people are eco-friendly these are either made from Trees or plant parts. In fact, these people silently teach everyone of the modern individual to be nature conservationist which is the call of the day.
Keywords - Indigenous, Inventions, Innovations, India, nature conservation etc.

Introduction - Many Native Inventions are created by the Indigenous people that are still in use today. Soon after the arrival of Columbus, detailed descriptions of the inventions of Indigenous Peoples began to make their way back to Europe. Not satisfied that "adivasi or savages" would be able to generate such innovation, rumors began to spread that most of the inventions were made by the modern races, Christians or Israelites. Such rumors still exist today and in fact continue to be discussed by archeologists. But all of this aside, indigenous cultures have created thousands upon thousands of innovations that are in use today in the most modern of practices, be it a tub of popcorn at the movies, the administering of medicines with surgical precision or the removal of tartar from teeth in modern dentistry. In order to give some more credit where credit is due to our ancestral innovators, here are some Native inventions and innovations that changed the world. These are but a few examples of indigenous ingenuity, but highlighting them serves to unveil yet another facet of hidden history.

'Innovation is nothing but invention added into implementation or commercialization'. While invention is described as the first occurrence of an idea for a new product or process, innovation is the first attempt to carry it out into practice. The emphasis here is on the 'newness' of the idea. Innovation creates new value rather than new knowledge. Innovation is not science or technology. It is about business. Innovations are, generally classified into three broad categories, ie.; incremental innovations, new-to-the-market/society innovations and breakthrough Innovations. Most innovations take place incrementally. Innovation can occur from the bottom-up or be sponsored from the top-down. Each approach will have its strengths and limitations (Gaynor 2002).

Innovation depends on four major elements: resources, infrastructure, culture and process. Innovation cannot take place if any of these four elements are missing. All four are equally important. Innovation encompasses three overlapping dimensions, which are –individual, team/teams (including you), and the organization/group. The individual/ you will be the centre of the entire process of innovation, as only an individual will have new ideas. But taking ideas to market involves team work, for, one person cannot do it on his/her own. One needs to combine several different types of knowledge, capabilities, skills and resources to convert invention/idea into innovation. The leader of the team here plays a key role to effectively coordinate this process to achieve the goal/tasks. The personality of the organization/group, known commonly as culture, plays a vital role in innovation. The innovation process generally falls under three major phases that are; generating ideas, harvesting ideas and developing and implementing these ideas. The common factor in these three phases is teamwork – synergy amongst the group. 'Innovation is about action, it isn't about perfection.' believes IDEO (Gaynor 2002), (Kelley and Littman 2004), (Adair 2003).

Indigenous Inventions & Innovations

1. Syringes, or Hypodermic Needles - In 1853, Scotsman Alexander Wood was credited with inventing the syringe. But, it has been recorded that in pre-Columbian times, South American Indians used a type of syringe made from sharpened hollow bird bones. They used to attach hollow bird bones to small bladders to inject medicine, irrigate wounds or even clean ears. Additionally, Indigenous healers also used larger and similar instruments for enemas.

* **Asst. Professor, Centre for Excellence for Indigenous Knowledge, Tribal Integrated Study and Digital Translation Technology, Indira Gandhi National Tribal University (IGNTU), Amarkantak (M.P.) INDIA**

2. Oral Contraception - An oral contraceptive is a substance taken usually as pills or tablets, by mouth to prevent pregnancy. Instances of Indian women taking such substances date back to the 1700s, more than 200 years before the creation of a man-made substance by western medicine. One of the herbs used was Abres precatories (Ghunghachi or Ratti, white in colour). Basically a root, it is taken orally in powdered form or as a paste. The Indigenous Healers recommend a teaspoonful after menstruation for three to five days to prevent pregnancy.

3. Cigarette - A Maya man is shown smoking a roll of tobacco leaves tied with string on a 1,000-year-old pottery vessel found in Guatemala. The Maya word for smoking was sikkar, which became the Spanish word cigarro. Likewise, British had learned from Indians how to cultivate tobacco. In India, one can easily find a roll of tobacco leaves tied with string used for smoking; commonly known as Bidi or Biri.

4. Pest Control - To combat insects such as lice infestation, the Indigenous people of Central India, for example, washed their hair in a hot infusion made from sweetroot., Indigenous people also used a hot infusion made from Azadirchta indica (Kadwa neem) or leaves of Anona squmosa (Sitafal or Chhitafal) in India. They also sprinkled ashes on their crops to thwart or squash bugs. They also used ground buffalo gourd to fend off garden pests, and Inca cotton farmers planted lemon verbena and burned it as a pesticide.

5. Machia - It is an Indigenous traditional Indian low seat or chair with symmetrical weavings. The colours are usually off white/white/cream, depending upon the material used for weaving. These Machia are attractive and utilitarian. They bring life into any seating area. These were the easy replacement of Sofa sets in the rural India.

6. Khatola or Khatoliya - It is a small bed made from the ropes of Bagai grass or Mova or Moa grass. This open patterned woven daybed is basically a traditional Indigenous daybed. It can be used it as a place to meditate, relax, or simply dry your delicate laundry. This ethical piece is comprised of Sal/Sheesham wood from replanted forests and rope made from jute or Bagai grass or Mova or Moa grass. Made by skilled artisans, pieces may slightly vary, adding to the overall special beauty of each.

It is versatile for use in the living room as a day bed or bench, or in the bedroom as an ottoman.

7. Pavsul or Pahsul - Large size sickle used for cutting hard skin fruits like jackfruit or leafy vegetables. It is also useful for cutting chicken/goat etc. it is easy to use and the art of cutting can be learnt through it if practiced properly. It was an easy replacement for modern knife.

8. Pharmaceuticals - In the United States, North American Indians have medicinal uses for 2,564 plant species. The All India Coordinated Research Project credits Indigenous communities with the knowledge of 9000 plant species out of which 7500 are used for human healing and veterinary health care. Dental care products like datun, roots and condiments like turmeric used in cooking and ointments are also tribal discoveries. Ayurvedic cures for arthritis, diabetes and night blindness owe their origin to the tribal knowledge.

9. Godna or Tatto Art - The tribal or Indigenous people are known worldwide for sporting the latest trend i.e. Tatto art on the body parts. This art dates back to the primitive age where indigenous people marked their body with interesting designs which they intend to take with them in the afterlife when they died. These tattoos vary according to the Tribes or the message they carry. In Central India, the Indigenous people known for having interesting tattoos all over their body are the Baigas.

10. Petroleum Collection and Extraction - The discovery of Petroleum or oil in the United States is usually credited to Edwin L. Drake, who drilled an oil well in Pennsylvania in 1859. But it is a known fact that Native Americans sunk pits into the ground more than 400 years ago in the Oil Creek Flats of Pennsylvania. These 15 to 20 feet deep pits were walled with vertical timbers that had been cut with stone axes. Many historians like J.A. Caldwell who wrote about the oil pits assumed the work was done by a race of people who occupied the country prior to the advance of the Indian tribes. However, the French general Montcalm, traveling to Fort Duquesne in 1750, said he observed the Seneca and other Iroquoian Indians set fire to the oil that seeped from the ground for ceremonial fires. They also slathered protective lotion (like petroleum jelly) onto their skin.

11. Musical Instruments - Some of the musical instruments which were invented by the Tribals in India are as follows –

1. Gudum
2. Nagada
3. Timki
4. Turhi

Tribals also use many things for Agriculture and related purposes ranging from sowing to grinding of seeds. The Indigenous people are also known for products like Pattal-Dona (Plate and Bowl) which are along the line of nature conservation.

Indigenous Innovations – A Way Ahead - Indigenous innovations can aid developing nations embark on a cumulative path of positive growth; thereby helping them join the ranks of the more advanced nations. Local challenges and opportunities that are as varied as the individual communities themselves provide great opportunities to stimulate economic growth by capitalizing on the local knowledge and resources residing in the communities. 'One style of innovation that really works in a country as large and diverse as ours is grassroots innovations: this includes inventions for a milieu that is quintessentially Indian. … they are critical to how Indian ingenuity can be directly used to transform our circumstances, in ways that elite corporate research laboratories never can' wrote Arindam Banerji (Banerji

2004).

The need to promote indigenous innovations as evolving alternatives to development has now been well recognized. In China, the government introduced a fifteen years plan that primarily focuses on its urgent need for expanding its capacity to create "indigenous innovations". The plan, known as "National Medium and Long Term Program for Scientific and Technological Development" was introduced in the year 2006. It identifies innovation as a new national strategy for China to advance into the ranks of innovative countries by 2020. Although the industrial sector in China is burgeoning, much of this it is low value-added, labour intensive manufacturing. Majority of the industries are large multinationals owned by foreign companies, or the state-owned corporations. Realizing the urgent need to stimulate cutting-edge indigenous innovations, so as to reduce the dependence on foreign technology, the plan aims to foster smaller, entrepreneurial companies, because they are the drivers of innovation. The term 'Indigenous Innovations' is translated by them as "independent, self-reliant, and indigenous", one that combines three distinct elements: original, or genuinely new; integrated, or combining existing technologies in new ways; and assimilated, or making improvements to imported technologies.

The Need for Revitalization - Indigenous knowledge, also referred to as traditional or local knowledge, is embedded in the community and is unique to a given culture, location or society. The term refers to the large body of knowledge and skills (Indigenous Knowledge Systems and Practices/ IKSP, Indigenous Technological Knowledge/ITK) that has been developed outside the formal educational system, and that enables communities to survive. The dominance of the western knowledge system has largely led to a prevailing situation in which indigenous knowledge is ignored and neglected. It is therefore easy to forget that, over many centuries, human beings have been producing knowledge and strategies enabling them to survive in a balanced relation with their natural and social environment.

As IK is closely related to survival and subsistence, it provides a basis for local-level decision making in:

1. Food security
2. Human and animal health
3. Education
4. Natural resource management
5. Various other community-based activities

References :-

1. Gaynor, Gerard. 2002. Innovation by Design: What it takes to Keep Your Company on the Cutting Edge. New York: AMACOM.
2. Adair, A. 1996. Effective Innovation: How to stay ahead of the competition. London: Pan Books.
3. Kelley, Tom, and Jonathan Littman. 2004. The Art of Innovation: Lessons in Creativity from IDEO, America's Leading Design Firm. London: Profile Books.
4. Banerji, Arindam. 2004. Innovation: Where Has India Succeeded And Failed. Rediff.Com, (August 12),Http://Www.Rediff.Com/Money/2004/Aug/12ariban.Htm.
5. https://indiancountrymedianetwork.com/history/traditional-societies/10-native-inventions-and-innovations-that-changed-the-world/

****

Unique Architecture of Ancient Payer Temple of Kashmir

Sabeen Ahmad Sofi *

Abstract - The purpose of the present paper is to identify the well-known architecture of such elegant temple. Ancient Kashmir is splendid and wonderful ruins demonstrate that the ancient Kashmiri's were great architects and produced a beautiful and impressive temple architectural style, and distinct as compared of other parts of India. The ancient architecture of Kashmir possess some unique features in many aspects because Kashmiri architects used many own styles, designs and techniques as well as local material from base to the top for the construction of their temples . In this paper study is based on theoretically and historical understanding and examination of data, archeological materials and other sources which throws light about the developments of the temple.
Key words - Architecture, techniques, sloping knoll, shade, walnut, glimpses, charming.

Introduction - Payer is situated about 19 miles towards the south of Srinagar[1] and is famous for a smallest and is among the most elegant, and also one of the most modern examples of the style.[2] The temple is located at the sloping knoll on which it stands, the cool shade of a clump of walnut trees, and the cheerful brook running at the foot of the slop, form a charming setting to a temple which would be dwarfed by scenery of a grander scale.[3] The identification of the temple with the temple of Narendrasvami, built by Narendraditya circa A.D.483-490, proposed by General Cunningham.[4] The temple consists of ten stones only and the four corners being each a single stone.[5]

As per the local folklore, ''there were five temples in payar village built by pandavas.[five brothers described in epic Hindu text Mahabharata] one day it happened some enemy launched an attack against the pandavas to capture the temples. The pandavas decide to lift them away from payar village to some safer place .their mother ascended to the top of the table land with a drum. To keep a vigil an enemy and alarm her sons by beating the drum. Once on the table land she fell asleep and drum fell from her hands, it rolled down the plateau generating a huge sound which alarmed the pandava brothers .the pandava sensed danger. They lifted up four temples. This one was left to stand in payar as they forgot to lift it in haste.''

The temple stands on moulded platform and is dedicated to Vishnu as surya or the sun god.[6]It is about nine feet square and about six feet high, both in its exterior and interior.[7] The temple is open on all the four sides and approached by steps from on the east side.[8]

Inside the cupola is radiated so as to represent the sun,and each corner of the square the space intervening between the angle and the line of the circle is filled by a celestial attendant who seems to be sporting at the edge of its rays.[9] The roof has been partly displaced,which is said to have been the result of an attempt made by the pathans to take it down and remove it to the city.[10] The shrine has four doorways each crowned by trefoils surmounted by pediments .[11] The niche on the eastern front gate depicts lakulisa with his four disciples, the deity is seated across legged on a wicker seat.[12] The northern niche depicts bhairava,Shiva in the form of bhairava kill the elephant demon nila.[13] The western niche depicts dancing Shiva in high relief,six armed Shiva carries trident and khatvanga and dances to the tune of male drummer and female flute player.[14] The southern niche depicts three headed Shiva, the central image of Shiva is having Aghora on its right and Uma on its left side.[15] The ceiling of the temple carved out of single stone block is dome shaped and the interior is still occupied by a large stone lingam.[16]

In the interior the walls are plain, but the roof is hollowed out into a hemispherical dome of which the center is decorated by an expanded lotus flower.[17] The stones in the doorways and roof are engraved depicting various figures of Shiva and some animals such as geese, bull, elephant and decorative bands could also be seen.[18] The cult image of the Payer Temple is a Shiva linga, which has an octagonal base.[19]

Conclusion - In conclusion we can say, that Kashmir is a heaven for the artist with a romantic temperament, the stone architecture added its attraction. Ancient temple architecture of Kashmir represents a tradition of its own and some unique features in many aspects because Kashmir since antiquity has been functioning as a cultural bridge between India on the one hand and central Asia, Gandhara , Egyptian etc on the other hand. Consequently ancient temple

*Research Scholar, Department of History, R.D.V.V., Jabalpur (M.P.) INDIA

architecture of Kashmir was greatly influenced by the art of these foreign countries very much. This is the reason that the great ancient Kashmiri architects created a distinct temple architectureeffected by both India as well as central Asian art style. Payer temple is simple, attractive and impressive but smaller in size than templesin other parts of India.

References :-

1. Lawrence, R. Walter, the valley of Kashmir, London, [1895] p.176
2. Fergusson, James, History of Indian and Eastern Architecture, London, [1891] p.294
3. Morison, Margaret cotter, A Lonely summer in Kashmir, London [1904] p.18
4. Kak, R.C. Ancient Monuments of Kashmir, London, [1953] p. 126
5. Lawrence R. Walter, the Valley of Kashmir, London, [1895] P.176
6. M.D. W.Wakefield, The Happy Valley: Sketches of Kashmir and the Kashmiris, London, [1879] .p.241
7. Ibid, p. 241.
8. Kak, R.C. Ancient monuments of Kashmir, London, [1953].p.126
9. Lawrence R. Walter, The Valley of Kashmir, London, [1895] P. 176
10. Ibid, p.176.
11. Kak, R.C. Ancient Monuments of Kashmir, London, [1953] p. 126.
12. Ibid, p.126.
13. Ibid, p.127.
14. Ibid, p.127.
15. Ibid, p. 127.
16. Koul Anand , Archaeological Remains in kashmir.p.47.
17. Kak, R.C. Ancient Monuments of Kashmir, London, [1953] p.176
18. Lawrence R. Walter, the valley of Kashmir, London, [1895] p.176
19. Kak, R.C. Ancient Monuments of Kashmir, London, [1953] p.126



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में पूँजीपति वर्ग की भूमिका

पंकज कुमार मिश्र *

शोध सारांश – हमारे देश के स्वाधीनता आन्दोलन में पूँजीपति वर्ग की एक महत्वपूर्ण भूमिका थी। यह वर्ग ऐसा था जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ मिलकर राष्ट्रीय आन्दोलन की धार को तेज करने का कार्य कर रहा था। आन्दोलन के दिग्गज नेताओं ने इन्हें प्रश्रय प्रदान कर रखा था। समय के बदलाव के साथ ही इस वर्ग की नीतियों में भी परिवर्तन हुए परन्तु कुल मिलाकर यह वर्ग आंदोलन के उद्देश्यों की पूर्ति करता हुआ दिखायी देता है। यद्यपि इस पर विभिन्न प्रकार के आरोप भी लगे परन्तु यह अपने मूल उद्देश्यों से कभी पीछे नही हटा तथा जन, धन एंव बल से स्वाधीनता संग्राम को पल्लवित ही करता रहा।

प्रस्तावना – भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के विकास में भारतीय पूँजीपति वर्ग की अहम भूमिका थी। अधिकतर पूँजीपतियों ने अपनी एक विशेष पहचान बना ली थी तथा वे खुलकर राष्ट्रीय आन्दोलन का साथ दे रहे थे। इन पूँजीपतियों की श्रेणी में **जमनालाल बजाज, बडीलाल लल्लू भाई मेहता, सैमुएल ऐरो, लाला शंकर लाल** इत्यादि के नाम उल्लेखनीय हैं। कुछ ऐसे भी लोग थे, जो आंदोलन में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं थे परन्तु परोक्ष रूप से वे राष्ट्रीय आन्दोलन के विकास में योगदान करते थे। **घनश्याम दास बिड़ला, अंबालाल साराभाई और बालचंद हीराचंद** के नाम इसी श्रेणी में आते हैं।

औपनिवेशिक शासन में भारतीय पूँजीपति वर्ग का काफी ठोस विकास हुआ था तथा अन्य उपनिवेशों की तुलना में यह बहुत कुछ भिन्न था। भारतीय पूँजीवाद का विकास 19वीं शताब्दी के मध्य में शुरू हुआ था। भारतीय पूँजीवाद का आधार स्वतंत्र था। दूसरी तरफ भारतीय पूँजीवादी वर्ग साम्राज्यवादी हितों का पोषण करने के लिए बाध्य भी नहीं था। पूँजीवादियों ने अपने मशहूर **'बाम्बे प्लान'** (1944–1945) में बड़े पैमाने पर भूमि सुधार और उत्पादन,वित्त और विपणन के क्षेत्र में सहकारी पद्धति लागू करने की भी मॉग प्रस्तुत की थी। इस प्लान की सहमति पर **जे0 आर0 डी0 टाटा, घनश्यामदास, बिड़ला, आर्देशिर दलाल, श्रीराम, कस्तूर भाई लाल भाई, ए0 डी0 श्रॉफ तथा जॉन मथाई** के दस्तखत थे। सन् 1914 से 1947 के मध्य पूँजीपति वर्ग का विकास हुआ। सन् 1920 के बाद अधिकतर क्षेत्रों पर भारतीयों का ही कब्जा था तथा हालात ऐसे हो गए कि देशी बाजार का 72–73 प्रतिशत तक भारतीयों के पास ही था। एक रिपोर्ट के अनुसार संगठित बैंकिग क्षेत्र की कुल जमा राशि का 80 प्रतिशत भारतीय उद्यमियों का ही था। औपनिवेशिक पूँजीपति वर्ग की यह असमान्य प्रगति उपनिवेशवाद की सहज परिणति नहीं थी। बल्कि यह परिणाम था उस संघर्ष का जो उन्होंने साम्राज्यवादी आर्थिक नीतियों के खिलाफ किया था।

घनश्याम दास बिड़ला तथा पुरूषोत्तम दास ठाकुरदास जैसे अनेक पूँजीपति भारतीय व्यवसायियों का ऐसा संगठन बनाने का प्रयास कर रहे थे जो औपनिवेशिक सत्ता के सामने अपनी माँगों को रख सके। यूरोपीय पूँजीवादियों का हित भी संगठित रूप से हो रहा था। अतएव उसका विरोध करना भी आवश्यक था। इस दिशा में पहला कदम था, सन् 1927 में **भारतीय वाणिज्य उद्योग महामंडल (फिक्की)** का गठन ।पूरे देश के व्यापरियों तथा पूँजीपतियों का इसमें प्रतिनिधित्व था। इसे कालान्तर में भारतीय पूँजीपति वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाला मान लिया गया। पूँजीपति वर्ग के नेता फिक्की को व्यापार, वाणिज्य तथा उद्योग का राष्ट्रीय प्रतिनिधि मानने लगे थे। धीरे–धीरे यह संगठन औपनिवेशिक भारत में भारतीयों के आर्थिक हितों का प्रतिनिधित्व करने लगा। इन्होंने अपने अभियान की शुरूआत साम्राज्यवादी आर्थिक नीतियों का बहिष्कार कर के की। कांग्रेस ने अपने अधिवेशन के माध्यम से इन माँगो का समर्थन किया। इस संगठन के नेताओं ने यह महसूस किया कि उन्हें राजनीति में घुसकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। फिक्की के दूसरे वार्षिक अधिवेशन में फिक्की के अध्यक्ष पुरूषोत्तम दास ने घोषणा की कि हम सब अपनी राजनीति को अर्धनीति से अलग नहीं रख सकते हैं। हमारा राष्ट्रीय आन्दोलन जितना मजबूत एवं विशाल होगा उसी के अनुपात में हमारा वाणिज्य एवं व्यापार भी विकसित एवं मजबूत होगा। इसके बाद घनश्यामदास बिड़ला ने भी यही बात कही, **'वर्तमान में सरकार को अपने पक्ष में मोडना असंभव है परन्तु यदि हम ऐसे लोगों को मजबूत करें जो देश की आजादी की लड़ाई के लिए लड़ रहे हैं, तो हमारा पक्ष भी मजबूत होगा।'** अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु भारतीय पूँजीपति वर्ग ने संवैधानिक तरीकों के पालन का निश्चय किया। ताकि जनसामान्य में उनकी छवि घूमिल न होने पाए।

यह वर्ग अधिक लम्बे समय तक राष्ट्रीय आंदोलन को समर्थन देने से हिचकिचाता था क्योंकि इससे उसकी व्यापारिक गतिविधियाँ भी प्रभावित होती थीं। भारतीय पूँजीपति वर्ग द्वारा संवैधानिक गतिविधियों जैसे विधानसभा या वायसराय की कार्यकारिणी में हिस्सेदारी का अर्थ यह कदापि नहीं समझना चाहिए कि यह वर्ग साम्राज्यवादी नीतियों का पक्षधर था, अपितु वे इसे सत्ता पक्ष का विरोध जताने का साधन मात्र मानते थे। इस प्रकार वे इन संस्थाओं के माध्यम से सरकारी नीतियों पर प्रतिबन्ध लगा सकते थे।

उन्होंने कभी भी किसी संवैधानिक सुधार को बिना शर्त के स्वीकार नहीं किया तथा अंग्रेजी कार्यक्रमों में इनकी भागीदारी भी सशर्त थी। अपने

* शोधार्थी (इतिहास) बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

सिद्धान्तों को इन्होंने अपने हितों के कारण कभी भी तिलांजलि नहीं दी। जब भी उन्हें यह प्रतीत हुआ कि सत्ता उन्हें उनकी न्यूनतम राष्ट्रीय मांगो से भी कम दे रही हैं, इन्होंने इसे स्वीकर नहीं किया। इसी कारण फिक्की ने 1934 में भारत में संवैधानिक सुधारों के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को नामंजूर कर दिया था। शुरू से ही भारतीय पूंजीपति वर्ग भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों से बहुत प्रभावित रहा था। इस बात के स्पष्ट प्रमाण हमें 1930 में गोलमेज सम्मेलन के गठन के मौके पर प्राप्त होते हैं। एक पूँजीवादी नेता के अनुसार–

'संवैधानिक समस्या पर कोई भी सम्मेलन तब तक सफल नहीं हो सकता है जब तक कि इसमें गॉधी जी स्वतंत्र हैसियत से भाग नहीं लेते या कम से कम इस तरह के सम्मेलन हेतु उनकी मंजूरी नहीं ले ली जाती है।'

पूँजीपति वर्ग यह अच्छी तरह से जानता था कि केवल कांग्रेस ही ऐसी एक मात्र पार्टी थी, जो कुछ हासिल कर सकती थी और वे नहीं चाहते थे कि गोलमेज सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विभाजित धडो द्धारा किया जाए। उन्हें यह आभास था कि कांग्रेस के समर्थन के बिना उनकी आवाज को सुनने वाला कोई न था।

पूँजीपति वर्ग का लक्ष्य संविधानवाद नहीं था तथा वे लक्ष्य के लिए उतावले नहीं थे। पूजीपति वर्ग ने कभी भी संघर्ष के अन्य तरीके अपनाए जाने की संभावना से इन्कार नहीं किया। 1937 में सत्ता में हिस्सेदारी के लिए कांग्रेस को राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले घनश्यामदास बिडला ने लार्ड हैलीफैक्स और लार्ड लोथिमन को चेतावानी देते हुए कहा था कि, **'कांग्रेस महज सत्ता में शामिल होने के लिये प्रयास नहीं कर रही है बल्कि इसका लक्ष्य अंतिम परिणाम को प्राप्त करना भी है।'**

भारतीय पूँजीवादी वर्ग का रूख सविनय अवज्ञा आन्दोलन की ओर संशय से भरा था। एक ओर वे इसे ज्यादा लंबा नही चलाना चाहते थे तथा दूसरी ओर स्वतंत्रता प्राप्ति का हेतु भी मानते थे। इस सम्बन्ध में घनश्यामदास, बिड़ला का कथन उल्लेखनीय है।

'इसमें संदेह नहीं कि हमें आज जो कुछ भी दिया जा रहा है वह गॉधी जी के कारण हैं तथा यदि हम चाहते हैं कि कुछ हासिल हो तो वह सविनय अवज्ञा आंदोलन से ही संभव हो पायेगा।'

उल्लेखनीय है कि आंदोलन की दीर्घकालीन रणनीति पूँजीवादी हितों को पेरशान करती थी। इसका अर्थ यह नहीं है कि वे सत्ता के सामने आत्मसमर्पण को तैयार नहीं थे। इस प्रकार उनका उददेश्य दोहरा था समझौता हो जाए पर राष्ट्रीय आन्दोलन कमजोर न पडे। इस विषय में जनवरी 1931 को घनश्याम दास बिड़ला ने कहा था, 'हमें दो बातें ध्यान में रखनी चाहिए, पहली यह कि जब भी उचित समय आए तो हमें ऐसे समझौते के लिए प्रयास करना चाहिए। दूसरी बात हमें कोई ऐसा कदम नही उठाना चाहिए जिससे उन लागों का हाथ कमजोर हो जिनके चलते आज हम यहॉ तक पहुँचे हैं। पूँजीपति वर्ग हमेशा यही प्रयास करता था कि राष्ट्रीय आन्दोलन का कभी भी दमन न होने पाए। उन्होंने कांग्रेस और प्रेस की आजादी के लिए सरकार पर दबाव डाला। सत्ता के साथ किसी भी समझौते पर पहुँचने के लिए पूँजीपति वर्ग की यह पहली शर्त थी कि राजनीतिक बंदियो को रिहा किया जाए तथा कांग्रेस तथा प्रेस पर से प्रतिबंध हटाया जाए एवं दमनात्मक कानूनों को वापस लिया जाए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की लडाकू ताकत वा जुझारू चरित्र से पूँजीपति वर्ग आशंकित जरूर था पर इसके चलते इस वर्ग ने कभी भी औपनिवेशिक सत्ता का समर्थन नहीं किया, न इसने कभी खुले रूप से कांग्रेस की आलोचना की तथा न ही कांग्रेस से रिश्ता तोड़ा। स्वदेशी आन्दोलन के समय यह वर्ग आंदोलन का कट्टर विरोधी था। चौथे दशक में छिड़े सविनय अवज्ञा आदोलन का अधिसंख्य भारतीयों ने समर्थन किया था। सितंबर 1930 में वायसराय ने पूँजीपति वर्ग से कांग्रेस की आलोचना करने को कहा और उन्हें विश्वास दिलाया कि इस काम में सरकार उनकी रक्षा को पूरा बन्दोबस्त करेगी। लेकिन पूँजीपति वर्ग वायसराय के झॉसे में नहीं आया। भारत छोड़ो आन्दोलन शुरू होने से कुछ दिन पूर्व ही 5 अगस्त 1942 को पुरूषोत्तम दास, जो. आर. डी. टाटा और घनश्याम दास बिडला ने वायसराय को लिखा कि –

'वर्तमान संकट से उबरने और एक नये सविनय अवज्ञा आन्दोलन से बचने का एकमात्र तरीका यही है कि भारत को राजनीतिक स्वाधीनता प्रदान कर दी जाये।'

यहाँ पर एक बात स्पष्ट है कि तीसरे दशक के अंत में भारतीय पूँजीपति वर्ग का प्रभावी तबका कांग्रेस का समर्थन जरूर करने लगा था पर कांग्रेस पर इसका प्रभाव नगण्य था। कांग्रेस बहुत हद तक पूँजीवादी वर्ग के समर्थन पर निर्भर भी नहीं थी। पूँजीवादी वर्ग ने स्वयं ही समय के बदलाव के साथ राष्ट्रीय आन्दोलन को समर्थन प्रदान किया था। पूँजीवादी वर्ग की राष्ट्रवाद की धारणा बहुत ही ढकियानूसी थी। जिसके कारण राष्ट्रीय आन्दोलन को कोई मोड़ नहीं दे सके थे। लोगों का यह तर्क मिथ्या है कि उन्होंने पैसे के जोर पर कांग्रेस की आर्थिक नीतियों एवं निर्णयो को प्रभावित किया तथा उनकी राजनीतिक गतिविधियों पर भी पूँजीपतियों का प्रभाव था। राष्ट्रवदियों द्धारा उठायी गयी आर्थिक संरक्षण व वित्तीय एवं मौद्रिक स्वायत्ता की माँग केवल पूँजीवादियों का ही समर्थन नहीं करती थी वरन् औपनिवेशिक जनता की माँग का प्रतिनिधित्व करती थी।

आर्थिक राष्ट्रवाद जैसी अवधारणा का विकास तब हुआ था, जब भारतीय पूँजीवादी एक वर्ग के रूप में संगठित ही नहीं हुए थे। एक वर्ग के रूप में संगठित होने के लगभग आधी शताब्दी पहले ही तत्कालीन राष्ट्रवादियों द्धारा आर्थिक राष्ट्रवाद का खाका तैयार किया गया था।

यह तथ्य सही है कि राष्ट्रीय आन्दोलन मे वित्तीय सहायता ली गयी थी पर इस बात का कोई उदाहरण नहीं मिलता कि वित्तीय सहायता देकर पूजीवादी वर्ग ने राष्ट्रीय आदोलन को प्रभावित करने का प्रयास किया। मार्च 1939 में सरकारी खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, **'कांग्रेस के पास नियमित धन संग्रह का एक अच्छा खासा विकल्प है। देशभक्ति की उसकी अपील पर पैसे बरसने लगते हैं। कांग्रेस को सामान्य गतिविधियों और चुनाव खर्च के लिए पर्याप्त पैसा मिल जाता हैं। गांधी जी के प्रति अंधविश्वास रखने वाली जनता से कांग्रेस को इतना पैसा मिल जाता है कि पूँजीपतियों की थैली उसके लिए कोई विशेष मायने नहीं रखती है।'**

द्धितीय विश्वयुद्ध के दौरान पूँजीपतियों के प्रति गॉधीजी का रूख काफी कठोर हो गया था। द्धितीय विश्वयुद्ध के समय जहॉ आन्दोलन में ठहराव था तथा जनता अकालग्रस्त थी। वहीं पूँजीपति वर्ग मुनाफा कमाने में सलग्न था। पूँजीपतियों के प्रभाव में आकर कोई आंदोलन नहीं छोडें गए। जो भी जनांदोलन छोड़े गए वे कांग्रेस तथा इसके नेतृत्व के व्यक्तिगत फैसले होते थे। कांग्रेस के भीतर नेहरू सोशलिस्टों तथा कम्युनिस्टों के नेतृत्व में वामंपथ के बढ़ते प्रभाव के कारण पूँजीपति वर्ग चिंतित हुआ तथा राजनीति में सक्रिय हिस्सेदारी क लिये बेचैन हो उठा परन्तु इस वर्ग ने साम्राज्यवाद का हाथ नहीं थामा।

सन् 1929 में कुछ पूंजीपतियों ने मजदूर संगठनों में वाम पक्ष के बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए यूरोप तथा भारत के पूँजीपति वर्ग के नेताओं को मिलाकर एक पार्टी बनाने की कोशिश की थी। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि भारतीय पूँजीपति वर्ग साम्राज्यवाद विरोधी था तथा समय के अनुसार काफी परिपक्व था। वह अपना हित-अहित पहचानता था। इस वर्ग ने भारतीय राष्ट्रवाद का साथ कभी नहीं छोडा तथा अपने हितों को जनहित में समाहित किया। इस प्रकार हम देखते है कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में पूँजीपति वर्ग का योगदान अविस्मरणीय था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बिपिन चन्द्रा 'आधुनिक भारत में राष्ट्रवाद तथा उपनिवेशवाद' के अन्तर्गत '1947 के पूर्व भारतीय पूँजीपति वर्ग तथा साम्राज्यवाद'।
2. आदित्य मुकर्जी, 'भारतीय पूँजीपति वर्ग के विकास में औपनिवेशिक काल (1927-47) में आर्थिक राजनीतिक एवं वैचारिक पहलू'
3. रजत राय, 'भारत में औद्योगीकरण तथा निजीक्षेत्र के संघर्ष, 1914-1947', नई दिल्ली, 1997
4. बी0 चटर्जी 'भारत में व्यापार तथा राजनीति' नई दिल्ली।
5. विपिन चन्द्रा, 'भारत का स्वतन्त्रता संघर्ष' नई दिल्ली, 1992।
6. ए0के0 बागची, 'भारत में निजी निवेश', 1900-1939, कैम्ब्रिज, 1972
7. गोखले इंस्टीट्यूट, 'भारत में व्यापारिक समुदायों का उदय' नई दिल्ली, 1972

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

रायगढ़ के राजनैतिक आंदोलन में स्वर्गीय श्री अमरनाथ तिवारी एवं स्वर्गीय श्री किशोरी मोहन त्रिपाठी की भूमिका

डॉ. रामरतन साहू*

शोध सारांश – ब्रिटिश कालीन रायगढ़ रियासत प्रत्येक दृष्टि से पिछड़ा हुआ जिला था। शासक रियासती नागरिकों को अनको प्रकार से प्रताड़ित करते थे। नेताओ ने जनमानस में जब कभी भी एकता के बीज बोते, रिसासती प्रशासन उसे उखाड़ फेकतें तथा नेतृत्वकर्ता को यातनायें दी जाती थी। ऐसी गंभीर परिस्थितियों में स्वर्गीय अमरनाथ तिवारी एवं श्री किशोरी मोहन त्रिपाठी के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता, जिन्होंने रियासती तथा ब्रिटिश शासन की खूब आलोचना कि और रियासती जनताओं को एकता के सूत्र में आबद्ध कर जागृति पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

प्रस्तावना – रायगढ़ समूह की रियासत में सबसे बड़ा रियासत रायगढ़ था। यहॉ के शासक और ब्रिटिशों के प्रति नागरिकों में घोर असंतोष की भावनाए व्याप्त थी। परंतु नेतृत्वविहीनता तथा एकता के अभाव के कारण लोग जागृत नहीं थे। समय–समय पर अनेक कार्यकर्ताओं ने लोगों को जागृत करने का प्रयत्न किया, परंतु स्वर्गीय श्री अमरनाथ तिवारी एवं स्वर्गीय श्री किशोरी मोहन त्रिपाठी ने पूरी मेहनत और लगन से लोगों को प्रेरित कर जागृत किया। रियासती शासक तथा ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज बुलंद करने के कारण आप दोनों को अनेकों बार प्रशासन के कोपभाजन के शिकार हुए तथा कारावास तक हो गया। परंतु आप लोग अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटें। अंतत: आप लोगों के प्रयास से एक दिन ऐसा आया कि पूरे रियासतवासी खुशी से झूम उठे, और आजादी का जश्न मनाए।

स्वर्गीय अमरनाथ तिवारी – रियासती नागरिक को जागरुक करने में स्वर्गीय अमरनाथ तिवारी का अमूल्य योगदान रहा है। जब स्वतंत्रता आंदोलन चरम सीमा पर था, तब रायगढ़ जिले के रियासतो में राजाओं का आम नागरिकों में भय बना रहता था। जिले में आंदोलन की बात सुनाई तक नहीं देती थी। ऐसे परिस्थितियों में स्वाधीनता की अलख जगाकर आम नागरिकों को एकता का पाठ पढ़ाने वाले अमरनाथ तिवारी से रियासतों के शासक परेशान थे। राजा के तमाम प्रलोभन के बावजूद आम नागरिकों को अंग्रेजो और रियासती राजाओं के विरुद्ध एकत्र कर स्वतंत्रता के बीज बोआ।

आप अनेक समाचार पत्रों के संवाददाता थे। जिनमें प्रमुखत: जबलपुर से प्रकाशित पत्रिका शुभ्र चिन्तक है। आपके लेख रियासती प्रशासन के विरुद्ध समकालीन समाचार पत्र कर्मवीर में प्रकाशित होते रहे। जब कर्मवीर पर प्रशासन ने अंकूश लगाया, ऐसी स्थिति में आपने जबलपुर के शुभचिन्तक, कलकत्ता का लोकमान्य, जागृति, इलाहाबाद से प्रकाशित देशदूत तथा नागपुर से प्रकाशित सचित्र दरबार दियागंज इत्यादि समाचार पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से रियासती प्रशासन के अत्याचारों तथा उत्पीड़नों को प्रकाशित कर नागरिकों को जागृत किया।

राजा के खिलाफ नागरिकों को भड़काने और लगातार लेख लिखने के कारण शाही गुण्डे ने आपको घूमकर कर वापस लौटते समय मुँह बंद करके पकड़कर राजमहल ले जाकर अंधेरे कमरे में बंद कर दिया। जहॉ पर नागरिकों को भड़काने से मना किया गया तथा अनेक प्रकार के प्रलोभन दिए गए। लेकिन आपने उनकी शर्तों को ठुकराते हुए कहा कि जनता जाग उठी है, राजा का अत्याचार अब नहीं चलेगा, राजा खत्म होगा और राजशाही भी खत्म होगी। इस बात को सुनकर शाही गुण्डें उनके ऊपर टूट पडे तथा उन्हें इस तरह मारा कि वह खून से लथपथ होकर बेहोश हो गये।

इधर तिवारीजी को महल के अंदर ले जाने की खबर बिजली की भॉति पूरे शहर में फैल गयी। जनता महल की ओर उमड़ पड़ी। राजा यह सब देखकर बड़े ही नाटकीय ढंग से तिवारी जी के गिरफ्तार किए जाने के समाचार के प्रति अनभिज्ञता जाहिर करते हुए चुपके से बाहर निकाल फेकनें के संकेत दे दिये। शाही गुण्डों ने तिवारी जी को मरा समझकर महल के पीछे फेंक दिए। लेकिन भगवान का शुक्र था कि निष्ठावान देशभक्त अमरनाथ जी जीवित थे। आपके सहयोगी मनोरमा देवी के साथ मिलकर घर लाए, जहॉ बहुत दिनों तक आप विस्तर पर पडे रहे। जनताओं का आक्रोश देखते हुये बहुत दिनों बाद राजा नाटकीय अंदाज में इस घटना के जॉच के आदेश दिए तथा मुकदमा का नाटक भी खेला गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने निष्पक्ष जॉच कराने के लिए सादिक अली को रायगढ़ भेजा। सादिक जी राजा से मिले, जिसके फलस्वरुप शाही गुण्डों को कुछ समय की सजा दी गयी।

सन् 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन पूरे देश में अपनी चरम सीमा पर चल रहा था, तब शासन ने श्री तिवारी जी को भारत रक्षा अधिनियम 38 (अ) के तहत गिरफ्तार कर लिए। अनेक अभियोग लगाकर इन्हें दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी गयी। 4 नवम्बर 1942 से 6 मई 1944 तक रायगढ़ स्टेट के कारावास में रखे गए। इनसे तेल निकालनें एवं चक्की पीसने इत्यादि कठोर कार्य लिया गया। जेल से मुक्त होने पर गाँधीजी ने पत्राचार कर आपको सपत्निक सेवाग्राम बुलाया। आप श्री गाँधीजी के साथ रचनात्मक कार्य कताई बुनाई सीखे एचं जीवन पर्यन्त अपने हाथ से काता हुआ एवं घर में आपकी पत्नि मनोरमा देवी द्वारा बुना हुआ खादी का कपड़ा पहनते रहे। आपने गॉधीजी द्वारा चलाए जा रहे रचनात्मक कार्यक्रमों को रियासत के आम नागरिकों तक पहुचॉकर उन्हें कताई बुनाई सीखाने तथा स्वयं के बुने हुए खादी कपड़ों का उपयोग करने के लिए सदैव प्रेरित किया एवं जनता को जागरुक करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

श्री अमरनाथ तिवारी जी के वीरता, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की सराहना करते हुए 15 अगस्त 1972 को दिल्ली के लालकिला में आयोजित स्वतंत्रता

*विभागाध्यक्ष (इतिहास) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

के रजत जयंती समारोह में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गॉधी ने ताम्रपत्र भेंटकर सम्मानित किया था ।

श्री किशोरी मोहन त्रिपाठी – स्वर्गीय किशोरी मोहन त्रिपाठी का जन्म सन् 1912 में रायगढ़ जिले के सारंगढ़ तहसील में सरिया नामक ग्राम में हुआ था। आपके पिताजी का नाम बलभद्र बाल्यवस्था में आपके पिताजी का देहवसान हो गया। समूचे ग्रामवासी आपको पुत्र के समान व्यवहार करते थे, जिस कारण आपको अपने ग्राम से बहुत लगाव था। स्वयं आप कहते थे कि 'चारों धाम से बढ़कर मेरे लिए सरिया गॉव भी एक धाम है, उस गॉव की मिट्टी मेरे लिए चंदन है।'

आपका प्राथमिक शिक्षा गृहग्राम में हुआ। प्राथमिक शिक्षा पूरा करने के पश्चात् आप रायगढ़ के नटवर हाईस्कूल में दाखिला लिया। यहॉ पर मेट्रिक की पढ़ाई पूरा करने के बाद साहित्य विशारद् की शिक्षा प्राप्त किया। नगरपालिका पुस्तकालय प्रभारी पद पर कार्य करने के पश्चात् नटवर हाईस्कूल मे अध्यापक के पद पर कार्य किया।

आप बचपन से ही दृढ़ निश्चयी क्रातिकारी प्रवृति के थे। एक घटना थी जिसके बारे में आप स्वयं अपने लेख में लिखा है कि 'जब गॉधीजी रायगढ़ स्टेषन से गुजरने वाले थे, विद्यार्थियों को उनके दर्शन के लिए जाने को मनाही थी। स्कूल के मुख्य दरवाजे पर शिक्षक श्री जे.आर. बोड़े डंडा लेकर खड़े थे। ताकि कोई भी विद्यार्थी स्टेशन नहीं जा सके। लेकिन मेरे अंदर गॉधी जी को देखने की इच्छा थी, मैनें दस्त का बहाना किया। मुझे अनुमति मिल गई, मैं सीधा रेलवे स्टेशन गया। वहॉ बहुत सारे लोग पहले से एकत्र थे। मैं लोगों के बीच में अधर में लटक गया और मेरी धोती नीचे गिर गया। मैं निर्वस्त्र ही स्टेशन में खड़ा रहा। गॉधी जी को देखा, वे तृतीय श्रेणी में सफर कर रहे थे। लोगों का हुजूम कम होने के बाद पुन: मैं धोती को उठाकर पहना'। आपका यह कथन देशभक्ति की भावना को परिलक्षित करता है।

आप अध्यापक के पद पर कार्य करते हुए भी हमेशा आजादी की लड़ाई में सक्रिय रुप से कार्य करते रहे। सन् 1930–31 में सविनय अवज्ञा आंदोलन की लहर रायगढ़ जिले में पहुॅचा, उसी समय सन् 1931 में गॉजा चौक स्थित गोपाल मंदिर के समीप मिट्टी के मकान में बंशीधर त्रिपाठी एवं तीथराम थवाईत की प्रेरणा से खादी भंडार की स्थापना किए गए, जिसके आप सेल्समेन थे। इसी खादी भंडार से एक राजनीतिक जुलूस निकला जिसमें शामिल होने के कारण आपके अभिभावक को प्रशासन द्वारा अर्जीनवीसी के प्रदत्त अधिकार को निरस्त करने की धमकी दिया गया।

सन् 1936–37 में जब सुभाष चन्द्र बोस बंबई की ओर जा रहे थे, तब आप सहयोगियों के साथ रेलवे स्टेशन में मुलाकात कर राजनीतिक चर्चा की तथा राजा चक्रधर सिंह के कोपभाजन बने। राजा ने आपको राजमहल बुलाकर प्रताड़ित किया ।

सन् 1942 में गॉधी जी ने भारत छोड़ो आदोंलन का शंखनाद किया और 'करो या मरो' का नारा दिया तो आपने हरिचरण साव और गनपतलाल श्रीवास्तव के साथ मिलकर टाउनहाल में तिरंगा झण्डा फहराए। सन् 1945 में शिक्षक पद से त्याग पत्र देकर खुले तौर से आंदोलन में कूद पड़े। आप गुप्त संस्था 'बेकार संघ', 'प्रगतिशील नागरिक संघ' तथा 'स्टेट कांग्रेस' के सक्रिय सदस्य थे। प्रगतिशील नागरिक संघ की ओर से श्री श्याम नारायण काश्मीरी के नाम पत्र लिखा। इस पत्र में आप पिछड़े नागरिको का उल्लेख करते हुए सक्ती जैसे छोटी रियासत को समाप्त करने का अनुरोध किया। विद्याचंद लाल वर्मा, वारेन्द्र नाथ बनर्जी, बन्दें अली फातमी नटवर बेहरा, सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी इत्यादि जागरुक नागरिकों के साथ मिलकर बिहार भूकम्प पीड़ितों तथा महानदी बाढ़ पीड़ितों की सहायता की ।

आप कटक में आयोजित अखिल भारतीय देशी राज्य प्रजा परिषद् के सभा में रायगढ़ स्टेट कांग्रेस की ओर से सदस्य के रुप में शामिल हुए। इस सभा में क्षेत्रीय कौंसिल के उपाध्यक्ष पद पर आपका चयन किया गया। आप सन् 1947 से 1950 तक स्वतंत्रता पश्चात् संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य के रुप में इस वनाचंल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किए। विलिनीकरण आंदोलन में आपका सक्रिय योगदान रहा तथा आपने इस आंदोलन का नेतृत्व किया। सन् 1950 से 1952 तक संसद सदस्य के रुप में आपका योगदान सराहनीय रहा। आप योजना आयोग के गठन का सुझाव, नागरिकता नियंत्रक कानून, सिक्कों का प्रचलन, लेखाओं के लिए दशमलव प्रणाली का ग्रहण, रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण का प्रस्ताव रखने वाले पहले संसद थे आपके ये सभी प्रस्ताव से भारतीय व्यवस्था क्रियाशील है।

आप स्पष्टवादी थे। जिस कारण आपको बहुत कष्ट सहन करना पड़ा। सन् 1952 के चुनाव में आपको हार का सामना करना पड़ा। सन 1962 के विधान सभा चुनाव में धरमजयगढ़ के राजा को परास्त कर विधायक चुने गए। अंत में राजनीति से सन्यास लेकर आप अपने गृहग्राम सरिया आ गए, जहॉ पर सन् 1994 में दीपावली के दिन देहवसान हो गया।

इस प्रकार आप दोनों ने रायगढ़ रियासत में जागृति पैदा कर नागरिकों को रियासती प्रशासन और ब्रिटिश हूकुमत के 'फूट डालो और शासन करो की नीति' के खिलाफ एकजूट कर आवाज बुलंद किए। इस कार्य के लिए अनेक प्रकार की यातनाए सहन करना पडा। अंतत: रायगढ़ स्वतंत्र हुआ और आम नागरिक स्वतंत्रता से अभिभूत होकर झूम उठे । ऐसे पावन और पूनित कार्य के लिए रायगढ़वासी आज तक आप दोनों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. रायगढ़ जिला गजेटियर।
2. केलोप्रवाह, दैनिक समाचार पत्र।
3. देशबंधु, दैनिक समाचार पत्र।
4. अग्रवाल, रामकुमार, रायगढ़ और स्वाधीनता की लड़ाई।
5. जनकर्म दैनिक समाचार पत्र(दीपावली विशेषांक)।
6. अभिलेखागार (रायगढ़ जिला कार्यलय से प्राप्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सूची)।
7. शुक्ला, सुरेशचन्द्र, छत्तीसगढ़ के रियासतों का विलीनीकरण ।
8. बयार, (हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र) रायगढ़।
9. रायगढ़ संदेश, (हिन्दी समाचार पत्र) रायगढ़।
10. काश्मीरी, श्यामनारायण, छत्तीसगढ़ क्रांति की लपटों में।
11. मध्यप्रदेश संदेश।
12. महामाया मुद्राणालय रायगढ़ से प्राप्त दस्तावेज।
13. शर्मा कमलकिशोर, रायगढ़ दर्शन।

****

गोंड़ जनजातियों में गोत्रज व्यवस्था

डॉ. सुदामा प्रधान *

प्रस्तावना – भारतीय जनजातियों में जिस प्रकार धर्म का महत्व है, उसी प्रकार जनजातीय समाज में टोटम का विशेष महत्व देखने को मिलता है। 'टोटम' का दूसरा अर्थ गोत्र से माना जाता है। आदिवासी समाज में एक टोटम वाले व्यक्ति परस्पर विवाह नहीं करते। समान गोत्र वाले आपस में सगोत्रीय माने जाते है। इसका अर्थ है कि एक ही टोटम या गोत्र वाले स्त्री-पुरूष भाई-बहन माने जाते हैं। इस संबंध में **किसिंग** का विचार है कि – 'टोटमवाद मनुष्य तथा प्राकृतिक विषयों के बीच एक विशेष सामाजिक समैक्य की सम्पूर्ण प्रणाली है, जो कुछ अर्थों में उन सम्बन्धों के समान है जो समाज में मनुष्य एवं मनुष्य के बीच स्थापित होते हैं। टोटम की उत्पत्ति कैसे हुई इस प्रष्न के उत्तर में विभिन्न समाज शास्त्रियों में मतभेद हो सकते है, किन्तु इसकी विशेषताओं पर सभी विद्धान एकमत हैं। टोटम सदैव ही आदरास्पद होता है। यदि वह पशु है, तो उसकी हत्या नहीं की जाती। हिंसक पषु का यदि टोटम (गोत्र) है, तो ऐसा माना जाता है या यह विश्वास है कि वह उस गोत्र के व्यक्ति को हानि नहीं पहुँचाएंगा।

गोंड़ जनजाति के टोटम या गोत्र – गोंड़ों के सर्वाधिक प्रचलित गोत्र मरकाम, मरावी, नेताम और टेकाम है। ये सभी गोत्र गोंड़ों की उपजातियों में भी पाये जाते हैं। सभी गोत्रों के नाम 'टोटेमिक' है।

अनुसूचित जनजाति सम्बन्धी गणना (सन् 1981) के अनुसार पचास से अधिक गोंड़ों की उपजातियाँ मानी गई है। गोंड़ों की सामाजिक संगठन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है – विविध संगठन या अर्द्धक। प्रत्येक संगठन (अर्द्धक) अनेक गोत्र से बना है। उदाहरण के लिए पहाड़ी माड़ियाओं में (दो भागों में बंटे हैं।) क्रमश: 99 एवं 69 गोत्र हैं।

कुल समूहों के अनुसार विभाजन – गोंड़ जनजाति के प्रमुख गोत्रों को उनके कुल समूहों के आधार पर देखा जा सकता है। 'उदाहरण के लिए आदिलाबाद (आंध्रप्रदेश) के राजगोंड़ों के 4 कुल समूह मिलते है। ये कुल समूह एक संख्या विशेष के देवताओं को पूजते है। जैसे –

1. **येरूग पेंग (सात देव वाले) –** प्रमुख गोत्र धुरवा, मरावी, मर्सकोले, मशराम, सुझयान, पडरा आदि।
2. **सारूग पेंग (छ: देव वाले) –** आटरमू, डगम, एडम, उइके, बकड़, बाड़िया, आदि।
3. संसुग पेंग (पाँच देव वाले) – इष्टंग, हरका, सैयाम, टिरकम आदि।
4. नालुंग पेंग (चार देव वाले) झिकराम, पूसाम, सुरपान, टेकाम आदि।

गोंड़ जनजाति के गोत्र का वर्गीकरण के दो आधार है।

1. देव उपासना के आधार पर
2. देवगढ़ी या देव खलिहान के आधार पर।

देव उपासना के आधार पर गोंड़ जनजाति सात देवों के उपासक हैं – 1.पराती (हँसिया) 2. कुल्हाड़ी 3. बसूला 4. पास (बखर) 5. कुसिया (हल में लगने वाली कटिया) 6. खुरपी 7. कुदाली।

पांच सगादेव भुमकाओं के होते हैं–

आठदेव शाखा – नारायणसुर/पृथ्वी
नौ देव शाखा– कोलासुर/अग्नि
दस देव शाखा – हीरा जोति/वायु
ग्यारह देव शाखा– मनकोसुगाल/जल
बारहदेव शाखा – तुरपोडयाल/आकाश

सभी देवों की पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन होती है। पूजन के दिन ये लोग माँसाहार नहीं करते।

मध्यप्रदेश के मण्डला, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा जिले तथा महाराष्ट्र के कई जिलों में बारह देवों की गोत्रज व्यवस्था पाई जाती है। गोंड़ी पेनमी मुठवा पहांदी पारी कुमार लिंगो द्वारा कोया वंषीय गोंड़ समुदाय में गोत्रज व्यवस्था का निर्माण किया, जिससे समाज में पारी व्यवस्था तथा शादी/रिश्तेदारियां संबंध बनाने में सरलता तथा गोंड़वाना के विशाल समाज को संगठित करना आसान बना दिया, जो एक देव से बारह देव तक सगा देवताओं में विभाजित है,4 जिसमें से प्रथम सात देव शाखा में सौ-सौ और शेष पांच भुमका देव सगा शाखा में दस-दस देव शाखा गोत्र सगाओं के नाम हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है। **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

विवाह, मरण या किसी उत्सव पर जिसके यहाँ जितनी अधिक संख्या में दुधभाई इकट्ठा होते हैं। वह खानदान उतना ही गौरववान तथा संगठन की दृष्टि से उतना ही बलवान माना जाता है। प्रत्येक दुधभाई अपने भाइयों का संगठन करने में सदैव सचेष्ट रहता है। दुधभाइयों का मेला इनकी देवगुड़ियों में दर्षनीय होता है। वहाँ इनकी पारम्परिक प्रीति और ममता का सुदृढ़ परिचय प्राप्त होता है।

वस्तुत: गोंड़ जनजाति में गोत्र का विशेष महत्व है। एक गोत्र के सभी गोंड़ सदस्य अपने को एक सामान्य पूर्वज की सन्तान मानते हैं। इस आशय से एक गोत्र के सभी सदस्य आपस में भाई-बहन हुए। इस कारण से गोंड़ जनजाति अपने गोत्र या समान गोत्र में विवाह नहीं करते हैं। गोत्र का प्रारंभ प्रमुख पूर्वज से होता है। उसी के नाम से परिवार के वंश का परिचय दिया जाता है। और परिवार के सदस्य पीढ़ी दर पीढ़ी उस गोत्र का पालन करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गोंड़वाना कैलेण्डर (दिनदर्शिका)।
2. गोंड़वाना मातृशक्ति संध मध्यप्रदेश भोपाल।
3. शोधार्थी के निजी संग्रह से।

* (समाजशास्त्र) पं.श.शुक्ल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला – शहडोल (म.प्र.) भारत

1. **एक देव का नाम** – 1.ताराल गोंगोर

अंगाम	उकाम	कन्वाती	तडोपा	येलांडी	विजाम	अक्काम	उक्राम
कंगाम	ताईका	येरीयाम	विहका	अंदराम	उर्याम	गुंदाम	नयटी
सेड़गाम	चेट्आम	अरावी	उर्वाटी	गोंदराम	नगसोरी	येरमाल	वेरकाल
अर्वाल	उर्पिटाम	गीवांगा	नलीयाम	षयगुड़ा	वेलांडी	अलांडी	एराम
चट्टाम	पंडाम	रेहकाम	वेदराम	अलगाम	एन्दाम	चितकामी	पईका
रेलापाती	वराती	अर्राटी	एडकाल	चर्वाटा	पिलकाटा	लवाटी	वलामी
अर्सेडी	एकाम	चुमगोदा	मुरपाती	लगाम	संगाम	अर्राम	एन्नाका
जुग्गाम	मुर्राम	लचियाम	सडाम	अर्रारा	ओयाम	झिल्लाम	देडाम
लिंगोटा	सरपाती	अयमा	ओर्वा	टंगाम	दर्राम	वंजाम	सोरती
इंगाम	ओराटी	टिरकाटा	दिर्माका	वर्दाम	सूर्माकी	इडाम	ओर्साम
टोयका	दिगराम	वरीयाम	सुर्वेलाम	इजाम	कंगाम	तेजाम	येवनाता
वडकाल	सोगामी	इरपुंगाम	ककराम	तरावी	येर्काल	वडाम	सुईका
इमाची	कुरनाका	तरकोला	काना	———	———–	———–	———

2. **दो देव का नाम** – 1.साराल गोंगों 2.माराल गोंगों

अंगराम	कलाम	चंगाम	टकाम	तोयाम	पन्डाम	अक्राम	कचाम
चिंदाम	टीर्राम	तोहगाम	पिडगाम	आदराम	कड़ाम	चिलाम	टिंगलाम
ढलांडी	पिचाम	इंगामी	कहाका	चिकाली	टुकाम	ढरावी	पिरावी
इढाम	कवटाम	चुड़ाम	टोडमाती	ढुर्लाम	पिराटी	इचाम	किकराम
चंदराम	डुचाम	ढुराम	पिर्साम	इडोपा	कुलनाका	चुराटी	डुरीयाम
ढुरीयाम	पुंगाम	उंगाम	कुरपाती	चुटामी	डुईका	ढासेडाम	ढुईका
उलाम	कुराम	चुकराम	डुकराम	ढोराम	पेन्नाका	उचाम	केहाका
चेलकाटा	डोलाम	ढोमोकसा	बारनाका	एटाम	कोमतारी	चेर्वाटा	तिरावी
नागोताम	मिलाम	एहचाडा	कोहपाडा	चोडाम	तुर्वाडा	नर्काम	रायताम
ओटाम	कोलया	चोहका	तोराटी	पडगाम	रोनवारी	ओनाका	गडाम
जन्नाम	तोलाम	पट्टाम	लंगाम	कडाम	गढुर्काया	झीलाम	तेडगाम
पंचाम	लायसेंगा	ककाम	गोयका	टक्राम	तोर्गाम	एगाम	कोर्वाम
चेंढाम	तरपाती	नट्टाम	भादिया	———	———–	———–	———

3. **तीन देव का नाम** – 1.जुगाल गोंगों 2.मुलाल गोंगों 3.सुकाल गोंगों

अटाम	ओताम	चलका	तिर्याम	नेलकाम	रेलकाटा	अलनाका	ओरावी
चलांडी	तुराम	परामी	लोसका	ओयाम	कथराम	चीरोया	तोतला
पुरचाम	वेर्लाटी	ओयमा	कक्राम	चिर्चामी	तोर्यामी	पुसीयाम	सेलाम
इक्राम	कड़ोपा	चिस्ताम	दिननाकी	पेनदावी	पेडमा	इताम	कसेंडी
चिडोपा	ढावाम	पोंडाम	सिरसाटा	इर्काया	कींगराम	चिताम	नर्काम
पुयाम	सोरांडी	इसराम	किलाप	चिर्माटा	नतराम	पुडका	हुर्मेता
इलाम	कुन्दाम	जुतराम	नरोमी	पेराम	वराटी	इलनाका	कुंदराम
टोर्याम	नवराती	पेसाम	विक्रा	उडाम	कोंढोम	डंगराम	नलकाम
पोंगामी	सिलाम	उटाम	कोयकाटा	उर्वाल	नायका	पेनाम	सीर्वाटा
उर्पाती	गुसराम	डेराम	निर्पाती	मंढाम	सेरपाती	उस्टाम	गेचाम
तल्लाम	निर्लाम	मिन्काटा	सुडाम	एसरा	गोयाम	तईका	नुंजाम
येसराम	एलगाम	चंढाम	तिसाम	नुतामें	रेंगाम	अड़काम	ओसराम
चेलाम	तुहाका	पुंडाम	बलपाती	———	———–	———–	———

4. चार देव का नाम– 1.माल गोंगों 2.लाल गोंगों 3.काल गोंगों 4.पाल गोंगों

अडाम	उर्षाम	कवाम	कोचरामी	तोहाकाटी	मरपाची	एडाम	अंचाम
कलाटी	कोरकाटी	तिर्काम	सीराम	अतलाम	एगाढ़ा	किजाम	कोवा
तुच्चाम	सरकाटी	अडगाम	एचाम	कींदराम	कोवाची	तुम्माम	पोयाम
अडोपा	एरावी	कीन्वाती	कोवासे	नेताम	ताराटी	अबाबा	एर्वाटी
किडगाम	गटाम	परचाकी	सुंदराम	इटावी	एर्मेन्ता	कीरकाटा	गेटाम
मंगाम	चीकराम	इंदराम	ओंगाम	कुयमा	चडाम	सरमाकी	वाल्काम
इडगाम	ओर्चाम	कुचाम	चराटी	सेडमाके	चिलाम	इर्काल	कर्वाटी
कुर्कामी	चिनगाम	सुर्पाडा	सीताम	इलांडी	कराम	कुयाम	चुलमाती
तलांजा	जालकाटा	इलगाम	कंदाम	कुयका	चर्वाटा	तलांडी	कुसराम
इरूकाम	कजाम	कुडयाम	चिलाम	हिडाम	नेयती	उंदराम	कट्राम
कचीमुरा	टोर्पाकी	हिलाम	नटोपा	उराम	कंद्राम	कुर्राती	टोप्पाम
पुर्साम	पस्ताकी	उसराम	कराई	केडाम	तेकाम	मुर्काकी	उलांडी
कर्कामी	केटाम	टेक्का	मुरका	———–	———	———–	———

5 पांच देव का नाम– 1.अहा गोंगों 2.महा गोंगों 3.रैका गोंगों 4.मैका गोंगों5.दोन्दाल गोंगों

अडमे	कीटाम	गारंगा	पुर्का	मित्राम	पेंडराम	हाड़े	कीसराम
कङ्काका	पुगाम	मितलाम	पोचाम	अस्टाम	केलांडी	चिगाम	बल्लामी
मिनगाम	पोयका	अलाम	कोगा	चिटराम	बग्गाम	मुगाम	पोकाम
अरमाती	कोडाम	चिडगाम	बार्पाती	मुचामी	पोटामी	अट्टामी	कोटाम
चितलाम	बिकराम	मिन्दाम	परस्ते	अक्कामी	कोटामी	चिन्हाका	बुदाम
मुयामी	पुर्रे	अर्टाम	कोंकाम	चिर्वाल	बोसाम	मुरमेन्ता	नेयटी
अर्पाती	कोकड़ा	चिलमेंता	बोर्साम	मुरपुंगा	सेडोपा	अर्काम	पदामी
चितलोका	भोजाम	मुरापा	सोंराम	अक्काल	गचाम	चुर्थाम	बुराम
मुरपाटा	सिट्राम	इस्टाम	गटराम	चोपाम	मंगलाम	सुसामी	सर्गाती
कोरोपा	गतलामी	चोलाम	मचाम	सुर्काता	नलीयाम	कंगला	गुंजाम
चोहकाम	मरापे	दुरवा	भोजाम	कर्लाम	गोलाम	पुर्काटी	मलनाका
दुरांडी	नेलांजी	कठोताम	गोदाम	पुलकाम	मतलामी	धुर्रे	कींगराम
गोचा	पावला	मिंगाम	कौवड़ो	———–	———	———–	———

6. छ: देव का नाम– 1.महेओदाल गोंगों 2.अहेओदाल गोंगों 3.अपाईओदाल गोंगों 4.टोपायओदाल गोंगों 5.भन्डेओदाल गोंगों 6.कोइन्दोओदाल गोंगों

अडीयाम	कडीयाम	चीचाम	तिरावी	पेन्दाम	बोदबायना	असराम	कातलाम
चीरको	तिलाम	पोरता	वेडकाल	आतराम	कीराम	चिडाम	तिलगाम
पोरेटी	वरकड़ा	अहाका	कुडोपा	चिलकाम	तिमाची	पावला	वेडमा
ओयमा	पुरयाम	पोया	तुसाम	चुलकामी	सल्लाम	अडामो	कुसराम
छदय्या	तुर्राम	बरकुटा	सींगराम	अरमों	कुलमेन्ता	जलपती	तुलाम
बगाम	सीडाम	अकोम	कुमरा	टेकाम	तुलावी	बोगामी	सरोतीया
ओलाड़ी	केराम	हकोंला	तिरपाती	मरकाम	सींदराम	ओट्टी	कोरचा
डेगमती	नयताम	मरापा	सिरसाम	उईका	कोटनाका	तुमडाम	नगसोरी
मलगाम	सोरी	उसेंड़ी	कोडोपा	तोरे	नेताम	येलादी	सीरसों
उरेती कोराम	सोर्साम	परतेती	रायमेन्ता	कोहचाडा	उर्रे	हिचामी	
तोड़ाम	पुराम	हिडाम	उडाम	गावडे	रायसीराम	तोडासे	जगत
लेकामी	कर्पेकोटा	एलाम	गेडाम	तिडाम	वेलाटी	वेलादी	पुसाम
तिडगाम	नामूर्ता	वरटी	हुसेंडी	———–	———–	———	———

7. सात देव का नाम– 1.धनबाह गोंगों 2.धन्ठाई गोंगों 3.पिण्डेजुगा 4.रायमुद्दा गोंगों 5.चिकटराज गोंगों 6. भंडेसारा गोंगों 7. भुंइदाबोटा गोंगों

अडमाची	कोरेटी	उर्पाती	बजूमुता	करपे	सहका	अड़में	कोयतामी
तलांडी	मडावी	करपाती	सरीयाम	आरमोर	कुर्सेंगा	ताड़ाम	मराई
दरीयाम	तिर्याम	अजुर्मूजा	कोहमुंडा	तुलावा	मंगराम	धुर्वा	नंजाम
इरवाती	गोटा	तिलनाका	मरपाती	पंचराम	मुर्कासी	कंगाली	गोटामी
तुग्गाम	मसराम	पटावी	बुर्दाम	कंगाला	गोलांग	तुरीयाम	वेट्टी
पुराटी	कोकाटा	कन्नाका	गोडंगा	तर्गाम	वेरमा	पुंगाम	मंडामी
कवरती	गड़ी	ताराम	सय्याम	भूजाम	येरपाती	कटींगा	जुन्नाका
नरोती	सराटी	भलावी	तुरीया	कर्वेटाम	जीकराम	नेटी	सयाम
काषीयाम	दर्रो	कीरंगा	जड़पाती	नट्टामी	सरूता	पटावी	पुराकी
कुंजाम	जींगाम	पद्दाम	सर्टीया	करेकारी	छोट्टा	बोर्साम	सीदोवोयना
कोंडवाती	बोट्टी	जोडाम	सर्वेटा	पुर्काम	कींगराम	वेरगा	कर्पेकोटा
जुमनाती	डोडेरा	बोर्गाम	वाडीवा	पेन्द्रो	परीयाम	वोहटी	कोकोडीया
मर्सकोला	बुरसाम	खण्डाता	झिकराम	———	———–	———	———

8. आठ देव का नाम– भूमका नारायणसुर गोंगों

अंगाम	कंगला	उंदास	कर्सेंडी	दुगास
उकाम	तोराटी	इलाम	डुर्वाल	दरावी

9. नौ देव का नाम– भूमका कोलासुर गोंगों

अडाम	तराटी	तुर्पाडा	नटोपा	चराटी
इलांडी	कुचाम	कोवा	परसों	डेगामी

10. दस देव का नाम– भूमका हीराजोति गोंगों

तुम्मा	मंडारी	बुदाम	दुरवा	कड़ता
गोरंगा	पुरका	मुरापा	पुंडराम	कीरंगाम

11. ग्यारह देव का नाम– भूमका मानकोसुंगाल गोंगों

कलंगा	गोटा	वेरमा	धुरूवा	पटावी
कटींगा	नेटी	मुरावी	खंडाता	पंडराम

12. बारह देव का नाम– भूमका तुरपोराय गोंगों

उईका	वेदाली	कोरचा	सोरी	दडांजा
तोरा	कंगाम	सल्लाम	मरकाम	नेताम

****

समाज निर्माण की आधार शिला है , परिवार – एक सामाजिक विश्लेषण

डॉ. उमा लवानिया *

प्रस्तावना – समाज की संरचना अत्यंत जटिलता लिए हुए है। मात्र व्यक्तियों के संग्रह या झुण्ड को समाज नहीं कहा जा सकता बल्कि व्यक्तियों के मध्य पाए जाने वाले संबंधों व अन्तसंबंधो से ही समाज का निर्माण होता है और यह संबंध अन्तसंबंध परिवार रूपी संस्था के माध्यम से ही संभव है यह पूर्णत: सत्य है कि मानव समाज का इतिहास परिवार का ही इतिहास है क्योंकि मानव जीवन के प्रारंभ से ही परिवार उसके साथ है और किसी न किसी रूप में यह सांस्कृतिक विकास के सभी स्तरों पर पाया जाता है परिवार को एक ऐसा प्राथमिक समूह माना जाता है, जिसमें बच्चों के सामाजिक जीवन व आदर्शों का निर्माण होता है। इस रूप में परिवार व्यक्ति को सामाजिक प्राणी बनाने का एक प्रमुख साधन है, इसके अतिरिक्त परिवार ही समाज की प्रारंभिक इकाई है। परिवार के बिना समाज की निरन्तरता संभव नहीं है। परिवार उसी संस्था का नाम है , जिसमें कई तरह के ,कई स्तर के लोग रहते हैं। किस स्तर के लोगों की विचारधारा कैसी होती है, आवश्यकताएं कैसी होती हैं, भावना कैसी होती है, उसके साथ में तालमेल बिठा करके अपनी समझदारी को बढ़ाने का मौका केवल परिवार के बीच ही मिलता है।

परिवार सभी समाजों में किसी न किसी रूप में पाई जाने वाली संस्था है। यह मानव व्यवहार को नियंत्रित करने, सामाजिक प्राणी बनाने, बच्चों को अनेक प्रकार की सीख देने, सामाजिक व्यवहार सिखाने, सामाजिक प्रतिमान, सामाजिक आदर्श, सामाजिक मूल्यों आदि से परिचित कराकर उसके अनुकूल बनाने वाली प्राथमिक पाठशाला है। परिवार ही नये सदस्यों को जन्म देकर समाज की निरन्तरता बनाए रखता है। आदिम समय से ही मानव अमरत्व की खोज करता रहा है। इसके लिए उसने अनेक जडी बूटियों व रसायनों का भी सहारा लिया है, किन्तु परिवार ही मृत्यु और अमरत्व दो विरोधी अवस्थाओं का सुंदर समन्यवय है। एक तरफ मनुष्य को मरने का दुख है तो दूसरी तरफ उसे यह भी सुख है कि नयी पीढ़ी उसी का रूप होगी। इसलिए भारत के आखेट समाज, चरागाही समाज, गिरजन समाज, आदिम समाज, नगरीय समाज एवं ग्रामीण समाज की सामाजिक संरचना की मूलभूत इकाई एकाकी परिवार होती है। इसी से मिलकर अन्य अनेक छोटी बड़ी उप संरचनाओं जैसे संयुक्त परिवार, वंश समूह, गोत्र समूह, भ्रातृ दल, द्विदल, उप जातियां, जनजाति समाज, ग्रामीण समाज आदि का निर्माण हुआ है।

परिवार में ही बच्चे का समाजीकरण प्रारंभ होता है , समाजीकरण की प्रक्रिया से जैविक प्राणी सामाजिक प्राणी बनता है। वहाँ उसे परिवार और समाज के रीति–रिवाजों, प्रथाओं, रूढियों, और संस्कृति का ज्ञान होता है। धीरे–धीरे बच्चा समाज की कार्यकारी इकाई बन जाता है। परिवार ही समाज की संस्कृति को पीढी दर पीढी हस्तांरित करता है। परिवार में व्यक्ति शिक्षा, सहयोग, दायित्व और सुरक्षा के गुर सीखता है तथा नैतिकता, अच्छी देखभाल, अनुशासन, एकता में विश्वास एवं सामाजिक मूल्य जैसे गुण व्यक्ति परिवार में ही सीखता है।

परिवार में बच्चों में नैतिकता का बीज बढ़ता जाता है तथा आपस में बांटने की क्षमता, अपने से बडों का सम्मान और दायित्व बोध बढ जाता है। परिवार में बच्चा सामाजिक मूल्यों को समझता है। उसके मन में सीखने की इच्छा होती है विचार और निर्णय की क्षमता बढती है, वह आगे जाकर क्षमतावान बनते हैं और हर परिस्थिति में स्वयं को अनुकूल पाते हैं तथा समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

व्यक्तित्व विकास की प्रयोगशाला है , परिवार। परिवार में व्यक्ति के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होता है ।व्यक्तित्व का विकास करने के लिये स्वयं में चिंतन आवश्यक है, उपासना आवश्यक है, भावना आवश्यक है, पर एक क्रिया भी होना चाहिए। अभ्यास करने के लिये कोई स्थान भी होना चाहिए। कुछ न कुछ काम करने के लिए जगह चाहिए। व्यक्तित्व का विकास करने के लिए जिस जगह की आवश्यकता है, उसका नाम है– परिवार। परिवार वह स्थान है जिसमें कि व्यक्ति अपने सदगुणों, सत्प्रवृतियों का अभ्यास करता है और इस प्रकार एक परिवार समाज के विकास के जरूरी है। परिवार के बीच रहकर बच्चों को विकास करने का मौका मिलता है। समाज का विकास करने के लिए परिवार एक बहुत अच्छा साधन है। एक आधारशिला है, इसमें हर एक को रहना चाहिए यदि व्यक्ति परिवार से अलग एकाकी रहने की इच्छा, विचार करते हैं, तब वह स्वयं परिवार व समाज से अलग हो जाएंगे अपना बौद्धिक व भावनात्मक विकास भी नहीं कर पाएंगे।

परिवार निर्माण से समाज का निर्माण होता है क्योंकि परिवार एक पूरा समाज है, समाज में अच्छे गुणों को बढाया जाए। समाज में ढेरों कुरीतियां व्याप्त हैं, इन्हें समाज से निकालना है। इन कूरीतियों को खत्म करने का कार्य हमें अपने घर से करना चाहिए **नर और नारी एक समान** नर और नारी को समानता का दर्जा मिलना चाहिए। ताकि महिलाएं भी यह अनुभव करें कि वे उसी तरीके से सम्मानित हैं। इसी प्रकार से कुरीतियां जैसे – भिक्षावृति, भ्रष्टाचार, अपराध, बालविवाह, निर्धनता, बेरोजगारी, श्वेतवसन अपराध, सायबर क्राइम अन्य अनेक इन समस्याओं के निराकरण के लिए आंदोलन चलाना चाहिए। तथा समस्याओं के समाधान के लिए सहकारिता पूर्ण बातावरण का निर्माण समाज में करना चाहिए। मिलजुल कर रहने की प्रवृति का अभिवर्द्धन व्यक्ति को मिलजुल कर करना चाहिए।

अत: हम सभी अपने स्वभाव में सदगुणों, सुसंस्कारों को समाविष्ट कर सारे समाज को सुगंधित, सुविकसित और समुन्नत बनाने में अपना योगदान दें। परिवार के प्रति, कुटुम्ब के प्रति, उत्तरदायित्वों का निर्वाह करें। जिससे हम एक स्वस्थ्य परिवार का निर्माण कर स्वस्थ्य समाज को तैयार

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

कर सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. भारतीय समाज एवं संस्कृति - रविन्द्रनाथ मुकर्जी
2. जनजातीय समाज का समाजशास्त्र - डॉ एम0 एल0 गुप्ता व डॉ डी0 डी0 शर्मा
3. भारत में समाज-वीरेन्द्र प्रकाश शर्मा
4. भारत में सामाजिक परिवर्तन-डॉ मनोज कुमार सिंह
5. समाजशास्त्र- डॉ ए0 पी0 श्रीवास्तव व डॉ आर0 बी0 ताम्रकार
6. भारतीय सामाजिक व्यवस्था- रविन्द्रनाथ मुकर्जी
7. भारतीय सामाजिक व्यवस्था- राम आहूजा
9. पत्रिका- 23-7-2017
10. अखंड ज्योति- अप्रैल 2017

****

भारत में बालश्रम और कानून

डॉ. ज्योति मेहता *

प्रस्तावना – बाल्यावस्था आमतौर पर सुकुमार कोमल भावनाओं और मधुर स्मृतियों से जुड़ी कल्पना को हमारे मन में उभारती है। सामाजिक ,मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बाल्याकाल जीवन की सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इसे हम राष्ट्र के भावी नेतृत्व के निर्माण का काल भी कह सकते है।

एक बार भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम ने एक दस वर्षीय बच्ची से पूछा था 'तुम्हारी महत्वाकाँक्षा क्या है?' यह बच्ची बालिका को उनके पास आटोग्राफ लेने आई थी। उस बच्ची ने तुरन्त उत्तर दिया, 'मै विकसित भारत में जीवन जीना चाहती हूँ। डॉ. कलाम ने विकसित भारत के बारे में अपने स्पन के बारे में लिखा, विकसित भारत वह होगा जहाँ प्रत्येक व्यक्ति जिम्मेदारी से जीवन जी सकेगा और जहाँ उसे ऐसा व्यवसाय मिलेगा जो उसे जीवन की सभी सुख सुविधाए दे सकेगा और साथ ही उसे स्वास्थ्य संबधित सुविधाए उपलब्ध हो सकेगी । 'उस बच्ची ने विकसित भारत का जो स्वप्न देखा है, क्या उसे ऐसा भारत दे पाना संभव है। अगर कोई देश बच्चों का सही विकास करने की स्थिति मे नहीं है, तो ऐसे देश को विकसित देश नहीं कहा जा सकता । बच्चों के सही विकास के लिए यह जरूरी है कि उन्हें सामाजिक असमानताओं की विभिषिका से संरक्षण प्रदान किया जाएं वर्तमान और भविष्य की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण भाग होता है। इसलिए यह जरूरी है कि उन्हें जन्म से ही कुछ अधिकार स्वाभाविक रूप से दिए जाएं। बच्चों को प्रदत्त किए जाने वाले अधिकारो के संबंध में संसार के लगभग सभी देश यह मानते है कि स्वास्थ्य जीवन, शिक्षा और विकास के अधिकारों सहित शोषण के विरूद्ध अधिकार जैसे कुछ जन्म जात विशेष अधिकार है जो प्रत्येक दशा में उन्हें मिलाना ही चाहते है।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार बाल श्रमिक वे बालक है, जो स्थाई तौर पर व्यस्को कि तरह जीवन जी रहे है कम मजदूरी पर कई घंटे एक देसी दशाओं में काम करते है जिनसे उनका स्वास्थ्य खराब होता है तथा शारीरिक और मानसिक विकास रूक जाता है। इस कार्य के कारण कभी कभी तो उन्हें अपने परिजन से दूर रहना पड़ता है तथा प्राय: वे उस सार्थक शिक्षा और प्रशिक्षिण संबधी अनुसरो से वंचित रह जाते है। जिनके कारण उनके नए बेहतर भविष्य के रास्ते खुल सकते है।विश्व के विभिन्न देशों में कार्यरत बाल श्रमिक को की समस्याओं और उनके निराकरण हेतु विभिन्न मुद्दो पर चर्चा करने के लिए 27-30 अक्टूबर 1997 मे नार्वे की राजधानी ओस्लोय में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बालश्रम पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन संसार के लोगों का ध्यान बच्चों की समस्याओ की आरे आकर्षित करने के लिए सराहनीय प्रयास कहा जा सकता है।

भारत जैसे विकासशील देशों के साथ पश्चिमी देशों में भी बच्चों द्वारा काम लिए जाना आज उनकी संस्कृति का अभिन्न अंग बन गया हैं । यहाँ तक की सम्पन्न घरो के बच्चे भी अपनी पॉकेट मनी के लिए विभिन्न संस्थाओं में काम करने लगे है। इन बच्चों से इस प्रकार का काम लेना इन विकसित देशों को अपराध भी नहीं माना जाता है, जो अपने आप में प्रश्नचिन्ह ? है। बाजार की प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति ने बाल मजदूरी की संस्कृति को जन्म दिया है। विकसित एंव विकासशील दोनों ही तरह के देश इसकी चपेट में है । वैश्विकरण तथा औद्योगिकरण की प्रक्रिया के तेज होने के बाद दूसरा रूप चिंतनी हो गया है। पूरे विश्व में लगभग 6 से 14 वर्ष के 25 करोड़ बच्चे खतरनाक और गैर खतरनाक व्यवयसाय उद्योग एंव व्यवसाय में बंधुआ मजदूर के रूप में कार्य कर रहे है। वे शिक्षा स्वास्थ्य तथा आजाद बचपन से वंचित है।

भारत में बालश्रम की स्थिति: बालश्रम करने वाले अधिकांश बच्चे ग्रामीण क्षेत्रों के है, और उनमें भी लगभग 6.0 प्रतिशत 10 वर्ष से कम आयु के है। व्यापार व व्यवसाय में 23 प्रतिशत व घरेलू कार्या में 37 प्रतिशत बालश्रमिक कार्यरत है।

सन् 2011 की जनगणना के अनुसार बाल मजदूरी लिहाज से उत्तरप्रदेश में 8-96 लाख बाल मजदूरी कर रहे है , बच्चे यहाँ सबसे खतरनाक जगह हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र में 4-96 लाख बच्चे बालश्रम में लिप्त है। बिहार में 4-51 लाख बच्चे बाल मजदूरी कर रहे हैं यह तीसरे नबंर पर है।

भारत 3,10,00,000 बच्चे अवयस्क बाल मजदूरी में लगे हुए है जो कि दुनिया के किसी भी देश से सबसे ज्यादा है।
इन बच्चो की उम्र केवल 4 से 13 वर्ष के बीच में है।

राज्य	2001 के अनुसार	2011 के अनुसार
आंध्रप्रदेश	1363339	
बिहार	1117500	451590
छत्तीसगढ़	364572	
गुजराज	485530	63884
कर्नाटक	822615	250318
मध्यप्रदेश	1065259	249432
राजस्थान	1262570	252338
उत्तरप्रदेश	1927997	896301

सन् 2011 की जनगणना में दमन और द्धीप में 774 और अंडमान निकोबार में 999 बच्चें बाल मजदूरी कर रहे थे, सबसे कम बाल मजदूरी केवल 28 लक्ष्यद्धीप में पाए गए।

सरकारी आंकड़ो के अनुसार वर्ष 2011 में हुई भारत की जनगणना रिपोर्ट के मुताबिक देश में 1.26 करोड़ बच्चे ऐसे है, जो सड़को पर सामान

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

बेचते है, सफाई करते है या फिर होटलो, फैक्ट्रीयों और खेतों में काम करते है। वयस्क मजदूरों की तुलना में बाल मजदूरों को एक तिहाई मजदूरी मिलती है, वर्ष 2001 और 2011 की जनगणना पर आधारित श्रम एंव रोजगार मत्रंलाय भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2001 में देश में 5–14 उम्र के कुल 25.2 करोड़ बच्चे थे ,जिनमें से 1.26 करोड़ बच्चे बाल मजदूरी को मजबुर थे

विभिन्न देशों में बालश्रम 172 देशो पर किये गए अध्ययन में भारत का नबंर 116 वा है बच्चों की बेहतर स्थिति पर 1 इस सूची में श्रीलंका, भूटान 93 वा और म्यमांर का 112 वा स्थान है, जो भारत से काफी बेहत्तर स्थिति में है।

दुनिया भर में करीब 1.5 अरब लोग ऐसे देशों में रहते है, जो संघर्ष , हिंसा ओर अराजकता से ग्रस्त है। वही 20 करोड़ लोग हर साल प्राकृतिक आपदा का दंश झेलते है। पीड़ितों को इस सूची में तीसरा नंबर आता है बच्चो का। इन देशों के 16.8 करोड़ बच्चें ऐसे है जो संघर्ष, हिंसा, अराजकता और प्राकृतिक आपदाओं के साथ ही बाल मजदूरी को विवश है, यहॉ वर्ष 2017 'द वर्ल्ड डे अगेंस्ट चाइल्ड लेबर' ऐसे ही बच्चों को समर्पित है। अफ्रीका के इस्लामिक देशों में बालश्रमिकों की संख्या ज्यादा हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संघ द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार 60 प्रतिशत अर्थात् 10 करोड़ बाल मजदूर पूरे विश्व में कृषि कार्यो व मछली पालन में लगे है। 17.1 करोड़ बच्चे सन् 2001 में बेहत खतरनाक जगहो पर काम करते थे। वर्तमान में 8.5 करोड़ बच्चे ऐसी जगह कार्य कर रहे है।

भारत के संविधान में बाल अधिकार भारत का संविधान उस समय बनाया जा रहा था। जब संयुक्त राष्ट्र संघ मानवअधिकारो की सार्वभौमिक घोषणा को अपना रहा था । अत: भारत के संविधान में उन अधिकारों को शामिल किया गया है और संविधान में बाल अधिकारों पर भी बल दिया गया है।

अनुच्छेद 23 – इसमें मानव का दुर्व्यापार और बेगाह तथा इसी प्रकार बालश्रम प्रतिबंधित किया गया हैं अनुच्छेद 24 – इसमें 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मजदूर के तौर पर निमुक्त करने वाले व्यक्ति को 2 साल तक की कैद और 50000 रू. तक का जुर्माना है।

अनुच्छेद 29 (ड.) – सरकार द्वारा अपनी नीति का इस प्रकार संचालन करना ताकि बालकों की सुकुमार मनोवस्था का दुरुपयोग नहीं हो।

अनुच्छेद 39 (च) – सरकार द्वारा सुनिश्चित करना कि बालकों को स्वतंत्र और गरिमाओं स्वस्थ्य विकास के अवसर उपलब्ध हो।

अनुच्छेद 41 – राज्य अपनी आर्थिक क्षमता तथा विकास की सीमा में बालकों को काम करने शिक्षा पाने और अनियोजन की स्थिति में सार्वजनिक सहायता पाने का अवसर सुनिश्चित करे।

अनुच्छेद – 45 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को सरकार द्वारा नि:शुल्क अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करना ।

अनुच्छेद 47 – पोषण और जीवन स्तर को उँचा उठाने का प्रावधान ।

अनुच्छेद 21(क) – संविधान के 86वे संशोधन 2002 के माध्यम से बच्चो को शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है।

बालश्रम की समस्या को समाप्त करने के सुझाव – वर्तमान में करोड़ों बच्चों की उनके मौलिक अधिकार तो दूर उन्हें अमानवीय दशाओं में जीवन गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। वास्तव में इन व्यवस्थाओं को लागू करना न केवल भारत बल्कि संसार के अधिकांश देशों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। आज समाज में व्यक्ति परिवार व समाज के स्तर पर बच्चों को वस्तु मानकार उनसे भीख मंगवाना, उनकी समता से अधिक व भारी काम करवाना, उनसे तस्करी जैसे गैर कानूनी कार्य करवाना ,विज्ञापनों में उनका प्रयोग करना जैसे कार्य करवाकर उनके विकास कैसे अवरूद्ध कर रहे है। आवश्यक है बच्चो का सही पालन पोषण कर हर पीढ़ी के बच्चो के विकास पर पूरा ध्यान देना चाहिए। इसके लिए हमें बाल अधिकारों के प्रतिकृत संकल्प होना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बाल श्रमिकों की ज्वलंत समस्याएँ: कुमार अजय बालषोषण और अपराध – सिंह निशांत भारत की जनगणना 2011

****

सामाजिक एकता एवं सुरक्षा की दृष्टि से संयुक्त परिवार की आवश्यकता

डॉ. मनोज वानखेड़े *

शोध सारांश – हिन्दू सामाजिक जीवन की एक मुख्य विशेषता संयुक्त परिवार प्रणाली है। यह भारतीय संस्कृति की 'वसुधैव कटम्बकम्' की धारणा का प्रतीक है तथा भारतीय संरचना में इसका अत्यधिक महत्व है। संयुक्त परिवार को हिन्दुओं की भॉति अनेक अहिन्दू समुदायों ने भी इस प्रणाली को अपना लिया है। **'सवश्री कीथ और मैक डॉनल'** जैने पाश्चाल्य विद्धान संयुक्त परिवार प्रणाली को अति प्राचीन मानते है। अनेक वैदिक मंत्र ऐसे हैं, जो इस प्रणाली की प्राचीनता को प्रभावित करते है। विवाह के समय पुरोहित वर-वधू को आर्शीवाद देते हुवे कहता है **' तुम यही घर में रहो, विमुक्त मत होओ। अपने घर में पुत्रों और पोत्रो के साथ खेलते हुए और आनंद मनाते हुवे सारी आयु का उपभोग करो'** (ऋ 10/85/42) तथा **'तु सास, ससुर ननद ओर देवर पर शासन करने वाली रानी बन'**(वही, 46) यदि विवाह के पश्चात पुत्र से माता-पिता के पृथक हो जाने की प्रथा होती, तो आशीर्वाद का कोई महत्व नहीं रहता।

संयुक्त परिवार में तीन या चार पीढ़ियों के सदस्य एक साथ रहते है। परिवार में जो सबसे अधिक आयु का व्यक्ति होता है, वह परिवार का मुखिया होता है । स्त्रियों में मुखिया की पत्नी या अन्य वृद्ध महिला होती है। परिवार के प्रधान की आज्ञा का उल्लघंन भयंकर सामाजिक अपराध माना जाता है।

ग्रामीण आर्थिक सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत संयुक्त परिवार की उपयोगिता आज भी है, इसीलिए गाँव में इसका विस्तार और प्रभाव स्पष्टत: देखने को मिलता है और शायद भविष्य में भी ऐसा ही होगा, जब तक कि भारतीय ग्रामीण समुदाय के फलस्वरूप में कोई क्रांतिकारी परिवर्तन नहीं होता।

शब्द कुंजी – परिवार की एकता व सुरक्षा, परिवार में भाई चारे के वातावरण में है।

संयुक्त परिवार संगठन के आधार पर निकट के नाते-रिश्तेदारी की एक सहयोगी व्यवस्था है, जिसमें सम्मिलित सम्पत्ति वास, अधिकार तथा कर्तव्यों का समावेश होता है।

प्रस्तावना –संयुक्त परिवार की भाषा – संयुक्त परिवार क्या है –

1. **डॉ इरावती कार्वे** ने अपनी पुस्तक kinship organization In India p - 10 के अनुसार ' **एक संयुक्त परिवार उन व्यक्तियों का एक समूह है, जो साधारणतया एक मकान में रहते है, जो एक रसोई में पका भोजन करते है, तो सामान्य सम्पत्ति के स्वामी होते है और जो उपासना में भाग लेते है तथा जो किसी न किसी प्रकार एक-दूसरे के रक्त संबधी है'**

2. **आई0पी0 देसाई के अनुसार** हम उस परिवार को कहते है, जिसमें मूलभूत परिवार की अपेक्षा अधिक पीढ़ियों के सदस्य सम्मिलित है और जिसके सदस्य सम्पत्ति , आय तथा पारस्परिक अधिकारों और कर्तव्यों से एक-दूसरे से संबधितं है।

सयुंक्त परिवार की विशेषताएँ –

1. सामान्य निवास
2. बड़ा आकार
3. एक संगठित ईकाई।
4. संयुक्त रसोई।
5. संयुक्त सम्पत्ति।
6. सामान्य भरण-पोषण।
7. गृहस्थी का महत्वपूर्ण स्थान।
8. सांस्कृतिक निरंतरता।
9. सामान्य पूजा
10. सहयोग की भावना।
11. परस्पर कर्तव्य बोध।
12. स्थायित्व।

संयुक्त परिवार की आवश्यकता –

1. **चिन्ता की कमी –** संयुक्त परिवार में सभी प्रकार की परिस्थितियों को सहन करने की अपूर्ण शक्ति होती है, अत: उनमें साहस का विकास होता है, हरेक व्यक्ति को अपनी पत्नी, बच्चों तथा स्वयं के लिए आश्रय का विकास होता है, व्यक्तिगत परिवार में यह संभव नहीं हो सकता है।

2. **विरासत की रक्षा –** सयुंक्त परिवार में पारिवारिक विरासत और संस्कृति की रक्षा की जाती है। अनेक पीढ़ियों के सदस्य साथ-साथ रहते है, इससे बच्चे, बड़े बूढ़ों के आदेशों का अनुसरण करते है, फलस्वरूप पारिवारिक परम्पराओं का नियमित रूप से पालन होता है, जिससे वे अमिट रहते है।

3. **सुरक्षा की भावना –** संयुक्त परिवार सिर्फ वृद्धावस्था में व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान नहीं करता, अपितु आर्थिक, सामाजिक , राजनैतिक तथा मनौवैज्ञानिक सुरक्षाएँ भी प्रदान करता है। व्यक्ति अपने को हर प्रकार से सुरक्षित समझता है।

4. **मानवीय भावनाओं का विकास –** संयुक्त परिवार की उपयोगिता यह है कि इनमें मानवीय भावनाओं के विकास के लिए अधिक अवसर रहते है। अनुशासन, सहनशीलता, स्वाभिमान, और आत्मविश्वास की भावनाओं का विकास संयुक्त परिवार में ही संभव होता है। इसके साथ ही व्यक्ति सहयोगी जीवन बिताना सीख जाता है। संयुक्त परिवार इन्हीं मानवीय भावनाओं पर

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

टीका हुआ है।

5. बच्चों के पालन-पोषण का आदर्श स्थान – संयुक्त परिवार बालकों के व्यक्तित्व के समुचित विकास में भी सहायक होता है। इसमें रहतु हुए बच्चे उदारता, सहिष्णुता, सेवा, सहयोगिता, प्रेम ,सद्भाव और आज्ञाकारिता का पाठ पढ़ते है। संयुक्त परिवार में रहते हुए छोटेपन से ही बच्चा यह सीख जाता है कि उसका जीवन केवल उसी के लिये ही नहीं है, बल्कि उसके जीवन की सार्थकता दूसरों के लिये जीने मे हैं।

6. बड़े-बूढ़ों का मार्गदर्शन – संयुक्त परिवार में बड़े-बुढ़ों का एक अच्छा जमघट होता है, जिन्हें जीवन का लम्बा अनुभव होता। इनमें अनेक अच्छे उपदेश व निर्देश मिलते रहते हैं और सदस्यों को अपने जीवन को सफल बनाने में सहायता मिलती है, बड़े-बूढ़े अपने से छोटी आयु के लोगों को सदैव उचित मार्ग पर रखने का प्रयत्न करते है।

7. मनोरजनं का उत्तम साधन – संयुक्त परिवार द्धारा उनके सदस्य का पर्याप्त मनोरंजन होता रहता है। उसमें अनेक छोटे बच्चों की तोतली बाते, उनके मनोरंजन क्रिया कलाप, भाई-बहनों का प्रेम, माता का वात्सल्य आदि सदस्यों के दिल को बहलाती रहती है। साथ साथ फुर्सत में या तीज-त्यौहारों में परिवार के सदस्य मिलकर हॅसी मजाक करते, खेल, संगीत, लोकगीत , धार्मिक भजन आदि से अपना दिल बहलाते रहते है।

8. सामाजिक बीमा – संयुक्त परिवार का संगठन भी इस प्रकार का है वह अपने सदस्यों के लिए बीमा कम्पनी के रूप में कार्य करता है, क्योकि शारीरिक या मानसिक असमर्थता या दुर्घटना होने पर यह अपने प्रत्येक सदस्य की रक्षा करता है। बीमार पड़ने पर सेवा सुश्रुषा मिलती है, वृद्धावस्था या असमर्थता या बेकारी या दुर्घटना होने पर आश्रय मिलता है, खाने पहनने को मिलता है और किसी भी अवस्था में भूखों मरने का भय नहीं रहता।

9. सम्मिलित आय – संयुक्त परिवार में सम्मिलित आय और सम्मिलित खर्च होता है, इस कारण रूपये की बचत या कम खर्च में अधिक लोगो का भरण पोषण होता है, अलग-अलग परिवार बसाने में सामान्यतया खर्चा अधिक होता है, क्योंकि परिवार से सबंधित हर चीज को अलग-अलग खरीदना पड़ता है। इतना ही नहीं, संयुक्त परिवार में खर्चे पर बड़े-बूढ़ों का नियंत्रण होता है, जो कि इस संबध में काफी अनुभवी होते है।

10. राष्ट्रीय एकता की प्रोत्साहन – संयुक्त परिवार परोपकार और त्याग की भावना को उत्पन्न करता और इससे सामुदायिक जीवन की व्यवहारिक शिक्षा मिलती है। सयुंक्त परिवार के सदस्य के नाते प्रत्येक सदस्य के ह्रदय और मस्तिष्क से संकीर्ण भाव दूर होते है, जिसके फलस्वरूप उनमें अपनेपन की भावना विकसित होती है, इससे राष्ट्रीय एकता की भावना पनपती है।

11. देश सेवा का अवसर – चूँकि संयुक्त परिवार में बीवी-बच्चों या बूढ़े, मॉ-बाप का पालन पोषण का भार किसी एक के सिर पर नहीं होता और चूँकि उनमें से एक दो सदस्यों की अनुपस्थिति से इन कार्यो में कोई बाधा नहीं पहुंचती, इस कारण संयुक्त परिवार के सदस्यों को परिवार की चिन्ता अधिक न रखकर देश सेवा ओर त्याग करने का अवसर अधिक प्राप्त होता है।

निष्कर्ष – संयुक्त परिवार का भविष्य श्री कपडिया के अनुसार 'हिन्दु मनोवृत्तियॉ आज भी सयुंक्त परिवार के पक्ष में है' आगे लिखा है कि इतना तनाव तथा भार सहन करते हुए भी संयुक्त परिवार अब तक जीवित है तथा इसका भविष्य अंधकार नहीं है। भिन्न-भिन्न पीढ़ियों में संघर्ष होते हुए भी आने वाली पीढ़ी में सयुंक्त परिवार के लिए सुदृढ़ भावना विद्यमान है। ग्रामीण आर्थिक सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत संयुक्त परिवार की उपयोगिता आज भी है, इसीलिए गाँव में इसका विस्तार और प्रभाव स्पष्टत: देखने को मिलता है और शायद भविष्य में भी ऐसा ही होगा, जब तक कि, भारतीय ग्रामीण समुदाय के फलस्वरूप में कोई क्रांतिकारी परिवर्तन नही होता।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. मुकर्जी, रविन्द्रनाथ – भारतीय समाज व संस्कृति 2001विवेक प्रकाशन जवाहर नगर दिल्ली
2. डॉ. बघेल, डी.एस. एवं – भारतीय समाज 2007 कैलाश पुस्तक सदन, डॉ. बघेल, किरण, भोपाल
3. डॉ. सिहं वीरेन्द्रनाथ – ग्रामीण एवं नगरीय समाज 1995 विवेक प्रकाशन दिल्ली
4. प्रो. गुप्ता, एम.एल. एवं – समाज शास्त्र 2002 साहित्य भवन डॉ. शर्मा डी.डी. पब्लिकेशन आगरा

****

जयसिंह नगर एवं जैतपुर विकासखण्ड में शिक्षा का भौगोलिक अध्ययन

डॉ. दशरथ प्रसाद साकेत *

शोध सारांश – भारत गाँवों का देश है, 2001 की जनगणना के अनुसार 72.4% लोग ग्रामों में निवास करते हैं। भारत में ग्रामों के विकास के लिए क्षेत्रीय विकास योजनाओं के अन्तर्गत विकास हेतु आधार भूत सुविधाओं–शिक्षा, पेय जल सेवा, स्वास्थ्य सेवा, विद्युत सेवा, परिवहन सेवा के विकास को महत्व दिया गया। यह सही भी था, क्योंकि उपर्युक्त सेवाओं के बहाली और किसी क्षेत्रीय इकाई के विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। विकास योजनाओं का अर्थ जहाँ एक ओर लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक रूपान्तरण से है, वहीं दूसरी ओर इनका सम्बन्ध आर्थिक विकास से है। विस्तृत अर्थों में यह कारकों की जटिलता के पहचान की एक प्रक्रिया है, जो सामाजिक एवं भौतिक अस्तित्व की रचना, परिवर्तन अथवा विकास में योगदान देते हैं।म आर. पी. मिश्रम एवं अन्य के अनुसार विकास योजना आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन लावे ताकि संस्थागत ढ़ाँचा के निर्माण में समाज द्वारा किया गया एक जागरूक प्रयास है, जो परिवर्तन को एक सतत प्रक्रिया के रूप में चलता है। क्षेत्रीय विकास का मुख्य कार्य राष्ट्रीय, राज्यीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर क्षेत्रीय नियोजन की योजना को नीतियों के द्वारा अन्तर्क्षेत्रीय विषमताओं को कम करना है।

प्रस्तावना – योजना आयोग विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए राज्य में एक या दो जिलों का चयन करता है। परन्तु पिछड़े हुए क्षेत्रों के समस्याओं के समाधान का यह संतोषप्रद कदम नहीं है। पिछड़ापन एक वृहद स्थानिक स्वरूप है, जो क्षेत्रीय विभेदों के सम्पूर्ण अभिलक्षणों द्वारा परिलक्षित होता है। पिछड़े हुए क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए योजनाकारों द्वारा व्यवस्थित नई योजना प्रक्रिया बनाई जानी चाहिए। योजना कुछ इस प्रकार की होनी चाहिए, कि पिछड़े हुए क्षेत्रों के विकास की विशिष्ठ समस्याओं के संबंध में पर्याप्त जानकारी सुनिश्चित कर सके। पिछड़े क्षेत्रों के स्थानिक कार्यक्रमों में कृषि तथा अन्य आधारभूत ढ़ाँचा में सुधार के लिए सहायता दी जानी चाहिए। इसीलिए योजना आयोग ने सातवीं पंचवर्षीय योजना में आधारभूत ढ़ाँचा, क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च वरीयता प्रदान करने की सिफारिस की।

प्रस्तावित शोध प्रविधि – शोध पत्र में द्वितीयक सामग्री का संकलन किया गया है। व्यक्तिगत सर्वेक्षण एवं संकलन को भी शोध पत्र का आधार बनाया गया है, वास्तविक स्थिति का जयसिंह नगर एवं जैतपुर विकासखण्ड में शिक्षा का भौगोलिक अध्ययन नामक शोध पत्र का निर्माण किया गया है। इस पत्र में द्वितीयक आकड़ों का संकलन करके शोध पत्र में समाहित करने का प्रयास किया गया है। पत्र–पत्रिकाओं के माध्यम से भी शोध पत्र बनाने में मदद ली गई है।

उद्देश्य :

1. अध्ययन क्षेत्र जनजातीय जनसंख्या वाला क्षेत्र है। 1961 के पूर्व शिक्षा संबंधी विकास की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, किन्तु बाद में योजनाओं द्वारा यह समझ गया कि जब तक इस क्षेत्र के लोगों को शिक्षित नहीं किया जाएगा, तब तक विकास संभव नहीं। अत: शिक्षा आधारित नीति के कृयान्वयन के कारण शिक्षा संस्थाओं का विकास हुआ मिलता है।
2. 1961 के बाद शिक्षा विकास संबंधी नीतियों को समग्र देश में क्रियान्वित किया गया, जिसका प्रभाव इस क्षेत्र के शिक्षा संस्थाओं के विकास का कारण बनी।
3. 1951 के पूर्व रीवा रियासत के आधीन इस क्षेत्र के समग्र विकास की कोई कल्पना नहीं की गई। स्वतंत्रता के बाद अधोसंरचनाओं में विकास की ओर ध्यान दिया गया। जैसे–जैसे अधोसंरचनाओं में विकास होता गया, उत्तरोत्तर गम्यता बढ़ती गई, जिनके प्रभाव के कारण प्राथमिक शालाओं की संख्या में विकास होता गया।
4. 1961 के पूर्व जहाँ निवास करने वाली अधिसंख्यक लोग घुमक्कड़ प्रकृति के थे। 1961 के बाद स्थाई अधिवासों में वृद्धि हुई जिसका प्रभाव प्राथमिक शालाओं के विकास में हुआ।
5. आदिवासियों को संविधान में प्रदत्त आरक्षण की सुविधाएँ जनजातीय समूह को रोजगार उपलब्ध कराने में मदद की, लोगों के रहन–सहन का स्तर बढ़ा, जिसका प्रभाव शिक्षा पर पड़ा।

आधारभूत सुविधाएं ऐसी सुविधाएं होती हैं, जिनके रूग्ण होने पर किसी प्रदेश की सामाजिक आर्थिक क्रियाएं पूर्णत: रूग्ण होकर विकास की गति को बाधित करती हैं। यदि इन सुविधाओं को बहाल किया जाता है, तो समाज का विकास अपने आप गति प्राप्त करने में सामर्थ होता है इन आधारभूत सुविधाओं के सहज उपलब्धता के बगैर किसी क्षेत्र या प्रदेश का विकास संभव नहीं है।

उपयोगिता – किसी भी देश के राष्ट्रीय जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। शिक्षा के अभाव में जीवन पशु तुल्य है। शिक्षा की प्रगति राष्ट्र की प्रगति का सूचक है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि हमारा देश उन्नति क्यों नहीं कर रहा है, क्योंकि यहाँ शिक्षा का अभाव है। अत: यदि देश को समुन्नत बनाना है, तो सर्वप्रथम जनसाधारण को शिक्षित करना होगा। शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास होता है। उसके वक्तव्य तथा विचारों में निरंतर परिवर्तन, परिमार्जन एवं परिवर्धन होता है, और वह अपनी सभ्यता, संस्कृति को समझने, सुरक्षित रखने और विकास करने में सामर्थ होता है महात्मा गाँधी के अनुसार मैं

* अतिथि विद्वान (भूगोल) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जैतपुर, जिला–शहडोल (म.प्र.) भारत

बालक अथवा मनुष्य में आत्मा, शरीर, बुद्धि के सर्वांगीण और शिक्षा को सबसे अच्छे विकास से समझता हूँ। अरस्तु ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास ही शिक्षा है।

शिक्षा का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के ज्ञान, रूचियों आदर्शों एवं शक्तियों का विकास करना है। जिसके द्वारा उसे अपना उचित स्थान मिल सके और उस स्थान का सदुपयोग कर समाज को उच्च एवं पवित्र उद्देश्य की ओर ले जावें शिक्षा के द्वारा ही किसी देश के नवीन पीढ़ियों का समुचित एवं संतुलित विकास किया जा सकता है। साँस्कृतिक धरोहर से उन्हें अवगत किया जा सकता है। शिक्षा के द्वारा हर मानव में विश्वास, अन्तर्दृष्टि और सहयोग आदि का विकास कर सकते हैं।

आधुनिक शताब्दी में शिक्षा के नये दृष्टिकोण और जनतांत्रिक विचारधारा ने शिक्षा के क्षेत्र को बहुत व्यापक बना दिया है। आज शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक विकास समग्र रूप से कर व्यक्ति को वातावरण के अनुकूल करना सिखाना है, ताकि वह अपने व्यवहार में परिवर्तन कर अपने जीवन को सफल बनाने के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र का हित कर सके।

शिक्षा -सबका शिक्षित होना जरूरी है, ऐसी अवधारणा प्राचीन धर्म ग्रंथों एवं वेदों में मिलती है। इसीलिए भारत में शिक्षा के प्रचार-प्रसार का कार्य एक पुरातन परम्परा है। स्त्री हो अथवा पुरूष सबको शिक्षित होना चाहिए। भारतीय इतिहास में अनेको ऐसी महिलाओं का उल्लेख मिलता है,जो शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रही हैं, समय के साथ विभिन्न साँस्कृतियों का पदार्पण इस देश में हुआ, जिसके फलस्वरूप शिक्षा सम्बन्धी स्वरूप पुरातन विचार भ्रान्तियों में परिवर्तित होकर शिक्षा के क्षेत्र में करारा झटका दिया। अँग्रेजों की गुलामी के कारण शिक्षा सिर्फ नगरों में निवास करने वालों की हो गयी। ग्रामीण भारत जहाँ 1951 में 82 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निवास करती थी शिक्षा के क्षेत्र में प्राय: पीछे रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद समग्र राष्ट्रीय विकास की दृष्टि से पंचवर्षीय योजनाओं के द्वारा शिक्षा विकास सम्बंधी कार्यों की प्रगति देनी चाही। जिसमें नगरीय क्षेत्र तो तेजी से विकास किए किन्तु ग्रामीण क्षेत्र पिछड़े ही रहे।

अध्ययन क्षेत्र जयसिंहनगर आदिवासी परियोजना क्षेत्र आदिवासी जनसंख्या बहुल भू-भाग है, अत: ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में यहाँ शिक्षा का विकास बिल्कुल ही मन्थर गति से आगे बढ़ा जैसा कि निम्नलिखित है -

शैक्षणिक संस्थाओं का विकास - शिक्षा के विकास में शैक्षणिक संस्थाओं की विशिष्ट भूमिका होती है। प्राचीन काल में शिक्षा संस्थान के रूप में गुरूकुल अथवा आश्रम हुआ करते थे, जहाँ पर विभिन्न विषयों की शिक्षा गुरूओं एवं आचार्यो के द्वारा दी जाती थी। वर्तमान समय में गुरूकुल का स्थान शासकीय एवं अशासकीय स्तर पर विभिन्न प्रकार एवं अन्य स्तर की शिक्षण संस्थाओं ने ले लिया है, जहाँ शालेय स्तर महाविद्यालयीन स्तर एवं तकनीकी स्तर पर लोगों को शिक्षित करने का कार्य किया जाता है।

अध्ययन क्षेत्र जयसिंहनगर एवं जैतपुर विकासखण्ड शहडोल जिला में स्थित ऐसे भू-भाग हैं, जो पुरातन समय से घने वनों एवं पहुँच से दूर आदिवासी जनसंख्या प्रधान भू-भाग हैं। अत: 1950 के पूर्व शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाओं का लगभग अभाव रहा। समीपी नगर एवं जिला मुख्यालय शहडोल में पूर्व माध्यमिक स्तर का विद्यालय था इसके अतिरिक्त अन्य स्थलों पर प्राचीन संस्कृति से सम्बन्धित गुरूकुल पद्धति के कुछ केन्द्र रहे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राष्ट्रीय विकास के प्रयासों के अन्तर्गत शिक्षा के विकास में सर्व- प्रथम ध्यान दिया गया, जिसके अन्तर्गत बुढ़ार एवं जयसिंहनगर में 1951 में क्रमश: 05 एवं 03 पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा 07 एवं 05 प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की गई। 1957 में शिक्षा विकास के लिए उपर्युक्त पाठशालाओं का उन्नयन क्रमश: हाईस्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला के रूप में किया गया तथा दोनों विकासखण्डों में क्रमश: 12 एवं 08 प्राथमिक शालाएँ खोली गईं। दूसरे क्रम में जैतपुर एवं जयसिंहनगर दोनों ही विकासखण्डों में रात्रि कालीन पाठशालाएं खोली गयीं, जिन्हें 1961 में प्राथमिक आवासीय, पाठशाला के रूप में परिवर्तित किया गया। इस प्रकार 1961 की स्थिति में जयसिंहनगर एवं जैतपुर विकासखण्डों (तत्कालीन समय में विकासखण्ड का दर्जा नहीं मिला) में समस्त प्रकार की शालाओं की संख्या क्रमश: 17 एवं 21 हो गई। 1961 से 2007 की अवधि तक विद्यालयों की संख्या एवं उनमे पदानुक्रम में लगातार अभिवृद्धि होती गयी, जैसा कि निम्नांकित सारणी क्र. 1 से स्पष्ट है।

सारणी क्रमांक -1(देखे अगले पृष्ठ पर)

सारणी क्र. 1 से स्पष्ट होता है कि विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा केन्द्र एवं राज्य शासन के सतत प्रयासों के कारण अध्ययन क्षेत्र में शिक्षा का लगातार विकास हुआ मिलता है। 1961 में समस्त प्रकार के विद्यालयों की कुल संख्या 38 थी, जो 2007 की स्थिति में 1001 हो गयी। इस प्रकार शिक्षा संस्थानों में 25.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई मिलती है। किन्तु जयसिंहनगर एवं (जैतपुर) बुढ़ार दोनों ही विकासखण्डों में वृद्धि का स्वरूप एक समान नहीं पाया जाता जैसा कि उपर्युक्त (सारणी क्र. 1 में स्पष्ट है।)

निष्कर्ष - विभिन्न सम्वर्ग के संस्थाओं में विकास की संख्या अलग-अलग मिलती है। सन् 1961 में प्राथमिक विद्यालय की दोनों विकासखण्डों की सम्मिलित संख्या 20 थी, जो 1971 में 72 हो गई। इस प्रकार 52 प्राथमिक शालाओं में अभिवृद्धि हुई। 1971-81 दशक में 72 प्राथमिक शालाओं में अभिवृद्धि हुई। 1981 आधार वर्ष 1999 में 214 प्राथमिक शालाओं के अभिवृद्धि के साथ इनकी संख्या 428 हो गई। अगले दशकों 2001 एवं 2007 में प्राथमिक शालाओं की संख्या क्रमश: 509 एवं 758 हो गई। इस प्रकार 1961 आधार वर्ष पर कुल प्राथमिक शालाओं में 3690 गुना की अभिवृद्धि हुई। प्राथमिक शालाओं की भाँति पूर्व माध्यमिक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक एवं महाविद्यालयों की संख्या में क्रमश: 1537 गुना, 2450 गुना विकास हुआ मिलता है। निष्कर्ष रूप में शिक्षा लोंगों के जीवन के आवश्यकताओं एवं आकाँक्षाओं से सम्बन्धित है जो आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और साँस्कृतिक विकास करते हुए राष्ट्र के उन्नत का मार्ग प्रस्तत प्रस्तुत करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. W.R. Lassay – Planning in rural Environmants. Megrow Hill Book, co. New Delhi p.2
2. RP Mishra – et al. – Regional devlopment Planning in India, Vikas publising house, New Delhi, 1974, 9391
3. VKV Rao – New apporaches to Indian planning -1 Yojana May-1, 1984,p.9.
4. सामाजिक अनुसंधान के मूल तत्व, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, वालगंगा, भोपाल म.प्र., अष्टम संस्करण 2003.
5. डॉ. प्रमिला कुमार, मध्यप्रदेश, एक भौगोलिक अध्ययन, द्वितीय संस्करण, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल (म.प्र.).
6. म.प्र. सामान्य ज्ञान, उपकरण प्रकाशन 2/11 ए. स्वदेशी वीमानगर आगरा-2.

7. एस.डी. कौशिक एवं शर्मा, ए.के., भौगोलिक विचारधाराएं एवं विधि तंत्र, सप्तम संस्करण 1990, रस्तोगी प्रकाशन शिवाजी रोड, मेरठ.
8. डॉ. सी.वी. भामोरिया, भारत का वृहद भूगोल, 1994.
9. मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास की समस्यायें, उद्योग संचालनालय, भोपाल 1999, 2005.

सारणी क्रमांक –1 :जयसिंहनगर एवं (जैतपुर) बुढ़ार (विकासखण्ड) में शिक्षा संस्थाओं के विकास का स्वरूप (1961–2007)

क्र.	वर्ष	प्राथ.विद्यालय संख्या	वृद्धि संख्या	पूर्व मा. वि. संख्या	वृद्धि संख्या	उ.मा. वि. संख्या	वृद्धि संख्या	अन्य	कुल विद्या. संख्या	वृद्धि का अन्तर	वृद्धि का प्रतिशत
1.	1961	20	–	08	–	02	–	8	38	–	–
2.	1971	72	52	15	7	04	2	25	123	88	231.6
3.	1981	214	142	28	13	12	8	04	360	234	185.7
4.	1991	428	214	66	38	26	14	23	543	183	50.83
5.	2001	509	295	148	82	42	16	53	754	211	38.85
6.	2007	758	249	179	31	51	9	13	1001	247	32.75

स्त्रोत:– जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल से प्राप्त जानकारी पर आधारित वर्ष 2007

****

इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशक के हिन्दी उपन्यास - सांस्कृतिक परिवेश में भूमण्डलीकरण

विनोद कुमार *

प्रस्तावना - भूमण्डलीकरण एक सतत् वैचारिक प्रक्रिया है। इस वैचारिकी ने समस्त विश्व को उद्वेलित किया। बीसवीं सदी के अन्तिम दशक व इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशक की वैचारिक परिचर्चाओं में भूमण्डलीकरण विमर्श का प्रमुख मुद्दा बन कर सामने आया। भूमण्डलीकरण ने विश्व स्तर पर राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, साहित्यिक प्रत्येक क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन उपस्थित किए। वैश्विक संकल्पना में नवीन विचारधाराओं व अवधारणाओं की सरणियां उत्सरित होने लगी।

भूमण्डलीकरण -शाब्दिक अर्थ- भूमण्डलीकरण, वैश्वीकरण, विश्वयान, संसारीकरण, जगतीकरण आदि शब्द परस्पर पर्याय रूप में प्रचलित हैं। हिन्दी में भूमण्डलीकरण शब्द पाश्चात्य जगत् से आयतित है। आंग्ल-भाषा के शब्द "Globalization' के हिन्दी रूपान्तरण के रूप में 'भूमण्डलीकरण' शब्द का आविर्भाव हुआ।[1]

भूमण्डलीकरण - परिभाषाएँ - राजनीति शास्त्री गोपाल गुरु के अनुसार- 'भूमण्डलीकरण ऐसे विचार और व्यवहार का नाम है जो अपनी सार्वभौमिकता के जरिए व्यक्तियों और समुदायों को उनकी पारिवेशिकता का अतिक्रमण करने का आश्वासन देता है।'[2]

पुष्पपाल सिंह के अनुसार - 'भूमण्डलीकरण मूलत: एक आर्थिक नियमन की व्यवस्था के रूप में अस्तित्व में आया किन्तु इसके बाज़ारवादी पक्ष ने इसे सांस्कृतिक रूपान्तरण की प्रक्रिया में डाल दिया। इस अवधारणात्मक रूप में इसके दो पक्ष हैं, आर्थिक तथा सांस्कृतिक पक्ष।'[3]

डॉ0 कौमुदी श्रीवास्तव के अनुसार- 'वैश्वीकरण की आँधी, विविधता, स्थानिक सहभागिता और सहकारिता के परखचे उड़ाती चलती है। भाषाओं, बोलियों, संस्कृतियों, व्यवस्थाओं, कार्यपद्धतियों और जीवन धाराओं पर वैश्वीकरण की महाशक्तियों द्वारा थोपी जा रही एकरूपता अपसंस्कृति एवं हीन ग्रंथि का ग्रहण लग जाता है।'[4]

सच्चिदानंद सिन्हा के अनुसार- 'भूमण्डलीकरण दरअसल पूँजीवाद की तात्कालिक एकछत्रता का उद्घोष है।'[5]

प्रभा खेतान के अनुसार- 'भूमण्डलीकरण तो वह बिजली है, जिससे आपका घर रोशन भी हो सकता है और आपके घर में आग भी लग सकती है।'[6] प्रभा खेतान भूमण्डलीकरण को जोड़ने और बिखराव की क्रिया मानती हुई कहती है- 'जातीयता और राष्ट्रीयता पर भूमण्डलीकरण के प्रभाव से कोई इंकार नहीं कर सकता। सामान्यत: भूमण्डलीकरण जोड़ने और तोड़ने वाली बिखराव भरी प्रक्रिया या परिघटना है।'[7]

'विश्व की प्राचीनतम सभ्यता एवं संस्कृति में से एक भारतीय संस्कृति परिवर्तन के कई थपेड़ों से जूझती एवं निखरती रही है। समयांतर में विभिन्न कारकों एवं कारणों ने इसके समक्ष नई चुनौतियाँ पैदा की हैं, ऐसे ही इक्कीसवीं सदी में भूमण्डलीकरण ने भारत को एक नए सांस्कृतिक दोराहे पर खड़ा कर दिया है।'[8] इक्कीसवीं सदी के हिन्दी उपन्यास सांस्कृतिक परिवेश में भूमण्डलीय संस्कृति की इन्द्रधनुषीय छटा को प्रकट करने में सक्षम हैं। विश्व के एकीकरण में विभिन्न संस्कृतियों के सांझे मंच पर आने से सांस्कृतिक मेल-जोल बढ़ा। सांस्कृतिक आदान-प्रदान की प्रक्रिया में पश्चिमी संस्कृति का प्रभुत्व उभरा, क्योंकि पश्चिम द्वारा नियन्त्रित भूमण्डलीकरण ने पूरे विश्व की संस्कृति को उद्वेलित किया।

उदारीकरण के चलते सीमाओं का अतिक्रमण करके विकसित राष्ट्रों ने अन्य राष्ट्रों में अपनी व्यावसायिक गतिविधियाँ को बढ़ावा दिया। बाज़ार की शक्तियों ने किसी भी राष्ट्र की आर्थिक-व्यवस्था को प्रभावित करने के साथ-साथ वहाँ की संस्कृति पर अपनी छाप छोड़ी। स्थानीय संस्कृति पश्चिमीकरण के रंग में रंगी जाने लगी। 'ज़ीरो रोड' उपन्यास में दुबई के सांस्कृतिक परिवेश का चित्रण इस यथास्थिति का परिचायक है-

'पश्चिमी देशों ने किस बुरी तरह छोटे कमज़ोर राष्ट्रों का दोहन किया था। इसमें वे भी देश शामिल थे, जिनके पास सभ्यता एवं संस्कृति का सुनहरा इतिहास है, जिन्होंने वास्तव में आज के आधुनिक संसार की नींव डाली थी। आज की तकनीक ने, खासकर खतरनाक हथियारों ने साहित्य व कला को नकार कर यह साबित करना शुरू कर दिया कि संवेदना का कोई महत्तव दिमाग़ी दुनिया में नहीं रह गया है।'[9]

विकास प्रक्रिया में सीमाओं का अतिक्रमण होने से संस्कृति भी वैश्विक यात्रा करती है। दुबई जो कभी रेगिस्तान था, आज वहाँ ईमारतें, उद्योग, रेस्टोरेंट, बाज़ार, और व्यापारिक गतिविधियों के चलते पब्लिक पार्क, स्वीमिंग पूल पनप चुके हैं। व्यापारिक गतिविधियों ने दुबई का नक्शा ही बदल दिया। वर्तमान दुबई में नगरीकरण का विकास हुआ और रेगिस्तान के साथ-साथ वहाँ की स्थानीय बद्दू संस्कृति आयातित संस्कृति की भेंट चढ़ गयी।[10]

संस्कृति के इस संक्रमणकालीन दौर में पुरानी पीढ़ी नव-संस्कृति को ग्रहण करने के पक्ष में नहीं हैं, वही नयी पीढ़ी के लिए नव-संस्कृति आधुनिकता का प्रतीक है। भोगवादी संस्कृति ने नयी पीढ़ी को आकर्षित किया। ए.बी.सी.डी. उपन्यास में चित्रित हरदयाल व शील पुराने संस्कारों का प्रतिनिधित्व करते हुए पश्चिमी संस्कृति को अपसंस्कृति कहकर मुँह मोड़ते हैं, परन्तु नयी पीढ़ी की शीनी के लिए भोगवादी संस्कृति सहज रूप में ग्राह्य है। लड़के और लड़की के प्रेम-मिलन यानी 'डेट' की संस्कृति आधुनिक नवयुवाओं की पहली पंसद है। शीनी अपने मित्र निक के साथ 'डेट' पर

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) भाग सिंह खालसा कॉलेज फॉर विमिन, काला-टिब्बा, अबोहर (पंजाब) भारत
शोधार्थी (हिन्दी) पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ (पंजाब) भारत

जाकर भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले अपने माता-पिता हरदयाल व शील के विचारों को झटका देती है-

'पहला झटका उसने तब दिया था जब वह विधिवत घोषित रूप से 'डेट' पर गयी थी। नेहा उन दिनों स्कूल में पढ़ती थी।'[11]

शील अपने बच्चों में पनप रही पश्चिमी संस्कृति के लिए कनाडा के परिवेश और लड़कियों की शिक्षा को दोषी ठहराती है। रवीन्द्र कालिया ने संस्कृतियों के संक्रमण को शीनी व शील के माध्यम से प्रस्तुत किया है। शील मर्यादावादी और नैतिकतावादी भारतीय संस्कृति की उपज है, तो शीनी उच्छृंखल व भोगवादी पश्चिमी संस्कृति की। पश्चिमी संस्कृति के खुले संबंधों का यथार्थ इस प्रकार व्यक्त हुआ है-

'यहाँ शिष्टाचारवश भी चुम्बन लिया जाता है और एक दूसरे को छूकर बात करना एक सामान्य सी बात है, आत्मीयता प्रदर्शित करने का सबसे सरल उपाय। इस मामले में तो हिन्दुस्तानी बहुत अर्थ खोजता है। इस दृष्टि से तो वह फ्रायड का बाप है।'[12]

पश्चिमी जगत् की चकाचौंध में भटकाव की स्थिति है और वहाँ यौन-शुचिता का कोई स्थान नहीं है, जबकि भारतीय परिवेश में यौन-शुचिता को मूल्यवान माना जाता है-

'हमारी संस्कृति में तो यह हीरे जवाहरात से भी ज्यादा मूल्यवान है। हीरा खो जाए तो दुबारा खरीदा जा सकता है, मगर इसे नहीं। यह स्त्री का ऐसा आभूषण है जो खो जाने पर दुबारा हासिल नहीं किया जा सकता।'[13]

सन् 1857 में ही ब्रह्मानंद केशवचन्द्र सेन ने ब्रह्म समाज में प्रवेश किया था। ईसा मसीह के आदर्शों व चरित्र से वे प्रभावित थे। राष्ट्रीय जागरण के लिए उन्होंने शोषित और उपेक्षित वर्ग के उन्नयन का प्रयास किया। भारत के पुनरूत्थान को ध्यान में रखकर आपने 'सुलभ समाचार' नामक समाचार–पत्र बंगला में निकाला। लोगों की गरीबी को ध्यान में रखकर उसका मूल्य एक पैसा रखा गया था। आप कोरे समाज सुधारक नहीं थे, एक समाजवादी चिन्तक भी थे। केशवचन्द्र सेन पहले राष्ट्रीय नेता थे, जिन्होंने सर्वप्रथम हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित किया। 'सुलभ समाचार' पत्र में आपने राष्ट्रीय एकता के लिए हिन्दी की व्यापकता को लक्ष्य कर प्रबल समर्थन किया था। उन्नीसवीं शताब्दी भारतीय मानस मनीषा के जागरण की शती रही है।[3] इसी बीच एक नवीन ज्योति का विवेकानंद के रूप में उदय हुआ। वे अंग्रेजी और संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित थे। प्राचीनता और नवीनता का उन्हें भली प्रकार ज्ञान था। वे रामकृष्ण परमहंस के प्रिय शिष्य थे। उनका स्पष्ट मत था कि 'मैं प्राचीन हिन्दू समाज को ही पसंद करूँगा, क्योंकि अज्ञ होने पर भी, कुसंस्कार से घिरे होने पर भी हिन्दू के हृदय में एक विश्वास है, उसी विश्वास के बल पर वह अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है, किन्तु विलायती रंग में रंगे सर्वथा मेरूदण्ड विहीन बाबू लोग अपरिपक्व, श्रृंखलाशून्य, बेमेल विभिन्न भावों से भरे होते हैं।' वे पाश्चात्य सभ्यता के पक्षधर नहीं थे। उनकी मान्यता थी कि, 'एकमात्र ईश्वर ही सत्य है, एकमात्र आत्मा ही सत्य है, एकमात्र धर्म ही सत्य है। इसी सत्य को पकड़े रहो।' धर्म परिवर्तन को आप हिन्दू जाति के लिए घातक मानते थे। 19वीं शती की समग्र चेतना विवेकानन्द में मुखर हो उठी थी। वे भारत के ज्ञान के पर्याय बन गए थे। उनके द्वारा जागृत चेतना ने भारतीय राजनीति को गहरे तक प्रभावित किया।

धार्मिक आन्दोलनों से दूर ईश्वचन्द्र विद्यासागर तथा बंकिमचन्द्र ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने राष्ट्रीय आन्दोलन को तीव्र गति प्रदान की। ईश्वरचंद्र विद्यासागर एक प्रगतिशील समाज सुधारक थे, शास्त्रज्ञ थे। आप नारी शिक्षा के पक्षधर थे तथा आपने 1857 से 1858 के बीच 35 बालिका विद्यालयों की स्थापना की। बहुविवाह और बाल विवाह का भी आपने विरोध किया। आपने 'विधवा विवाह' आन्दोलन चलाकर समाज में क्रांति ला दी। विरोध के बावजूद आप सक्रिय बन रहे और 7 दिसम्बर, 1856 ई. को आपके ही निरीक्षण में पहली बार वैधानिक रीति से हिन्दू विधवा का पुनर्विवाह हुआ। ईश्वरचंद्र विद्यासागर एक मनीषी, उदार तथा विशाल हृदय व्यक्ति थे। प्रादेशिक सीमाओं से वे बहुत ऊपर थे। हिन्दी की शक्ति आप अच्छी तरह समझते थे। पं. द्वारिकानाथ विद्याभूषण के साथ मिलकर आप 'ओमप्रकाश' बंगला पत्र सोमवार को प्रकाशित करते थे। 'उदन्त मार्तण्ड' और 'सामदन्त मार्तण्ड' अस्त हो चुके थे। कार्तिक प्रसाद खत्री का 'हिन्दी दीप्ति प्रकाश' कई वर्ष पहले बुझ चुका था। कलकत्ते से हिन्दी का कोई पत्र नहीं निकलता था। इसी समय दुर्गाप्रसादजी तथा छोटूलालजी के प्रयास और सहयोग से 'भारतमित्र' का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ।

भारतीय पत्रकारिता की जन्मभूमि बंगाल की हिन्दी पत्रकारिता के नींव निर्माण और स्तर उन्नयन में बड़ी भूमिका रही है।[4] महान् साहित्यकार व ऋषि तुल्य बंकिमचंद्र ने भारतवासियों को 'वन्दे मातरम्' का मंत्र दिया। यह मंत्र चेतना का प्रेरक था। उस चेतना का जो देश को स्वतंत्रता की ओर आकृष्ट कर रही थी। 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता टाउनहाल में विदेशी बहिष्कार तथा स्वदेशी आन्दोलन के लिए हुई सभा में हजारों व्यक्तियों ने इस महामंत्र का उद्घोष किया था।

इसी युग में ब्रह्म समाज की ही तरह महादेव गोविन्द रानाडे के संरक्षण में 'प्रार्थना सभा' की स्थापना की गई। रानाडे जी सामाजिक तथा राजनैतिक विषयों में समान रूचि रखते थे। समाज सुधारक के साथ ही वे राजनीतिक सुधार पर भी बल देते थे। रानाडे जी ने महाराष्ट्र में राष्ट्र भक्ति की वह मजबूत नींव डाली जिस पर तिलक और गोखले ने देश की राजनीति का भवन खड़ा किया। उसी समय विदेशी महिला एनी बेसेन्ट ने जातीय उत्थान में बहुत सहयोग दिया। हिन्दू धर्म के प्रति उनमें असीम अनुराग था। राष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में भी एनी बेसेन्ट का कार्य सराहनीय था। 1917 की कलकत्ता कांग्रसे के सभापति पद पर उन्हें प्रतिष्ठित किया गया। वे 'आल इण्डिया होमरूल लीग' की संचालिका थी। यह संस्था तिलक की 'होमरूल लीग' से अलग थी।

देश के अभ्युत्थान में सबसे बड़ी बाधा थी–पराधीनता और जातीय संघशक्ति की दुर्बलता।[5] तत्कालीन जातीय परिवेश में चेतना जाग्रत करने का महत्वपूर्ण कार्य सर सुरेन्द्रनाथ बेनर्जी ने किया। आपकी ओजस्वी वाणी ने सर्वत्र चेतना की लहर जगा दी। 1877 में आपने दिल्ली दरबार में शामिल राजाओं से भेंट की थी। लार्ड लिटन के दुष्कृत्यों और इलबर्ट बिल की

*सहायक प्राध्यापक (वरिष्ठ) एवं विभागाध्यक्ष (भाषा) एम.बी. खालसा महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रतिक्रिया के रूप में प्रकटित अंग्रेजों की स्वार्थी वृत्ति ने पूरे भारत को असंतुष्ट कर दिया था। इस असंतोष को सुरेन्द्रनाथ बेनर्जी ने ही राष्ट्रीय रूप दिया था।

सुरेन्द्रनाथ की वाणी में ओजस्विता थी। वे अपने पत्र 'बंगाली' के माध्यम से सरकारी साम्राज्यवादी नीतियों का विरोध करते थे। फलस्वरूप आपको 1883 में सरकार ने दो माह की कैद का आदेश सुनाया। इस दण्ड को आपने बड़े गौरव के साथ स्वीकार किया। उस सजा का पूरे भारत में विरोध हुआ। 1876 में आपने 'इण्डियन एसोसियेशन' नामक अखिल भारतीय राजनीतिक संगठन की स्थापना की। राजनीतिक जागरण की प्रबल लहर चल रही थी। इंग्लैण्ड में दादा भाई नौरोजी के प्रयास से 'ईस्ट इंडिया सोसायटी' की स्थापना 1861 में हुई। इस संस्था के माध्यम से इंग्लैण्ड में राजनीतिज्ञों के रूप में सहानुभूति जगाने के लिए मि. ह्यूम ने 'इण्डियन नेशनल कांग्रेस' की स्थापना की। मि. ह्यूम सहृदय तथा भारतीय जनता के प्रति उदार भाव रखते थे। वे जब जिला मजिस्ट्रेर रहे, तब शिक्षा प्रसार, पुलिस सुधार, मदिरा निषेध, **देशी भाषाओं के समाचार-पत्रों की प्रगति,** बाल अपराधियों के सुधार आदि के लिए आपने काफी प्रयास किए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना से हिन्दी अखबारों की नैतिक ऊर्जा बढ़ गई। वह सरकार के गलत निर्णयों, नीतियों तथा कदमों के विरूद्ध जनमानस को संघर्ष के लिए प्रेरित करने लगी थी।[6]

अब उस पीढ़ी का जन्म हो चुका था, जिसे स्वदेशी आन्दोलन की बागडोर संभालनी थी। इसी युग में श्री अरविन्द और तिलक का प्रादुर्भाव हुआ। 1894 ई. में बम्बई से प्रकाशित होने वाले 'इन्द्र प्रकाश' में श्री अरविन्द ने 'न्यू लेम्प फार ओल्ड' शीर्षक से राजनीतिक लेख लिखना शुरू किए। इन लोगो में कांग्रेस के प्रति असन्तोष व्यक्त होता था, इसलिए रानाडे के दबाव के कारण लेखों का प्रकाशन बंद हो गया।

हिन्दी पत्रकारिता की तेजस्विता का अभिनंदन करते हुए जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी ने लिखा है- 'जहाँ तक क्रांतिकारी आंदोलन का संबंध है, भारत का क्रांतिकारी आंदोलन बंदूक और बम से नहीं, समाचार पत्रों से शुरू हुआ।[7] तिलक का राजनैतिक जीवन प्रारम्भ हो चुका था। 'केसरी' और 'मराठा' के तीखे तेवर नये राजनीतिक परिवर्तन का संकेत दे रहे थे। 4 जनवरी, 1881 को 'केशरी' का पहला अंक प्रकाश में आया और 'मराठा' उससे दो दिन पहले निकला था। तिलक ने गणपति उत्सव को 1893 में राष्ट्रीय ऐक्य के संदर्भ में प्रस्तुत किया। तिलक ने व्यावहारिक राजनीति के क्षेत्र में तब राष्ट्रीयता के आदर्श उपस्थित किए। 'स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार' का उनका सिंहनाद विदेशी ताकतों के होंसले पस्त करने लगा था। वैधानिकता की दुहाई देकर अंग्रेजों के आगे हाथ पसारने की राजनीतिक भिक्षावृत्ति समाप्त प्राय: हो गई थी। पूर्ण स्वराज्य का भाव जन-जन में जाग चुका था। लोकमान्य तिलक के सहयोगियों में विपिनचन्द्र पाल, अरविन्द घोष और लाला लाजपत राय थे। राजनीति के धारा को मोड़ने में सक्षम सभी नवयुवक उनके साथ थे। ये नवयुवक ही समय आने पर स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानी बने।

राष्ट्रीयता की धारा सतत् विकास पा रही थी। उस विकास में पत्रकारिता का भी अमूल्य सहयोग था। भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में उन्नीसवीं सदी का उत्तरार्द्ध और बीसवीं सदी का प्रारम्भ अर्थात् लगभग बीस वर्ष तेजस्वी पत्रिका का युग है। इस काल में अनेक महत्वपूर्ण पत्र प्रकाशित हुए। जैसे- सोम प्रकाश, सुलभ समाचार, अमृत बाजार पत्रिका, साधना, आर्यदर्शन, बंगला, मराठा, केसरी, ट्रिव्यून, इण्डियन मिरर आदि। 1891 में पत्रकारिता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व उभरा- रामानंद चटर्जी। इन्होंने दासी, प्रदीप, प्रवासी और माडर्न रिव्यू आदि कई पत्र निकाले। केवल बंगाल से ही 38 पत्रों का प्रकाशन हुआ। इस कालावधि में हिन्दी के अनेक पत्र प्रकाशित हुए। जैसे- हरिशचन्द्र चंद्रिका, भारतमित्र, हिन्दी प्रदीप, सार सुधानिधि और उचित वक्ता। 1890 में 'हिन्दी बंगवासी' का भी प्रकाशन हुआ।

लार्ड लिंटन के शासनकाल में वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट 1878 पास हुआ, जो 14 मार्च को कानून बना और मद्रास के अलावा सभी प्रान्तों पर लागू हुआ। यह ऐसा समय था जब भारत में 644 पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही थी और उनमें 400 पत्र भाषायी पत्र थे। इनकी पाठक संख्या भी लगभग एक लाख थी।[8] इस कानून का पूरे देश में विरोध हुआ। विरोधी स्वरों के प्रकाशन को रोकने के लिए यह नियम बना था। इसी की प्रतिक्रिया के रूप में मद्रास से हिन्दू का प्रकाशन हुआ। सभी पत्रों ने इसका खुलकर विरोध किया।

19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध अर्थात् 16 जुलाई, 1893 ई. को बाबू श्याम सुन्दर दास, रामनारायण मिश्र, ठाकुर शिवकुमारसिंह के अथक प्रयासों से 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना हुई। नागरी प्रचारिणी सभा भाषा और संस्कृति के क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय विद्रोह की प्रथम प्रतीक थी। हिन्दी साहित्य का यह भारतेन्दु युग था। भारतेन्दु स्वयं स्वदेशी के पक्षधर थे। कालान्तर में गाँधी जी ने यंग इंडिया, नव जीवन, हिन्दी नव जीवन पत्रों को **हरिजन** संज्ञा दी। गाँधीजी ने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया तथा सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन को एक नई दिशा दी। भारत छोड़ो आन्दोलन, करो या मरो की उद्घोषणा कर उन्होंने सारे देश को उद्वेलित कर दिया। जिसका परिणाम सन् 1947 में भारत की आजादी के रूप में सामने आया। 1920 में कांग्रेस अधिवेषन में हिन्दी को राजभाषा स्वीकार किया गया। अत: हिन्दी की पत्रकारिता को नई भूमि तथा नई दिशा मिल गई। उसका प्रभाव क्षेत्र भी विस्तृत हुआ। इस संदर्भ में डॉ. रामरतन भटनागर का कथन महत्वपूर्ण है-' कांग्रेस ने जनता के पास पहुँचने के लिए हिन्दी भाषा को अपनाया। फलत: हिन्दी पत्रकारिता द्रुतगति से बढ़ी। जैसे-जैसे राष्ट्रीय आन्दोलन तीव्र हुआ, हिन्दी पत्रकारिता सशक्त एवं तेजस्वी हुई।[9]भारतीय राष्ट्रीयता का विकास और पत्रकारिता का विकास न केवल समानान्तर हुआ है अपितु दोनों एक-दूसरे के सहयोगी रहे हैं। पत्रकारिता ने राष्ट्रीय विकास को गति प्रदान की तथा राष्ट्रीयता ने पत्रकारिता के स्वरूप को और अधिक निखारा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. विनोद गोदरे, हिन्दी पत्रकारिता-स्वरूप एवं संदर्भ, पृष्ठ 156
2. डॉ. विनोद गोदरे, हिन्दी पत्रकारिता-स्वरूप एवं संदर्भ, पृष्ठ 50
3. कृष्णबिहारी मिश्र, पत्रकारिता-इतिहास और प्रश्न, पृष्ठ 140
4. कृष्णबिहारी मिश्र, पत्रकारिता-इतिहास और प्रश्न, पृष्ठ 145
5. कृष्णबिहारी मिश्र, पत्रकारिता-इतिहास और प्रश्न, पृष्ठ 31
6. डॉ. विनोद गोदरे, हिन्दी पत्रकारिता-स्वरूप एवं संदर्भ, पृष्ठ 159
7. डॉ. रमेशचन्द्र जैन, हिन्दी पत्रकारिता का आलोचनात्मक इतिहास, पृष्ठ 122
8. एम. चेलापति राव, दी प्रेस, पृष्ठ 69
9. डॉ. रामरतन भटनागर, दी राइज एण्ड ग्रोथ ऑफ हिन्द जर्नलिज्म, पृष्ठ 357-58

'वेद' अध्ययन की मूल अवधारणा अनुशासन और अधिकार

डॉ. राजश्री नरवणे *

प्रस्तावना – वेद अध्ययन के संदर्भ में कहा जाता है कि ऋषि, देवता एवं छंद को जाने बिना मंत्रार्थ खुलते नहीं हैं। महर्षि कात्यायन प्रणीत सर्वानुक्रमणी (1. 1) तथा महर्षि शौनक मृत बृहद्देवता (8.132) में स्पष्ट लिखा है कि ऋषि, देवता एवं छंद समझे बिना वेदार्थ का प्रयास करने वाले श्रम निरर्थक जाता है अथवा पापमूलक हो जाता हैं।

यहाँ ऋषि का अभिप्राय है – कहने वाले (यस्य वाक्यं स ऋषि:) का व्यक्तित्व। देवता का भाव है – प्रकृति की किस शक्तिधारा को लक्ष्य करके बात कही गयी है (या तेनोच्यते सा देवता)। छन्द का अर्थ है कि इसमें काव्यात्मकता किस शैली की है (यद् अक्षर–परिमाणं तच्छन्द – ऋ0 सर्वा0 2.6)।

ऋषि – यह अभिव्यक्ति किसकी है, यह बात बहुत महत्व रखती है। 'मत्सम: पातकी नास्ति' (मेरे जैसा पापी कोई नहीं) यह वाक्य किसी अपराधी या कुण्ठित व्यक्ति का है तो बात और है, किन्तु जब जगद्गुरू आचार्य शंकर यह वाक्य बोलते हैं, तो अध्येता एकदम चौंकता है। आचार्य के स्तर को वह जानता है, इसलिए वाक्य का अर्थ हीन प्रसंग में नहीं, उच्च आध्यात्मिक संदर्भ में निकालता है। यदि वक्ता का स्तर पता न हो, तो गूढ़ उक्तियों के बारे में मतिभ्रम स्वाभाविक है। वेद गड़रियों के गीत हैं या तत्वदर्शियों के कथन ? इस अवधारणा से हमारी अन्त: चेतना की जागरूकता में जमीन–आसमान जितना अंतर पड़ जाता है।

देवता – प्रत्येक गूढ़ क्रिया के मूल में स्थित दिव्य शक्ति प्रवाह को समझे बिना सूत्र कैसे समझ में आ सकते हैं। किसी देवता से यह प्रार्थना करे कि हे देव ! सैकड़ों योजन दूर उत्पन्न ताप को लाकर हमारा आवास गर्म कर दे ।तो यह बात पागल का प्रलाप जैसी लगेगी, किन्तु विद्युत के शक्ति प्रवाह को 'देवता' कहकर यह प्रार्थना की जाए तो एक सर्वमान्य सत्य प्रकट होता है। दूरस्थ ताप विद्युत गृह में जल रहे कोयले की गर्मी से हमारे घर गर्म होते ही हैं। अस्तु ऋषि जिस देवता (शक्तिधारा) को लक्ष्य कर रहे है, उसका आभास हुए बिना उक्ति निरर्थक लगती है। किसी ने सूर्य या अग्नि से भयभीत होकर प्रार्थना की है अथवा उस दिव्य कल्याणकारी देवशक्ति का साक्षात्कार करके सूत्र दिए हैं ? इस मान्यता से चिन्तन का आधार ही बदल जाता है।

छन्द – काव्य के छन्द विशेष में किसी भाव विशेष को व्यक्त करने की सामर्थ्य होती है। वीर रस के छन्द से करूण रस के भाव नहीं जगते। छन्द की सामर्थ्य शब्दों से भिन्न है। वे भावों को स्पष्ट करने में कहीं–कहीं शब्दों से अधिक प्रभावी सिद्ध होते देखे जाते हैं। अस्तु भावों की गहराई तक पहुँचने में छन्द भी सहायक होते है। 'चींटी पाँवे हाथी बाँध्यों' उक्ति सामान्य रूप से एक उपहास जैसी लगती है, किन्तु यह कबीर की उलटबासी है, यह सोचते ही बुद्धि के कपाट स्वत: खुल जो हैं।

अधिकार – अधिकारी संबंधी बात भी अनुशासनपरक ही हैं। किसी अनुभवी से उसके अनुभव प्राप्त करने के लिए उसके अनुशासन में दीक्षित (संकल्प पूर्वक प्रवृत्त) होना पड़ता है। ब्राम्ही चेतना के अनुशासन को समझकर तदनुसार जीवन जीने के संकल्प के साथ समर्थ गुरू का वरण करने पर साधक को 'द्विज' की संज्ञा दी जाती थी। 'द्विज' का अर्थ होता है – दुबारा जन्म लेने वाला। माँ के गर्भ से शरीर के जन्म के साथ शारीरिक शक्तिधाराओं का विकास होने लगता है। जब साधक अन्त:करण की शक्तिधाराओं के विकास के लिए समर्थ गुरू से जुड़ता है, त बवह उसका दूसरा जन्म कहलाता है। वेद ब्रम्हविद्या के संवाहक हैं। उन्हें समझने के लिए ब्रम्हनिष्ठ जीवन का संकल्प आवश्यक है।

उक्त संदर्भ में द्विजों को ही वेद अध्ययन फलेगा, यह बात विवेकसंगत एवं सार्थक है। जन्म–जाति विशेष से उसे जोड़ने से ही भ्रम फैले हैं। वे प्रसंग सर्वविदित है कि 'जबाला' के पुत्र सत्यकाम तथा इतरा के पुत्र ऐतरेय को ब्रम्हविद्या में प्रवेश भी मिला और वे ऋषि स्तर तक पहुँचने में सफल भी हुए। इसलिए किसी को जन्म–जाति गत भ्रमों में न उलझ कर पात्रता के विकास द्वारा वेदाधिकार प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

वेद ज्ञान को ऋषियों ने नेति–नेति कहकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की है। उसे पूरा न समझ पाने से न तो निराश होना चाहिए और न उसे निरर्थक कहकर तिरस्कृत करना चाहिए। निरूत्कार यास्क ने भी वेद के लगभग 400 ऐसे शब्द गिनाए, जिनका अर्थ उन्हें नहीं पता था। जब शब्दार्थ का यह हाल है, तो भावार्थ तो और गूढ़ होते हैं। वे तो साधना के अनुपात से ही खुलते हैं। अस्तु, विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि ऋषियों के निर्धारित अनुशासन के अनुसार वेद का अध्ययन करने वालों को वेद भगवान के अनुग्रह से जीवनोपयोगी सूत्र प्राप्त होते रहे हैं और सदैव प्राप्त होते रहेंगे।

वेद विशिष्ट ज्ञान–विज्ञान के भण्डारगार हैं। किसी भी विशिष्ट विद्या को प्राप्त करने के लिए उसके विशिष्ट अनुशासनों का पालन करते हुए एक न्यूनतम स्तर तक व्यक्तित्व को ले जाना पड़ता हैं। उससे कम में हर कोई, किसी मनचाहे ढंग से उसका उपयोग करने अथवा लाभ पाने में समर्थ नहीं हो सकता।

बाँस की पोली नली से अग्नि को फूँक मारकर प्रज्वलित करने का ढंग थोड़े से संकेत से कोई भी सीख सकता हैं, किन्तु पोले बाँस को बाँसुरी के रूप में विकसित करने तथा उससे संगीत की मधुर ध्वनियाँ निकालने का कार्य संगीत का ज्ञाता ही कर सकता हैं। बाँसुरी सुरीली बने, इसके लिए छेदों के आकार तथा उसकी परस्पर दूरियों का निर्धारण कितनी सावधानी से करना पड़ता और उसका कितना महत्व हैं, यह बात कोई कनसुरा (जिसके कान स्वरों का अंतर ही नहीं समझते–ऐसा) व्यक्ति नहीं समझ सकता। इसी

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) रूकमादेवी पन्नालाल लड्ढ़ा माहेश्वरी महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रकार कद्दू के खोल, प्लाई और तार के संयोग से सितार की और उसके जादू भरे संगीत की बात कोई ऐसा व्यक्ति कैसे समझ सकता है, जो संगीत विद्या से सर्वथा दूर ही रहा हो ?

वेद मंत्रों में पराचेतना के गूढ़ अनुशासन का समावेश है। शब्दार्थ और व्याकरण आदि तो उसके कलेवर मात्र हैं। वे मंत्रों के भाव समझने में सहायक तो होते हैं, किन्तु केवल उन्हीं के सहारे गूढ़ तत्वों को समझा जाना संभव नहीं। स्वयं वेद में इस तथ्य को प्रकट किया गया हैं। जैसे – ऋग्वेद1. 164. 39 में कहा गया है – 'ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदु:' अर्थात् ऋचाएँ परम व्योम में रहती हैं, जिसका देवत्व अपरिवर्तनीय है। आगे कहा गया है – 'स्तन्न वेद किमृचा करिष्यति' जो उस अपरिवर्तनीय सत्य को नहीं समझता, उसके लिए मात्र ऋचा क्या करेगी ? यह कथन उसी तरह सत्य हैं। जिस प्रकार यह कथन कि जो संगीत का ज्ञाता नहीं, उसके लिए मात्र बाँसुरी क्या करेगी ? इसी प्रकार भाषा की सीमा बतलाते हुए ऋ. 10.71.1 में कहा गया हैं – बृहस्पते प्रथमं वाचो अग्रं यत् प्रैरत नामधेयं दधाना:। देशां श्रेष्ठं यदरिप्रमासीत् प्रेणा तदेशां निहितं गुहावि:।। हे बृहस्पते! सर्वप्रथम पदार्थो के नाम आदि का भाषा ज्ञान प्राप्त होता हैं। यह वाणी का प्रथम सोपान है। ज्ञान का जो दोष रहित–श्रेष्ठ–शुद्ध स्वरूप है, वह गुफा में छिपा है, जो दिव्य प्रेरणा से प्रकट होता हैं।

भाषा ज्ञान वाणी का प्रथम सोपान है। उससे प्रेरित होकर पदार्थो को देखा–पहचाना जा सकता है, किन्तु विचारों और भावनाओं की गहराई (गुफा) तक पहुँचने के लिए तो विशेष अन्त:स्फुरणा आवश्यक होती है। यदि किसी प्रभावशाली राग की सरगम (स्वरलिपि) लिख दी जाए, तो उससे राग को समझने में सहायता तो मिलेगी, किन्तु संगीत–निपुण व्यक्ति के निर्देशन में साधना करके ही उसे पाया जा सकता है।

वेदवाणी के संदर्भ में भी ऋषियों का यही मत है यज्ञेन वाच: पदवीयमायन् तामन्वविन्दऋशिशु प्रविंष्टाम्। तामाभृत्या व्यदधु: पुरूत्रा तां सप्त रेभा अभि सं नवन्ते (ऋ0 10.71.3)। ज्ञानी लोग श्रेष्ठ वाणी को यज्ञ से ही प्राप्त करते है। उन्होंने तत्वज्ञानी ऋषियों के अन्त:करण में प्रविष्ट वाणी को प्राप्त करके उस ज्ञान को संपूर्ण विश्व में प्रसारित किया। इसी वाणी (दिव्य ज्ञान) को सात छन्दों में स्तुति रूप में प्रस्तुत किया। वेद वाणी को यज्ञ के माध्यम से पाया गया— यह वाक्य गूढ़ार्थक है।

यज्ञ – यजन का अर्थ है – देवपूजन, संगतिकरण, दान.....। विद्या के विशेषज्ञ – दाता, देवता का पूजन–श्रृद्धा युक्त अनुगमन पहली शर्त है। उसके निर्देशानुसार स्वयं साधना – अभ्यास रूप में संगतिकरण करके ही व्यक्ति विद्याविद् बनता है। इससे कम से किसी विशेषज्ञ के अन्त:करण में संचित अनुभवजन्य विद्या को प्राप्त करना संभव नहीं है। इतना करके ही कोई व्यक्ति दान रूप में विद्या का विस्तार करके उसे सार्थक बना सकता है।

यहाँ एक बात और भी ध्यान देने योग्य है – वेद वाणी जड़ नहीं है। वह चेतन का प्रतिनिधित्व करती है और स्वयं भी चेतन है। चेतन में स्वयं भी चयन करने की क्षमता होती है। यह सत्पात्रों को पहचान कर स्वयं अपना प्रभाव उसके सामने खोल देती है। ऋ0 10.71.4 के अनुसार – उत त्व: पष्यन् न ददर्श वाचमुत त्व: शृण्वन् न शृणोत्येनाम्। उतो त्वस्मै तन्वं वि सस्रे जायेव पत्य उषती सुवासा:।। कुछ लोग उस वाणी को सुनने के पश्चत् (अर्थ न समझ पाने के कारण) न सुने के समान ही रह जाते है। कुछ (धारणा शक्ति के अभाव में) मन से देखने पर भी न देख पाने (अद्रष्टा) जैसे रह जाते हैं। वह वाणी किसी अधिकारी के पास ही अपने स्वरूप को वैसे ही स्पष्ट करती है, जैसे सुन्दर वस्त्रों में लिपटी पत्नी अपने पति के पास ही अपना शरीर (वास्तविक रूप) प्रकट करती है। जो लोग तप द्वारा श्रद्धा एवं मानस के परिष्कार के बिना वेदज्ञान का अनुभव करना चाहते हैं, वे शब्द जंजाल की माया में ही भटककर रह जाते है। यह भाव उक्त मंत्र से अगले (10.71.5) में स्पष्ट किया गया है। कहा है कोई–कोई स्थिर मति वाला ही वेद वाणी को ठीक से समझ पाता है। अन्य तो पुष्प एवं फल रहित शब्दों की माया में ही भटकते रह जाते हैं।

यही कारण है कि बड़ी संख्या में शौकिया वेद अध्येता मंत्रों के तत्व तक नहीं पहुँच पाते। श्री अरविन्द ने वेद रहस्य में यह बात स्पष्ट करते हुए लिखा है कि उपनिषद् काल (जब साधकों के अन्त:करण पर्याप्त शुद्ध थे) में भी उन्हें तत्वज्ञान प्राप्त करने के लिए तपक रने और दीक्षित होने के लिए कहा जाता था। अब जब जीवन लगभग पूरी तरह पदार्थोन्मुख हो गया है, तक पराचेतन के सूत्र स्वरूप वेदवाणी की गहराई कैसे समझ में आए ? इसका अर्थ यह नहीं कि वेदों में दिए गए सारे मंत्र सामान्य बुद्धि से परे हैं। कहीं–कहीं ऋषिगण व्यावहारिक–अध्यात्म के जीवन निर्माण के मार्मिक सूत्र प्रकट करते हुए कहते हैं – 'जिव्हा अग्रे ..... भूयासं मधुसंदृश:' (अथर्व0 1.34) अर्थात् 'मेरी जिव्हा के अग्र भाग में मधु हो, जिव्हा का मूल मधुर हो, मेरा आचरण और व्यवहार मधुर हो। मैं वाणी से मीठा बोलू और मधुर बन जाउँ।' इसी प्रकार ऋषिगण लोकशिक्षण का महत्व समझाते हुए कहते हैं – 'यदन्तरं तद् बाह्यं यद् बाह्यं तदन्तरम्' (अथर्व0 2.30.6) अर्थात् 'जो तुम बाहर से हो, वही अन्दर से भी बन जाओ, जो अन्दर हो, वही बहिरंग में प्रकट हो' इस प्रकार व्यक्तित्व को कैसे सुव्यवस्थित रखा जाय, यह एक महत्वपूर्ण सूत्र भी वे दे देते हैं।

इस प्रकार सर्वसुलभ मंत्रों का भाव समझने में भी यदि मधु का अर्थ मात्र शहद लिया जाए तो जिव्हा के अग्र भाग पर मधु का अर्थ शहद चाटने के संदर्भ में चला जाएगा और आगे का क्रम बकवास जैसा लगेगा। मधु का अर्थ मधुरता ही लेने से बात बनेगी। कथन की काव्यात्मकता को ध्यान में रखकर ही चलना होगा।

उक्त संदर्भो से यह स्पष्ट होता है कि पाश्चात्य विद्वान वेदार्थ के अनुशीलनन में एक सीमा तक ही सफल हो सके। उन्होंने एक ओर जहाँ वेद को प्रकाशित करके उस ओर विज्ञ समाज का ध्यान खींचने का स्तुत्य प्रयास किया वहीं दूसरी ओर वे उसके गूढ़ तत्व तक न पहुँच सकने के कारण स्वयं तो भटके ही, अन्य भोले–भोले जिज्ञासुओं के मन में भ्रामक धारणा पैदा कर दी। अपनी बौद्धिक क्षमता के नशे में गूढ़ अर्थो में सायण जैसे आचार्यो की निन्दा करने में भी वे नहीं चूके। जबकि वैदिक साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान आचार्य बलदेव उपाध्याय लिखते है कि 'हमारा तो यह निश्चित मत है कि वैदिक सम्प्रदाय के सच्चे ज्ञाता होने के कारण सायण का वेदभाष्य वास्तव में वेदार्थ की कुंजी है और वेद के दुर्गम दुर्ग में प्रवेश कराने केलिए यह विशाल सिंह द्वार हैं' इसी कारण कई भारतीय विद्वान उन पाश्चात्य विद्वानों पर यह आक्षेप लगाने लगे कि वे वेद के प्रति छद्मरूप से अश्रद्धा उत्पन्न करना चाहते हैं। पाश्चात्य विद्वासनों की नीयत क्या थी ? इस झमेले में न पड़े, तो भी यह तो मानना ही पड़ेगा कि वेदार्थ'न के लिए ऋषियों की दृष्टि का ही अनुगमन करना आवश्यक हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ऋग्वेद – संहिता भाग–1 पं. श्रीराम आचार्य।
2. वैदिक संहिता और संस्कृति पृ. 53

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

समकालीन काव्य की राजनीतिक पृष्ठभूमि

डॉ. कला जोशी * रेमी जायसवाल **

प्रस्तावना – साहित्य की उत्पत्ति परिवेश से होती है। प्रत्येक काव्यधारा अपने युग की परिस्थितियों के अनुसार अपना स्वरूप बदलती जाती है। कविता का यह स्वरूप विकास की दृष्टि से ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में विशिष्ट परिस्थितियों की देन होता है। अत: किसी भी काव्य धारा के मूल या उसमें निहित मूल चेतना को समझने के लिए उस युग विशेष की पृष्ठभूमि का विश्लेषण करना आवश्यक होता है।

सम सामयकिता के तत्व प्रयोगवाद एवं नयी कविता में प्रगाढ़ रूप से प्रखर होते गए। मात्र सौंदर्य को अखंड, निरपेक्ष एवं शाश्वत मानने की परिपाटी पर नये प्रश्न चिन्ह लगाकर आधुनिक हिन्दी काव्य में नव संदर्भ एवं दृष्टिकोण के साथ नया सौंदर्यबोध उद्भाषित हुआ।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जहाँ मुक्ति का, खुलेपन का उल्लास होना चाहिए था, वहीं भारत विभाजन ने जन-जन को आंतकित कर दिया परिणामत: आजादी का हर्ष विभाजन की पीड़ा और उससे उपजे दंगों, दुर्घटनाओं में दुख में परिवर्तित हो गया। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक मानवीय मूल्यों का ग्राफ तेजी से गिरने लगा। इस संत्रास को प्रयोगवाद से नयी कविता की धाराओं में देखा जा सकता है। इस प्रवाह ने समकालीन के आधुनिक भाव बोध के रूप में आम आदमी के स्वर एकाएक फूट पड़े और साहित्य सृष्टि में नयी लहर का जन्म हुआ।

स्वाधीनता के समय देश की मन:स्थिति पूर्णत: अस्थिर रही। यही नहीं कि सिर्फ विभाजन के परिणाम बहुत कुत्सित एवं वीभत्स रूप में हमारे ही सम्मुख आए वरन् ऐसी महान घटना को आत्मसात करने जैसे चरित्र बल का हममें नितांत अभाव था।

समकालीन काव्य की राजनीतिक परिस्थितियाँ – 15 अगस्त 1947 को भारत फिरंगियों के शासन से मुक्त तो हुआ लेकिन केवल प्रशासनिक दृष्टि से। स्वतंत्रता का जो रंगीन स्वप्न भारतीय जन साधारण देख रहा था। वह टूटकर छिन्न-भिन्न हो चुका था। वही शोषण, वही अन्याय, वही दमन, वही अत्याचार सत्ताधारियों की विलासिता, नेताओं की कथनी और करनी में विशाल अंतर। सन् 1960 का भारत नेहरू युग से गुजर रहा था। 1962 में चीन के साथ भारत के युद्ध ने इस देश की जनता का मोहभंग कर दिया। भारत को पराजय का मुहँ देखना पड़ा।

पंचशील के सिद्धांत व्यर्थ सिद्ध हुए, यह विश्वासघात की अत्यन्त भयानक घटना थी। आजादी के पूर्व देखे गए बुद्धिजीवितयों के स्वप्न जल्दी तिरोहित हो गए। राजनीतिक अवमूल्यन ने जनता को भ्रमित कर दिया। सामंतवादी शासन व्यवस्था के स्थान पर वयस्क मताधिकार पर आधारित धर्मनिरपेक्ष लोकतत्रीय शासन प्रणाली को लागू किया गया, किन्तु यह शासन व्यवस्था ऊपरी तौर पर आकर्षक थी, व्यवहारिक रूप में उतनी ही असफल मानी गयी, जिससे भारत का समृद्ध वर्ग ही लाभांवित हो सका। संविधान लागू होने के साथ-साथ पंचवर्षीय योजनाएँ भी बनी, जिनके सामान्य व्यक्ति के हित की बातें भी मात्र कागजों पर सिमट गई, इन योजनाओं में विदेशी ताकतों से सहयोग की अपेक्षाएं थी, शेष योजनाओं में स्वार्थी तत्वों के हित सर्वोपरि थे। बड़े-बड़े नवाबों, जमींदारों अवकाश प्राप्त सरकारी पदाधिकारी लोकतंत्र के जमाती हो गए।

स्वतंत्र भारत में साम्प्रदायिकता का सबसे घृणित रूप उभर कर आया। यद्यपि संविधान के आधार पर छुआछूत और जातिवाद समाप्त कर दिए गए थे, किन्तु व्यवहारिकता में इनमें वृद्धि ही हुई। इसका प्रमुख कारण तात्कालिन राजनीतिज्ञ थे, जो जनता के समक्ष जातिवाद की भर्त्सना करते थे किन्तु मत एवं शक्ति हथियाने के लिए उन्होंने ही जातिवाद को बढ़ावा दिया। हिन्दू महासभा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, अकाली पंथ, मुस्लिम लीग जैसी साम्प्रदायिक शक्तियों का वर्चस्व बढ़ने लगा।

तत्कालीन राजनीतिक परिवेश में व्याप्त परिस्थितियों को डॉ जगदीश गुप्त के वक्तव्य से भलीभांति समझा जा सकता है –

'अपने देश के साथ मदांध शासन की गद्दारी, अनुशासन की मक्कार पैंतरेबाजी, सुविधाभोगी उच्च वर्ग को छोड़कर शेष वर्गों में व्याप्त मजबूरी, लाचारी, कमरतोड़ महंगाई में डूबी निराशा, कालेधन से खींच कर मिलावटों में फलता फूलता विषाक्त व्यापार, कर्ज की नींव पर ऊँची उठती आलीशान इमारतें, उनकी कठोर छाया में जानवर की तरह हांफता-खींचता बौना आदमी, पसलियों के निरंतर असंतोष से पागल खुद ही अपना घर फूंकती तरूणाई, राजनीतिक स्वतंत्रताओं निरर्थक बनाती अनेकमुखी दासता, शिक्षितों-अशिक्षितों की सांस्कृतिक रिक्तता, परम्परा को नया अर्थ देकर अपनाने और सहेज पाने में असमर्थ बुद्धिजीवी वर्ग, छद्म आधुनिकता की आंधी से उन्मूलित कलाकार, स्वार्थ शासन के लिए जाति तथा धर्म की संकीर्णता को बढ़ावा देने वाली दिखावटी धर्म निरपेक्षता, सरकारी दफ्तरों में असत्य की खूँटी पर टँगा हुआ आर्ष वाक्य 'सत्यमेव जयते कर्तव्य को पैरों से रौंदकर की जाने वाली अधिकारों की एकांगी लड़ाई, झूठे वायदों से सुवासित चुनाव की चालबाजियाँ, खोखली नारेबाजी के दलदल में फंसे वोटरों की किंकर्त्तव्यमूढ़ता, नेताओं की कपट-प्रपंचभरी बोझिल अस्थिर नीतियों के नीचे कुचली जनता का हाहाकार और ऐसी न जाने कितनी विषाक्त चीजें समकालीन कवित के संवेदनशील मानस को कोंचती कचोटती हुई उसकी वाणी की तेजस्विता और अस्मिता को ललकारती रहती है।'[1]

इस प्रकार अशांति और अराजकता राष्ट्रीय परिवेश में फैलती चली गयी। प्राय: प्रत्येक विभाग में भष्ट्राचार ने अपनी जड़े जमा ली थी। दण्ड व्यवस्था पर शक्तिशाली वर्ग का एकाधिकार होने से निर्दोष जनता के लिए स्थितियां कष्टप्रद होती गयी, पक्षपात खुले आम होने लगा था किन्तु इन सभी स्थितियों के विरोध के लिए एकता का भाव नहीं बन पाया।

* प्राध्यापक (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

भारत वर्ष में अब आजादी के साथ उठा सारा जोश ठंडा होता जा रहा था। प्रशासनिक दुर्बलताओं के साथ राजनीतिक अवमूल्यन का स्तर तेजी से नीचे आने लगा। इन मूल्यों के अवमूल्यन से पीड़ित जनता की पीड़ा को तत्कालीन कविताओं में देखा जा सकता है। स्वाधीनता के प्रति मोहभंग हो गया था। आजादी जनमानस के समक्ष एक प्रश्नचिन्ह की तरह उभरकर सामने आगई जिसे हम 'धूमिल' की इन काव्य पंक्तियों में समझ सकते है।

क्या आजादी सिर्फ तीन थके हुए रंगों का नाम है,
जिन्हें एक पहिया होता है
या इसका कोई खास मतलब होता है ?[2]

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी काव्य में राजनीतिक मूल्यों को सर्वाधिक महत्व प्राप्त हुआ है। सम सामयिक जीवन पूर्णत: राजनीति से प्रभावित है अत: राजनीति परिवेश से जुड़ना प्राय: सभी कवियों का रचना परिवेश बनता गया। राजनीतिक सुझबूझ लिए इस दौर के कवियों का कृतित्व आम आदमी के राजनीतिक है। सत्य की पीड़ा की कथा सुनाता है। इस संदर्भ में कवि सर्वेश्वरदयाल सक्सेना जी का कथन द्रष्टव्य है –

'रचनाकार यदि ईमानदारी से अपने रचना कर्म को करता है, तो वह राजनीतिक परिदृश्य से कटकर नहीं रह सकता। आज की जटिल एवं क्रूर परिस्थितियों से जूझने–लड़ने वाले कोई भी रचनाकार जिन्दगी के अर्थ को पाने के लिए अंतत: इस प्रश्न से कतराकर नहीं रह सकता कि देश में 'क्या होगा, क्या नहीं होगा' के साथ पूरा मानव भविष्य के साथ राजनीति से जुड़ गया है।'[3]

समकालीन कविता की पृष्ठ भूमि में अनेकानेक काव्य आंदोलन जन्में तेजी से प्रवाह में आए और स्वत: तिरोहित होकर नये युग की नयी विचार धारा में विलीन होते गए, किन्तु समकालीन कविता में विचार भूमि का प्राधान्य है। मनुष्य की यथार्थता के अंतिम छोर तक जुड़ी समकालीन कविता मनुष्य की वास्तविक स्थिति का बखान करती है और अपने उत्तरदायित्व का सजगता से निर्वाह करती है। गांव और शहर के बीच बटती/टूटती, घटती मानवीय संवेदना को बचाने की अधिक पुरजोर कोशिश समकालीन कविता में ही दिखलाई पड़ती है। समकालीन कविता की सबसे बड़ी विशिष्टता है कि समकालीन मनुष्य पूर्ववर्त्ती धारणाओं एवं चिंतन तथा परम्परा से नहीं बल्कि समकालीन विचारों एवं निष्कर्षों की समाधानों की यथार्थ एवं प्रयोग की परख से परखता है। हर पूर्वधारणा को भलीभांति चिंतन कर उसमें से सत्य एवं विकास के बीज निकाल लेता है। समकालीन कविता की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक पृष्ठभूमि में समय के साथ वैचारिक भाव भूमि का प्राधान्य है और यथार्थ का उदात्त रूप। इसके समाधान की अभिव्यक्ति का केन्द्र भी मनुष्य का मनुष्य के लिए किया गया सार्थक प्रयास है जिसमें उसकी वेदना, निराशा और कुंठा तथा टूटन तथा उसके साथ ही उनके समाधान एवं सहयोग की संवेदना, बैचेनी भी समाहित है।

सामाजिक परिस्थितियाँ – साहित्य के भाव समाज से पूर्णत: प्रभावित होते है। सामाजिक जीवन से ही साहित्य की रचना सामग्री तैयार होती है क्योंकि सामाजिक भावों की प्रत्येक छाया प्रतिच्छाया हमें साहित्य में देखने को मिलती है। प्रत्येक युग का जीवंत साहित्य अपने युग के सामाजिक संबंधों और जनविश्वासों को व्यक्त करता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति का समय वह समय था, जब समाज के सामने कई संकट एक साथ ही आ गए थे। परिणामत: सामाजिक धरातल बदला और नवीन परिप्रेक्ष्य में नयी मान्यताओं और परिस्थितियों ने जन्म लिया, जिससे समाज में निराशा, संघर्ष, गतिरोध और अनास्था का वातावरण तैयार हो गया।

1960 तक पहुँचते–पहुँचते मूल्यहीनता, लोलुपता, भ्रष्ट्राचार तथा स्वार्थांधता ने भारतीय समाज को अनुशासनहीन एवं अव्यवस्थित बना दिया। आंतरिक संघर्षों ने व्यक्ति एवं परिवार को तथा बाह्य संघर्ष ने सामाजिक व्यवस्था को मूल्यहीन बना दिया था। झूठी नारेबाजी, आधारहीन व कोरे आश्वासनों से युवा पीढ़ी में लगातार असंतुष्टि बढ़ रही थी।

स्वतंत्र भारत में बुद्धिजीवियों की जो नई पीढ़ी उभरकर आई, उसने स्वयं को तथा समाज को घोर निराशा में डूबा पाया। निम्नवर्गीय तथा मध्यमवर्गीय समाज को विवश देखकर और उच्च वर्ग को घोर स्वार्थ में डूबा पाकर उस समय का साहित्यकार धैर्य नहीं रख पा रहा था। समाज में एक समस्या से दूसरी समस्या बढ़ी। बढ़ती जनसंख्या में बेरोजगारी बढ़ने लगी। स्वतंत्र भारत में आंदोलन की लहर धीमी पड़ती जा रही थी। समाज में निम्न स्तर की दशा शनै: शनै और नीचे जाने लगी। महँगाई और मुद्रा स्फीति के भीषण रूप से सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था और लचर होती गयी। चीन और पाकिस्तान के युद्धों ने इन समूची परिस्थितियों को अस्त व्यस्त कर दिया। इस समय के रचित साहित्य में अपने समय की चेतना एवं संवेदना को महसूस किया जा सकता है।

स्वातंत्र्योत्तर भारत में शिक्षा के बड़े–बड़े केन्द्र स्थापित किए गए, किन्तु उन पर अधिकार केवल निजी हाथों में सिमट गया था, कालांतर में शिक्षा के क्षेत्रों पर भी धर्म, जाति, वर्ग सम्प्रदायों का वर्चस्व देखा गया। इन स्थितियों के परिणाम स्वरूप प्रबुद्ध सामाजिक वर्ग में जो विक्षोभ उत्पन्न हुआ उसे राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखित पुस्तक शुद्ध कविता की खोज की इन पंक्तियों द्वारा समझा जा सकता है – 'व्यवहारिक मनुष्य के लिए ईमानदारी कोई आवश्यक गुण नहीं है। प्रेमभावुक लोगों की बीमारी का नाम ही सिधाई, वीरता, सच्चाई और बलिदान उतने अच्छे नहीं, जितनी अच्छी चालाकी हो सकती है। सबसे बड़ा मूल्य वह है, जिसके सहारे गाड़ी चलती रहती है।'

स्वातंत्र्योत्तर कवि का सामाजिक बोध पूर्वक कवियों के सामाजिक बोध से परे था। स्वाधीनता के बाद हुई भारी उथलपुथल ने इन कवियों के प्रगतिवादी सामाजिक भावमूल्यों के भाव बोध को भी पूर्णतया बदल दिया। तत्कालीन सामाजिक स्थिति की गंभीरता को डॉ. रामदरश मिश्र के वक्तव्य में भलीभांति समझा जा सकता है – 'मामूलियत के प्रति गौरव का जो ज्वार उमड़ा पड़ा था, वह लौट गया। लोग फिर अपने–अपने स्वार्थ में संलग्न हो गए। सरकार और समाज के बीच जो मामूलियत का पठार उभरा था, वह पुन: धीरे–धीरे धसक गया और अफसर, नेताओं, पूँजीवादियों का अभिजात गौरव मामूलियत के खून से सींची धरती को बोने काटने लगा।'

1960 के बाद से विभाजन की समस्या मानों व्यक्ति की समस्या बनती गयी। क्योंकि वह प्राचीन एवं रूढ़िगत मान्यताओं का निर्वाह नहीं कर पा रहा था। समकालीन कविता का परिवेश अपने समय के सामाजिक अंर्तविरोधों का ताना बाना है। कविता के स्वर में यहीं से समकालीन कविता में सामाजिक मूल्यों के प्रति चिंता एवं इन मूल्यों के प्रति चेतना का प्रकटीकरण हुआ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. त्रयी : एक 1974, त्रयी : एक नयी शुरूआत, पृ. 11, 12
2. धूमिल और उनका काव्य संघर्ष, साठोत्तरी हिन्दी कविता और धूमिल, पृ. 34
3. कवि के साथ अंतरंग साक्षात्कार, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, पृ. 249
4. शुद्ध कविता की खोज, (दिनकर) पृ. 218
5. हिन्दी कविता तीन दशक पूर्व, पृ. 205

मुक्तिबोध के गद्य साहित्य पर एक दृष्टि

डॉ. अनसूया अग्रवाल *

प्रस्तावना – पर्वत हो रही पीर को पिघलाने के लिए दृढ़ संकल्पित विलक्षण व्यक्तित्व का नाम है 'मुक्तिबोध!' 13 नवम्बर 1917 को श्योपुर, ग्वालियर (म. प्र.) में जन्में गजानन माधव का उपनाम था..... 'मुक्तिबोध।' हिन्दी के विलक्षण रचनाकार मुक्तिबोध– एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी हैं, जिन्होंने हिंदी की विविध विधाओं–कविता, कहानी, निबंध, इतिहास और आलोचना आदि का लेखन ही नहीं किया अपितु आलोचना, कविता और कहानी में युग बदल देने वाला काम भी किया है। संकल्पधर्मा रचनाकार व्यक्तित्व के धनी मुक्तिबोध को प्रगतिशील कविता और नयी कविता के बीच का एक पुल माना जाता है। समष्टिगत् सामाजिक संदर्भो को सीधे–सीधे साहित्य में उकेरने वाले; साहित्य जगत् के इस सशक्त स्तम्भ ने अपने लेखन की शुरूआत छायावादी युग से प्रभावित होकर की और फिर नई कविता पर काव्य सृजन करते हुए जनवादी संदर्भो में यथार्थवादी दृष्टि का विकास करते हुए अग्रणी रचनाओं से साहित्य भंडार को समृद्ध किया। मूल रूप में कवि रहे मुक्तिबोध की आलोचना उनके कवि व्यक्तित्व से ही नि:सृत और परिभाषित है।

हिंदी कविता में मुक्तिबोध का पदार्पण उस समय हुआ जब छायावाद का अवसान हो रहा था और प्रगतिवाद अपने वर्चस्व को स्थापित करने के लिए प्रयासरत् था। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार– 'समाज में गतिशीलता का बना रहना अच्छा है। प्रवाह सर्वत्र शोध शक्ति का काम करता है– नदी में भी, जीवन में भी, साहित्य में भी।' ('सम्मेलन' पत्रिका संवत् 2009, आधुनिक लेखकों का उत्तरदायित्व, डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी) प्रवाह, गति यानि प्रगति आगे बढ़ने का संकेत है। साहित्य के क्षेत्र में छायावादोपरांत समय प्रगतिवाद कहलाया। 'प्रगतिवाद' जीवन के भौतिक संघर्षो को व्यापक धरातल प्रदान करने वाला हिन्दी काव्य की मुख्य धारा है। प्रगतिवादी साहित्य एंजेल्स और मार्क्स के यथार्थवादी सिद्धांतों से प्रभावित है। मुक्तिबोध की भी मार्क्सवादी दर्शन के प्रति आस्था है। और यह आस्था भावुकतावश न होकर उनके चिंतन और गंभीर अध्ययन तथा उनकी अनुभूत वास्तविकताओं के आधार पर विकसित हुई है। ''उनके आंतरिक विनष्ट शांति के और शारीरिक ध्वंस के उस समय में व्यक्तिवाद कवच की भांति काम करता था किंतु इसी काल में एक अनुभव व्यवस्थित तत्व प्रणाली अथवा जीवन दर्शन आत्मसात् कर लेने की दुर्दुम प्यास भी उनके मन में हमेशा रहा करती थी। परिणामत: स्वयं उन्हीं के शब्दों में– 'क्रमश: मेरा झुकाव मार्क्सवाद की ओर हुआ। अधिक वैज्ञानिक, अधिक मूर्त और अधिक तेजस्वी दृष्टिकोण मुझे प्राप्त हुआ।'(1)

मुक्तिबोध के लिए साहित्य आत्मसंघर्ष और सामाजिक रूपान्तरण का एक हथियार है। कथाकार, निबंधकार और समीक्षक के अतिरिक्त युग के महान कवि के रूप में भी अपनी पहचान बनाने वाले कद्दावर साहित्यिक व्यक्तित्व मुक्तिबोध के गद्य साहित्य में 'एक साहित्यिक की डायरी', 'नयी कविता का आत्मसंघर्ष' और 'नये साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' जैसे प्रतिबद्ध विचारों के कोश ग्रंथों का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वहीं शमशेर और सुमित्रा नंदन पंत पर केंद्रित उनके निबंध तथा 'कामायनी एक पुनर्विचार' नामक समीक्षा कृति उनके श्रेष्ठ विचारक होने के परिचायक हैं। उनके कहानी संग्रह 'काठ का सपना' और 'सतह से उठता आदमी' उनके चिंतक व्यक्तित्व तथा उनका लघु उपन्यास 'विपात्र' उनके आत्ममंथन की कृति कही जा सकती हैं।

'साहित्य जीवन की प्रतिच्छाया है, तो युग का दिशा निर्देशक भी है। किसी भी कृति से पहले विचार की उत्पत्ति होती है और विचार के निर्माण में साहित्य का बड़ा भारी हाथ होता है।'(2) साहित्य अपने नाम के अनुरूप सबके हित की बात करता है। साहित्य सबके कल्याण का भाव लेकर विकसित और परिपुष्ट होता है; उसकी परिधि विस्तृत होती है। वह सबको साथ लेकर चलता है। विचारक, कथाकार मुक्तिबोध का साहित्य भी सामाजिक जागरूकता एवं समाज हित के लिए प्रतिबद्ध है। उनका साहित्य विश्व के सर्वहारा वर्ग, मजदूर वर्ग, किसान वर्ग के हित चिंतन के लिए कटिबद्ध हैं। मुक्तिबोध साहित्य को रोजगार की सामग्री नहीं मानते। उनकी दृष्टि में साहित्य आत्मसंघर्ष और सामाजिक रूपान्तरण का हथियार है। राजनैतिक रूझान भी उनके साहित्य में भरपूर है। उनका साहित्य समाज से उपजा और समाज के शोषित– दलित जीवनधारा से जुड़कर परिपुष्ट हुआ। उन्होंने विश्व दृष्टि के आलोक में अपने रचनात्मक उद्देश्य को तय किया– 'नई कविता के वस्तु तत्व जो प्राय: व्यक्तिगत, सामाजिक यथार्थ से पृथक, स्वायत्त और व्यक्तिपरक हुआ करते थे और शीतयुद्ध से निर्धारित होते थे, मुक्तिबोध ने उस वस्तु तत्व को विकसित करते हुए समाज से, समाज के शोषित– दलित जीवनधारा से जोड़ा और विश्व दृष्टि के आलोक में अपने रचनात्मक उद्देश्य को तय किया था।'(3) पर उनके साहित्य को पढ़कर ऐसा लगता है कि एक ही पात्र अलग– अलग नामों, अलग– अलग रूपों में तथा लिंग बदलकर उपस्थित होता है। कभी लगता है, वह पात्र और कोई नहीं मुक्तिबोध ही हैं। उनके कहानी संग्रह 'सतह से उठता आदमी' का पात्र मध्यवर्गीय समाज का पक्षधर है। इस संग्रह के प्रमुख पात्र रामनारायण के अनेक रूप हैं। अनेक रूपों में अपनी उपस्थिति दर्ज करता हुआ यह पात्र एक अजीब तरह का खौफ और भय उत्पन्न करता है। स्वयं कहानीकार के शब्दों में– 'उसे लगा कि रामनारायण में अजीब रहस्य है, एक अजीब भुतहापन है, बाबापन है। उसे देखकर श्मशान की याद आती है, श्मशान की राख नंगी देह पर मलने वाले तांत्रिक योगियों की सी झलक दिखाई देती है।'(4) यह पात्र मध्यवर्गीय

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी) शासकीय म. व. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद (छ.ग.) भारत

आध्यात्मिक संकट का पक्षधर है, भोक्ता है और विरोधी भी है। यही एक पात्र अलग- अलग रूपों में लिंग परिवर्तन कर उपस्थित होता सा प्रतीत होता है। मृतप्राय से लगने वाले ये खौफनाक पात्र कहानी के अंतिम प्रभाव में एक व्यवस्था के प्रति भयंकर नफरत पैदा करते हैं। यही पात्र कहानियों में नहीं अपितु डायरी और कविताओं के अतिरिक्त निबंधों में मौजूद दिखाई देता है। रामनारायण में जो अजीब रहस्य है, वहीं मुक्तिबोध की कविता- कहानी 'ब्रह्मराक्षस' में भी है, बह्मराक्षस मुखौटाधारी है। कविता में यह ब्रह्मराक्षस एक बुद्धिजीवी है तो कहानी में अभिशप्त बुद्धिजीवी। ब्रह्मराक्षस कविता में जहां मुक्तिबोध ने ब्रह्मराक्षस मिथक के जरिए बुद्धिजीवी वर्ग के द्वंद्व और आम जनता से उसके अलगाव की पीड़ा का कारूणिक चित्रण किया है वहीं कहानी का बुद्धिजीवी अच्छे एवं बुरे के संघर्ष से भी उग्रतर; अच्छे और उससे अधिक अच्छे के बीच का संघर्ष है। यानि कविता हो या कहानी- यह अभिशापग्रस्तता कहीं भी पीछा नहीं छोड़ती। बौद्धिक वर्ग के इर्द- गिर्द मुक्तिबोध की कलम लगातार घुमती है। एक साहित्यिक की डायरी में सड़क को लेकर एक बातचीत में मुक्तिबोध लिखते हैं- 'अपना भाव दबा डालने की मुझे आदत है, यह मेरी बौद्धिक संस्कृति है। इसकी दो विशेषताएँ हैं। एक भीतर- ही- भीतर दूसरों की सूक्ष्म अवमानना करना। दूसरी, हमेशा अविश्वास लेकर चलना, संश्यात्मा बने रहना।'(5) हर समय संश्यग्रस्त रहना और अविश्वास में जीना ही शायद बुद्धिजीवी का अभिशाप है। निरंतर अंदर और बाहर का द्वंद्व। डॉ. सुरेश गौतम के अनुसार-''तमसो मा ज्योतिर्गमय' की आकांक्षा तो उसके मन में है, लेकिन उसका आचरण व्यवहार ठीक इसके उलट है, जिसका परिणाम होता है अंतर- बाह्यका द्वंद्व, संघर्ष।'(6) इस तरह यदि कहें कि उनके गद्य साहित्य में निम्नवर्गीय विडम्बनाओं के बीच बुद्धिजीवियों के यथार्थ से जुड़े समाजिक सवाल हैं; तो गलत नहीं होगा।

हिन्दी आलोचना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले रचनाकार मुक्तिबोध की आलोचनात्मक श्रेष्ठ कृति का नाम है- 'कामायनी: एक पुनर्विचार।' मुक्तिबोध ने इस ग्रंथ के जरिए कामायनी पर चली आ रही पूर्व की बहसों को एक नये स्तर तक उठा दिया। यह ग्रंथ सांस्कृतिक विरासत के प्रश्न को उपस्थित करता हैं। मुक्तिबोध के अनुसार कामायनी की कहानी एक विशाल फैंटेसी है, जिसमें ढहते हुए सामंती मूल्यों की छाया को स्पष्टत: देखा जा सकता है। उनकी आलोचन दृष्टि का पैनापन और मौलिकता असंदिग्ध है। उनकी सैद्धांतिक और व्यवहारिक समीक्षा बेजोड़ है। जयशंकर प्रसाद, कुंवर नारायण बैचेन, शमशेर जैसे कवियों पर उन्होंने जो आलोचना दृष्टि प्रस्तुत की है; उसमें न केवल तेजस्विता और विचारोत्तोजकता है अपितु विरोधी दृष्टि रखने वाले भी बहुत कुछ सोच सकते हैं। अपनी आलोचना द्वारा उन्होंने उन तथ्यों का उद्घाटित किया जिनकी ओर जन साधारण का ध्यान नहीं जाता। 'जड़ीभूत सौंदर्याभिरूचि' तथा 'व्यक्ति के अंत:करण के संस्कार में उसके परिवार का योगदान' उदाहरण के रूप में गिनाए जा सकते हैं। उन्होंने साहित्य की रचनाप्रक्रिया के बारे में भी महत्वपूर्ण लेखन किया। रचना प्रक्रिया के संदर्भ में 'कला का तीसरा क्षण' हिन्दी साहित्य की बड़ी उपलब्धि है। खासकर फैंटेसी का जैसा विवेचन उन्होंने किया है, वह अत्यंत गहन और तात्विक है। उन्होंने रामधारी सिंह की कृति 'उर्वशी' पर चली बहस में भी सार्थक हस्तक्षेप करते हुए उर्वशी को महिमामंडित करने का तीक्ष्ण प्रतिवाद किया। भक्ति आंदोलन पर उनका मूल्यांकन भी नयी तरह का था जिसमें उन्होंने स्थापित किया कि भक्ति आंदोलन मूलत: शोषित जातियों का शोषक जातियों के खिलाफ विद्रोह था। बाद में संपन्न वर्ग ने इस आंदोलन पर नियंत्रण कर लिया। जिससे भक्ति आंदोलन पूरी तरह बिखर गया।

वहीं मुक्तिबोध की कहानियाँ उनकी कविताओं का ही विस्तार लगती हैं। जटिलता और संश्लिष्ट बिंबों वाली भाषा उनकी कविता की विशिष्टता रही है, वही कहानियों में भी दिखाई देती है। उनकी भाषा बड़ी जटिल है। उनकी रचनाएं सरस नहीं है, सुखद नहीं हैं। वे हमें झकझोर देती हैं, गुदगुदाती या सहलाती नहीं हैं। वे मात्र अर्थग्रहण की मांग नहीं करती, अधिकार पूर्वक आचरण की भी मांग करती हैं। ''उनकी रचनाओं में बैचेन मन की अभिव्यक्ति है। उनका सत्य और मूल्य उसी जीव- स्थिति में छिपा है।'(7) उनके अनुसार मानव से बढ़कर कोई शक्ति नहीं है। परमात्मा पर आरोपित समस्त अद्भूत और महान् विशेषताओं का स्वामी केवल मानव है और उससे जुड़े प्रश्नों का उत्तर या समाधान उससे बाहर और कहीं प्राप्त होने वाला नहीं है।

कुल मिलाकर मुक्तिबोध एक क्रांतिदर्शी रचनाकार हैं। युगीन प्रभावों को ग्रहण कर प्रौढ़ मानसिक प्रतिक्रियाओं के कारण उनकी रचनाएँ ज्ञान और संवेदना के स्तर पर सशक्त है। शायद इसलिए ही उनमें अंतर्द्वन्द्वों से उत्पन्न भय, संत्रास, आक्रोश और विद्रोह के अतिरिक्त संघर्ष भावना के विविध रूप है। जन मुक्ति और जनसंघर्ष के प्रबल पक्षधर मुक्तिबोध का यथार्थ दर्शन अत्यंत परिपक्व है। अशोक बाजपेयी के शब्दों में- 'अपने समय के अंधेरे को टटोलना और उस अंधेरे में अपनी हिस्सेदारी, अपनी शिरकत को, आत्म- निर्ममता को स्वीकार करना, मुक्तिबोध से सीखा जा सकता है। बीसवीं सदी के महान भारतीय लेखकों में मुक्तिबोध का नाम हमेशा रहेगा।'(8)

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. समकालीन काव्य संकलन- श्री महावीर प्रकाशन, ग्वालियर, पृ. 68
2. मार्क्स, प्रेमचंद, प्रसाद, मुक्तिबोध- डॉ. सुरेश गौतम, पृ. 386, दिव्यम् प्रकाशन दिल्ली
3. आधुनिक हिन्दी कविता और गीत परंपरा- योगेन्द्र गोयल, पृ. 60, वर्धमान महावीर ओपन विश्वविद्यालय, कोटा
4. सतह से उठता आदमी- मुक्तिबोध, पृ. 134
5. एक साहित्यिक की डायरी- मुक्तिबोध, पृ. 54
6. मार्क्स, प्रेमचंद, प्रसाद, मुक्तिबोध- डॉ. सुरेश गौतम, पृ. 412, दिव्यम् प्रकाशन दिल्ली
7. मुक्तिबोध की कविता- मध्यवर्गीय संघर्ष और विषमताओं की ताकत का आख्यान- शैलेन्द्र चौहान, जन चेतना की पत्रिका फाल्गुन विश्व। 23 दिस. 2014
8. मुक्तिबोध: एक गोत्रहीन कवि- अशोक बाजपेयी, बीबीसी हिन्दी, 25 दिस. 2014)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

बादल सरकार और मोहन राकेश का नाट्य चिंतन - तुलनात्मक अवलोकन

डॉ. कौशल्या शर्मा *

शोध सारांश - नाटककार समाज का अभिन्न हिस्सा है। अत: अपने वातावरण एवं तत्कालीन समाज, सामाजिक परिस्थितियों से जो कुछ ग्रहण करता है, वो नाटक के रूप में उनके साहित्य में स्वत: ही अभिव्यक्त हो जाता है।

प्रस्तावना - नाटक एक साहित्यिक विद्या होने के कारण सामाजिक एवं तत्कालीन वर्ग बोध से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। इसी कारण भारतीय नाट्य साहित्य ने समय-समय पर अपनी आत्मा, रूप और रंग को बदला है। यह कभी भी भाषा के बंधन में बंध ना सकी, तभी तो चाहे वह हिन्दी नाट्य हो अथवा बंगला, भाषा के विभेद में बंधने के बजाए अपने उदेश्यों को साहित्य के माध्यम से समाज में प्रतिष्ठापित करने में अधिक प्रयासरत दिखती है। वास्तव में व्यक्ति और समाज का संबंध बाहरी कम आंतरिक अधिक है। व्यक्ति स्वयं समाज, उसके रीति-रिवाज का निर्माण करता है एवं स्वयं ही उसके कठोर नियमों के विरूद्ध आवाज उठाता है। हम ऐसे दो प्रसिद्ध नाटककारों को उनकी सोच एवं प्रयासों के साथ आस-पास रखकर देखते है कि दोनों में भाषा एवं साधनों की कितनी भी दूरी रही हो पर दोनों ने अपने आत्मिक स्वरों को मुखरित करने के लिए नाटक का ही सहारा लिया है।

विषय प्रवेश - बंगाल के बादल सरकार आज किसी परिचय के मोहताज नहीं। उन्होंने भारत में एक अलग किस्म के थिएटर को जन्म दिया, जिसे थर्ड थिएटर और साइको फिजिकल थिएटर (मनो-शारीरिक रंगमंच) के नाम से जाना जाता है। उन्होंने परिक्रमा कार्यक्रम के माध्यम से बंगाल के अनेक जिलों में जाकर नाटक किया एवं स्वयं वहॉ के ग्रामीण जनों से सीधा रंग संपर्क बनाया, उन्होंने देशी नाट्य विद्या के माध्यम से अभिजात्य नाट्य जगत को भी चुनौती दी स्वयं उनके शब्दों में - ''मेरे नाटक संदेश मेरा संदेश देते हैं। परन्तु मैं महसूस करता हूँ कि इन नाटकों को यदि मैं आज लिखता तो इनका फार्म और नेरेशन दूसरा होता। जिस पथ पर मैं अब तक चला और जो नवाचार मैंने भारतीय रंगमंच में किया, उस पर मुझे आज भी विश्वास हैं।'[1]

उदेश्य - बादल सरकार ने आंगन, छत, नुक्कड़ और गॉवों में नाटकों को पहुंचाकर नाटक को व्यापक बनाया। उनके नाटकों में कलाकारों और दर्शकों के बीच कोई फर्क नहीं होता है। उन्होंने थिएटर की शुरूआत अपने परिवार वालों के साथ मिलकर किया था। अपने घर से साड़ी-कपड़े ले जाकर उसी से स्टेज बनाकर पूरी लगन से नाटक तैयार करते थे। इतने सादे एवं जमीन से जुड़ा हुआ व्यक्ति बंगला नाट्य जगत को इतनी उपलब्धि के आस्मां तक पहुँचा दिया, यह बादल सरकार जैसे उच्च व्यक्तित्व का ही कमाल है।

सन् 1963 में उन्होंने दो नाटकों का निर्देशन किया। ये नाटक थे - एवम् इंद्रजीत और वल्लभपुर की रूपकथा। इन नाटकों के साथ ही बादल सरकार का नाम हर रंगकर्मी के लिए आदर्श बन गया। नुक्कड़ नाटक के उनके मुहावरे को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय तक में सम्मान मिला। बादल सरकार का नाट्य व्यवस्था के विरूद्ध उद्घोष है। उनकी ऊर्जा हर युवा को आकर्षित करती है। तभी तो उनके नाटक समाज में अत्याचार और बिखरती समाज व्यवस्था के विरूद्ध तीखा प्रतिरोध करते हैं। समाज और राजनीति को विद्रूपताओं पर उनके नाटक गहरी चोट करते हैं।

विषय विस्तार - बादल सरकार के नाटक एवम् इंद्रजीत का भारतीय रंगकर्म में एक विशिष्ट स्थान है मूलत: बांग्ला में लिखे इस नाटक का अनेक भारतीय भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। विभिन्न भाषाओं के रंगकर्म में इस नाटक ने बार-बार मंचित होकर प्रशंसा और प्रसिद्धि बटोरी है। इस नाटक की लोकप्रियता का कारण इसके कथा एवं शिल्प में निहित है। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा, परवर्ती कुंठा एवं निराशा का यथार्थपरक चित्रण इसमें किया गया है। नाटक अपनी निष्पति में रेखांकित करता है कि मृत्यु का वरण समस्या का समाधान नहीं है। यह जानते हुए भी कि हमारे पास कोई संबल नहीं, हमें जीना है। नाटक का कथ्य अत्यंत यथार्थवादी होते हुए भी शिल्प प्रतीकात्मक है। ''जीवन के दस-पंद्रह वर्षो की अवधि को समेटे हुए यह नाटक जीने की जिद का तर्क है। बादल सरकार की काव्यात्मक भाषा सम्प्रेषण और अर्थ दोनों को समृद्ध करती है। नए कलेवर में प्रस्तुत यह प्रसिद्ध नाटक पाठकों एवं रंगकमियों को खूब भाएगा, ऐसा विश्वास किया जा सकता है। प्रसिद्ध रंगकर्मी डॉ0 प्रतिभा अग्रवाल ने बड़े ही मनोयोगपूर्वक एवम इन्द्रजीत का अनुवाद किया है। एवं अपने इस कार्य को उन्होंने खुद ही सर्वश्रेष्ट माना है।' ....मेरे द्वारा किए गए अनुवादों में यह सर्वश्रेष्ठ है।'[2]

बादल सरकार के अनुसार शहरी रंगमंच पश्चिम से प्रभावित है और ग्रामीण रंगमंच पारंपरिक शैलियों से और दोनों में ही अंतर्वस्तु की कर्मी है। 'शहरी रंगमंच अपने प्रोसिनियम दायरे में बंधा है, जबकि ग्रामीण या पारंपरिक रंगमंच अपनी पुरानी शैलियों में बंधा रहता है, जिसमें प्रखर राजनीतिक चेतना का अभाव है। बादल सरकार ने आधुनिक रंगमंच को प्रोसिनियम दायरे से बाहर निकालकर आम लोगों के बीच पहुँचाया।'[3] दूसरी और मोहन राकेश ने 'लहरों के राजहंस' में एक ऐसे कथानक का नाटकीय पुनराख्यान किया है, जिसमें सांसारिक सुखों और आध्यात्मिक शांति के पारस्परिक विरोध तथा उनके बीच खड़े हुए व्यक्ति के द्वारा निर्णय लेने का अनिवार्य इन्द्र निहित है। इस द्वंद का दूसरा पक्ष स्त्री और पुरूष के पारस्परिक संबंधों का अंतर्विरोध है। जीवन के प्रेय और श्रेय के बीच एक कृत्रिम और आरोपित

* सहायक प्राध्यापक, दोराण्डा महाविद्यालय, रांची (झारखण्ड) भारत

द्वन्द्व है, जिसके कारण व्यक्ति के लिए चुनाव कठिन हो जाता है और उसके चुनाव करने की स्वतंत्रता भी नहीं रह जाती। अनिश्चित, अस्थिर और संशयी मन वाले नंद का यही चुनाव, यातना ही इस नाटक में उलझे हुए ऐसे ही अनेक प्रश्नों का इस कृति में नए भाव-बोध के परिवेश में परीक्षण किया गया है।

दूसरे पक्ष से देखे तो मोहन राकेश का यह नाटक 'लहरों के राजहंस' कुछ अंशों में का एक दिन' की उपलब्धियों को अधिक और गहरा करता हैं। 'इसमें भी सुदूर अतीत के एक आधार पर आज के मनुष्य की बेचैनी और अन्तर्द्वन्द्व संप्रोषित है। हर व्यक्ति को अपनी मुक्ति का मार्ग स्वयं ही तलाशनी पड़ती है। दूसरों के द्वारा खोजा गया पथ चाहे जितना श्रद्धास्पद हो, चाहे जितना आकर्षक और मोहक हो, किसी संवेदनशील व्यक्ति का समाधान नहीं कर सकता। इसलिए नाटक के अंत में नंद बुद्ध द्वारा बलपूर्वक थोपा गया भिक्षुत्व अस्वीकार कर देता है, यही नहीं वो सुंदरी के आत्मसंतुष्ट और छोटे वृत में आबद्ध किन्तु आकर्षक जीवन को भी त्यागकर चला जाता है। अपनी मुक्ति का मार्ग उसे स्वयं ही रचना होगा।

नाटक में मोहन राकेश कार्य-व्यापार को दैनंदिनी क्रियाकलाप से उठाकर एक सार्थक अनुभूति और उसके भीतर किसी अर्थ की खोज के स्तर पर ले जा सके हैं। किन्तु इसकी विषय व्स्तु में कहीं-कहीं पर्याप्त सधनता, एकाग्रता और संगति की कमी भी खलती है। 'शुरूआत में नंद का चरित्र कमजोर, एक लुब्ध मुग्ध, किसी हद एक संयोजित और संतुलित युक्त, पति मात्र लगता है, जबकि दूसरे अंक में वह अंत: संधर्ष से धिरा हुआ आत्मवेदना से पीड़ित पात्र बनकर उभरता है। नाटक के तीसरे अंक में संधर्ष की आकृति तो स्पष्ट होने लगती है, किन्तु वह किसी तीव्रता या गहराई का आयाम प्राप्त करने के बजाय अकस्मात ही नंद और सुंदरी के बीच एक प्रकार की गलतफहमी में खो जाता हैं दोनों एक दूसरे के संघर्ष का, व्यक्तित्वों के विस्फोट का सामना, नहीं करते और नंद बड़ी विचित्र सी कायरता से प्ररित होकर चुपचाप घर छोड़ कर चला जाता है।'[4]

मोहन राकेश, हिन्दी जगत के लिए, कभी न भुला सकने वाला नाम है। कथात्मक विद्या और नाट्य-विद्या दोनों पर ही उनकी गहरी और अद्भुत पकड़ भी लहरों के राजहंस, आधे-अधूरे जैसे अपने लोकप्रिय नाटकों के कारण ही संक्षिप्त से जीवन काल में ही दुर्लभ ख्याति अर्जित कर ली थी उन्होंने। उनकी नाट्यकृतियों से साहित्य तो समृद्ध हुआ ही, भारतीय रंगमंच भी धनवाह हुआ है।

'हिन्दी नाट्य क्षितिज पर मोहन राकेश का उदय उस समय हुआ, जब स्वाधीनता के बाद पचास के दशक में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का ज्वार देश में जीवन के हर क्षेत्र को स्पन्दित कर रहा था। उनके नाटकों ने न सिर्फ नाटक का आस्वाद, तेवर और स्तर ही बदल दिया, बल्कि हिन्दी रंगमंच की दिशा को भी प्रभावित किया। हिन्दी नाटक इसके पहले प्रतिभावान रचनाकारों के बावजूद सस्ते मनोरंजन का साधन बना हुआ था। पचास के दशक में उसे एक अत्यंत ही समर्थ किन्तु जटिल और परिश्रम तथा प्रशिक्षण-साध्य कला माध्यम के रूप में स्वीकृति मिलनी शुरू हुई।'[5]

निष्कर्ष – बंगला नाट्य संसार में जिस अभिव्यक्ति एवं अनुभूति का परिचय बादल सरकार ने दिया है. हिन्दी नाट्य जगत में वहीं कार्य मोहन राकेश ने सम्पन्न किया। दोनों ही रचनाकारों ने अपने संपूर्ण जीवन उपलब्धियों को नाट्य रचना के संसार में होम करने (आहुति देने) का कार्य किया है।

चाहे वह बादल सरकार की एवम् इंद्रजीत हो अथवा मोहन राकेश की लहरों के राजहंस दोनों ही नाटकों में भाषा में ऐसा नाटकीय प्रयोग है साथ ही साथ शब्दों की अपूर्व मितव्ययता भी है। दोनों ही नाटकों में अलग-अलग स्तरों पर चलने वाले पारस्परिक आकर्षण उद्वेग तथा उसके तनाव की बड़ी सूक्ष्मता, संवेदनशीलता और कुशलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। दोनों ही नाटक एवं नाटककार 20 वीं सदी के साहित्य को अनमोल धरोहर है।

संदर्भ ग्रथ सूची :-

1. नितप्रिया प्रलय, परिवर्तन: साहित्य, संस्कृति और सिनेमा की वैचारिकों ISSN 2455-5169, सितंबर 2016, (त्रैमासिक ई-पत्रिका)
2. हषकिश, सुलभ, रंगमंच का जनतंत्र, राजकमल प्रकाशन समूह, दिल्ली - 6।
3. सुब्रामनियम लक्ष्मी, तीसरी दृष्टि: बादल सरकार का थियेटर, हर आनंद पब्लिकेशन, झरसश - 61, वर्ष-2002।
4. ज्योतिश्वर मिस्त्रा, स्वातंत्रयोतर हिन्दी नाटक मूल्य-संक्रमण, पृष्ट-210, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली - 6
5. बच्पन सिंह, हिन्दी नाटक, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली - 6।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

राष्ट्र की जरूरत के रचनाकार – राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त

डॉ. सरोज जैन *

मूलत: जगद्गुरू 'जगतमिथ्या' सिद्धांत के प्रतिपादक होते हुए साहित्य सृष्ट व समाज सेवी रहे है। अभेद ज्ञान मूलक ब्रह्मवाद के प्रवर्तक होते हुए भी वे भक्तिभाव से विभोर कर देने वाले स्तोत्रों के रचियता भी थे। उच्च कोटि के दार्शनिक विद्वान होते हुए भी वे माँ की वत्सलता और गुरू की आत्मीयता के सदा कायल रहे। निवृत्तिमार्गी होते हुए थी वे जीवनभर सामान्य जन से जुड़े रहे अर्थात् सैद्धांतिक दृष्टि से अद्वैतवादी होने पर भी व्यवहार में वे द्वैतवादी से प्रतीत होते रहे क्योंकि आध्यात्मिक सत्ता में परमार्थिक की प्रधानता स्वीकार करते हुए भी उन्होंने व्यवहारिक सत्ता को महत्व दिया है। जगद्गुरू ने अलग से किसी सिद्धांत का निरूपण नहीं किया। उन्होंने वेदान्त में निरूपित सिद्धांतों की व्याख्या करके ही प्रचार–प्रसार करते रहे। वेदान्तों की अत्यंत दुर्बोध, दुष्कर व दुर्गम माने जाने वाले सिद्धांतों को अपनी बुद्धि और हृदय के संगम द्वारा अत्यन्त ही सरस, सरल और सहज बनाकर अलंकारिक भाषा में सभी के सम्मुख इस रूप में प्रस्तुत किया कि वे सर्वसामान्य को भी ग्राह्य हो गए। विश्व गुरू आद्यशंकराचार्य ही ऐसे दार्शनिक थे जिन्होंने दर्शन जैसे नीरस विषय को काव्य में प्रस्तुत किया। उनकी रचनाओं में भाषा का चमत्कारिक सौंदर्य है, जैसे उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, काव्यलिंग अर्थालंकार, अनुप्रास, यमक, शब्दालंकार आदि की सुंदरता पढ़ने को मिलती है। दर्शन की रेगिस्तानी शुष्कता में उनकी रचनाएं हरितभूमि वन नीरस मन में कोमल भक्ति के बीज अंकुरित कर देती है।

जीवन में उच्च स्थिति प्राप्त करने के लिए प्राणी को अनेक सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। इस स्थिति को पाना अत्यंत दुष्कर कार्य है, लेकिन शंकराचार्यजी ने इसे इतनी सरल और आकर्षक भाषा में व्यक्त किया है कि देखते ही बनता है–

'सत्संगत्वे निस्संगत्वं, निसंगत्वे निर्मोहत्वम,
निर्मोहित्वे नि:श्चलतत्वम्, निष्चलतत्वे जीवन मुक्ति:'

वेदान्त में प्रतिपादित शुद्ध ब्रह्मवाद ही उनका सिद्धांत था। जगद्गुरू शंकराचार्य ने तो यत्र–तत्र बिखरे हुए वेद वाक्यों को अद्वैत में पर्यावसित करके कर्म और उपासना की धाराओं को उनमें मिलाकर गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम जैसा बना दिया है। 'तत्वमसि' 'अयमात्मा ब्रह्म' प्रज्ञानं ब्रह्म', 'अहम् ब्रह्मस्मि' आदि वैदिक महावाक्यों द्वारा अखंड और शुद्ध ब्रह्म के अभिन्न आत्मरूप का साक्षात् करना ही जीव का प्रथम लक्ष्य हैं। यही औपनिषदक और शांकर–सिद्धांत है।

शंकराचार्य पर शोध करते–करते स्वाभाविक ही उनके अनुसरणकर्ता श्री टेम्बे स्वामी के कार्य भी शोध का विषय हो गये। उनके संपूर्ण साहित्य में अद्वैत तत्वज्ञान व ब्रह्म–विष्णु–महेश का एकत्रित रूप, अत्रि–अनुसुया के नंदन दत्त प्रभु से संबंधित ग्रंथ ही है। टेम्बे स्वामी का जीवन कार्य व साहित्य भारतीय परम्परा का मानस दर्शन है। इसमें वेद, उपनिषद, स्मृतिग्रंथ, महाकाव्य, पुराण आदि के संदर्भ तो प्राप्त होते ही है साथ ही साथ भक्तिसूत्र, योगसूत्र, श्रीमद्भागवत, श्रीमद्भगवतगीता, योगवशिष्ठ, प्रस्थान–त्रयी आदि के भी उल्लेख यत्र–तत्र व्याप्त है। दर्शन व व्यवहारिकता का समन्वय इनके साहित्य में झलकता है। गीता अध्याय 16 में वर्णित दैवी संपदा से युक्त, परिव्राजक जीवन के कठोर तप से संयमित इनका–सा जीवन सांप्रत दुर्लभ हैं, टेम्बे स्वामी का संपूर्ण जीवन सर्वसामान्य की ऐहिक व पारलौकिक उन्नति के लिये ही था।

इनके साहित्य में चिंरतन, शाश्वत, सनातन, नित्यनूतन व विवेक जाग्रतपरक तत्वज्ञान परिणत प्रज्ञा के दर्शन होते है। भारतीय परम्परा में अद्वैत तत्वज्ञान को सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त है व टेम्बे स्वामी का साहित्य भी अद्वैत तत्वज्ञान पर ही आधारित है। 'द्विसाहस्त्री गुरू चरित्रम्' संस्कृत भाषा में एक अद्वितीय चमत्कार है। इसमें लेखक की परतत्वस्पर्षी प्रज्ञा व तात्विक मर्मदृष्टि प्रकट हुई है। उपनिषद, गीता आदि ग्रंथों का भी उल्लेख है। इस ग्रंथ का सारांश समझ लिया तो मान लो कि हमने भारतीय दर्शनशास्त्र व अद्वैत सिद्धांत का योग्य परिचय प्राप्त कर लिया है। टेम्बे स्वामी के अनुसार–

'मोक्षोज्ञानं विनानस्यात्। न ज्ञानं जगद्गुरू विना।
सद्गुरू न ईश कृपा बिना। कोऽपि इह विन्दति।।'

अर्थात् ज्ञान व जगद्गुरू कृपा बिना मोक्ष नहीं है। जगत्गुरू आचार्य शंकराचार्य की भांति ही टेम्बे स्वामीजी ने भी अनन्य स्तोत्रों की रचना की है जिसमें जीवन का कोई भी विषय अछूता नहीं है। इसमें उनकी परतत्वस्पर्शी काव्यछटा है। हिमालय से लेकर रामेष्वर तक विविध क्षेत्रों पर व नदियों पर अव्यक्त उत्कट भक्ति से ओत–प्रोत स्तोत्रों को लिखकर राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया है। श्री टेम्बे स्वामी ने आद्य जगद्गुरू शंकराचार्य के समान ही धर्म स्थापना का कार्य किया है। अनेक जीवों को मार्गदर्शन दिया है। आसेतुहिमालय पैदल भ्रमण कर ज्ञान, कर्म व योग उपासना को मार्ग दिखा समाज–जागरण का कार्य किया है।

'बहुजनहिताय बहुजन सुखाय' – यही उनका जीवनसार है।

टेम्बे स्वामी की रचनाओं– 'योग रहस्य' व 'बोध रहस्य' में ब्रह्म चिंतन दिया है, जिसमें पिंड, ब्रह्माड, मीमांसा व जीव ब्रह्म आत्मैक्य ये सभी उपनिषदों का ही विषय है। 'बोध रहस्य' में सर्व उपनिषद सार अद्वैत वेदान्त–दर्शन तत्वज्ञान की जीवन दृष्टि प्रकट हुई है। टेम्बे स्वामी अनुसार परब्रह्म तत्व का स्मरण कुछ इस प्रकार है–

'इत्यत्रैजति निर्गुणोऽपि गुणीवन्नित्योऽमना मायया।
सर्वात्मा विभुरेकधपि बहुधा भात्यप्शशीवानया'।।
नानाख्यात्मककुण्डलादिषु सदा सत्कांचनत्वं यथा।।
प्राङभ्ध्यान्तत एश सन्निकृतिषु। कूटस्थ एकस्तथा।। 70।। वृद्धशिक्षा

उपरोक्त श्लोक में टेम्बे स्वामी ने जीव ब्रह्म, जगत, आत्मा व माया के जिस एकत्व पर बल दिया है, वही शंकराचार्य का भी मत है। जिस प्रकार सुवर्णालंकारों में विविधता होते हुए भी सबमें एक ही स्वर्ण विराजमान है, उसी प्रकार पात्र की भिन्नता होते हुए सभी में एक ही द्रव्य एक ही ब्रह्म है। सुवर्णालंकारों में सुवर्ण की विविधता भासती हैं किन्तु वस्तुत: सोना एक ही है। टेम्बे स्वामी के अनुसार ब्रह्म, जीव, जड़ स्तम्ब तृण आदि में वही उपनिषदों में वर्णित श्रीदत्त एक ही है।

इसके अतिरिक्त टेम्बे स्वामी की मुख्य विशेषता यह है कि भारतीय संस्कृति अनुसार पुराणों की संख्या 18 ही है किन्तु टेम्बे स्वामी द्वारा रचित 'श्रीदत्त पुराण' 19 वाँ पुराण है। यह उनका भारतीय संस्कृति में बहुत बड़ा योगदान है। इनके ग्रंथों का अध्ययन करने पर इनके काव्य की एक विशेषता

ध्यान में आती है, कि गद्य-पद्य साथ में ही है, जिसे चंपुकाव्य कहते है। 'श्रीदत्तचम्पु' इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। अन्य ग्रंथों के अध्ययन के पश्चात् यह रहस्य उद्घाटित हुआ है कि ग्रंथों की पंक्तियों के प्रथमोक्षर उच्चार से मंत्रों की निर्मिती हुई है, तो कहीं पंक्तियों के तीसरे अक्षरों के उच्चारण से गीता के पंद्रहवे अध्याय का गुंफन प्राप्त हुआ है। ऐसे कई अन्य काव्य अलंकार व चमत्कार इनके साहित्य में यत्र-तत्र बिखरे पड़े है।

अत: निष्कर्ष के रूप में कह सकते है कि टेम्बे स्वामी ने दत्त तत्वज्ञान (ब्रह्म विष्णु महेश का एकत्व) व शंकराचार्य ने विष्णु व शिव में एकत्व की उपासना से अद्वैत का मार्ग सर्वमान्य जन के लिये सुकर कर दिया है। शोध का सारांश यही है कि दोनों का तत्वज्ञान, अद्वैत सिद्धांत, दार्शनिक विचार व जीवन उद्देश्य समान ही है। सिर्फ मार्ग व उपासना भिन्न है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष प्राप्ति के साधन व प्राप्ति कैसे हो ? यहीं दोनों के जीवन-कार्य व साहित्य का सार है। मानव-मात्र को धर्म, अर्थ, काम मोक्ष की प्राप्ति कैसे सहज व सौम्य रूप से हो, यही दोनों विचारकों, दार्शनिकों, शिक्षाविदों व संतों का कार्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा, र.प्र. (2006) 'आद्य जगद्गुरू शंकराचार्य',
2. टेम्बे स्वामी, वा.स. (2014) समग्र ग्रंथ संपदा,
3. web Bibliography
4. www.shrivasudevanandsaraswati.com
5. www: shrivasudevanandsaraswati.org.com
6. www:mahagoga.org.
7. www:kundalivishakipatayoga.net
8. www: kundalivishakipatayogaswamidham.com
9. www:prabhaba.org
10. www:shivdham.org

****

ऑटिज्म (आत्मकेन्द्रितता)

डॉ. जयबाला गुप्ता *

शोध सारांश – ऑटिज्म एक प्रकार का जेनेटिक मेंटल डिसार्डर है। ऑटिज्म से ग्रस्त बालक का संवेदी तंत्र अव्यवस्थित होता है। ऐसा बालक अपनी निजी जिन्दगी, रिश्तों और सामान्य गतिविधियों तक तालमेल नहीं बैठा सकता। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों मेंअकसर पेट सम्बन्धित बीमारियाँ होती हैं। ऐसे बालक बहुत ज्यादा जिद्द करते हैं और अपनी हरकतों को बार-बार दोहराते हैं। ये बालक अकसर चीजों को पटकते और तोड़-फोड़ भी करते हैं। इस रोग सेग्रसित बालक बचपन से ही परिवार और समाज से जुड़े रहने की क्षमता खो देता है। इस प्रकार के लक्षणों पर ध्यान देकर बच्चे को शान्त करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

शब्द कुंजी- ऑटिज्म, संवेदना, मस्तिष्क, ऑटिष्टिक ।

प्रस्तावना – 'आटिज्म' याने आत्मकेन्द्रितता एक बीमारी है। दुनिया में एक हजार बच्चों में से दो बच्चे जन्मजात ऑटिज्म के शिकार पाए जाते हैं। वस्तुत: ऑटिज्म एक प्रकार का जेनेटिक मेंटल डिसॉर्डर है। याने इस प्रकार का बालक जन्मजात मानसिक अव्यवस्था का मनोरोगी होता हैं, जिसे हिन्दी में आमतौर पर आत्मकेन्द्रितता कहा जा सकता है।

ऑटिज्म से ग्रस्त बालक का संवेदी तंत्र अव्यवस्थित होता है। परिणामस्वरूप ऐसा बालक अपनी निजी जिन्दगी, रिश्तों व सामान्य गतिविधियों तक तालमेल नहीं बैठा सकता। बालक अपनी संवेदनाओं के माध्यम से ही आसपास की दुनिया की खोजबीन करता हैं, उसके बारे में सीखता है और अपने आसपास की दुनिया से परिचित होने लगता है। सामान्य बच्चे अपने माता-पिता, दादा-दादी, निकटस्थ रिश्तेदारों तथा आसपास में निवासरत हम उम्र के बालकों और बालिकाओं से अपने सम्बन्धों के बारे में काफी कुछ जानने और समझने लगता है। इस प्रकार उसका मानसिक विकास होता हैं, किन्तु ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों में इन संवेदनाओ में स्पर्श, गति, शरीर के प्रति सचेतना व दृष्टि, ध्वनि और गुरुत्वाकर्षण का खिचाव सम्मिलित होता है। दिमाग में इन संवेनाओं को व्यवस्थित करने पर ही बालक का सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्मित होता है।

आमतौर पर सामान्य बच्चों में उम्र के साथ-साथं सहज ढंग से संवेदनाएँ विकसित हो जाती हैं। कुछ बच्चों में यह प्रक्रिया तीव्र होती हैं और कुछ बच्चों में धीमी हो सकती हैं। इस प्रकार बालक में व्यवस्थित तरीके से उठना-बैठना, चाल ढाल, हाव-भाव, भाषा, भावात्मक परिपक्वता, सामाजिक अन्तर्क्रिया और कुशलता का विकास होता है।

इसके विपरीत ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों में संवेदी तंत्र अल्प सक्रिय या अतिसक्रिय प्रतिक्रिया दे सकता है। उदाहरण के लिए स्पर्श संवेदनाओं का मसला हो तो मुलायम 'ऊन' भी किसी अतिसक्रिय संवेदी तंत्र वाले बच्चों को काँटों की चादर जैसी महसूस होने लगती हैं। दूसरी ओर यदि बालक का संवेदी तंत्र अल्प सक्रिय संवेदी तंत्र वाला हो तो ऐसे बालक को कॉफी ऊँचाई से गिरने पर भी कोई दर्द की अनुभूति न हो।

स्पर्श, संतुलन, गति तथा शरीर की संधियों से प्राप्त सूचनाएँ, श्रवण, दृष्टि और गुरुत्व को संवेदना कहते हैं। इस प्रकार विभिन्न संवेदी तंत्र हमारे दिमाग में सूचनाओं के साथ उचित तालमेल बनाकर चलता है और तद्नुसार वह शरीर के अंगों मेंआवश्यक क्रियाएँ करने के लिए मस्तिष्क को आदेश देता है और इसके आदेशानुसार शरीर उचित हलचल करता हैं, किन्तु ऑटिज्म के पीड़ित बच्चे का संवेदी तंत्र ठीक से काम नहीं करता, जिसके कारण वह न तो संवेदनाओं से उचित आदेश उपलब्ध कर पाता है और न ही वह शरीर के प्रति कोई सक्रियता प्रदर्शित करता है।

ऑटिज्म से पीड़ित कुछ बच्चों की स्पर्श संवेदना अति सक्रिय होती हैं, ऐसे बच्चे को बाल या नाखून कटवाने या स्पर्श से संबंधित अन्य गतिविधियों तक में काफी परेशानी होती हैं।

सन्तुलन तंत्र जन्म के कुछ सप्ताह बाद विकसित होता है। ऐसे बच्चों में प्रारंभिक अवस्थाओं में गतिविधियों की भूमिका अच्छी होती हैं, किन्तु ऑटिज्म पीड़ित बच्चों में सन्तुलन या गति संबंधी मामलों में ऐसा बच्चा शारीरिक गतिविधियाँ सही ढंग से सम्पन्न नहीं कर पाता। ऐसा बच्चा शारीरिक हलचलों से या तो दूर रहता है या अनावश्यक रूप से सुस्त रहता है। इस प्रकार के बालक मेंकई समस्याएँ रहती हैं।

1. सामान्य गतिविधियों में उचित तालमेल नहीं होना।
2. पूर्वापर सम्बन्धों मेंसमझ नहीं होना।
3. बोर्ड पर लिखी बातों की नकल न कर पाना।
4. इस प्रकार बालक अधिक समय तक सुस्त या शारीरिक हलचल करने में इच्छुक नहीं होना।
5. भाषा की सही समझ की काफी न्यूतना।
6. सन्तुलित भावात्मक अभिव्यक्ति में बाधाएँ, जिसकी प्रतिक्रिया अनियंत्रित होती हैं। उदाहरण के लिए अनावश्यक हँसना, घंटों झूले में झूलते रहे, लेकिन चक्कर नहीं आते, चाय का प्याला पकड़ते समय, लिखते समय, दूरी बनाए रखते समय ऐसे बच्चे सहज नहीं रहते।
7. ऑटिज्म बच्चों मे शारीरिक हलचलों में तालमेल नहीं बना रहता।

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (शिक्षा) योगेश्वर शिक्षा महाविद्यालय, पिपलाज, बड़वानी (म.प्र.) भारत

8. बोलते समय पीड़ित बच्चे बोलने में संतुलन नहीं रख पाते।

ऑटिज्म के पीड़ित बच्चों मेंअक्सर पेट संबंधी बीमारियाँ होती हैं। उनके शरीर में पारे जैसी भारी धातु सामान्य बच्चों की तुलना में ज्यादा होती हैं। वांशिगटन स्थित शोधकर्ताओं के एक अध्ययन के अनुसार जैव प्रिजरवेटिव्ह 'थीमोरोसल'(एक प्रकार का पारा) को शिशु बहुत तेजी से बाहर निकाल देते हैं, शरीर में यह खतरनाक धातु ज्यादा समय तक टिक नहीं पाती, जिससे ऑटिज्म का खतरा कम हो जाता है।

अकसर पीड़ित बच्चा यदि पेट संबंधी शिकायत करता हैं, तो शरीर में मौजूद अधिक पारा निकालकर हाइपर बेटिक ऑक्सीजन थेरेपी दी जाए, जिससे बच्चा काफी हद तक ठीक हो सकता है।

दिल्ली स्थित इंस्ट्रीट्यूट फॉर न्यूरोडेवलेपमटल डिसेबलिटीज इंटरवेंशनल इंस्टीट्यूट डॉ. अरुण मुखर्जी ने एक कांफ्रेस मेंजानकारी दी कि भूजल में, प्रदूषण में, वेक्सीनों में किए जाने वाले प्रिजरवेटिव और माँ के डेंटल इमलगम आदि की समस्याओं के कारण शरीर में 'भारी धातु' की मात्रा बढ़ जाती हैं।

ऑटिज्म बच्चों में इन खनिज पदार्थों का निकलने का तरीका विकसित नहीं होता और ये उनके टिश्यू में जगह बना लेते हैं, ये शरीर में लाभदायक इंजाइम को स्थानान्तरित करते हैं, जिसके बाद प्रतिरोधक तंत्र की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप इनके पेट में तमाम तरह के इन्फैक्शनस हो जाते हैं। 95 प्रतिशत बच्चों का पेट खराब रहता है। यदि इनके पेट ठीक हो जाए, तो समस्या काफी हद तक नियंत्रण में आ सकती हैं।

नार्थ कैरोलिना यूनिवर्सिटी के डॉ. रशीद बुटेर ने एक खोज में पता लगाया कि ऑटिष्टिक बच्चों के बालों के सैम्पल परीक्षण में पता चला कि उनके बालों में पारे की सामान्य से कम मात्रा मिलेगी। इससे यह सिद्ध होता है कि उनके शरीर पारे जैसे खतरनाक खनिज निकाल नहीं पा रहे हैं। डॉ. रसीद बुटेर के स्वयं के पुत्र को यह बीमारी हुई। जहाँ उन्होंने इसी पर खोज की और 70 प्रतिशत बच्चे ठीक होने लगे। अमेरीकी अदालत में जब इस तथ्य को चुनौती के रूप में उसी के बेटे को गवाही के रूप में बुलाया गया और परीक्षण के अध्ययन से पता चला कि उनकी थेरेपी सही पाई गई।

वैज्ञानिकों ने इस थेरेपी पर आगे अपना कार्य जारी रखा। इस थेरेपी में पहले चार महीने के बच्चो की पेट संबंधी बीमारियों का इलाज किया गया, फिर एक साथ पारा निकालने के केप्सूल दिए गए। इस प्रकार एक साल तक के इलाज के 1.25 लाख रुपए तक का खर्च किया गया। इसके बाद उसको एचबीओटी थेरेपी दी गई, जिसमें एक चेम्बर मेंऑक्सीजन का दबाव बढ़ा दिया गया, जिससे रक्त में मौजूद पानी की मात्रा ज्यादा हो गई और दिमागी कोशिकाओं से निकाल कर वह पानी और उसमें मौजूद ऑक्सीजन मृत कोशिकाओं तक पहुँच कर उन्हें जीवित करती हैं। यह थेरेपी तीन साल तक के बच्चों को देने पर अच्छे नतीजें निकलने की उम्मीद है। क्यूबा की सरकार ने इस थेरेपी को मान्यता दी है।

समय पर ऑटिज्म के मरीज का ठीक ढंग से इलाज किया जाए, तो मरीज के ठीक होने की संभावना बढ़ जाती हैं। ऐसे बच्चे जो ऑटिज्म से पीड़ित है, असामान्य रूप से बहुत ज्यादा जिद्द करते हैं। अपनी हरकतों को बार-बार दोहराते हैं। जल्दी कुछ सीखने को तैयार नहीं होते, अकसर चीजों को पटकते हैं, तोड़ फोड़ करते हैं। इस प्रकार के लक्षणों पर ध्यान देकर बच्चे को शांत करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

ऑटिज्म एक ऐसा रोग हैं, जिससे बच्चा बचपन से ही परिवार और समाज से जुड़ने की क्षमता खो देता है। इस प्रकार के बच्चों में एक टाईप का ऑटिष्टिक स्पैक्ट्रम डिसआर्डर होता हैं, जिसमें सामान्य बच्चे से अलग तरह के लक्षण पाए जाते हैं। इनमें से कुछ बच्चे तो बहुत जीनियस होते हैं। चूंकि ऑटिष्टिक बच्चों में सहानुभूति का अभाव होता है। वे एक दूसरे की भावनाओं को समझ नहीं पाते।

इस प्रकार अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने ऑटिष्टिक बच्चे के साथ अधिक बोलचाल करें। सही बोलना सीखाने पर जोर दें। बच्चों को अपनी भावनाएँ ठीक ढंग से व्यक्त करने में अधिक सक्रिय करना चाहिए।

ऑटिज्म को स्वलीनता, मानसिक रोग, स्वपरायणता आदि नामों से जाना जाता है। दरअसल यह मस्तिष्क के विकास में बाधा डालने और विकास के दौरान होने वाले विकार है। ऑटिज्म से ग्रसित बालक बाहरी दुनिया से अनजान अपनी ही दुनिया मेंखोया रहता है।

सन् 2010 तक विश्व मेंकरीब 7 करोड़ लोग ऑटिज्म से प्रभावित है। प्रति दस हजार बच्चों में 20 व्यक्ति इस रोग से प्रभावित है। ऐसे व्यक्ति अपने बदलाव मेंकोई परिवर्तन नहीं चाहते। वे एक जैसी गतिविधियों मेंही सदा डूबे रहते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शिवानी गुप्ता।
2. डॉ. अंजली जोशी- 31 अगस्त 2006 का आलेख।
3. अमृता प्रकाश।
4. ओंकारसिंह जनोटी, सम्पादक ईशा भाटिया।
5. सैप लैब्स इण्डिया की वेब साइट।
6. अरविन्द गौरव- ब्लॉग आर्चिव्ह- अक्टू. 2008 ऑटिज्म।
7. http:// austism re sorce cemter.
8. http// w.w.w. autism-india.org.
9. w.w.w autism- societ.org.
10. http//w.w.w. austism.com.

****

Bail , Its Type & Cancellation in India

Deeksha Dubey *

Abstract - Bail may be regarded as a mechanism whereby the state devolutes upon the community the function of securing the presence of the prisoners and at the same time involves participation of the community in administration of justice.

The object of arrest and detention of the accused person is primarily to secure his appearance at the time of trial and to ensure that in case he is found guilty he is available to receive the sentence. It his presence at the trial could be reasonably ensured otherwise than by his arrest and detention.

Introduction - Bail is one of the cherised rights, claims or privileges of an accused person . It is one of the most dignified institutions in any civilized society in which human values, such as faith and trust, take precedence over everything else the release on bail is crucial to the accused person. The jailed accused, subjected to the psychological and physical deprivations of jail life, loses his job and is prevented from contributing effectively to the preparation of his defence.

Definition of Bail - Bail has been defined in the Law Lexicon as "Security for the appearance of the accused person, on giving which, he is released pending trail or investigation" The word "bail" means to set at liberty a person arrested or imprisoned on security being taken of his appearance in the court on a particular day.

The word "bail" covers release on one's own bond.

The definition of bail as given in Webste's Third new international Dictionary.

"The process by which a person is released from custody"

Classification - The Cr.P.C. has classified all offences into "bail able" and "non bail able" offences. The distinction between them is as follows –

Bailable offence means an offence which is shown as bailable in the first schedule or which is made bailable by any other law for the time being in force.

Non bailable offence means any other offence (Sec. 2(a))

Generally, seriouos offences, have been considered as non bailable offences. While petty offences as bailable.

A person accused of bailable offence has a right to released on bail (Sec. 50(2)) makes it obligatory for a police officer arresting such a person to inform him of his right to be released on bail.

In what cases Bail to be taken – Sub-Sec (1) where there are no reasonable grounds to believe that the accused was involved in the commission of non-bailable offence. the accused shall be released on bail under sec. 436(1).

Amendment of sec. 436 (by- 2005 Amendment) In respect of bailable offences, a person has to remain in Jail for his inability to furnish bail till the case is disposed of Sec 436(1) has been amended to make a mandatory provision that if the arrested person is accused of a bailable offence and he is an indigent and cannot furnish surety, the court shall release him on his execution of a bond without securities. Thus the amendment has made it compulsory for the police to relies a person accused of a bailable offence if he or she cannot afford to furnish surety.

The right to claim bail granted by sec. 436 in a bailable offence is an absolute and indefeasible right.

Has a long history In medieval England, the custom grw out of the need to free untried prisoners from disease-ridden jails while they were waiting for the delayed trails conducted by traveling justices. Prisoners were bailed, or delivered, to reputable third parties of their own choosing who accepted responsibility for assuring their appearance at trial. from this grew the modern practice of posting a money bond through a commercial bondsman . Bail has not been defined under the Cr. P.C. 1973.

"Bail connotes the process of procuring the release of an accused charged with certain offence by ensuring his future attendance . In the court for trial and compelling him to remain within the jurisdiction of the court.

The Cr.P..C. has classified all offences into "bailable" and "non-bailable" offences.

1. Bailable offence means an offence which is shown as bailable in the first schedule or which is made bailable by any other law for the time being in force.
2. Non bailable offence means any other offence (Sec. 2(a))
3. Generally, seriouos offences, have been considered as non bailable offences. While petty offences as

* **L.L.B. IX Semester, Global Indina Law University, Sonipat (Haryana) INDIA**

bailable.

4. A person accused of bailable offence has a right to released on bail (Sec. 50(2)) makes it obligatory for a police officer arresting such a person to inform him of his right to be released on bail.

Where there are no reasonable grounds to believe that the accused was involved in the commission of a non-bailable offence, the accused shall be released on bail under sec. 436(1).

In respect of bailable offences a person has to remain in jail for his inability to furnish bail, till the case is disposed of sec. 436(1) has been amended to make a mandatory provision that if the arrested person is accused of a baiable offence and he is an indigent and cannot furnish surety, the court shall release him on his execution of a bond without sureties.. Thus the amendment has made it if he or she cannot afford to furnish surety.

The right to claim bail granted by sec. 436 in a bailable offence is an absolute and indefeasible right.

The court cannot impose any condition in a bail-order under Sec. 436. The only exception to this rule is states in sub-sec. (2)

It provides that a person who absconds or has broken the condition of his bail-bond (e.g. failed to appear before the court on the date fixed) when he was released on bail in a bailable case on a precious occasion shall not, as of right, be entitled to bail when brought before the court on any subsequent date thought the offence may be bailable further, the court can call upon any person bound by such bond to pay the penalty thereof under sec. 446.

Where a person has during the period of investigation inquiry or trial under this code of an offence under any law (not being an offence for which the punishment of death has been specified as one on the punishments under that law) undergone detention for a period extending up to one-half of the maximum period of imprisonment specified for that offence under that law he shall be released by the court on his personal bond with or without sureties.

Other Mandatory Bail Provisions - Where the accused has completed 60 or 90 days in detention and there is no formal charge-sheet framed against them, the court is under constitutional and procedural mandate to ask the detenu if he desire to be released on bail and if he can furnish bail, he must be released on bail forthwith. Mere submission of charge-sheet cannot be a ground for cancellation of bail granted under Sec. 167(2).

No reasonable grounds for believing the accused guilty of a non-baiable offence but sufficient for further inquiry- The accused shall be released on bail in such a case, according to Sec. 437(2)

If , in any case triable by a magistrate, the trial of a person accused of any non-bailable offence is not concluded within a period of 60 days from the first date fixed for taking evidence in the case, such person shall, if he is in custody during evidence in the of the said period, be released on bail to the satisfaction of the magistrate, unless for reasons to be recorded in writing the magistrate otherwise directs for believing that the accused is not guilty of any such offence, it shall release the accused (Sec. 437(7))

Sec. 437. Cases of Non-bailable offences - Such person shall not be so released if there appear reasonable grounds for believing that he has been guilty of an offence punishable with death or life-imprisonment.

Such person shall not be so released if such offence is a cognizable offence and he had been previously convicted of an offence punishable with death, life-imprisonment or imprisonment for 7 years or more, or he had been previously convicted on two more occasions of.

16 years or any women or any sick or infirm person accused of such an offence be released on bail . The proviso applies to both clauses.

Be released on bail if it is satisfied that it is just and proper so to do for any other special reason.

The mere fact that an accused person may be required for being identified by witnesses during bail only after giving an opportunity of hearing to the prosecution that such person attend in accordance with the conditions

That such person shall not commit an offence similar to the offence of which he is accused or suspected of the commission of which he is suspected and that such person shall not directly or indirectly make any inducement, threat or promise to any person acquainted with the facts of the case so as to dissuade him from disclosing such facts to the court or to any police office or tamper with the evidence.

Any officer or court releasing any person on bail in a case or non-bailable offence is required to record in writing his or its reasons for so doing. This requirement would enable the High Court or Court of Session to see whether the discretion in the matter of bail was properly exercised. A bail order must be reasoned, while considering bail application the court must consider among other the following circumstance.

Sec. 437-A (Inserted by 2008 Amendment) - A new Sec. 437-A to provide for the court to require accused to execute bail bonds with sureties to appear before the higher Court as and when such Court issues notice in respect of an appeal against

437-A Bail to require accused to appear before next Appellate Court - Before conclusion of the trial and before disposal of the appeal, the court trying the offence or the appellate court , is the case may be, shall require the accused to execute bail bonds with sureties. Court and such bail bonds shall be in force for six months. Sec. 445 shall apply.

Sec. 439. Special power of High Court/Court - The powers of the High Court or the court of session are considerably wider than the powers of the magistrate in Sec. 437.

Under Sec. 439, no distinction is made between various kinds of offences for the purpose of granting of bail, and bail can be given even if the offence is most serious in

character.

Though there is no specific provision for appeal against the orders refusing to grant bail under Sec. 436(1) the High Court or Court of session can be moved under Sec. 439 for bail.

The Proviso to Sec. 439(1) requires the High Court/ Sessions Court to give notice to the public Prosecutor of the application made by the accused before granting bail in cases where the person making an application is.

Temporary/Interim Bail - If a court has authority to decide the bail matter, it has authority to consider a temporary bail or 'parole' or dealing with the custody of the accused and manner of it till the required material is collected.

Offences of trivial nature in which bail is generally granted, (ii) release of women, children, minors and aged person, (iii) Studens whose examination are to commence should also be given interim relief, and (iv) cases in which accusations appear to be frivolous or mala fide.

Cancellation of Bail (Secs. 437 (5) and 439 (2)) - Even after bail has been granted it can be cancelled under Sec. 437(5) or Sec. 439(2). According to Sec. 437(5) any court which has released.

person on bail under Sec. 437(1) or (2) may, if it considers it necessary so to do, direct that such person be arrested and committed to custody.

5. The person on bail commits the very offence for which he is being tried or has been convicted, and thereby proves his utter unfitness to be on bail.
6. if he hampers the investigation and foreibly prevents the search of places under his control for the corpus delicti or other incriminating things
7. if he tampers with the evidence as by intimidating the prosecution witnesses, interfering with the scene of the offence in order to remove traces or proofs of crime.
8. if he absconds i.e. runs away to a foreign country, or goes underground, or beyond the control of his sureties and
9. if he commits acts of violence (in revenge) against the police and the prosecution witness and those who have booked him or are trying to book him.

Concluding Remarks - Release on bail is crucial to the accused as the consequences of pre-trial detention are grave. If release on bail is denied to the accused it would mean that though he is presumed to be innocent till the guilt is proved beyond reasonable doubt he would be subjected to the psychological and physical deprivation of jail life. The jailed accused loses his job or source of income and is prevented from contributing effectively to the preparation of his defence.

Bail is a right and refusal is an exception. However, the courts can impose the conditions while granting bail. But the conditions should not be unreasonable. Court have also power to cancel bail but power to cancel bail in non-bailable offences must be used sparingly. It is the duty if the Magistrate to dispose of the application as early as possible.

References :-

1. Encyclopedia Braitannica, Vol, I, P. 736(15th Edn).
2. Clearly bring out the changes that have been made in the law of bails in the Cr.P.C.1973 by the Cr.P.C. (Amendment) Act, 2005 bringing out clearly the object sought to be achieved by the Amending Act of 2005/ (D.U. 2011/2012)
3. Nanha V State, 1993 CrLJ 938 (All)
4. T.K. Dutta, 1995 CrLJ 3274(Cal).
5. http://www.lawersclubindia.com/articles/Discretion-in-granting-Bail-in-non-Bailable-offences-5262.asp#VQcLENKUe8A
6. http://shodhganga.infilbnet.ac.in/bitstream/1060/7790/10/10_chapter%204.pdf.
7. http:/criminallawyersindia.wordpress.com…/bail-in-ndps-cases-in-india.
8. http://www.shareyouressays.com/119377/provisions-of-bail-under-section-12-of-the-juvenile-justice-care-and-protection-of-children.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकलांगों के मानव अधिकारों का संरक्षण – एक अध्ययन

डॉ. जैनेन्द्र कुमार पटेल * शशाँक कुमार उपाध्याय **

शोध सारांश – विकलांग व्यक्ति का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो कि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदनात्मक बाधाओं के कारण अन्य लोगों के साथ समानता के आधार पर प्रभावशाली सहभागिता निभाने में एवं अपनी आन्तरिक प्रतिभा का पूर्ण उपयोग करने में असमर्थ है। वर्तमान समय में विश्व में लगभग 500 करोड़ व्यक्तियों से अधिक जो कि विश्व की जनसंख्या का 10 प्रतिशत भाग है, विकलांग व्यक्तियों की है। इनमें से अनुमानित रूप से 80 प्रतिशत व्यक्ति विकासशील देशों में रहते है, तथा वे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदनात्मक विकलांगता से ग्रस्त है। समाजिक दृष्टिकोण विकलांग व्यक्तियों को सांस्कृतिक जीवन तथा समान्य सामाजिक संबंधो से अलग कर देता है, विकलांग व्यक्ति बुनियादी शैक्षणिक अवसरों से वंचित हो जाते है तथा उन्हें तुच्छ अथवा कम वेतन वाला कार्य प्राप्त होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकलांगों के मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन पर पहल 1980 के दशक से प्रारंभ हुआ तथा 9 दिसम्बर 1975 को विकलांग व्यक्तियों के मानव अधिकारों की घोषणा को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंगीकार किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 19 दिसम्बर 2001 को विकलांग व्यक्तियों की गरिमा एवं मानव अधिकारों की अभिवृद्धि एवं संरक्षण के लिए तदर्थ समिति की स्थापना की और समिति को विकलांग व्यक्तियों के मानव अधिकारों में अभिवृद्धि और संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय के प्रारूप को तैयार करने का कार्य संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सौपा गया। समिति ने जून 2003 में अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय का मूल पाठ तैयार किया, जिसे महासभा ने 13 दिसम्बर 2006 को सर्वसम्मति से विकलांग व्यक्तियों के मानव अधिकरों के रूप में अंगीकार किया तथा अभिसमय 3 मई 2008 को लागू किया गया। इस शोध पत्र के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के मानव अधिकारों की अभिवृद्धि एवं संरक्षण के लिए किए गए प्रावधानो का अध्ययन प्रस्तुत है।

शब्द कुंजी – विकलांग, मानव अधिकार, अंतर्राष्ट्रीय

अध्ययन का उद्देश्य – इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकलांगों के मानव अधिकारों की अभिवृद्धि एवं संरक्षण के लिए किए गए प्रावधानों का अध्ययन कर मूल्यांकन करना है।

शोध प्रविधि – यह शोध पत्र पूर्णत: सैद्धांतिक विधि पर आधारित है, जिसमें विषय से संबंधित सर्वमान्य ग्रंथ एवं प्रशासकीय दस्तावेजों से प्राप्त सूचनाओं को आधार मानकर अध्ययन किया गया है।

विवेचना – मानव एक विवेकपूर्ण प्राणी है और इसी कारण मानव को कुछ ऐसे मूल तथा अहरणीय अधिकार प्राप्त रहतें है, जिसे सामान्यतया मानव अधिकार कहा जाता है। चूँकि ये अधिकार उनके अस्तित्व के कारण उनसे संबंधित रहते हैं अत: वे उनमें जन्म से ही निहित रहते है। इस प्रकार, मानव अधिकार सभी व्यक्तियों के लिए होते हैं, चाहे उनका मूल वंश, धर्म, लिंग तथा राष्ट्रीयता कुछ भी हो। ये अधिकार सभी व्यक्तियों के लिए आवश्यक है क्योंकि ये अधिकार उनकी गरिमा एवं स्वतंत्रता के अनुरूप हैं तथा शारीरिक, नैतिक, सामाजिक और भौतिक कल्याण के लिए सहायक होते है।

मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा 1948 में घोषित किए गए तथा सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा तथा आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा 1976 के द्वारा प्रदत्त सभी अधिकार विश्व के समस्त व्यक्तियों को प्राप्त है परन्तु व्यक्तियों के कुछ ऐसे समूह होते है जो प्रकृति अथवा सुस्थापित रूढ़ियों के कारण निर्बल होते हैं, जैसे बच्चे, महिलायें, विकलांग व्यक्ति, वृद्ध व्यक्ति, प्रवासी कर्मचारी अथवा किसी विशिष्ट मूल वंश से संबंधित व्यक्ति। दुर्बल समूह के ये व्यक्ति भी मानव होने के कारण मानव अधिकार एवं मूलभूत स्वतंत्रताओं को धारण करते है। किन्तु इनके अधिकारों का उल्लंघन समाज के प्रबल वर्ग द्वारा समय–समय पर किया जाता रहा है, समाज में उनके लिए स्थान सुरक्षित करवाने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त न करने वाले एवं वंचित वर्गों के आन्दोलन ने, मानव अधिकारों के संदेश फैलाने में बहुत अधिक योगदान किया है। दुर्बल व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में बहुत से अभिसमय बनाए गए है।

विकलांग व्यक्ति भी दुर्बल व्यक्तियों का एक वर्ग है, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के संबंध में 9 दिसम्बर, 1975 को विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को अंगीकार किया था। महासभा ने 19 दिसम्बर, 2001 को विकलांग व्यक्तियों की गरिमा एवं अधिकारों की अभिवृद्धि एवं संरक्षण के लिए एक तदर्थ समिति की स्थापना की। समिति को विकलांग व्यक्तियों के मानव अधिकारों में अभिवृद्धि और संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय के प्रारूप को तैयार करने का कार्य संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सौपा गया। समिति ने जून 2003 में अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय का मूल पाठ तैयार किया, जिसे महासभा ने 13 दिसम्बर 2006 को सर्वसम्मति से विकलांग व्यक्तियों के मानव अधिकरों के रूप में अंगीकार किया तथा अभिसमय 3 मई 2008 को लागू किया गया।

यह अभिसमय विकलांग व्यक्तियों के लिए बहुत से अधिकारों को

* सहप्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (विधि)डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
**शोध छात्र – एम. फिल. (विधि) डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

उपलब्ध कराने के लिए अभिकथित करता है जैसे – जीवन का अधिकार, विधि के समक्ष समान व्यवहार, न्याय तक पहुँच, व्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा, निर्दयतापूर्ण एवं क्रूर व्यवहार से स्वतंत्रता, अमानवीय एवं अपमानजनक व्यवहार एवं दण्ड तथा शोषण से मुक्ति, हिंसा से मुक्ति, राष्ट्रीय भ्रमण की स्वतंत्रता, सलाह एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सूचनाओं की जानकारी एवं व्यक्तिगत एवं एकान्तता की स्वतंत्रता आदि। अभिसमय ने यह भी निश्चत किया कि असमर्थ व्यक्तियों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं काम पाने का भी अधिकार होगा। वे सार्वजनिक एवं राजनीतिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में दूसरे लोगों के साथ समानता के आधार पर सहभागिता कर सकेंगे। यह उल्लेखनीय है कि अभिसमय असमर्थ व्यक्तियों के लिए किसी नए अधिकार की रचना नहीं करता हैं। अभिसमय इन अधिकारों को विशेष रूप से इसलिए वर्णित करता है ताकि राज्य पक्षकार समाज में अभिसमय के प्रति जागरुकता उत्पन्न कर सकें एवं असमर्थ व्यक्तियों की गरिमा एवं अधिकारों को समाजिक प्रोत्साहन दे सकें।

अभिसमय सभी विकलांग व्यक्तियों के लिए पूर्ण मौलिक स्वतंत्रता एवं मानवाधिकारों के उपयोग करने के लिए राज्य पक्षकारों पर सामान्य बाध्यता अधिरोपित करता है। उदाहरणार्थ, राज्य पक्षकार वचनबद्ध होंगे कि –

1. अधिकारों के प्रयोग के लिए अन्य मानकों एवं प्रशासनिक तथा उपयुक्त विधियों को स्वीकार करेंगे,
2. समस्त प्रकार के ऐसे कानूनों, विधियों, परम्पराओं एवं प्रथाओं को हटाने एवं निरस्त करने का पूरा प्रयास करेंगे जो असमर्थ व्यक्तियों के साथ भेद–भावपूर्ण व्यवहार को मान्यता प्रदान करते है,
3. अपनी समस्त नीतियों एवं कार्यक्रमों में असमर्थ व्यक्तियों के अधिकारों के अभिवृद्धि एवं संरक्षण के लिए पूरा प्रयास करेंगे,
4. जो भी अधिनियम या प्रथा अभिसमय से असंगत होगी उसको समाप्त करने की कोशिश करेंगे तथा आश्वासन देंगे कि सार्वजनिक प्राधिकारी एवं संस्थाएं अभिसमयों के साथ राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक अधिकारों के संरक्षण के लिए सहयोग करेंगे,

प्रत्येक पक्षकार, जहाँ आवश्यकता होगी, अपने उपलब्ध अधिकतम संसाधनों के साथ, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के कार्यक्रमों के मध्य, इन अधिकारों के पूर्ण एवं उन्नतिशील उपलब्धियों की दृष्टि से सहयोग करने के लिए बाध्य होगा एवं बिना किसी पूर्वाग्रह के ये बाध्यताएँ वर्तमान अभिसमय में सम्मिलित की गयी हैं, जो कि अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अनुसार प्रयोज्य हैं।

विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के लिए एक समिति की स्थापना की गयी है। यह समिति अभिसमय के अंतर्गत अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए अपनाएँ गए मानकों पर एवं इस संबंध में हुई उन्नति पर राज्य पक्षकार जो रिपोर्ट देंगे उस पर विचार करेगी। राज्य पक्षकारों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे अपनी रिपोर्ट अभिसमय के लागू होने के पश्चात् दो वर्ष के अवधि के भीतर प्रस्तुत करें। यह समिति सुझाव दे सकती है तथा यदि उपयुक्त समझे तो रिपोर्ट पर संबंधित राज्य पक्षकारों के लिए सामान्य संस्तुति भी कर सकती है।

विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के अभिसमय पर ऐच्छिक नयाचार महासभा द्वारा 13 दिसम्बर, 2006 को अंगीकृत किया गया। ऐच्छिक नयाचार 3 मई, 2008 को लागू हुआ। नयाचार को इसलिए अंगीकृत करने का उद्देश्य व्यक्तियों द्वारा समिति को संसूचना देने का अधिकार प्रदान करना था।

ऐच्छिक नयाचार का अनुच्छेद 1 पैरा 1 यह प्रावधान करता है कि विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों को समिति ऐसे व्यक्तियों या व्यक्तियों के समूह की ओर से संसूचना प्राप्त करने एवं विचार करने के लिए सक्षम होगी जो यह दावा करते हैं कि उनके अधिकारों का राज्य पक्षकार द्वारा उल्लंघन किया गया है। समिति ऐसी संसूचनाओं को स्वीकार नहीं करेगी जो बिना नाम की हो या जब सभी उपलब्ध घरेलू उपायों का उपयोग नहीं कर लिया गया हो। समिति संसूचना को राज्य पक्षकार को अवगत कराएंगी। राज्य पक्षकार 6 महीने के अन्दर लिखित कथन द्वारा समिति को मामले के संबंध में अपना स्पष्टीकरण पेश करेंगे। यदि अभिसमय में लिखित अधिकारों का गम्भीर अथवा व्यवस्थित उल्लंघन की विश्वसनीय सूचना समिति को प्राप्त होती है तब समिति उस राज्य पक्षकार को मामले के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए आमन्त्रित कर सकती है। राज्य पक्षकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे समिति को सहयोग प्रदान करेंगे। समिति एक या एक से अधिक सदस्यों को मामले की जाँच के लिए नियुक्त करेगी तथा उनसे अविलम्ब अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहेगी। समिति रिपोर्ट को संबंधित राज्य पक्षकार को अवगत कराएगी जिसे राज्य पक्षकार ऐसे निष्कर्ष, टिप्पणी अथवा अनुशंसा पर अपनी प्रक्रिया समिति को पेश करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकलांगों के मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण एवं अभिवृद्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के लिए समिति तथा विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के अभिसमय पर ऐच्छिक नयाचार के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विकलांग व्यक्तियों के मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य किया गया है।

उपसंहार – प्रस्तुत शोध पत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकलांगों के मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए गए प्रयास का सैद्धांतिक रूप से अध्ययन कर किया गया है। विकलांगों के मानव अधिकारों की घोषणा एवं अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय में शामिल मानव अधिकार उसी प्रकार के ही अधिकार है, जो कि मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा 1948 में घोषित किये गये है, तथा सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा एवं आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा 1976 के द्वारा सभी व्यक्तियों को प्रदत्त किए गए है। समाज के सक्षम वर्ग द्वारा दुर्बल विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों को दबाया न जा सके और विकलांग व्यक्तियों के दुर्बल समूह को राज्य पक्षकारों द्वारा विशेष संरक्षण प्राप्त हो सके इस उद्देश्य से विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों को पृथक से घोषित किया गया है। ऐच्छिक नयाचार के माध्यम से व्यक्तिक संसूचना प्रणाली का अधिकार विकलांग व्यक्तियों को देकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास महासभा द्वारा किया गया है कि राज्यपक्षकार की उपेक्षा पर संसूचना के माध्यम से विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के हनन के प्रकरण से समिति को अवगत कराकर कार्यवाई करने के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जा सके। विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय के माध्यम से राज्यपक्षकारों के ऊपर विकलांग व्यक्तियों एवं समाज के अन्य वर्गो के मध्य समता स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के दायित्व अधिरोपित किये गये है। इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के मानव अधिकारों के संरक्षण

एवं संवर्धन हेतु महत्वपूर्ण एवं व्यापक प्रयास किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल, डॉ. एच. ओ., मानव अधिकार एवं अंतर्राष्ट्रीय विधि, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद.
2. कपूर, डॉ. एस. के., मानव अधिकार एवं अंतर्राष्ट्रीय विधि, सेन्ट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद.
3. Karna, G.N., United Nations and the Rights of Disabled Persons: A Study in Indian Perspective (New Delhi: APH Publications Co., 1999).
4. Narasimham, R.K., Human Rights and Social Justice (New Delhi: Commonwealth Publishers,1999).
5. Borgohain, Bani, Human Rights: Social Justice and Political Change (New Delhi: Kanishka Publishers, 1999).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

Assessment of awareness regarding eco-friendly garments among students of fashion designing

Dr. Sonal Bhati *

Abstract - Among the fashion designing student community, a word like eco friendly (Ecology friendly) must be a very common term due to the Government movements, awareness program run by NGO's, campaigns of WHO or UNICEF and involvement of fashion brands in this era. The objective of this paper is to study the factors affecting awareness regarding eco friendly garments among students of fashion designing. On a basic level, eco friendly garments being part of the education process may give us a considerable edge in the industry, while learning to incorporate eco friendly practices at process inception will add both, a competitive advantage and encourage eco-design. The purpose of the study is to examine the awareness of eco friendly garments among fashion educated students. This paper also aims to asses the economic status independently responsible for awareness in case of students studying fashion designing .The three levels of income, i.e. high, medium and low were studied in the study. Employing the random sampling technique, finally 85 students of diploma level from different colleges of Indore city were selected to serve as subject in the present study. After statistical analysis, results were found that there is significant difference between factors (emoluments status) affecting awareness regarding eco-friendly garments among students of fashion designing.
Key Words - Eco Friendly; NGO; WHO; NICEF; Emolument;

Introduction - In this fashion era, student community is more inclined towards fashion. Eco friendly garments are part of sustainable fashion and play a vital role in the market. So many big brands have already started their clothing lines with the name of Green garments, Eco friendly garments, Organic fashion and so on, As a moral responsibility toward sustainability. One step ahead some universities have started related courses such as sustainable fashion designing course, eco friendly garment manufacturing course and eco friendly textile engineering course at worldwide level. These courses are running sucessfully because of good job opportunities in manufacturing units for the passout students. In India, there are many programmes/courses running related to fashion designing at ITI and Diploma level. The basic qualification to take admission in these courses is 10^{th} pass out . After completion of these courses, students are able to get job on technician level or supervisory level. When we talk about eco friendly term, these courses contain very few information regarding fashion sustainability. To asses students learning these courses it is required to find out their awareness regarding eco friendly garments.

Review Of Literature - 1.Assessment of sustainable design practices in the fashion industry: experiences of eight small sustainable design companies in the Northeastern and Southeastern United States Erin Lawless & Katalin Medvedev Published online: 30 Nov 2015 The primary purpose of this research was to gain an understanding of designers' knowledge of sustainability and investigate current practices in sustainable fashion design in order to discover what variables influence designers' decisions during the design and product development process of sustainable fashion apparel. 2. Fashion Design Industry Impressions of Current Sustainable Practices. Noël Palomo-Lovinski & Kim Hahn .Pages 87-106 | Published online: 27 Apr 2015 in this research findings indicate that Designers are, however, responsible for as much as 80 percent of any product that is introduced and have the ability to influence . This article explores professional fashion designers' understanding and awareness of the current best practices in sustainable design. Thirty-five design professionals were surveyed about sustainability in fashion to assess what was missing in their education. The results are interpreted and analyzed as a basis for a new focus on curricula within the American college system and to create lasting and substantive change in the fashion industry.3. The Branding of Ethical Fashion and the Consumer: A Luxury Niche or Mass-market Reality? Nathaniel Dafydd Beard Pages 447-467 | Published online: 21 Apr 2015 This article seeks to address the branding and marketing of eco fashion or ethical fashion, juxtaposing the experiences of today's, often confused, fashion consumers, against the promotional methodologies used by, sometimes equally confused, fashion brands. Looking at the rise of ethical fashion, this article takes into consideration the factors that have influenced this. In addition, the lifestyle and societal indicators that effect consumer behavior in relation to purchasing eco fashion are also investigated. Further to this theoretical discussion, this article concludes with a reflection on today's practical manifestations of the branding and promotion of eco fashion, and the challenges ahead that both fashion brands, and consumers, face in the continuation and sustainability of ecofashion.4. A Study of a Social Content Model for Sustainable Development in the Fast Fashion

*H.O.D. (Fashion Technology) Govt. Women's Polytechnic College, Indore (M.P.) INDIA

Industry Junghyun Jang , Eunju Ko , Eunha Chun & Euntaik Lee Pages 61-70 | Received 21 Mar 2012, Accepted 11 May 2012, Published online: 12 Dec 2012 Due to an increase in clothes consumption and a decrease in the trend cycle, middle-class consumers generally prefer clothes that are cheap and trendy. The present study is a timely investigation because there has been an increase in the social awareness of benefit sharing. Moreover, consumer perception of the environment is on the rise in South Korea. This study is a pioneer in applying social sustainability, which has until now been used in the fields of environmental, economic, and social research, to fashion social content. The implications for fast fashion firms that care about the ecological consumers are discussed, as are opportunities for further research. 5. Sustainable practices and transformable fashion design – Chinese professional and consumer perspectives Osmud Rahman & Minjie Gong Pages 233-247 | Received 25 Dec 2015, Accepted 14 Mar 2016, Published online: 06 Apr 2016 Many consumers are contented with the fast fashion styles, abundant choices, and affordable price. However, other consumers and environmental advocates began to question about this fast fashion system, including the problems of overconsumption and disposable clothing. As a result, many fashion practitioners and scholars have been developing different strategies and methods to minimise the fabric waste, and prolong the product lifespan through innovative design. The objectives of this study are twofold: (1) to explore various techniques for creating transformable clothing and (2) to gain a deeper understanding of how individuals (entrepreneurs, designers, professors, and consumers) respond to their perceptions of transformable clothing, and issues of sustainability in China., According to our results, many informants and online participants supported the concept of sustainable fashion as well as the idea of transformable garments. However, many professionals had numerous concerns regarding the production cost, practicality, adaptability, and saleability. An analysis on developing a common CSR labeling system in the fashion industry. year of publication :2015 Author :Nurunisa Çizmeci The literature review exposes that the negative effect of the industry on the society and the environment evokes the consumer awareness and demand for the CSR approach. Surely, the expectation of CSR leads to the fashion companies to regulate their operations. But the further step of CSR approach is communication.

Objective - To study the factors affecting awareness regarding eco friendly garments among students of fashion designing.

Hypothesis – $H0_1$ There will be no significant difference between factor affecting awareness regarding eco friendly garments among students of fashion designing.

Methodology - In this present study, Assessment of awareness regarding eco-friendly garments among students of fashion designing, the respondents were selected by random sampling technique on the basis of high, medium and low income group. The sample size ranges from about 85 students from different diploma level colleges and divided into three groups on the basis of their family income criteria. The location selected for this study was Indore, Madhya Pradesh. For qualitative analysis, questioner were framed to explore the propose of study. Data was collected and after tabulating the information, chi square test & percentage were applied. This research work belongs to the year 2017.

Result And Discussion

Table 1 (See in last page)

वर्तमान समय में हमारे देश में असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले बच्चों की संख्या सम्मिलित है जो घरों में कार्य करते है। बड़ी संख्या में बच्चे खतरनाक उद्योग जैसे-पटाखा एवं माचिस उद्योग, कालीन बुनाई उद्योग, रत्न कटाई एवं पालिश तथा काँच की वस्तु निर्माण ईकाईयों में काम करते है इन फैक्ट्रियों की कार्य दशाएं अस्वास्थकर एवं खतरनाक है इसमें मालिकों द्वारा सुरक्षा हेतू नियमों का पालन नहीं किया जाता है। कहीं-कहीं नियंत्रक अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त है धन की लालच में गैरकानूनी शोषण को आंखे मूंदे देखते है। शिक्षा की कमी उपयुक्त एवं पोष्टिक भोजन का अभाव, स्वास्थ्य के प्रति लापारवाही इत्यादि इन बच्चों की दुर्दशा से जुडे हुए कारक है।

बाल-श्रमिक कौन ? - सामान्य तौर पर किसी उद्योग, कारखाने, खान आदि में श्रम करने वाले 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल-श्रमिक कहा जाता है। जेनेवा (स्विजरलैण्ड) स्थित अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आई. एल. ओ.) में बाल-श्रम पर अपनी रिपोर्ट में बाल-श्रमिकों को परिभाषित करते हुए लिखा है -

'ये वे किशोर नहीं है जो दिन के कुछ घंटे खेल और पढ़ाई से निकालकर जेब खर्च के लिए काम करते हैं, ये वे बच्चे भी नहीं है जो पारिवारिक भूमि पर कृषि कार्य में सहायता करते है या घरेलू कामों से सहायता करते है बल्कि ये वे मासूम बच्चे है जो 10 से 18 घंटे (लगभग) काम करके कम पैसों पर अधिक श्रम बेचकर बुनियादि शिक्षा और खेल से वंचित रहते हुऐ भी कभी-कभी परिवारों से अलग रहते हुऐ वयस्कों की जिंदगी बिताने को मजबूर है।'

घरो-ढाबो, होटलो, बस अड्डों तथा छोटे बड़े औद्योगिक संस्थानों में ऐसे बच्चों को कार्य करते हुऐ देखा जाता है। जो अपना कार्य तो बड़ी कुशलता से करते है परन्तु शोषण के विरुद्ध संगठित होना या आवाज उठाना इन बेचारों के बस की बात नहीं है। भारत 2000 नामक पुस्तक के आकड़े बताते है कि भारत के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में श्रमिक वर्ग करीब 20 प्रतिशत योगदान देता है। जिसमें से लगभग 7 प्रतिशत योगदान बाल-मजदूरों का होता है।

यह शर्मसार सच्चाई है संसार में सबसे अधिक बाल-श्रमिक हिन्दूस्तान में है। सरकारी आकड़े के मुताबिक लगभग 11 करोड़ 10 लाख से भी ज्यादा बाल-श्रमिक है इसमें खेतीहर मजदूर, कल-कारखाने में, अनेक प्रकार के लघु कुटीर उद्योगों, पत्थर खदानों, होटलो, चाय की दुकानों और दूसरों के घरों पर कार्य कर रहे है। अनेक ऐसे खतरनाक या जोखिम भरे उद्योग/व्यवसाय है जिनमें काफी बड़ी संख्या में बाल-श्रमिक काम कर रहे हैं। जैसे-शिव काशी आतिशबाजी (तमिलनाडु), काँच एवं चूँड़ी उद्योग (फिरोजाबाद, उ. प्र.), रत्न पॉलिश उद्योग (सूरत, गुजरात) पीतल के बर्तन व कलात्मक वस्तु निर्माण (मुरादाबाद), हस्त-निर्मित कालीन उद्योग (अलीगढ़, उ. प्र.) स्लेट उद्योग (मन्दसौर, म. प्र.) आदि सभी जगह शारीरिक एवं मानसिक कोमलता वाले बाल-श्रमिक कार्य करते देखे जाते हैं।

उक्त स्वरुप के अलावा बाल-मजदूरी का एक अन्य पहलू है जो

* व्याख्याता (समाजशास्त्र) राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

सामान्यत: बाल-मजदूरों के जिक्र से अछूता रह जाता है। वह है बाल मजदूरी बाल तस्करी का। हर वर्ष देश से पचास हजार के लगभग बच्चे लापता हो जाते हैं। ये गुमशुदा बच्चे बाल अनैतिक व्यापार, बंधुआ मजदूरी, जबरन भीख मंगवाना, मानव अंगों की तस्करी के अलावा लाखों बच्चों को बहला फुसलाकर माता-पिता को लालच देकर अथवा बाल-व्यापार के जरिए एक राज्य से दूसरे राज्यों में खरीदा और बेचा जाता है। संवेदनशीलता की कमी और मनुष्य की स्वार्थी प्रवृत्ति के कारण इस तरह के अपराध बढ़ रहे है। बाजारवाद इतना हावी हो गया है कि बच्चे भी वस्तु बन गए है।

भारत में यौन शोषण का कारोबार तथा जबरन श्रम के उद्देश्य बच्चों की तस्करी का कार्य देश में ही नहीं बल्कि देश से बाहर भी होता है। बच्चे की तस्करी, बच्चों की बिक्री, बलात एवं अनिवार्य श्रम, बाल वैश्यावृत्ति, बाल श्रमिकों से अश्लील फिल्मों में काम कराना, नशीली दवाओं की बिक्री आदि कार्यो हेतू बच्चे खरीदे और बेचे जाते हैं।

बाल-श्रम के अनेक कारणों में प्रमुखत: गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, संयुक्त परिवार, रुढ़वादिता, क्षेत्रीय विविधता, प्रवास (प्रवर्जन), परम्परागत व्यवसाय अनैतिक व्यापार, नशीली दवाओं की बिक्री हेतू खरीदे और बेचे जाते है ऐसे बाल-श्रम के अनेक कारण है।

बाल-श्रम के परिणाम-

1. उद्योग जनित स्वास्थ्य समस्याऐ-

क्र.	व्यवसाय	बीमारी/असमर्थता
1.	माचिस एवं पटाखा उद्योग	श्वास के रोग अंगों का जलवा मांसपेशियों का क्षतिगस्त होना
2.	पत्थर खदानों अथवा स्लेट उद्योग	श्वास लेने हेतू अनुकूल वातावरण न होने से दम घुटने में असमय मृत्यु
3.	कालीन उद्योग	जहरीले कलर, रसायन, फाइवर रेशे, धूल से फेफडे की बीमारी
4.	काँच उद्योग	ज्यादा तापमान से प्रदुषित वातावरण में आयु क्षीण होने की संभावना
5.	बीड़ी उद्योग	सिरदर्द, थकान, आँख, नाक, गले एवं श्वास लेने की समस्या
6.	ताला उद्योग	अस्थमा, सिरदर्द, एसिड से जलना, ट्यूमर,क्षयरोग आदि होना
7.	ढ़ाबों पर काम करना	थकान, अत्यधिक थकान होने के कारण नशीले पदार्थो की ओर अग्रसर होना
8.	बैलून उद्योग	न्यूमोनिया एवं हृदय रोग की संभावना

2. मानसिक व शारीरिक यंत्रणा से बच्चों का विकास अवरुद्ध होना- बाल-श्रमिकों के साथ दुर्व्यवहार के कई रुप सामने आते है। उन्हें डराना, पिटाई करना, गलत कार्यो करने हेतू बाध्य करने जैसे अनेकों कार्य करवाये जाते है जिसमें-बलात्कार, बाल वैश्यावृत्ति एवं गंभीर बीमारी का शिकार साथ ही नशीले पदार्थो की तस्करी में लगाये गये बच्चों में 75 प्रतिशत बच्चे खुद इन नशीले पदार्थो का सेवन करने लगते हैं।

3. देश के विकास में बाधा - किसी भी देश के विकास में मानवीय और प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। मानवीय संसाधन स्वस्थ प्रशिक्षित नहीं होगा तो विकास प्रभावित होगा। ऐसे बाल-श्रमिक जब देश के भाविक नागरीक होगे तब वे स्वयं अपने व अपने परिवार के लिए अर्थपार्जन में असमर्थ होंगे।

4. वयस्क व्यक्तियों के रोजगार की समस्या - बाल-श्रम का एक गंभीर दुष्परिणाम यह है कि नियोक्ता उद्यमिता को बाल-श्रम सस्ते दामों पर उपलब्ध हो जाते हैं। अत: वयस्क श्रमिकों को काम कम मिलता है।

5. श्रम संगठनों की निष्क्रियता - श्रम संगठन श्रमिकों के अधिकार वेतन सुविधाओं आदि के हक के लिए काम करते हैं। लेकिन यह तभी कारगर है जब उद्यम में श्रमिकों का नियोजन द्धारा पंजीकरण हो, वह प्रशिक्षित हो। बाल-श्रमिकों को अवैधानिक तरीके से रखा जाता है इनका पंजीकरण नहीं होता है। ऐसी स्थिति में श्रम संगठन कहीं न कहीं निष्क्रिय हो जाते है।

उक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि बाल-श्रमिक के दुष्परिणाम व्यक्तिगत ही नहीं होते बल्कि राष्ट्र के हित के विरुद्ध भी है। अतएव बाल-श्रम का उन्मूलन आवश्यक है।

संविधान की धारा 24 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे का कारखाना अथवा ऐसे किसी काम में नहीं लगाया जा सकता जो जोखिम भरा हो। संविधान की धारा 39 में बच्चों के षोषण के विरुद्ध संरक्षण की व्यवस्था की गई हैं।

इसके अतिरिक्त बागान श्रमिक अधिनियम बना जिसके अनुसार चाय-कॉफी और रबर के बागानों में 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम नहीं लिया जा सकता। 1952 में बने खदान अधिनियम के अनुसार 16 वर्ष से कम किशोर से खदानों में काम लेने के लिए डाक्टरी प्रमाण-पत्र आवश्यक हो गया। मोटर परिवहन श्रमिक अधिनियम 1961 में 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी रुप में कार्य करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। 1966 के बीड़ी और सिगार अधिनियम तथा राज्यों में दुकान तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान अधिनियम पारित किया गया जिसके तहत् बीड़ी उद्योग, कालीन उद्योग, दियासलाई उद्योग, कपड़ा छपाई एवं रंगाई चमड़ा रेगजिन तथा अभ्रक उद्योग में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के काम करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया 1987 में राष्ट्रीय बाल-श्रम नीति बनाई गई जिसके अन्तर्गत बाल-श्रमिकों को शोषण से बचाने, उनकी शिक्षा, स्वास्थ, मनोरंजन तथा सामान्य विकास कार्यक्रमों पर बल की व्यवस्था की गई।

भारत के उच्चत्तम न्यायालय ने रिट याचिका में (सिविल संख्या 465/1986 में) अपने अगस्त 2000 के फैसले में कुछ महत्वपूर्ण निर्देश दिए है जैसे-खतरनाक उद्योग धंधों में लगे बच्चों से काम कराने वाले मालिकों पर 20 हजार रुपये तक मुआवजे का भुगतान, बाल-मजदूरी पुनर्वास और कल्याण कोष की स्थापना खतरनाक उद्योग-धंधे से हटाए गए बच्चों के स्थान पर उनके परिवार के एक प्रौढ़ सदस्य को वैकल्पिक रोजगार देना अथवा प्रत्येक बच्चे के लिए 50 हजार रुपये तक की राशि का भुगतान, काम से हटाए गए बच्चों के लिए उपर्युक्त संस्थाओं में शिक्षा की व्यवस्था करना आदि शामिल है। सरकार ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को प्रभावी बनाने के लिए पहल के रुप में अनेक कदम उठाए।

सरकारी नीतियों के अतिरिक्त विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा भी बाल-श्रम उन्मुलन के प्रयत्न किये जा रहे है। इस तमाम उपायों के बावजूद समस्या यथावत है अक्टुबर 2000 में यूनिसेफ के सम्मेलन में मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और पूर्व मुख्य न्यायाधीश जे. एस. वर्मा ने बड़ी सटीक टिप्पणी की है-'भारत के कानून ने बच्चों के विकास के अच्छे प्रावधान किए है लेकिन राजनैतिक और सामाजिक इच्छा शक्ति की कमी के कारण इसे लागू करने में परेशानियॉ आती है। तुतलाते बोल, मासूम हँसी, कागज की कश्ती और हरेक को मुग्ध कर देने वाला मासूम बचपन आज उदास आँखें लिए आने वाले कल के प्रति सशंकित है और भूखे पेट ढेरों जानलेवा बिमारियों से जूझ रहा है। वक्त का तकाजा यह है कि बचपन की नाजुक हथेलियों को थामने का प्रयास ईमानदारी पूर्वक किया जाये, क्योंकि बचपन कभी दोबारा लौटता नहीं।

बाल श्रम संबंधी कानून – बाल-श्रम एक सामाजिक बुराई है। इसे रोकने के लिए बच्चों के लिए उनकी विशेष परिस्थितियों के हिसाब से संवैधानिक संरक्षण प्रदान किया गया है।

1. संविधान के अनुच्छेद 23 में किसी भी बच्चे से बलपूर्वक श्रम कराने, बेगारी कराने का मनाही है यह दण्डनीय अपराध है।
2. अनुच्छेद 24 के अनुसार 14 वर्ष की आयु से कम के बच्चों को किसी भी कारखाना, खान या अन्य खतरनाक व्यवसाय में लगाने पर प्रतिबंध लगाया है।
3. अनुच्छेद 39 (च) में यह उल्लेख मिलता है कि बालकों को स्वतंत्र और गरिमामय वातावरण में विकास, स्वास्थ्य विकास के अवसर और सुविधाए दी जाए और बालको तथा अल्प वयस्क परित्याग से रक्षा की जाएगी।
4. संविधान के अनुच्छेद 39 (3) में स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि सरकार द्वारा नीति का इस प्रकार संचालन किया जाना सुनिश्चित हो कि बालकों की सुकुमार अवस्था का दुरुपयोग न हो और आर्थिक आवश्यकताओं से मजबूर होकर ऐसे रोजगार में न जाना पड़े जो उनकी आयु व क्षमता के अनुकूल न हो।

बाल-श्रम उन्मूलन के लिए विशेष रुप से खतरनाक उद्योगों में नीतियों और कार्यक्रमों को निर्धारित करने के लिए 1986 में नीतिगत कार्यक्रम योजना तैयार की थी इस नीति के प्रमुख बिंदु इस प्रकार है –

1. वैधानिक कार्य योजना – बाल-श्रम उन्मुलन संबंधी विधेयक अनिवार्य रुप से लागू करना।
2. बाल-श्रमिकों के सर्वांगीण विकास हेतू योजनाऐं लागू करना।
3. परियोजना आधारित कार्य योजना – इस परियोजना के अन्तर्गत बाल-श्रमिकों को औपचारिक अनौपचारिक शिक्षा का प्रावधान। बाल-श्रमिकों के अभिभावकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए स्वसहायता समूह का संचालन, बच्चों के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था, बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच। इस तरह इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बाल-श्रमिकों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है।
4. 20 नवम्बर 1989 को संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता पारित हुआ। बाल-श्रम निषेध के संदर्भ में अनुच्छेद 32 में यह स्पष्ट किया गया है कि बच्चों को आर्थिक व लैंगिक शोषण से मुक्त रखा जाए। किसी भी बच्चे को काम करने के लिए बाध्य न करे बच्चों के मुक्त व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। 1994 में एक उच्च अधिकार प्राप्त निकाय राष्ट्रीय बाल-श्रमिक उन्मूलन प्राधिकरण का गठन किया गया। अत: इनके बगैर बच्चों की प्रतिभा विकसित नहीं हो सकती। 'प्रतिभा के मायने है, बुद्धि में नई-नई कोपले फूटते रहना। नई कल्पना, नया उत्साह, नई खोज, नई स्फूर्ति ये सब प्रतिभा के लक्षण है।'-विनोबा भावे

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. समाज शास्त्रीय निबंध – डॉ. माधवी लता दुबे, म. प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
2. भारतीय सामाजिक ढ़ांचा तथा समस्याएं-जितेन्द्र शुक्ला, बेस्ट फ्रेण्ड पब्लिकेशन्स, खजूरी बाजार, इन्दौर।
3. समूहिक परिचर्चा में प्रभावशाली कैसे बने-रजत अरूयर, अरिहंत पब्लिकेशन्स प्रा. लि., मेरठ।

****

संस्कृतियों और समुदाय पर वैश्वीकरण का प्रभाव

डॉ. लक्ष्मी गुप्ता *

प्रस्तावना – वैश्वीकरण वर्तमान में वैश्विक स्तर पर क्रियाशील एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसका प्रमुख उद्देश्य विश्व के सभी समाजों और संस्कृतियों को एक साथ मिला कर संयुक्त वैश्विक संस्कृति का निर्माण करना है। वैश्वीकरण समस्त विश्व में क्रियाशील है और इसको सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है। वर्तमान वैश्विक सामाजिक परिदृश्य वैश्वीकरण से प्रभावित है। विश्व का प्रत्येक समाज वैश्वीकरण से जुड़कर वैश्विक समाज की मुख्य धारा के साथ जुड़ना चाहता है और आधुनिक प्रवृत्तियों को अपनाना चाहता है। भारतीय समाज भी विश्व के अन्य समाजों की भांति वैश्वीकरण का गवाह बन रहा है। भारत में मल्टीनेशनल कंपनियों का सफलता पूर्वक संचालन इस तथ्य को स्पष्ट करता है की भारतीय समाज में वैश्वीकरण तेज गति के साथ अपने पैर पसार रहा है। आर्थिक विकास की दृष्टि से भारतीय समाज पर वैश्वीकरण के प्रभाव को अच्छा माना जा सकता है, परंतु भारतीय समाज में इसके तेज विस्तार और प्रभाव ने भारतीय सामुदायिक जीवन और भारत की संस्कृति के सम्मुख एक खतरा उत्पन्न कर दिया है, और कालांतर में इसके अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह अंकित कर दिया है।

व्यक्ति और समुदाय – समाज के प्रत्येक व्यक्ति का संबंध अनिवार्य रूप से किसी न किसी समुदाय से होता है। समुदाय उसके जन्म, अस्तित्व और मृत्यु का गवाह बनता है। व्यक्ति और समुदाय का एक दूसरे के साथ घनिष्ठ संबंध है और दोनों इस अर्थ में पूरक हैं कि व्यक्तियों के समूह से समुदाय सार्थक अर्थ प्राप्त करता है, और समुदाय में रहते हुए व्यक्ति मनोवृत्तियों को अपने अंदर विकसित करता है। समुदाय मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण में विशिष्ट योगदान देता है और उसके अंदर सामाजिकता उत्पन्न करता है। सामुदायिक जीवन उसको न केवल स्थानीयता से जोड़ता है, वल्कि उसके अंदर सामाजिकता उत्पन्न करता है। सामुदायिक जीवन के दौरान वह विभिन्न बातों को सीखता है जो कालांतर में उसके लिए उपयोगी सिद्ध होती हैं। सामुदायिक जीवन व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में प्रमुख कारक है क्योंकि जिस प्रकार का व्यक्ति का सामुदायिक जीवन होता है, उसका व्यक्तित्व भी उसी के अनुरूप बन जाता है।

समुदाय और संस्कृति – संस्कृति व्यक्ति की पहचान होती है जो समाज में उसके महत्व को निर्धारित करती है। समुदाय और संस्कृति का एक दूसरे के साथ घनिष्ठ संबंध है। प्रत्येक समुदाय की पृथक संस्कृति होती है जिसका आत्मसातीकरण करना समुदाय के प्रत्येक सदस्य के लिए आवश्यक होता है। संस्कृति समुदाय के लिए आदर्श होती है और यह प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समुदाय के सदस्यों के कार्य एवं व्यवहार को नियंत्रित और नियमित करती है। संस्कृति को विभिन्न परिप्रेक्ष्य में समय-समय पर परिभाषित किया जाता रहा है- यथा, समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य, मानवशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य, साहित्यिक परिप्रेक्ष्य आदि।

शाब्दिक रूप से 'संस्कृति' शब्द की 'उत्पत्ति संस्कृत' से हुई है।संस्कृत का अर्थ होता है कृपरिष्कृत।अत: संस्कृति का सम्बन्ध ऐसे तत्वों से है जो व्यक्ति का परिष्कार कर सके।एक अन्य व्याख्या के अनुसार 'संस्कृति' शब्द संस्कार से बना है।संस्कार का अर्थ होता है कृशुद्धि की प्रक्रिया।यहाँ शुद्धि का अर्थ सामाजिकता से है।आशय यह है कि व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी बनाने में जितने भी तत्वों का योगदान होता है।उन सभी तत्वों की व्याख्या का नाम ही संस्कृति है।यह मानव के विचारों एवं व्यवहारों के प्रतिमान को इंगित करती है।

प्रत्येक परिप्रेक्ष्य संस्कृति को सुंदरता, व्यवस्था और सभ्यता के सन्दर्भ में विश्लेषित करता है। आलेख का शीर्षक और विषय संस्कृति के समाजशास्त्रीय और मानवशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से सम्बंधित है। 'संस्कृति लोगों के जीने का ढंग है' (मजूमदार और मैदान), 'संस्कृति पर्यावरण का मानव-निर्मित भाग है' (हरस्कोविट्स), 'संस्कृति एक समग्र जटिलता है जिसमें ज्ञान, विश्वास, कला, आचार, कानून, प्रथा, आदतों और क्षमताओं का समावेश है जिनको मनुष्य समाज के सदस्य के रूप में प्राप्त करता है।' संक्षेप में, संस्कृति सीखे हुए वे प्रतिमान हैं जो मानव को आदर्शों की ओर निरंतर अग्रसर करते रहते हैं और जो समाज में मानव का विशिष्ट स्थान सुनिश्चित करते हैं।

समाज और समुदाय – जो तत्व समुदाय का निर्माण करते हैं, उनमें प्रमुख हैं- निश्चित भौगोलिक क्षेत्र, भौगोलिक क्षेत्र का विशिष्ट नाम, लोगों का सामान्य निवास, हम की भावना आदि। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि समाजशात्रीय सन्दर्भ में समाज और समुदाय एक दूसरे से पृथक हैं। समाज अमूर्त व्यवस्था है जबकि समुदाय मूर्त। एक समाज अनेकों छोटे-बड़े समुदायों से निर्मित होता है जिनकी अपनी-अपनी अलग विशेषताएं होती हैं। इसका प्रत्यक्षत: यह तात्पर्य है कि समाज में जितने समुदाय होते हैं, उतनी ही संस्कृतियां होती हैं।

समाज के अंतर्गत संबंध ही हैं जो समाज का ताना-बाना बुनते हैं। समाज के अभाव में हम भावनाओं का प्रदर्शन नहीं कर सकते । व्यक्तित्व का विकास समाज के अंतर्गत होत है। आत्म प्रकाशन प्रत्येक व्यक्ति को संपूर्णता प्रदान करता है । समाज संबंधों को नैतिकता प्रदान करता है। समाज व्यक्ति को खुश होने की वजह प्रदान करता है, यहां तक की बहुत बार व्यक्ति समाज से प्रेरित होकर ही समाज में अपना स्थान बनाने के लिए, समाज का ध्यान आकृष्ट करने के लिए अपने व्यक्तिगत समारोह पर अनावश्यक ठ भी करता है।

संस्कृति समुदाय और समाज का प्रतिबिंब होती है जिसके माध्यम से

*व्याख्याता (समाजशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय, धौलपुर (राज.) भारत

किसी भी समुदाय और समाज के बारे में समझा और जाना जा सकता है। अन्य शब्दों में, समुदाय, समाज का एक अंग है, और यह किसी एक अथवा अनेकों जातियों, धर्मों, व्यवसायों, कलाओं, विचारधाराओं आदि का समूह हो सकता है। इसके विपरीत, समाज अनेकों समुदायों से निर्मित एक मूर्त व्यवस्था है। एक समुदाय सहयोग, समरसता, सम्मान और समर्पण की आधार पर निर्मित होना चाहिए। उच्च सामाजिक और नैतिक मानकों का पालन करना चाहिए और सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और समानता होना चाहिए। एक समुदाय को अपने सदस्यों की जरूरतों को पहचानने, सम्मान करने और समर्थन करने का क्षमता होनी चाहिए।और सभी विकास के कार्यो को प्रोत्साहित करना चाहिए।

वैश्वीकरणरू बहुआयामी सामाजिक–प्रक्रिया – वैश्वीकरण एक बहुआयामी अवधारणा है। इसके राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अवतार हैं और इनके बीच ठीक–ठीक भेद किया जाना चाहिए। यह मान लेना गलत है कि वैश्वीकरण केवल आर्थिक परिघटना है। वैश्वीकरण एक ऐसे समाज की परिकल्पना करता है जिसमें किसी भी प्रकार की कोई सीमा ना हो। अत: वैश्वीकरण सम्पूर्ण विश्व को एक वैश्विक गांव के रूप में देखता है। यह विभिन्न देशों के लोगों, कंपनियों और सरकारों के मध्य वार्ता, एकता एवं परस्पर निर्भरता की प्रक्रिया को भी संदर्भित करता है। इसमें सामाजिक आर्थिक राजनीतिक और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति भी शामिल है। यह विभिन्न उत्पादों, विचारों, दृष्टिकोणों, विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं आदि के आपसी विनिमय के परिणाम से उत्पन्न एक विचार है। इसके कारण विश्व में विभिन्न लोगों, क्षेत्रों एवं देशों के मध्य अन्त:निर्भरता में भी बढ़ोतरी होती है।

वैश्वीकरण की वर्तमान प्रासंगिकता – इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर वैश्वीकरण की प्रासंगिकता है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप विश्व के विभिन्न देश सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि के आधार पर एक–दूसरे से जुड़ रहे हैं, तथा, जैसा डेविड हेल्ड का विचार है, लोगों में परस्पर निर्भरता बढ़ रही है क्योंकि सामाजिक और आर्थिक संबंधों ने दुनिया को बाँध दिया है।

वर्तमान में, विश्व में वैश्वीकरण के प्रति कई दृष्टिकोण हैं, जो इसके स्वरुप,परिणाम और प्रभाव का विशद् विवेचना करते हैं। नव–मार्क्सवादी जो ये मानते हैं कि वैश्वीकरण सम्राज्यवाद का एक नया रूप है और यह उदारवादी संकीर्ण नीतियों का विस्तार है,भूमंडलीकरण की उत्पत्ति और स्वरुप के बारे में एक भिन्न दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।

उदारवादी आर्थिक संस्थायें (विश्व बैंक,आईएमएफ आदि) किसी देश को ऋण तभी देते हैं जब वह उसके शर्तों को मान ले। 1991 में अपनाया गया भारतीय आर्थिक सुधार इसका उदाहरण है। 1982 में मैक्सिको को भी इसी अनुभव से गुजरना पड़ा था। भारतीय अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन वैश्वीकरण को ऐतिहासिक प्रक्रिया मानते हुए कहते हैं कि यह अनिवार्य रूप से पश्चिमी नहीं है। साथ ही ये इसके सुधार की आवश्यकता पर बल देते हैं। वहीं जगदीश भगवती मुक्त व्यापार के समर्थक हैं। इनका मानना है कि मुक्त व्यापार ने अर्थव्यवस्था के विकास में व्यापक रूप से मदद की है।

वैश्वीकरण से चीन और भारत जैसे कई विकासशील देशों ने फायदा उठाया है तो वही अफ्रीका के अल्पविकसित देशों को खामियाजा भी भुगतना पड़ा है। 1991 में आर्थिक सुधार को अपनाकर भारतीय अर्थव्यवस्था में कई सुधार किये गए और बाधाओं को हटाकर अर्थव्यवस्था को विश्व के लिए खोला गया। यह सुधार अपने में तीन अवयवों को समेटा हुआ है– वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण।

अर्थव्यवस्था के विकास के दर को बढ़ाना, अतीत में प्राप्त लाभों का समायोजन करना, उत्पादन इकाइयों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाना इसके मुख्य उद्देश्य रहे हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कई प्रमुख परिवर्तन किये गए, जैसे कि लाइसेंस व्यवस्था की समाप्ति, निजी निवेश के लिए एमएनसी को प्रोत्साहन, विदेशी विनिमय पर लगी रुकावटों को समाप्त करना, कीमत तथा वितरण संबंधी सारे रुकावटों को हटाना और एमआरटीपी अधिनियम को समाप्त करना आदि।

वैश्वीकरण के सकारात्मक प्रभाव:

1. मध्यम वर्ग का उदय।
2. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का विकास।
3. नई तकनीकों जैसे लैपटॉप, एयर कंडीशनर आदि का प्रचलन।
4. उपभोक्तावाद में वृद्धि।
5. बाजार केन्द्रित वस्तुओं के उत्पाद में वृद्धि और उनका प्रचलन।
6. नए नए उद्योग धन्धों जैसे का विकास
7. एयरटेल,एचडीएफसी ,फ्लिपकार्ट, पेटीएम का उदय।
8. शिक्षा तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि।
9. डिजिटल लेनदेन, सोशल मीडिया, ई कॉमर्स आदि क्षेत्रों में प्रगति।
10. आवागमन, संचार, सूचना के साधन बढ़ जाने से भौगोलिक दूरियों में कमी।
11. आधुनिक जीवनशैली और आर्थिक स्तर में वृद्धि।
12. वैश्विक उत्पादों तक आसान पहुँच।
13. लाइसेंस प्रणाली से मुक्ति।
14. विदेशी प्रौद्योगिकी का सुगमतापूर्वक आयात।

वैश्वीकरण के नकारात्मक प्रभाव:

1. भारतीय उद्योग धंधों का नष्ट होना।
2. कुटीर उद्योगों का नष्ट होना।
3. भारतीय वस्तुओं और उत्पादों के प्रति भारतीय उपभोक्ताओं में उदासीनता।
4. आयात की अधिकता एवं निर्यात में कमी।
5. सुरक्षा और सैन्य उपकरणों के लिए विदेशों पर निर्भरता।
6. गरीबी और बेरोजगारी में वृद्धि।
7. डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट।
8. भारतीय विशिष्ट प्रतिभाओं जैसे डॉक्टरों, इंजीनियरों और वैज्ञानिकों का विदेशों में पलायन।
9. मौद्रिक डिजिटलाइजेशन।
10. बाजार की अस्थिरता।
11. अपराध और सांस्कृतिक प्रदूषण में वृद्धि।

वैश्वीकरण और इसके विभिन्न प्रभावों से संबंधित साहित्य का पुनरावलोकन

1. 1990 के दशक से प्रारम्भ वैश्वीकरण के कारण भारतीय समाज, समुदाय और संस्कृति में अनेकों महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं जिनके परिणामस्वरूप जहाँ एक ओर भारतीय समाज विश्व के अनेकों विकसित देशों की संस्कृति को आत्मसात कर रहा है, तो वहीं, दूसरी ओर अपनी मौलिक सांस्कृतिक विशेषताओं को खो रहा है। नगरीकरण ने भारतीय संस्कृति में अनेकों महत्वपूर्ण परिवर्तन किये हैं जिसके प्रभाव से अनेकों ग्रामीण प्रतिभाएं नगरों की ओर पलायन कर रही हैं। आर्थिक नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना को पुनर्निर्मित किया है जिसके

परिणामस्वरूप दिन-प्रतिदिन लोगों का आर्थिक जीवन स्तर बढ़ रहा है।[1] (वाइ गुरप्पा नायडू, 2006)

2. 21 वीं शताब्दी में वैश्वीकरण उतनी ही महत्वपूर्ण अवधारणा है जितनी 20 वीं शताब्दी में आधुनिकीकरण आदि थीं। विश्व की एक वैश्विक गाँव के रूप में कल्पना एक दिवास्वप्न था, परंतु भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी और डॉ. मन मोहन सिंह जैसे कुछ लोगों ने 20वीं सदी के आखिरी दशक में इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए नई आर्थिक नीतियों को लागू करने में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। इसके परिणामस्वरूप वैश्वीकरण का सपना हकीकत में बदला। वैश्वीकरण ने वैश्विक स्तर पर समस्त समाजों में अनेकों अप्रत्याशित परिवर्तन किये हैं। भारतीय संस्कृति, समाज और समुदाय पर भी वैश्वीकरण का व्यापक प्रभाव पड़ा है। वैश्वीकरण एक ओर भारतीय समाज को वैश्विक आधुनिक प्रवृत्तियों से जोड़कर इसको प्रगतिशील बना रहा है, परंतु, साथ ही इसके प्रभाव के परिणामस्वरूप भारतीय समाज और समुदाय अनेकों नकारात्मक प्रवृत्तियों से जुड़ रहा है। इस समय ऐसा लगता है कि हम इतिहास के चौराहे पर उथल-पुथल का सामना कर रहे हैं, जहां पश्चिमीकरण, आधुनिकता, विकास आदि हमको अपनी ओर अलग-अलग तरीके से खींच रहे हैं। वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप भारतीय संस्कृति का मूलरूप बदल रहा है और इसके सकारात्मक और नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।[2] (के.विपिन एवं विपिन शर्मा, 2011)

3. एक वैश्वीकृत समाज वह है जिसमें राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक घटनाएं दूसरे समाजों की घटनाओं के परिणामस्वरूप अधिक से अधिक व्यापक और अधिक से अधिक गहराई में बदल जाती हैं। वैश्वीकरण का तात्पर्य समस्त विश्व के समाजों के एकीकरण से है। वैश्वीकरण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के वैश्विक एकीकरण, निवेश, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करता है। वैश्वीकरण उन अनेकों सरकारी नीतियों से प्रेरित है जो गरीब देशों में विकास को बढ़ावा देने और मानकों को बढ़ाने हेतु निर्मित की जाती हैं। यह टिप्पणी करना गलत नहीं होगा कि इन नीतियों के परिणामस्वरूप निर्मित अंतर्राष्ट्रीय मुक्त बाजार ने मुख्य रूप से पश्चिमी समाजों में बहुराष्ट्रीय निगमों को लाभ पहुँचाया है और छोटे व्यवसायों को नुकसान पहुँचाया है। वैश्वीकरण वैश्विक आबादी के बीच अधिक अंतर्संबंध का प्रतिनिधित्व करता है। सांस्कृतिक रूप से, वैश्वीकरण संस्कृतियों के बीच विचारों और मूल्यों के आदान-प्रदान और यहां तक कि एकल विश्व संस्कृति के विकास की प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करता है। राजनीतिक रूप से वैश्वीकरण ने देशों की राजनीतिक गतिविधियों को वैश्विक स्तर पर स्थानांतरित कर दिया है।[3]

4. वैश्वीकरण का वैश्विक विकास की दृष्टि से व्यापक महत्व है। इसने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है। वैश्वीकरण के प्रभाव से न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर विचारों और विचारों के आदान-प्रदान के परिणामस्वरूप लोगों की जीवनशैली और जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आया है। भारतीय संस्कृति इस परिवर्तन प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं है। वैश्वीकरण के उद्भव के साथ हमारी गहरी जड़ें जमा चुकी परंपराओं और रीति-रिवाजों की पकड़ ढीली हो गई है। भारत की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि समृद्ध है और इसकी संस्कृति का गौरव पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। वैश्वीकरण ने न केवल भारत में पश्चिमीकरण को जन्म दिया है, बल्कि इसके विपरीत भारतीय संस्कृति ने भी विश्व स्तर पर अपना प्रभाव फैलाया है। किसी भी भौगोलिक क्षेत्र की संस्कृति और परंपराएं उसकी विशिष्टता के संबंध में एक विशेष महत्व रखती हैं और यही एक भौगोलिक सीमा के भीतर की आबादी को दूसरे से अलग करने वाला कारक है।[4] (हितेश महापात्र, 2017)

5. वैश्वीकरण का भारत और इसकी संस्कृति, अर्थव्यवस्था, लिंग भूमिकाएँ, धर्म और भाषा, सामाजिक संरचनाओं आदि पर गहरा प्रभाव पड़ा है। 1990 के दशक की शुरुआत में भारतीय अर्थव्यवस्था का उदारीकरण हुआ जिसने भारतीय कंपनियों को नए बाजारों तक पहुंचने और बेहतर प्रौद्योगिकियों, उत्पादन से लाभ उठाने में सक्षम बनाया। इसका भारतीय आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और इससे देश की उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने में मदद मिली। संस्कृति के संदर्भ में, वैश्वीकरण ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व के अन्य समाजों और संस्कृतियों से जोड़ा जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक भारतीय संस्कृति अत्यधिक प्रभावित हुई है। वैश्वीकरण के कारण आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर, लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में बदलाव, नई सामाजिक संरचनाओं का उदय, प्रौद्योगिकी और सूचना तक पहुंच, बुनियादी ढांचे में सुधार आदि दृष्टिगोचर हैं। लैंगिक भूमिकाओं और पहचान के संदर्भ में, वैश्वीकरण का विशिष्ट योगदान है क्योंकि वैश्वीकरण ने भारत में महिलाओं के लिए नए अवसर प्रदान किये हैं और साथ ही, इससे भारत में पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं में भी बदलाव आया है। अंत में, वैश्वीकरण के कारण धार्मिक सहिष्णुता और बहुलवाद में वृद्धि हुई है।[5]

6. वैश्वीकरण अब पहले की तरह जटिल शब्द नहीं रह गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि अब वैश्वीकरण को उसके आर्थिक आयामों के अलावा अन्य आयामों के आधार पर भी व्याख्यायित किया जाने लगा है जिनमें राजनीतिक, सामाजिक, साँस्कृतिक और साहित्यिक आयाम प्रमुख हैं। वैश्वीकरण के प्रभावों से मानवद्जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन हो रहा है। बदलाव की इस प्रक्रिया से सामाजिक और साँस्कृतिक क्षेत्र भी अछूते नहीं है। भारतीय समाज और संस्कृति के सम्बन्ध में यह बात और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यहाँ परम्परा और आधुनिकता के बीच गजब का द्वंद मिलता है। यही कारण है कि वैश्वीकरण के प्रभावों को भारतीय समाज और समाज विश्लेषक अलग-अलग तरह से समाज के उन्नति और अवनति से जोड़कर देखते हैं।[6]

7. वैश्विक संस्कृति प्रमुखत: पश्चिमी संस्कृति है। वैश्वीकरण की प्रकृति सजातीयता लाने वाली संस्कृति है जिसका उद्देश्य है वैश्विक विविधताओं में एकरूपता स्थापित करना। भारतीय समाज, समुदाय और संस्कृति की दृष्टि से वैश्वीकरण प्रशंसनीय भी है और चुनौतीपूर्ण भी।[7] (डॉ. महेन्द्र सिंह, 2015)

8. वैश्वीकरण के सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया अत्यधिक तीव्र होगी है और वैश्विक स्तर पर सभी समाजों और देशों के लोग एक कड़ी में बंध रहे हैं। संचार के साधनों, सूचना की तकनीक व आवागमन के साधनों का विकास हुआ है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया विश्व समाज को अंतर्राष्ट्रीय, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सूत्र में बाँधने का कार्य कर रही है। वैश्वीकरण ने भौगोलिक दूरियों की बाधा को समाप्त कर दिया है और दुनिया के लोगों को एक दूसरे के निकट ला दिया है। परंतु यह नहीं भूलना चाहिए कि इस प्रक्रिया ने सांस्कृतिक पहचान के संकट को उत्पन्न कर दिया है।[8] (शालिनी झा एवं तृप्ता झा, 2015)

निष्कर्ष – संस्कृति समाज और जीवन के विकास के मूल्यों की सम्यक संरचना है। यह समाज में मौजूद गुणों और उत्तम आदर्शो के रूप का नाम है, जो उस समाज के सोचने बिचारने, कार्य करने, खाने पिने, बोलने, नृत्य,

गायन, साहित्य, वास्तु एवं कला आदि में परिलक्षित होती है। 'संस्कृति' का शाब्दिक अर्थ होता है –उत्तम या सुधरी हुई। यह किसी समाज में पाए जाने वाले उच्चत्तम मूल्यों और आदर्शो की ऐसी चेतना है जो सामाजिक प्रथावों, रीती रिवाजो ,चित्तवृत्तियों, भावनावो, मनोवृतियों, आचरण और रहन – सहन के साथ–साथ उनके द्वारा भौतिक पदार्थो को विशिष्ट रूप दिए जाने में अभिव्यक्त की जाती है।

अंग्रेजी में संस्कृति के लिए 'कल्चर' शब्द का प्रयोग किया जाता है,जो लैटिन भाषा के 'कल्ट या कल्टस' से लिया गया है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है –विकसित करना या परिष्कृत करना। संछेप में 'संस्कृति' अपनी वृद्धि के प्रयोग से अपने चारो ओर की प्रकृतियों और परिस्थितियों को निरंतर सुधारती और उन्नत करती रहती है। संस्कृति का अर्थ किसी समाज के विचारों और उनके रीति रिवाजों से संबंधित है तथा उस समाज के सोचने विचारने तथा कार्य करने के स्वरूप में निहित होती है।

मनुष्य एक बुद्धिजीवी प्राणी है वह अपनी बुद्धि और विवेक से अपने चारो ओर की परिस्थितियों में सुधार करता रहता है। वह अपने रितिरिवाज, अचार विचार और रहन सहन में सुधार करता रहता है जिससे मनुष्य को जंगली जानवर और पढूं से उंचा बनाता है और उन्हे सभ्य बनाता है। सभ्यता संस्कृति का अंग होती है। मनुष्य केवल भोजन से ही नहीं जीता है बल्कि शरीर के साथ मन और आत्मा भी होती है। भौतिक चीजों से शरीर की भूख तो मिट जाती है लेकिन मन और आत्मा को संतुष्टि नहीं मिलती है। इन्हे संतुष्ट करने के लिए मनुष्य अपना विकास करता है उसे संस्कृति कहते हैं।

संस्कृति एक समाज से दूसरे समाज तथा एक देश से दूसरे देश में बदलती रहती है। जैसे हमारे देश में वस्त्रों, खाने की आदतों, पारिवारिक संबंधों, धार्मिक रिति–रिवाजों में पश्चिमी सभ्यता और संस्कृति से बिल्कुल अलग हैं। संस्कृति हमे अनेक प्रकार के स्वीकृति व्योहारों के तरीकों को प्रदान करती है। कोई भी संस्कृति स्थाई नहीं होती है जैसे जैसे समय बीतता है संस्कृति भी बदलती रहती है। पुराने तरीकों में परिवर्तन हो जाता है शायद यही संस्कृति की विशेषता है।

वैश्वीकरण की वर्तमान प्रासंगिकता से इंकार नहीं किया जा सकता। इसकी प्रासंगिकता समाजशास्त्रीय दृष्टि से इस अर्थ में स्वीकार्य है कि इसने सामाजिक विविधताओं को एकीकृत कर एक ऐसे समाज का निर्माण किया है जिसमें विश्व के सभी छोटे–बड़े समाज समाहित हैं। वैश्वीकरण ने समस्त विश्व को एक बाजार का रूप दे दिया है जिसके अंतर्गत किसी क्षेत्र विशेष में मिलने वाली सुविधा या वस्तु को संसार के विभिन्न देशों के किसी भी कोने में आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप भारतीय समाज ने पश्चिमी समाज तथा संस्कृतियों के कुछ बातों को आत्मसात् किया है, जैसे– महिलाओं की स्वतंत्रता हेतु पहल, रूढ़िवादी तत्तवों का विरोध। शिक्षा की अधिक–से–अधिक लोगों तक पहुँच सुनिश्चित हुई है। शहरीकरण, जनजागरूकता, संसाधनों की पहुँच में वृद्धि हुई है।

वैश्वीकरण के लाभ और हानि, दोनों हैं। लाभ के रूप में वस्तुओं की विविधता और वस्तु चयन हेतु एकाधिक और असीमित विकल्प होते हैं। हानि के रूप में विकसित देशों का बाजार पर प्रभुत्व होना है एवं अर्ध विकसित और अविकसित देशों के प्रति उदासीनता है। वैश्वीकरण के प्रभाव के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति आवश्यकता से अधिक क्रय करता है जिससे वह अन्य लोगों की तुलना में अधिक श्रेष्ठ दिख सके। भारतीय सामाजिक दृष्टि से ऐसा करना हमको अपनी संस्कृति से अलग कर रहा है ।ऐसा सिर्फ भारत में नहीं बल्कि दूसरे देशों में भी हो रहा है। हम बाजारवाद की एक अंधी दौड़ में शामिल होते जा रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नायडू, वाइ गुरप्पा, ग्लोबलाइजेशन एंड इट्स इम्पैक्ट ऑन इंडियन सोसाइटी, दि इंडियन जर्नल ऑफ पोलिटिकल साइंस, वॉल्यूम LXVII, नंबर 1, 2006.
2. विपिन, के. एवं शर्मा विपिन, रीपेरकशन्स ऑफ ग्लोबलाइजेशन ऑन इंडियन कल्चर, रिसर्चगेट, फरबरी, 2011
3. महापात्र, हितेश, इंडियन कल्चर एंड ग्लोबलाइजेशन, रिसर्चगेट, 2017
4. सिंह, डॉ. महेन्द्र, वैश्वीकरण का समाज पर प्रभाव, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इनोवेटिव रिसर्च इन मल्टीडिसिप्लिनरी फील्ड, वॉल्यूम 1, इशू 3, अक्टूबर 2015
5. झा, शालिनी एवं झा, तृप्ता, वैश्वीकरण: सांस्कृतिक पहचान व संकट, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इनोवेटिव रिसर्च इन मल्टीडिसिप्लिनरी फील्ड, वॉल्यूम 1, इशू 3, अक्टूबर 2015

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

The Impact of De-Colonisation and Post Modernism on the Poetry of Nissim Ezekiel

Dr. Sitaram*

Abstract - Nissim Ezekiel, one of the most notable poets in the Indian English tradition, has published six collection of verse.t and Poetry in India. A renowned critic of Arts and literature, Besides writing poetry, Ezekiel has edited many books and remained active throughout his life His poems have appeared in several journals and he is well represented in many anthologies. He is the most versatile poet in the country. He experiments endlessly with form and craft. The urban theme dominates Ezekiel's poetry. He is a poet of the city Bombay. He does not hesitate to describe the dirt and squalor of the city life. The city reduces human personality to zero. The recurring note in Ezekiel's poetry is the hurt that urban civilization inflicts on modern man. The major themes of his poetry are " Love, personal integration, the Indian contemporary scene, modern urban life and spiritual values.
Keywords: Tradition, form, craft, Urban life, squalor.

Introduction - Nissim Ezekiel as a Postmodern Poet.. Nissim Ezekiel through his poetry shows his skill of high order. He is master in the use of language in his poetry. The poetry of Ezekiel is considered as an important link between pre-Independence and post-Independence Indian poetry. Contemporary poets not only follow him in his writing style but also in the selection of themes. So far as the Indian English poetry is concerned, it is the oldest form in the literature in India. In order to break down the manacles of traditional English poetic theme and style, Indian-English poets have immersed in their own Indian sensibility and their perception regarding the prevailing situations. They expressed their ideas and emotions in a new IndianEnglish style He is considered as the father of postmodern Indian English poetry who has developed great feeling towards his country India, its landscapes and its social milieu. Nissim Ezekiel through his poetry shows his skill of high order. He is master in the use of language in his poetry. The poetry of Ezekiel is considered as an important link between pre-Independence and postIndependence Indian poetry M.K.Naik's view about the poetic technique of Ezeliel is that: "Ezekiel's poetry reveals technical skill of a high order. Except in latter work where his choice .of a• open form sometimes makes for looseness, he has always written verse which is extremely tightly constructed. His mastery of the colloquial idiom is matched by a sure command of rhythm and rhyme . he employs the extended metaphor effectively in poems like "Enterprise".

'Postmodernism' is prominently a broader term which covers an ample variety of disciplines of study such as art, architecture, music, film, literature, fashion, technology etc. In relation to literary studies; it denotes certain extremely experimental works that came into being after World War II. It signifies a way of life, feeling and a state of mind. The most important characteristic trait of the postmodernism is freedom which means that postmodern writers are not bound to any rule for writing. They can write in any style and on any subject. The postmodern writers were influenced by the II world war. Modernism itself was a reaction against the traditional way of writing style. Postmodern features in the poetry of Ezekiel are associated with the theme of playfulness, satire, irony and so on. Such themes are found in the poems 'The Professor' and The Patriot'. Nissim Ezekiel not only used free verse in his poetry but also mixed it with rhymed lines. He wrote his poetry according to his own choice in terms of writing style and subject matter. His poetry shows his love for India. The poem "Night of the Scorpion," is very notable in the study of the Indian content in Ezekiel's poetry, where the poet's mother is stung by a scorpion. This is a typical family situation where the world of superstition and the world of science collide at loggerheads. His poetry collections include A Time to change (1952), Sixty Poems (1953), The Third(1959), The Unfinished Man(1960), The Exact Name(1965), Hymns in Darkness(1976), Latter Day-Pslams (1982).

His Indian sensibility brings a new charm in his poetry. Bruce King says, "His main significance is not, however, as a promoter of poetry; it is in his will to be poet, his continuing involvement in the poetry scene and the ways in which the developing body of his work expresses his quest for a satisfactory way of living in this world.. Nissim Ezekiel's poetry is full of Indianness. 'Background Casually' is one of the biographical poem written by Nissim Ezekiel which shows his loyalty towards India. Some of the lines from the

*Lecturer (English) Swami Vivekanand Govt. College, Khetri, Jhunjhunu (Raj.) INDIA

poem are as under: The Indian landscape sears my eyes I have become part of it The languages of Ezekiel's poems contain a large amount of 'Indian' English. The informal language and the frequent use of present tense is the indication of use of 'Indian English' by the native speakers. Nissim Ezekiel being the founder and father of postmodern Indian English poetry brought revolution with his writing. His poetry is full of Indianness. Postmodern features in the poetry of Ezekiel are associated with the theme of playfulness, satire, irony and so on. Nissim Ezekiel not only used free verse in his poetry but also mixed it with rhymed lines. He wrote his poetry according to his own choice in terms of writing style and subject matter The major themes of his poetry are " Love, personal integration, the Indian contemporary scene, modern urban life and spiritual values. Bombay haunts his imagination: Barbaric City sick with slums, Deprived of seasons, blessed with rains, Its hawkers, beggars, iron-lunged, Processions led by frantic drums A million purgatorial lanes, And child-like masses many tongued, Whose wages are in words and crumbs. Nissim Ezekiel, one of the major poets in Indian English literature, has expressed valuable ideas on literature and life in his letters, critical reviews and interviews. He looks at literature in relation to society. In all his writings Ezekiel stresses the centrality of man in the universe and prefers poetry of statement and purpose.

"Poetic reasonableness" is the soul of poetry. This poetry expresses " a milieu and its culture." Social reality is the recurrent theme of his poetry and appreciated by the critics. As critic and poet, Ezekiel advocates cultural synthesis. In Ezekiel's own writings a noticeable synthesis happens between the Jewish and the Indian., the Western and the Eastern, the Urban and the rural. This synthesis is nicely expressed in Latter Day Psalms: The images are beautiful birds Andcolorful fish: they fly, They swim into my Jewish consciousness. God is a presence here And his people are real. I see their sins. I hear His anger. Literature not only strengthens cultural contacts but it also promotes the understanding of humanity and its future. He says that a poet should be "authentically a creator and not a cultural inheritor. A poet, divorced from his milieu and cultural ethos, cannot create genuine poetry. He carefully avoids "the sophistication of the rootless" and "the parochialism of the native" .In his poetry, he writes I have made my commitment now, This is one: to stay where I am, As others choose to give themselves In some remote and backward place, My backward place is where is where I am. Ezekiel recognizes the primal stuff of which poetry and mysticism are made.
In Morning prayer, Ezekiel prays: Whatever he enigma The passion of the blood Gran me the metaphor To make it human good. Ezekiel's stands for simplicity, clarity, coherence, lucidity and harmony in art and literature. He is opposed to incoherence and confused thinking and expression. He is averse to obscurity in poetry. There is no justification for obscurity in poetry. The complexity of modern life can be beautifully expressed in a simple form. Ezekiel prefers simplicity of thought and language in modern poetry. In rhythm he would aim at using " the natural, he flowing, the direct and the informal or conversational idiom." Ezekiel's simplicity is evident in Poster Poems . Each prayer, emanating from the recesses of his inmost being, finds expression in simple direction, for example: Customer In the shop of the world, Tourist from another planet, Citizen of past and future, Deceiving with appearances, Passing as a human being. Ezekiel denounces poetry as propaganda and he also suspects the bonafides of " versified knowledge." Knowledge in poetry is implicit and inseparable. He emphatically says: ".In the words of K.N Daruwalla, Ezekiel "was the first Indian poet to express a modern Indian sensibility in a modern idiom." Due to bringing modernization to Indian English poetry, his influence has been considerable. . A Time to Change (1952): Poetry, love and marriage, the three major themes in Ezekiel's poetry, are properly dealt with in his very first volume. Ezekiel considers poetry as integral part of life. In " Poetry " he says that poetry is more than a poem. It is elusive and is wedded to life. A poem is an episode, completed In an hour or two, but poetry Is something more. It is the why The how, the what, the flow From which a person comes… A Time to change shows Ezekiel's skill for reconciling the opposites. A Time to Change reveals Ezekiel as a great poet of the future. It does not contain any outstanding poems but the general standards are quite high. The Third (1959): " The Third" marks a decided development in Ezekiel's poetic career and shows greater maturity both in respect of content and technique. He is a mature and thoughtful urban poet who imparts depth of meaning and artistic excellence to his favorite themes—human relationship, love, sex and city life.

In depicting the sordidness, ugliness, inhumanity, loneliness and frustration of urban life Ezekiel is matchless. Bombay is a symbol of urban life. The poet expresses the drabness and misery in the widest commonality spread through vivid, beautiful, apt and suggestive symbols and images. "Urban",and " Morning Walk" objectively express the unhappy experiences the poet personally felt in Bombay. In " Urban" the pot bewails how he lost contact with nature in Bombay: At dawn he never sees the skies Which, silently, are born again. Nor feels the shadows of the night Receive their fingers as his eyes. He welcomes neither sun nor rain, His landscape has no depth or height. A man is damned in that domestic game. " Enterprise" is a symbolic statement of the efforts, failures and frustrations of human life on earth. In these poems Ezekiel cultivates impersonality, objectivity and detachment. He skillfully universalizes the personal. To achieve impersonality he uses certain devices—the use of a person, and the use of the third person to describe that person is one of them. This device has been effectively used in " Urban" and " A Morning Walk". The use of the first person "I" in " Case Study" and " Love Sonnet" imparts immediacy of purpose .

In The Exact Name Ezekiel shows unsurpassable

ability of making poetry out of the ordinary and the common place. He has attained his authentic voice, and this gives new strength to his poetry. He substantially succeeds to elevate the commonplace to the poetic The universe is much too small to hold Your longing for a lover and a child. " Night of the Scorpion", one of Ezekiel's finest lyrics in a deeply moving poem that has often been anthologized and written about.

References:-

1. Ezekiel, Nissim: The Sixities, Span, Sept. 1971 P.9
2. "Poetry as Knowledge", Quest, May-June 1972,p.44
3. "To Poets: A.K.Ramanujan and K.N.Daruwalla." The Illustrated Weekly of India, June 18,1972, p.43
4. "Poetry as Knowledge" Quest,May-June 1972,p.43
5. "Ideas and Modern Poetry", Indian Writers in Conference, 1964,p.54
6. Eliot.T.S: A Personal Review, Quest No.45 April-June 1965,p.18-1977
7. Iyengar, Srininivasa. K.R : Indian Writing in English, 1985 p.660

****

मदकू द्वीप की ऐतिहासिकता

डॉ. महेश कुमार शुक्ला*

प्रस्तावना –मदकूद्वीप पुरातात्विक दृष्टि से 10वीं शताब्दी ईसवी सन् में यह लोकमान्य शैव क्षेत्र हुआ करता था। दसवीं शताब्दी से स्थापित तीर्थ क्षेत्र के रूप में इसकी सत्ता यथावत बनी हुई है। पुरा–उत्खनन में प्राप्त 11वीं शताब्दी के कलचुरि कालीन मंदिरों की श्रृंखला से यह मान्यता बनती है कि मण्डूक ऋषि ने यहीं पर आकर अपना आश्रम निर्मित किया और मुण्डकोपनिषद की रचना की थी।

मदकू द्वीप में स्थापित शिवलिंग 'धूमनाथ' के नाम से प्रसिद्ध है। धुम्र (धुआं) के समान काले रंग के पाषाण से निर्मित होने के कारण यह नामकरण हुआ ज्ञात होता है। 'मदकू द्वीप महात्म्य' पुस्तिका के अन्तर्गत भी इस स्थल पर स्थित शिवलिंग को 'धूमनाथ' कहा गया है। शिवनाथ नदी के मध्य में स्थित मदकू द्वीप इतिहास, पुरातत्व एवम् संस्कृति के विभिन्न आयामों से संबद्ध अनूठी श्रेणी का पर्यटन स्थल है।

पुरातन काल में शैव मत का प्रमुखतम सूत्रधार रहा यह द्वीप विभिन्न संप्रदायों शैव, शाक्त, वैष्णव, अघोर, गाणपत्य के मिलन की संगमस्थली बना। प्रचलित लोकमान्यता के अनुसार चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य (375 ई0 लगभग 414 ई0) की पुत्री थी प्रभावती गुप्त। इनका विवाह वाकाटक नरेश रूद्रसेन द्वितीय के साथ हुआ था। रूद्रसेन द्वितीय शैव धर्म जबकि प्रभावती वैष्णव धर्म को मानने वाली थी। प्रभावती ने विभिन्न शैव संप्रदायों को एक करने का प्रयास किया था। हांलाकि इन्हें सफलता नही मिली थी। इस के बाद आदि शंकराचार्य ने पंचायतन मंदिर की प्रथा प्रारम्भ की थी। उन्होनें पॉचों संप्रदायों के उपासक देवताओं के पॉच, लिंगो को एक ही पीठ पर स्थापित कर पॉचों शैव संप्रदायों को एक किया था। इस एक पीठ पर पॉच लिंगों की संरचना को ही स्मार्तलिंग कहा जाता है। इसका उल्लेख तो मिलता था पर प्रत्यक्ष पहली और एकमात्र दफा मदकू द्वीप पर ही प्राप्ति हुई है। वह भी एक, दो नहीं, पूरे तेरह की संख्या में। इस प्रकार हम देखते हैं कि पुराने समय से ही मदकू द्वीप सामाजिक सद्भाव के लिए जाना जाता था। इसीलिए प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न हिन्दु समाज के लोग एक साथ सामाजिक सद्भाव बढ़ाने के उद्देश्य से यज्ञ करते हैं।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से मदकू द्वीप उत्खनन की अनुज्ञा प्राप्ति के पश्चात् संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिनांक 24 फरवरी, 2019 को मदकू द्वीप में उत्खनन कार्य प्रारंभ किया गया। उत्खनन के पश्चात् 1.50 मी0 का सांस्कृतिक जमाव प्रकाश में आया। उत्खनन से तद्युगीन मानव जीवन के सामाजिक एवम् आर्थिक जीवन को रेखांकित करने वाली महत्वपूर्ण पुरासामग्री भी प्राप्त हुई है। इनमें मृदभाण्डों के अतिरिक्त लौह निर्मित बाणाग्र, पात्र, कड़े, कीलें, घण्ट, कांस्य निर्मित कंगन और ताम्र निर्मित नथनी और सिक्के महत्वपूर्ण हैं।

उत्खननोपरांत यहॉ से कलचुरि एवं परवर्ती कलचुरि काल के उन्नीस प्रस्तर मंदिरों के भग्नावशेष और उनसे सम्बद्ध प्रतिमाएँ प्रकाश में आई हैं जिनकी तिथि सम्मिलित रूप से दसवीं से पंद्रहवी सदी ईस्वी के मध्य निर्धारित की जा सकती है। उत्खनन से अनेक प्रस्तर प्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं। इनमें शैव, वैष्णव और शाक्त सम्प्रदाय की प्रतिमाएँ हैं। शैव परिवार की प्रतिमाओं में उमा–महेश्वर, नृत्य गणपति, कार्तिकेय, भैरव और नन्दी आदि उल्लेखनीय हैं। वैष्णव धर्म से सम्बन्धित प्रतिमाओं के अन्तर्गत महिषासुरमर्दिनी और अम्बिका की प्रतिमाएँ ज्ञात हुई हैं जो यहॉ पर शैव धर्म की सहचरी के रूप में दृष्टिगोचर हुई हैं। कालान्तर में अनुरक्षण कार्य के दौरान एक ललाटबिम्ब प्राप्त हुई थी जिसमें मध्य में गणपति एवम् पार्श्वों में क्रमश: लक्ष्मी और सरस्वती की लघु आकृतियॉ उत्कीर्ण है। उमा–महेश्वर और गरूड़ारूढ़ लक्ष्मी–नारायण की प्रतिमाएँ भी प्राप्त हुई हैं। शिव मंदिरों में मुख्य है जलेश्वर महादेव एवं प्राचीन योनिपीठ के आधार पर मढ़िया में स्थापित धूमेश्वर महादेव मन्दिर।

ऐसी लोक मान्यता है कि अपने वनवास काल के समय भगवान राम, मॉ सीता तथा श्री लक्ष्मण के साथ रतनपुर से शिवरीनारायण मदकू द्वीप होते हुए गए थे। शिवनाथ नदी यहीं से आगे जाकर शिवरीनारायण के पास महानदी में मिलती है। हो सकता है कि वे नदी के किनारे–किनारे शिवरीनारायण गये हों, उसके बाद महानदी के साथ तुरतुरिया होते हुए राजिम भी गए थे। मदकू द्वीप कीी महत्ता को देखते हुए यह असम्भव ही हैं कि भगवान राम इस क्षेत्र में आऐ और मदकू द्वीप में न जायें।

मदकू द्वीप प्राचीन काल से ही अध्यात्म एवम् साधना का केन्द्र रहा है। यहॉ एक कलचुरी कालीन नृत्य गणेश प्रतिमा लगभग चालीस वर्ष पूर्व बकुल के वृक्ष के नीचे से प्राप्त हुई थी जिसे स्थानीय श्रद्धालुओं के द्वारा एक छोटे मण्डूप में स्थापित किया गया था। वर्तमान में इसे भव्य स्वरूप देने का संकल्प धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया है। यहॉ इस विलक्षण दक्षिणावर्त प्रतिमा का पाया जाना, इस अंचल को एक प्राचीन शैव क्षेत्र मानने की अवधारणा को पुष्ट करता है। स्थापत्य की दृष्टि से यह दसवीं से ग्यारहवीं शताब्दी की कलचुरी कालीन कला का एक सुन्दर अनुपम उदाहरण है। मूर्तिकला विज्ञान की दृष्टि से इन गणेश की श्री प्रतिमा को हम छत्तीसगढ़ के इतिहास में एक मील का पत्थर मान सकते हैं। प्रतिमा को देखने से यह ज्ञात होता है कि यह स्थल पहले शक्ति साधना का केन्द्र रहा था। इसके साथ ही प्रागैतिहासिक काल से कल्चुरी काल तक मदकू द्वीप व उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में मानव संरचरण के साथ–साथ लेखन, स्थापत्य एवम् मूर्तिकला के विकास को रेखांकित करते हैं।

मदकू द्वीप के उत्खनन से छत्तीसगढ़ के मध्ययुगीन, विशेषत: कलचुरी

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

युगीन मंदिर स्थापत्य और मूर्तिकला का स्वरूप उद्घाटित हुआ है। छत्तीसगढ़ में यह कलचुरी और परवर्ती कलचुरी युग के सांस्कृतिक चरण को उद्घाटित करने वाला महत्वपूर्ण उत्खनित पुरास्थल है। मदकू द्वीप को नवगठित मुंगेली जिले का प्रथम उत्खनित पुरास्थल होने का भी गौरव प्राप्त है। रतनपुर के कलचुरी शासकों के राजस्वकाल में इस द्वीप खण्ड का महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व होने के कारण छत्तीसगढ़ के मध्यकालीन पुरास्थलों में इसका अपना एक विशिष्ट स्थान है।

मदकू द्वीप विभिन्न धर्मों एवम् संप्रदायों का जीवंत व जाग्रत सम्मिलित स्थल हैं, इसका प्रमाण है यहॉ उत्खनन से प्राप्त शैव, वैष्णव, गाणपत्य शाक्त, अघोर आदि संप्रदायों से सम्बन्धित विभिन्न प्रतिमाएँ। इन प्रतिमाओं में शैव धर्म से सम्बन्धित प्रतिमाओं में कलचुरी काल सम्बन्धित चतुर्भुजी नृत्य गणेश प्रतिमा, उमा-महेश्वर, कार्तिकेय प्रमुख हैं, दूसरी और वैष्णव धर्म से जुड़ी प्रतिमाओं में श्रीविष्णु, महिषासुरमर्दिनी, देवी अम्बिकां आदि की मूर्तियॉ मिली हैं। इसके अतिरिक्त कलश योनीपीठ, राजपुरूष योद्धा एवम् आमलट आदि की प्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं। उत्खनन की प्रगति के माध्यम से यहॉ अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों एवं भग्नावेशेषों की प्राप्ति की संभावनाएँ निहित हैं।

मदकू द्वीप से प्राप्त स्मार्त लिंगों में हम पंच सम्प्रदायों शैव-वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य एवं अघोर के दर्शन कर सकते हैं। यह एकमात्र स्थान है जहॉ स्मार्त लिंगों का अस्तित्व आज भी प्राप्त है। लोक मान्यता के अनुसार इन पंच सम्प्रदायोंकों एक करने के उद्देश्य से आद्यशंकराचार्य ने पंचायतन मंदिर की प्रथा आरम्भ की थी। इस भेद के अनुसार एक पीठ पर पॉच लिंगो की संरचना को ही स्मार्त लिंग के रूप में प्रतिस्थापित किया जाता है। मदकू द्वीप भारत की एकता, अखण्डता, सहिष्णुता का जीवंत प्रतीक हैं। यह भारत उपमहाद्वीप का एक ज्योति पुॅज है जो सभी संप्रदायों के महात्म्य का प्रतीक है।

प्रतिवर्ष द्वीप पर आयोजित कार्यक्रमों में विशेष रूप से आयोजित अनेकों उत्सवों को धूमधाम से मनाया जाता है। श्री हनुमान जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा पर सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जाता है। प्रथम श्रावण सोमवार पर शिव जी का भव्य रूप में पूजन व अभिषेक किया जाता है। श्री गणेश पर्व भाद्रपद चतुर्थी से चतुर्दशी तक गणपति उत्सव का आयोजन भी महत्वपूर्ण है। जल देवता पूजन कार्तिक पूर्णिमा (शिवनाथ पूजन, द्वीप समर्पण), श्री पुन्नी मेला पौष शुक्ल सप्तमी से पूर्णिमा तक। राष्ट्रीय महोत्सवों को भी यहॉ पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस और 15 अगस्त पर स्वतंत्रता दिवस का आयोजन भी महत्वपूर्ण आयोजन हैं। महाशिवरात्रि, फाल्गुन कृष्ण पर हर्षोल्लास से मनाया जाने वाला पर्व है। फाग उत्सव, रंग पंचमी, चैत्रकृष्ण पंचमी के अतिरिक्त पारंपरिक, धार्मिक आयोजनों के अन्तर्गत सर्वपितृ अमावस्या के दिनों में पितृ शांति हेतु श्राद्ध, तर्पण इत्यादि कर्म भी सम्पन्न किए जाते है। यहॉ कॉवर यात्रा के अंतर्गत कॉवरिये रूद्र शिव ताला ग्राम से श्री धूमनाथेश्वर मदकू द्वीप पहुॅचकर यथासाधन व यथाविधि गंगाजल ज्योर्तिलिंग पर चढ़ाते हैं। इस यात्रा मे शिवभक्त भक्तिमय उद्घोष स्वरूप बोल बम के नारे लगाते हैं।

मदकू द्वीप छत्तीसगढ़ के साथ सम्पूर्ण राष्ट्र का गौरव तिलक है एवं संस्कृति स्थल के रूप में सुशोभित करने का महत्वपूर्ण श्रेय कलचुरी राजवंश को जाता है। मदकू द्वीप सभ्यता व संस्कृति की हमारी ऐतिहासिक उदार विचारधारा एवम् चरित्र का अग्रिम प्रतिनिधि है। अत: यह अनुशीलन योग्य, अजस्त्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक, पुरातात्विक, आर्थिक अनुदानों को उपलब्ध कराने वाला द्वीप है। यह अक्षय निधियों से परिपूर्ण, एक परिष्कृत एवम् प्रमाणित प्राकृतिक देवस्थान हैं।

निष्कर्ष रूप में यह सत्य प्रकट होता है कि मदकू द्वीप का अध्ययन एवम् अनुशीलन ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जो हमें प्रागैतिहासिक काल से मानवीय संचारण होने के प्रमाण प्रदान करता है, जिससे हमारे समक्ष मानवीय प्राचीनता का आदर्श व्यावहारिक आकार लेकर प्रस्तुत होता है और इस दिशा में और अधिक सम्भावनाओं के द्वार खोलता है।

मदकूद्वीप की ऐतिहासिकता और जैव विविधता हर प्रकार से जानने योग्य है। यहॉ चप्पे-चप्पे में प्रकृति का अक्षय खज़ाना हमारी प्रतीक्षा कर रहा। यहॉ सदाबहार वृक्षों के शांतिपूर्ण हरीतिमा आच्छादित क्षेत्र विद्यमान है। यहॉ सिरहुट, चिरौट, मौलश्री, अकोल, गोमती, दतरेंगवा, कोरई, बीजा, गुडसूखरू, तेंदू, भैरी, चार, बबूल के वृक्ष पाए जाते हैं। यहॉ सदाबहार वृक्षों की भी अधिकता है। चमत्कारी औषधियों के वृक्ष-वनस्पतियों की यहॉ भरमार है, जैसे- अकोल, बकुल, सिरहुट। जल-संग्रहण की दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्ष भी यहॉ पाए जाते हैं। यहॉ की जलवायु विभिन्न जीव-जंतुओं की प्रजातियॉ पाइ जाती हैं। जिससे यह स्थल उर्जामय, सकारात्मक वातावरण द्वारा हृदय को उत्साह, उत्स, प्रफुल्लता, आनन्द की तरंगो से तरंगित कर देता है।

भारतीय संस्कृति के मूल विविधता में एकता के यहॉ जीवन्त दर्शन किए जा सकते हैं। इस आधुनिक कलिकाल में भी अपने प्राचीन आभा, प्रभा, ओज, तेज से समृद्ध मदकू द्वीप धार्मिक सहिष्णुता का केन्द्र-स्थल है। मदकू द्वीप छत्तीसगढ़ की माटी का ही नही अपितु मुंगेली जिले एवं सम्पूर्ण भारतवर्ष एवं विश्व का प्रमुखतम ऐतिहासिक दैवीय स्थल है। यह द्वीप धर्म की उदार विचारधारा एवं चरित्र का अग्रिम प्रतिनिधि है, जिसके अनुशीलन द्वारा अजस्त्र ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, पुरातात्विक, समाजिक, आर्थिक अनुदानों की उपलब्धि की जा सकना संभव हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पटेल हरिराम (2015), छत्तीसगढ़ की संस्कृति भाग 1, 2, मुस्कान पब्लिकेशन बिलासपुर।
2. पाण्डेय चन्द्र गोविन्द, (1991), भारतीय समाज तात्विक और ऐतिहासिक विवेचन गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद।
3. प्रधान, विकास चंद्र (2011), श्रीपुर एक आर्कियोलाजिकल सर्वेक्षण 2011
4. रामगोपाल, (2016), श्रीहरिहर केदार, मदकूद्वीप सेवा समिति, मुंगेली।
5. सम्मेलन पत्रिका, (2009), हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग।
6. साहू, लखनलाल, (2013), मदकूद्वीप की पुरावैभव, मदकूद्वीप सेवा समिति, मुंगेली।

****

बिलासपुर जिले में व्यक्तिगत सत्याग्रह

डॉ. रीता बाजपेयी*

प्रस्तावना –व्यक्तिगत सत्याग्रह वस्तुत: अन्य सत्याग्रहों से भिन्न था। इसमें केवल वे व्यक्ति ही भाग ले सकते थे, जिन्हें गांधी जी की स्वीकृति होती थी। गांधी जी ने विभिन्न समितियों से ऐसे व्यक्तियों की सूची मांगी, जो अहिंसा का पूर्ण पालन करे हुए स्वेच्छा से कानून भंग सत्याग्रह करने को उत्सुक हों। गांधी जी द्वारा स्वीकृत एक–एक सत्याग्रही ग्रामों में युद्ध विरोधी प्रचार करता हुआ तब तक पैदल आगे बढ़ता जाये, जब तक वह गिरफ्तार न हो और गिरफ्तार करके छोड़ने पर वह पुन: उसी ढंग से सत्याग्रह करता जाए।

गांधीजी ने आचार्य विनोबा भावे को प्रथम सत्याग्रह करने की आज्ञा दी और विनोबा भावे ने 17 अक्टूबर, 1940 को पबनार ग्राम में युद्ध विरोधी भाषण देकर व्यक्तिगत सत्याग्रह का श्रीगणेश किया। 21 अक्टूबर को बन्दी बनाकर 3 माह के लिये जेल भेज दिये गये।

इसके बाद 5 जनवरी 1941 को व्यक्तिगत सत्याग्रह का तीसरा दौर आरंभ हुआ। प्रत्येक कांग्रेस समिति ने सत्याग्रही के इच्छुक स्थानीय व्यक्तियों की सूची बनाकर गांधी जी को भेजी और उनकी स्वीकृति प्राप्त होते ही सारे देश में व्यक्तिगत सत्याग्रह की धूम मच गई। इसके बाद सत्याग्रह का चतुर्थ दौर आरंभ हुआ और 17 अक्टूबर 1941 को व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन की जयन्ती बड़े उल्लास से मनाई गई।

सन् 1939 में द्वितीय महायुद्ध का शुभारम्भ हुआ और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटेन की साम्राज्यवादी नीति और परम्परा के कारण उसको सहयोग देने से इंकार कर दिया तथा कांग्रेस ने मंत्रीमंडल से नवंबर 1939 में इस्तीफा दे दिया। यहीं से महात्मा गांधी के आव्हान पर पूरे देश में व्यक्तिगत सत्याग्रह का शुभारम्भ एवं जंगल सत्याग्रह का पुनरारम्भ हो गया।

कांग्रेस कार्यकारिणी ने 14 जुलाई 1942 को वर्धा के एक प्रस्ताव में कहा कि वर्तमान स्थिति में जो भारतीय अनुभव कर रहे हैं उसे देखते हुए कार्यकारिणी की दृढ़ विश्वास है कि अब भारत में अंग्रेज राज्य का तुरन्त अंत हो जाना आवश्यक है। बिना इसके न भारत अपने राज्य प्राप्ति में समर्थ होगा और न संसार से नाजीवाद और तानाशाही का अंत होगा। कांग्रेस ने सरकार को पूरा अवसर देकर यह प्रयत्न किया कि वह इस देश का राज्य जनप्रतिनिधियों को सौंपकर वर्तमान विवादपूर्ण स्थिति का अंत कर दे और शांति में सहायक हो, किन्तु सब आप्शा से व्यर्थ हुई। कांग्रेस मलाया, सिंगापुर और वर्मा में घटित घटनाओं की पुरावृत्ति टालना चाहती है। वह नहीं चाहती कि जापान या कोई भी देश भारत में प्रवेश करे। कांग्रेस ने साम्प्रदायिक समस्या को हल करने का भी पूरा प्रयत्न किया पर यह प्रयत्न विदेशी सत्ता की उपस्थिति में संभव न हो सका। अत: कांग्रेस कार्यकारिणी चाहती है कि अंग्रेज भारत छोड़कर तुरन्त चले जाये ।

महात्मा गांधी बड़ी सजगता से परिस्थितियों का सूक्ष्म रूप से अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने इन परिस्थितियों में सत्याग्रहियों को रचनात्मक कार्यों में संलग्न होने की प्रेरणा दी। (1) जब तक कि आतंक और अफवाहों को समाप्त करने के लिये लोगों को अधिक आवश्यकता है मैं उन्हें जेल नहीं भेजना चाहता। अब तक द्वितीय महायुद्ध अपने चरम उत्कर्ष पर था, ऐसी युद्धकालीन परिस्थितियों में अंग्रेजों के लिए भारतीयों की संवैधनिक समस्याओं को निराकारित करने का कठिन परीक्षा पूर्व क्षण था। कांग्रेस की निगाह गाँधी जी की ओर थी क्योंकि अब तक गाँधी की आवाज हिन्दुस्तान को प्रतिनिधित्व करने के लिए पर्याप्त थी। अत: ब्रिटिश सरकार और व्यक्तित्व रूप में लिंगलिथगां अपने आपको बहुत ही विचित्र मन: स्थिति में पा रहे थे और उसने महात्मा गांधी से विचार विमर्श करने का निर्णय लिया। किन्तु कांग्रेस ने अविलम्ब ब्रिटेन द्वारा युद्ध में भाग लेने के उद्देश्यों को परिभाषित करने की मांग की एवं कांगेस उन्हीं स्थितियों में द्वितीय महायुद्ध में अंग्रेजों का साथ देने के लिये तैयार थी कि युद्ध विराम के पश्चात् तत्काल ब्रिटेन भारत की आजादी की घोषणा करे।

उपरोक्त घटनाओं के तत्पश्चात् उन समस्याओं के निराकरण के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चर्चिल ने 11 मार्च 1942 को ब्रिटिश पार्लियामेंट में घोषणा की। उन्होंने युद्ध समिति के एक सदस्य को भारत भेजने का निर्णय लिया जो कि वहां जाकर स्थितियों का मुआयना करें और भारतीयों को सन्तुष्ट करे। वह स्वयं जाकर भारतीय नेताओं से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करे और अपने निष्कर्षों पर उन्हें तैयार कर सके। इस उद्देश्य से चर्चिल ने अपने माननीय मित्र स्टेफर्ड क्रिप्स को भारत भेजने का निर्णय लिया।

किन्तु क्रिप्स मिशन की योजना पूर्णत: विफल रही। क्रिप्स योजना की आलोचना करते हुए पट्टाभिसीता रम्मैया ने कांग्रेस के इतिहास में लिखा है – क्रिप्स के प्रस्ताव को साकार रूप देने के लिये विभिन्न रोचक तत्व विभिन्न स्वादों के बाद दिया गया। कांग्रेस के लिए यह प्रशासन का स्तर देने का प्रस्तावना थी बल्कि उससे भी अधिक वह संविधान सभा थी जो उसके अधिकारों से आरंभ में ही पृथक था। मुस्लिम लीग के लिए यह योजना बड़ी सुविधाजनक थी क्योंकि इससे उन्हें भारतीय संघ की सदस्यता से विलग होने और अपने लिये प्रांत बनाने का अधिकार दिया गया और देशीय रियासतों या देशी राज्य के नरेशी को इस बात का पूरा अधिकार दिया गया था कि वे संघ में सम्मिलित होने या अलग होने के लिये स्वतंत्र हैं किन्तु उन्हें संविधान परिषद् में प्रतिनिधि भेजने के पूरे अधिकार प्रदान किये गये । (2)

वस्तुत: अंतर्राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए कांग्रेस के नेतृत्व में भारत का सहयोग ब्रिटिश सरकार के लिए एक समस्या बन गई थी और इसी गत्यावरोध को दूर करने के लिये ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल ने इस्टेफर्ट क्रिप्स को एक योजना लेकर मार्च 1942 में भारत भेजा गया। इस योजना में यह

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

भी कहा गया था कि नये भारतीय संघ का ऐसा डोमिनियन स्थापित किया जाय जो ब्रिटिश ताज के प्रति निष्ठा द्धारा ब्रिटेन व दूसरे राष्ट्र मंडलीय राष्ट्रों से संबंध रखे लेकिन हर अर्थ में वे उनके समान और बराबर हो तथा आंतरिक या पर राष्ट्र संबंधों किसी मामले में किसी के अधीन न हो।

क्रिप्स योजना के प्रस्तावों को देखते हुए महात्मा गांधी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा– 'इस तरह के प्रस्ताव लेकर आखिर आप आये क्यों हैं? ओर यदि भारत के लिये केवल यही आपका प्रस्ताव है तो मैं आपको सलाह दूंगा कि आप दूसरे ही हवाई जहाज से घर लौट जायें।' वस्तुत क्रिप्स सभी राजनीतिक दलों को संतुष्ट करना चाहते थे, जबकि व्यवहारिकत: एक भी दल को संतुष्ट नहीं कर सके। यद्यपि क्रिप्स ने भारत आकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। किन्तु अन्तत: उनका समझौता वार्ता विफल रहा।

श्री राघवेन्द्र राव इन दिनों भारत सरकार के गृह रक्षा सदस्य थे और क्रिप्स योजना को असफल बनाने में उनका योगदान रहा। श्री पट्टाभिसीता रम्मैया का कथन है कि 'उनकी (राघवेन्द्र राव) अंतिम उपलब्धि में संध में जनता बहुत कम ही जानती है।'

सर स्टेफर्ड इतनी आसानी से नहीं जाते बल्कि उपेक्षित नहीं होते यदि डॉ. राव का व्यवहार इतना उग्र न होता। डॉ. राव ने गृह रक्षा सदस्य के हैसियत से युद्ध से सेनायें हटा ली ऐसा प्रतीत होता है कि इससे सर स्टेफर्ड उत्तेजित हुए और भारत सरकार की गृह रक्षा सदस्य तथा हाउस आफ कामन्स के नेता सदन में गूंगे बैठे रहे। जब लगातार ये तीन मिनट मौन रहे तब सर स्टेफर्ड ने सोचा कि इस नाटक के अंत के लिये डॉ. राव को बाहर ही जाने के लिये कह दिया जाये ताकि वे अन्य मुलाकातियों से बात कर सकें। इस पर डॉ. राव अविलम्ब उठे और उन्होंने कहा कि मेरा साक्षात्कार मनोनुकूल नहीं रहा।

क्रिप्स की चालबाजियों से श्री राव ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल को भी अवगत कराया। जापान की विजय भारतीयों के लिये प्रेरणा का स्रोत बन गई थी और देश उसे सहानुभूतिपूर्ण नेत्रों से देख रहा था। क्रिप्स योजना की असफलता से जनता में रोष की भावना व्याप्त हो गई। युद्ध के कारण भारत के कष्ट बढ़ रहे थे और समस्या के निराकरण का कोई मार्ग दिखलाई नहीं पड़ता था। गांधी जी के शब्दों में भारत उस शव के समान है जो मित्र राष्ट्रों के कंधों पर भारी बोझ की तरह लदा हुआ है कि अंग्रेजी राज का अंत ही इस तरह बयालीस के आंदोलन की भूमिका तैयार हो रही थी।

व्यक्तिगत सत्याग्रह में निम्नलिखित सत्याग्रहियों ने भाग लिया और प्राय: सभी गिरफ्तार भी किये गये और कारावास की सजा या आर्थिक दण्ड या दोनों दण्ड दिए गए:–

1. घनश्याम सिंह गुप्ता : 1 वर्ष का सश्रम कारावास
2. पी.आर. दोण्डगाँवकर : 6 महीने का सश्रम कारावास
3. महन्त पुसऊदास : 6 महीने का सश्रम कारावास (2 बार)
4. व्ही. वाय. तामस्कर : 6 महीने का सश्रम कारावास
5. मोहनलाल पाकलीवाल : 6 महीने का सश्रम कारावास
6. ढालसिंह : 4 महीने का सश्रम कारावास और 50 रूपये का जुर्माना
7. उदयराम : 2 महीने का सश्रम कारावास और 50 रूपये का जुर्माना
8. रामकुमार : 6 महीने का सश्रम कारावास
9. एल.एस. देशमुख : 300 रूपये का जुर्माना तीन किश्तों में
10. धनाराम कुर्मी : लेटआफ
11. मधु मंगलदास : 4 महीने का सश्रम कारावास
12. रामरतन गुप्त : 6 महीने का कठोर कारावास
13. जी.एल. बन्छोर : 4 महीने का सश्रम कारावास और 150 रूपये का जुर्माना दो किश्तों में
14. डब्ल्यू. एस. किरोलीकर : 4 महीने का कठोर कारावास
15. विष्णु प्रसाद च : 1 वर्ष का कठोर कारावास
16. रामाधर नायक : 1 वर्ष का कठोर कारावास
17. रत्नाकर झा : 6 महीने का कठोर कारावास
18. गोवर्धन लाल शर्मा : 6 महीने का कठोर कारावास और 50 रूपये का जुर्माना
19. शम्भूदयाल मिश्रा : 100 रूपये का जुर्माना दो किश्तों में
20. मोतीलाल वर्मा : 1 महीने जेल में रोककर रखा गया
21. लखनलाल कश्यप : 1 महीने जेल में रोककर रखा गया
22. तुलाराम : 1 महीने जेल में रोककर रखा गया
23. रामनारायण : 1 महीना जेल में रोककर रखा गया
24. हिम्मत राम : 1 महीना जेल में रोककर रखा गया
25. उदयराम : 1 महीना जेल में रखा गया
26. होरीलाल बघेल : 1 महीना जेल में रोककर रखा गया और 4 महीने का सश्रम कारावास (2 बार)
27. नन्दराम : 1 दिन जेल में रोककर रखा गया
28. अयोध्या प्रसाद : 10 दिन जेल में रोककर रखा गया.
29. मेहरू सिंह ठाकुर
30. जयपत साव : 4 महीने का सश्रम कारावास और 40 रूपये का जुर्माना दो किश्तों में
31. भोला प्रसाद : 4 महीने का सश्रम कारावास
32. गंगा प्रसाद चौबे
33. इतवारी प्रसाद
34. जगदीश्वर प्रसाद : 100 रूपये का जुर्माना
35. काशीराम : 50 रूपये का जुर्माना
36. केदारनाथ : 4 महीने का सश्रम कारावास
37. चिंताराम : 4 महीने का कठोर कारावास और 45 रूपये जुर्माना दो किश्तों में
38. रामलाल शुक्ल
39. एस. एम. सप्रे : 4 महीने का कठोर कारावास (3)

अंतत: ब्रिटिश सरकार को अपनी नीति परिवर्तित करने के लिये बाध्य होना पड़ा तथा युद्ध परिषद् की सलाहकार समिति गठित की गई और दिसंबर 1941 में गिरफ्तार हुए सत्याग्रहियों को रिहा कर दिया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. त्रिपाठी, संजय; त्रिपाठी, श्रीमति चंदन : 'छत्तीसगढ़ बृहद् संदर्भ'
2. मिश्र, डी. पी. : मध्य प्रदेश में स्वाधीनता आंदोलन का इतिहास
3. फाइल क्र. 3/21/141– पोलिटिकल 1941 (राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली).
4. शुक्ला, डॉ. प्रदीप: 'छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आंदोलन'

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

राष्ट्रीय चेतना के मूर्तिमान स्वरूप : हिन्दू कुल सूर्य महाराणा प्रताप

प्रताप कुमार पाण्डेय*

शोध सारांश – महाराणा प्रताप की संघर्षकथा और उसके मध्य से प्रस्फुटित होता उनका महिमामय आभा मण्डल आभा मण्डल ही उन्हें राष्ट्रभक्त, राष्ट्रनायक, सर्वहितकांक्षी, महाकाव्योचित चरित्र, धीरोदात्त नायक आदि बनाता है। यदि पक्षपातरहित होकर विचार किया जाए तो वैदिक, पौराणिक एवं मिथकीय पात्रों के अतिरिक्त भारतीय इतिहास में यदि कोई व्यक्तित्व आचार्य भामह से लेकर आचार्य विश्वनाथ तक की महाकाव्यीय परम्परा के मानकानुरूप नायक (हीरो) पद का अधिकारी है तो वह केवल महाराणा प्रताप ही हैं। निश्चय ही प्रताप अपने शौर्य, धैर्य, त्याग, बलिदान, स्वातंत्र्यव्रतानुष्ठान आदि के कारण लोकदेवता बन गए हैं।

शब्द कुंजी – साम्राज्यवाद, अस्मिता, स्वतंत्रता, राष्ट्रप्रेम, अपराजेयता, सुलह-ए-कुल, दिन-ए-इलाही, राष्ट्र नायक, महानायक, साम्प्रदायिकता।

स्व-धर्मे निधनम् श्रेय: पर धर्मों भयावह। -भगवदगीता 3/35 [1]

प्रस्तावना –मध्यकाल का भारतीय इतिहास केवल पराजितों का इतिहास नहीं है, यह महान बलिदान का इतिहास है। अगर मध्यकाल में भारत के लाखों स्वातंत्र्य वीरों ने अपना बलिदान नहीं किया होता तो आज का भारत नहीं होता। एक पृथक् सभ्यता भारतीय सभ्यता को तलवार के दम पर खत्म करने पर उतारू थी, उस परिस्थिति में भारत के वीरों ने जो बलिदान किया वह अखिल विश्व में अद्धितीय है।

विश्व का इतिहास साक्षी है कि भारतीयों ने बाहर जाकर आक्रमण नहीं किए न ही किसी की स्वतंत्रता का हनन किया है। सत्य का परीक्षण इस बात पर आधारित होता है कि यह परस्पर विरोधी प्रतीत होने वाले समसामयिक साक्ष्यों में सामंजस्य स्थापित करते हुए उसे परिपुष्ट एकरूपता प्रदान कर सके।

मुगलों की साम्राज्यवादी विजयों को रोकने में राजपूतों ने अपने चरम शौर्य का प्रदर्शन किया था। बाबर के विरूद्ध राणा संग्राम सिंह (राणा-सांगा) का संग्राम इस विषय में इतिहास का एक उज्जवल पृष्ठ है। खानवा के युद्ध (16 मार्च 1527) जो लगभग 20 घण्टों तक चला था। भारतवर्ष के इतिहास के अत्यंत स्मरणीय युद्धों में से एक है। शायद ही कोई दूसरा ऐसा घमासान युद्ध हुआ हो जिसका निर्णय अंत समय तक विजय-तुला में लटका रहा हो। [2]

साम्राज्यवादी अकबर ने मेवाड़ को अपने अधीन करने के लिए सन् 1567 में चित्तौड़ के किले पर आक्रमण कर दिया। उदयसिंह किले के संरक्षण का भार जयमल और फत्ता (फत्तेसिंह) पर सौंपकर पहाड़ियों में खो गया। किले पर अधिकार कर लेने के बाद अकबर ने लगभग 30,000 राजपूतों को मरवा डाला। उसका यह संहार भयानक निंदनीय था। प्रताप के राज्यारोहण के समय सिर्फ 6300 वर्गमील का क्षेत्र था।

महाराणा प्रताप भारतीय अस्मिता के प्रतीक हैं। उनका पूरा नाम प्रताप सिंह सिसोदिया था वे पिता महाराणा उदय सिंह व माता महारानी जयवन्ता बाई के पुत्र थे। इनका जन्म 09 मई 1540ई. को कुम्भलगढ़ के किले में हुआ था। इनका प्रचलित नाम राणा कीका भी था। इनका विवाह अजबदे पंवार (1557-1597) से हुआ था। इनके अतिरिक्त भी अमरबाई राठौर, रत्नावती बाई परमार, जसोबाई चौहान, फूलबाई राठौर का उनकी पत्नी के रूप में उल्लेख होता है। उनके ज्येष्ठ पुत्र का नाम अमर सिंह था।

1572 में प्रताप सिंह को मुकुट पहनाकर महाराणा बनाया गया तब अकबर ने उन्हें अपने अधीन करने के लिए कई दूत भेजे।

महाराणा ने अकबर के अधीनता अस्वीकार कर दी परिणामस्वरूप राजस्थान के गोगुन्दा के समीप दोनों के मध्य प्रसिद्ध हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून 1576 को हुआ। इसमें अकबर की सेना का नेतृत्व आमेर नरेश मानसिंह प्रथम ने किया था। उसके साथ सैय्यद अहमद खान, सैय्यद हाशिम बरहा, अली असफ खान, मुल्ला काजी खान, मिहतार खान, जगन्नाथ कछवाहा, माधो सिंह कछवाहा, राव लोनकर्ण आदि थे। राणा पूंजा, भीम सिंह डोइया, रामदास राठौर, रामशाह तोमर, हकीम खान सूरी, भामा शाह, ताराचन्द, बिन्दा झाला आदि के साथ मात्र 3,400 सैनिक लेकर महाराणा ने अकबर की 10 हजारी सेना से लोहा लिया था। इस युद्ध में मानसिंह बुरी तरह घायल हो गया था और अकबर का मानमर्दन हुआ था। इस युद्ध का अकबर को कोई स्थायी परिणाम नहीं मिला यद्यपि उसने मेवाड पर कब्जा कर लिया था किन्तु जैसे ही उसकी पकड़ ढ़ीली हुई महाराणा की सेना बाहर आ गई और पश्चिमी क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया इसी समय विषम परिस्थितियों में महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता और स्वाधिनता के लौ को प्रज्ज्वलित रखने के लिए अकथनीय कष्ट सहे और जीवनपर्यन्त अकबर को चुनौती देने का प्रण लिया। आज भी उनके प्रण को उनके अनुयायी गडियारे लोहार-भील पालन करते है वे किसी नगर में प्रवेश नहीं करते अपितु खानाबदोश जीवन जीते हैं।

मेवाड़ तथा मुगलों के बीच दिवेर-छापली का युद्ध एक निर्णायक युद्ध था। महाराणा प्रताप को इस युद्ध से लोकव्यापी ख्याति, यश एवं विजय तीनों प्राप्त हुए। यह प्रसिद्ध युद्ध विजयादशमी के दिन 26 अक्टूबर 1582 को राणाकड़ा (दिवेर-घाटा), राताखेत आदि स्थानों पर हुआ था। इस युद्ध में महाराणा प्रताप को विजय प्राप्त हुई। इस युद्ध ने मुगलों के मनोबल को

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) डी.एल.एस. स्नात. महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

बुरी तरह तोड़ दिया था। आज महाराणा प्रताप की जो ख्याति पूरे विश्व में है उसमें इस दिवेर-छापली के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इसने उनकी शौर्य गाथा को सदा-सदा के लिए अमर कर दिया। इसी का परिणाम था कि मुगलसेना मेवाड़ में स्थापित अपने 36 थानों को छोड़कर चली गई। इसी विजय के फलस्वरूप कर्नल टॉड ने जहाँ हल्दीघाटी को 'थर्मोपाली' कहा है वहीं दिवेर-छापली को 'मैराथन' की संज्ञा दी है। [3]

श्री ओक के अनुसार अकबर पर महानता थोपकर भारतीय इतिहास को प्रदूषित किया गया है। उन्होंने लिखा है कि अकबर को प्राय: हमारे इतिहासकारों द्वारा एक महान व्यक्ति, उदार एवं सहृदय शासक के रूप में वर्णित किया जाता है, अकबर के व्यक्तित्व का यह मूल्यांकन पूर्णत: अनुचित है।

पी.एन. ओक का यह मंतव्य अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसे सम्पूर्ण भारतवासियों को जानना जरूरी है- 'भारतीय अथवा विश्व-इतिहास के क्षेत्र में अकबर का मूल्यांकन कुछ इसी प्रकार का प्रसंग है। उसका कोई भी कृत्य ऐसा नहीं था, जिसमें क्रूरता, धर्मांधता, धूर्तता, धन-लिप्सा अथवा दूसरे राज्यों को विजित कर हड़प लेने की पिपासा अंतर्निहित न रही हो! फिर भी इतिहास में उसे एक आदर्श बादशाह एवं पूजित व्यक्ति के रूप में वर्णित किया जाता है। यही वह ऐतिहासिक विकृति है, जिसने मध्ययुगीन इतिहास को कलुषित कर रखा है। इसी विकृति को दूर करने का हमारा लक्ष्य है।'

प्रताप की नीतियों में संकीर्णता, साम्प्रदायिकता के लिए कोई स्थान नहीं था। उनका प्रमुख सेनानायक हक़ीम खान सूरी था। उनकी सेना में पर्याप्त मुसलमान सैनिक भी थे। विषम संकटकाल में भी महाराणा प्रताप ने अपनी उदारता और मानव धर्म को नहीं भुलाया। 'अकबरनामा' में अबुलफजल ने लिखा है, 'जब एक युद्ध में कुंवर अमरसिंह मिर्जा खां को पराजित कर उसकी स्त्रियों को पकड़ अपने पड़ाव में ले जाए तो राणा ने कुंवर को डांटा और स्त्रियों को सकुशल मिर्जा खां के पास भिजवा दिया। तब रहीम खानखाना ने उन्हें यह दोहा लिखा भेजा था -

धरम रहसी रहसी धरा, खप जासी खुरसाण।
अमर बिशंभर ऊपरै, राख न हच्चो राण।।

(तुम्हारा धर्म यथावत रहेगा और पृथ्वी भी रहेगी, परन्तु यवनों का नाश हो जाएगा। हे राणा, उस अविनाशी विश्वंभर पर विश्वास रखो।) कर्नल टाड लिखते हैं- 'विभिन्न काव्य-ग्रंथों में अपने पितृ पुरूषों की अलौकिक वीरता तथा महानता का वृतांत पढ़कर महाराणा प्रताप ने सीखा था 'कठोर विपत्तियों में पड़कर भी देश के बैरी की शरण में जाना स्वीकार नहीं करना चाहिए।'

10 वर्ष तक लगातार छापामार गौरिल्ला पद्धति से युद्ध कर महाराणा प्रताप ने देश के सम्मान व मर्यादा की रक्षा की। उनके प्रचण्ड विक्रम को न रोक पाने के कारण अकबर ने हल्दीघाटी युद्ध के पूर्व कई बार विभिन्न प्रलोभनों द्वारा संधि का प्रस्ताव दिया परन्तु महाराणा ने उसे अस्वीकार करते हुए कहा कि राष्ट्र की स्वाधीनता की कीमत पर कोई भी संधि लज्जाजनक है। महाराणा का कद लम्बा, नेत्र विशाल, चेहरा भरा हुआ और शौर्य सूचक मूंछें बड़ी और खड़ी थीं। उनका रंग गेंहूआ, वक्षस्थल विशाल एवं बाहु सुगठित एवं दीर्घ थे। वे दाढ़ी नहीं रखते थे। महाराणा प्रताप देहावसान 19 जनवरी, 1597 को चावंड ग्राम में सामंतों से देश की मर्यादा को प्राणप्रण से बनाए रखने के आश्वासन के बाद हुआ। महाराणा का अंतिम संस्कार चावंड से डेढ़ मील दूर बंडावली गांव के पास एक नाले के किनारे किया गया। महाराणा की सम्पूर्ण कर्मभूमि हमारे लिए तीर्थस्थल है।

महाराणा प्रताप के उदात्त व्यक्तित्व से संत और विचारक भी अत्यंत प्रभावित होकर उनके मनोद्गार सहज ही फूट पड़े हैं। साधु-संतों ने महाराणा प्रताप के न्याय-संगत राज्य को अपना आशीष एवं संरक्षण प्रदान किया, इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। जैनी मुनियों का भी आध्यात्मिक संरक्षण महाराणा प्रताप कालीन मेवाड़ को प्राप्त होता रहा है। मेवाड़ विजय के लिए किए गए सैन्य अभियानों में अकबर की शाही सेना को अत्यधिक नुकसान उठाना पड़ा। इसके फलस्वरूप निराश होकर अत्यंत विवशता में आक्रमण रोकने पड़े। [4]

हल्दीघाटी के प्रसिद्ध युद्ध के पश्चात् 10 वर्ष तक अनवरत् भीषण संघर्ष में मुगल सेना को पर्वतीय क्षेत्र से पराजित होकर पलायन करने का बाध्य किया। चित्तौड़गढ़ और मांडलगढ़ को छोड़ अन्य मैदानी भाग पर भी अपना आधिपत्य कर लिया, जो उन्हें विरासत में राज्यारोहण के समय प्राप्त हुआ था। महाराणा प्रताप द्वारा कुशल प्रशासक के रूप में मेवाड़ राज्य की सैन्य बल को सशक्त किया गया। कालांन्तर में अमर सिंह से सम्मानजनक संधि का आधार यही शक्ति बन सकी।

महाराणा ने अपना सच्चा सुख अपने राष्ट्रप्रेम व स्वाभिमान को ही माना। राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, बलिदान से अनुप्राणित होकर कवि, साहित्यकारों ने शताधिक ग्रंथों की रचना कर अपने को गौरवांदित किया। मुक्तक व स्फुट काव्य रचनाओं की संख्या सहस्राधिक है, इससे लोकजीवन में महाराणा प्रताप के महत्व का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। अदम्य स्वतंत्रता प्रेमी, महान त्यागी, असीम धैर्यवान, अटल प्रतिज्ञापालक, शूरवीर, महायोद्धा, राष्ट्र के महान गौरव, भारतीय अस्मिता व स्वाभिमान के अमर प्रतीक धीरोद्यात नायक महाराणा प्रताप के स्मरण मात्र से देशवासियों में राष्ट्र-प्रेम हिलोरे लेने लगती हैं।

विषम परिस्थितियों व देश के संकटकाल में राष्ट्रभक्तों के लिए महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व-कृतित्व सदियों से उत्प्रेरित का कार्य करता रहा है जो उच्च से उच्चतम बलिदान हेतु अनुप्रेरित किया है। त्याग की प्रतिमूर्ति प्रताप के अदम्य साहस ने भारतीय जन-मानस को चार शताब्दियों से सतत् अनुप्राणित किया है। महाराणा प्रताप के नेतृत्व में हल्दीघाटी का युद्ध राष्ट्रीयता, स्वाभिमानी भारत माता के वीर सपूत जो अकबर के साम्राज्य विस्तारवाद कूटनीति के विरोधी थे, उन्होंने अपने प्राणों की बाजी लगाई।

राष्ट्रवादी विचारक एवं विद्वान कवि डॉ. बृजेश सिंह द्वारा संपादित ग्रंथ 'महाराणा प्रतापय को अपनी सारस्वत ऊर्जा से संदर्भवान बनाने वाले विद्धवर डॉ. नरेन्द्र प्रताप सिंह ने लिखा है -

सूर्यवंशावतंसोऽसौ प्रताप: कलि-राघव:।
शक्तिसौंदर्यशालीनां निधानो नरपुङ्व:।।
पुण्यप्रतापवान् वीर: प्रतापास्तु महानसौ।
चर्चा गृहे गृहेऽद्यापि यस्य सौजन्य शौर्ययो:।।
न राज्य न कुलं नैव नामस्मर्ताऽपि तस्य हा।
महतो मुगलस्याद्य प्रतापस्य तु विद्यते।।

-सूर्यवंश के भूषण यह महाराणा प्रताप कलियुग के मर्यादापुरूषोत्तम श्रीरामचन्द्र हैं जो शक्ति, सौंदर्य और शील के भण्डार, पुरूषश्रेष्ठ हैं। पुण्यप्रतापवान् वीर महाराणा प्रताप ही महान हैं, जिनके सौंदर्य और शौर्य की चर्चा आज घर-घर है। अफसोस! उस तथाकथित महान्? मुगल का आज न तो राज्य है, न कुल है, न ही उसका कोई नामलेवा बचा है। दूसरी ओर महाराणा का राज्य भी है, कुल भी है और उनका नाम लेने वाले भी करोड़ों की संख्या में विराजमान हैं।

भारत में जब भी अन्याय और जुल्म के खिलाफ आवाज उठी, प्रताप का स्मरण किया गया। स्वयं छत्रपति शिवाजी के लिए प्रताप ने एक आदर्श उदाहरण का कार्य किया। ब्रिटिश-विरोधी स्वातंत्र्य संघर्ष में बंगाल से लेकर गुजरात तक और सुदूर कर्नाटक तक महाराणा प्रताप के अनुपम स्वातंत्र्य संघर्ष और बलिदान के उदाहरण ने जन-जन को उत्साहित किया, बल और विश्वास दिया और स्वतंत्रता के लिए सर्वस्त अर्पित करने की प्रेरणा दी।

महाराणा प्रताप ने अपने दृढ़ पराक्रम से अकबर को विश्वास दिला दिया था कि युद्ध के द्वारा भारत नहीं जीता जा सकता। विगत 300 वर्षो के संघर्ष का इतिहास भी अकबर के सामने था। यही कारण था कि अकबर ने उदारता, सुलहकुल और जजिया हटाना इत्यादि उपायों के द्वारा हिन्दू समाज के प्रति नरमी का रूख अपनाया। इस उदारता का श्रेय अकबर को नहीं वरन प्रताप को जाता है, क्योंकि अंग्रेजों के भारत छोड़ने का श्रेय अंग्रेजों को नहीं वरन् सुभाषचन्द्र बोस और महात्मा गांधी को है। इसके अतिरिक्त एक शासन कब तक महान कहा जाता है, उसकी कसौटी निश्चित करने पर प्रताप ही महान दिखाई देते हैं, अकबर नहीं।

नरेन्द्र मिश्र के अनुसार - 'हल्दीघाटी का संग्राम मेवाड़ी मिट्टी की आजादी का कीर्तिस्तम्भ है जिसने भारत में स्वतंत्रता समर को समय-समय पर अनुप्राणित किया है, इस विषय से संबंधित अनेक कवियों ने काव्य ग्रंथों की रचना की है। महाराणा प्रताप, मेवाड़ एवं चित्तौड़ ये तीनों संज्ञाएं भारत में स्वतंत्रता के पर्याय के रूप में जानी जाती है। नरपुंगव प्रताप का बलिदानी उत्सर्ग भारत के स्वतंत्रता संग्राम का ऊर्जा रहा है। पीढ़ियों ने उस समर्पित शौर्य से प्रेरणा ली है, लेती रहेगी।'

महान वैष्णव संत गोस्वामी तुलसीदासजी, महान योद्धा महाराणा प्रताप ओर अकबर के समकालीन भक्त कवि थे। यदि तथ्यों के प्रकाश में तुलसीदास के साहित्य पर विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि तुलसीदास भी अपने युग से प्रभावित थे। उनके द्वारा लिखित मानस की यह पंक्तियां महाराणा प्रताप पर भी सार्थक सिद्ध होती हैं।

निसिचर हीन करउ महि भुज उठाइ पन कीन्ह।
सकल मुनिन्ह के आश्रमन्हि, जाइ-जाइ प्रन कीन्ह।। [5]

महाराणा प्रताप पर लिखते हुए राष्ट्रवादी विचारक डॉ. ओक लिखते हैं - 'अकबर के हरम में देश-विदेश की औरतों को वासनापूर्ति के लिए लाया गया था तथा बादशाह अपनी वासनापूर्ति के लिए असवर प्रदान कर उन मजलूमों को उपकृत करता रहता था।' [6]

निष्कर्षत: महाराणा प्रताप ने जब अकबर से लोहा लिया था उस समय मुगल सल्तनत शक्ति के चरम पर थी। अकबर ने जिसे चाहा नेस्तानाबूद कर दिया। अनेक राज्यों को अपमानजनक संधि के लिए मजबूर होना पड़ा। रानी दुर्गावती के संग मुगलों ने बर्बरता का व्यवहार किया। मेवाड़ ने अकबर की अपराजेयता का मिथक मिटाकर भारतीय स्वातंत्र्य-चेतना की अलख जगाए रखी। उस समय मेवाड़ हिन्दुस्तानी अस्मिता का प्रतीक बनकर जन-मन के हृदय को आंदोलित कर रहा था। सम्पूर्ण मेवाड़ी जनता मुगलों को स्वतंत्रता के अपहर्ता के रूप में मान उसके विरूद्ध संघर्ष को तत्पर थी। मानसिंह उस समय भी भारतीय जन-मानस की निगाहों में महाराणा प्रताप के समक्ष हेय था तथा आज भी है। महाराणा प्रताप के पक्ष में संर्ववर्ग के लोगों ने स्वतंत्रता की रक्षा हेतु युद्ध किया था। अंग्रेजों से स्वतंत्रता संग्राम के समय क्रातिकारियों के आदर्श के रूप में महाराणा प्रताप को जाना जाता है। यह स्थान अकबर या मानसिंह को मिलना असंभव है। जब भी स्वतंत्रता-संग्राम का अध्याय लिखा जाएगा, उसके नायक के रूप में महाराणा प्रताप को ही स्मरण किया जाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्वामि प्रभुपाद भक्तिवेदान्त **श्रीमद्भगवद्गीता यथारूप** पृष्ठ 40, भक्तिवेदान्त बुक ट्रस्ट, हरेकृष्ण धाम, जुहू, मुम्बई, द्वितीय संस्करण, 1991
2. लुणियां, बी.एन., **मध्यकालीन भारत का राजनैतिक इतिहास**, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, इन्दौर।
3. सिंह, डॉ. बृजेश, **मेवाड़ दर्शन और स्वातंत्रचेता महाराणा,** पृष्ठ 326
4. श्रीवास्तव, आशीर्वाद लाल, **मुगलकालीन भारत**, पृष्ठ 140, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, आगरा चतुर्थ संस्करण- 1998
5. दास, तुलसी, **रामचरितमानस**, पृष्ठ 683, कोड 85, गीता प्रेस, गोरखपुर।
6. ओक, पुरूषोत्तम नागेश, **कौन कहता है अकबर महान था** पृष्ठ 12

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

पिछड़ी जाति के विकास में बाबा गुरूघासीदास की भूमिका

डॉ. रश्मि सोनी*

प्रस्तावना –19वीं शताब्दी में व्यापत अंधविश्वास, छुआछुत, बलिप्रथा अत्याचार, अनाचार, अपहरण, लूट, हत्या, एवं सामंतशाही एवं शोषणकर्ता की स्थिति प्रचलित थी। यह वह समय था जब विभिन्न–विभिन्न धर्म के लोगों द्वारा मठ, मंदिर, मस्जिद एवं आदि का निर्माण कराया जाता था और धार्मिक व सामाजिक संगठन वाले इसका विरोध करने की हिम्मत जुटा पाने की ताकत नहीं रखते थे। ऐसी ही परिस्थितियों में सतनाम धर्म प्रवर्तक, अहिंसा एवं सत्यता लिये हुये युग पुरूष बाबा गुरू घासीदास का जन्म हुआ। बाबा गुरूघासीदास ने समाज में फैली हुयी कुरातियों का विरोध किया उनका प्रमुख कदम मानव–मानव एक समान एवं एकता भावना समाहित करना चाहते थे। स्त्रियों उद्धार हेतु बाबा द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया गया जिससे नारी शोषण को रोका जा सके एवं उस समय नारियों को किसी प्रकार अधिकार प्राप्त नहीं था नारियों की स्थितियाँ दयनीय थी। तब बाबा जी ने विधवा पुर्नविवाह को प्रोत्साहन दिया ताकि जो स्त्रियाँ को विधवा होने कारण समाज में अशुभ समझा जाता था उसे रोक सके एवं सम्मानित स्थिति प्राप्त हो सके।

पशु बलि, मावन बलि ऐसी अंधविश्वास को समाप्त करने हेतु बाबा जी द्वारा अतुलनीय कार्य किया गया। पशुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने हेतु प्रयास कियें ताकि मूक पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके। लोग अपने स्वार्थो के कारण मूक पशुओं का बलि दिया करते थे। मंदिर में चढ़वा चढ़ाने हेतु मावन बलि, पशु बलि उस समय प्रचलित थी इसका घोर विरोध बाबा गुरूघासीदास द्वारा किया गया।

समाज सुधारक एवं समाज के उद्धार हेतु बाबा का योगदान अनुलनीय है। एवं शोषित वर्ग के लोगों का आस्तित्व बचाने एवं उन्हें सम्मानीय अवस्था में पहुँचने हेतु बाबा द्वारा अनेक कार्य किया गया। जिसके कारण सभी मनुष्य को मनुष्यता की पहचान करा सके। उन्होंने सत्यता सात्विका, सत्कर्म, पवित्रता को प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन का आधार बनाने को कहा। एवं नियमानुसार इनका पालन करने को संदेश दिया। बाबा द्वारा ऊँच–नीच, छुआ–छुत इत्यादि फैली हुई बुराईयों को समाप्त करने का प्रयास किया गया। ताकि कोई भी मानव किसी मानव से अलग या छोटा या बड़ा न सके। एकता का संदेश प्रसारित किया। एवं भावी भविष्य को सुखद बनाने हेतु बाबा द्वारा प्रयास किया गया। जिसके कारण शोषित वर्ग पिछड़े वर्गों के लोगों को समाज में प्रतिष्ठित एवं सम्मानीय जीवन जीने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने समाज उत्थान में महत्वपूर्ण कार्य किये जिससे समाज के लोगों को अच्छे से जीवन यापन कर सके। बाबा का सतमान पंथ किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं था उनका पंथ सभी धर्मों के लिए खुला था कोई भी मानव सतनाम पंथ को स्वीकार कर सकता परन्तु सतनाम के ही मार्ग को स्वीकार करना पड़ता था।

संत गुरूघासीदास के व्यक्तित्व जीवन में दार्शनिक, योगी, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, दया, करूणा, दृढ़ता, सत्यता, प्रेम–भाव, त्याग व हृदय की पवित्रता, समानता की भावना सभी गुण समाहित थे। और शिष्यों को भी अपने जीवन में धारण संदेश दिया, उनके द्वारा शुरू से ही कुरूतियों, पाखंड, बाह्य आडंबर का विरोध किया गया। मूर्ति पूजा को उन्होंने सनातन मत मूर्ति पूजा के विपरित एक परमात्मा की उपासना का अलग मार्ग मानव को दिया और उसी स्वरूप को धारण करने को कहा।

मनुष्य को मूर्ति पूजा न कर सत्यरूपी आभूषण को धारण करना चाहिये। और सत् से ही सृष्टि का निर्माण हुआ है। तथा सृष्टि का मूलभूत आधार सत् ही है। सत् का शाब्दिक अर्थ शक्ति और सतपुरूस का अर्थ अनादिशक्ति होता है अर्थात् जो सर्वशक्तिमान परमपिता सतपुरूस हैं। सतरूपी शब्द के उच्चारण से ही आत्मशांति एवं सतबुद्धि की प्राप्ति होती है जिसका अनुसरण कर मानव सभी दुख, कठिनाई, उलझनों व समस्याओं आदि में मुक्ति प्राप्त कर लेता है। बाबा सदैव एकपंथमार्गी व अद्वेतवादी थे जिस कारण वह हिन्दु धर्म में फैली कुरूतियों का विरोध किया करते थे। उनका विचार था कि प्रत्येक मानव का शरीर ही उस मानव का मंदिर है और मनुष्य को उसी मानवरूपी मंदिर की पूजा करनी चाहिये इन्ही कारणों से बाबा द्वारा कंकड–पत्थर से बने मंदिरों में जाना अपने पंथमार्गीयों के लिये निषेध कर दिया और सभी मानवों को समानता के भाव से देखते हुये मानव–मानव एक समान का संदेश दिया।

बाबा गुरूघासीदास के अनुसार मानव समानता ही जीवन की सर्वोकृष्ट अभिव्यक्ति का माध्यम है मनुष्य को सदैव ही लोभ, मोह–माया, छल–कपट, चोरी, मंदिरापान इत्यादि व्यवसनों का त्याग कर देना चाहिये एवं सत्य के मार्ग का अनुसरण करना चाहिये। मनुष्य को सदैव सीधा एवं सरल जीवन व्यतित करना चाहिये जिसमें दुशकार्यो हेतु कोई भी स्थान नहीं होना चाहिये। संतोश की भावना प्रत्येक मनुष्य में व्याप्त होना चाहिये तथा इसी भावना के साथ अपने जीवन का निर्वाह करना चाहिये।

गुरूघासीदास का ध्येय सभी धर्मो के विपथगामियों को प्रेम व बंधुत्व के एक सूत्र में आबद्ध करना था इस कार्य हेतु बाबा द्वारा सतनाम पंथ की स्थापना की गयी। बाबा ने अपने शिष्यों को 7 सिद्धांत प्रतिपादित किया ताकि इन सभी उपदेशों को धारण कर मनुष्य अपने जीवन के अर्थ की वास्तविकता को समझ सके एवं शांतिप्रिय रूप से जीवन व्यापन कर सके। संत गुरूघासीदास प्रकृति प्रेमी थे एवं उनके दृष्टि में सदैव प्रत्येक जीव समान थे चाहे वह मानव का रूप हो या जानवर का। वह सभी जीवों के प्रति करूणा, दया भावना व प्रेम भावना रखते थे वे पशुओं पर होने वाले अत्याचारों

* शिक्षिका, शासकीय प्राथमिक बालक शाला, बिरकोना, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

के प्रबल विरोधी थे यहां तक दोपहर में पशुओं को हल में जोतने के विरोधी थी उस समय फैली हुयी कुरूतियों का एक हिस्सा पशु बलि था जिसे लोगों द्वारा कई पाखंड मनोकामना पूर्ति हेतु मूक पशुओं का बलि दिया जाता था जिसका विरोध बाबा द्वारा किया गया। किसी भी जीव की हत्या करना पाप के समान है चाहे वह पशु हत्या हो या मानव हत्या। यह एक निंदनीय विषय था जिसे पूर्णत: बंद करने हेतु बाबा द्वारा प्रयास किया गया।

संत गुरूघासीदास का स्त्री उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान रहा, उस समय व्याप्त प्रथाओं में बाल विवाह, सती प्रथा एवं स्त्रियों का शोषण, विधवा प्रताड़ना प्रमुख थे उन्होंने प्रत्येक स्त्रियों को समान अधिकार व सम्मान देने को कहा तथा उनके द्वारा विधवा पुर्नविवाह हेतु प्रयास किया गया। उस समय व्याप्त समाजिक प्रथाएँ एवं कुरूतियाँ व्याभिचार तथा रूढ़िवादिता का भारतीय नारी पर गहरा प्रभाव पड़ा एवं उन्हें कमजोर बनाने में मुख्य भूमिका रहा। नारियों का सदैव पुरूषों पर सदैव आश्रित बना दिया इस वजह से नारी अधिकारों का हनन होने लगा। सती प्रथा, बाल-विवाह इन सब कारणों से स्त्रियों कमजोर होने लगी उवं विशिष्टता एवं समाज में उनका स्थान हीन होते गया तब संत गुरूघासीदास द्वारा नारी के दशा के प्रति विचार किया एवं नारी उद्धार हेतु अनेक प्रयास किये ताकि नारी समाज में अपने आप को प्रतिष्ठित एवं अपना खोया सम्मान प्राप्त कर सके।

गुरूघासीदास बचपन से ही वर्ण व्यवस्था, कुप्रथा, छुआ-छुत, अंधविश्वास, पाखंड, मूर्ति पूजा के घोर विरोधी थे प्रत्येक प्रथा चाहे वह जो भी हो, जो एक मानव को दुसरे मानव में भेद बताती है उस प्रथा के घोर विरोधी थे। उस समय वर्ण व्यवस्था जारों से प्रचलित था जिसमें मनुष्यों को वर्ण व्यवस्था के आधार पर बांटा गया जिस कारण से उच्च वर्णों के लोगों द्वारा निम्न वर्णो के लोगों की हीन दृष्टि से देखा जाता था एवं उनका शोषण किया जाता था निम्न वर्णो के लोगों को धार्मिक व उनके सामाजिक कार्यो से दूर रखा जाता था। यहां तक मंदिरों, तालाबों में प्रवेश वर्जित था उच्च व निम्न की भावना इतनी अधिक व्याप्त थी कि निम्न वर्गों का अस्तित्व ही न था।

जाति प्रथा का प्रारंभ मनुष्य के जन्म से ही प्रांरभ हो जाता था कि वह मनुष्य उच्च जाति से परिभाषित होगा या निम्न जाति से। संत गुरूघासीदास द्वारा समाज सुधार के प्रयास एवं भेद-भाव के उन्नमूलन हेतु अनेकों कार्य किया गया उन्होंने मानव-मानव एक समान का संदेश प्रसारित किये जिसके अनुसार चाहे वह उच्च वर्ण का हो या निम्न वर्ण का सभी मानव उनके लिये एक समान है। कोई किसी से छोटा या बड़ा नहीं होता। वर्ण व्यवस्था एक ऐसी प्रचलित व्यवस्था थी जिसके तहत् किसी मनुष्य को दूसरे जाति में जाने की अनुमति नहीं थी यहां तक विवाह भी अपने जाति से किया जाता था अर्थात् सजातीय विवाह प्रचलित था। इन सभी कारणों से बाबा में वर्ण व्यवस्था का घोर विरोध किया। इसके पश्चात् समाज सेवा का कार्य प्रारंभ किया, जिसके अनुसार सभी मानव के लिए असमानताएँ एवं विषमताएँ की स्थिति को समाप्त कर सभी मानव-मानव में समानता की भावना लाने हेतु प्रयत्न किए। वे सभी जातियों के लोगों के प्रति सद्भावना रखते हुए निम्न वर्गो के लोगों के प्रति समाजिक उत्थान का कार्य प्रारंभ किए, जिसके अनुसार मानव-मानव एक समान का संदेश प्रसारित किए।

अत: आज के मानव समुदाय के आधुनिक विकास में बाबा जी के विचारों के नितांत आवश्यकता हैं। क्योंकि इस आधुनिक समाज में युवा विभिन्न प्रकार के नशा, बुराई में लिप्त होकर अपने जीवन को अंधकार की ओर ले जाते हैं। ऐसे हालात में समाज बुद्धिजीवों को बाबा जी के संदेश को सभी वर्गो तक पहुंचना होगा। ताकि हमारे युवाओं का भविष्य सही दिशा में निर्धारित किया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चंद्राकर अजय कुमार 'छ0ग0 में अनुसूचित जाति की राजनितिक व्यवस्था में प्रभावशीलता सतनामी जाति की भूमिका में विशेष अध्ययन 1991'
2. चंदेल विवेक सिंह -'गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के उच्च शिक्षा में ग्रंथालय की भूमिका: 1983 से 1996 तक'
3. खलखो अभय -'छ0ग0 के बंधुआ श्रम पर एक रिपोर्ट 2007'
4. सिंग आसना 'सतनामी आत्मजोर और दलित सक्रियता: ग्रामीण छ0ग0 2013'
5. जोगलेकर कमलनारायण के अनुसार -'संत गुरु घासीदास एवं सतनाम पंथ का ऐतिहासिक अध्ययन 2015'
6. मंजिरे संजीव कुमार के लेख अनुसार -'सतनामी समाज छ0ग0 में चुनौतीपूर्ण ग्रामीण जाति संस्थान 2017'

****

Mahatma Gandhi : The Theme Of Social Justice

Dr. Abhimanyu Singh Chauhan*

Introduction - While remembering Mahatma Gandhi in this hundred and twenty-fifth year of his birth, it is most essential to ponder over his contribution to human thought and action for which the lived and died. This occasion provides us an opportunity to consider the impact of his life and thought on India and the world at large. Basically a deeply religious man, Gandhi through his spiritual practice all through his life, tried to produce a new type of human being, free from fear, greed and hatred.

Never in the history of our country has there been greater need than today to recapture the essence of Gandhiji's need than teachings. "I honestly feel that the youth in our educational institutions and those engaged in other walks of life should endavour and be enabled to gain an insight into the implications of Bapu's message and to learn to play a constructive role in the country's progress and more important, find meaning and purpose in their lieves."[1]

One of the greatest problems of the world today is racial conflict. Mahatma Gandhi had to face racial antagonism early in his career in South Africa. Race prejudice and social discrimination are the greatest problems to which Gandhiji gave his main attention. He struggled hard to achieve communal harmony. In the partition of India, he saw his failure to achieve this goal. He said:

"I am too old to start a campaign now and my trusted lieutenants have agreed to it."

On july 14, 1947 he said in his prayer meeting: "I do not agree with what my closest friends have done or are doing".

The Theme of social justice in the work of Mahatma Gandhi is based on his ideas egarding varnasrama, caste, untouchability, uplift of Harijans and the poor and the emancipation of women.

Gandhi wanted freedom for the starving millions of his country and his aim was complete identification with the poorest of mankind. Economic development and equality of mankind is essential to the eradication of discrimination in society and without achieving it, political freedom is meaningless for Gandhi ji. He tried, by raising the status of Hari jans and the poor and by treating man and woman as equal, to develop and integrated society in India.

The first experiment of social and political struggle which Gandhi undertook was the Champaran satyagraha. Gandhi had been invited in 1917 to champaran to launch a movement against the indigo planters and thereby ameliorate the peasants dwindling economic condition. Gandhi's fight in champaran is basically seen as a tirade against colonial rule to secure political justice for his countrymen, but the principle guiding the demand for political justice is also advanced in favour of social justice. Gandhi, emulating the national leaders of the time like Gokhale and others, argued that since their demand for self-government or independence from British rule was a Gemocratic demand, theIndian should practise democracy in the social sphere also where the principles of liberty and equal rights of all should be applied.[2]

Gandhi's vision in this regard was very clear. He felt that "Independence will itself turn into bitter ashes in our mouth if the most useful section of the community as a whole is baulked of its essential rights."

The moral and intellectual status of the community as a whole could be appreciably raised with the cooperation of all classes forming the community". [3]

Gandhi's champaran venture is noteworthy in this regard too. It was here that he made his first successful experiment of Satyagraha after South Africa, but what is more important, is that here he also launched his multi-pronged attack for the salvation of the downtrodden classes. [4]

In champaran Gandhi made the unequivocal declaration that it was a moral obligation on the part of everyone concerned to work for the regeneration of the Harijans.[5]

The other link through which he wanted to forge greater unity and integration was through the abolition of untouchability and the revival of the chaturvarnic concept in all its pristine purity. Men are born equal but they are also born with varying inclinations, termperaments, attitudes and aptitudes. The stages of their spiritual growth differ. Instead of letting struggle and competition determine and categorize these differences, would it not be infinitely better, he argued, if the chaturvarna and heredity were acepted as a natural regulatory principle. Month after month, week after week, he returned to the theme in his young India and later in Harijan. About untouchables he exclaimed:

Socially, they are lepers, econoically they are worse, religiously, they are denied access to places we miscall

* Lecturer (Political Science) S.M.B. Govt. College, Nathdwara (Raj.) INDIA

houses of god...."

"If we do not efface untouchability, we shall be ffaced from the face of the earth.....

"The four varnas are fundamental, natural, essential while the innumerable castes and sub-castes are exerescences....."

"Varna fulfils nature's laow of conservation of human energy and true economics.....

"It is the classification of different systems of self-culture. It is the best posible adjustment of social stability and progress. It tries to include families of a particular way of purity of life. Only it does not leave the decision whether a particular family belongs to a particular type, to the idiocyncracies or interested judgmennts of a few individual. It trusts to the principle of hereditary and being only a system of culture does not hold that any injustice is done if an individual of a family has to remain in a group inspite of their mode of life for the better. Change comes very slowly in social life and caste has allowed new groupings to suit the changes. These changes are uiet and easy as a change in the shape of the cloud. It is difficult to imagine a more harmonious adjustment.

Caste does not connote superiority o inferiority. It simply recognises different out looks and corresponding modes of life....

Caste is a classification of different systems of self-culture. It is the extension of the principle of the family. Both are governed by blood and heredity....

Its value from the economic point of view was very great. It ensured hereditary skill. It limited competition. It was a remedy against pauperisum. It had the advantage of trade guilds. It was man's experiment in social adjustment in the laboratory of Indian society. if we can prove it to be a success, it can be offered to the world as a leaven and as the best remedy against a heartless competition.

Varna is inherent in nature. dinduism has reduced it to a science....

Caste as at present, is a distortion. But in our eagerness to abolish the distortion, let us not abolish the original.....

It is not human invention but an immutable law of nature, the statement of a tendency that is ever present at work like Newton's law of gravitation. [6]

Mahatma Gandhi uses varna and caste as interchangeable terms and believes that all types of men can be categorized under four broad occupations : teaching, defending, wealth-producing and manual labour.

But although Gandhiji ahs explained and stressed his conceptions of varna and caste, he considered the eradication of untouchability as a matter of the gravest urgency. Gandhi's fast which commenced on 20 September, 1932 as a protest against Ramsay Macdonald's Communal Award, was a historic event. He was not happy when reservation was accepted. His fast was not against reservation, but againstthe separation between Hindus and untouchables. The fast initiated an emotional churning of Hindu society. It did not eradicate untouchability, but untouchability, but untouchability lost public approval.

Gandhiji said : "It snapped a long chain that stretched back into antiquity. Some links of the chain remained. But nobody would forge new links. Nobody would link the links."

In the words of Jagjivan Ram, this manifestation of the emotional upheaval found a concrete expression in the launching of the anti-untouchability League on 30 september 1932, which, later when Gandhiji evolved a new term Harijan, became the Harijan Sevak Sangh. Many among the caste Hindus, however, were not happy. [7]

The poona pact was incorporated in the Government of India Act in June, 1935.

Gandhiji cook strong note of the evil of untouchability prevalent in Hindu society and worked with every bit of his energy to end the age-long prejudice of the sanatanists against the untouchables. for Gandhiji, untouchability ahd no integral connexion with the essence of Hinduism, because it was irrational and a denial of Ahimsa. Gandhiji thought that the present hideous, disdainful and distorted divisions of caste and sub-caste are the disfigured and degraded forms of chaturvarna. The countleass castes and sub-castes are the travesty and mockery of the original fourfold scientifice divisions basea on callings. According to him, social inequality and gradations of high and low, superiod or inferior, are the by-product of the emergence of multiple caste. The sense of superiority is based on the notions of falsehood, hatred, hypocrisy and arrogance.

In the eyes o Gandhiji, untouchability is a hydra-headed monster. It is a sin, a blot, a curse and a chronic disease for mankind and had no scriptural base. Hindu scripture support chaturvarna and there is no warrant for untouchability. Gandhi ji considered untouchability to be a 'heinous crime against humanity' 8 Untouchability is not a part and parcel of Hinduism but a plage which it is the bounden duty of every Hindu to combat".?

Hindu society practises it without any authority and therefore reformers like the Buddha. Guru Nanak, kabir and others tried in their time to eat if off from the Hindu fold. It is amazing to see that not only caste Hindus differentiate themselves from the untouchables, but untouchables also differentiate among themselves. The sanatanists practice of looking down upon lower castes and refusing to have social intercourse with them, their determination to keep them away from temles, schools, wells and tanks and so on were considered by Gandhi ji to be most unwise, inhuman, destructive and indeed hideous. Gandhiji thought that the sooner the caste described as untouchable is abolisehd the better it would be for Hindus and for India.

Gandhi ji asserts : "Take untouchability out and the fabric of caste is destroyed". [10]

He believes that as soon as the slur of untouchability is washed off, the caste system as originally conveived would shine again its glory and would resolve itself into true chaturvarna. In his own words: "The moment untouchability goes, the caste system itself will be purified, that is

to say, according to my dream, it will resolve itself into true varna-dharma, the four divisions of society, each complementary to the other, and none inferior or superior to any other, each as necessary for the whole body of Hinduism as any other". [11]

The only way with Gandhi to eradicate the evil of untouchability was the non-violent way. He does not want that there should remain or crop up any feeling of hatred or ill-will between the high-caste and the low-caste people. Moreover, he did not wany any political gain for himself. So the only means open for his purpose are those of truth and Ahimsa.

He lauched satyagraha in India again and again to save the so-called untouchables from inhuman treatment of the Sanatanists.

8. **Engage in multi-stakeholder collaboration-** Join industry platforms to reduce duplication and co-finance infrastructure for circular loops.

Conclusion: Sustainable supply chain management progressed from isolated environmental programs to strategic initiatives integrating design, procurement, operations and reverse logistics. Innovations in circular design, procurement leverage, supplier capacity building and digital traceability provided scalable pathways to improve environmental and social outcomes while unlocking operational value. Scaling SSCM requires leadership, consistent metrics, supplier segmentation and supportive public policy. As firms progress beyond the first generation of pilots, the evidence suggests that SSCM can become a competitive advantage that also contributes to systemic resource efficiency and social resilience.

References:-

1. Carter, C. R., & Rogers, D. S. (2008). A framework of sustainable supply chain management: moving toward new theory.
2. Seuring, S., & Müller, M. (2008). From a literature review to a conceptual framework for sustainable

supply chain management.
3. Pagell, M., & Wu, Z. (2009). Building a more complete theory of sustainable supply chain management using case studies of ten exemplars.
4. Unilever (2010). Unilever Sustainable Living Plan
5. Sarkis, J. (2012). A boundaries and flows perspective of green supply chain management. Supply Chain Management:
6. Ellen MacArthur Foundation; World Economic Forum; McKinsey & Company (2013).
7. Walmart (2013). Global Responsibility / Sustainability reports and Sustainability Index information (company reports and initiatives through 2017).
8. ISO (2015). ISO 14001:2015 — Environmental management systems — Requirements with guidance for use.

****

प्राचीन उत्तर भारत की मुद्रण कला

डॉ. फिरोज मोहम्मद शेख*

प्रस्तावना – भारत विश्व के उन प्रथम सभ्यताओं में से एक है, जहां मुद्रा का प्रचलन शुरू हुआ था। भारतीय उप महाद्धीप में सिक्कों के चलन का निश्चित साहित्यिक एवं पुरातात्विक साक्ष्य 600-500 ई. पू. में मिलता है। यह वह समय था जब यहां राज्यों का उदय हो रहा था, शहरीकरण की प्रक्रिया चल रही थी और व्यापार का विस्तार हो रहा था। यद्यपि सिंधु-घाटी सभ्यता में अनेक मुहरें प्राप्त हुई हैं, परंतु इसकी लिपि नहीं पढ़े जाने के कारण यह इतिहासकारों में विवादित विषय है कि ये वास्तव में मुद्रा थी या नहीं। ऐतिहासिक स्त्रोत इस बात के साक्षी हैं कि शुरूआती दौर में भारत में वस्तुओं को मुद्रा के रूप में इस्तेमाल किया गया।[1] गाय को मुद्रा का सबसे बड़ी इकाई माना जाता था तथा छोटी इकाई के रूप में कौड़ी, मोती और कुछ धातुओं का प्रयोग किया जाता था। ऋग्वेद के कई उल्लेखों से पता चलता है कि प्रारंभिक अवस्था में गाय ही विनिमय का प्रमुख माध्यम थी। वेदों में सिक्के के लिए 'निष्क' शब्द का प्रयोग मिलता है....पाणिनि ने (लगभग 500 ई.पू.) अपने व्याकरण में इस बात की पुष्टि की है कि सिक्कों के लिए वेदों में प्रयुक्त इस शब्दों में कुछ शब्द बाद तक इस्तेमाल किए जाते रहे। पाणिनि ने निष्क, शतमान तथा सुवर्ण नामक सिक्कों का उल्लेख किया है। पर इतिहासकारों मे मतभेद है कि 'निष्क' उस समय आभूषण के साथ-साथ मुद्रा का भी धोतक था। पाणिनि के 'अष्टाध्यायी' से यह भी ज्ञात होता है कि विनिमय माध्यम में किन-किन चीजों के इस्तेमाल होता था। एक सूत्र में वस्त्र के बदले बर्तन प्राप्त करने की सूचना मिलती है। साथ ही एक गाय के बदले खरीदी गई वस्तु को गोपुछ कहा गया है। उस समय गायों का लेन-देन उनकी पूंछ पकड़ कर किया जाता था। पूंछ पकड़ कर गोदान करने की प्रथा हमारे समाज में हाल तक मौजूद रही है। धीरे-धीरे वस्तुओं के विनिमय से अनेक कठिनाइयां सामने आने लगी। इन कठिनाईयों का समाधान सोने, चांदी और तांबे के धातुओं के प्रयोग से हुआ। जब धातुओं का प्रचलन प्रारंभ हुआ तो धातु विनिमय का उपयुक्त माध्यम बन गई।[2] मगर धातु खंडो के व्यवहार में भी कई कठिनाईयां थी। इनकी तौल और शुद्धता निर्धारित होने पर ही इनका व्यापक इस्तेमाल संभव था। धातु खंडो की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए उन पर विशिष्ट चिह्न अंकित होना आवश्यक था। शैशवास्था में ऐसी ही कठिनाईयां का सामना कर सिक्कों ने अपनी यात्रा आरंभ की। इस तरह विश्व के अनेक भागों की तरह भारत में भी मुद्रा व्यवस्था जन्म ले रही थी।

मुद्रा के प्रारंभ की निश्चित तिथि के बारे में कहना तो मुश्किल है, परंतु आहत सिक्के को प्रथम भारतीय सिक्के के रूप में मान्यता प्राप्त है। पुरातात्विक अन्वेषणों में रजत एवं ताम्र के विभिन्न आकारों की ऐसी प्राचीन मुद्राएं प्राप्त हुई हैं, जिन पर छोटे-छोटे चिह्न ठोंक आहत कर अंकित किए गए हैं। निर्माण की इस पद्धति के कारण इस मुद्रा का नाम आहत मुद्रा पड़ा हैं। अंग्रेजी में इस विधि को पंचिंग की संज्ञा दी जाती है, इसलिए इन मुद्राओं को आधुनिक मुद्राशास्त्री ने 'पंच मार्क्ड' नाम से भी अभिहीत किया है। मुद्राशास्त्रियों ने आहत सिक्के का अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकाला इस पर अंकित प्रतीक चिह्न पर्वत (विविध प्रकार के),सूर्य, पेड़, पशु, पक्षी, वनस्पतियां, ज्यामितिक आकृतियां और मानव के चित्र थे, जो एक विशेष स्वरूप में छिद्रित थे। आज से सिक्के भारत की अमूल्य निधि है।[3] मौर्य साम्राज्य का काल लगभग 322 ई.पू. से लेकर 185 ई.पूर्व तक माना जाता है। चंद्रगुप्त मौर्य ने कौटिल्य की सहायता से नंद वंश के शासक धनानंद को पराजित कर इस साम्राज्य की नींव रखी। मौर्यों ने भारत में एक विशाल साम्राज्य की स्थापना कर राजनीतिक एकता स्थापित करने का प्रयास किया। इस साम्राज्य के प्रमुख शासकों में चंद्रगुप्त मौर्य, बिंदुसार और अशोक के नाम प्रमुख है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मुद्राध्यक्ष अध्याय के अतंर्गत वर्णित है- 'मुद्राध्यक्षों मुद्रां माशकेण दधात' जिसमें मुद्रा विभाग के अध्यक्ष के बारे में वर्णन किया गया है। चांदी के सिक्के को 'पण' या 'कर्षापण', 'अष्टाभाग', 'अर्धपण' और 'पाद' कहा जाता था और तांबे के सिक्के 'काकाणी', 'अर्धकाकणी', 'माशक' और 'अर्धमाषक' कहे जाते थे। मौर्यकालीन सिक्कों से हमें यह पता चलता है कि इस समय तक भारत में मुद्रा प्रणाली व्यापक रूप से स्थापित हो चुकी थी।[4]

मौर्यकाल के पतन के बाद भारत के उत्तरी-पश्चिमी सीमा पर अव्यवस्था उत्पन्न हो गई जिसका फायदा विदेशी आक्रमणकारियों ने उठाया। मौर्योत्तर युग में इन विदेशी आक्रमणकारियों में प्रथम हिंद-यवन थे, जिन्होंने लगभग 180 ई.पू. से लेकर 10 ई. तक उत्तर-पश्चिमी और उत्तर भारतीय महाद्धीप पर शासन किया। इस साम्राज्य की स्थापना ग्रीक-बैक्टेरियन शासक देमेत्रिअस ने की थी। यद्यपि राजनीतिक दृष्टिकोण से इंडो-ग्रीक काल का कोई स्थायी परिणाम नहीं निकला, परंतु इसने भारतीय संस्कृति पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। अपने दो शताब्दियों के शासनकाल के दौरान इंडो-ग्रीक शासकों ने भारतीय धर्म, भाषा, संस्कृति और प्रतीक को अपने में समाहित कर लिया, जो उनके द्धारा जारी मुद्राओं पर परिलक्षित होती है। सबसे पहले सोने के सिक्के ढालने का श्रेय भी इंडो-ग्रीक को जाता है, जिनकी संख्या में आगे चलकर कुषाण शासन में वृद्धि हुई। इंडो-ग्रीक साम्राज्य के इतिहास की अधिकांश जानकारी का स्त्रोत इस काल की मुद्राएं ही हैं। 'येक्रेटीडस' (प्रथम) को संभवत: पहला इंडो-ग्रीक शासक माना जाता है, जिसने अपने सिक्कों पर 'महाराजा' और 'राजाधिराज' जैसी उपाधियों का प्रयोग किया था। सेल्युकस ने अपना नाम खुदा सिक्का ढलवाया था। चित्र अंकित सिक्के का बेहतरीन उदाहरण हमें डेमेत्रियस द्धारा ढाले सिक्के में दृष्टिगोचर होता है। मेनान्डर जिसे मिलिंद के नाम से भी जाना जाता है, ने

* व्याख्याता (इतिहास) हाडारानी राजकीय महाविद्यालय, सलूम्बर, जिला उदयपुर (राज.) भारत

इंडो–ग्रीक शासकों की तुलना में सबसे ज्यादा भू–भाग में सिक्के चलाए। उसने विविधताओं से परिपूर्ण कई सिक्कें जारी किए। उसके द्वारा तक्षशीला में ढाला गया यह सिक्का महत्वपूर्ण है, जिसमें राजा को भाला फेंकते दर्शाया गया है। चांदी के सिक्के पहले की अपेक्षा अब अधिक अच्छे बनने लगे थे। सिक्कों के लिए ग्रीक शब्द 'द्रख्म' कालांतर में 'द्रम्म' और 'दाम' में परिणत हो गए।

आज भी हम किसी वस्तु के मूल्य के लिए दाम शब्द का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार इंडो–ग्रीक काल में भारतीय सिक्के में क्रांतिकारी परिवर्तन आया और यवनों ने भारतीय सिक्कों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। अभी तक के प्राप्त ऐतिहासिक स्त्रोत के अनुसार सौभुती पहला भारतीय शासक था, जिसने अपनी तस्वीर को सिक्कों पर अंकित कराया था। सिक्कों के अग्रभाग पर उसकी तस्वीर बनी थी और पृष्ठभाग पर एक खड़ा मुर्गा अंकित था। उसने अपने सिक्के यूनानी शैली में ढाले थे।[5] कुषाणों का काल लगभग पहली शताब्दी से लेकर तीसरी शताब्दी तक माना जाता था। कुषाण साम्राज्य की स्थापना का श्रेय कुजुल कडफिसस को दिया जाता है, जिसने मध्य एशिया के बाद भारत की ओर कुषाण साम्राज्य का विस्तार किया। कुषाणों ने अपने शासन के दौरान भारतीय सभ्यता–संस्कृति को अत्यंत प्रभावित किया। अत: कुषाणों की स्वर्ण मुद्राओं पर रोमन स्वर्ण मुद्राओं की छाप स्पष्ट देखी जा सकती है। इतना ही नहीं, रोमन देनेरियास के आधार पर भारत में दीनार शब्द प्रचलित हो गया, जो बाद में गुप्त सम्राटों की स्वर्ण मुद्राओं के लिए भी प्रयुक्त हुआ। सोने के सिक्के पहले–पहल कुषाण राजाओं ने बड़े पैमाने पर इस देश में चलाए। सिक्कों को देखकर ऐसा लगता है कि इस समय देश का वाणिज्य–व्यापार उत्कर्ष पर था। कुषाण शासकों ने अपने सिक्के पर अपने आपको अत्यंत ही खूबसूरत ढंग से चित्रित किया है। कुषाण शासकों के सिक्के के ओवेर्स में राजा चित्रित है तथा रिवर्स में देवताओं के चित्र अंकित है। लंबी दाढ़ी, बड़ी नाक, बड़े हेलमेट, जूते, लंबे ओवरकोट, शिव नंदी आदि कुषाण सिक्के की प्रमुख विशेषताएं हैं। कुषाण शासक विम कडफिसस ने सोने के सिक्के जारी किए, जिनसे बाद की कुशाण मुद्रा–नीति प्रभावित हुई क्योंकि उसके बाद कुषाणों ने मुख्य रूप से सोने और तांबे के सिक्के ही ढलवाए।

हुविश्क को छोड़कर विम कडफिसस द्वारा जारी किए गए तांबे के सिक्के का अनुसरण बाद के सभी कुषाण शासकों ने किया। उसके द्वारा जारी किया गया सोने का सिक्का सिक्काशास्त्र के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। सोने के सिक्के में शिव की छवि अंकित थी। उसने अपने सिक्कों पर राजनीतिक महत्ता दर्शाने के लिए 'महाराज', 'महिश्वर', 'राजाधिराज', 'सर्वलोकेश्वर' आदि उपाधियां भी अंकित कराई। नंदी के साथ शिव का स्पष्ट चित्रण पहली बार विम कडफिसस के सिक्कों पर देखने को मिलता है। विम कडफिसस के उत्तराधिकारी कनिष्क भारत के पहले शासक थे, जिनके सिक्के पर बुद्ध की अत्यन्त दुर्लभ छवि अंकित की गई है। बुद्ध चित्रित सिक्के कनिष्क की बौद्ध धर्म में दिलचस्पी को बखूबी दिखाते हैं। कुषाण शासक हुविष्क के सिक्के सिक्का शास्त्र की दृष्टि से कई मायनों में महत्वपूर्ण है। उसने विम कडफिसस और कनिष्क के विपरीत अपने सिक्कों पर प्राचीन तीन धर्मों हिंदू, ग्रीक और पारसी के देवताओं को चित्रित किया। वासुदेव कुषाण काल का अंतिम शासक था। उसके द्वारा चलाये गया सोने का सिक्का मुद्राशास्त्र के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें उसने शिव के तीन सिर, चार हाथ, डमरू और नंदी को प्रदर्षित किया है। इस सिक्के पर बारीकी से काम किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि उस समय की कला काफी उन्नत रही होगी। पूर्व शासकों के विपरीत कनिष्क द्वितीय ने ब्राह्मी अक्षरों में सिक्के ढलवाए, जिसे बाद के शासकों ने भी अपनाया। उसने शिव (शिव के तीन सिर), नंदी और लक्ष्मी अंकित सिक्के जारी किए।[6] कुषाण वंश के पश्चात शक्तिशाली केंद्रीय सत्ता के अभाव में कई शक्तियों का उदय हुआ। चंद्रगुप्त द्वितीय ने इन बिखरी शक्तियों को एक कर गुप्त साम्राज्य की स्थापना की। यह काल राजनीतिक, आर्थिक, साहित्यिक, कला, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, तकनीकी क्षेत्रों की समृद्धि का दौर था। इसी कारण भारतीय इतिहास में गुप्तकाल को 'स्वर्ण युग' का काल भी कहा जाता है। चंद्रगुप्त द्वितीय के सिक्के को विशुद्ध रूप से भारतीय कहा जा सकता है। यद्यपि गुप्त सम्राटों ने स्वर्ण–रजत एवं ताम्र इन तीन धातुओं की मुद्राओं को चलाया, किंतु उनकी स्वर्ण मुद्राएं विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। वे अपनी मौलिकता, कलात्मता तथा विविधता की दृष्टि से प्राचीन भारतीय मुद्राओं में अप्रितम हैं। गुप्तकाल में सर्वाधिक स्वर्ण और चांदी की मुद्राएं ढाली गई थी। ज्यादातर सिक्के सोने के थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गुप्तकाल आर्थिक दृष्टि से उन्नति का काल था। कल्पनाशीलता तथा कलात्मक विविधता यवनों, शकों अथवा कुषाणों की मुद्राओं में देखने को नहीं मिलती। समुद्रगुप्त ने लगभग 8 विभिन्न प्रकार के सिक्के जारी किए। वे दंडधारी प्रकार, धनुर्धारी प्रकार, सिंहनिहता, छत्र प्रकार, अश्वमेध प्रकार, कृतांतपरशु प्रकार, कुठार युद्ध प्रकार, गीतिकाव्यकार प्रकार आदि के नाम से जाने जाते हैं। इन सिक्कों से समुद्रगुप्त की शासकीय, सैन्य, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तिगत रूचि के बारे में पता चलता है।

चंद्रगुप्त द्वितीय ने अपने काल में सोने के सिक्के बड़ी मात्रा में ढलवाए। उसने चक्रविक्रम प्रकार, छत्र प्रकार, सिंहनिहंता प्रकार, घुड़सवार प्रकार, धनुर्धारी प्रकार के सिक्के चलाए। कुमारगुप्त ने 14 विशिष्ट प्रकार के सोने के सिक्के चलाए जो सभी शासकों से ज्यादा थे। उसने धनुर्धारी प्रकार, तलवारधारी प्रकार, घुड़सवार प्रकार, सिंहनिहंता प्रकार, व्याघ्रनिहंता प्रकार, मयूरसवार, हाथीसवार, गीतिकाव्यकार प्रकार के सिक्के जारी किए। इनमें से व्याघ्रनिहंता और गीतिकाव्यकार प्रकार के सिक्के, जिसे समुद्रगुप्त ने चलवाया था फिर से जारी किए गए। स्कंदगुप्त ने तीन प्रकार के सोने के सिक्के जारी किए–धनुर्धारी, राजा और लक्ष्मी एवं घुड़सवारी प्रकार के सिक्के। स्कंदगुप्त ने पहली बार 114 ग्रेन के सोने के सिक्के जारी किए। इन सिक्कों में राजा और रानी विशुद्ध भारतीय पोशाक में चित्रित हैं।[7]

मौर्य साम्राज्य के पतन ने दक्षिणी भारत में सातवाहन राजवंश की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सातवाहन को 'आंध्र' भी कहा जाता था। सातवाहन पहले देशी शासक थे, जिन्होंने अपनी तस्वीर सिक्कों पर जारी किए। गौतमीपुत्र सतकर्णी ने पहली बार सिक्कों पर अपने चित्र को अंकित कराया और बाद के शासकों ने भी खुद के चित्रों के अंकन की परंपरा को जारी रखते हुए सिक्के चलाए। सातवाहन वंश ने मुद्रा निर्माण में एक नया प्रयोग किया। उन्होंने सीसे की मुद्राओं को जारी किया। भारतीय इतिहास में सीसे के प्रयोग के प्रमाण इससे पहले और इसके बाद में कहीं नहीं मिलते हैं। इस साम्राज्य के अंतर्गत सोने, चांदी और तांबे तीनों धातुओं के सिक्के प्रचलन में थे।8 चोल शासकों ने चौकोर एवं अन्य आकार वाले सिक्के चलाए, जिस पर प्रतीकात्मक निरूपण अधिक देखने को मिलता है। प्रमुख चोल शासक राजा चोल ने भारत तथा श्रीलंका दोनों स्थान पर सिक्के जारी किए। उत्तम चोल ने अपने सिक्के पर शाही प्रतीक 'बाघ और दो मछली' के साथ 'उत्तम चोल' लिखवाया। राजेंद्र चोल ने भी अपने सिक्के पर 'श्री राजेंद्र' अंकित करवाया। वर्तमान शोध से यह पता चलता है कि गोवा व कोंकण पर शासन करने वाले कदम्ब वंश ने दो प्रकार के सोने के सिक्के जारी किए–पंच मार्क

सोने के सिक्के तथा डाई स्ट्रक सोने के सिक्के। इन सिक्कों पर हनुमान, शेर आदि के चित्र अंकित किए गए थे। तोयिमादेव इस राजवंश का पहला शासक था जिसने डाई स्ट्रक वाले सोने के सिक्के चलाए।[9] चालुक्य राजवंश 5 वीं शताब्दी से लेकर 8वीं शताब्दी के दौरान दक्षिण भारत में शासन किया तथा सिक्कों पर धार्मिक प्रतीक शंख, कमल, दीप अंकित देखे जा सकते हैं।[10]

अजमेर के चौहान शासकों में अजयदेव द्वितीय से पहले के सिक्के अभी तक नहीं मिले। आमतौर पर पुराने सिक्कों को गलाकर नये सिक्के ढाल लिये जाते थे। रेप्सन महोदय को वासुदेव नामांकित एक सिक्का प्राप्त हुआ है। जो समकालीन गुर्जर शासक से मिलता जुलता नाम है।[11] डॉ. भण्डारकर ने इसे चौहान शासक का सिक्का बताया है।[12] चोहानों में सबसे पहला सिक्का अजयदेव (ई. 1110-1135) के समय के मिले हैं। ये चांदी मिश्रित धातु तथा तांबे के बने हैं। ये दो प्रकार के हैं। पहले पर सीधी तरफ लक्ष्मी की मूर्ति बनी हैं जो बड़ी भद्दी हैं। पृष्ठ भाग में 'श्री अजय देव' लेख है।[13] राजा सोमेश्वर (वि. 1228) ईसवी 1171 मे धौडगांव के लेख से पता चलता है कि अजयदेव के चांदी के सिक्के उस समय तक चलते थे। अजयदेव के दूसरे सिक्के पर सीधी तरफ भद्दी आकृति है तथा दूसरी तरफ रानी का नाम 'श्री सोमल देवी' अंकित है। इस रानी को अपने नाम के सिक्के निकालने का बड़ा शौक था। इसके बाद चौहानों के सिक्कों में सोमेश्वर के मिलते हैं, जो मिश्रित धातु के हैं। इनका वजन 53 ग्राम हैं। इनमें सीधी तरफ दायें हाथ में भाला लिए हुए घुड़सवार की आकृति है तथा ऊपर 'श्री सोमेश्वर देव' लिखा है। पृष्ठ भाग में बैठा सांड है, जिसके पुट्ठे पर त्रिशूल का निशान है और लेख में 'आशावरी' ' श्री सामन्तदेव' अंकित है। आशावरी का तात्पर्य चौहानों की इष्टदेवी आशापुरी के रूपान्तर से ही हैं।[14]

इसी प्रकार पृथ्वीराज ने भी अपने सिक्के जारी किये। इनकी आकृति सोमेश्वर के सिक्कों से अच्छी है। इसके सीधी तरफ भी भाला लिये हुए धुड़सवार तथा लेख में श्री पृथ्वीराज देव है और पृष्ठ भाग सोमेश्वर के सिक्के के समान ही है। पृथ्वीराज के सिक्के का वजन सोमेश्वर के सिक्के से कुछ कम है। इसी प्रकार पृथ्वीराज ने भी अपने सिक्के जारी किये। इनकी आकृति सोमेश्वर के सिक्कों से अच्छी है। इसके सीधी तरफ भी भाला लिये हुए धुड़सवार तथा लेख में श्री पृथ्वीराज देव है और पृष्ठ भाग सोमेश्वर के सिक्के के समान ही है। पृथ्वीराज के सिक्के का वजन सोमेश्वर के सिक्के से कुछ कम है।

पृथ्वीराज के पराजित करने के बाद गौरी ने उसे अपने अधीन ही राजा बना दिया। तब जो सिक्के निकाले गये, उन पर सीधी तरफ अश्वरोही हैं व लेख में पृथ्वीराज है। पृष्ठ भाग में सांड के ऊपर 'श्री मोहम्मद विनसाम' लेखा है।[15]

इस चौहान सिक्के शैली पर दूसरे राजपूत राजवंशों तथा दिल्ली के गुलाम सुलतानों ने भी सिक्के निकाले।

उस युग में लेन-देन का आदान-प्रदान (वाटरर-सिस्टम) से काफी होता था किन्तु मुद्रा भी प्रचलित थी। कौड़ियों भी मुद्रा के रूप में चलती थी। नीचे हम श्रीधर द्वारा दी गई तालिका दे रहे हैं-

5 कोड़ी- 1 पावीसा, 4 पावीसा- 1 बीसा, 5 बीसा- 1 लोहटेक, 4 लोहटेक- 1 रूपक (चांदीका), 5 रूपक- 12 द्रम्य या निष्क (सोने के)। अभी तक पृथ्वीराज का कोई सोने का सिक्का नहीं मिला है।[16]

इस प्रकार हम देखते है कि प्राचीन भारत की मुद्राओं का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. द्विजेन्द्र नारायण झा, प्राचीन भारत का इतिहास, हिन्दी माध्यम कार्यालय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, पेज 239, 2002
2. वहीं, पेज 392
3. के.सी. श्रीवास्तव, प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति,यूनाहटेड बुक डिपो इलाहाबाद वि.स. 2047 पेज 83
4. वही, पेज 290
5. वी.डी.महाजन, प्राचीन भारत का इतिहास, पेज 257-264, 2013 एस चन्द्र एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली
6. के.सी. श्रीवास्तव, प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति,यूनाहटैड बुक डिपो इलाहाबाद वि.स. 2047 पेज 380-384
7. वी.डी.महाजन, प्राचीन भारत का इतिहास, पेज 325, 2013 एस चन्द्र एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली
8. सांस्कृतिक पर्यटन, डॉ. राजेश कुमार व्यास, राजस्थानी हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2011, पृ. 116
9. वही, पृ. 117
10. वही, पृ. 118-119
11. इण्डिया आर्थोलॉजी, ए रिव्यू 1958-59, गर्वमेन्ट ऑफ इण्डिया
12. राजस्थान इतिहास रत्नाकर, जहूर खाँ, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृ. 64
13. इण्डियन एन्टिक्वेरी, XLI पेज 25-29 जर्नल ऑफ न्यूमिस्मेटिक ऑफ इण्डिया अंक 16, पेज 122
14. नागरी प्रचारिणी पत्रिका, अंक XLV, पेज 357, इण्डियन एन्टिक्वेरी, LXI पेज 209-211
15. खरतरगच्छ पट्टावली, पेज 29 पृथ्वीराज विजय, सर्ग 87-88
16. वरदा अंक 7, पेज 1-10
17. आर. वी. सोमानी, पृथ्वीराज चौहान एण्ड हिज टाइम्स, पेज 2, 1981
18. इण्डिया आर्थोलॉजी, ए रिव्यू 1958-59, गर्वमेन्ट ऑफ इण्डिया
19 राजस्थान इतिहास रत्नाकर, जहूर खाँ, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृ. 64

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to September 2017, Vol. I

पितृसत्तात्मक संरचना, अवधारणात्मक ढांचा और साहित्यिक धरातल पर इसका प्रभाव: एक समाजशास्त्रीय, नारीवादी एवं सांस्कृतिक विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. मुकेश कुमार*

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध आलेख पितृसत्ता की बहुस्तरीय, गतिशील और सर्वव्यापी संरचना का एक व्यापक समाजशास्त्रीय, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। पितृसत्ता केवल किसी आदिम युग की अवशेष या एक पारिवारिक ढांचा नहीं है, बल्कि यह एक अत्यंत परिष्कृत और ऐतिहासिक रूप से निर्मित व्यवस्था है जो संस्थागत संरचनाओं जैसे विवाह, परिवार, धर्म, राज्य, कानून और भाषाकृके माध्यम से लैंगिक पदानुक्रम को निरंतर वैध और प्राकृतिक सिद्ध करती रहती है। यह आलेख सिमोन द बोवुआर, गर्डा लर्नर, सिल्विया वाल्बी और केट मिलेट जैसे वैश्विक विचारकों के साथ-साथ महादेवी वर्मा, कृष्णा सोबती और राजेंद्र यादव जैसे भारतीय विचारकों के सैद्धांतिक प्रतिमानों के आलोक में पितृसत्ता के वैचारिक ढांचे की पड़ताल करता है। इसके साथ ही, यह आलेख श्रम के लैंगिक विभाजन, घरेलू काम के अदृश्यीकरण और उपभोक्तावादी संस्कृति में स्त्री-देह के वस्तुकरण की प्रक्रिया का विश्लेषण करता है। साहित्यिक धरातल पर, यह शोध इस बात की पड़ताल करता है कि कैसे पारंपरिक पुरुष-केंद्रित विमर्श ('मेल गेज') ने स्त्री अभिव्यक्ति को कुंठित किया और कैसे आधुनिक स्त्री-लेखन ने एक स्वायत्ता, धारदार और यथार्थवादी भाषा का आविष्कार करके इस संरचनात्मक वर्चस्व को चुनौती दी। अंततः, यह शोध एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए पितृसत्तात्मक संरचनाओं के पूर्ण विखंडन की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

शब्द कुंजी – पितृसत्ता, सांस्कृतिक समाजीकरण, लैंगिक पदानुक्रम, नारीवादी दृष्टिकोण, पुरुष-दृष्टि, अदृश्य श्रम, अनुभूति की प्रामाणिकता।

प्रस्तावना – पितृसत्ता की बहुआयामी प्रकृति – मानव समाज के विकासक्रम में असमानता और स्तरीकरण के अनेक रूप देखे गए हैं, जिनमें वर्ग, नस्ल, जाति और उपनिवेशवाद प्रमुख हैं। परंतु, इन सभी सामाजिक विभाजनों में सबसे प्राचीन, सबसे व्यापक और सबसे कम प्रतिरोधी व्यवस्था 'लैंगिक असमानता' रही है। इस वैश्विक और संस्थागत असमानता को वैचारिक, संरचनात्मक और भौतिक आधार प्रदान करने वाली केंद्रीय शक्ति को 'पितृसत्ता' कहा जाता है। व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'पेट्रीआर्की' शब्द यूनानी भाषा के 'पेट्रीआर्केस' से आया है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है 'परिवार या कबीले का पुरुष मुखिया'। ऐतिहासिक रूप से इस शब्द का प्रयोग उस पारिवारिक ढांचे के लिए किया जाता था जहाँ पिता का अपनी पत्नी, बच्चों, दासों और संपत्ति पर पूर्ण और अमर्यादित अधिकार होता था। परंतु, समकालीन समाजशास्त्रीय, नृवंशविज्ञान और नारीवादी विमर्शों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पितृसत्ता केवल एक पारिवारिक संरचना या जैविक अनिवार्यता नहीं है। यह एक अत्यंत जटिल, गतिशील, सर्वव्यापी और बहुस्तरीय सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक व्यवस्था है जिसके माध्यम से पुरुषों द्वारा महिलाओं के श्रम, उनकी देह, उनकी उत्पादकता, उनकी कामुकता और उनकी निर्णय लेने की क्षमता पर वर्चस्व, नियंत्रण और अधीनता बनाए रखी जाती है।

पितृसत्ता की सबसे बड़ी विशेषता इसकी 'अदृश्यता' और 'अनुकूलनशीलता' है। यह किसी प्रत्यक्ष सैन्य बल या तानाशाही कानून की तरह काम नहीं करती, बल्कि यह समाज के सांस्कृतिक अंत:करण में इस तरह घुल-मिल जाती है कि शोषित वर्ग (महिलाएं) भी इस शोषण को एक स्वाभाविक, ईश्वर-प्रदत्त और अपरिवर्तनीय व्यवस्था मानकर स्वीकार कर लेता है। इस वर्चस्व को चिरस्थायी और अकाट्य बनाने के लिए समाज की बुनियादी संस्थाओंकृजैसे परिवार, विवाह, धर्म, कानून, शिक्षा, राज्य और भाषाकृका उपयोग एक सुविचारित वैचारिक उपकरण के रूप में किया जाता है। ये संस्थाएं मिलकर एक ऐसा लैंगिक पदानुक्रम निर्मित करती हैं जो पूर्णत: ऐतिहासिक और सामाजिक रूप से निर्मित होने के बावजूद स्वयं को प्राकृतिक, सार्वभौमिक और शाश्वत सिद्ध करता है।

प्रस्तुत शोध आलेख का मुख्य उद्देश्य पितृसत्ता के इसी अवधारणात्मक ढांचे को विभिन्न नारीवादी सिद्धांतों के आलोक में समझना है। साथ ही, यह शोध इस बात का भी गहन विश्लेषण करता है कि कैसे इस संरचना ने साहित्य के प्रतिमानों, उपमानों और भाषा को प्रभावित किया और किस प्रकार आधुनिक स्त्री-लेखन ने इस पुरुष-केंद्रित परिदृश्य को चुनौती देकर एक प्रति-विमर्श की स्थापना की।

पितृसत्तात्मक संरचना और संस्थागत ढांचा – पितृसत्ता एक अमूर्त विचार के रूप में जीवित नहीं रह सकतीय इसे समाज में सक्रिय रहने के लिए ठोस सामाजिक संस्थाओं की आवश्यकता होती है। ये संस्थाएं परस्पर मिलकर एक ऐसा जाल बुनती हैं जिससे किसी भी व्यक्ति (चाहे वह पुरुष हो या स्त्री) का पूरी तरह बाहर निकलना अत्यंत कठिन हो जाता है।

परिवार और विवाह: पितृसत्ता की प्राथमिक पाठशाला– परिवार समाज की सबसे छोटी लेकिन सबसे शक्तिशाली इकाई है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था में परिवार केवल स्नेह और सुरक्षा का केंद्र नहीं होता, बल्कि वह सत्ता और अधीनता के संबंधों को सिखाने वाली प्राथमिक पाठशाला होता है।

- पितृवंशीय और पितृस्थानीय व्यवस्था: अधिकांश पारंपरिक समाजों में वंश का नाम पिता से पुत्र को हस्तांतरित होता है (पितृवंशियता) और

* सहायक आचार्य (हिंदी) विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैराना, शामली (उ.प्र.) भारत

विवाह के पश्चात स्त्री को अपना घर छोड़कर पुरुष के घर जाना पड़ता है (पितृस्थानीयता)। यह व्यवस्था स्त्री को जन्मजात रूप से एक 'अस्थायी सदस्य' या 'पराई अमानत' के रूप में स्थापित कर देती है, जिससे परिवार के भीतर उसकी सौदेबाजी की शक्ति अत्यंत कमजोर हो जाती है।

- विवाह एक विनिमय के रूप में: नृवैज्ञानिकों (जैसे क्लाउड लेवी-स्ट्रॉस) का मानना है कि आदिम समाजों में विवाह मूलत: पुरुषों के बीच स्त्रियों के विनिमय का एक साधन था, ताकि दो कबीलों के बीच गठबंधन स्थापित हो सके। इस विनिमय में स्त्री कभी भी एक स्वतंत्र कर्ता नहीं थी, बल्कि वह एक वस्तु थी। आधुनिक दौर में भी कन्यादान और दहेज जैसी प्रथाएं इसी वस्तुकरण के परिष्कृत रूप हैं।

धर्म और वैधानिक संहिताएंरू वर्चस्व का दैवीकरण- धर्म समाज में नैतिकता और व्यवस्था को बनाए रखने का सबसे बड़ा साधन रहा है, लेकिन पितृसत्ता ने धर्म का उपयोग अपने हितों को सुरक्षित करने के लिए बखूबी किया है।

- धार्मिक ग्रंथों में पुरुष प्रधानता: संसार के लगभग सभी प्रमुख धर्मों के केंद्रीय चरित्र, पैगंबर, देवता और मसीहा पुरुष हैं। ईश्वर की कल्पना भी एक 'पिता' या 'स्वामी' के रूप में की गई है। जब ब्रह्मांड का नियंता ही पुरुष है, तो सांसारिक जीवन में पुरुष का वर्चस्व स्वत: ही पवित्र और अकाट्य मान लिया जाता है।
- मनुस्मृति और अन्य संहिताएं: भारतीय संदर्भ में 'मनुस्मृति' जैसे ग्रंथों ने स्त्री की स्वतंत्रता को पूरी तरह प्रतिबंधित करते हुए लिखा 'बाल्यकाल में पिता, युवावस्था में पति और वृद्धावस्था में पुत्र स्त्री की रक्षा करता हैय स्त्री कभी स्वतंत्रता के योग्य नहीं है।' यह वैचारिक नियंत्रण कानून के रूप में समाज में लागू किया गया। यद्यपि आधुनिक प्रगतिशील संविधानों ने महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं, लेकिन सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर आज भी ये धार्मिक-सांस्कृतिक संहिताएं ही व्यवहार को संचालित करती हैं।

भाषा और शिक्षा: चेतना का औपनिवेशीकरण- भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह चेतना के निर्माण का उपकरण है। पितृसत्ता ने भाषा की संरचना को इस तरह पुरुष-केंद्रित बनाया है कि इसमें स्त्री की स्वायत्तता के लिए शब्द ही कम पड़ जाते हैं।

- भाषाई पक्षपात: अंग्रेजी का 'History' (His-Story यानी पुरुष की कहानी) या हिंदी में मर्दानगी, पुरुषार्थ, और वीर जैसे शब्दों का गरिमामंडन इसका उदाहरण है। जब कोई व्यक्ति साहसी कार्य करता है, तो उसे 'मर्द' कहा जाता है, और जब किसी को कमजोर दिखाना होता है, तो 'चूड़ियाँ पहनना' जैसे मुहावरों का प्रयोग किया जाता है।
- शिक्षा व्यवस्था का योगदान: लंबे समय तक शिक्षा व्यवस्था ने भी पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को मजबूत किया है। प्राथमिक कक्षाओं की किताबों में अक्सर पिता को दफ्तर जाते हुए और अखबार पढ़ते हुए दिखाया जाता है, जबकि माँ को रसोई में खाना बनाते हुए चित्रित किया जाता है। यह दृश्य चेतना बच्चों के मन में लैंगिक विभाजन को स्वाभाविक रूप में स्थापित कर देती है।

समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण: सांस्कृतिक समाजीकरण और श्रम का विभाजन - पितृसत्ता कोई प्राकृतिक घटना नहीं है जिसे बदला न जा सके। यह एक 'सामाजिक विनिर्माण' है। प्रसिद्ध नारीवादी लेखिका सिमोन द बोवुआर ने अपनी कालजयी पुस्तक 'द सेकंड सेक्स' (1949) में लिखा था: 'स्त्री पैदा नहीं होती, बल्कि बनाई जाती है'। इसका तात्पर्य यह है कि जैविक रूप से मादा के रूप में जन्म लेना एक प्राकृतिक तथ्य है, लेकिन समाज द्वारा उसे 'स्त्री' के रूप में एक खास सांचे में ढालना एक सामाजिक और सांस्कृतिक प्रक्रिया है।

सांस्कृतिक समाजीकरण की सूक्ष्म प्रक्रिया - यह प्रक्रिया शिशु के जन्म के साथ ही, बल्कि उसके जन्म से पहले ही (लिंग चयन के माध्यम से) शुरू हो जाती है। इसे हम समाजशास्त्र में 'सांस्कृतिक समाजीकरण' कहते हैं।

- रंगों और खिलौनों का राजनीतिशास्त्र: नवजात शिशु के लिए कपड़ों का चयन (लड़कों के लिए नीला, लड़कियों के लिए गुलाबी) इस प्रक्रिया का पहला चरण है। जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, उसके खिलौने उसकी भविष्य की सामाजिक भूमिका तय करते हैं। लड़के को बंदूक, कार, या रोबोट दिए जाते हैं जो उसे आक्रामक, खोजी और बाहरी दुनिया के लिए तैयार करते हैं। लड़की को गुड़िया, किचन सेट, या डॉक्टर सेट (नर्स के रूप में) दिए जाते हैं जो उसे घरेलू काम, मातृत्व और देखभाल के लिए प्रशिक्षित करते हैं।
- व्यवहार प्रतिमानों का अनुशासन: समाजीकरण के दौरान लड़कियों को धीरे बोलने, लज्जा रखने, पैर समेटकर बैठने और दूसरों की सेवा करने की शिक्षा दी जाती है। यदि कोई लड़की इस सांचे से बाहर निकलकर आक्रामक या मुखर होती है, तो उसे सामाजिक रूप से 'उच्छृंखल' या 'कुलच्छनी' कहकर दंडित या हतोत्साहित किया जाता है। इसके विपरीत, लड़कों के रोने को 'कमजोरी' माना जाता है ('लड़के रोते नहीं'), जिससे उनके भीतर भावनात्मक कठोरता विकसित होती है, जो पितृसत्तात्मक सत्ता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

श्रम का लैंगिक विभाजन और घरेलू श्रम का अदृश्यीकरण - सांस्कृतिक समाजीकरण का अंतिम तार्किक परिणाम श्रम के एक अत्यंत शोषक और पक्षपातपूर्ण विभाजन के रूप में सामने आता है। पितृसत्तात्मक अर्थशास्त्र ने संपूर्ण मानव जीवन को दो स्पष्ट क्षेत्रों में विभाजित कर

मानव क्रियाकलापों का विभाजन

सार्वजनिक क्षेत्र	निजी/घरेलू क्षेत्र
●पुरुष का नियंत्रण	●स्त्री का क्षेत्र
● उत्पादक एवं सवेतन श्रम	●अनुत्पादक एवं अवैतनिक श्रम
●आर्थिक एवं राजनीतिक शक्ति	● देखभाल, प्रजनन एवं सेवा
●सामाजिक प्रतिष्ठा	●आर्थिक निर्भरता

1. सार्वजनिक क्षेत्र: इस क्षेत्र में आर्थिक उत्पादन, व्यवसाय, राजनीति, प्रशासन और बौद्धिक विमर्श शामिल हैं। चूँकि इन कार्यों से प्रत्यक्ष रूप से धन और शक्ति प्राप्त होती है, इसलिए इस क्षेत्र पर पुरुषों का एकाधिकार स्थापित कर दिया गया है।
2. निजी/घरेलू क्षेत्र: इस क्षेत्र में घर की साफ-सफाई, खाना पकाना, बच्चों का लालन-पालन, बीमारों की देखभाल और पुरुष मजदूरों के लिए मानसिक व शारीरिक विश्राम की व्यवस्था करना शामिल है। यह क्षेत्र पूर्णत: स्त्रियों के हिस्से में आता है।

घरेलू श्रम का अदृश्यीकरण - पितृसत्तात्मक पूँजीवाद की सबसे बड़ी चालाकी यह है कि वह महिला द्वारा किए जाने वाले इस घरेलू श्रम को 'श्रम' स्वीकार ही नहीं करता। इसे 'प्रेम का श्रम' या स्त्री का 'प्राकृतिक कर्तव्य' कहकर इसके आर्थिक मूल्य को शून्य कर दिया जाता है। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण और वैश्विक विकास संगठनों के आंकड़े बताते हैं कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में कई गुना अधिक अनुत्पादक और अवैतनिक काम

करती हैं।

यदि कोई महिला घर से बाहर निकलकर सवेतन नौकरी भी करती है, तब भी उसे 'दोहरी मार' का सामना करना पड़ता है। दफ्तर से लौटने के बाद भी घरेलू काम की प्राथमिक जिम्मेदारी उसी की होती है। इस आर्थिक निर्भरता के कारण स्त्री कभी भी पुरुषों के बराबर सौदेबाजी की स्थिति में नहीं आ पाती और समाज में उसकी स्थिति हमेशा एक आश्रित की बनी रहती है।

पितृसत्तात्मक विचारधारा का आंतरिककरण – पितृसत्ता की सफलता केवल इस बात में नहीं है कि पुरुष स्त्रियों का दमन करते हैं, बल्कि इसकी सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह शोषित के मन को भी अपने अनुकूल ढाल लेती है। इसे मार्क्सवादी शब्दावली में 'छद्म चेतना' और नारीवादी शब्दावली में 'वैचारिक आंतरिककरण' कहा जाता है।

लगातार बचपन से मिलने वाले संस्कारों, धार्मिक कथाओं (जैसे सती सावित्री, सीता के मिथक) और सामाजिक दबावों के कारण महिलाएं स्वयं यह मानने लगती हैं कि उनका असली सुख पति की सेवा, पुत्र की उन्नति और घर की चारदीवारी में ही है। वे इस दमनकारी व्यवस्था को अपनी नियति या भाग्य मान लेती हैं। परिणामत:, जब कोई दूसरी स्त्री इस व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह करती है, तो सबसे पहला और कड़ा विरोध अक्सर परिवार के भीतर की वरिष्ठ महिलाओं की ओर से ही आता है। इस प्रकार, पितृसत्ता स्त्रियों को ही स्त्रियों के दमन का माध्यम बना देती है।

पितृसत्ता को समझने के नारीवादी दृष्टिकोण: एक सैद्धांतिक विमर्श– नारीवाद केवल एक सामाजिक आंदोलन नहीं है, बल्कि यह ज्ञानमीमांसा की एक अत्यंत समृद्ध और आलोचनात्मक धारा है जिसने समाज, इतिहास और अर्थशास्त्र को देखने के पारंपरिक चश्मे को बदल दिया। पितृसत्तात्मक दमन की जड़ों, उसके कारणों और उससे मुक्ति के उपायों को लेकर नारीवादी विचारकों में अलग-अलग दृष्टिकोण रहे हैं। इन दृष्टिकोणों को मुख्यत: तीन धाराओं में विभाजित किया जा सकता है।

उदारवादी नारीवाद: कानूनी सुधार और समान अवसर – उदारवादी नारीवाद नारीवादी चिंतन की सबसे प्राचीन और मुख्यधारा की शाखा है, जिसकी जड़ें 18वीं और 19वीं शताब्दी के यूरोपीय पुनर्जागरण और प्रबोधन काल में हैं। मेरी वोल्सटोनक्राफ्ट की पुस्तक 'ए विंडिकेशन ऑफ द राइट्स ऑफ वुमन' (1792) और 20वीं सदी में बेट्टी फ्रीडन की पुस्तक 'द फेमिनिन मिस्टिक' (1963) इस धारा की आधारस्तंभ हैं।

- मूल तर्क: उदारवादी नारीवादियों का मानना है कि पुरुष और महिला दोनों मूलत: विवेकशील इंसान हैं। उनके भीतर की बौद्धिक और तार्किक क्षमता में कोई जैविक अंतर नहीं होता। इसलिए, समाज में महिलाओं की गौण स्थिति का कारण उनका जीवविज्ञान नहीं, बल्कि वे कानून और सामाजिक रूढ़ियां हैं जो उन्हें समान अवसरों से वंचित करती हैं।
- सरोकार और कार्यप्रणाली: यह दृष्टिकोण क्रांतिकारी होने के बजाय सुधारवादी है। यह मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था के भीतर ही रहकर बदलाव लाना चाहता है। इसके मुख्य सरोकार निम्नलिखित हैं:

1. महिलाओं को पुरुषों के समान मतदान का अधिकार मिलना।
2. संपत्ति के स्वामित्व में कानूनी रूप से समान हिस्सेदारी होना।
3. शिक्षा और रोजगार के क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के समान अवसर प्राप्त होना।
4. समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करना।

- सीमाएं: उग्र और समाजवादी नारीवादियों ने उदारवाद की यह कहकर आलोचना की कि यह केवल उच्च और मध्यम वर्ग की बुर्जुआ महिलाओं के हितों तक सीमित है। यह कानून में तो समानता की बात करता है, लेकिन उस पारिवारिक और आर्थिक ढांचे पर चोट नहीं करता जो इस असमानता को जन्म देता है।

'उग्र नारीवाद: शनिजी ही राजनीतिक है'

1960 और 1970 के दशक में नारीवाद की दूसरी लहर के दौरान उग्र नारीवाद का उदय हुआ। केट मिलेट की पुस्तक 'सेक्सुअल पॉलिटिक्स' (1970) और शुलामिथ फायरस्टोन की 'द डायलेक्टिक ऑफ सेक्स' (1970) ने इस विमर्श को स्थापित किया।

- मूल तर्क: उग्र नारीवाद का स्पष्ट और कड़ा मत है कि पितृसत्ता दुनिया की सबसे पहली, सबसे बुनियादी और सबसे क्रूर दमनकारी व्यवस्था है। जातिवाद, वर्गभेद या उपनिवेशवाद जैसी अन्य सभी दमनकारी प्रणालियां असल में पितृसत्ता के ही विस्तारित रूप हैं। पुरुष वर्ग एक 'शासक वर्ग' है और महिला वर्ग एक 'शासित वर्ग'।
- निजी ही राजनीतिक है: उग्र नारीवाद का सबसे प्रसिद्ध नारा था'**The Personal is Political**' (जो निजी है, वही राजनीतिक है)। पारंपरिक राजनीतिशास्त्र मानता था कि राजनीति केवल संसद, अदालतों और राज्य की सीमाओं के भीतर होती है। उग्र नारीवादियों ने इस धारणा को ध्वस्त करते हुए सिद्ध किया कि शक्ति के संबंध परिवार, बेडरूम, विवाह और स्त्री-पुरुष के आपसी यौन संबंधों में भी सक्रिय होते हैं। जहाँ भी शक्ति का असमान वितरण है, वहाँ राजनीति है।
- देह और कामुकता पर नियंत्रण: इस दृष्टिकोण के अनुसार, पुरुषों ने महिलाओं के दमन के लिए उनकी देह और उनकी प्रजनन क्षमता को बंधक बना लिया है। विवाह संस्था के जरिए स्त्री की कामुकता को केवल पुरुष की संतुष्टि और वंशवृद्धि के लिए अनुशासित कर दिया गया है। बलात्कार, घरेलू हिंसा, पोर्नोग्राफी और वेश्यावृत्ति पितृसत्तात्मक सत्ता को बनाए रखने के व्यवस्थित हथियार हैं।
- समाधान: उग्र नारीवाद किसी सुधार पर विश्वास नहीं करताय वह पितृसत्तात्मक समाज के पूर्ण विखंडन की मांग करता है। विवाह और पारंपरिक परिवार संस्था को समाप्त किए बिना स्त्री की वास्तविक मुक्ति संभव नहीं है। समाजवादी और मार्क्सवादी नारीवादरू पूँजीवाद और पितृसत्ता का अंतर्संबंध समाजवादी नारीवाद मार्क्सवादी वर्ग-विश्लेषण और नारीवादी पितृसत्ता-विमर्श का एक अत्यंत बौद्धिक समन्वय है। हेइडी हार्टमैन और जूलियट मिशेल जैसी विचारकों ने इस धारा को समृद्ध किया।
- मूल तर्क: मार्क्सवाद मानता था कि समाज का मूल दमन 'वर्ग भेद' है और क्रांति के बाद जब निजी संपत्ति खत्म होगी, तो महिलाओं का दमन भी स्वत: समाप्त हो जाएगा। परंतु, समाजवादी नारीवादियों ने इस सरलीकरण को खारिज कर दिया। उनका तर्क है कि महिलाओं का दमन केवल वर्ग आधारित नहीं है और न ही केवल पितृसत्ता आधारितय बल्कि वे 'दोहरी प्रणाली' के शिकार हैं, जहाँ पूँजीवाद और पितृसत्ता मिलकर उनका शोषण करते हैं।
- पूँजीवाद को मुफ्त ईंधन: समाजवादी नारीवाद यह उजागर करता है कि कैसे पूँजीवादी व्यवस्था महिलाओं के घरेलू अवैतनिक श्रम पर टिकी हुई है। पूँजीपति मजदूर को जो मजदूरी देता है, उसमें मजदूर के घर की व्यवस्था, उसके भोजन और उसके बच्चों (जो भविष्य के मजदूर हैं) के पालन-पालन का खर्च शामिल नहीं होता। यह सारा काम महिला घर में मुफ्त में करती है। यदि पूँजीपति को इस काम के लिए भी मजदूरी देनी पड़े, तो उसका मुनाफा बहुत कम हो जाएगा। इस प्रकार, पितृसत्ता पूँजीवाद को मुफ्त मजदूर और

सेवा प्रदान करती है, और पूँजीवाद बदले में पितृसत्तात्मक परिवार ढांचे को वैधानिक और आर्थिक सुरक्षा देता है।

- समाधान: स्त्रियों की मुक्ति तभी संभव है जब पूँजीवादी व्यवस्था का अंत हो और उसके साथ ही घरेलू कार्यों का समाजीकरण हो, यानी बच्चों के पालन-पोषण और भोजन की जिम्मेदारी केवल एक व्यक्तिगत महिला की न होकर पूरे समाज की हो।

साहित्यिक धरातल पर पितृसत्ता का प्रभाव: सौंदर्यशास्त्र और पुरुष-दृष्टि – साहित्य को समाज का दर्पण और मार्गदर्शक दोनों माना गया है। परंतु, ऐतिहासिक सत्य यह है कि सदियों तक साहित्य सृजन, उसके प्रतिमान, उसकी भाषा और उसकी आलोचना के मापदंड तय करने का एकाधिकार केवल पुरुषों के पास रहा। इस पुरुष-केंद्रित साहित्यिक माहौल ने स्त्री की छवि, उसकी चेतना और उसके अनुभवों को गंभीर रूप से विकृत और सीमित किया।

पारंपरिक साहित्य और पुरुष-दृष्टि ('मेल गेज') की अवधारणा- सिनेमा और साहित्यिक आलोचना में प्रयुक्त होने वाली 'मेल गेज' (पुरुष-दृष्टि) की अवधारणा यहाँ अत्यंत प्रासंगिक है। इसका अर्थ यह है कि साहित्य में जब भी स्त्री को देखा या चित्रित किया गया, तो देखने वाली आँख हमेशा एक पुरुष की थी। स्त्री कभी 'देखने वाली कर्ता' नहीं बन पाई, वह हमेशा 'देखे जाने वाली वस्तु' बनी रही।

पारंपरिक पुरुष-केंद्रित साहित्य में स्त्रियों को मुख्य रूप से दो रूढ़िबद्ध श्रेणियों में विभाजित करके देखा गया:

क) उदात्तीकरण और महिमामंडन: 'त्याग की देवी' का पाश- पितृसत्ता का एक बहुत ही अचूक हथियार है शोषित का इतना महिमामंडन कर देना कि वह अपने शोषण को ही अपना गौरव समझने लगे। पारंपरिक साहित्य (विशेषकर महाकाव्यों और मध्यकालीन भक्ति व दरबारी काव्य) में स्त्री को 'सहनशीलता की प्रतिमूर्ति', 'अगाध ममता का सागर', 'पतिव्रता' और 'त्याग की देवी' बनाकर प्रस्तुत किया गया।

- सीता और गांधारी के मिथक: सीता का अग्नि-परीक्षा देना या गांधारी का अपने पति के अंधे होने के कारण अपनी आँखों पर पट्टी बांध लेना इन्हें स्त्री के सर्वोच्च आदर्श के रूप में महिमामंडित किया गया। साहित्य ने यह स्थापित किया कि स्त्री की सार्थकता केवल कष्ट सहने, मौन रहने और पुरुष के भाग्य के लिए खुद को होम कर देने में है। महाकवि जयशंकर प्रसाद ने कामायनी में लिखा 'नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास-रजत-नग-पग तल में, पीयूष स्रोत सी बहा करो, जीवन के सुंदर समतल में।' यह पंक्तियाँ सुंदर तो हैं, लेकिन ये स्त्री को एक निष्क्रिय, भावुक और केवल 'श्रद्धा' की वस्तु बनाकर उसकी तार्किक और स्वतंत्र सत्ता को छीन लेती हैं।

ख) वस्तुकरण और उपभोग: 'भोग्या' का रूप- यदि एक तरफ स्त्री देवी है, तो दूसरी तरफ वह केवल 'वासना की वस्तु' या पुरुष के पतन का कारण है। रीतिकाल के हिंदी साहित्य (दरबारी काव्य) में स्त्री के नख-शिख वर्णन (शारीरिक अंगों के बारीक वर्णन) की बाढ़ आ गई। वहाँ स्त्री का मन, उसकी बुद्धि, उसकी सामाजिक चिंताएं पूरी तरह नदारद थीं। वह केवल नायक को रिझाने वाली, अभिसारिका, या विरहिणी नायिका थी।

- तुलसीदास और कबीर के विमर्श में विरोधाभास: जहाँ मध्यकाल के महान संत कबीरदास स्त्री को साधना के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा मानते हुए कहते हैं 'नारी की झांई परत, अंधा होत भुजंग', वहीं तुलसीदास के साहित्य में भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था के कड़े अनुशासन की प्रतिध्वनि मिलती है। इस प्रकार, पारंपरिक सौंदर्यशास्त्र ने स्त्री को कभी एक सामान्य, हाड़-मांस के स्वायत्ता इंसान के रूप में स्वीकार ही नहीं किया।

आधुनिक स्त्री-लेखन: प्रतिरोध, भाषा और प्रति-विमर्श – बीसवीं शताब्दी का उत्तरार्ध, विशेष रूप से स्वतंत्रता के बाद का कालखंड, भारतीय साहित्य में एक युगांतरकारी मोड़ लेकर आया। जब महिलाओं ने सदियों के मौन को तोड़कर स्वयं अपनी कलम उठाई, तो उन्होंने केवल कुछ नई कहानियां नहीं लिखीं, बल्कि उन्होंने पुरुष-केंद्रित साहित्य के पूरे सौंदर्यशास्त्र और ज्ञानमीमांसा को हिलाकर रख दिया। इसे हम साहित्य में 'अनुभूति की प्रामाणिकता' बनाम 'सहानुभूति' के विमर्श के रूप में देखते हैं। पुरुष लेखकों ने स्त्रियों के प्रति चाहे कितनी भी सहानुभूति दिखाई हो, लेकिन वे स्त्री होने के उस जैविक और सामाजिक दंश को भीतर से नहीं भोग सकते थे, जिसे महिला लेखिकाओं ने शब्द दिए।

साहित्यिक सौंदर्यशास्त्र में बदलाव

पारंपरिक पुरुष-केंद्रित दृष्टि	आधुनिक स्त्री-लेखन
● पुरुष दृष्टि	●स्त्री की अपनी दृष्टि
● स्त्री का वस्तुकरणध्महिमामंडन	●वास्तविक व प्रामाणिक यथार्थ
● घिसे-पिटे उपमान (चाँद, हिरण)	●नई, धारदार व बेबाक भाषा
● विषय: केवल घरेलू/भावनात्मक	●विषय: वैश्विक, राजनीतिक, देह

पुरुष-केंद्रित भाषा और उपमानों का विखंडन- महिला लेखिकाओं ने सबसे पहले उस भाषाई ढांचे पर प्रहार किया जो पुरुषों द्वारा गढ़ा गया था। पारंपरिक साहित्य में स्त्री सौंदर्य को नापने के मापदंड 'मृगनयनी' (हिरण जैसी आँखें), 'गजगामिनी' (हाथी जैसी चाल) या 'चंद्रमुखी' जैसे उपमानों से भरे पड़े थे। आधुनिक स्त्री-लेखन ने इन उपमानों को सिरे से खारिज कर दिया, क्योंकि ये उपमान स्त्री को एक स्वतंत्र मनुष्य के रूप में देखने के बजाय उसे प्रकृति की किसी वस्तु या पशु के समतुल्य ला खड़ा करते थे।

- नई भाषा का सृजन: महिला लेखिकाओं ने एक ऐसी यथार्थवादी, धारदार और बेबाक भाषा का विकास किया जो स्त्री जीवन के रोजमर्रा के संघर्षों, उसके अवसाद, उसकी आकांक्षाओं और उसकी देह के यथार्थ को बिना किसी हिचकिचाहट के व्यक्त कर सके। यह भाषा लज्जा या संकोच के पारंपरिक बंधनों से मुक्त थी।

देह और मन का प्रामाणिक यथार्थ: प्रमुख लेखिकाओं का अवदान- आधुनिक स्त्री-लेखन ने उन विषयों पर खुलकर बात की जिन्हें पितृसत्तात्मक समाज में श्वर्जितश माना जाता था, जैसे स्त्री की कामुकता, विवाह के भीतर उसका दम घुटने का अहसास और उसका अपना स्वतंत्र अस्तित्व।

क) महादेवी वर्मा: वैचारिक नींव- हिंदी साहित्य में महादेवी वर्मा की पुस्तक 'श्रृंखला की कड़ियाँ' (1942) को स्त्री-विमर्श का एक ऐतिहासिक घोषणापत्र माना जा सकता है। सिमोन द बोवुआर से भी पहले महादेवी वर्मा ने भारतीय समाज में स्त्री के आर्थिक और सामाजिक परावलंबन का अत्यंत तार्किक विश्लेषण किया। उन्होंने लिखा कि जब तक स्त्री आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं होती और विवाह को अपनी जीविका का साधन मानती रहेगी, तब तक उसकी मुक्ति असंभव है। उन्होंने अपनी कविताओं में भले ही रहस्यवाद का सहारा लिया हो, लेकिन उनके गद्य ने पितृसत्तात्मक समाज की कड़वी हकीकत को पूरी तरह बेनकाब कर दिया।

ख) कृष्णा सोबती: देह की स्वायत्तता का उद्घोष- कृष्णा सोबती का उपन्यास 'मित्रो मरजानी' (1966) भारतीय साहित्य में एक ज्वालामुखी की तरह फटा। इसकी नायिका 'मित्रो' पारंपरिक उपन्यासों की सती-सावित्री या रोने वाली नायिका नहीं है। वह संयुक्त रूढ़िवादी परिवार के भीतर रहकर

भी अपनी शारीरिक और यौन इच्छाओं की घोषणा अत्यंत बेबाकी से करती है। वह अपनी माँ से कहती है कि उसकी शारीरिक जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं। पितृसत्तात्मक समाज के लिए एक स्त्री द्वारा अपनी कामुकता की ऐसी खुली स्वीकार्यता अत्यंत विचलित करने वाली थी। कृष्णा सोबती ने सिद्ध किया कि स्त्री का शरीर केवल पुरुष की संपत्ति नहीं है, उस पर पहला और अंतिम अधिकार स्वयं स्त्री का है। उनके अन्य उपन्यासों जैसे 'सूरजमुखी अंधेरे के' में भी स्त्री के यौन शोषण से उपजे मानसिक आघात का गहरा मनोवैज्ञानिक चित्रण मिलता है।

ग) मन्नू भंडारी और अन्य समकालीन रचनाकार– मन्नू भंडारी का उपन्यास 'आपका बंटी' विवाह–विच्छेद के बीच पिसते एक बच्चे और उसकी माँ के अंतर्द्वंद्व को दिखाता है, वहीं उनका उपन्यास श्महाभोजश यह सिद्ध करता है कि एक महिला लेखिका केवल घरेलू समस्याओं पर ही नहीं, बल्कि समकालीन राजनीति, भ्रष्टाचार और आपराधिक गठजोड़ जैसे अत्यंत जटिल सार्वजनिक विषयों पर भी उतना ही बेजोड़ उपन्यास लिख सकती हैं।

ममता कालिया (जैसे 'बेघर'), मृदुला गर्ग (जैसे 'चित्तकोबरा'), प्रभा खेतान (जैसे 'अन्या से अनन्य'), और अनामिका (समकालीन कवयित्री) जैसी लेखिकाओं ने इस परंपरा को और आगे बढ़ाया। इन्होंने स्त्री के 'स्व' की खोज को साहित्य के केंद्र में स्थापित किया।

सरोकारों का सार्वभौमीकरण और घरेलू सीमा का अतिक्रमण– पितृसत्तात्मक आलोचकों की यह एक सोची–समझी रणनीति रही थी कि महिला लेखिकाओं द्वारा लिखे गए साहित्य को 'स्त्री विमर्श' या 'रसोईघर का साहित्य' कहकर एक छोटे से दायरे में सीमित कर दिया जाए, ताकि मुख्यधारा के साहित्य पर पुरुषों का दबदबा बना रहे। परंतु समकालीन स्त्री–लेखन ने इस दीवार को पूरी तरह ढहा दिया है।

- आज की महिला रचनाकार पर्यावरण संकट, युद्ध और विस्थापन के दंश, वैश्विक पूँजीवाद के कुचक्र, सांप्रदायिकता की राजनीति और मानवाधिकारों जैसे हर वैश्विक मुद्दे पर लिख रही हैं। उनका लेखन यह सिद्ध करता है कि स्त्री–दृष्टि केवल स्त्री के बारे में नहीं है, बल्कि वह पूरे समाज, इतिहास और ब्रह्मांड को एक अधिक मानवीय और समतामूलक नजरिए से देखने की एक नई खिड़की है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध आलेख के विस्तृत विश्लेषण से यह अकाट्य रूप से सिद्ध होता है कि पितृसत्ता कोई स्थिर या मृत संरचना नहीं हैय यह एक अत्यंत गतिशील, लचीली और अनुकूलनशील व्यवस्था है। इतिहास के हर मोड़ पर जब भी इसे चुनौती दी गई, इसने अपने रूप बदल लिए। सामंतवाद के दौर में जो पितृसत्ता घूंघट और चारदीवारी के रूप में प्रकट होती थी, आज के आधुनिक उपभोक्तावादी और पूँजीवादी दौर में वह सौंदर्य प्रतियोगिताओं, पोर्नोग्राफी और विज्ञापनों में स्त्री–देह के वस्तुकरण के रूप में नए अवतार में सामने आई है। कामकाजी महिलाओं को आज भी कार्यस्थल पर काँच की अदृश्य छत और घर के भीतर दोहरे श्रम की मार झेलनी पड़ती है।

सांस्कृतिक समाजीकरण की सूक्ष्म प्रक्रिया बचपन से ही हमारे अवचेतन को इस तरह अनुशासित कर देती है कि हम असमानता को ही अपनी संस्कृति और परंपरा मान बैठते हैं। इस वैचारिक दासता को तोड़ने में नारीवादी सिद्धांतों (उदारवादी, उग्र और समाजवादी) ने जहाँ एक ओर महत्वपूर्ण अकादमिक और सैद्धांतिक औजार प्रदान किए हैं, वहीं दूसरी ओर साहित्यिक धरातल पर आधुनिक स्त्री–लेखन ने इसे एक जीवंत और सांस्कृतिक आंदोलन में बदल दिया है।

महिला लेखिकाओं के आत्म–लेखन ने पुरुष–केंद्रित भाषा की सीमाओं को तोड़कर 'अनुभूति की प्रामाणिकता' को साहित्यिक सौंदर्यशास्त्र के केंद्र में स्थापित किया है। यह आधुनिक स्त्री–लेखन अब केवल एक साहित्यिक विधा नहीं है, बल्कि यह पितृसत्तात्मक वर्चस्व के खिलाफ लड़ा जाने वाला एक अत्यंत शक्तिशाली वैचारिक और सांस्कृतिक युद्ध है। यह विमर्श केवल पुरुषों के विरोध पर नहीं टिका है, बल्कि यह पुरुषों को भी उस दमनकारी मर्दानगी के बोझ से मुक्त होने का आमंत्रण देता है जो पितृसत्ता ने उन पर लाद रखी है। अंततः, एक सच्चे समतामूलक, न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक समाज का निर्माण तभी संभव है जब समाज के वैचारिक, आर्थिक, संस्थागत और भाषाई ढांचे से पितृसत्ता का पूरी तरह उन्मूलन कर दिया जाए। साहित्य इस वैचारिक संक्रांति का अग्रदूत है और हमेशा रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. लर्नर, गर्डा (1986). द क्रिएशन ऑफ पेट्रीआर्की, न्यूयॉर्क: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, पृ. 56।
2. वाल्बी, सिल्विया (1990). थ्योराइजिंग पेट्रीआर्की , ऑक्सफोर्ड: ब्लैकवेल पब्लिशर्स, पृ. 110।
3. मिलेट, केट (1970). सेक्सुअल पॉलिटिक्स , न्यूयॉर्क: विंटेज बुक्स, पृ. 85।
4. वर्मा, महादेवी (1942). श्रृंखला की कड़ियाँ, नई दिल्ली: राधाकृष्ण प्रकाशन, पृ. 34।
5. यादव, राजेंद्र (2001). औरत: उत्तर–कथा, नई दिल्ली: राजहंस प्रकाशन, पृ. 120।
6. द बोवुआर, सिमोन (1949). द सेकंड सेक्स ,पेरिस: गैलीमार्ड।
7. सोबती, कृष्णा (1966). मित्रो मरजानी, नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन।
8. भंडारी, मन्नू (1971). आपका बंटी, नई दिल्ली: अक्षर प्रकाशन।
9. फायरस्टोन, शुलामिथ (1970). द डायलेक्टिक ऑफ सेक्स , न्यूयॉर्क: विलियम मोरो एंड कंपनी।
10. हार्टमैन, हेइडी (1979). द अनहैप्पी मैरिज ऑफ मार्क्सज्म एंड फेमिनिज्म , कैपिटल एंड क्लास, वॉल्यूम 3, इश्यू 2।

****